(पं०) कामता प्रसाद गुरु—कामता प्रसाद गुरु का जन्म संवत् १९३२ में मध्य प्रदेश में हुआ था। 'बालसखा' का संपादन करने के अतिरिक्त उन्होंने 'सरस्वती', 'शुभ चिंतक', छत्तीसगढ़ मित्र', 'हितकारिणी पत्रिका', 'हिंदी ग्रन्थमाला', सरस्वती, 'माधुरी', 'सुधा', जबलपुर टाइम्स', 'इंडियन एजूकेशन' आदि पत्रिकाओं से संबद्ध हो कर हिंदी पत्रकारिता के विकास में सहयोग दिया।

कार्तिक प्रसाद खत्री—सन् १८५२ में खत्री जी का जन्म हुआ था। 'हिन्दी दीप्ति प्रकाश' शीर्षक से उन्होंने सन् १८२२ में एक पत्रिका का प्रकाशन किया था। उन्होंने अपरिमित प्रयास करके और कठिन आर्थिक संघर्ष में इस पत्रिका का प्रकाशन जारी रखने का प्रयास किया, परन्तु अंततोगत्वा वह बंद हो गया। उन्होंने अनेक अनूदित और मौलिक कृतियों की रचना करते हुए हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के आरम्भिक युग में जो कार्य किया, वह विशेष महत्वपूर्ण है।

कार्तिकेय चरण मुखोपाध्याय—मुखोपाध्याय जी का जन्म १८९७ में काली बाड़ी, छपरा, बिहार में हुआ था। उन्होंने 'सारन सरोज' से संबद्ध होकर पत्रकार लोक में पदार्पण किया। इसके पश्चात् 'भारत मित्र', 'हिंदू पंच', 'विजय', 'दरोगा दफ्तर' में सहयोगी के रूप में सेवारत रहते हुए कालांतर मे 'दरोगा दफ्तर' के प्रधान संपादक के पद पर आसीन हुए।

कालिका प्रसाद—हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में कालिका प्रसाद जी का नाम भी उल्लेखनीय है। उन्होंने सर्वप्रथम 'हिन्दी केसरी' के संयुक्त सम्पादक के रूप में ३ वर्ष तक सफलतापूर्वक कार्य किया था। सन् १९२० में वह काशी से प्रकाशित होने वाले 'आज' के सहायक सम्पादक भी रहे। उन्होंने सन् १९४५ मे 'आज' के रजत जयन्ती

विशेषांक का भी सम्पादन किया, जिसका विशिष्ट महत्व है।

कालिका प्रसाद दीक्षित 'कुसुमाकर'—कुसुमाकर जी का जन्म १९०८ में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में वह कानपुर से प्रकाशित 'प्रताप' के माध्यम से प्रविष्ट हुए तदुपरांत दिल्ली से प्रकाशित होने वाले 'महारथी,' इंदौर से प्रकाशित 'वीणा', जबलपुर से प्रकाशित 'जय हिंद', बंबई से प्रकाशित 'हिन्दुस्तान', नागपुर से प्रकाशित 'लोक मत', जबलपुर से प्रकाशित 'नव भारत' आदि पत्र-पत्रिकाओं का संपादन करके कुसुमाकर जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योग दिया।

(पं०) **काशीनाथ किष्टो**—किष्टो जी का जन्म सन् १८८४ ई० में पूर्वी मारीशस में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा लाहौर में हुई थी। सन् १९२४ में आर्यसमाज के मुखपत्र 'आर्य पत्रिका' तथा १९२८ में मारीशस से प्रकाशित होने वाले 'आर्यवीर' का संपादन उन्होंने सफलता पूर्वक किया। किष्टो जी का निधन सन् १९४७ में हो गया।

काशीनाथ चतुर्वेदी—चतुर्वेदी जी का जन्म १४ मई १९२४ को भिंड (मध्य प्रदेश) जिले के अन्तर्गत तरसोखर जिले में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने 'स्वतंत्र भारत' के संपादक के रूप में प्रदेश किया। इसके पश्चात् १९४८ में 'संघर्ष' के उपसंपादक, १९४९ में सहायक संपादक 'जीवन', १९४९ में सहायक संपादक 'दैनिक नवप्रभात', १९५० में दैनिक 'हमारी आवाज', १९५६ में दैनिक 'निरंजन', १९६४ में प्रधान संपादक दैनिक 'भास्कर', १९६९–७३ तक सहायक संपादक 'आचरण' (ग्वालियर) के गुरुतर भार का निर्वाह करते रहे। श्रमजीवी पत्रकार संघ के कई बार अध्यक्ष भी रहे।

काशी नाथ त्रिवेदी—त्रिवेदी जी का जन्म १६ फरवरी १९०६ को मध्य प्रदेश के धार जिले दिगठान ग्राम में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में त्रिवेदी जी सहायक संपादक 'त्याग भूमि' के रूप में प्रविष्ट हुए। तत्पश्चात् 'नवजीवन' (अहमदाबाद), 'हिंदी शिक्षण पत्रिका' (इंदौर), 'हरिजन सेवक' (अहमदाबाद), 'भूमि क्रांति' (साप्ताहिक) 'इंदौर' से ही प्रकाशित जून १९६८ मई से १९४७ तक 'शताब्दी संदेश' पाक्षिक के संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया है।

काशी प्रसाद जायसवाल—जायसवाल जी का जन्म १८ अक्टूबर १८८२ ई० में मिर्जापुर जिले में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने मिर्जापुर के जातीय मासिक पत्र 'करवट' के संपादक के रूप में प्रवेश किया। इसके उपरांत १९१४ में पटना से प्रकाशित 'पाटलि पुत्र' के प्रथम संपादक के उत्तर दायित्व पूर्ण पद का सफलता पूर्वक निर्वाह किया। सन् १९३७ में जायसवाल जी का निधन हो गया।

किशोरी लाल गोस्वामी—गोस्वामी जी का जन्म जनवरी १८६६ में वृन्दावन में हुआ था। व्याकरण, संस्कृत, वेदांत, न्याय, सांख्य योग, ज्योतिष आदि का स्वाध्याय करने के पश्चात् गोस्वामी जी ने वृन्दावन से प्रकाशित 'वैष्णव सर्वस्व' का १९११ में, बनारस से प्रकाशित 'बाल प्रभाकर' का १९०६में, 'सरस्वती' का १९०० में संपादन करके अपनी पत्रकार प्रतिभा का परिचय दिया है। इसके अतिरिक्त इन्होंने लगभग २०० मौलिक ग्रंथों की रचना की। 'आर्य पुस्तकालय' एवं काशी नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में भी गोस्वामी जी का नाम विशिष्ट महत्व रखता है। सन् १९३२ में काशी में गोस्वामी जी का निधन हो गया।

कुंज बिहारी लाल मोदी—१९०१ में कठूमर, राजस्थान में मोदी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने अपने पत्रकार जीवन के मध्य संपादक-संस्थापक 'अलवर पत्रिका' के रूप में हिंदी पत्रकारिता के कोश की श्री वृद्धि की। मोदी जी की ४ दिसंबर १९५३ को मृत्यु हो गयी।

कृष्णकांत मालवीय—सन् १८८३ मे मालवीय जी का जन्म हुआ था। वह महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित 'अभ्युदय' के संपादक थे। सन् १९१० में पुषोत्तमदास टंडन के सम्पादकत्व में प्रयाग के अभ्युदय प्रेस से 'मर्यादा' नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था। कालांतर मे कृष्णकांत मालवीय ने उसके संपादन दायित्व का निर्वाह किया था। सन् १९४१ में उनका निधन हो गया था।

कृष्ण चंद मेहता—मेहता जी का जन्म २८ जुलाई १९१७ को हुआ था। मेहता जी दिल्ली से प्रकाशित 'वीरअर्जुन' के १९३८ से ४९ तक सहसंपादक रहे। तत्पश्चात् सन् १९५० में (दैनिक) 'हिन्दुस्तान' के अग्रलेखक के रूप

उन्होंने पत्रकार जगत में प्रतिष्ठा प्राप्त की ।

(पं०) कृष्ण चंद्र विद्यालंकार—कृष्ण चंद्र विद्यालंकार का जन्म सन् १९०४ में जिला मुजफ्फरगढ़ के बसीड़ा नामक ग्राम में हुआ था । उनकी शिक्षा दीक्षा गुरुकुल मुलतान तथा गुरुकुल कांगड़ी में संपन्न हुई । पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने अजमेर से प्रकाशित 'त्याग भूमि' मासिक के माध्यम से प्रवेश किया । तत्पश्चात् वह दिल्ली के 'वीर अर्जुन' साप्ताहिक के संपादकीय विभाग से सम्बद्ध हो गये और अनेक वर्षों तक कार्य करते रहे । 'वीर अर्जुन' से अलग होने के पश्चात् 'संपदा' मासिक नामक पत्र का संपादन सन् १९५२ में आरंभ किया ।

कृष्ण दत्त पालीवाल—पालीवाल जी का जन्म सन् १९५१ में तनौरा, जिला आगरा में हुआ था । असहयोग आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने में कारण उन्हें अपना अध्ययन बीच में ही छोड़ देना पड़ा । इसके पश्चात् सन् १९२१ में दैनिक तथा साप्ताहिक 'प्रताप', सन् १९२१ से २३ तक हिंदी साप्ताहिक 'सैनिक' तथा सन् १९२५ में दैनिक 'सैनिक' का संपादन कर के पालीवाल जी ने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

कृष्ण देव प्रसाद गौड़ 'वेढब बनारसी'—गौड़ जी का जन्म संवत् १९५२ में काशी में हुआ था । उन्होंने सन् १९३० में काशी से प्रकाशित 'भूत', साप्ताहिक 'खुदा की राह पर', पाक्षिक 'तरंग', 'भारत जीवन' साप्ताहिक के संपादक और संस्थापक के गुरुतर भार का निर्वाह सफलता पूर्वक किया । सन् १९६८ में उनका देहावसान हो गया ।

कृष्ण बिहारी मिश्र—सीतापुर जिले के गधौली नामक स्थान पर सन् १८९० में मिश्र जी का जन्म हुआ था । उन्होंने सीतापुर के गवर्नमेंट हाई स्कूल से एन्ट्रेंस, लखनऊ के कैनिंग कालेज से बी० ए० तथा प्रयाग से एल० एल० बी० की परीक्षाएँ उत्तीर्ण की थीं । सन् १९१७ से १९२४ तक वकालत करने के पश्चात् उन्होंने 'आज' के संपादकीय विभाग में कुछ समय तक कार्य किया । 'माधुरी' के संपादक के रूप मे भी उन्होंने ख्याति अर्जित की । लखनऊ से ही उन्होंने एक त्रैमासिक पत्र 'साहित्य समालोचक' शीर्षक से संपादित किया था । कुछ समय पश्चात् वह द्वैमासिक रूप मे प्रकाशित होने लगा था । साहित्यिक पत्रकारिता के विकास में मिश्र जी का योगदान उल्लेखनीय है ।

कृष्ण कांत व्यास—१० अगस्त १९१० को रानापुर झबुआ में व्यास जी का जन्म हुआ था । उन्होंने 'प्रजामंडल पत्रिका' इंदौर से प्रकाशित तथा संपादित करने के साथ-साथ सन् १९४७ में 'नई दुनिया' का संपादन-प्रकाशन भी किया । इसके अतिरिक्त व्यास जी का 'कांग्रेस संदेश' के संपादक के रूप में भी विशिष्ट स्थान है । उनका निधन २० अक्टूबर १९७३ को इंदौर में हो गया ।

केदार नाथ शर्मा—७ सितंबर सन् १९१५ को शर्मा जी का जन्म हुआ था । वह दैनिक 'नवयुग' के उपसंपादक के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए । सन् १९३७ में वह 'हिन्दुस्तान' से संबद्ध रहे । इस पश्चात् मुख्य संवाददाता के रूप मे २० वर्ष तक कार्यरत रहे । कालांतर में इसी पत्र के मुख्य उप संपादक, उप समाचार संपादक तथा संयुक्त समाचार संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे ।

(डॉ०) केशवदेव शास्त्री—शास्त्री जी का जन्म पंजाब के माण्टगुमरी जिले के अन्तर्गत कमालिया नामक कस्बे में हुआ था । पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने काशी के प्रकाशित होने वाले 'नवजीवन' के संपादक के रूप में प्रवेश किया । भारत वर्षीय आर्य कुमार परिषद् की मुख पत्रिका 'आर्य कुमार' का संपादन भी शास्त्री जी ने किया था ।

कैलाशचंद्र निगम—निगम जी का जन्म २७ जुलाई १९३१ को लखनऊ में हुआ था । स्नातक की परीक्षा दिल्ली से उत्तीर्ण करने के पश्चात् वह पत्रकार के रूप सक्रिय हुए । 'हिंदू कालेज पत्रिका', 'सिनेमा', 'कल्पना', 'दर्शन' का उन्होंने संपादन किया । तत्पश्चात् 'विश्वमित्र', 'प्रताप', 'हिन्दुस्तान समाचार', 'जागरण', 'गांडीव', 'नव प्रभात', 'भास्कर' के विशेष प्रतिनिधि तथा संसदीय संवाददाता थे । 'लोक वाणी' व 'साक्षी' के संपादक 'दिशा भारती', 'अमर उजाला' एवं 'नवीन दुनिया' के प्रतिनिधि के रूप में भी निगम जी ने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है ।

(डॉ०) कौशल कुमार राय-राय जी का जन्म १३ अगस्त सन् १९४० को वाराणसी में हुआ था । वह प्रेमचंद के

अनुज महताब राय के पुत्र हैं। एम० ए० तथा पी-एच० डी० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् वह 'आज', 'जनवार्ता' तथा 'सन्मार्ग' के १ वर्ष तक उप संपादक रहे। समाजशास्त्र एवं अपराध शास्त्र पर लगभग १३ मौलिक पुस्तकों का प्रणयन करने के साथ संप्रति 'उत्तर प्रदेश' मासिक के संपादक के रूप में कार्यरत हैं।

(पं०) क्षितीश वेदालंकार—१० अक्टूबर सन् १९१७ को दिल्ली में क्षितीश जी का जन्म हुआ था। उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा कांगड़ी से तथा स्नातकोत्तर परीक्षा आगरा से प्राप्त की। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने 'वीर अर्जुन' के साप्ताहिक संस्करण का संपादन १९४७ से १९५२ तक किया। इस पत्र का संपादन बंद हो जाने के बाद वह दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादकीय विभाग से २७ वर्ष तक संबद्ध रहे। इसके पश्चात् आर्य प्रादेशिक सभा के मुख पत्र 'आर्य जगत' का भी संपादन उन्होंने किया।

क्षेत्र पाल शर्मा—शर्मा जी का जन्म सन् १८७० में फिरोजपुर जिले में हुआ था। शर्मा जी ने अपने पत्रकार जीवन का आरंभ सन् १८९० में कलकत्ते से प्रकाशित 'आर्यावर्त' के माध्यम से किया। कालांतर उन्होंने 'जगत मित्र','ब्रजवासी' तथा 'भारत मित्र' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया है।

क्षेमचंद्र 'सुमन'—मेरठ जिले के अंतर्गत बाबूगढ़ नामक स्थान पर १६ सितम्बर १९१६ को सुमन जी का जन्म हुआ था। गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने सन् १९३६—३७ में प्रवेश किया। सर्वप्रथम वह सहारनपुर से प्रकाशित होने वाले साप्ताहिक 'आर्य' के सम्पादक हुये। सन् १९३९ में उन्होंने साप्ताहिक 'आर्य संदेश' में सहयोगी संपादक के रूप में कार्य किया। इसके पूर्व वह कुछ समय तक 'आर्य मित्र' के संपादक भी रहे थे। सन् १९३९ में उन्होंने अमेठी से प्रकाशित होने वाले 'मनस्वी' नामक मासिक पत्र का भी संपादन किया। सन् १९४० में वह धनौरा से प्रकाशित होने वाले 'शिक्षासुधा' तथा १९४१—४२ में लाहौर से प्रकाशित होने वाले 'मिलाप' के सहायक संपादक भी रहे। एक सफल पत्रकार के अतिरिक्त मौलिक साहित्य सन् १९०३ में काशी से प्रकाशित 'मित्र' के माध्यम से कार्यारंभ किया। इसके पश्चात् उन्होंने सन् १९०४ में 'भारत जीवन' (साप्ताहिक) तथा सन् १९०५ में 'इतिहास माला' (मासिक) को संपादन करने के साथ-साथ सन् १९०७ में नागपुर से प्रकाशित 'हिंद केसरी', के प्रधान संपादक के रूप में भी कार्य किया। तदुपरांत सन् १९१४ में स्वयं उन्होंने ही काशी से 'हिंद केसरी' का संपादन एवं संचालन भी आरंभ किया। सन् १९०७ में बम्बई से प्रकाशित 'श्री वेंकटेश्वर समाचार' के सहकारी संपादक का कार्य भार ग्रहण करने के पश्चात् नागपुर से प्रकाशित 'मारवाड़ी पत्र' का सन् १९०९ में संपादन किया। काशी से प्रकाशित 'हिंदी साहित्य मासिक' के संपादन कार्य के द्वारा भी उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया है।

गंगा शरण सिंह—सन् १९०५ पटना जिले के खड़गपुर ग्राम में गंगा शरण जी का जन्म हुआ था। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में पटना से सन् १९२८ में प्रकाशित 'युवक' के माध्यम से प्रवेश किया। तत्पश्चात् सन् १९३६ में साप्ताहिक 'जनता' तथा सन् १९४६-४७ में काशी से प्रकाशित 'जनवाणी' का संपादन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सन् १९४७ में दिल्ली से प्रकाशित अंग्रेजी साप्ताहिक 'एवरी मैन' का भी संपादन किया।

गणपति चंद्र केला—१० सितम्बर सन् १९०७ को अलीगढ़ जिले के अन्तर्गत विजयगढ़ में केला जी का जन्म हुआ था। उन्होंने सन् १९४० में आगरा में 'उजाला' की स्थापना की। विजयगढ़ से प्रकाशित 'धन्वंतरि', दिल्ली से प्रकाशित 'अर्जुन' तथा आगरा से प्रकाशित 'सैनिक' के संपादन के द्वारा उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया। इसके अतिरिक्त 'अंग्रेजी शिक्षक' के का सृजन भी उन्होंने किया है।

क्षेमानंद राहत—राहत जी ने स्वतंत्रता आंदोलन से अनुप्राणित होकर अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। उन्होंने सन् १९२१ में मद्रास से 'भारत तिलक' हिंदी साप्ताहिक के प्रकाशन के साथ-साथ 'त्याग भूमि' के सह संपादक रूप में दक्षिण भारत में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योग दिया है।

गंगा प्रसाद गुप्त—गुप्त जी का जन्म जनवरी सन् १८८० को काशी में हुआ था। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने

प्रकाशन का श्रेय भी केला जी को प्राप्त है। ३०अगस्त सन् १६७४ को उनका निधन हो गया।

(पं०) गणेश दत्त शर्मा 'इंद्र'—इंद्र जी का जन्म सन् १८६४ में गुना में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में 'बाल मनोरंजन', 'चंद्रप्रभा', 'हिंदी सर्वस्व', 'ब्राह्मण समाचार, 'गौड़ हितकारी', 'जीवन', 'समता सौरभ', तथा 'मयूर' (हस्तलिखित) के संपादक के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

गणेश प्रसाद शर्मा—सन् १८६० में फर्रुखाबाद में शर्मा जी का जन्म हुआ था। वह प्रसिद्ध आर्य समाजी पत्र 'भारत सुदशा प्रवर्तक' के संपादक के अतिरिक्त अनेक मौलिक ग्रंथों के प्रणेता के रूप में भी प्रसिद्ध हैं।

गणेश शंकर विद्यार्थी—प्रयाग में सन् १८६० में विद्यार्थी जी का जन्म हुआ था। उनकी शिक्षा दीक्षा ग्वालियर के मुंगावली नामक स्थान पर हुई। उन्होंने हिन्दी के अतिरिक्त उर्दू फारसी का भी अध्ययन किया था। एन्ट्रेंस तक पढ़ने के पश्चात् उन्होंने कुछ समय तक कानपुर के करेंसी आफिस में नौकरी की। अंग्रेज अधिकारी से विरोध के कारण उन्होंने त्याग पत्र दे कर अध्यापन कार्य आरम्भ कर दिया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने 'सरस्वती' के माध्यम से प्रवेश किया। एक वर्ष पश्चात् उन्होंने 'अभ्युदय' का संपादन किया। कुछ समय तक वह 'प्रभा' के भी संपादक रहे। अक्टूबर १६१३ में वह 'प्रताप' साप्ताहिक के संपादक बने और अपरिमित कीर्ति प्राप्त की। उन्होंने अपने पत्र में कृषकों, श्रमिकों और शोषितों के अत्याचार के विरुद्ध तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। निर्भीक पत्रकारिता और देश भक्ति से गरिमा मंडित उनका व्यक्तित्व हिन्दी के पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। सन् १६३१ में उनका निधन हो गया।

गया प्रसाद शुक्ल सनेही—सन् १८८३ में उन्नाव जिले के हड़हा नामक गांव में सनेहीजी का जन्म हुआ था। मिडिल स्कूल तक हिन्दी उर्दू की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने अध्यापन कार्य आरम्भ कर दिया। सन् १६२८ में उन्होंने 'सुकवि' नामक एक काव्य पत्रिका का संपादन किया। राष्ट्रीय विचार-धारा से अनुप्राणित काव्य रचना भी उन्होंने की। 'सुकवि' के माध्यम से उन्होंने खड़ी बोली के परिष्कार और निखार में भी विशेष योग दिया।

गिरिजा दत्त शुक्ल 'गिरीश'—सन् १८६६ में गिरीश जी का जन्म जौनपुर में हुआ था। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने सर्व प्रथम सन् १६२३ में जबलपुर से प्रकाशित 'श्री शारदा' के सह संपादक के माध्यम से कार्य आरंभ किया। इसके उपरांत इलाहाबाद से प्रकाशित 'मनोरमा' के सन् १६२५ में वह संपादक नियुक्त हुए। सन् १६२६ में 'बाल सखा', सन् १६३३ में 'प्रेम पत्र', 'बन लता' व 'अरुणोदय, सन् १६५० में 'ग्रह वाणी' तथा सन् १६५२ में 'विद्यार्थी' आदि के सपादन में उनका सक्रिय सहयोग रहा। सन् १६५६ में शुक्ल जी का निधन हो गया।

गुरुदयाल शर्मा—फीजी के सूवा नामक स्थान पर शर्मा जी का जन्म सन् १६१३ में हुआ था। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने सन् १६२८ में 'वृद्धि', १६३० में 'पेसिफिक प्रेस' तथा सन् १६३२-३३ में 'वृद्धिवाणी' का संपादन एवं प्रकाशन करके विदेश में हिंदी पत्रकारिता का प्रसार किया। सन् १६३५ में सूवा से प्रकाशित 'शांतिदूत' की स्थापना का श्रेय भी उन्हें प्राप्त है।

(बाबू)गुलाब राय—सं० १६४४ में इटावा में रायजी का जन्म हुआ था। स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् कुछ समय तक वह आगरा में अवैतनिक प्राध्यापक के पद पर कार्य रत रहे। इसके पश्चात् 'साहित्य संदेश' का संपादन करके उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया।

गोपाल कृष्ण कौल—१५ अक्टूबर सन् १६२३ को कौल जी का जन्म हुआ था। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र उन्होंने संयुक्त संपादक साप्ताहिक 'नवयुग', सहायक संपादक दैनिक 'हिन्दुस्तान' तथा संपादक त्रैमासिक 'आलोचना' के रूप में उल्लेनीय कार्य किया है।

गोपाल प्रसाद व्यास—१३ फरवरी १६१६ को पारासौली, मथुरा में व्यास जी का जन्म हुआ था। हस्तलिखित मासिक पत्रिका 'मंजरी' के संपादक के रूप उन्होंने सन् १६३१ में अपने पत्रकार जीवन का आरंभ किया। तत्पश्चात् मासिक 'साहित्य संदेश' तथा दैनिक 'हिंदुस्तान' के संपादक के रूप में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया।

गोपाल राम गहमरी—गहमरी जी का जन्म १८६६ म

गाजीपुर जिले के बारा नामक ग्राम में हुआ था। गहमरी जी ने सर्वप्रथम सहकारी संपादक के रूप में मेरठ से १८६५ में प्रकाशित 'साहित्य सरोज' पाक्षिक में कार्य किया। इसके पश्चात् हिंदी के प्रथम जासूसी मासिक 'गुप्त कथा' का संपादन किया। सन् १६०७ से १६०६ तक 'विहार बंधु' के स्थानापन्न संपादक के रूप में कार्य करने के पश्चात् उन्होंने कलकत्ता से प्रकाशित 'भारत मित्र' का संपादन कार्य भी किया। सन् १८६६ में 'श्री वेंकटेश्वर समाचार' (बंबई) तथा सन् १८८६—१८६० में दैनिक 'हिन्दोस्थान' (कालाकांकर) का संपादन भी किया। 'व्यापार सिंधु' नामक मासिक पत्रिका के भी वह संपादक रहे। सन् १६०० से १६३६ तक प्रकाशित होने वाले 'जासूस' मासिक पत्र का प्रकाशन तथा संपादन भी गहमरी जी ने किया। सन् १६४६ में उनका देहावसान हो गया।

गोविंद प्रसाद केजरीवाल—केजरी वाल जी जन्म १४ जुलाई १६२५ को जसीडीह (बिहार) में हुआ था। 'आज' में पत्रकारिता का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् काशी से प्रकाशिन 'करेला' के संपादक तथा साप्ताहिक हिन्दुस्तान, के संयुक्त संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

गोविंद लाल बोरा—१२ मार्च सन् १६३२ को नागौर में वोरा जी का जन्म हुआ था। सागर विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में एम०ए० करने के पश्चात् उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य आरंभ किया। दैनिक 'नव भारत' का संपादन करने के पश्चात् वह 'एम० पी० क्रानिकल' से संबद्ध रहे। रायपुर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष, समाचार पत्र संपादक सम्मेलन के सदस्य तथा मध्य प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष रूप में भी वह प्रतिष्ठा प्राप्त हैं।

गोविंद शास्त्री दुगवेकर— सागर में सन् १८८१ में दुगवेकर जी का जन्म हुआ था। वह संस्कृत, बंगाली और मराठी के विद्वान् थे। उन्होंने 'आर्य महिला', 'हिंद पंच', 'अरुणोदय' तथा 'गृहस्थ' मासिक आदि पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य किया है।

(पंडित) गौरी दत्त—पंडित जी का जन्म ८ जनवरी सन् १८३७ को लुधियाना में हुआ था। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने 'देवनागरी गजट' तथा 'देवनागरी प्रचारक' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता को समृद्धि प्रदान की है।

गौरी शंकर हीरा चंद ओझा—ओझा जी का जन्म १५ सितम्बर १६६३ को राजस्थान के अन्तर्गत रोहिड़ा में हुआ था। पत्रकार जगत में काशी की 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' (त्रैमासिक) के संपादक रूप में ओझा जी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

चंदू लाल चंद्राकर—चंद्राकर जी का जन्म सन् १६१० में हुआ था। दैनिक 'आज' से संबद्ध होकर उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। चंद्राकर जी ने उप एवं वित्तीय संपादक तथा रिपोर्टर के रूप में 'आर्यावर्त' में लगभग आठ माह तक कार्य करने के पश्चात् उप संपादक तथा संयुक्त संपादक 'हिंदुस्तान' के रूप में भी हिंदी पत्रकारिता की सेवा की। वह तीन बार 'प्रेस एसोसिएशन आफ इंडिया' के अध्यक्ष चुने गये। इसके अतिरिक्त चौथी और पांचवी लोक सभा में वह सदस्य भी रहे हैं।

चंद्र कुमार-२१ जून सन् १६२१ को कानपुर मेंचंद्रकुमार जी का जन्म में हुआ था। 'देश दूत', 'प्रताप' तथा 'विश्वमित्र' आदि पत्रों में स्वतंत्र लेखन के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हो कर चंद्र कुमार जी ने 'जय हिंद' में पहले सहसंपादक तथा बाद में संपादक के रूप में कार्य किया। तदुपरांत 'आज' के आवासी संपादक के रूप में वह नियुक्त हुए।

चंद्र गुप्त कपूरिया—२१ दिसम्बर सन् १६३६ को लाहौर में कपूरिया जी का जन्म हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने जालधर के प्रमुख हिंदी दैनिक 'पंजाव केसरी' के माध्यम मे कार्य आरंभ किया। उक्त पत्र के उप सम्पादक रहने के पश्चात् सन् १६७१ में चण्डीगढ़ से 'तरुण दूत' नामक साप्ताहिक पत्रिका का सम्पादन किया। निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुये कपूरिया जी आज भी पत्रकारिता में स्तरीकरण के लिये कृत संकल्प है।

चंद्र गुप्त विद्यालंकार—पाकिस्तान के कोट अद्दू नामक स्थान पर ४ दिसंबर १६०६ को चंद्रगुप्त जी का जन्म हुआ था। गुरुकुल कांगड़ी में प्राचीन भारतीय इतिहास में शोध कार्य संपन्न करने के पश्चात् पत्रकारिता के क्षेत्र

में उन्होंने 'ज्योति', 'दैनिक जन्म भूमि', 'विश्व साहित्य ग्रंथ माला', विश्वदर्शन' तथा 'सारिका' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है।

चंद्रदेव सिंह—दवासामू ताइवेलू, फीजी में सन् १९३८ में सिंह जी का जन्म हुआ था। उन्होंने सन् १९५३ में 'फीजी समाचार' एवं 'शांतिदूत' से संबद्ध हो कर हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। तदुपरांत 'फीजी समाचार' में पहले सहायक संपादक एवं कालांतर में संपादक नियुक्त हुए। इसके अतिरिक्त हिंदी पत्रकार संघ के सदस्य रूप में भी उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

चंद्र धर शर्मा गुलेरी—जून सन् १८८४ में जयपुर में गुलेरी जी का जन्म हुआ था। 'समालोचक' तथा 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' के संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के अतिरिक्त अनेक मौलिक ग्रंथों की भी रचना की। ११ सितंबर सन् १९०२ को उनका निधन हो गया।

चंद्र शेखर शास्त्री—बिजनौर जिले के लाल-ढांग नामक स्थान पर ११ अगस्त सन् १९०० को शास्त्री जी का जन्म हुआ था। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के कारण उन्हें अध्ययन से विमुख होना पड़ा। 'हिंदू संसार', 'स्वतंत्रता', 'फिल्म संसार', 'वैश्य समाचार', 'नव भारत टाइम्स' तथा 'राजस्थान न्यूज सर्विस' के संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में शास्त्री जी का विशेष स्थान है।

चिम्मन लाल गोस्वामी—गोस्वामी जी का जन्म संवत १९५७ में बीकानेर में हुआ था। अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य के पद पर कार्य रत रह कर उन्होंने अंग्रेजी के 'कल्याण कल्पतरु एवं हिंदी 'कल्याण' का संपादन किया, जिसका एतिहासिक महत्व है।

छगन लाल जैन—जैन जी का जन्म १९२४ में असम में हुआ था। 'पूर्व ज्योति' के संपादक के रूप में हिन्दी पत्रकारिता की सेवा में पिछले कई दशकों से संलग्न हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अनेक मौलिक ग्रंथों का भी सृजन किया है।

छविनाथ पांडेय—पांडेय जी का जन्म संवत् १८९२ में मिर्जापुर जिले में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में सहकारी संपादक' 'स्वार्थ', संपादक 'साहित्य' तथा 'सर्चलाइट' के रूप में पांडेय जी का विशिष्ट स्थान है।

छोटू लाल मिश्र—छोटू लाल मिश्र का जन्म सन् १८५५ में कलकत्ते में हुआ था। हिन्दी के अतिरिक्त उन्हें उर्दू, अंग्रेजी और बंगला भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान था। वह एक सफल व्यवसायी थे और सामाजिक क्रियाकलाप में भी सक्रिय रूप से भाग लेते थे। कलकत्ते की साहित्यिक शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से वह घनिष्ठ रूप से संबद्ध थे। उन्होंने अनेक शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना और संचालन में योग दिया था। कलकत्ते के प्रथम हिन्दी विद्यालय की स्थापना का श्रेय भी उन्हीं को है। विशुद्धानंद विद्यालय, सरस्वती विद्यालय, सामवेद विद्यालय, शिवकुमार भवन एवं सारस्वत विद्यालय आदि में भी उनका सहयोग ज्ञातव्य है। 'भारत मित्र' नामक प्रसिद्ध पत्र का संपादन उन्होंने २० वर्ष की आयु से प्रारंभ किया था। इस दायित्व का निर्वाह उन्होंने सन् १८८३ तक किया था। इसे एक सुदृढ़ आधार प्रदान करने का श्रेय भी उन्हीं को है। दिसम्बर सन् १९३५ में उनका निधन हो गया।

(लाला) जगत नारायण—लाला जी का जन्म ३१ मई १८९९ को गुजरांवाला (पाकिस्तान) में हुआ था। गांधी जी के स्वतंत्रता आन्दोलन से प्रभावित होकर कानून की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी। निर्भीक पत्रकार के रूप में उन्होंने 'आकाशवाणी', दैनिक 'हिंद समाचार' एवं दैनिक 'पंजाब केसरी' के संपादन दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वाह किया।

जगदीश चंद्र जायसवाल—जायसवाल जी का जन्म १९ अक्टूबर १९१९ को आगरा में हुआ था। दैनिक 'लोक वाणी' जयपुर से १९४६ से ५१ तक संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में आये। इसके पश्चात् 'युगांतर' में सहसंपादक तथा 'राष्ट्रभाषा' में संपादक के रूप में कार्यरत रहे। १९५२ से ७० के मध्य 'नव प्रभात' से संबद्ध रहे। इसके पश्चात् दैनिक 'भास्कर' के संपादन का कार्य भार ग्रहण किया।

जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी—चतुर्वेदी जी का जन्म २ नवम्बर १९२० को जालौन जिले में हुआ था। 'एडवांस' के संवाददाता के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हो कर चतुर्वेदी जी ने संपादक 'जागृति' तथा 'ब्रज भारती', सह संपादक 'माया', मधुकर' एवं 'नवभारत टाइम्स',

लोक समाचार समिति, 'दैनिक हिंदुस्तान', 'आज', 'आर्यावर्त' तथा ब्यूरो प्रमुख 'समाचार भारती' एवं 'आज' 'केसरी', 'स्वतंत्र भारत', 'देश बंधु' के संवाददाता एवं १९७४ से 'लोकराज' के संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योग दिया है।

जगदीश मित्र 'कौशल'—२९ अगस्त १९३२ को पंजाब के होशियारपुर जिले के अन्तर्गत दासुया नामक ग्राम में कौशल जी का जन्म हुआ था। उन्होंने लंदन में रह कर 'अमर-दीप' नामक साप्ताहिक पत्र का संपादन एवं प्रकाशन करके हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी—चतुर्वेदी जी का जन्म १४ अक्टूबर १८७५ को हुआ था। 'भारत मित्र' से संबद्ध होकर उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके उपरांत उन्होंने 'हित वार्ता' का संपादन किया। तत्पश्चात् १४ अप्रैल १८८७ को इसके संपादक का कार्य भार ग्रहण किया। २ सितम्बर १९३६ को चतुर्वेदी जी का देहावसान हो गया।

जगन्नाथ प्रसाद 'मिलिंद'—ग्वालियर जिले के मुरादनगर नामक स्थान पर १९ नवम्बर १९०७ को मिलिंद जी का जन्म हुआ था। काशी विद्यापीठ में कुछ समय तक अध्यापन करने के पश्चात् पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। 'भारती' (लाहौर), 'भारती' (ग्वालियर) तथा 'जीवन' के संपादक रहने के अतिरिक्त 'मध्य प्रदेश संदेश' के संपादन परामर्श दाता रहे। मध्य भारत श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर भी प्रतिष्ठित हुए।

जय नारायण व्यास—जोधपुर में १८ फरवरी १८९९ को व्यास जी का जन्म हुआ था। सक्रिय राजनीति में रहते हुए उन्होंने अनेक बार जेल यात्रा की तथा स्वतंत्रता के पश्चात् राजस्थान के प्रथम मुख्य मंत्री बने। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी देन 'तरुण राजस्थान' तथा 'अखण्ड भारत' के संपादक के रूप में है। १४ मार्च सन् १९६३ को उनका निधन हो गया।

जय प्रकाश भारती—भारती जी का जन्म १९३६ में मेरठ में हुआ था। पत्रकारिता में डिप्लोमा प्राप्त करने के उपरांत उन्होंने दैनिक 'प्रभात' तथा 'नव भारत टाइम्स' में प्रशिक्षण लिया। सन् १९६२ में 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' के उप संपादक नियुक्त हुए। कालांतर में उसके विज्ञान संपादक तथा सह संपादक वने। १९७२ में 'नंदन' के संपादक नियुक्त हुए। अनेक मौलिक कृतियों की रचना भी की। हिंदी पत्रकारिता समिति के सक्रिय सदस्य भी हैं।

जयराम दास गुप्त—गुप्त जी का महत्व हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में काशी से प्रकाशित होने वाले 'उपन्यास वहार' नामक मासिक पत्र के संपादक रूप में है। यह अपने ढंग का अकेला औपन्यासिक पत्र था। इसमें बंगला और अंग्रेजी के उपन्यास के अनुवाद भी प्रकाशित होते थे, जिसके कारण यह लोकप्रिय था।

जयशंकर प्रसाद—सन १८८९ में वाराणसी में जयशंकर प्रसाद का जन्म हुआ। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा घर पर ही हुई। उन्होंने संस्कृत, हिंदी, फारसी और उर्दू का अध्ययन किया। 'कलाधर' उपनाम से उन्होंने केवल ९ वर्ष की आयु में ही ब्रजभाषा में काव्य रचना की थी। बहुसंख्यक मौलिक कृतियों का सृजन करने अतिरिक्त उन्होंने 'इन्दु' शीर्षक से एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया था। सन् १९०९ से आरम्भ इस पत्र ने नई हिन्दी के अनेक लेखकों को प्रोत्साहित किया और पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रसाद जी इसी के माध्यम से प्रतिष्ठित हुए।

जितेन्द्र गुप्त—गुप्त जी का जन्म १२ मई १९३२ को मुसाफिरखाना, सुल्तानपुर में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में गुप्त जी १९५७ से ६५ तक उपसंपादक के रूप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में कार्यरत रहे। इसी मध्य 'योजना', 'भारतीय समाचार', 'आकाशवाणी' तथा 'इण्डियन ऐण्ड फारेन रिव्यू' (अंग्रेजी पाक्षिक) से भी संबद्ध रहे। १९६५ से १९६९ तक 'दिनमान' में मुख्य उप संपादक रहने के वाद १९६९ से सह संपादक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

ज्ञानचंद जैन—८ फरवरी सन् १९१८ को जौनपुर में जैन जी का जन्म हुआ था। एम० ए०, एल० एल० वी० तक शिक्षा प्राप्त करके वह दिसंबर १९३८ में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए। प्रयाग से प्रकाशित दैनिक 'भारत' में पहले उपसंपादक तथा बाद में समाचार संपादक रहे। सन् १९४७ से १९७६ तक लखनऊ से प्रकाशित 'नवजीवन' से संबद्ध रहकर उसके

कायवाहक संपादक भी नियुक्त हुए। संप्रति लखनऊ के दैनिक 'स्वतंत्र भारत' में अग्रलेख-लेखक हैं। अनेक पुस्तकों का लेखन, संपादन व अनुवाद भी किया है।

ज्योति प्रसाद मिश्र 'निर्मल'—इलाहाबाद जिले के सिंहगढ़ नामक स्थान पर सन् १९०३ में निर्मल जी का जन्म हुआ था। उन्होंने मौलिक साहित्य सृजन के अतिरिक्त पत्रकारिता को अपने प्रधान कार्य क्षेत्र के रूप में अपनाया। उन्होंने हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के क्रिया कलाप में भी सहयोग दिया। साप्ताहिक 'देशदूत' के संपादक के रूप में उन्होंने विशेष प्रसिद्धि प्राप्त की।

झाबर मल्ल शर्मा—शर्मा जी का जन्म १८८८ ई० में राजस्थान के जसरामपुर नामक स्थान पर हुआ था। शिक्षा दीक्षा पर ही हुई। पत्रकार के रूप में उन्होंने अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें 'ज्ञानोदय', 'मारवाड़ी बंधु', 'भारत', 'मारवाड़ी' तथा 'हिंदू संसार' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त गोविंद प्रेस की स्थापना का श्रेय भी शर्मा जी को प्राप्त है।

टेक चंद्र गुप्त—गुप्त जी का जन्म १०दिसम्बर १९२७को हरियाणा में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने सह संपादक 'अखण्ड भारत' के रूप में सन् १९५० में प्रवेश किया। इसके उपरांत १९५६ में इसी के संपादक नियुक्त हो गये। कालांतर में उन्होंने १९५७ में साधना (मासिक), १९५८ में 'देहरा समाचार', १९५८में दैनिक 'शिवालिक टाइम्स' का संपादन सफलता पूर्वक करने के पश्चात् १९६४ में 'देहरा पत्रिका' का संपादन किया।

ठाकुर प्रसाद खत्री—खत्री जी का जन्म १८६५ में काशी में हुआ था। पुलिस अधिकारी के पद से त्याग पत्र दे कर उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया। काशी से प्रकाशित होने वाली 'विनोद वाटिका' तथा 'व्यापारी', सन् १९०८ में 'कारीगरी' तथा १९११ में 'जमींदार' मासिक का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योग दिया।

डालचंद कन्हैया लाल कदम—१५ दिसंबर; १९२२ को कोटा में कदम जी का जन्म हुआ था। 'ब्लिट्ज', 'विश्व मित्र', 'लोकमान्य', 'बांबे वर्तमान', 'जामे जमशेद', 'जन्म भूमि' आदि पत्रों में मुक्त रूप से कार्टूनकारिता का कार्य करने के उपरान्त 'नव भारत टाइम्स' केनियमित कार्टूनकार के रूप में १९५१ से कार्यरत हैं।

डोरी लाल अग्रवाल—अप्रैल १९२७ में अग्रवाज जी का जन्म मथुरा में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने आगरा से प्रकाशित 'उजाला' के माध्यम से सन् १९४५ में प्रवेश किया। इसके पश्चात् १९७२ में दिल्ली से 'दिशा भारती' का प्रकाशन एवं संपादन आरम्भ किया।

(पं०)तुलसी राम स्वामी—स्वामी जी का जन्म संवत् १९२४ वि० को परीक्षितगढ़, मेरठ में हुआ था। स्वामी जी ने संवत् १९५५ वि० में स्वामी प्रेस की स्थापना कर के 'वेद प्रकाश' मासिक पत्र का संपादन किया। स्वामी जी का निधन १७ जुलाई १९१५ को हुआ था।

(बाबू) तोता राम बर्मा—सन् १८४७ में वर्मा जी का जन्म हुआ था। बी० ए० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने वकालत आरंभ की। कुछ समय तक हेडमास्टर का कार्य करने के पश्चात् उन्होंने अलीगढ़ से साप्ताहिक 'भारत बंधु' का संपादन-प्रकाशन आरंभ किया और सन् १८७४ से १८९५ तक निरंतर इस दायित्व का निर्वाह किया। १९०२ में उनका निधन हो गया।

दया शंकर मिश्र 'सूर्य'—फतेहपुर जनपद के पत्रकार एवं वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी 'सूर्य' जी जिला कांग्रेस कमेटी के भूतपूर्व अध्यक्ष और जनपद हिंदी सेवक संघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने सन् १९३०में गांधी जी के आवाहन पर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेते हुये १९३२, १९३३, १९४१ तथा १९४२ में चार बार जेल यात्रा की। अनेक महत्वपूर्ण संस्थाओं के सदस्य और संस्थापक रहने के अतिरिक्त दैनिक व साप्ताहिक 'प्रताप', दैनिक 'वर्तमान' (कानपुर), दैनिक 'भारत' (प्रयाग), दैनिक 'नवजीवन' (लखनऊ), साप्ताहिक 'देशदूत' (प्रयाग), साप्ताहिक 'सैनिक' (आगरा) आदि प्रमुख पत्रों के फतेहपुर स्थित ३५ वर्षों तक प्रतिनिधि और संवाददाता रहे। सन् १९७२ में उन्हें प्रधानमन्त्री द्वारा ताम्रपत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया था। फतेहपुर से प्रकाशित होने वाले सर्वप्रथम राष्ट्रीय पत्र 'स्वतंत्रता' के अवैतनिक संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता को अपनी निर्भीक विचारधारा के माध्यम से एक नवीन दिशा प्रदान की। आज भी 'सूर्य' जी सक्रिय पत्रकार के रूप में विभिन्न संस्थाओं से सम्बद्ध हैं।

(स्वामी) दर्शनानंद सरस्वती—दर्शनानंद सरस्वती का जन्म संवत् १९१८ वि० में लुधियाना जिले के अतंर्गत जगरांव में हुआ था। उनके बचपन का नाम कृपा राम था। सं० १८८२ में पं० कृपा राम ने काशी में 'तिमिर नाशक प्रेस, की स्थापना की। उन्होंने उपनिषदों तथा दर्शनशास्त्र के अनेक ग्रन्थों की टीका के साथ 'तिमिर नाशक', 'वैदिक धर्म', 'गुरुकुल समाचार', 'आर्य सिद्धांत', 'ऋषि दयानंद', 'वेद प्रचारक', 'वैदिक फिलासफी' तथा 'वैदिक मैगजीन' आदि पत्रों का प्रकाशन तथा संपादन सफलता पूर्वक किया। उर्दू में भाषा में भी उन्होंने 'वैदिक धर्म', 'तालिवे इल्म' तथा 'मुबाहिसा' आदि पत्रों का प्रकाशन किया। ७अप्रैल सन् १९१३ को हाथरस में उनका देहावसान हो गया।

(पं०) दीनानाथ सिद्धांतालंकार—दीनानाथ जी का जन्म ८ अप्रैल १८९४ में गुजरांवाला जिला के पिण्डी महियाँ ग्राम में हुआ था। सन् १९२० में उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी से प्रकाशित होने वाली पत्रिका साप्ताहिक 'श्रद्धा' के उप संपादक के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके पश्चात् उन्होंने दिल्ली से प्रकाशित होने वाले 'वीर अर्जुन' के सहायक संपादक के रूप में कार्य किया। सन् १९२६—२७ में लाहौर से प्रकाशित होने वाले मासिक 'विश्व बंधु' के संपादक तथा बम्बई प्रकाशित 'राष्ट्र दूत', जालंधर से प्रकाशित 'दैनिक आकाशवाणी', वाराणसी से प्रकाशित दैनिक 'आज', दिल्ली से प्रकाशित 'जनसत्ता' तथा 'सफल जीवन' (मासिक), 'भारत सेवक', 'ग्राम सहयोगी', 'संपदा' आदि पत्र पत्रकाओं के मुख्य तथा सहायक संपादक के रूप में भी उन्होंने कार्य किया। आर्य समाज के साप्ताहिक 'आर्य' तथा साप्ताहिक 'आर्य जगत' का भी सफलता पूर्वक संपादन करके उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष योग दिया है।

दुर्गा प्रसाद खत्री—खत्री जी का जन्म १३ अक्टूबर सन् सन् १८९० को लाहौरी टोला, काशी में हुआ था। पत्रकार के रूप में खत्री जी ने अपना जीवन सहकारी संपादक 'भारत जीवन' साप्ताहिक से सन् १९१३—१४ में आरंभ किया। इसके पश्चात् उन्होंने 'लहरी' का संपादन तथा 'रण भेरी' का काशी से प्रकाशन एवं संपादन भी किया था। यह एक साइकलोस्टाइल रूप में प्रसारित भूमि गत पत्र था। ५ अक्टूबर सन् १९७३ को उनका निधन काशी में हो गया।

दुर्गा प्रसाद चौधरी—चौधरी जी का जन्म संवत् १९६३ में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा जयपुर व कानपुर में हुई थी। दैनिक 'नवज्योति' के संपादक के रूप में सन् १९३६ में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया।

दुर्गा प्रसाद मिश्र—मिश्र जी का जन्म सन् १८५९ में कश्मीर में सांवां नगर में हुआ था। उनके पितामह कलकत्ते जाकर वस गये थे। उन्हीं के साथ मिश्र जी ने भी अपना अधिकांश जीवन कलकत्ते में व्यतीत किया। कुछ समय तक उन्होंने काशी में संस्कृत का अध्ययन भी किया था। हिंदी, दोगरा और बंगला भाषाओं का ज्ञान भी उन्होंने प्राप्त किया था। कलकत्ते के नार्मल स्कूल में उन्होंने अंग्रेजी का अध्ययन किया। 'भारत मित्र', 'सार सुधा निधि', 'उचित वक्ता','जम्बू प्रकाश','विहार बंधु', एवं 'मारवाड़ी वन्धु' आदि पत्र पत्रिकाओं के सम्पादन दायित्व का उन्होंने सफलता पूर्वक निर्वाह किया था। सन् १९१० में उनका निधन हो गया।

दुलारे लाल भार्गव—लखनऊ में सन् १८९५ में भार्गव जी का जन्म हुआ था। उन्होंने इण्टर मीडिएट तक हिंदी और उर्दू का अध्ययन किया था। नवल किशोर प्रेस, लखनऊ से प्रकाशित होने वाली 'माधुरी' और 'सुधा' के संपादक के रूप में उन्होंने विशेष ख्याति प्राप्त की। हिंदी में सर्वप्रथम विशेषांक संपादन और प्रकाशन का श्रेय उन्हीं को है।

देवकी नंदन खत्री—खत्री जी का जन्म १२ जून सन् १८६१ को मुजफ्फरपुर में हुआ था। एक पत्रकार के रूप में खत्री जी ने संपादक 'साहित्य सुधा निधि' (मासिक, मुजफ्फरपुर) के रूप में १ जनवरी १८९३ को प्रवेश किया। इसके पश्चात् उन्होंने 'सुदर्शन' मासिक के प्रकाशन एवं संपादन में भी सहयोग दिया।

(लाला) देवराज—देवराज जी का जन्म ३ मार्च सन् १८६० को जालंधर में हुआ था। सन् १८९७ में कन्या महाविद्यालय जालंधर की मुख पत्रिका 'पांचाल पंडिता' मासिक का उन्होंने संपादन किया। इसके अतिरिक्त सन् १९०६ में उर्दू मासिक पत्र 'भारत', सन् १९२१ में 'भारती' तथा सन् १९२२ में 'जलविद्सखा' आदि

का संपादन भी उन्होंने किया। १७ अप्रैल १६३५ को उनका निधन हो गया।

देव व्रत शास्त्री—शास्त्री जी का जन्म २ दिसम्बर सन् १६०२ को बिहार प्रांत के गोरे पिपरा नामक ग्राम में हुआ था। शिक्षा समाप्ति के बाद उन्होंने सहयोगी संपादक 'प्रताप' के रूप में १६२७ में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके उपरांत 'नव शक्ति', 'नव राष्ट्र' दैनिक 'हिमालय संदेश', 'उद्योग भूमि' आदि के संपादक के रूप में पत्रकार जगत में प्रतिष्ठित हुए। अखिल भारतीय पत्रकार संघ के मंत्री के रूप में भी शास्त्री जी ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

देवी दत्त शुक्ल—सन् १८८८ में शुक्ल जी का जन्म हुआ था। उन्होंने महावीर प्रसाद द्विवेदी के पश्चात् 'सरस्वती' के संपादन दायित्व का निरन्तर २७ वर्षों तक निर्वाह किया था। रचनात्मक साहित्य के क्षेत्र में बहुसंख्यक कृतियाँ प्रस्तुत करने के समानान्तर ही उन्होंने 'संपादक के पच्चीस वर्ष' शीर्षक से एक पुस्तक की रचना भी की है।

देवीदयाल चतुर्वेदी 'मस्त'—मध्य प्रदेश के सागर जिले के अन्तर्गत देवी नामक ग्राम में २० जूलाई १६११ को चतुर्वेदी जी का जन्म हुआ था। उनकी देन मुख्यतः पत्रकारिता के क्षेत्र में ही है, यद्यपि उन्होंनें अनेक कहानी उपन्यासों की भी रचना की है। वह हिंदी की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' के अतिरिक्त प्रयाग से ही प्रकाशित होने वाली 'मनोरमा' का भी सफलतापूर्वक सम्पादन कर चुके हैं।

देवेंद्र नाथ 'प्रशांत'—प्रशांत जी का जन्म ५ जून सन् १६२४ को मध्यप्रदेश के रायपुर जिले के अन्तर्गत हुआ था। उन्होंने अपने अध्ययन काल में पत्रकारिता में गहन रुचि होने के कारण 'बाल प्रभात', 'सूर्योदय', 'किरण' आदि छात्र लिखित पत्रों का संपादन किया। इसके पश्चात् फासिस्ट विरोधी बुलेटिनों के संपादन का साहस पूर्ण कार्य भी किया। कालांतर में 'जयहिंद', 'राष्ट्र भाषा', 'चेतना', 'युगारंभ' एवं 'पूर्ण ज्योति' आदि का संपादन कार्य भी समय-समय पर किया। 'एटम' तथा 'प्रकाश' साप्ताहिक से भी कुछ समय तक संबद्ध रहे।

द्वारिका प्रसाद मिश्र—उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के अन्तर्गत पड़री नामक ग्राम में ५ अगस्त सन् १६०१ को मिश्र जी का जन्म हुआ था। बी० ए०, एल० एल० बी० करने के पश्चात् उन्होंने सक्रिय रूप से राजनैतिक क्रिया कलाप में भाग लिया तथा मध्य प्रदेश के गृहमंत्री बने। सागर विश्वविद्यालय के उपकुलपति के पद पर भी वह प्रतिष्ठित रहे। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी रुचि आरंभ से रही है। 'कृष्णायन' नामक महाकाव्य की रचना करने के अतिरिक्त उन्होंने मध्य प्रदेश के 'लोक मत' नामक पत्र की स्थापना की। मासिक पत्रिका 'श्री शारदा' तथा साप्ताहिक पत्र 'सारथी' के संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता को उनकी देन उल्लेखनीय है।

द्वारिका प्रसाद शर्मा चतुर्वेदी—चतुर्वेदी जी का जन्म सन् १८७७ में मुरादाबाद में हुआ था। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने 'श्री राघवेंद्र', 'श्री यादवेंद्र' एवं 'वैदिक सर्वस्व' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के विकास में सक्रिय सहयोग दिया है।

(पं०) द्वारिका प्रसाद सेवक—सेवक जी का जन्म १४ फरवरी सन् १८८८ को फिरोजाबाद में हुआ था। शिक्षा दीक्षा शाहजहाँपुर, बुलन्दशहर तथा नैनीताल में हुई थी। (डॉ०) केशव देव शास्त्री के अमेरिका चले जाने के बाद सेवक जी ने 'नवजीवन' के प्रकाशन और संचालन का कार्य इन्दौर से किया। इसके अतिरिक्त 'भारतीय आदर्श, आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के मुख पत्र 'आर्य मार्तण्ड' एवं अजमेर से प्रकाशित होने वाले 'वैदिक संदेश' के संपादन का गुरुतर कार्य भी उन्होंने संपन्न किया। ६२ वर्ष की अवस्था में उनका निधन बंबई में हुआ था।

धर्म देव विद्या वाचस्पति—धर्म देव जी का जन्म १ नवंबर १८६६ को दुनियापुर, मुलतान में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा गुरुकुल मुलतान में प्राप्त करने के पश्चात् वह गुरुकुल कांगड़ी में प्रविष्ट हुए। सन् १६४२ से सन् १६५३ तक उन्होंने सार्वदेशिक सभा के मासिक मुख पत्र 'सार्वदेशिक' का संपादन कार्य किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी की मुख पत्रिका 'गुरुकुल पत्रिका' का भी संपादन भी किया है। ज्वालापुर में नवंबर १६७८ में उनकी मृत्यु हो गयी।

धर्म वीर गांधी—१ अक्तूबर सन् १६१० को गौरा करनाना (पाकिस्तान) में धर्मवीर गांधी का जन्म हुआ था। 'हिंदुस्तान समाचार' के संपादक के रूप में उन्होंने

पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। सन् १९४९ से ५४ तक 'संवाद समिति' एवं 'साक्षी' से संबद्ध रह कर सन् १९६९ में 'समाचार भारती' के संपर्क में आये।

(डॉ०) धर्म वीर भारती—भारती जी का जन्म २५ दिसंबर १९२६ को प्रयाग में हुआ था। प्रयाग विश्वविद्यालय से हिंदी में एम० ए० और पी–एच०डी०करने के उपरांत 'अभ्युदय' के संपादकीय विभाग से संबद्ध रहे। सन् १९४८ से ५० तक 'संगम' के सहकारी संपादक रहे। 'आलोचना' और 'निकष' के संपादन के पश्चात् सन् १९६० से 'धर्मयुग' के संपादक हैं।

धर्मेंद्र कुमार गौतम—नैनीताल के टनकपुर नामक स्थान पर १५ दिसम्बर सन् १९३२ को गौतम जी का जन्म हुआ था। बी० ए० एवं साहित्यरत्न की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने लंदन सेप्रकाशित 'प्रवासिनी' का संपादन करके पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया। इसके पश्चात् लंदन में ही 'आज' के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हो गये। इसके अतिरिक्त उन्होंने हिंदी में अनेक एकांकियों की रचना तथा मंचन भी किया। यूरोप की हिंदी प्रचार परिषद् के सचिव के रूप में भी उन्होंने सफलतापूर्वक कार्य किया।

नंद कुमार अवस्थी—लखनऊ में २ मई सन् १९०७ को अवस्थी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने लखनऊ में शिक्षा दीक्षा प्राप्त करके कुछ समय सरकारी नौकरी की तथा सक्रिय रूप से राजनैतिक आन्दोलन में भाग लेते हुये साहित्य सेवा की। कलकत्ता प्रवास में 'जैन युवक' आदि क्षेत्रीय पत्रों का सम्पादन किया। सन् १९७० से लगभग २० भारतीय भाषाओं के हिंदी अनुवाद सहित धारावाहिक रूप में प्रकाशित करने वाले राष्ट्र के एक मात्र त्रैमासिक 'वाणी' सरोवर का सम्पादन कर रहे हैं।

(पं०) नरदेव शास्त्री 'वेद तीर्थ'—शास्त्री जी का जन्म २१ अक्टूबर, १८८० को हैदराबाद दक्षिण के शेडम नामक ग्राम में हुआ था। उनका वास्तविक नाम नरसिंह राव था। उन्होंने गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर के मुख पत्र 'भारतोदय' के सहायक संपादक के रूप में अपने पत्रकार जीवन का आरंभ किया। कतिपय रचनात्मक कृतियों के साथ उन्होंने मुरादाबाद से प्रकाशित होने वाले एक अन्य पत्र 'शंकर' का भी संपादन किया था। २४ सितम्बर सन् १९६१ को उनका निधन हो गया।

(आचार्य) नरेंद्र देव—३१ अक्टूबर सन् १८८९ को सीतापुर (उ० प्र०) में आचार्य जी का जन्म हुआ था। सन् १९२० में असहयोग आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए उन्होंने वकालत छोड़ दी। काशी विद्यापीठ में अध्यापन आरंभ करके वह वहीं कुलपति बन गये। लखनऊ और काशी विश्वविद्यालयों के उप कुलपति के पद पर भी वह प्रतिष्ठित हुए। उन्होंने अपने समाजवादी दार्शनिक विचारों के प्रचारार्थ लखनऊ से 'संघर्ष' नामक पत्र का प्रकाशन आरंभ किया। इस पत्र का विशिष्ट महत्व है। १९ फरवरी सन् १९५६ को उनका निधन हो गया।

नरेंद्र मोहन—१० अक्टूबर सन् १९३४ को नरेंद्र मोहन जी का जन्म कानपुर में हुआ था। 'जागरण' के संपादन के द्वारा उन्होंने हिन्दी पत्रकारिता के विकास में अपना योग दिया है।

नर्मदा प्रसाद खरे—खरे जी का जन्म ६ अक्टूबर सन् १९१३ को जबलपुर में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने 'प्रेमा' के सहकारी संपादक के रूप में प्रवेश किया था। तदुपरांत 'शुभ चिंतक' (मासिक), 'युगारंभ' एवं 'प्रहरी' के संपादक के रूप में भी हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया।

नाथू राम 'प्रेमी'—सन् १८८१ में 'प्रेमी' जी का जन्म मध्य प्रदेश के सागर जिले के अन्तर्गत देवरी ग्राम में हुआ था। 'जैन मित्र' तथा 'जैन हितैषी' का संपादन करके प्रेमी जी ने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

नारायण दत्त—नारायण दत्त जी का जन्म १७ फरवरी सन् १९२९ को मैसूर में हुआ था। सन् १९५२ में बम्बई से प्रकाशित 'हिंदी स्क्रीन' से पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट होकर उन्होंने बम्बई खादी ग्रामोद्योग कमीशन के प्रकाशन विभाग के संपादक, भारतीय विद्याभवन बम्बई से प्रकाशित 'भारती' तथा १९५९ में 'नवनीत हिंदी डाइजेस्ट' के सहायक के रूप में कार्य करने के पश्चात् सन् १९६८ में इसी के संपादक का कार्य भार ग्रहण किया।

(डॉ०) निजामुद्दीन—निजामुद्दीन जी का जन्म सन्

१९३३ मेरठ में हुआ था । पी० एच० डी० की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने 'नीलजा', 'कहकशां' तथा 'बादामवारी' आदि के संपादन के द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

(श्रीमती) निर्मला 'पथिक'—इटावा जिले के औरैया नामक ग्राम में ८ दिसम्बर सन् १९४३ को निर्मला जी का जन्म हुआ था । हिंदी एवं संस्कृत में क्रमशः इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने फीजी से प्रकाशित 'शांति दूत' के सह संपादक के रूप में सन् १९४३ में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया ।

निशीथकुमार राय—सन् १९२४ में इलाहाबाद में राय जी जन्म हुआ था । उन्होंने वहीं शिक्षा प्राप्त की और सरकारी सेवा के पश्चात् उच्च न्यालालय में वकालत कर रहे है । सन् १९७५ उन्होंने हिंदी की प्राचीनतम और सर्वाधिक प्रतिष्ठित मासिक साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' का संपादक भार ग्रहण किया । इसका निर्वाह वह सफलतापूर्वक कर रहे हैं ।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी—सन् १८९४ में बख्शी जी का जन्म हुआ था । उन्होंने बी० ए० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण किया । पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी मुख्य देन 'सरस्वती' के माध्यम से उल्लेखनीय है । उन्होंने सन् १९२० से लेकर १९२७ तक हिन्दी की इस प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका का सम्पादन सफलतापूर्वक किया था । अनेक वर्षों तक वह इलाहाबाद से ही प्रकाशित होने वाली एक अन्य पत्रिका 'छाया' का सम्पादन भी कर चुके हैं ।

पद्मकांत मालवीय—सन् १९१० में इलाहाबाद में मालवीय जी का जन्म हुआ था । उन्होंने अपनी शिक्षा समाप्त करने के पश्चात् राजनैतिक पत्रिकारिता के क्षेत्र में सक्रियता का परिचय दिया । उन्होंने प्रयाग से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध पत्र 'अभ्युदय' का निष्ठापूर्वक सम्पादन किया । रचनात्मक साहित्य के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक कृतियां प्रस्तुत कीं । 'अभ्युदय' का प्रकाशन स्थगित हो जाने के पश्चात् उन्होंने पत्रकारिता से सन्यास ले लिया ।

पद्मनारायण आचार्य—मध्यप्रदेश के नरसिंह पुर जिले के अंतर्गत गाडखारा नामक स्थान पर १० जनवरी १९०८ को आचार्य जी का जन्म हुआ था । उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा स्थानीय विद्यालय में हुई थी । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से संस्कृत औरहिन्दी में एम० ए० करने के पश्चात् वह सन् १९३१ में वहीं प्राध्यापक हो गये । अनेक निबन्धात्मक रचनाओं का प्रणयन करने के अतिरिक्त 'नागरी प्राचारिणी पत्रिका', 'पंडित पत्र', 'ब्रह्म विद्या' तथा 'गीता धर्म' आदि अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सफलतापूर्वक सम्पादन भी उन्होंने किया ।

पद्मसिंह शर्मा—बिजनौर जिले में सन् १८७६ में शर्मा जी का जन्म हुआ था । उन्होंने हिन्दी, संस्कृत, फारसी तथा तथा उर्दू का अध्ययन किया था । ज्वालापुर महाविद्यालय में वह अनेक वर्षों तक अध्यापक भी रहे थे। विभिन्न आलोचनात्मक कृतियों की रचना करने के समानांतर उन्होंने 'साहित्य', 'भारतोदय' तथा 'समालोचक' आदि पत्रों के संपादक रूप में भी ख्याति अर्जित की है । सन् १९३२ में उनका निधन हो गया ।

(डॉ०) परमानंद गुप्त—सन् १९३६ में गुप्त जी का जन्म बुलंद शहर के दादूपुर नीला नामक स्थान पर हुआ था । हिंदी में पी० एच० डी० की उपाधि ग्रहण के पश्चात् उन्होंने अपने पत्रकार जीवन का आरंभ किया । कालांतर में उन्होंने 'राजीव', 'ज्योत्स्ना' तथा 'सप्तांशु' आदि का संपादन भी किया ।

पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'—मीरजापुर जिले के अन्तर्गत चुनार नामक स्थान पर सन् १९०० में उग्र जी का जन्म हुआ था । स्थानीय विद्यालय में उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की । सन् १९२१ में राष्ट्रीय आन्दोलन में काशी आकर जेल यात्रा की । सन् १९२३ में 'भूत' शीर्षक से एक अभिनव हास्य पत्रिका का संपादन किया । इसके पश्चात् सन् १९२४ में गोरखपुर से 'स्वदेश' नामक एक पत्रिका के संपादक हुए । इसी वर्ष कलकत्ते से प्रकाशित 'मतवाला' नामक साप्ताहिक पत्र के संपादक नियुक्त हुए । 'स्वदेश' का संपादन करने के कारण कारावास दण्ड मिला । तत्पश्चात् 'आज' के संपादक बने । इंदौर से उन्होंने 'वीणा', 'स्वराज्य' और 'विक्रम' का सम्पादन भी किया । कुछ समय तक 'संग्राम' नामक पत्र के सम्पादक भी रहे । दिल्ली से 'उग्र' नामक पत्रिका के सम्पादक के रूप में भी ख्याति अर्जित की ।

पारस नाथ जैन—१ सितम्बर सन् १९२७ को पारस नाथ जी का जन्म एटा में हुआ था। सन् १९४९ में उप संपादक 'नव भारत टाइम्स' के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने प्रवेश किया। इसके पश्चात् मुख्य उप संपादक तथा संयुक्त एवं समाचार संपादक के रूप में इसी पत्र से संबद्ध रहे।

पी० नारायण 'नरन'—सन् १९२१ में 'नरन' जी का जन्म हुआ था। 'ललकार', 'हिंदी प्रचार समाचार' तथा 'केरल भारती' के संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

पुरुषोत्तम दास टंडन—११ अगस्त सन् १८८२ को प्रयाग में टंडन जी का जन्म हुआ था। राजनीति के क्षेत्र में संत के समान सक्रिय रहते हुये उन्होंने उल्लेखनीय सेवा की। सन् १९०९ में वह 'अभ्युदय' के संपादक नियुक्त हुये। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी अपरिमित ख्याति का कारण यही पत्र है। लोक सेवा मंगल, हिंदी साहित्य सम्मेलन, आर्य समाज, सनातन धर्म सभा, देश समाज, हिंदी विद्यापीठ आदि संस्थाओं के यह घनिष्ठ रूप में संबद्ध रहे। सन् १९६१ में उन्हें सर्वोच्च राष्ट्रीय अलंकरण 'भारत रत्न' से विभूषित किया। १ जूलाई सन् १९६२ को उनका निधन हो गया।

पुरुषोत्तम विजय—होशंगाबाद जिले के सेमरी हरचंद नामक ग्राम में १५ जूलाई १९१५ को विजय जी का जन्म हुआ था। 'अंकुश', 'राजस्थान', 'नवराजस्थान', 'सैनिक', 'नवजीवन', 'माहेश्वरी' तथा 'इंदौर समाचार' का संपादन करने के अतिरिक्त मध्यप्रदेश शासन पत्रकार अधिमान्यता समिति के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

पूर्ण चंद गुप्त—२ जनवरी सन् १९१२ को गुप्त जी का जन्म कालपी में हुआ था। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय सहयोग देने के कारण उन्हें अपनी शिक्षा अधूरी छोड़नी पड़ी। एक पत्रकार के रूप में उन्होंने 'स्वतंत्र' साप्ताहिक के माध्यम से कार्य आरंभकिया। हिंदी दैनिक 'जागरण' अंग्रेजी दैनिक 'हिंदी ऐक्शन' तथा हिंदी मासिक 'कंचन प्रभा' से संबद्ध रहकर उन्होंने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

प्रताप नारायण मिश्र— उन्नाव जिले के बैजे गांव में सन् १८५६ में मिश्र जी का जन्म हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा कानपुर में हुई थी। कुछ समय तक उन्होंने अंग्रेजी स्कूल में भी अध्ययन किया था। संस्कृत, उर्दू, फारसी, अंग्रेजी और बंगला का भी उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया था। उन्होंने कानपुर में साहित्यिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक संस्थाओं को सक्रिय सहयोग दिया। कुछ लावनियों और ख्यालों की भी रचना की। इलाहाबाद कांग्रेस अधिवेशन में कानपुर के प्रतिनिधि बने। नाटक सभा की स्थापना का श्रेय भी उन्हीं को है। उन्होंने अनेक रचनात्मक कृतियों का प्रणयन किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी मुख्य देन 'ब्राह्मण' के संपादक के रूप में है। इसका प्रकाशन सन् १८८३ से १८९४ तक हुआ था। कुछ समय तक उन्होंने 'हिन्दुस्तान' का सम्पादन भी किया था। उनकी मृत्यु सन् १८९५ में हुई थी।

(ठाकुर) प्रताप सिंह—२ सितंबर सन् १९१५ को उन्नाव जिले के अन्तर्गत गहरेदा में प्रताप सिंह जी का जन्म हुआ था। अपने पत्रकार-जीवन का आरंभ उन्होंने सन् १९३८ में 'लोकमान्य' हिंदी दैनिक के उपसंपादक के रूप में किया। इसके पश्चात् १९४१ में कलकत्ता के 'विश्व मित्र' में सहायक संपादक, दिल्ली के 'विश्व मित्र' में सहायक संपादक तथा लखनऊ से प्रकाशित 'अधिकार' में समाचार एवं सहकारी संपादक का दायित्व निर्वाह करने उपरांत दिल्ली की 'विश्वमित्र' शाखा से कुछ समय तक संबद्ध रह कर सन् १९४७ में 'नव भारत' (जिसका कालांतर में 'नव भारत टाइम्स' हो गया) के सहकारी तथा बाद में मुख्य उपसंपादक के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

प्रफुल्ल चंद ओझा 'मुक्त'—हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में ओझा जी का योगदान भी उल्लेखनीय है। रचनात्मक साहित्य के क्षेत्र में अनेक कृतियां प्रस्तुत करने के समानांतर उन्होंने पटना से प्रकाशित होने वाले 'बिजली' और 'आरती' नामक पत्रों के सम्पादक के रूप में विशेष ख्याति अर्जित की।

प्रेम चन्द—प्रेम चन्द का जन्म ३१ जुलाई सन् १८८० को काशी के लमही गाँव में हुआ था। उनका वास्तविक नाम धनपत राय था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा गाँव में हुई थी। उच्च शिक्षा उन्होंने काशी में प्राप्त की थी। कुछ समय तक अध्यापन करने के पश्चात् उन्होंने

सरकारी नौकरी की और महात्मा गाँधी से प्रेरणा ग्रहण करके उससे त्याग पत्र दे दिया। हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का उन्होंने अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। उनका प्रारम्भिक लेखन उर्दू में है, परन्तु परवर्ती सम्पूर्ण लेखन हिंदी में ही प्रस्तुत है। उन्होंने बहु-संख्यक कृतियों की रचना की। पत्रकारिना के क्षेत्र में उनका योगदान 'जमाना', 'मर्यादा', 'माधुरी', 'जागरण' और 'हंस' के साथ जुड़ा है। बड़े कष्ट सहन करके तथा आर्थिक हानि उठाकर भी उन्होंने 'जागरण' साप्ताहिक का प्रकाशन किया और साहस नहीं छोड़ा। ८ अक्टूबर सन् १६३६ को उनका निधन हो गया।

प्रेम नाथ चतुर्वेदी—सन् १६१२ में चतुर्वेदी जी का जन्म हुआ था। संपादक 'लोकराज' साप्ताहिक, मुख्य उप-संपादक दैनिक 'विश्वमित्र' एवं 'नव भारत टाइम्स' के रूप में चतुर्वेदी जी ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

प्रेम वल्लभ जोशी—रानी धारा, अलमोड़ा में जोशी का जन्म हुआ था। उन्होंने 'कुमाऊं कुमुद' का संपादन अलमोड़ा से सन् १६२२ से ४८ तक किया था। ५ नवबंर १६५५ को जोशी जी का निधन हो गया।

प्रमोद शरण पाठक—सन् १६०१ में पटना में पाठक जी का जन्म हुआ था। सहकारी संपादक 'प्रजा बंधु' के रूप में पाठक जी ने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। कालांतर में 'हिंदू पंच', 'तरुण भारत', 'भू देव' तथा 'बिहार प्रांतीय वैद्य सम्मेलन पत्रिका' के संपादन का दायित्व भी पाठक जी ने कुशलता एवं सफलता पूर्वक निर्वाह किया। २५ फरवरी सन् १६६० को उनका निधन हो गया।

फतह चंद शर्मा आराधक—आराधक जी का जन्म २ फरवरी १६२३ को बिजनौर जिले के अन्तर्गत रतन गढ़ में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने 'हिन्दुस्तान', 'नवयुग' तथा 'अर्जुन' के समाचार विभाग से संबद्ध होकर प्रवेश किया। तदुपरांत 'शिक्षा सुधा', 'हिंदू', 'हिंदू आउट लुक', 'जय भारत', 'कण्व भूमि' आदि पत्रों से संवद्ध रहे। इसके पश्चात् दिल्ली से प्रकाशित 'नवयुग', 'गोपाल' के संपादक रहे। १६४७ में दिल्ली से प्रकाशित 'नव भारत टाइम्स' के मुख्य संवाददाता नियुक्त हुए।

(मुंशी) बख्तावर सिंह—आर्य समाज के आद्य संपादक के रूप में मुंशी जी की प्रतिष्ठा है। उन्होंने सन् १६७८ में काशी से 'आर्य दर्पण' नामक पत्र का संपादन आरंभ किया था। इसके अतिरिक्त वह 'आर्य भूषण' तथा 'अजाव' नामक पत्रों के संपादक भी रहे थे।

बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'— उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में सन् १८५५ में प्रेमघन जी का जन्म हुआ था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अनेक रचनात्मक कृतियाँ प्रस्तुत कीं। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में 'आनंद कादम्बिनी' के संपादक के रूप में विशेष योग दिया। यह पत्रिका सन् १८८१ में मीरजापुर से प्रकाशित हुई थी। ऐतिहासिक महत्व की इस पत्रिका के अतिरिक्त उन्होंने 'नागरी नीरद' नामक साप्ताहिक पत्र के सम्पादक के रूप में भी ख्याति अर्जित की है।

बदरी विशाल पित्ती—पित्ती जी का जन्म २८ मार्च १६२८ को कलकत्ते में हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने १६४६ में 'कल्पना' का संपादन आरंभ कर के प्रवेश किया। कालांतर में अंग्रेजी पत्र 'मैनकाइंड' से संबद्ध हो गये।

बद्री दत्त पांडेय—१५ फरवरी सन् १८८२ को कनखल (हरिद्वार) में जन्मे पाठक जी ने १६१३ में 'अलमोड़ा अखबार' तथा दैनिक 'शक्ति' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया।

बनारसी दास चतुर्वेदी—२४ दिसम्बर सन् १८६२ को फिरोजाबाद में बनारसी दास चतुर्वेदी जी का जन्म हुआ था। गणेश शंकर विद्यार्थी के सम्पर्क में रहकर उन्होंने पत्रकारित्रा की प्रेरणा ग्रहण की। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने 'विशाल भारत' के संपादक के रूप में प्रवेश किया। इसके पश्चात् उन्होंने टीकमगढ़ से प्रकाशित होने वाले 'मधुकर' का सम्पादन भी किया। दिल्ली में हिंदी भवन की स्थापना का श्रेय भी उन्हीं को है। संसदीय हिंदी परिषद्, दिल्ली, हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं हिंदी पत्रकार संघ आदि के क्रिया कलाप में सक्रिय रूप से सहयोग देते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार सम्मेलन तथा अखिल भारतीय हिंदी पत्रकार सम्मेलन के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें विशेष संस्थाओं द्वारा समय-समय पर सम्मानित भी किया गआ था।

बाबू राव विष्णु पराड़कर— १६ नवम्बर सन् १८८२ को काशी में पराड़कर जी का जन्म हुआ था। किशोरा-

वस्था में ही अपने माता और पिता की मृत्यु हो जाने के कारण उन्हें अपना अध्ययन कार्य स्थगित करना पड़ा। जीविकोपार्जन के उद्देश्य से कलकत्ता पहुंचकर उन्होंने सन् १९०६ में हिन्दी 'बंगवासी' का सम्पादन कार्य आरम्भ किया। तीन वर्ष तक 'हितवार्ता' का सम्पादन करनेके पश्चात् सन् १९१० से १९१५ तक उन्होंने 'भारत मित्र' के संयुक्त सम्पादक के रूप में कार्य किया। वह एक राष्ट्रीय भावना से अनुप्राणित पत्रकार होने के समानान्तर ही सक्रिय राजनीति के क्रान्तिकारी सेनानी भी थे। अपने उग्रवादी विचारों के कारण उन्हें पर्याप्त समय तक नजरबन्द भी रहना पड़ा था। सन् १९२० में ज्ञान मंडल, काशी द्वारा प्रकाशित दैनिक 'आज' के संपादक के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। इस दायित्व का निर्वाह वह जीवन पर्यन्त करते रहे। महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह के आन्दोलन काल में 'आज' के प्रकाशन पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। सन् १९३० में उन्होंने 'रणभेरी' नामक गुप्त पत्रिका का भी संपादन किया था। सन् १९३७ में उन्होंने 'हंस' के प्रेम चंद स्मृति अंक का सम्पादन कार्य भी सम्पन्न किया था। हिंदी पत्रकारिता को असाधारण देन के कारण उन्हें हिंदी साहित्य सम्मेलन के शिमला में आयोजित सत्ताइसवें अधिवेशन का सभापति मनोनीत किया गया था। १२ जनवरी १९५५ को उनका निधन हो गया।

बालकृष्ण भट्ट—३ जून सन् १८४४ को इलाहाबाद में भट्ट जी का जन्म हुआ था। प्रयाग के मिशन स्कूल से उन्होंने एन्ट्रेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् वहीं अध्यापन कार्य आरम्भ कर दिया। कुछ ही समय पश्चात् वहाँ से त्यागपत्र देकर वह स्वाध्याय में लग गये। कुछ समय तक उन्होंने सी० एम० पी० कालेज तथा कायस्थ पाठशाला इण्टर कालेज में भी अध्यापन किया। उन्होंने अनेक मौलिक उपन्यासों और नाटकों की रचना की। पत्रकारिता के क्षेत्र में १ सितम्बर सन् १८७७ को उन्होंने हिंदी वर्धिनी सभा इलाहाबाद की ओर से 'हिंदी प्रदीप' नामक पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया। सरकारी विरोध, अर्थ समस्या और अन्य बाधाओं के रहते हुए भी उन्होंने तैंतीस वर्षों तक इस पत्रिका सम्पादन करते हुए साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में एक कीतिमान स्थापित किया। अप्रैल सन् १९०९ में इसका अन्तिम अंक प्रकाशित हुआ था।

बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'—ग्वालियर के मयाना नामक ग्राम में ८ दिसम्बर सन् १८९७ को शर्मा जी का जन्म हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा शाजापुर तथा उच्च शिक्षा उज्जैन में हुई थी। सन् १९२० में गांधी जी के सत्याग्रह आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लेते हुये उन्होंने बी० ए० की पढ़ाई छोड़ दी। राष्ट्र भाषा के प्रचार-प्रसार में वह आजीवन संलग्न रहे। एक पत्रकार के रूप में उनका जीवन सन् १९१७ से आरम्भ होता है, जब वह 'प्रताप' से सम्बद्ध हो गये। कालांतर में वह इसके प्रधान संपादक नियुक्त हुये। सन् १९२१ से १९२३ तक उन्होंने 'प्रभा' के संपादक के रूप में भी ख्याति प्राप्ति की।

(लोकमान्य) बाल गंगाधर तिलक—२३ जुलाई सन् १८५६ को पूना में तिलक जी का जन्म हुआ था। उन्होंने 'केसरी' और 'मराठा' के संपादक के रूप में निर्भीक पत्रकारिता का अन्यतमय आदर्श उपस्थित किया। १ अगस्त सन् १९२० को तिलक जी का निधन हो गया।

बाल मुकुंद गुप्त—हरियाणा प्रदेश के रोहतक जिले के अन्तर्गत 'गुड़ियाना' नामक गांव में सन् १८६५ में बाल मुकुन्द गुप्त का जन्म हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा गांव के ही मदरसे में उर्दू माध्यम से हुई थी। १४ वर्ष की अवस्था में उनके पिता की मृत्यु हो गई। सन् १८८६ में उन्होंने मिडिल स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दीन दयालु शर्मा की प्रेरणा से उन्होंने 'मथुरा अखबार' में नियमित लेखन आरम्भ किया। सन् १८८६ में वह 'अखबारे चुनार' के संपादक बने। यह पत्र दो वर्ष तक प्रकाशित हुआ। इसके पश्चात् सन् १८८८-८९ में उन्होंने 'कोहिनूर' पत्र का भी संपादन किया। हिंदी के तीन अन्य विशिष्ट पत्रों के सम्पादन का श्रेय भी गुप्त जी को है। ये 'हिंदोस्तान' (१८८९-९१), 'हिंदी बंगवासी', तथा 'भारत मित्र' (१८९९—१९०७) हैं। १८ सितम्बर सन् १९०७ को दिल्ली में उनका निधन हो गया।

बाल शौरि रेड्डी—आंध्र प्रदेश के कड़पा जिले में १जूलाई १९४८ को रेड्डी जी का जन्म हुआ था। 'अंकन', 'फालकन', 'नवता' तथा 'चंदा मामा' के संपादक के रूप में उन्होंने दक्षिण भारत में हिंदी पत्रकारिता का

उन्नयन किया ।

ब्रज नंदन सहाय (ब्रज वल्लभ)—संवत् १९३१ में 'ब्रज वल्लभ' जी का जन्म आगरा के निकट अखतरियापुर में हुआ था । 'समस्या पूर्ति' के संपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया । तदुपरांत 'आरा नागरी प्रचारिणी सभा पत्रिका', 'शिक्षा' तथा 'प्रेम भक्ति प्रचारक' आदि पत्रों का भी संपादन कुछ समय तक उन्होंने किया ।

ब्रज नाथ माधव वाजपेयी—मारीशस के बेल एतां ग्राम में वाजपेयी जी का जन्म हुआ था। सन् १९४६ में भारत आने के पश्चात् वह 'प्रवासी' अजमेर से संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए। इसके पश्चात् पटना से प्रकाशित 'योगी' में मारीशस संबधी लेख माला प्रस्तुत की। कालांतर में दैनिक 'आर्यावर्त्त' के संपादक मण्डल के सदस्य हुए । उन्होंने अनेक मौलिक ग्रंथों की भी रचना की । सन् १९७२ में उनका निधन हो गया ।

ब्रज लाल बियाणी—अकोला जिला के हाथसूं नामक स्थान पर ६ दिसम्बर सन् १८९५ को वियाणी जी का जन्म हुआ था । बी० ए० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें 'राजस्थान', 'नव राजस्थान', 'मातृ भूमि', 'प्रवाह' तथा 'विश्व विलोक' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । १९७६ में वियाणी जी की मृत्यु हो गयी ।

बांके बिहारी भटनागर—भटनागर जी का जन्म २२ अक्टूबर सन् १९०९ को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में हुआ था । अंग्रेजी में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत उन्होंने अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें सन् १९३१ में 'मेरठ कालिज मैगजीन', १९३५ में 'माधुरी', १९४५ में दैनिक 'हिंदुस्तान' तथा १९५० में साप्ताहिक 'हिंदुस्तान' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । इसके अतिरिक्त निदेशक-प्राचार्य भारतीय पत्रकारिता विद्यापीठ के रूप में भी उनका कार्य विशिष्ट महत्व रखता है ।

बालकृष्ण राव—प्रयाग में सन् १९१३ में राव जी का जन्म हुआ था । उन्होंने आई० सी० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण की थी । रचनात्मक लेखन के साथ उन्होंने विशिष्ट महत्व के अनेक पदों पर सफलता पूर्वक कार्य किया । पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान सन् १९६० में इलाहाबाद से प्रकाशित 'कादम्बिनी' तथा हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग से प्रकाशित 'माध्यम' नामक पत्रिकाओं के माध्यम से है ।

बालेश्र प्रसाद अग्रवाल—१७ जूलाई १९२१ को अग्रवाल जी का जन्म बालेश्वर (उत्कल) में हुआ था । पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने सन् १९४९ में पटना से प्रकाशित साप्ताहिक 'प्रवर्तक' के संपादक एवं प्रकाशक के रूप में प्रवेश किया । इसके उपरांत १९६४ में (हिन्दुस्तान समाचार' के प्रकाशक एवं संपादक के रूप में कार्य करते हुए अग्रवाल जी ने हिन्दी पत्रकारिता को समृद्ध बनाने में योग दिया है ।

बी० एन० मुदगिल—मुदगिल जी का जन्म ३० अगस्त सन् १९३४ को रोहतक जिले के अन्तर्गत ग्राम मकडौली में हुआ था । एक पत्रकार के रूप में उन्होंने रोहतक से प्रकाशित 'लीडर' पाक्षिक तथा 'राकेश' मासिक के माध्यम से कार्य आरम्भ किया । संप्रति एक जागरूक तथा निष्ठावान पत्रकार रूप में समर्पित हैं ।

बी० मानक चंद नाहर—नाहर जी मद्रास में रहते हुये हिन्दी पत्रकारिता के प्रचार प्रसार में सन्लग्न हैं । वह आगरे से प्रकाशित होने वाले 'श्रमण भारती' नामक साप्ताहिक पत्र के अवैतनिक संपादक हैं । भोपाल से प्रकाशित होने वाले 'लखपति' और मद्रास से प्रकाशित होने वाली 'विलक्षण ज्योति' के सहायक सम्पादक भी हैं । विगत ३० वर्षों से दक्षिण भारत में हिन्दी पत्रकारिता के लिए समर्पित हैं ।

(पं०) ब्रह्म दत्त जिज्ञासु—जिज्ञासु जी का जन्म १४ अक्टूबर सन् १८९२ में जालंधर जिले के मल्लूपोता नामक ग्राम में हुआ । 'वेदवाणी' का संपादन जीवन पर्यन्त उन्होंने किया । २२ दिसंबर १९६४ को उनका निधन हो गया ।

भगवती चरण वर्मा—सन् १९०३ में वर्मा जी का जन्म हुआ था । प्रयाग विश्वविद्यालय से बी० ए०, एल-एल० बी० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने साहित्य सृजन, आकाशवाणी, फिलम और पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य किया था । उन्होंने ऐतिहासिक महत्व की अनेक मौलिक कृतियों का सृजन करने के अतिरिक्त 'नवजीवन',

'विचार', 'सनीचर' तथा 'सम्मेलन पत्रिका' के संपादक के रूप में पत्रकारिता के विकास में योग दिया ।

भगवती धर वाजपेयी—७ नवम्बर सन् १९२८ को ग्वालियर में वाजपेयी जी का जन्म हुआ था । 'स्वदेश', 'वीर अर्जुन' तथा 'युग धर्म' का संपादन करने के अतिरिक्त अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन तथा मध्य प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ के माध्यम से भी उन्होंने हिंदी पत्रकारिता की उल्लेखनीय सेवा की है ।

भगवान दास अरोड़ा—१५ अगस्त सन् १९०३ को अरोड़ा जी का जन्म गुजरावाला में हुआ था । दैनिक 'गांडीव' का संपादन और प्रकाशन करके अरोड़ा जी ने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया ।

(स्वामी) भवानी दयाल संन्यासी—१० सितम्बर सन् १८९२ को अफ्रीका के नगर जोहान्सबर्ग में संन्यासी जी का जन्म हुआ था । संन्यासी जी का पत्रकार जीवन आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल-बिहार के मुख पत्र 'आर्यावर्त' के माध्यम से आरम्भ हुआ था । तदुपरांत उन्होंने अफ्रीका से सन् १९१७ में 'धर्मवीर' तथा सन् १९२२ में नेटाल से एक साप्ताहिक हिंदी पत्रिका का प्रकाशन किया । अजमेर से 'प्रवासी' नामक पत्र के प्रकाशन का श्रेय भी संन्यासी जी को है । ९ मई सन् १९५० को प्रवासी जी का अजमेर में निधन हो गया ।

भवानी प्रसाद तिवारी—१२ फरवरी सन् १९१२ को तिवारी जी का जन्म हुआ था । उन्होंने १९३५ से ४१ तक 'हितकारिणी', १९४५ से ४८ तक 'प्रजापुकार', तथा १९४८ से ७७ तक 'प्रहरी' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

भवानी प्रसाद मिश्र—मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले की सिवनी मालवा तहसील के अन्तर्गत टिगरिया नामक ग्राम में २१ मार्च १९१३ को मिश्र जी का जन्म हुआ था । जबलपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए । सन् १९४७ में साप्ताहिक 'विचार', १९४७ से ४९ तक त्रैमासिक 'महिलाश्रम' पत्रिका, १९५० से ५२ तक मासिक 'कल्पना', १९७२ में त्रैमासिक 'गांधी मार्ग' और १९७३ से ७५ तक साप्ताहिक 'भूदान यज्ञ' का संपादन करने के अतिरिक्त अनेक मौलिक कृतियों का सृजन भी उन्होंने किया है ।

(डॉ०) भवानी लाल भारतीय—राजस्थान के नागौड़ जिले के अन्तर्गत परवतसर नामक ग्राम में भारतीय जी का जन्म सन् १९२८ में हुआ था । उनकी उच्च शिक्षा जोलपुर में हुई थी । एम० ए० और पी० एच० डी० की उपाधियाँ प्राप्त करने के साथ वह साहित्य सेवा में संलग्न हुए । १९७० में उन्होंने 'आर्य मार्त्तण्ड' और सन् १९७३ में 'परोपकारी' नामक पत्रिका का संपादन किया । पत्रकारिता में विशिष्ट योगदान के अतिरिक्त भारतीय जी को अनेक मौलिक कृतियों के सृजन का श्रेय भी प्राप्त है ।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र—आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रवर्तक के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म सन् १८५० में हुआ था । माता पिता की असामयिक मृत्यु के कारण उनकी उचित शिक्षा दीक्षा न हो सकी । कुछ समय तक उन्होंने काशी के क्वींस कालेज में अध्ययन किया । बाद में स्वाध्याय द्वारा ही उन्होंने हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, मराठी, बंगला, गुजराती, मारवाड़ी, पंजाबी और उर्दू आदि का भी ज्ञान प्राप्त किया । सन् १८८० में उन्हें 'भारतेन्दु' की पदवी से विभूषित किया गया । उनकी अनेक मौलिक और अनूदित कृतियां प्रसिद्ध हैं । हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में भारतेन्दु की देन ऐतिहासिक महत्व की है । उन्होंने हिंदी की उन्नति की दृष्टि से सन् १८६८ में 'कवि वचन सुधा' और सन् १८७३ में 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' (परवर्ती नाम 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका') का संपादन किया । सन् १८८४ में इनका प्रकाशन 'नवोदिता' शीर्षक से भी हुआ था । 'बाला बोधिनी' शीर्षक से भी उन्होंने एक पत्रिका प्रकाशित की थी। सन् १८८५ में उनकी मृत्यु हो गयी ।

भाल चंद्र ओझा—२३ जून सन् १९२७ को ओझा जी का जन्म हुआ था । पत्रकार जगत में उन्होंने पटना से प्रकाशित 'बिजली', दैनिक 'जनता', 'प्रकाश', 'दि रिपब्लिक' (अंग्रेजी), साप्ताहिक 'कहानियाँ', साप्ताहिक 'मजदूर संसार' से संबद्ध हो कर कार्य आरंभ किया । इसके साथ ही साथ (दैनिक) 'नवराष्ट्र' के रविवारीय अंकों और विशेषांकों का संपादन भी ओझा जी ने किया । सहायक संपादक 'बिहार' तथा 'बिहार सरकार' एवं प्रधान संपादक दैनिक 'आवाज' के

रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

(पं०) भीम सेन विद्यालंकार—भीम सेन जी का जन्म २२ अक्टूबर सन् १९०० में जम्मू में हुआ था। उनकी शिक्षा दीक्षा गुरुकुल कांगड़ी में हुई। गुरुकुल में कुछ समय तक शिक्षण कार्य करने के पश्चात् उन्होंने दैनिक 'वीर अर्जुन' के प्रधान संपादक का कार्य सन् १९२४–२५ में किया। सन् १९२५ से २६ तक लाहौर से साप्ताहिक 'सत्यवादी', सन् १९३३ से १९३७ तक 'अलंकार' मासिक (जो कालांतर में 'हिंदी संदेश' के नाम से प्रकाशित हुआ) तथा सन् १९३४ से १९५१ तक आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के मुख पत्र 'आर्य' का संपादन कार्य भी भीम सेन जी ने सफलता पूर्वक किया। १८ जुलाई १९६२ को दिल्ली में उनकी मृत्यु हो गयी।

(पं०) भीमसेन शर्मा—शर्मा जी का जन्म सन् १८५४ में एटा जिले में हुआ था। पत्रकारिता में उन्होंने 'आर्य सिद्धांत' नामक मासिक पत्र के माध्यम से कार्य आरंभ किया। सन् १९०२—०३ में उन्होंने इटावा से 'ब्राह्मण सर्वस्व' नामक मासिक पत्र भी निकाला। जीवन के अंतिम वर्षों में वह कलकत्ता विश्वविद्यालय में वेद व्याख्याता के पद पर कार्यरत थे। सं० १९७४ वि० में शर्मा जी का निधन हो गया।

(डॉ०) भुवनेश्वर नाथ मिश्र माधव—शाहाबाद जिले के अन्तर्गत मिसरौली नामक गांव में १२ फरवरी सन् १९११ को मिश्र जी का जन्म हुआ था। उन्होंने हिंदी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ सन् १९३१ से लेकर सन् १९४२ तक एक सफल पत्रकार के रूप में कार्य किया। प्रयाग से प्रकाशित 'भविष्य' और 'चांद' तथा काशी से प्रकाशित 'सनातन धर्म' नामक पत्रिका का उन्होंने १९३१ में संपादन किया। गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित 'कल्याण' तथा 'कल्याण कल्पतरु' नामक पत्रों का संपादन भी उन्होंने सन् १९३२ से १९४२ तक करके प्रतिष्ठा प्राप्त की।

भैरव दत्त धूलिया—सन् १९०१ में धूलिया जी का जन्म गढ़वाल में हुआ था। 'कर्म वीर' के संपादक के रूप में सन् १९३९ में धूलिया जी ने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया है।

मदन गोपाल सिंहल-संवत् १९६५में मेरठ जिले में सिंहल जी का जन्म हुआ था। 'आदेश'(साप्ताहिक)के संपादक के रूप में पत्रकार जगत में प्रविष्ट होकर उन्होंने अन्य अनेक पत्र-पत्रिकाओं का भी प्रकाशन एवं संपादन किया, जिनमें दैनिक 'राम राज्य', 'संकीर्तन', 'बल वीर' तथा 'वैश्यहितकारक' आदि उल्लेखनीय हैं।

मदनमोहन मालवीय—२५ दिसम्बर सन् १८६१ को प्रयाग में मालवीय जी का जन्म हुआ था। उन्होंने सन् १८८४ में अपनी शिक्षा समाप्त करके अध्यापन कार्य आरंभ किया। सन् १८८६ में उन्होंने 'हिंदुस्तान' के संपादक के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। सन् १९०५ में उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की योजना को प्रत्यक्ष रूप दिया। सन् १९०९ में उन्होंने 'अभ्युदय' नामक विशिष्ट महत्व के ऐतिहासिक पत्र की स्थापना की और दो वर्ष तक उसका सम्पादन किया। सन् १९१५ में यह साप्ताहिक के स्थान पर दैनिक हो गया। सन् १९३९ में 'लीडर' के हिंदी संस्करण 'भारत' को आरंभ करने का श्रेय भी मालवीय जी को है। 'हिंदुस्तान टाइम्स' के हिंदी संस्करण 'हिंदुस्तान' के भी वही मूल प्रेरक थे। 'मर्यादा' के प्रकाशन में भी उनका योगदान था। १९३३ में उन्हीं के संरक्षण में 'सनातन धर्म' का प्रकाशन भी हुआ था। लाहौर से 'विश्वबंधु' का प्रकाशन भी उन्हीं के प्रयासों का सुफलथा।

मदनलाल चतुर्वेदी—संवत् १९६० में चतुर्वेदी जी का जन्म आगरा में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा समाप्त करने के पश्चात् उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। इसके उपरांत साप्ताहिक 'प्रताप' से संबद्ध रहे। तदुपरांत सह संपादक 'दैनिक स्वतंत्र', दैनिक 'भारत मित्र' एवं 'लोक मान्य' के संवाददाता तथा संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता की सेवा के लिए चतुर्वेदी जी का हिंदी पत्रकारिता में विशिष्ट महत्व है।

मनोहर श्याम जोशी—जोशी जी का जन्म ९ अगस्त सन् १९३३ को अजमेर में हुआ था। १९६५ से ६७ तक सहायक संपादक 'दिनमान' के रूप में कार्य करने के पश्चात् जोशी जी ने १९६७ में 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' के संपादक का कार्य भार ग्रहण किया।

मन्मथ नाथ गुप्त—गुप्त जी का जन्म ८ नवंबर १९०८ को वाराणसी में हुआ था। वह स्वाधीनता संग्राम के सक्रिय सैनिक थे। उन्होंने 'बाल भारत' (मासिक); 'योजना', 'आजकल' आदि का सुदीर्घ अवधि तक

संपादन किया। काकोरी षड्यंत्र के प्रमुख अभियुक्तों में गुप्त जी का भी नाम था। उन्होंने बहुसंख्यक रचनात्मक ग्रन्थों का भी प्रणयन भी किया है।

महावीर अधिकारी—अधिकारी जी का जन्म १ जनवरी १६१८ को बिजनौर जिले के पैगंबरपुर में हुआ था। उन्होंने साप्ताहिक 'विचार' से १६४१ में संवद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। तत्पश्चात् १६४३ में 'नवयुग', १६५३ में 'ज्ञानोदय', १६५४ में 'समाज', १६५५ में 'समाज कल्याण' का संपादन किया। कालांतर में उन्होंने सह संपादक (दैनिक) 'हिंदुस्तान' (१६६०) तथा १६६१ में आवासी संपादक 'नवभारत टाइम्स' का कार्यभार ग्रहण किया।

महावीर प्रसाद द्विवेदी—महावीर प्रसाद द्विवेदी जी का जन्म सन् १८६४ में उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के अन्तर्गत दौलतपुर नामक गाँव में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा गाँव की ही पाठशाला में हुई थी। तेरह वर्ष की आयु में उन्होंने राय बरेली के जिला स्कूल में प्रवेश लिया। उन्नाव, फतेहपुर में भी उन्होंने शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात् बम्बई में संस्कृत, गुजराती, मराठी और अंग्रेजी का अध्ययन किया। कुछ समय तक रेलवे में विभिन्न रूपों में नौकरी की। तत्पश्चात् उससे त्याग पत्र देकर साहित्य सेवा में संलग्न हो गये। हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में 'सरस्वती' के सम्पादक के रूप में उनका प्रवेश एक ऐतिहासिक घटना है। सन् १६२० तक उन्होंने इस पत्रिका का सम्पादन करके उसकी प्रतिष्ठा में वृद्धि की। २१ दिसम्बर सन् १६३८ को राय बरेली में उनका निधन हो गया।

महाशय कृष्ण—सन् १८८० में नजीराबाद (पाकिस्तान) में जन्मे महाशय जी का वास्तविक नाम राधाकृष्ण था। उन्होंने बी० ए० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् सन् १६०३ में 'आर्य पत्रिका' का संपादन आरंभ किया। सन् १६०६ में वह उर्दू के साप्ताहिक पत्र 'प्रकाश' के संपादक बने। ३० मार्च सन् १६१६ को उन्होंने दैनिक 'प्रताप' का संपादन आरंभ किया। अपने क्रांतिकारी विचारों के कारण तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उस पत्र को बन्द कर दिया और उन्हें कारावास-दंड मिला। १ फरवरी १६२० से उन्होंने कारागार से मुक्त होकर पुनः उक्त पत्र को आरम्भ किया। सन् १६२५ से उन्होंने 'प्रकाश' का हिंदी संस्करण भी प्रकाशित करना आरंभ किया। सन् १६३६ में उन्होंने लाहौर से एक दैनिक पत्र 'प्रभात' का संपादन भी आरंभ किया। अक्टूबर सन् १६४७ से उन्होंने दैनिक 'प्रताप' को पुनः प्रकाशित किया। अप्रैल सन् १६५४ में 'वीर अर्जुन' को दैनिक रूप में संपादित किया। २४ फरवरी सन् १६६२ को उनका दिल्ली में निधन हो गया।

माखनलाल चतुर्वेदी—मध्य प्रदेश के वावई नामक स्थान पर ४ अप्रैल सन् १८८६ को चतुर्वेदी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने हिंदी संस्कृत का विशेष अध्ययन करके अध्यापन कार्य आरंभ किया था। रचनात्मक लेखन के साथ उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। सन् १६१३ में उन्होंने 'प्रभा' नामक पत्रिका का सम्पादन आरंभ किया। यह चित्रशाला प्रेस, पूना से प्रकाशित होती थी। बाद में यह प्रताप प्रेस, कानपुर से छपने लगी। सन् १६१६ में उन्होंने जबलपुर से 'कर्मवीर' का सम्पादन भी आरम्भ किया। सन् १६२४ में उन्होंने 'प्रताप' का सम्पादन किया और विशेष ख्याति प्राप्त की।

माता दीन भगेरिया—भगेरिया जी का जन्म ६ अप्रैल सन् १६१२ को राजस्थान के चिड़ावा नामक स्थान पर हुआ था। उन्होंने बी० ए० आनर्स तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् १६३२ में 'कांग्रेस बुलेटिन' का संपादन किया। सन् १६३३ में 'वेंकटेश्वर समाचार' के सह संपादक नियुक्त हुए। १६३७ से १६४६ तक 'उत्थान' के प्रधान संपादक रहे। 'आलोक', 'प्रगति', 'संघर्ष', 'आनंद मंगल', 'नवयुग', 'हिंदी टाइम्स', 'नव भारत', 'नव भारत टाइम्स', 'युवा प्रहरी', 'सोशलिस्ट भारत' आदि का संपादन करने के अतिरिक्त वह 'लोक वाणी', 'नेशनल काल' तथा हिंदुस्तान' से भी संबद्ध रहे। हिंदी पत्रकार संघ दिल्ली के सभापति, सेंट्रल प्लेस एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य तथा न्यूज पेपर एडिटर्स कान्फ्रेंस के संयुक्त मंत्री भी रहे। ११ अप्रैल १६७४ को उनकी मृत्यु हो गयी।

माधव प्रसाद मिश्र—सन् १८७१ में पंजाब के हिसार नामक जिले में भिवानी के पास कूगड़ नामक ग्राम में मिश्र जी का जन्म हुआ था। वह बहुत ओजस्वी विद्वान थे और हिंदी संस्कृत के ज्ञानी थे। राष्ट्र प्रेम की भावना

से अनुप्राणित उनका लेखन विशिष्ट है। पत्रकारिता के क्षेत्र मे 'वैश्योपकारक' और 'सुदर्शन' के सम्पादक के रूप में उनका योगदान उल्लेखनीय है। सन् १६०७ में मिश्र जी का निधन हो गया।

माधव राव सप्रे—सप्रे जी का जन्म १६ जून सन् १८७१ को मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पथरिया गांव में हुआ था। सन् १८८३ में उन्होंने शिक्षा दीक्षा आरंभ की। सन् १८८७ में रायपुर के हाई स्कूल में प्रवेश लिया। सन् १८८६ में विवाह हुआ। इसी वर्ष कंठमाला रोग के कारण मैट्रिक परीक्षा न दे सके। नायब तहसीलदारी का प्रलोभन छोड़ कर उन्होंने सरकारी नौकरी न करने का संकल्प किया। सन् १८६७ में पत्नी की मृत्यु हो गयी। जनवरी सन १६०० में 'छत्तीसगढ़ मित्र' का संपादन आरंभ किया। दिसम्बर १६०२ में आर्थिक संकट के कारण वह बंद हो गया। सन् १६०६ में 'हिंदी ग्रन्थ माला' का संपादन किया, जो सन् १६०६ में बन्द हो गयी। अनेक सृजनात्मक कृत्तियों के रचयिता इस कर्मठ पत्रकार का निधन २३ अप्रैल १६२६ को हो गया।

मुंदर शर्मा—१५ अगस्त १६२२ को शर्मा जी का जन्म बिहार के सीवान जिले में हुआ था। इलाहाबाद के 'लीडर' व 'भारत' आदि पत्रों से संबद्ध होकर उन्होंने १६५५ में 'नवीन दुनिया' का संपादन किया। इसके पश्चात् अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक संघ के स्थायी सदस्य तथा जबलपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष होने का गौरव भी शर्मा जी को प्राप्त है।

(महात्मा) मुंशी राम (स्वामी श्रद्धानंद)-मुंशी राम जी का जन्म जालंधर जिले के तलवन ग्राम में सं० १६१३ वि० को हुआ था। सर्वप्रथम उन्होंने सन् १८८६ ई० में उर्दू भाषा के 'सद्धर्म प्रचारक' नामक साप्ताहिक पत्र का संपादन आरंभ किया। कुछ समय पश्चात् इस पत्र का प्रकाशन गुरुकुल कांगड़ी से होने लगा। उन्होंने 'श्रद्धा' (मासिक) तथा 'सत्यवादी' (साप्ताहिक) पत्रों के प्रकाशन के साथ-साथ 'सद्धर्म प्रचारक' को हिंदी में भी प्रकाशित किया। २३ दिसम्बर सन् १६२६ को दिल्ली में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी गयी।

मुकुंदीलाल श्रीवास्तव—मध्य प्रदेश के सागर जिले के अंतर्गत गौर आमर नामक ग्राम में श्रीवास्तव जी का जन्म २५ अक्टूबर सन् १८६६ में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजनांद गांव में हुई। वहीं से उन्होंने हाई स्कूल किया। सन् १६२० में उन्होंने जबलपुर विश्वविद्यालय से बी० ए० किया। गांधी जी के आवाहन पर उन्होंने एम० ए० की पढ़ाई और अध्यापन दोनों को त्याग दिया। सन् १६२१ में वाराणसी से प्रकाशित होने वाले 'आज' नामक दैनिक पत्र के संपादकीय विभाग से संबद्ध होकर उन्होंने अपने पत्रकार जीवन का आरम्भ किया। 'स्वार्थ' नामका एक मासिक पत्रिका का संपादन भी उन्होंने ढाई वर्षों तक किया। कुछ समय तक काशी विद्यापीठ में अध्यापन करके वह पुनः 'आज' के संपादक हो गये। साप्ताहिक 'संसार' और दैनिक 'संसार' के संयुक्त सम्पादक भी वह रहे। उत्तर प्रदेश शासन के सूचना विभाग के अंतर्गत हिंदी समिति के प्रधान सम्पादक के रूप में भी उनका कार्य उल्लेखनीय है।

मुकुट बिहारी वर्मा—उत्तर प्रदेश के आगरे जिले के अंतर्गत सिकंदराबाद नामक स्थान पर सन् १६०४ में वर्मा जी का जन्म हुआ। उनकी शिक्षा का क्रम सन् १६२० में टूट गया और वह असहयोग आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता बन गये। उनके पत्रकार जीवन का आरंभ भी इसी समय हुआ। सर्वप्रथम सन् १६१६-२० में वह 'कर्मवीर' से संबद्ध हुए। 'राजस्थान केसरी', 'प्रणवीर', 'माधुरी' तथा 'आज' आदि पत्र पत्रिकाओं से संबद्ध रहकर वह सन् १६२५—२६ में गोरखपुर पहुंचकर 'स्वदेश' के संपादक हो गये। कुछ समय तक उन्होंने अजमेर से प्रकाशित 'त्यागभूमि' में भी कार्य किया। सन् १६३६ में वह दैनिक 'हिंदुस्तान' के स्थानापन्न संपादक बने तथा सन् १६६५ में संपादक के रूप में अवकाश ग्रहण किया।

(पं०) मुन्ना लाल उप्रैती शर्मा—शर्मा जी मूलतः आगरा के निवासी थे। उनका महत्व हिंदी के प्रथम आर्य समाजी पत्रकार के रूप में है। वह आर्य समाज अजमेर के मासिक मुख पत्र 'देश हितैषी' के संवत् १६३६ में संपादक हुए। इसका संपादन उन्होंने १४ महीनों तक किया था। तत्पश्चात् उन्होंने 'भारतोद्धारक' नामक पत्र का संपादन भी आरंभ किया था। २० नवम्बर १८८६ को लाहौर में उनका निधन हो गया।

मूलचन्द अग्रवाल—अग्रवाल जी का हिंदी पत्रकारिता के

क्षेत्र में जो कार्य है, वह उनकी इसके प्रति एक निष्ठता का प्रतीक है। 'कलकत्ता समाचार' तथा 'विश्वमित्र' अग्रवाल जी की पत्रकारिता क्षेत्रीय उपलब्धि के द्योतक हैं।

मोहन जोशी—सन् १८९६ में जोशी जी का जन्म हुआ था। उनका वास्तविक नाम विक्टर जोसेफ जोशी था। उन्होंने 'स्वाधीन प्रजा' तथा 'शक्ति' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योग दिया। उनका देहांत ४ अक्टूबर १९४० को हुआ था।

मोहनदास करमचंद गांधी—२ अक्टूबर सन् १८६९ को गुजरात के राजकोट नामक स्थान पर महातमा जी का जन्म हुआ था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्र का नेतृत्व करने के साथ हिंदी के प्रचार-प्रसार में भी विशेष योगदान दिया। हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा मद्रास तथा राष्ट्र भाषा प्रचार समिति वर्धा के माध्यम से उन्होंने हिंदी की प्रतिष्ठा की। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंनें 'हरिजन' नामक पत्र के माध्यम से विशेष कार्य किया। ३० जनवरी सन् १९४८ को उनकी नई दिल्ली में हत्या कर दी गई।

मोहनलाल गुप्त—सन् १९७१ में गुप्त जी का जन्म काशी में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा प्रयाग में हुई थी। 'आज' से सन् १९४३ में संबद्ध होकर उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्होंने 'संसार' के साप्ताहिक संपादक के रूप में भी कुछ समय तक कार्य किया। सन् १९५० में पुनः 'आज' के साहित्य संपादक का कार्य-भार ग्रहण किया।

मोहनलाल विष्णुलाल पांड्या-भारतेन्दु युगीन साहित्यिक पत्रकारों में पांड्या जी का नाम भी उल्लेखनीय है। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास में 'मोहन चंद्रिका' के संपादक के रूप में विशेष योग दिया। यह पत्रिका 'हरिश्चंद्र चंद्रिका' के नाम से भी प्रकाशित होती थी और इसका संपादन भारतेन्दु हरिश्चंद्र करते थे।

मोहन सिंह सेंगर-१२ सितम्बर सन् १९१४ को जोधपुर में सेंगर जी का जन्म हुआ था। 'भग्नदूत' तथा 'राजनीति के एक विद्यार्थी' के उपनामों से पत्र-पत्रिकाओं में लेखन आरंभ कर के उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। प्रधान संपादक दैनिक 'शक्ति', सह संपादक दैनिक 'नवयुग', संपादक 'विशाल भारत' एवं 'नया समाज' के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

यतींद्र कुमार भटनागर—२ अप्रैल सन् १९२९ को इंदौर में भटनागर जी का जन्म हुआ था। पत्रकारिता में डिप्लोमा लेने के बाद पत्रकारिता के विशेष शिक्षण के लिए वह अमेरिका के इंडियाना विश्वविद्यालय में प्रशिक्षार्थी रहे। इसके उपरांत उन्होंने अवैतनिक सहायक संपादक के रूप में १९४६ में 'आप बीती' का संपादन किया। 'विश्वमित्र', 'भारत वर्ष', 'अमर भारत' तथा 'जन सत्ता' से संबद्ध रहने के पश्चात् सन् १९५२ में दैनिक 'हिंदुस्तान' के संवाददाता तथा बाद में इसी के ब्यूरो प्रमुख के रूप में नियुक्त हुए।

यशपाल—३ दिसम्बर सन् १९०३ को फिरोजपुर छावनी में यशपाल जी का जन्म हुआ था। लाहौर के नेशनल कालेज में पढ़ते हुये वह भगत सिंह और सुखदेव के संपर्क में आये और सशस्त्र क्रान्ति के आंदोलन में सक्रिय हो गये। सन् १९३२ में वह गिरफ्तार हुये और उन्हें १४ वर्ष का कारावास हुआ। सन् १९३८ में कांग्रेस मंत्रिमंडल ने उन्हें जेल से मुक्त कर दिया। तब उन्होंने 'विप्लव' नामक मासिक पत्र का सम्पादन किया। सन् १९४१ वह पुनः गिरफ्तार हो गये और उसका प्रकाशन स्थगित हो गया। एक महान् रचनात्मक लेखक होने के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र भी उनका कार्य विशिष्ट महत्व का है।

यशोदानंदन अखौरी–बीसवीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों में हिन्दी पत्रकारिता के विकास में अखौरी जी का योगदान उल्लेखनीय है। 'पाटलिपुत्र' एवं 'भारत मित्र' के सफल संपादक के रूप में वह प्रतिष्ठा प्राप्त हैं।

युगुल किशोर चतुर्वेदी—७ नवम्बर सन् १९०४ को मथुरा जिले के अन्तर्गत सौरद में चतुर्वेदी जी का जन्म हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा भरतपुर में हुई। पंजाब विश्वविद्यालय से बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने सन् १९४५–४७ में 'जागृति' का संपादन किया। इसके उपरांत सन् १९५३ से ५७ तक भरतपुर से प्रकाशित साप्ताहिक 'नवयुग संदेश', 'राष्ट्र दूत' तथा 'लोक शिक्षक' आदि के संपादक भी रहे।

युगुल किशोर शुक्ल—हिंदी पत्रकारिता को आरम्भ करने का श्रेय युगुल किशोर शुक्ल को ही है। वह हिंदी

के सर्वप्रथम पत्रकार के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उनका जन्म कानपुर में हुआ था। कलकत्ते में उन्होंने सदर दीवानी अदालत में पहले प्रोसीडिंग रीडर का कार्य आरम्भ किया था। इसके पश्चात् कुछ समय तक उन्होंने वकालत भी की। १६ फरवरी सन् १८२६ को सरकार से लाइसेंस प्राप्त करके उन्होंने ३० मई सन् १८२६ को 'उदन्त मार्तण्ड' का पहला अंक प्रकाशित किया था। यह हिंदी का सर्वप्रथम पत्र था और इसी से हिंदी पत्रकारिता का प्रारंभ भी माना जाता है। इसके प्रकाशन के आरंभ के दिन अर्थात् ३० मई को ही प्रति वर्ष हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजित होता है। यह साप्ताहिक पत्र प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था और इसमें सरकारी अफसरों की की नियुक्ति और स्थानांतरण की सूचनाएं, जहाजों की समय सारिणी, विदेश चर्चा, साहित्यिक सूचनाएं तथा सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित होते थे। इस रूप में इसका विषय क्षेत्र बहुत व्यापक था। मूलतः इसका उद्देश्य हिंदी भाषा भाषियों की ज्ञानावगति में वृद्धि करना था। शुक्ल जी को संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी, ब्रज और खड़ी बोली का समुचित ज्ञान था। इसलिये यह पत्र अत्यंत सुसंपादित था। इसका प्रकाशन पुस्तकाकार होता था। इसके प्रकाशन की पृष्ठभूमि में हिंदी में पत्र-प्रकाशन की भावना और उद्देश्य था। इसीलिये इसमें ब्रजभाषा और खड़ी बोली दोनों का ही प्रयोग होता था। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बंगला आदि भाषाओं में अनेक पत्र प्रकाशित होते थे। शुक्ल जी का उद्देश्य हिंदी में एक प्रतिष्ठित पत्र प्रकाशित करना था। दुर्भाग्यवश ७६ अंक प्रकाशित होने के पश्चात् यह पत्र बंद हो गया। शुक्ल जी ने इससे हताश न होकर एक अन्य पत्र सन् १८५० में 'सामदंड मार्तण्ड' शीर्षक से भी प्रकाशित किया। यद्यपि यह पत्र भी अधिक समय तक न चल सका परन्तु फिर जी इन दो पत्रों का संपादन करके शुक्ल जी ने हिंदी पत्रकारिता के जनक के रूप में जो प्रतिष्ठा प्राप्त की है, वह उनकी उसके प्रति अनन्य निष्ठा की प्रतीक है।

युधिष्ठिर मीमांसक—युधिष्ठिर जी का जन्म २२सितंबर सन् १६०६ में हुआ था। पत्रकार जीवन का आरंभ उन्होंने दयानंद ट्रस्ट के शोध संस्थान की मुख पत्रिका 'टंकारा पत्रिका' के संपादन के माध्यम से किया था। सन् १६६४ में 'वेद वाणी' के संपादक के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया था।

योगींद्र पति त्रिपाठी—६ जनवरी सन्१६२६ को देवरिया जिले में त्रिपाठी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें १६३८ से ४२ के मध्य दैनिक 'नवशक्ति', दैनिक 'संसार', दैनिक 'अधिकार', दैनिक 'स्वतंत्र भारत' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। ३१ अगस्त सन् १६७१ को लखनऊ में त्रिपाठी जी का देहांत हो गया।

रघुवर प्रसाद द्विवेदी—१८६४ में जबलपुर के निकट गढ़ा में द्विवेदी का जन्म हुआ था। सन् १८८७ से ६४ के मध्य संपादक 'शुभ चिंतक' के रूप में वह पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए। 'शिक्षा प्रकाश' तथा 'कान्य कुब्ज' (जिसका नाम बाद में परिवर्तित होकर 'हितकारिणी' हो गया था) आदि का संपादन भी उन्होंने किया था।

रघुवीर सहाय—६ दिसम्बर सन् १६२६ में सहाय जी जी का जन्म हुआ था। अनेक मौलिक कृतियों की रचना करने के अतिरिक्त वह दैनिक 'नवजीवन', मासिक 'प्रतीक', मासिक 'कल्पना', दैनिक 'नवभारत टाइम्स' तथा 'दिनमान' के रूप में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं।

रतन कुमार—भोपाल में सन १६१५ में कुमार जी का जन्म हुआ था। जबलपुर से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सफलता पूर्वक संपादन किया, जिनमें 'प्रजापुकार', 'पथ प्रदर्शक', नयी राह', 'हलचल', 'नव भारत', 'मध्य प्रदेश कांग्रेस पत्रिका', 'मध्य प्रदेश' तथा 'देशबंधु'आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

रतन लाल जोशी—१६ जून सन् १६१७ को मध्य-प्रदेश में जोशी जी का जन्म हुआ था। सन् १६३६ में 'भारत दूत' एवं 'देशदूत' से संबद्ध होकर उन्होंने 'आवाज' तथा १६४८ में 'नवनीत' का संपादन आरम्भ किया था। सन् १६५२ में 'टाइम्स आफ इंडिया' के भाषा प्रकाशनों के परामर्श दाता, 'सारिका' के संस्थापक एवं संपादक तथा प्रधान संपादक 'दैनिक हिन्दुस्तान' के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में वह सक्रिय हैं।

रमेश कुमार शर्मा—टेहरी गढ़वाल में सन् १६२६ में शर्मा जी का जन्म हुआ था। पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त करके वह 'बिशाल भारत', 'वितस्ता', 'योगी', दैनिक 'केसरी', 'सैनिक' आदि के माध्यम से पत्रकार जगत से जुड़े रहे। स्वाधीनता संग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता होने के कारण यू० पी० षड्यंत्र केस में दो वर्ष का कारावास भी शर्मा जी को दिया गया था।

रमेश कुमार सोनी—सोनी जी का जन्म १फरवरी १६३८ को होशियारपुर (पंजाब) जिले के बजवारा नामक स्थान पर हुआ था। स्नातक तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद सोनी जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्होंने सर्वप्रथम लंदन से प्रकाशित उर्दू साप्ताहिक 'मिलाप वीकली' का संपादन किया, जिसमें जून १६६६ से दो पृष्ठ हिंदी के भी प्रकाशित किये जाने लगे। इसके अतिरिक्त लंदन से ही प्रकाशित 'नवीन वीकली' (आठ पृष्ठ के साप्ताहिक) का संपादन और प्रकाशन भी सोनी जी द्वारा किया गया।

रमेशचंद्र—सन् १६२६ में रमेश चंद्र जी का जन्म हुआ था। 'हिंदी समाचार' तथा 'पंजाब केसरी' का सफलता पूर्वक सपादन करने के अतिरिक्त इंडियन ऐण्ड ईस्टर्न न्यूज पेपर सोसाइटी की कार्य कारिणी के सदस्य के रूप में भी उनका कार्य उल्लेखनीय है।

रमेश चंद्र 'प्रेम'—रमेश चंद्र 'प्रेम' का जन्म २५ नवंबर १६२६ को मेरठ में हुआ था। १६४७ में उप संपादक 'नव भारत टाइम्स' के रूप में उन्होंने पत्रकार जीवन का आरंभ किया। इसके पश्चात् १६५४ में 'नव भारत टाइम्स' के संपादक का कार्य-भार ग्रहण किया।

रमेश चौधरी आरिगपूडि—आरिगपूडि जी का जन्म २४ नवंबर १६२२ को हुआ था। उन्होंने 'दक्षिण भारत', 'चंदामामा' एवं 'इंडियन रिपब्लिक' आदि पत्र-पत्रिकाओं के संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है।

रविशंकर शुक्ल—मध्य प्रदेश के सागर जिले में २ अगस्त सन् १८७७ को शुक्ल जी का जन्म हुआ था। कुछ समय तक वकालत करने के पश्चात् वह कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्त्ता बन गये और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर प्रतिष्ठित हुये। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान 'कान्यकुब्ज' नामक पत्र के संपादक के रूप में है, जिसके दायित्व का निर्वाह उन्होंने अनेक वर्षों तक सफलता पूर्वक किया था। ३१ दिसम्बर सन् १६५६ को शुक्ल जी का निधन हो गया।

रवींद्र कुमार सिंह—कलकत्ते से प्रकाशित होने वाली 'समय संदर्भ' नामक पत्रिका के सम्पादक के रूप में रवींद्र कुमार सिंह ने अनेक संघर्षों का सामना करते हुये निर्भीक, निष्पक्ष और स्तरीय पत्रकारिता का आदर्श प्रस्तुत किया है।

राघवानंद शर्मा—१० अक्टूबर १६४७ को सिंगातोका (फीजी) में शर्मा जी का जन्म हुआ था। उन्होंने फीजी से ही १६६७ से 'जागृति' शीर्षक पत्रिका का प्रकाशन करके हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया। फीजी हिंदी पत्रकार संघ के उप प्रधान के रूप में भी उनका क्रिया-कलाप उल्लेखनीय है।

राज वल्लभ ओझा—ओझा जी का जन्म १६१६ में बलिया जिले के अन्तर्गत ग्राम हुलास, छपरा में हुआ था। इलाहाबाद से प्रकाशित 'भारत' के मुख्य उपसंपादक के रूप में उन्होंने १६४७ में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। तदुपरान्त १६४७ से ६६ तक लखनऊ से प्रकाशित 'नवजीवन' के अग्रलेखक के रूप में भी इस पत्र से सम्बद्ध रहे। कालान्तर में इलाहाबाद से प्रकाशित 'दीपिका' का संपादन करने पश्चात् सोवियत सूचना विभाग दिल्ली में हिंदी के प्रधान टीकाकार के रूप में संबद्ध हो गये।

राज वल्लभ सहाय—सहाय जी का जन्म बिहार प्रदेश के जिले के अन्तर्गत माझी नामक ग्राम सारन सन् १८८०में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव के ही विद्यालय में हुई थी तथा उन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी और फारसी का अध्ययन किया था। सन् १६२१ में उन्होंने असहयोग आन्दोलन में भाग लेकर जेल यात्रा की। राष्ट्र भावना से प्रेरित होकर ही उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। दैनिक 'आज', साप्ताहिक 'आज', साप्ताहिक 'समाज' तथा मासिक 'आरोग्य' आदि के सम्पादन-दायित्व भी उन्होंने सफलता पूर्वक निर्वाह किया। २७ जनवरी सन् १६६३ को उनका निधन हो गया।

राजेंद्र अवस्थी—२५ जनवरी सन् १६३१ को अवस्थी जी का जन्म जबलपुर में हुआ था। १६६०में 'सारिका' तथा १६६४ में 'नंदन' के संपादन के पश्चात् १६७२ से अब तक 'कादंबिनी' मासिक के संपादन का महत्वपूर्ण कार्य करके अवस्थी जी ने हिंदी पत्रकारिता को नया

आयाम दिया है ।

राजेंद्र माथुर—मध्य प्रदेश के बदनावर नामक स्थान पर ७ अगस्त १९३५ को माथुर जी का जन्म हुआ था। एम० ए० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् १९५५ में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। १९७० में 'नई दुनिया' में पूर्ण कालिक सह संपादक और अग्रलेख लेखक के रूप में नियुक्त हुए। स्वतंत्र लेखन और पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रूप में समर्पित हैं ।

राजेंद्र शर्मा—८ अक्टूबर सन् १९२३ को दिल्ली में शर्मा जी जन्म हुआ था। दिल्ली तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने 'हिन्दी मिलाप' (हैदराबाद), 'समाज' (दिल्ली), 'सुप्रभात' (कलकत्ता), 'मधुकर' (दिल्ली) तथा 'किताबें और किताबें' (दिल्ली) आदि पत्रों का संपादन किया। 'धर्म युग सुगम वर्ग पहेली' के माध्यम से हिन्दी के प्रचार प्रसार में शर्मा जी का योगदान उल्लेखनीय रहा है।

राजेश्वर प्रसाद सिंह—प्रयाग में २६ फरवरी सन् १९०३ को राजेश्वर प्रसाद सिंह का जन्म हुआ था। वहीं पर उनकी शिक्षा दीक्षा भी हुई थी। कथा साहिन्य के क्षेत्र में बहुसंख्यक कृतियां प्रस्तुत करने के समानान्तर उन्होंने 'माया' और 'मनोहर कहानियां' के सम्पादक के रूप में हिन्दी पत्रकारिता की लोकप्रियता में वृद्धि की है।

राधा कृष्ण दास—सन् १८६५ में दास जी का जन्म हुआ था। पत्रकारिता के अतिरिक्त काव्य, नाटक, उपन्यास, जीविनी और निबंध के क्षेत्र में भी उनकी देन उल्लेखनीय है। वह काशी नागरी प्रचारिणी सभा के प्रथम सभापति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हैं। सन् १९०६ में उन्होंने 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' का सम्पादन दायित्व ग्रहण करके उसका सफलता पूर्वक निर्वाह किया था। सन् १९०७ में उनका निधन हो गया।

राधा चरण गोस्वामी–२५ फरवरी १८५९ को गोस्वामी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने वृन्दावन से प्रकाशित 'भारतेन्दु' नामक पत्र का सम्पादन करने के साथ ही अनेक मौलिक कृतियों का सृजन भी किया था। सन् १९२५ में उनका निधन हो गया।

राधा मोहन गोकुल जी—गोकुल जी का जन्म १५दिसंबर १८६५ को इलाहबाद में हुआ था। 'सत्य सनातन धर्म', 'प्रणवीर' और 'नवयुग' के संपादन का उत्तरदायित्व निर्वाह करते हुए गोकुल जी ने हिंदी पत्रकारिता के भण्डार में अपना अमूल्य योगदान दिया। क्रांतिकारी समाज सुधारक होने के उन्हें कई बार जेल की यात्रा करनी पड़ी। हिंदी साहित्य सम्मेलन ने उनके समाज सुधार के कार्यों से प्रभावित होकर उनके नाम पर उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए 'राधा मोहन गोकुल जी पुरस्कार' की स्थापना की। गोकुल जी ने अनेक मौलिक ग्रन्थों का भी प्रणयन किया है।

राधेश्याम द्विवेदी—१९५७ वि० में द्विवेदी जी का जन्म मथुरा में हुआ था। संपादक 'औदीच्य बंधु', 'राष्ट्र लक्ष्मी', 'जनार्दन', 'ब्रज भारती' तथा १९६७ से 'ज्ञानदा' त्रैमासिक शोध पत्रिका के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में द्विवेदी जी ने सराहनीय सहयोग दिया है।

राम अवध शर्मा—मारीशस में सन् १८८४ में शर्मा जी का जन्म हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा लाहौर में हुई थी। उन्होंने अनेक मौलिक कृतियों का सृजन करने के अतिरिक्त मारीशस से प्रकाशित होने वाले दो हिंदी दैनिक पत्रों का संपादन किया। इनमें से प्रथम 'मारीशस इण्डियन टाइम्स' है, जिसके वह १९२० से २४ तक संपादक रहे। सन् १९२६ से ३२ तक उन्होंने 'मारीशस मित्र' का संपादन किया। १९३४ में उनका निधन हो गया।

राम इकबाल सिंह 'राकेश'–बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के अन्तर्गत भदई नामक ग्राम में राकेश जी का जन्म हुआ था। उन्होंने स्थानीय कालेज से इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। सन् १९३७ में उन्होंने आगरे से प्रकाशित होने वाले दैनिक 'सैनिक' के सम्पादक के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर—काशी में सन् १९१४ में खाडिलकर जी का जन्म हुआ था। उन्होंने बी० एस० सी० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। आरम्भ में उन्होंने दैनिक 'आज' और दैनिक 'संसार' के सहकारी सम्पादक और बाद में प्रधान सम्पादक के रूप में कार्य किया। 'आधुनिक पत्रकार कला' शीर्षक एक पुस्तक का प्रणयन भी उन्होंने

किया है । १९६० में लखनऊ में उनका निधन हो गया ।

रामकृष्ण वर्मा—सन् १८५९ में वर्मा जी का जन्म हुआ था । उन्होंने हिंदी, उर्दू और बंगला का अध्ययन किया था । एक पत्रकार के अतिरिक्त उनकी देन रचनात्मक साहित्य के क्षेत्र में भी है । सन् १८८४ में उन्होंने काशी में 'भारत जीवन' नामक ऐतिहासिक महत्व के पत्र का सम्पादन किया था । १९०६ में उनका निधन हो गया ।

(पं०) रामगोपाल विद्यालंकार—सन् १९०० ई० में पं० राम गोपाल जी का जन्म बिजनौर जिले में हुआ था । उनकी शिक्षा-दीक्षा गुरुकुल कांगड़ी में सम्पन्न हुई थी । सर्व प्रथम उन्होंने नागपुर से प्रकाशित 'प्रणवीर' दैनिक का संपादन करके अपने पत्रकार जीवन का आरम्भ किया । तत्पश्चात् उन्होंने दैनिक 'वीर अर्जुन' एवं दैनिक 'नव भारत टाइम्स' के संपादक के रूप में भी सराहनीय सेवा की । १९६३ में दिल्ली में उनका निधन हो गया ।

(डॉ०) रामचंद्र तिवारी—तिवारी जी का जन्म ८ सितंबर १९२७ को मैनपुरी में हुआ था । उन्होंने सन् १९४४ में पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया । उन्होंने संपादक 'विश्वमित्र', उप संपादक 'नव भारत टाइम्स', संपादक 'ग्लोब न्यूज ऐजेंसी' (दिल्ली में), मुख्य उप संपादक 'दैनिक सत्ता' तथा संपादक 'उद्योग व्यापार पत्रिका', के रूप में हिंदी पत्रकारिता की सेवा की । सन् १९६० में 'भारतीय रेल' के संपादन का कार्य-भार ग्रहण किया ।

रामचंद्र नीमा—नीमा जी का जन्म ८ फरवरी सन् १९२३ को नलखेड़ा में हुआ था । वह अजमेर से प्रकाशित 'नव ज्योति' से संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए । उन्होंने संवाददाता एवं विशेष प्रतिनिधि 'नई दुनिया' तथा इसी के रायपुर संस्करण के प्रबंध व्यवस्थापक के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य किया।

रामचन्द्र वर्मा—काशी में ८ जनवरी सन् १८९० को वर्मा जी का जन्म हुआ था। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने सन् १९०७ में नागपुर से प्रकाशित होने वाले 'हिंदी केसरी' के सम्पादक के रूप में प्रवेश किया। कालांतर में उन्होंने बांकीपुर से प्रकाशित 'विहार बंधु' और काशी से प्रकाशित 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' का संपादन भी सफलता पूर्वक किया था ।

रामचंद्र शर्मा महारथी—१२ जुलाई सन् १८९७ को 'महारथी' जी का जन्म पंजाब के नकोदर नामक स्थान पर हुआ था । दिल्ली में उच्च शिक्षा प्राप्त करके मासिक 'महारथी', दैनिक 'महारथी' और साप्ताहिक 'महारथी', 'सैनिक', 'माँ', 'चरित्र निर्माण' और 'दिल्ली समाचार' आदि का सफलता पूर्वक संपादन किया ।

रामचन्द्र शुक्ल—उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के अन्तर्गत अगोना नामक ग्राम में सन् १८८४ में शुक्ल जी का जन्म हुआ था । उन्होंने हिंदी के साथ उर्दू और अंग्रेजी का विशेष अध्ययन किया था । हिंदी के मान्य समीक्षक के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त होने के अतिरिक्त पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका नाम 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' के सम्पादक के रूप में भी उल्लेखनीय है । सन् १९४० में उनका निधन हो गया ।

राम जी मिश्र मनोहर—मनोहर जी का जन्म दिसंबर सन् १९३१ में हुआ था। अपने पत्रकार जीवन के आरंभ में वह दैनिक 'आर्यावर्त', 'इंडियन नेशन' और 'सर्च लाइट' के संवाददाता रहे । दैनिक 'राष्ट्रवाणी', दैनिक 'विश्व मित्र' तथा दैनिक 'प्रदीप' में संवाददाता रहने के पश्चात् सन् १९५९ में 'आर्यावर्त' के समाचार संपादक नियुक्त हुए ।

(पं०) राम दहिन मिश्र—बिहार के भोजपुर जिले के पथार नामक ग्राम में सन् १८८६ में मिश्र जी का जन्म हुआ था । हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी मुख्य देन 'किशोर' नामक मासिक पत्रिका के संपादक के रूप में है, जिसका संपादन उन्होंने १९३७ से ५२ तक अनवरत रूप में किया । 'पारिजात', 'बाल मित्र' और 'बाल शिक्षा' के संपादक के रूप में भी उनका कार्य उल्लेखनीय है । १ दिसम्बर १९५२ को उनका निधन हो गया ।

राम दास गौड़—गौड़ जी का जन्म सन् १८८१ में जौनपुर (उत्तर प्रदेश) में हुआ था । एक लम्बी अवधि तक 'विज्ञान परिषद्' तथा 'विज्ञान' का संपादन करके गौड़ जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

(आचार्य) राम देव—आचार्य जी का जन्म ३१ जुलाई सन् १८८१ को हुआ था । उनकी शिक्षा-दीक्षा लाहौर में हुई थी । 'आर्य पत्रिका' के संपादक के रूप में उन्होंने सर्व प्रथम अपने पत्रकार जीवन का आरम्भ किया । कुछ समय पश्चात् गुरुकुल कांगड़ी के मुख्य

अधिष्ठाता तथा आचार्य के पद पर नियुक्त हुए। कालान्तर में गुरुकुल से प्रकाशित होने वाले मासिक मुख पत्र 'दि वैदिक मैगजीन ऐण्ड गुरुकुल समाचार' का संपादन भी आचार्य जी ने किया। ६ दिसम्बर सन् १६३६ को आचार्य जी का देहावसान देहरादून में हुआ था।

रामनाथ सुमन-वाराणसी जिले के अन्तर्गत ढेलापुर नामक ग्राम में सुमन जी का जन्म सन् १६०४ में हुआ था। उन्होंने हिन्दी के अतिरिक्त उर्दू, बंगला, गुजराती, फारसी तथा फ्रांसीसी भाषाओं का अध्ययन किया था। एक लेखक के रूप में अनेक पत्र पत्रिकाओं से सम्बद्ध रहने के अतिरिक्त उन्होंने एक सम्पादक के रूप में साप्ताहिक 'नव राज स्थान', मासिक 'मनोहर कहानियाँ' एवं त्रैमासिक 'सम्मेलन पत्रिका' के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया है।

(राजा) राम पाल सिंह—राजा साहब का जन्म २३ अगस्त सन् १८४६ को हुआ था। उन्होंने सन् १८८३में लंदन से हिंदी-अंग्रेजी पत्र 'हिंदोस्थान' का प्रकाशन आरंभ किया। दो वर्ष बाद उन्होंने इसे कालाकांकर से दैनिक रूप से प्रकाशित किया, जिसका महत्व उत्तर भारत के प्रथम दैनिक के रूप में है। २८ फरवरी १६०६ को उनका निधन हो गया।

(राजा) राम मोहन राय—उन्नीसवीं शताब्दी में भारतीय पत्रकारिता के अन्यतम स्तंभ राजा राम मोहन राय स्वयं एक क्रांतिकारी पत्रकार थे। उन्होंने हिंदी से इतर, विशेष रूप से बंगला और अंग्रेजी भाषाओं में अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया। उन्हीं की प्रेरणा से ६ मई सन् १६२६ से 'बंगाल हेराल्ड' नाम से प्रकाशित पत्र बाद में 'बंगदूत' के नाम से निकला, जो बंगला, नागरी और फारसी में प्रकाशित होता था। यह हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम था।

राम लोचन शरण—बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के अन्तर्गत राधापुर नामक गाँव में सन् १८८६ में शरण जी का जन्म हुआ था। उन्होंने अपने क्षेत्र में हिंदी के प्रचार और प्रसार के लिए सराहनीय कार्य करने के अतिरिक्त 'बालक' नामक प्रसिद्ध बालोपयोगी मासिक पत्रिका का सम्पादन किया, जिसका ऐतिहासिक महत्व है।

रामवृक्ष बेनीपुरी—बिहार प्रदेश के मुजफ्फरपुर जिले के अन्तर्गत बेनीपुर नामक ग्राम में सन् १६०२ में बेनीपुरी जी का जन्म हुआ था। अहसयोग आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के कारण उनकी शिक्षा का क्रम टूट गया। अनेक बार जेल यात्रा भी उन्होंने की। हिंदी साहित्य के प्रचार और प्रसार के अतिरिक्त उन्होंने विविध विषयक रचनात्मक कृतियाँ भी प्रस्तुत की हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी ऐतिहासिक देन सन् १६२१ में 'तरुण भारत' साप्ताहिक, सन् १६२२ में 'किसान मित्र' साप्ताहिक, सन् १६२६ में 'बालक' मासिक, सन् १६२६ में 'युवक' मासिक, सन् १६३४ में 'लोक संग्रह' और 'कर्मवीर', सन् १६३५ में 'योगी' साप्ताहिक, सन् १६३६ में 'जनता' साप्ताहिक, सन् १६४६ में 'हिमालय' मासिक तथा सन् १६५० में 'चुन्नू मुन्नू' और 'नई धारा' मासिक के सम्पादक के रूप में है।

राम शंकर अग्निहोत्री— अग्निहोत्री जी का जन्म ग्राम सिवानी, मालवा होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) में हुआ था। स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् अग्निहोत्री जी ने पत्रकारिता में डिप्लोमा लिया। कालांतर में संवाददाता के रूप में 'हिंदुस्तान समाचार' (जबलपुर) में कार्य करने के पश्चात् कुछ समय तक नागपुर के 'युगधर्म' दैनिक से भी संबद्ध रहे। 'आकाशवाणी', सांध्य दैनिक 'राष्ट्रधर्म', 'तरुण भारत' आदि के संपादक तथा 'युगवार्ता', 'लेखक सेवा ब्यूरो' के प्रमुख के रूप में कार्य करने के पश्चात् १६६८ में 'हिंदुस्तान समाचार' नई दिल्ली से संबद्ध हो गये।

रामशंकर त्रिपाठी—उन्नाव जिले के सुमेरपुर ग्राम में २ जून सन् १६०४ को त्रिपाठी जी का जन्म हुआ था। 'माधुरी' पत्रिका से प्रेम चंद के सहकर्मी के रूप में संबद्ध हो कर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए। इसके पश्चात् उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें 'मतवाला', 'स्वतंत्र', 'वर्तमान', 'मारवाड़ी', 'अग्रवाल समाज', 'लोकमान्य', 'छाया', 'लोकमत', 'नागपुर दैनिक', 'हिंदुस्तान' (बंबई), 'लोकमान्य' साप्ताहिक (दिल्ली), 'लोकमान्य' (गौहाटी) आदि प्रमुख हैं। २६ सितम्बर १६७४ को उनका निधन हो गया।

राम शंकर व्यास—व्यास जी का जन्म सन् १८६० में हुआ था। उन्होंने अनेक मौलिक और अनूदित कृतियों की रचना करने के समानांतर ही 'कवि वचन सुधा' तथा 'आर्य मित्र' के सम्पादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के

विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया । सन् १९१६ में उनका निधन हो गया ।

(पं०) राम सहाय शर्मा (स्वामी ओम्‌भक्त वानप्रस्थ)—सन् १९२३ में आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के मुख पत्र साप्ताहिक 'आर्य मार्तण्ड' के संपादक के रूप में पत्रकार जीवन का आरम्भ करके शर्मा जी लगभग १९७० तक राजस्थान के 'आर्य मार्तण्ड' का संपादन सफलता पूर्वक करते रहे । जनवरी १९७४ में जोधपुर में उनका निधन हो गया ।

रामानंद दोषी—दोषी जी का जन्म २१ फरवरी सन् १९२१ को मेरठ में हुआ था । दैनिक 'विश्वमित्र' से जुड़कर दोषी जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया । सन् १९४९ में दैनिक 'हिंदुस्तान' तथा कुछ अवधि तक 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' में संपादक के रूप में कार्य करने के पश्चात् 'कादंबिनी' से संबद्ध रहे ।

रामेश्वर प्रसाद गुरु—१ अप्रैल सन् १९१३ को जन्मे रामेश्वर प्रसाद गुरु जबलपुर के निवासी थे । राजनैतिक साप्ताहिक 'प्रहरी' के प्रणेता तथा 'वसुधा' के संपादन के साथ-साथ उन्होंने संवाददाता 'अमृत वाजार पत्रिका' के रूप में हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया है ।

रामेश्वर प्रसाद सिंह—जौनपुर के रासमंडल मोहल्ले में सन् १८९८ में रामेश्वर प्रसाद का जन्म हुआ था । उनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा भी जौनपुर के मिशन स्कूल में हुई थी । कुछ समय तक उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भी अध्ययन किया था । सन् १९२० में उन्होंने गांधी जी के आवाहन पर पढ़ाई छोड दी और असहयोग आंदोलन में भाग लिया । सन् १९२५ में उन्होंने जौनपुर में ही हिंदी साहित्य सम्मेलन स्थापित किया । इसी वर्ष उन्होंने जौनपुर में हिंदी प्रेस की स्थापना की । सन् १९२७ में 'समय' नामक पत्रिका का संपादन और प्रकाशन आरम्भ किया, जिसका अन्यतम महत्व है ।

रामेश्वर शुक्ल 'अंचल'—उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के अन्तर्गत किसनपुर नामक ग्राम में सन् १९१५ में अंचल जी का जन्म हुआ था । एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् सन् १९४५ में हिंदी प्राध्यापक और १९५८ में जबलपुर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष नियुक्त हुए । काव्य, उपन्यास, निबन्ध और समीक्षा विषयक अनेक पुस्तकों का प्रणयन करने के पश्चात् 'छात्र सौहार्द', 'तिलक', 'कर्मवीर' तथा 'माधुरी' नामक अनेक साप्ताहिक तथा मासिक पत्रों का सम्पादन करके इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

रामेश्वरी देवी नेहरू–श्रीमती नेहरू का जन्म सन् १८८६ में पंजाव में हुआ था । प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा घर पर ही प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने प्रयाग से प्रकाशित 'स्त्री दर्पण' का संपादन १९०९ में करके पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

राहुल बारपुते—१३ जून सन् १९२२ को राहुल बारपुते जी का जन्म हुआ था । 'मजदूर संदेश' से संवद्ध होकर उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया । तत्पश्चात् 'जय भारत' तथा 'प्रजामंडल' के सम्पर्क में रहने के उपरांत उन्होंने 'नई दुनिया' के प्रधान संपादक का कार्य भार ग्रहण किया ।

(पं०) रुद्र दत्त शर्मा—शर्मा जी का जन्म बिजनौर जिले के अन्तर्गत धामपुर नामक स्थान पर सन् १८५४ में हुआ था । उनकी शिक्षा दीक्षा मथुरा, वृन्दावन तथा काशी में हुई थी । पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने १ मई सन् १८८५ को प्रवेश किया, जब वह 'आर्य विनय' नामक पाक्षिक पत्रिका के संपादक नियुक्त हुए । १५ जनवरी १८८६ तक इसका संपादन करने के पश्चात् वह लगभग दस वर्षों तक 'आर्यावर्त्त' के संपादक रहे । तत्पश्चात् उन्होंने दिल्ली से प्रकाशित होने वाले 'इन्द्रप्रस्थ प्रकाश' का एक वर्ष, कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले दैनिक व साप्ताहिक 'भारत मित्र' का दस वर्ष, कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले 'आर्यावर्त्त' का दस वर्ष, कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले 'हिंदी बंगवासी' का दो वर्ष, पटना से प्रकाशित होने वाले 'भारत रत्न' का दो वर्ष, बंबई से प्रकाशित होने वाले 'श्री वेंकटेश्वर समाचार' का एक वर्ष, आगरा से प्रकाशित होने वाले 'आर्य मित्र' का ६ वर्ष, हरिद्वार से प्रकाशित होने वाले 'सत्यवादी' का एक वर्ष, कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले 'हितवार्ता' का दो वर्ष, वृन्दावन से प्रकाशित होने वाले 'प्रेम' का दो वर्ष तथा नागपुर से प्रकाशित होने वाले 'मारवाड़ी' का दो वर्ष तक संपादन किया । अपना संपूर्ण जीवन पत्रकारिता के लिए समर्पित करने वाले इस वयोवृद्ध पत्रकार ने अपने जीवन के अन्तिम दिन भयानक आर्थिक कष्ट

और रुग्णता में व्यतीत किये। १७ नवम्बर सन् १९१८ को उनका निधन हो गया।

रूप नारायण पांडेय—लखनऊ के रानीकटरा मुहल्ले में सन् १८८४ में पांडेय जी का जन्म हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा घर पर ही हुई थी। संस्कृत, हिन्दी, बंगला, मराठी, उर्दू और गुजराती का उन्होंने अध्ययन किया था। अनेक मौलिक ग्रन्थों का प्रणयन करने के समानान्तर उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में सर्वप्रथम सात वर्ष तक 'नागरी प्रचारक' पत्र का सम्पादन किया। इसके पश्चात् तीन वर्ष तक भारत धर्म महामण्डल की मुख पत्रिका 'निगमागम चन्द्रिका' के सम्पादक रहे। दो वर्ष 'इन्दु' के सम्पादक रहने के पश्चात् दो वर्ष तक 'कान्यकुब्ज' मासिक पत्र का भी संपादन किया। 'माधुरी' के संपादक के रूप में उन्होंने विशेष ख्याति और सफलता प्राप्त की। सन् १९५९ में उनका निधन हो गया।

लक्ष्मण नारायण गर्दे—१८८९ में काशी में गर्दे जी का जन्म हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा काशी में ही हुई थी। इन्ट्रेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्हें किन्हीं कारणों से पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। उन्होंने संस्कृत, मराठी, बंगला, गुजराती और अंग्रेजी आदि भाषाओं का भी अध्ययन किया था। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी विकास यात्रा 'विशाल भारत' से आरम्भ होकर 'बंगवासी', 'भारत मित्र', 'नवजीवन', 'श्रीकृष्ण संदेश', 'सन्मार्ग', 'कल्याण' तथा 'नवनीत' तक प्रशस्त हुई। सन् १९६० में उनका निधन हो गया।

(डॉ०) **लक्ष्मी चंद्र गुप्त**—१९४२ में गुप्त जी ाक जन्म हुआ या। वह अनेक सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के अतिरिक्त सम्पादक संघ और उ० प्र० जर्नलिस्ट एशोसियेशन से भी एक पत्रकार के रूप में सम्बद्ध हैं। उन्होंने जर्नलिस्ट एसोसियेशन आफ इंडिया, जिला पत्रकार परिषद् तथा आल इंडिया स्माल ऐन्ड मीडियम फेडरेशन के क्रिया कलाप में भी योगदान दिया है। 'आर्य राष्ट्र ज्योतिप' 'पीलीभीत टाइम्स' और 'घायल पत्थर', आदि पत्रिकाओं से भी वह संबद्ध रहे हैं।

लक्ष्मी चंद्र जैन—२८ सितम्बर सन् १९०९ को मध्य-प्रदेश में लक्ष्मी चंद्र जी का जन्म हुआ था। सन् १९४४में भारतीय ज्ञानपीठ से संवद्ध होकर सन् १९६४ में इसके मंत्री तथा प्रकाशन विभाग के संपादक के रूप में नियुक्त हुए। इसके पश्चात् लोकोदय ग्रंथमाला, 'ज्ञानोदय' एवं 'ज्ञान पीठ पत्रिका' आदि के संपादन-दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वाह किया।

लक्ष्मीधर वाजपेयी—कानपुर जिले के नैथा नामक ग्राम में सन् १८८७में वाजपेयी जी का जन्म हुआ था। काव्य, समीक्षा, जीवनी और धर्मशास्त्र विषयक अनेक ग्रन्थों की रचना करने के साथ उन्होंने नागपुर से प्रकाशित 'हिंदी ग्रन्थ माला' नामक मासिक पत्र के सम्पादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया। सन् १९५३ में उनका निधन हो गया।

लक्ष्मी नारायण 'सुधांशु'—बिहार के पूर्णिया जिले के अंतर्गत रूपसाद नामक गांव में १८ जनवरी सन् १९०८ को सुधांशु जी का जन्म हुआ था। अनेक शास्त्रीय महत्व के ग्रन्थों का प्रणयन करने के साथ ही उन्होंने पटना से प्रकाशित 'अवन्तिका' नामक मासिक पत्रिका का सफलता पूर्वक सम्पादन भी किया है। राजनीति के क्षेत्र में भी वह सक्रिय कार्य कर्ता रहे हैं। बिहार विधान परिषद् के अध्यक्ष पद को भी वह सुशोभित कर चुके हैं।

लक्ष्मी शंकर व्यास—काशी में ३ जूलाई सन् १९२० को व्यास जी का जन्म हुआ था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से इतिहास में एम० ए० करने के पश्चात् उन्होंने सन् १९४३ में दैनिक 'आज' के सहायक सम्पादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया। 'पराड़कर जी और पत्रकारिता' शीर्षक से उन्होंने एक पुस्तक का प्रणयन भी किया है।

(पं०) **लज्जा राम शर्मा मेहता**—सन् १८७३ में बूँदी में मेहता जी का जन्म हुआ था। अनेक मौलिक कृतियों की रचना करने के अतिरिक्त उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में बूँदी से प्रकाशित होने वाले पाक्षिक 'सर्वहित' तथा वंबई से प्रकाशित होने वाले 'श्री वेंकटेश्वर समाचार' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है।

ललिता प्रसाद नैथानी—सन् १९१३ मे गढ़वाल जिले के नैथाना नामक स्थान पर नैथानी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने सन् १९२९ में श्री नगर से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से बी० एस० सी० और एल०एल०बी० की उपाधियां प्राप्त करके

उन्होंने लैंस डाउन में वकालत आरम्भ की। पत्रकारिता के क्षेत्र में 'कर्मभूमि' साप्ताहिक के माध्यम से प्रवेश किया। सन् १९४२ में वह डिफेंस आफ इंडिया रूल के अंतर्गत बन्द हुये। सन् १९४५ में उन्होंने आजाद हिन्द फौज और सन् १९४७ में कस्तूरबा ट्रस्ट में योग दिया।

ललन प्रसाद व्यास—सन् १९३३ में व्यास जी का जन्म हुआ था। आगरा विश्वविद्यालय से हिंदी में एम० ए० करने के उपरान्त उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। 'स्वतंत्र भारत', 'तरुण भारत', 'ज्ञान भारती' तथा 'आलोक भारती' का संपादन करने के अतिरिक्त उन्होंने 'विश्व-हिंदी दर्शन' के संपादक के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

लल्ली प्रसाद पाण्डेय—मध्य प्रदेश के सानोदा (सागर) नामक स्थान पर सन् १८८६ में पाण्डेय जी का जन्म हुआ था। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी देन 'हिन्दी केसरी', 'कलकत्ता समाचार' एवं 'बाल सखा' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय है।

(लाला) लाजपत राय—पंजाब में ढाढ़की नामक ग्राम में २८ जनवरी सन् १८६५ को लाला जी का जन्म हुआ था। मूलत: अंग्रेजी और उर्दू के लेखक होते हुए भी उन्होंने पंजाब में हिंदी के प्रचार और प्रसार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने 'लोक सेवक' नामक पत्रिका का सम्पादन करके हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योग दिया है। १७ नवम्बर १९२८ को वह लाहौर में स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हो गये।

लेखराम—दिल्ली में २६ जनवरी सन् १९११ को लेखराम जी का जन्म हुआ था। हिंदी पत्रकारिता के विकास में उनका योगदान 'रंगभूमि', 'वीर अर्जुन', 'मिलाप', 'नेताजी', 'नव प्रभात', 'जनसत्ता' तथा 'दिल्ली संदेश' के सम्पादक के रूप में है।

वचनेश त्रिपाठी—हरदोई जिले के संडीला ग्राम में ७ जनवरी सन् १९२० को त्रिपाठी जी का जन्म हुआ था। इंटर के बाद साहित्य रत्न की परीक्षा उत्तीर्ण कर त्रिपाठी जी ने सन् १९४२ में भूमिगत पत्र 'क्रांति-ज्वाला' के संपादक के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके उपरांत सन् १९४८ से ५५ तक 'राष्ट्र धर्म' मासिक, 'पांच जन्य' साप्ताहिक एवं दैनिक 'स्वदेश' के सह संपादक के रूप में कार्यरत रहे। कालांतर में 'राष्ट्र धर्म' मासिक, 'तरुण भारत' दैनिक, 'पांच जन्य' साप्ताहिक के प्रधान संपादक के रूप में भी हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया।

विजय सिंह 'पथिक'—बुलंदशहर में पथिक जी का जन्म हुआ था। 'प्रताप' से संबद्ध होकर उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया। इसके पश्चात् 'राजस्थान केसरी' तथा 'नवीन राजस्थान' के संपादक के रूप में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। २८ मई सन् १९५४ को उनका निधन हो गया।

विद्या भास्कर—वाराणसी में २८ जून सन् १९१४ को विद्या भास्कर जी का जन्म हुआ था। उनका पत्रकार जीवन 'आज' के माध्यम से आरम्भ हुआ। 'अग्रगामी', 'आर्यावर्त्त', 'जयहिंद' तथा 'अमृत पत्रिका' का संपादन करने के अतिरिक्त अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन की स्थायी समिति के सक्रिय सदस्य के रूप में भी उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया।

विद्या विभा सक्सेना—११ अगस्त सन् १९२६ को विद्या विभा जी का जन्म सिकंदराबाद में हुआ था। आगरा विश्वविद्यालय से एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् हिंदी की अन्य अनेक परीक्षाएं भी उत्त्तीर्ण कीं। पत्रकारिता में पंजाब विश्वविद्यालय से डिप्लोमा भी प्राप्त किया। इसके पश्चात् अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें 'शंख नाद', 'उद्योग परिचय' तथा 'नारी समाज' उल्लेखनीय हैं। दैनिक 'नवयुग' एवं 'प्रयाग पत्रिका' के संवाददाता के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

(पं०) विनायक राव विद्यालंकार—विनायक राव जी का जन्म सन् १८९५ में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा गुरुकुल कांगड़ी में हुई थी। सन् १९४६ से १९५२ तक उन्होंने निजाम राज्य के साप्ताहिक मुख पत्र 'आर्यभानु' का संपादन किया। सन् १९६२ में हैदराबाद में उन का निधन हो गया

विमलकुमार पाठक-मध्य प्रदेश के भिलाई नगर से प्रकाशित होने वाले दैनिक 'छत्तीसगढ़ केसरी' के संपादक के रूप में पाठक जी ने उपेक्षा व शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने विलासपुर से प्रकाशित साप्ताहिक 'स्वतंत्र संदेश', रायपुर के साप्ताहिक 'विचार और समाचार' तथा

भिलाई क्षेत्र से रायपुर के दैनिक 'नवभारत' व 'युगधर्म' का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्भीक पत्रकारिता का आदर्श सामने रक्खा ।

विमल चंद्र दास—१० जनवरी सन् १९२५ को मधुबनी (बिहार) में दास जी का जन्म हुआ था । दैनिक 'हिंदुस्तान', दैनिक 'विश्वमित्र' तथा दिल्ली से प्रकाशित 'नेता जी' से संबद्ध रहने के पश्चात् 'विश्वमित्र' के प्रमुख उपसंपादक तथा 'नवभारत टाइम्स' में उपसंपादक के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता की सेवा की ।

वियोगी हरि—छतरपुर राज्य में सन् १८९६ में वियोगी जी काजन्म हुआ था । उनका वास्तविक नाम हरि प्रसाद द्विवेदी है । सन् १९१५ में हाई स्कूल पास करने के पश्चात् उन्होंने सन् १९२४ से गांधी वादी अध्यात्म दर्शन से प्रभावित होकर हरिजन सेवक संघ के मुख पत्र 'हरिजन सेवक' का सफलता पूर्वक संपादन किया। सन् १९३०-३१ में पन्ना स्टेट से प्रकाशित 'पतित बन्धु' के सम्पादक के रूप में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है ।

विश्वंभर दत्त चंदोला—२ नवम्बर सन १८७९ को चंदोला जी का जन्म हुआ था । अपनी प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने अपने पत्रकार जीवन का आरम्भ किया । 'गढ़वाली' के संपादक के रूप में सन् १९०५ से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

विश्वंभरनाथ जिज्जा—वाराणसी में सन १९०५ में जिज्जा जी का जन्म हूआ था । उन्होंन रचनातमक लेखन के साथ ही हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रयाग से प्रकाशित होने वाले 'भारत' के सहायक संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

विश्वंभर प्रसाद शर्मा—वुलंदशहर के लुहारी गढ़, मुक्तेश्वर, लखावटी नामक स्थान पर शर्मा जी का जन्म हुआ था । 'माहेश्वरी' से संबद्ध होकर वह पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रत्रिष्ट हुए । उन्होंने 'आर्यकुमार' मासिक, 'माहेश्वरी' (वंवई), 'माहेश्वरी' आगरा तथा 'प्रणेता विकास' साप्ताहिक का प्रकाशन, संपादन करन के साथ-साथ 'प्रकाशक आलोक' (साप्ताहिक), 'नवभारत' तथा 'गोधन' के संपादक के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किया है ।

विश्वंभर सहाय प्रेमी—प्रेमी जी का जन्म १९ जूलाई सन् १८९९ को फरीद नगर में हुआ था । मेरठ में प्रेमी प्रेस की स्थापना करके उन्होंने १९२३ में 'मातृ भूमि' तथा १९३३ में 'तपोभूमि' का संपादन तथा 'पंचायती राज' नामक साप्ताहिक १९७४ में प्रकाशित किया । इसके अतिरिक्त वह दैनिक 'हिन्दुस्तान' तथा 'नवभारत टाइम्स' के संवाददाता भी कुछ समय तक रहे । २२ जनवरी १९७४ में उनका देहावसान हो गया ।

विश्वनाथ केडिया—केडिया जी का जन्म सन् १९३२ में हुआ था । मद्रास से प्रकाशित 'निर्मला' के संपादक के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है ।

(ठाकुर) विश्वनारायण सिंह—नागपुर में ३० जुलाई सन् १९२८ को जन्मे (ठाकुर) विश्वनारायण सिंह राष्ट्र प्रेमी और स्वतंत्रता सेनानी पत्रकार हैं । भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने एक भूमिगत पत्रिका 'ललकार' का संपादन तथा वितरण किया । इसी समय उन्होंने सत्याग्रह करते हुए जेल यात्रा की । नागपुर के दैनिक 'लोक मत', दैनिक 'युग धर्म', दैनिक 'नवभारत', 'हिंदुस्थान समाचार' तथा 'यू० पी० आई०' संवाद समितियों के संपादकीय विभागों में भी कार्य किया । सन् १९५७ में वह भारत के प्रथम ब्रेल संपादक बने और तब से निरंतर नेत्रहीनों के लिए प्रकाशित पत्रिका 'नयन रश्मि' एवं 'शिशु आलोक' का संपादन कर रहे है । सन् १९७६ में उन्हें नागरी प्रचारिणी सभा पश्चिमी बंगाल द्वारा 'पत्रकार शिरोमणि' की उपाधि एवं सन् १९७७ में पत्रकारिता के लिए सोवियत लैंण्ड नेहरू अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

विश्व प्रकाश दीक्षित 'बटुक'—दीक्षित जी का जन्म २० जनवरी सन् १९१८ को मेरठ में हुआ था । हिंदी में एम० ए० करने के पश्चात् उन्होंने अपने पत्रकार जीवन का आरम्भ सन् १९३६ में सह संपादक 'अनुराग' के रूप में किया । 'किसान सेवक', 'विश्व बंधु' (दैनिक), 'बलबीर' तथा 'अमर भारत' के सम्पादक के रूप में कुछ समय तक कार्य करने के पश्चात् वह 'रामराज्य' के प्रधान संपादक नियुक्त हुए ।

वीरेंद्र—१५ जनवरी सन् १९११ को वीरेंद्र जी का जन्म हुआ था । 'प्रताप' से संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया । दैनिक 'प्रताप' का संपादन किया तथा 'वीर प्रताप' की स्थापना की । इसके अतिरिक्त आर्य

प्रतिनिधि सभा के विशेष महासचिव तथा अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन के महासचिव के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।

वीरेंद्र सिंह—१४ जनवरी १९३८ को झांसी में वीरेंद्र जी का जन्म हुआ था। एम०ए०, एल–एल०बी०तक लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करके सन्१९६०में लखनऊ के दैनिक'स्वतंत्र भारत' में प्रशिक्षु सह संपादक के रूप में प्रवेश किया। तत्पश्चात् मुख्य सह संपादक,उप समाचार संपादक, सहायक संपादक तथा संयुक्त संपादक के पद पर कार्य किया। बीच में १ वर्ष अंग्रेजी दैनिक 'पायनियर' में मुख्य सह संपादक, कानपुर ब्यूरो चीफ तथा मुख्य संवाददाता भी रहे। संप्रति 'स्वतंत्र भारत' के संपादक के रूप में कार्यरत हैं।

(डा०)वेद प्रताप वैदिक—३० दिसम्बर सन् १९४४ को वैदिक जी का जन्म इंदौर में हुआ था। उन्होंने राजनीति विज्ञान म एम०ए० और पी-एच०डी०की उपाधियाँ प्राप्त कीं। कुछ समय तक विदेश में भी अध्ययन किया। पंजाब में हिंदी के प्रचार-प्रसार के हेतु उन्होंने सक्रिय रूप में आंदोलन किया और सत्याग्रह में भी भाग लिया। सन् १९७४ में वह 'नव भारत टाइम्स' के संपादकीय विभाग में सक्रिय हुये। उन्होंने 'हिंदी पत्रकारिता : विविध आयाम' शीर्षक ग्रंथ का संपादन भी किया है।

व्यथित हृदय—वाराणसी जिले के अन्तर्गत जगन्नाथपुर नामक ग्राम में सन् १९०८ में व्यथित हृदय का जन्म हुआ था। उन्होंने 'तितली', 'मदारी' 'श्री कृष्ण संदेश', 'महालक्ष्मी', 'मनोरमा', 'भविष्य' तथा 'अभ्युदय' के संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया है।

व्रज शंकर वर्मा–बिहार के सारन जिले के अन्तर्गत बसंतपुर नामक ग्राम में सन् १९१०में वर्मा जी का जन्म हुआ था। उन्होंने 'विशाल भारत', 'लोक मान्य' और 'योगी' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है।

(डॉ०) व्रजेश्वर वर्मा—सन् १९१२ में वर्मा जी का जन्म हुआ था। प्रयाग विश्वविद्यालय में अध्यापन करते हुए उन्होंने 'हिंदी अनुशीलन' तथा 'आलोचना' नामक पत्रों का सम्पादन भी किया; जिनका हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता में उल्लेखनीय स्थान है।

शंकर दयालु श्रीवास्तव—इलाहाबाद से प्रकाशित होने वाले 'भारत' नामक दैनिक पत्र में सहायक सम्पादक से लेकर प्रधान संपादक तक कार्य करने के पश्चात् उससे अवकाश ग्रहण करके श्रीवास्तव जी ने पटना से प्रकाशित होने वाले दैनिक 'प्रदीप' का भी संपादन किया। उत्तर प्रदेशीय पत्रकार सम्मेलन और अखिल भारतीय पत्रकार सम्मेलन के भी वह सक्रिय सदस्य रहे हैं।

शंकर लाल वर्मा—मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के रुनिजा नामक स्थान पर १८९४ में वर्मा जी का जन्म हुआ था। 'प्रताप' से संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। 'प्रणवीर', 'कर्मवीर', 'आज', 'राजस्थान केसरी', 'नवीन राजस्थान', 'तरुण राजस्थान' तथा दैनिक 'हिन्दुस्तान' के सम्पादन का सफलता पूर्वक निर्वाह उन्होंने किया। १८ जनवरी १९६२ को उनका निधन हो गया।

शंभुनाथ बलियासे 'मुकुल'—बिहार के वैद्यनाथ धाम देव घर के कुरमटाड नामक स्थान पर १५ जनवरी १९१९ को 'मुकुल' जी का जन्म हुआ था। 'अखंड बिहार', 'प्रकाश', 'संपर्क' तथा 'आयुर्वेद विकास' का संपादन करने के अतिरिक्त उन्होंने बिहार श्रमजीवी पत्र संघ की स्थापना में भी योग दिया।

शांति भटनागर—(श्रीमती) शांति भटनागर का जन्म २३ सितम्बर सन १९१५ को मेरठ में हुआ था। हिंदी में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया, जिनमें 'कला' पाक्षिक, 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' तथा 'सतरंगा आंचल' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

शारदा चरण मित्र—सन् १८४८ में मित्र जी का जन्म हुआ था। सन् १८७० में उन्होंने कानून की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह देवनागरी हिंदी के प्रचार के लिए सदैव कृत संकल्प रहे। उन्होंने एक लिपि विस्तार परिषद् की स्थापना की। इसी परिषद् द्वारा प्रकाशित 'देवनागर' नामक मासिक पत्र के वह सम्पादक भी रहे।

शिव कुमार गोयल—गोयल जी का जन्म ३१ अक्टूबर सन् १९३८ को मेरठ में हुआ था। 'वीर अर्जुन', 'प्रभात', 'नवभारत टाइम्स' के संवाददाता तथा संसदीय संवाददाता 'हिंदुस्तान समाचार' के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए गोयल जी ने 'युग

वार्ता' का संपादन कार्य भी किया।

(पं०) शिवनारायण अग्निहोत्री— अग्निहोत्री जी का जन्म २० दिसम्बर १८५० में उत्तर प्रदेश के अकबरपुर जिले में हुआ था। अग्निहोत्री जी ने पत्रकार के रूप में सर्व प्रथम लाहौर से प्रकाशित 'हिंदू बांधव' मासिक के हिंदी संस्करण का संपादन करते हुए हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। उर्दू मासिक 'बिरादरेहिंद', हिंदी मासिक 'जीवन पथ', उर्दू मासिक 'धर्म जीवन', उर्दू मासिक 'रिफार्मर', 'कौमी अखबार' तथा देव समाज के अंग्रेजी पत्र 'कांकरर' के संपादक के रूप में वह पत्रकारिता के क्षेत्र में क्रियाशील रहे। १८८२ में उन्होंने सपरिवार संन्यास ग्रहण कर लिया और उनका नया नामकरण सत्यानंद अग्निहोत्री हो गया। ३ अप्रैल १९२९ को उनका निधन हो गया।

शिव नारायण द्विवेदी—सिजनी (जिला उन्नाव) में २० जूलाई सन् १९२२ को द्विवेदी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने शिक्षा-दीक्षा समाप्ति के पश्चात् कुछ काल तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया। सन् १९३८ में दैनिक 'नव भारत' से संबद्ध होकर पत्रकारिता में आये। तदुपरांत अर्द्ध साप्ताहिक 'सावधान' तथा 'नव भारत' से संबद्ध रहे।

शिव पूजन सहाय—बिहार के शाहाबाद जिले के बक्सर सब डिवीजन के अन्तर्गत उनवास नामक ग्राम में सन् १८९३ में सहाय जी का जन्म हुआ था। आरा के हाई स्कूल से उन्होंने सन् १९१२ में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। हिंदी शिक्षक के रूप में जीविकोपार्जन आरम्भ करके विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में स्फुट रचनाओं के प्रकाशन से अपना साहित्यिक जीवन आरंभ किया। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में एक सम्पादक के रूप में उन्होंने सन् १९२१ से कार्यारम्भ किया। इस वर्ष उन्होंने आरा से प्रकाशित होने वाली 'मारवाड़ी सुधार' नामक मासिक पत्रिका का सम्पादन किया। इसके पश्चात् वह सन् १९२३ में कलकत्ता से प्रकाशित 'मतवाला' के के सम्पादकीय विभाग में कार्यरत हुये। 'आदर्श', 'उपन्यास तरंग' और 'समन्वय' नामक पत्रों का संपादन भी उन्होंने किया। १९२५ में वह 'माधुरी' के संपादकीय विभाग में भी रहे।

शिव प्रसाद गुप्त—गुप्त जी का जन्म १८८३ ई० में काशी में हुआ था। ज्ञान मण्डल के संस्थापक गुप्त जी ने राष्ट्रीय दैनिक 'आज' का प्रकाशन १९२० में आरंभ किया। ज्ञान मण्डल से 'मर्यादा' तथा 'स्वार्थ' जैसी स्तरीय पत्रिकाओं के संपादन का श्रेय भी गुप्त जी को प्राप्त है। शिक्षा के प्रचार-प्रसार की दिशा में काशी विद्यापीठ की स्थापना एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आरंभ कराने में भी गुप्त जी का योगदान उल्लेखनीयहै।

(राजा) शिव प्रसाद 'सितारे हिंद'-काशी में सन् १८२३ में शिव प्रसाद जी का जन्म हुआ था। उन्होंने हिंदी उर्दू, फारसी, संस्कृत, अंग्रेजी तथा बंगला आदि भाषाओं का अध्ययन किया था। भरतपुर दरबार और अंग्रेज सरकार की नौकरी भी उन्होंने की थी। अनेक सृजनात्मक कृतियों की रचना भी उन्होंने की थी। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान ऐतिहासिक महत्व का है। २३ मई सन् १८९५ को उनकी मृत्यु हो गयी।

शिवसिंह सरोज—सन् १९२५ में विजयादशमी को सरोज जी का जन्म बाराबंकी जिले के अंतर्गत डड़ियामऊ नामक स्थान पर हुआ था। बाल्यावस्था से ही संघर्षशील प्रवृति का विकास हुआ। सन् १९४२ में अत्याचार विरोधी काव्य-सृजन कर पुरस्कृत हुए। अन्याय के शमन हेतु पत्रकारिता के क्षेत्र में आये। १९३८ में बाराबंकी से 'अवध भाषा' का संपादन किया। सन् १९४० में लखनऊ के दैनिक 'अधिकार' के संवाददाता बने। 'हिंद' दैनिक के प्रकाशन की योजना बनायी, परंतु उसे व्यावहारिक रूप न दिया जा सका। १९४७ में लखनऊ के दैनिक 'स्वतंत्र भारत' में संवाददाता नियुक्त हुए। इसके पूर्व १ वर्ष तक लखनऊ के मासिक 'प्रकाश' का संपादन भी किया था। दैनिक पत्रों में सर्वप्रथम साहित्यिक सांस्कृतिक समाचारों को प्रमुखता दिलवाने का प्रयास किया। इसके लिए माखन लाल चतुर्वेदी तथा शांति प्रिय द्विवेदी ने प्रशंसा भी की। संप्रति 'स्वतंत्र भारत' के संवाददाता श्रेणी में सर्वोच्च पद विशेष प्रतिनिधि के रूप मे कार्यरत हैं।

शीला झुनझुनवाला—६ जनवरी सन् १९३२ को कानपुर में शीला झुनझुनवाला का जन्म हुआ था। धर्म युग के 'महिला जगत' के संपादन के साथ उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। सन् १९६४ से ६८ तक 'अंगजा' के संपादन का भार ग्रहण करने के पश्चात्

१९६९ से ७२ तक 'कादंबिनी' की सह संपादक रहीं। संप्रति 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' की संपादिका हैं।

शोभा लाल गुप्त—गुप्त जी का जन्म ८ सितम्बर १९०४ को मेवाड़ में हुआ था। उन्होंने केवल कक्षा ७ तक शिक्षा प्राप्त की थी। संपादक 'तरुण राजस्थान' तथा सह संपादक 'दैनिक हिंदुस्तान' के रूप में गुप्त जी का कार्य उल्लेखनीय है।

(डॉ०) श्यामसुंदर दास—सन् १८७५ में काशी में दास जी का जन्म हुआ था। १८९७ में बी० ए० पास करके वह १८९९ में अध्यापन के क्षेत्र में आये। सन् १९२१ में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष नियुक्त हुए। सन् १९०० में 'सरस्वती' का संपादन पत्रकारिता क्षेत्रीय उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने अनेक समीक्षात्मक ग्रंथों का प्रणयन किया। उन्हें हिंदी साहित्य सम्मेलन ने 'साहित्य वाचस्पति' तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने डी० लिट् की उपाधि से सम्मानित किया। सन् १९४५ में उनका निधन हो गया।

श्याम सुंदर सेन—हिंदी के विशिष्ट पत्रकारों के रूप में सेन जी का नाम इस कारण से विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि उन्होंने 'समाचार सुधा वर्षण' नामक पत्र को हिंदी और बंगला दोनों भाषाओं में प्रकाशित किया था। यह संभवत: अपनी कोटि का सर्वप्रथम द्विभाषी पत्र था। इसका महत्व राजनैतिक और सामाजिक चेतना के जागरण का आवाहन करने की दृष्टि से है।

श्रीकान्त ठाकुर—बिहार के मधुबनी जिले के अन्तर्गत कोइलख नामक गांव में १७ जूलाई १९०१ को श्रीकान्त ठाकुर का जन्म हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा दीक्षा स्थानीय विद्यालय में ही हुई थी। सन् १९२५ में उन्होंने राजनीति विज्ञान का बिहार विद्यापीठ में उच्च अध्ययन किया। राष्ट्रप्रेम की भावना से अनुप्राणित होकर उन्होंने असहयोग आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। अपने पत्रकार जीवन का आरम्भ उन्होंने पटना से प्रकाशित होने वाले 'महावीर' नामक साप्ताहिक पत्र के सम्पादक के रूप में किया। तत्पश्चात् कलकत्ते से प्रकाशित होने वाले 'स्वतन्त्र' नामक दैनिक पत्र के पांच वर्ष तक उप संपादक रहे। कलकत्ते से ही प्रकाशित 'लोकमान्य' तथा 'विश्वमित्र' नामक दैनिक पत्रों का भी उन्होंने सफलता पूर्वक संपादन किया। सन् १९४१ में वह 'विश्वमित्र' के बम्बई संस्करण के प्रधान संपादक नियुक्त हुए। सन् १९४५ में उन्होंने बनारस से प्रकाशित होने वाले 'आज' का संपादन आरम्भ किया। सन् १९४७ में उन्होंने पटना से प्रकाशित दैनिक 'प्रदीप' का भी संपादन किया। सन् १९४८ से १९६८ तक उन्होंने पटना से ही प्रकाशित होने वाले 'आर्यावर्त्त' नामक दैनिक पत्र के सम्पादन-दायित्व का निर्वाह किया। इससे अवकाश ग्रहण करने पर उन्हें अखिल भारतीय प्रेस सलाहकार समिति, बिहार प्रेस सलाहकार समिति, बिहार विधान परिषद् और बिहार मैथिली अकादमी का अध्यक्ष मनोनीत कर सम्मानित किया गया।

श्रीधर पाठक—पाठक जी का जन्म १० दिसम्बर १९२३ को इंदौर में हुआ था। १९४३ में पत्रकारिता के क्षेत्र उन्होंने प्रवेश करने के उपरांत वाराणसी से प्रकाशित दैनिक 'संसार' के बम्बई संस्करण के प्रकाशक व मुद्रक का दायित्व निर्वाह किया। सन् १९५० में वह 'नव भारत टाइम्स' के बम्बई संस्करण से मुख्य संवाददाता के रूप में संबद्ध हो गये।

श्रीनाथ सिंह—इलाहाबाद जिले के अन्तर्गत मानपुर नामक स्थान पर सन् १९०१ में श्रीनाथ सिंह का जन्म हुआ था। अनेक मौलिक पुस्तकों के लेखन के साथ प्रयाग से प्रकाशित होने वाली हिंदी की सर्वमान्य पत्रिका 'सरस्वती' के सम्पादक के रूप में उनका योगदान विशिष्ट है। प्रयाग से ही प्रकाशित होने वाली महिलोपयोगी पत्रिका 'दीदी' के सम्पादन का उनका कार्य भी उल्लेखनीय है।

(पं०) श्रीनारायण चतुर्वेदी—सन् १८९३ में इटावा में चतुर्वेदी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इतिहास में एम० ए० करने के पश्चात् लंदन ट्रेनिंग कालेज से टी० डी० तथा लंदन विश्वविद्यालय के किंग्स कालेज से शिक्षा शास्त्र में एम० ए० किया। हिंदी और अंग्रेजी में बहुसंख्यक मौलिक कृतियों का प्रणयन और अनुवाद भी किया। शिक्षा विभाग एवं आकाशवाणी में समय-समय पर अनेक उच्च पदों पर प्रतिष्ठित रहे। सन् १९२६ से १९३० तक उन्होंने लीग आफ नेशंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 'श्रीवर' उपनाम से गंभीर कविताएं एवं 'श्रीविनोद

शर्मा' उपनाम से हास्य व्यंग्यपरक रचनाएं प्रस्तुत कीं। 'हिंदी', 'सुकवि विनोद' तथा 'आकाशवाणी' के प्रेरक रहे। उन्होंने कई सौ पुस्तकों के प्रकाशन में भी योग दिया। 'सचित्र संसार' नामक मासिक पत्र का संपादन किया। हिंदी की सर्वाधिक साहित्यिक प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'सरस्वती' के संपादन दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वाह सन् १९५४ से १९७५ तक किया। 'सरस्वती' का प्रतिष्ठा-अंक 'हीरक जयंती अंक'संपादित किया। 'हिंदी विश्वभारती' के संपादन का श्रेय भी चतुर्वेदी जी को प्राप्त है। राय बहादुर और साहित्य वाचस्पति की उपाधियों से सम्मानित चतुर्वेदी जी आज भी सक्रिय हिंदी सेवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

श्रीरंजन सूरिदेव—२८ अक्टूबर सन् १९२६ को बिहार के दुमका जिले के ग्राम श्री शुभेश्वर नाथ धौनी में सूरिदेव जी का जन्म हुआ था। एम० ए० की डिग्री बिहार विश्वविद्यालय से प्राप्त करने के उपरांत 'साहित्य' के संपादन में सहयोगी के रूप में संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए। तदुपरांत 'परिषद् पत्रिका' के १९६० से ७४ तक कार्यकारी संपादक, कालांतर में संपादक हो गये। इसके बाद 'ब्रह्म ज्योति' तथा 'चक्र बंधु' के संपादन के अतिरिक्त 'अंगिका' के संपादक मंडल से भी संबद्ध रहे।

श्रीराम शर्मा—उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में शर्मा जी का जन्म २३ मार्च सन् १८९२ को हुआ था। उनकी शिक्षा प्रयाग विश्वविद्यालय में हुई थी। शिकार संबन्धी मौलिक साहित्य के सृजन के साथ ही उन्होंने 'विशाल भारत' के संपादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

श्रीशचंद्र शुक्ल—शुक्ल जी का जन्म १९०२ में मुरादाबाद में हुआ था। एम० ए०, एल० एल० बी० तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् 'वर्तमान', 'दिवाकर', 'सैनिक', 'आर्यमित्र', 'सुदर्शनचक्र', 'नवराष्ट्र', 'इंडियन ग्रेनट्रेडर' के संपादक तथा 'वीरअर्जुन' के संवाददाता के रूप में हिंदी पत्रकारिता की सेवा शुक्ल जी ने की। इसके पश्चात् अनेक वर्षों तक भारत सरकार के सूचना सेवा पद पर भी कार्य रत रहे।

(डॉ०) संपूर्णानन्द—काशी में १ जनवरी सन् १८९० को सम्पूर्णानन्द जी का जन्म हुआ था। हिंदी के अतिरिक्त उन्होंने संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी और बंगला का भी अध्ययन किया था। वह एक ससाजवादी राजनीतिज्ञ भी थे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा राजस्थान के राज्य पाल के पद को भी सुशोभित कर चुके थे। मौलिक चिंतन से युक्त साहित्य का सृजन करने के अतिरिक्त उन्होंने 'आज', 'जागरण' और 'मर्यादा' के सम्पादक के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योग दिया है।

(पं०) सकल नारायण पांडेय—बिहार के आरा जिले में पांडेय जी का जन्म संवत् १९२८ में हुआ था। आरा से प्रकाशित साप्ताहिक 'शिक्षा' का संपादन सन् १८९७ में करके पांडेय जी ने हिंदी पत्रकारिता को समृद्ध बनाने का प्रयास किया।

सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'— मार्च सन् १९११ में अज्ञेय जी का जन्म हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा मद्रास और लाहौर में हुई थी। क्रान्तिकारी आन्दोलन में भाग लेते हुए उन्होंने एम० ए० की पढ़ाई छोड़ दी और सन् १९३० में चार वर्ष जेल में रहे। अनेक मौलिक कृतियों की रचना के समानान्तर उन्होंने 'सैनिक' 'विशाल भारत', 'बिजली' और 'प्रतीक' आदि पत्र-पत्रिकाओं का संपादन करके आधुनिक हिन्दी पत्रकारिता को एक बौद्धिक दिशा प्रदान की है।

सतपाल पटाइत—१९५१ में नागपुर से प्रकाशित 'युग धर्म' से प्रशिक्षार्थी पत्रकार के रूप में संबद्ध होकर कालांतर में उन्होंने 'युगधर्म' के संपादन का कार्य-भार ग्रहण किया। तदुपरांत इसी के तीनों सस्करणों का प्रकाशन पटाइत जी के संपादकत्व में होने लगा।

सत्यकाम विद्यालंकार—सत्यकाम जी का जन्म सन् १९०५ में लाहौर में हुआ था। गुरुकुल कांगड़ी से स्नातक की उपाधि ग्रहण के पश्चात् १९२४ में 'वीर अर्जुन' तथा १९३१ में दैनिक 'नवयुग' का संपादन करने के पश्चात् उन्होंने १९५० में 'धर्म युग' का संपादन किया। वह 'नवनीत' के संपादक सन् १९६१ से ७१ तक रहे।

सत्य देव विद्यालंकार—पंडित जी का जन्म ९ अक्टूबर सन् १८९७ में पंजाब में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा गुरुकुल कांगड़ी में हुई थी। उन्होंने 'सद्धर्म प्रचारक' तथा 'श्रद्धा' नामक पत्र-पत्रिकाओं के संपादक के रूप में पत्रकार जीवन का आरम्भ किया। कालान्तर में

'राजस्थान केसरी', 'प्रणवीर', 'मारवाड़ी', 'नवयुग', 'स्वतंत्र', दैनिक 'विश्वमित्र', दैनिक 'हिन्दुस्तान' एवं दैनिक 'अमर भारत' का संपादन कार्य भी सफलता पूर्वक किया । २५ जन १९६३ को दिल्ली में सत्य देव जी की मृत्यु हो गयी ।

सत्येंद्र कुमार गुप्त—गुप्त जी का जन्म ३ अप्रैल १९१८ को वाराणसी में हुआ था । उनकी प्रारंभिक शिक्षा काशी में तथा उच्च शिक्षा इंग्लैंड में हुई । व्यवस्थापक 'ज्ञान मण्डल' व संपादक 'आज' के रूप में उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

सदानंद मिश्र—सन् १८७८ में 'सार सुधा निधि' का संपादन करके मिश्र जी ने हिंदी पत्रकारिता के उद्भव काल में ऐतिहासिक महत्व का कार्य किया। उन्होंने अनेक प्रकार के कष्ट और विरोध सहन करते हुए भी इस पत्र को प्रकाशित करते रहकर एक अनुकरणीय आदर्श पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रस्तुत किया है ।

सीता चरण दीक्षित—दीक्षित जी का जन्म २३ अगस्त सन् १९०६ को हुआ था । गणेश शंकर विद्यार्थी से प्रेरणा लेकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रविष्ट हुए । इसके उपरांत 'प्रताप', 'महाकौशल', 'अमृत बाजार पत्रिका' 'फ्री प्रेस आफ इण्डिया', 'एडवांस', 'नागपुर टाइम्स', 'हरिजन सेवक', 'हिंदुस्तान', 'राष्ट्रमत' आदि से संबद्ध होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है ।

(लाला) सीताराम—लाला जी का जन्म २० जनवरी सन् १८८५ को अयोध्या में हुआ था । स्नातक की परीक्षा विज्ञान विषय लेकर उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने विधि की परीक्षा उत्तीर्ण की । संपादक 'शुभचिंतक', 'भारतोदय' तथा 'सिपाही' के रूप में पत्रकार जगत में लाला जी अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं । अनेक सरकारी पदों पर भी लाला जी ने कार्य किया । रायबहादुर की उपाधि से विभूषित लाला जी का २ जनवरी १९३१ को निधन हो गया ।

(पंडित) सुंदर लाल—उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत खतौली नामक स्थान पर २६ सितम्बर सन् १८८६ को पंडित जी का जन्म हुआ था । 'कर्मयोगी', 'भविष्य' तथा 'नया हिंद' से संबद्ध होकर उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

सुदर्शन सिंह 'चक्र'—चक्र जी का जन्म १४ नवम्बर सन् १९११ को हुआ था । उन्होंने 'संकीर्तन', 'मानस मणि', 'कल्याण', 'ओम', 'परमार्थ' एवं 'विवेक रश्मि' आदि अनेक आध्यात्मिक एवं धार्मिक पत्रों का संपादन किया ।

(पं०) सुधाकर द्विवेदी—संवत १९१७ में मिर्जापुर में जन्मे द्विवेदी जी हिंदी पत्रकार जगत में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं । उन्होंने 'मानस पत्रिका' एवं 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

सुमनेश जोशी—जोशी जी का जन्म ३ सितम्बर १९१६ को जोधपुर में हुआ था । पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने १९३२-३३ के मध्य 'कर्मवीर' तथा 'सैनिक' के संवाददाता के रूप में कार्य आरंभ किया । इसके पश्चात् 'राजत्रंदी', 'रियासती', 'राष्ट्र दूत', 'आयोजन' आदि का संपादन करके उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

सुमित्रानन्दन पन्त—कुमायूं प्रदेश के कौसानी नामक ग्राम पन्त जी का जन्म हुआ था। छायावादी काव्य के प्रमुख पोषक के रूप में विशिष्ट महत्व प्राप्त होने के अतिरिक्त 'रूपाभ' के सम्पादक के रूप में हिन्दी पत्रकारिता को उनकी देन उल्लेखनीय है ।

सुरेंद्र बालूपुरी—सुरेंद्र जी का जन्म ३१ जूलाई सन् १९१३ को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के अन्तर्गत बालूपुर नामक ग्राम में हुआ था। विश्व भारती, शांति निकेतन से शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सफलता पूर्वक संपादन किया, जिनमें मासिक 'विद्या' अंग्रेजी साप्ताहिक 'टार्च', साप्ताहिक 'आलोक', दैनिक 'एडवांस', दैनिक 'जागृति', 'पटना टाइम्स', 'नवभारत टाइम्स', 'डॉन' तथा 'हिंदुस्तान स्टैंडर्ड' के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

सुरेश चन्द्र शुक्ल—हिंदी पत्रकारिता का विदेशों में उन्नयन करने की दृष्टि से शुक्ल जी का नाम उल्लेखनीय है । वह संप्रति इंडियन वेलफेयर सोसायटी, ओसलो (नार्वे) द्वारा प्रकाशित 'परिचय' नामक हस्तलिखित और टंकित द्वैमासिक पत्रिका के प्रधान संपादक हैं ।

सूर्य कान्त त्रिपाठी 'निराला'—बंगाल की महिषादल स्टेट मेदिनीपुर में सन् १८९६ में निराला जी का जन्म

हुआ था। छायावादी काव्य के एक स्तम्भ के रूप में वह हिंदी संसार में अन्यतम महत्व रखते हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका योगदान 'समन्वय', 'मतवाला' और 'सुधा' के सम्पादक के रूप में है।

सोमदत्त बखौरी—लांग मौटेन, मारीशस में १ नवम्बर सन् १९२१ को बखौरी जी का जन्म हुआ था। उन्होंने पोर्ट लुई से सन् १९६८ में त्रैमासिक 'अनुराग' का संपादन करने के अतिरिक्त अनेक मौलिक ग्रंथों का सृजन भी हिंदी में किया। वह पार्ट लुई निगम के महासचिव के रूप में भी ख्याति प्राप्त हैं।

सोहन लाल द्विवेदी—फतेहपुर जिले के बिन्दकी नामक नामक स्थान पर सन् १९०५ में द्विवेदी जी का जन्म हुआ था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने सन् १९३८ से लेकर १९४२ तक लखनऊ से प्रकाशित होने वाले दैनिक राष्ट्रीय पत्र 'अधिकार' का संपादन किया। 'बाल सखा' के संपादक के रूप में उन्होंने बाल पत्रकारिता के विकास में ऐतिहासिक योगदान दिया है।

हंस कुमार तिवारी—तिवारी जी का जन्म १५ अगस्त १९१८ को हुआ था। दैनिक 'भारत' एवं 'विश्वमित्र' से प्रेरणा ग्रहण कर तिवारी जी ने 'बिजली', 'किशोर', 'छाया', 'उषा' तथा बिहार राष्ट्रभाषा-परिषद् की शोध त्रैमासिक 'परिषद् पत्रिका' का संपादन कर के हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

हनुमान प्रसाद पोद्दार—पोद्दार जी ने सन् १९२२ में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्होंने गोरखपुर में गीता प्रेस की स्थापना की और 'कल्याण' नामक पत्रिका के सम्पादन के दायित्व का निर्वाहकिया। हिंदी के धार्मिक, आध्यात्मिक पत्रों में इसका अन्यतम महत्व है।

हर किसन अग्रवाल—अग्रवाल जी का जन्म २० सितंबर १९२० को महेन्द्रगढ़ जिले के दयासु सराय में हुआ था। उन्होंने सन् १९५२ में 'अग्रवाल समाज' दैनिक के सम्पादन के पश्चात् सन् १९५६ में नागपुर से प्रकाशित होने वाले 'राष्ट्र दूत' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

हरिकृष्ण जौहर—जौहर जी का जन्म सितम्बर सन्१८८० में हुआ था। उन्होंने १९०२ से १९१९ तक 'हिंदी बंगवासी', 'भारत जीवन', 'द्विजराज', 'राजस्थान मित्र', 'उपन्यास दर्पण', 'वेंकटेश्वर समाचार', 'आधार' आदि अनेक पत्रों का संपादन करते हुए हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया।

हरिकृष्ण त्रिवेदी—अल्मोड़ा जिले के सुपै ग्राम में १ नवम्बर १९११ को त्रिवेदी जी का जन्म हुआ था। स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने कारण उन्हें कालेज की पढ़ाई छोड़नी पड़ी। अलमोड़ा एवं नैनीताल के 'हिंदुस्तान टाइम्स' के संवाददाता के रूप में पत्रकारिता के क्षेत्र में त्रिवेदी जी ने प्रवेश किया। इसके उपरांत 'सहकारी', 'हंस', 'सैनिक', 'दैनिक हिंदुस्तान' आदि से संबद्ध रहने के पश्चात् त्रिवेदी जी सन् १९७५ में सेवा-निवृत्त हुए।

हरि प्रसाद टम्टा—२६ अगस्त सन् १८८६ को अलमोड़ा में टम्टा जी का जन्म हुआ था। 'समता' के प्रकाशन एवं संपादन से पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके पश्चात् 'लीडर', 'भारती' तथा 'कमल' से भी संबद्ध रहे।

हरि प्रसाद शर्मा शास्त्री—'प्रणामी धर्म पत्रिका' के सम्पादक हरि प्रसाद शर्मा शास्त्री का जन्म नेपाल राज्य अंतर्गत इलाम जिले के फिक्कल बाजार के निकट आहाले नामक गांव में हुआ था। पांच-छह वर्ष की आयु में वह अपने माता-पिता के साथ आसाम के रांगशाली नामक गांव में आकर रहने लगे थे। संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने विभिन्न ग्रन्थों का शोधन और 'प्रणामी धर्म पत्रिका' का सम्पादन किया।

हरिभाऊ उपाध्याय—उज्जैन जिले के भौंरासो नामक ग्राम में सन् १८९२ में उपाध्याय जी का जन्म हुआ था। हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने सन् १९११ में प्रवेश किया। उन्होंने 'औदुम्बर' नामक पत्र का संपादन आरम्भ किया। इसके अतिरिक्त 'सरस्वती', 'प्रताप' 'हिन्दी नव जीवन', 'प्रभा' और 'मालव मयूर' आदि पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन में योग देकर उन्होंने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

(पं०) हरि शंकर शर्मा—७ सितम्बर १८९० को शर्मा जी का जन्म अलीगढ़ जिले के अन्तर्गत हरदुआगंज में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा घर पर ही हुई। पत्रकारिता जगत में उन्होंने गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर के मुख पत्र 'भारतोदय' के सह संपादक के रूप में प्रवेश

किया । कालान्तर में उन्होंने 'आर्य मित्र', 'प्रभाकर', 'आर्य संदेश', 'साधना', 'कर्म योग', 'निराला', 'ज्ञान गंगा' एवं दैनिक 'दिग्विजय' का भी संपादन किया । कुछ समय के लिए शर्मा जी ने 'साप्ताहिक सैनिक' का भी संपादन भी किया था । ८ मार्च सन् १९६८ को आगरा में उनका देहान्त हो गया ।

हीरा देवी चतुर्वेदी—२ मई सन् १९१५ मध्य प्रदेश को के खंडवा जिले में हीरा देवी जी का जन्म हुआ था । हाईस्कूल तक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् उन्होंने इलाहाबाद से प्रकाशित 'मनोरमा' के संपादन का कार्य भार ग्रहण किया और इसके माध्यम से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया ।

हुकुम चंद नारद—सन् १९०३ में सतना में नारद जी का जन्म हुआ था । 'लोकमत' एवं साथी से संबद्ध होकर वह पत्रकारिता के क्षेत्र में आये । कालांतर में 'हिंदीपंच' के प्रकाशक एवं संपादक के रूप में भी हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया ।

(श्रीमती) हेमंत कुमारी चौधरी—सितम्बर सन् १८६८ में लाहौर में श्रीमती चौधरी का जन्म हुआ था । उन्होंने एक बंगला मासिक पत्रिका 'अंतःपुर' का संपादन करने के अतिरिक्त फरवरी सन् १८८८ से रतलाम से प्रकाशित होने वाली हिंदी मासिक पत्रिका 'सुगृहिणी' का संपादन करके हिंदी की सर्वप्रथम महिलोपयोगी मासिक पत्रिका की संपादिका होने का गौरव प्राप्त किया । (श्रीमती) हेमन्त कुमारी चौधरी का सन् १९५३ में निधन हो गया ।

(डॉ०) हेम चंद्र जोशी—जोशी जी का जन्म सन् १८९४ में नैनीताल में हुआ था । पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने 'विश्ववाणी', 'विश्वमित्र' तथा 'धर्म युग' के संपादक के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है ।

(२) हिंदी की विशिष्ट पत्र-पत्रिकाएं

'अनाथ रक्षक'—श्रीमद्दयानंद अजमेर के इस मासिक पत्र का प्रकाशन सन् १६०३ में आरम्भ हुआ था। इसके संपादकों में सेठ मांगीलाल गुप्त कवि किंकर, पद्मसिंह शर्मा, जयदेव शर्मा, राधेलाल, पन्नालाल शर्मा, रामसहाय शर्मा, नाथूलाल शर्मा, ठाकुर सरदार सिंह, ताराचंद आदि विशिष्ट हैं। इसमें देश-सुधार, समाज-सुधार, धार्मिक रूढ़ियों के खंडन आदि से संबंधित रचनाएं प्रकाशित होती थीं।

'अर्जुन'—इस दैनिक पत्र का प्रकाशन दिल्ली से २३ अप्रैल सन् १६२३ को प्रारम्भ हुआ था। इसके संपादक स्वामी श्रद्धानंद थे। इंद्र विद्यावाचस्पति इसका संपादन करते थे। सन् १६३४ में इस पत्र से ६०० रुपये की जमानत मांगी गयी, तव संचालकों ने इसका संपादन बंद करके 'वीर अर्जुन' नाम से प्रकाशित करना आरम्भ किया। इसका साप्ताहिक संस्करण सन् १६२५ से प्रकाशित हुआ। इसके आद्य संपादक कृष्णचंद्र विद्यालंकार थे। जयन्त वाचस्पति तथा लेखराम भी इसके संपादक रहे थे। सन् १६४२ में इसका प्रकाशन स्थगित होकर १६४५ से पुनः आरम्भ हुआ। कालान्तर में महाशय कृष्ण द्वारा यह दैनिक रूप में प्रकाशित हुआ। इसके वर्तमान संपादक के० नरेंद्र है।

'अलंकार तथा गुरुकुल समाचार'—१ जनवरी सन् १६२४ को स्नातक मण्डल, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार के इस मुख पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। सीता राम सिद्धान्तालंकार इसके प्रथम संपादक थे। इसके अन्य संपादकों में सत्यकेतु विद्यालंकार तथा चंद्रमणि विद्यालंकार के नाम उल्लेखनीय हैं।

'अल्मोड़ा अखबार'—यह पत्र सन् १८७१ में प्रकाशित हुआ था। इसके प्रथम संपादक बुद्धि वल्लभ पंत थे। इसके परवर्ती संपादकों में इम्तियाज अली, लीलानन्द जोशी, सदानंद सनवाल, विष्णुदत्त जोशी, वद्रीदत्त पांडेय आदि थे। सन् १६१८ तक यह साप्ताहिक और पाक्षिक रूपों में प्रकाशित होता रहा। सन् १६१८ में इसके प्रकाशन पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया और इससे एक हजार रुपये की जमानत मांगी गई। इसी वर्ष से इसका प्रकाशन वंद हो बया।

'आज'—५ सितम्बर सन् १६२० को बनारस से हिंदी के इस प्रसुख दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। इसके प्रथम अग्रलेख में संपादकीय नीति का आधार और उद्देश्य निम्न रूप में घोषित किया गया था-'हमारा उद्देश्य अपने देश के लिए सब प्रकार से स्वातंत्र्य-उपार्जन है। हम हर बात में स्वतंत्र होना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य यह है कि हम अपने देश का गौरव बढ़ावें, अपने देशवासियों में स्वाभिमान का संचार करें, उनको ऐसा बनावें कि भारतीय होने का उन्हें अभिमान हो, संकोच न हो। यह स्वाभिमान स्वतंत्रता देवी की उपासना करने से मिलता है। जब हममें आत्म गौरव होगा, तब अन्य लोग भी हमको आदर और सम्मान की दृष्टि से देखेंगे। इसके लिए न द्रोह की आवश्यकता है न अनुचित प्रेम की, न किसी से संबंध त्याग की आवश्यकता है, न बंधन दृढ़ करने की। सबसे अधिक आवश्यकता आत्म परिचय और आत्म गौरव की है। अतः हम अपने देश का गौरव अपनी आँखों और दूसरों की आँखों में बढ़ाते हुए स्वतंत्रता प्राप्त करने का यथा साध्य प्रयत्न करेंगे। अपना मत तो हम देते ही रहेंगे, पर मूल मंत्र हमारा

यही है कि हमारे देश का गौरव बढ़े, भारत और भारतीयता का नाम संसार में आदर के साथ लिया जाय ।' राष्ट्र प्रेम की भावना से अनुप्राणित इस पत्र ने सदैव विदेशी शासन की दमन नीति का विरोध किया और एकाधिक बार प्रतिबन्ध के कारण इसका प्रकाशन भी स्थगित हुआ । २९ अक्टूबर सन् १९३० से ८ मार्च सन् १९३१ तक विरोध के प्रतीक के रूप में संपादकीय स्तम्भ के स्थान पर इसमें केवल यह वाक्य प्रकाशित होता था कि 'देश की दरिद्रता, विदेश जाने वाली वाली लक्ष्मी, सर पर बरसने वाली लाठियाँ, देश भक्तों से भरने वाले कारागार—इन सबको देखकर प्रत्येक देश भक्त के हृदय में जो अहिंसामूलक विचार उत्पन्न हों वही सम्पादकीय विचार हैं ।' इस पत्र को शिव प्रसाद गुप्त, श्री प्रकाश, बाबूराव विष्णु पराड़कर, कमलापति त्रिपाठी, रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर, प्रेम चन्द, लक्ष्मण नारायण गर्दे, पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' आदि का सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके कारण हिंदी समाचार पत्रों के क्षेत्र में इसकी विशेष प्रतिष्ठा है ।

'आजकल'—इस सरकारी पत्र का प्रकाशन मई १९४७ में आरंभ हुआ था । देवेन्द्र सत्यार्थी, चंद्र गुप्त विद्यालंकार, अनंतमराल शास्त्री, करुणा शंकर पांड्या, केशव गोपाल निगम, प्रवीण कुमार उपाध्याय, नरेन्द्र सिन्हा, राधेश्याम भारद्वाज आदि इसके संपादक रहे हैं । इसके अनेक महत्व पूर्ण विशेषांक भी प्रकाशित हो चुके हैं ।

'आनन्द कादंबिनी'—जुलाई १८८१ में मीरजापुर से इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ था । इसके संपादक बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' थे । यह पत्रिका कुल ४४ पृष्ठों की प्रकाशित होती थी और इसकी पाँच सौ प्रतियाँ मुद्रित होती थी । पुस्तक समीक्षा स्तम्भ का प्रकाशन हिन्दी में सर्व प्रथम इसी पत्रिका से आरम्भ हुआ था । साहियित्क पत्रकारिता के क्षेत्र में इसका उल्लेखनीय स्थान हैं ।

'आयुर्वेद विकास'—जनवरी सन् १९६२ से इस मासिक पत्र का प्रकाशन कलकत्ते से शंभुनाथ बलियासे 'मुकुल' के संपादन में आरम्भ हुआ । भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के विकास एवं संवर्धन के समानान्तर हिन्दी की पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा करना इसका उद्देश्य है । इसके अनेक विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें 'शल्य चिकित्सांक', 'शालाक्य चिकित्सांक', 'कायचिकित्सांक', 'बालरोगांक', 'अनुपान अंक', 'निदान अंक', 'आशुचिकित्सांक', 'च्यवचलप्राश अंक', 'काया कल्प चिकित्सांक', 'रस रसायन अंक', 'अनुभूति चिकित्सांक', 'प्रयोगांक', 'शिलाजीत अंक', 'अग्निमांद्य चिकित्सांक', 'मधुमेह चिकित्सांक', डाबर शताब्दी अंक' और 'संक्रामक रोग विशेषांक' प्रमुख हैं ।

'आर्य'—इस मासिक पत्र का प्रकाशन सन् १९१४ में लाहौर से आरंभ हुआ था । यह आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का मुख पत्र था । इसके प्रथम संपादक चमूपति थे, जिन्होंने १९१५ तक इसका संपादन किया । इसके पश्चात् अवनीन्द्र कुमार विद्यालंकार ने लगभग छः वर्षों तक इसका संपादन किया । तब प्रियव्रत वेदवाचस्पति इसके संपादक नियुक्त हुए । आरंभ में यह उर्दू और हिंदी दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था । इस मध्य पंडित भीमसेन विद्यालंकार इसके संपादक रहे । इसके पश्चात् यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होने लगा और इसके संपादन का भार यशपाल सिद्धांतालंकार ने ग्रहण किया । १९५८ में इसके संपादक जगदेव सिंह शास्त्री सिद्धांती हुए । इसी मध्य पंजाब में अशांति के कारण इसका संपादन एवं प्रकाशनाधिकार वैद्य सत्यव्रत के पास रह गया । अतः आर्य प्रतिनिधि सभा ने सन्१९५९ में 'आर्योदय' नामक नये पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया ।

'आर्य कुमार'—सर्वप्रथम यह साप्ताहिक पत्र सन् १९१९ में लखनऊ से प्रकाशित हुआ था । इसके दो-तीन अंक प्रकाशित हुए और उसके पश्चात् यह बंद हो गया । सन् १९१९ में मथुरा प्रसाद शिवहरे के सम्पादकत्व में यह फतेहपुर पुनः प्रकाशित होने लगा । सन् १९२३ में भारत वर्षीय आर्य कुमार परिषद् द्वारा यह पुनः दिल्ली से प्रकाशित किया गया तथा केशव देव शास्त्री इसके संपादक नियुक्त हुए । इसके पश्चात् विश्वंभर प्रसाद शर्मा के संपादकत्व में इसका प्रकाशन कलकत्ते से होने लगा । कुछ समय के लिए पुनः दिल्ली से प्रकाशित होकर अन्त में कानपुर से इसका प्रकाशन आरंभ हुआ, परंतु पुनः स्थगित हो गया ।

'आर्य गजट'—दिसम्बर सन् १९७३ से पंजाब का यह

पुराना पत्र मासिक रूप में दिल्ली से पुनः प्रकाशित हुआ। इसके सम्पादक महात्मा आर्य भिक्षु और दुर्गादास शर्मा हैं। इसके अनेक विशेषांक प्रकाशित हुए जिनमें 'आर्य समाज स्थापना शताब्दी विशेषांक' (दिसम्बर १९७३), 'ऋषिबोध विशेषांक' (फरवरी १९७४) आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

'आर्य जगत'–सन् १९२४ में 'आर्य जगत' मासिक पत्र का प्रकाशन लाला खुशहाल चन्द के संपादकत्व में आरंभ हुआ। यह सिंध, पंजाब तथा बिलोचिस्तान के आर्य जगत का मुख पत्र था। अक्टूबर १९४० से यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होने लगा। स्वतंत्रता के पश्चात् यह पत्र रामानंद शर्मा के सम्पादकत्व में जालन्धर से प्रकाशित होने लगा। १९७१-७२ में इसका प्रकाशन दिल्ली से होने लगा।

'आर्य जीवन' —नवम्बर १९०२ में लाहौर से इस पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। इसके संपादक पंडित पूर्णानन्द तथा उपसंपादक पं० गुरुदेव थे। लाहौर के पंजाब एकोनोमिकल प्रेस से इसका मुद्रण होता था। आर्य भ्रातृ सभा लाहौर का यह मुख पत्र था।

'आर्य ज्योति'—२४ मार्च सन् १९६० को इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन आरंभ किया गया था। इसे 'आर्य समाज में नव जागरण तथा नव क्रांति का अग्रदूत' कहा जाता था। इसके आदि सम्पादक वीरेंद्र तथा तथा सह संपादक राम चंद्र जावेद थे। इसका प्रकाशन कुछ समय स्थगित रहने के उपरांत १९७० में पुनः आरंभ हुआ।

'आर्य दर्पण'—सन् १८७८ में आर्य समाज के इस सर्वप्रथम मासिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इसके सम्पादक मुंशी बख्तावर सिंह थे। यह द्विभाषी पत्र था तथा हिंदी उर्दू में प्रकाशित होता था। इसमें वेद आदि सत्य शास्त्रानुकूल सनातन धर्मोपदेश विषय की वार्ता, स्वामी दयानंद के व्याख्यान और आर्य समाज के वृत्तांत आदि प्रकाशित होते थे। सन् १९०६ में इसका प्रकाशन स्थगित हो गया था।

'आर्य पत्रिका'—१ जून सन् १९१२ से यह पत्रिका मारीशस से प्रकाशित हुई थी। इसका सम्पादन तोतालाल करते थे। कालांतर में यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होने लगी। १७ अगस्त सन् १९२४ से इसका सम्पादन भार काशीनाथ ने ग्रहण किया। सन् १९४० से यह 'जागृति' नाम से प्रकाशित हुई और आत्माराम इसके संपादक बने। इस द्विभाषी पत्रिका में हिंदी के साथ अंग्रेजी का अंश भी प्रकाशित होता था।

'आर्यप्रभा'—सन् १९१४ में लाहौर से इस मासिक पत्रिका का संपादन संतराम बी० ए० द्वारा आरंभ किया गया। इसके सहायक संपादक महानंद थे। सन् १८ से यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होने लगा।

'आर्यभानु'—१९४६ में आर्य प्रतिनिधि सभा हैदराबाद के इस मुख पत्र का प्रकाशन साप्ताहिक रूप में आरंभ हुआ था। इसके आदि संपादक विनायक राव विद्यालंकार थे।

'आर्य मर्यादा'—इस पत्र का प्रकाशन नवम्बर १९६८ में आरंभ हुआ था। यह 'आर्योदय' का ही परिवर्तित रूप था। इसके संपादक रघुवीर सिंह शास्त्री तथा सह संपादक (पं०) जगदेव सिंह शास्त्री थे। कालांतर में इसके संपादक वीरेंद्र जी तथा (डॉ०) यज्ञ मित्र भी नियुक्त हुए थे।

'आर्य मार्तण्ड'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रथम अंक १३ फरवरी १९२३ को अजमेर से प्रकाशित हुआ था। इसके संस्थापक मिट्ठन लाल भार्गव तथा संपादक राम सहाय शर्मा थे। सन् १९५३ में इसे मासिक पत्र का रूप दे दिया गया।

'आर्य मित्र'—उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में इस पत्र का प्रकाशन लखनऊ से आरंभ हुआ। इसके प्रथम संपादक बद्री दत्त जोशी थे। इसके परवर्ती संपादकों में सूर्य प्रसाद शर्मा, हुकुम सिंह, रुद्र दत्त शर्मा, नंद कुमार शर्मा, सूर्य कुमार सिंह, भवदत्त शास्त्री, शिव शंकर शर्मा, लक्ष्मीधर वाजपेयी (सर्वदानंद) हरिशंकर शर्मा, धर्मेंद्र नाथ तर्क शिरोमणि, बनारसी दास चतुर्वेदी, (डॉ०) सत्येन्द्र, राम स्वरूप शास्त्री, जगन लाल गुप्त, मंगल देव शर्मा, राम चंद्र श्रीवास्तव, 'चंद्र', क्षेम चंद्र सुमन, मधुसूदन चतुर्वेदी, बाबूराम गुप्त, ब्रह्मानंद आयुर्वेदाचार्य, जयदेव शर्मा विद्यालंकार, ऋषिदेव विद्यालंकार, आर्येंद्र वेद शिरोमणि, भगवान प्रसाद, नरेन्द्र नाथ शास्त्री, कार्येन्द्र शर्मा, उमेश चंद्र, मदन मोहन सेठ, महेन्द्र प्रताप शास्त्री, धर्म पाल विद्यालंकार, गोपाल दत्त जोशी, उमेशचंद्र स्नातक,

यज्ञदत्त शर्मा, गोपाल दत्त शास्त्री, विद्या भास्कर, भारतेन्द्र, शिवदयालु, भगवत शरण, ईश्वर दयालु आर्य, सच्चिदानंद शास्त्री, शिवदयालु, राम चरण विद्यार्थी, प्रेम चंद शर्मा, कैलाश नाथ सिंह तथा नारायण प्रिय गोस्वामी के नाम उल्लेखनीय हैं। यह पत्र आर्य समाज से संबंधित पत्रों में ऐतिहासिक महत्व रखता है।

'आर्य विनय'—आर्य समाज, मुरादाबाद के तत्वावधान में १ मई सन् १८८५ को इस पाक्षिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ। इसके संपादक रुद्रदत्त शर्मा और मुद्रक मुंशी समर्थ दान थे। इसमें समाचारों के अतिरिक्त राजकीय, सामाजिक और धार्मिक विषयों का समावेश होता था। इसके प्रथम अंक में पत्र के अवतार लेने का प्रयोजन शीर्षक लेख में संपादक ने स्पष्ट किया है कि 'रुहेलखण्ड के पाँच जिलों में कोई भाषा पत्र नहीं निकलता। इसी अभाव की पूर्ति के लिये यह प्रारम्भ किया गया है।'

'आर्य संसार'-कलकत्ते से प्रकाशित यह विशिष्ट पत्र आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रचार प्रसार की दृष्टि से विशेष महत्व पूर्ण है। इसका प्रकाशन जनवरी १९५९ में मासिक रूप में आरम्भ हुआ था। इसके संपादक उमाकांत उपाध्याय और प्रकाशक महाशय रघुनंदन लाल थे। इसके अनेक विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें 'उपनिषद् विशेषांक', 'वैदिक लोरिया', 'गुरुदत्त लेखावली', 'आर्य समाज स्थापना शताब्दी', 'श्रद्धानन्द बलिदान', 'अर्ध शताब्दी विशेशांक', भारतीय-स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज की देन', 'त्रैतवाद का उद्भव और विकास' तथा 'महर्षि दयानंद निर्वाण शताब्दी विशेषांक' आदि उल्लेखनीय हैं।

'आर्य समाचार'—सन् १८७८ में इस पत्र का प्रकाशन मेरठ से आरंभ हुआ। बाद में यह कानपुर से प्रकाशित होने लगा था। १९१७ में यह मासिक रूप में पंडित घासी राम के संपादकत्व में प्रकाशित हुआ। यह द्विभाषी पत्र था, जिसमें हिंदी के साथ उर्दू के भी लेख होते थे।

'आर्य सिद्धांत'—सन् १८८७ में इस पत्र का प्रकाशन प्रयाग से आरंभ हुआ था।इसके संपादक भीमसेन शर्मा तथा ज्वालादत्त शर्मा थे। इसके माध्यम से स्वामी दयानंद तथा आर्य समाज की स्थापनाओं और मान्यताओं के विरोध में प्रकाशित होने वाली टीका-टिप्पनियों एवं आरोपों का खंडन किया जाता तथा उन आलोचनाओं और आक्षेपों का सटीक उत्तर दिया जाता था।

'आर्य सेवक'—आर्य प्रतिनिधि सभा मध्य प्रदेश तथा विदर्भ के इस मासिक मुख पत्र का प्रकाशन १५ जून १९०३ से आरंभ हुआ। जनवरी १९१५ में इसे पाक्षिक बना दिया गया। जून १९२९ में यह साप्ताहिक हो गया। १९४८ से यह पुनः नागपुर से मासिक रूप में निकल रहा है। इसके संपादकों में मुंशी चरण दास खत्री, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, गणेश प्रसाद शर्मा, महेन्द्रदत्त, मुरलीधर शर्मा, (ठाकुर) लक्ष्मण सिंह चौहान, (श्रीमती) शकुन्तला गुप्त, (ठाकुर)शेर सिंह साहित्यरत्न, (प्रो०) शंकर लाल पाली, नरेन्द्र विद्यावाचस्पति, (स्वामी) दिव्यानंद सरस्वती तथा विश्वंभर प्रसाद शर्मा आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

'आर्यावर्त'—इस पत्र का प्रकाशन १ अप्रैल सन् १८८७ को कलकत्ता से आरंभ हुआ था। इसके संचालक महावीर प्रसाद और प्रथम संपादक रुद्रदत्त शर्मा थे। सन् १८९७ में क्षेत्रपाल शर्मा इसके सम्पादक बने। सन् १९८७ में यह रांची से, सन् १९८९ में से दानापुर से और उसके पश्चात् भागलपुर से प्रकाशित हुआ। कृपा राम शर्मा (स्वामी दर्शनानन्द सरस्वती), ब्रह्मानन्द, श्याम शर्मा तथा होतीलाल ने भी इसका संपादन किया। सन् १९१३ में इसके सहकारी संपादक स्वामी भवानी दयाल संन्यासी तथा सहयोगी संपादक महादेव शरण नियुक्त हुए थे।

'आर्योदय'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन सन् १९५९ में आरंभ हुआ था। इसके संपादकों में सिद्धांत जी, हरिप्रकाश आयुर्वेदालंकार, रघुवीर सिंह शास्त्री तथा सह संपादकों में शांति प्रकाश एवं भारतेंद्र नाथ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इसके कई विशेषांक भी प्रदाशित हुए हैं, जिनमें 'महाशय कृष्ण स्मृति अंक' तथा 'स्वाध्याय अंक' प्रमुख हैं।

'आर्षपथ'—मार्च सन् १९५९ में जोधपुर से इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इसके प्रथम संपादक चांदमल आर्य थे। इस पत्र में आर्य समाज से संबन्धित सैद्धांतिक लेख मुख्य रूप से छापे जाते थे। इसके केवल चार अंक ही प्रकाशित हो सके थे।

'आलोचना'—हिंदी की इस स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा पत्रिका का प्रकाशन दिल्ली से आरंभ हुआ था। इसके पूर्व संपादक शिवदान सिंह चौहान, (डॉ०) व्रजेश्वर वर्मा, (डॉ०)धर्मवीर भारती,(डॉ०) रघुवंश, विजय देव नारायण साही, (आचार्य) नन्द दुलारे वाजपेयी थे। इसके वर्तमान संपादक (डॉ०) नामवर सिंह, सहायक संपादक नन्दकिशोर नवल तथा प्रबंध संपादक (श्रीमती) शीला संधू हैं। इसके स्थायी महत्व के अनेक विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं।

'उग्र'—यह हिंदी का अपने ढंग का अकेला पाकेट पत्र था, जिसका संपादन पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' ने किया था। यह काशी से प्रकाशित होता था।

'उचित वक्ता'—कलकत्ते से सन् १८८० में इस पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। समकालीन पत्रकारिता में व्याप्त अनुकरण वृत्ति के विपरीत नई दिशा की खोज इसका उद्देश्य था। इसी उद्देश्य से एक यथार्थ समदर्शी उचित परामर्श दाता के रूप में इस पत्र का प्रकाशन आरंभ किया गया था।

'उदंत मार्तण्ड'—हिंदी के सर्वप्रथम पत्र के रूप में इसकी मान्यता है। इसके संपादक युगुल किशोर शुक्ल थे। इसका प्रकाशन ३० मई १८२६ को आरंभ हुआ था। यह साप्ताहिक रूप में कलकत्ते से प्रकाशित होता था। इसके प्रकाशनारम्भ के दिन अर्थात् ३० मई को प्रति वर्ष हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजित किया जाता है। इस पत्र में विविध विषयक सामग्री दी जाती थी। प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होने वाले इस पत्र में सरकारी अफसरों की नियुक्ति और स्थानांतरण की सूचनाएं, यात्रा वर्णन, व्यापारिक और कानूनी सूचनाएं, जहाजों की समय सारिणी, विदेश चर्चा, साहित्यिक सूचनाएं, सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित होते थे। इसके ७६ अंक प्रकाशित हुए थे। इसके प्रकाशन की पृष्ठभूमि में हिंदी में पत्र प्रकाशन की भावना थी—'यह उदन्त मार्तण्डअब पहिले पहल हिंदुस्तानियों के हित के हेतु जो आज तक किसी ने नहीं चलाया, पर अंग्रेजी जो पारसी ओबंगले में जो समाचार का कागज छपता है उसका सुख उन बोलियों के जानने ओ पढ़ने वालों को ही होता है। इससे सत्य समाचार हिंदुस्तानी लोग देखकर आप पढ़ ओ समझ लेयं और पराई उपेक्षा न करें जो अपने भाषे की उपज न छोड़े इसलिए श्रीमान गवरनर जनरल बहादुर की आयस से ऐसे साहस में चित्त लगाय के एक प्रकार से यह नया ठाट ठोटा। जो कोई प्रशस्त लोग इस खवर के कागज के लेने की इच्छा करें तो अमड़ा तला की गली ३७ अंक मार्त्तण्ड छापाघर में अपना नाम ओ ठिकाना भेजने से ही सतवारे यहाँ के रहने वाले डाक पर कागज पाया करेंगें, दुर्भाग्यवश ग्राहकों की कमी के कारण इस पत्र का प्रकाशन बंद हो गया और अपनी अंतिम सम्पादकीय टिप्पणी में सम्पादक ने पाठकों से विदा लेते हुये लिखा—'इस उदन्त मार्तण्ड में नाव पड़ने के पहिले पछाहियों के चित्त का इस कागज न होने से हमारे मनाये सफल होने का बड़ा उत्साह था इसलिए हमारे बिन कहे भी इस कागज की सही की बदी करते गये पै हमैं पूछिये तो इनकी मायावी दवा सरकार अंग्रेज कम्पनी महाप्रतापी की कृपा कटाक्ष जैसे औरों पर पड़ी वैसे पड़ जाने की बड़ी आशा थी और मैने इस विषय में उपाय यथोचित किया है। करम की रेख कौन मेटे। तिस पर भी सही की बदी देख जी दुखी होता रहा। अंत में नये कैसे काम दिखाई दिये इस हेतु स्वार्थ अकारथ जान निरे परमारथ को कहां तक बन जिए। अब अपने व्यवसायी भाइयों से मन की व्यथा बताय विदा होते है। हमारे कहे सुने का मन में न लाइयों जो दैव और भूधर मेरी अंतर व्यथा और गुण को विचार सुधि करेंगे तो मेरे ही हैं। शुभमिति।' हिंदी के इस सर्वप्रथम पत्र का जो असामयिक अंत हुआ, उसकी मार्मिक व्यथा इसके अंतिम अंक में प्रकाशित निम्नलिखित वक्तव्य से प्रकट होती है—'उदन्त मार्तण्ड की यात्रा मिति पौष बदी। भौम संवत १८८४ तारीख दिसम्बर सन् १८२७-आज दिवस लौं उग चुक्यौं मार्तण्ड उदन्त, अस्ताचल को जात है दिनकर दिन अब अंत।'

'उषा'-१६१४ में लाहौर से इस पत्रिका का प्रकाशन पं० संतराम बी० ए० द्वारा किया गया था। जमानत न दे पाने की असमर्थता के कारण यह यह पत्र दो वर्ष बाद बंद हो गया।

'कल्पना'—हैदराबाद से प्रकाशित इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १६४६ में द्वैमासिक रूप में आरंभ हुआ था। इसके प्रधान संपादक (डॉ०) आर्येन्द्र शर्मा एवं संपादक मण्डल के सदस्य बद्री विशाल पित्ती, मुनीन्द्र,

जगदीश मित्तल, गौतम राव, कान्ता, आलम खुदमीरी, सईद बिन मुहम्मद तथा ओम प्रकाश निर्मल रहे हैं। दो वर्ष तक द्वैमासिक रूप में प्रकाशित होने के पश्चात् यह मासिक रूप में प्रकाशित होने लगी। स्वातंत्त्योत्तर युगीन हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में इस पत्रिका का विशिष्ट महत्व है।

'कल्याण'—सन् १९२६ में इस धार्मिक-आध्यामिक पत्रिका का प्रकाशन बम्बई से आरम्भ हुआ था। सन् १९२७ से यह नियमित रूप से गोरखपुर से प्रकाशित होने लगी। हनुमान प्रसाद पोद्दार, चिम्मन लाल गोस्वामी, रामनारायण दत्त पाण्डेय, गौरी शंकर द्विवेदी, माधव शरण, शिव नाथ दुबे, रामलाल, कृष्ण चंद अग्रवाल आदि संपादकों का सहयोग इसे प्राप्त हुआ। बिना किसी विज्ञापन के स्वीकार करने की नीति अपना कर भी इसकी ग्राहक संख्या लाखों में हैं। इसके प्रति वर्ष स्थायी महत्व के विशेषांक नियमित रूप में प्रकाशित होते हैं। इनमें 'भगवन्नामांक', 'भक्तांक', 'गीतांक', 'रामायणांक', 'कृष्णांक', 'ईश्वरांक', 'शिवांक', 'शक्ति अंक', 'योगांक', 'संतांक', 'मानसांक', 'गीता-तत्वांक', 'साधनांक', 'गौअंक', 'नारी अंक' तथा 'उपनिषदांक' आदि प्रमुख हैं।

'कवि वचन सुधा'—भारतेन्दु हरिश्चद्र ने इस पत्रिका का संपादन सन् १९६७ में आरम्भ किया था। यह काशी से प्रकाशित होती थी। आरन्भ में यह मासिक पत्रिका थी। बाद में यह पाक्षिक रूप में प्रकाशित होने लगी। सन् १८८१ से इसने साप्ताहिक पत्र का रूप धारण कर लिया। इसकी केवल २५० प्रतियां मुद्रित होती थीं और प्रत्येक अंक में २२ पृष्ठ होते थे। इसमें विविधि विषयक निबन्ध और समाचार प्रकाशित होते थे। इसकी प्रकाशन नीति इन पंक्तियों में स्पष्ट की गई है—'खल जनन से सज्जन सुखी मत होंहि हरि पद मति रहै, उपधर्म छूटैं सत्व निज भारत गहै कर दुख वहै। बुध तजहिं मत्सर नारि नर सम होंहि जग आनद लहै, तजि ग्राम कविता सुकवि जनकी अमृत बानी सव कहैं।' आरम्भ में इस पत्र को सरकारी सहायता भी प्राप्त होती थी, परन्तु संपादन नीति सरकार विरोधी होने के कारण वह बन्द हो गयी। सन् १८८५ में इस पत्रिका का संपादन स्थगित हो गया।

'कादम्बिनी'—यह मासिक पत्रिका दिल्ली से प्रकाशित होती है। बालकृष्ण राव, राजेंद्र अवस्थी, एस० एम० अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, प्रभा भारद्वाज, डॉ० जगदीश चन्द्रिकेश, भगवती प्रसाद डोभाल, सुरेश नीरव, धनंजय सिह आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त है।

'केरल भारती'—दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा (केरल) एरणाकुलम द्वारा सन् १९५५ से प्रकाशित इस मासिक पत्रिका का भाषायी आदान-प्रदान एवं दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार और राज भाषा के रूप में कार्यान्वियन की दृष्टि से विशेष महत्व है। इसके प्रधान संपादक के० रामदासन नायर हैं।

'ग्रंथालय'—नवम्बर सन् १९४८ से यह मासिक पत्र दिल्ली से प्रकाशित हुआ था। इसके संपादक मुरारी लाल नागर थे। हिंदी में पुस्तकालय विज्ञान संबंधी यह अकेला पत्र है।

'गुरुकुल पत्रिका'—सितम्बर सन् १९४८ में गुरुकुल कांगड़ी की इस मासिक मुख पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इस पत्रिका का उद्देश्य गुरुकुल शिक्षा का प्रचार तथा संस्कृत एवं आर्य संस्कृति को लोक प्रिय बनाना था। इसके आदि संपादक रमेश वेदी आयुर्वेदालंकार तथा सुखदेव विद्या वाचस्पति थे। सन् १९७५ में इस पत्रिका का प्रकाशन स्थगित हो गया।

(दैनिक) 'छत्तीसगढ़ केसरी'—इस दैनिक पत्र का प्रकाशन मध्य प्रदेश के भिलाई नगर से हुआ था। इसके सम्पादक विमल कुमार पाठक थे। इस पत्र का उद्देश्य स्थानीय छत्तीसगढ़ी जनता के हितों की रक्षा हेतु आवाज बुलंद करना, वहां के साहित्य, कला, संस्कृति आदि का प्रसार करके सत्साहित्य से पाठकों का स्वस्थ मनोरंजन करना था। इसका प्रकाशन २ अक्टूबर सन् १९६७ को आरंभ हुआ था। १० जूलाई सन् १९७१ को इसका प्रकाशन स्थगित हो गया।

'छात्र सहोदर'—मातादीन शुक्ल 'सुकवि नरेश' और उनके मित्रों के सहयोग से इसका प्रकाशन राष्ट्रीय आंदोलन को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से हुआ था। अपनी तेजस्वी अभिव्यक्ति और ओजस्विता के लिए यह बहुत अधिक लोक प्रिय हो गया था।

'जन ज्ञान'—यह मासिक पत्र १५ मई सन् १९६८ से नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ था। इसका सम्पादन

प्रारम्भ में भगवानदेव शर्मा ने किया । कालांतर में यह दयानंद संस्थान का मुख पत्र बन गया और श्रीमती राकेश रानी इसकी सम्पादिका बनीं ।

'जबलपुर टाइम्स'—सन् १८८९ में जबलपुर से इस द्वि-साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रत्येक बुधवार को होता था । यह लीथो प्रणाली से प्रकाशित होता था ।

'जबलपुर समाचार'—सन् १८७३ में यह पाक्षिक और द्विभाषी पत्र हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित हुआ । यह बनारस प्रेस में छपता था। तत्कालीन विदेशी शासन की उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रकाशित करना इस पत्र का मुख्य उद्देश्य था ।

'जागरण'—यह पत्र ११ फरवरी सन् १९३२ को काशी से पाक्षिक रूप में प्रकाशित हुआ था । इसके संस्थापक और संचालक विनोद शंकर व्यास थे । शिव पूजन सहाय इसका संपादन किया करते थे। कालांतर में यह साप्ताहिक रूप में प्रेम चन्द के द्वारा संपादित हुआ । हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के इतिहास में इसका विशिष्ट महत्व है ।

'ज्ञानोदय'—सन् १९४९ में बनारस में इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरभ हुआ था । कुछ समय पश्चात् यह कलकत्ते से प्रकाशित हुआ । इसके प्रथम संपादकों में लक्ष्मी चंद्र जैन एवं जगदीश के नाम उल्लेखनीय हैं । इसके अनेक महत्वपूर्ण विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं ।

'टंकारा पत्रिका'—नवम्बर सन् १९५९ में ईस मासिक मुख पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था । इसके आदि संपादक मंडल में देव प्रकाश पातन्जलि शास्त्री, युधिष्ठिर मीमांसक एवं देवेन्द्रनाथ कर्णिक थे। ईस पत्रिका का उद्देश्य शोध एवं अनुसंधान परक रचनाओं का प्रकाशन था । इसीलिए इसमें वैदिक गवेषणा विषयक लेखों को प्राथमिकता दी जाती थी । ईसका प्रकाशन सन् १९६६ में स्थगित हो गया ।

'टिस्को समाचार'—टाटा आयरन ऐण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड, जमशेदपुर की मासिक गृह पत्रिका के रूप में इसका प्रकाशन ७ जुलाई सन् १९५० को आरंभ हुआ था । जून सन् १९७१ तक यह पाक्षिक रूप में एवं तत्पश्चात् मासिक रूप में प्रकाशित हुई । इण्डियन एसोशियेन आव् इण्डिस्ट्रयल एडिटर्स (नया नामकरण बिजनेस कम्युनीकेटर्स आव इंडिया) द्वारा आयोजित पत्र-पत्रिकाओं की वार्षिक प्रतियोगिता में सन् १९६५ से सन् १९७४ तक लगातार पुरस्कृत (सात वार प्रथम पुरस्कार प्राप्त), कुल बारह वार पुरस्कृत, सन् १९६७ और सन् १९७१ में 'मैंगजीन आव् द ईयर' की शील्ड प्राप्त करके प्रेमनंदन सिन्हा के सम्पादन में यह अपने क्षेत्र में हिंदी प्रसार कार्य में संलग्न है ।

'तिमिर नाशक'—३० जून १८९० को कृपा राम शर्मा (स्वामी दर्शनानंद) के द्वारा सम्पादित ईस पत्र का प्रकाशन काशी से आरंभ हुआ । ईसका वार्षिक शुल्क २ रु० ५० पैसा था । यह साप्ताहिक पत्र था ।

'दयानंद संदेश'—यह पत्र आर्ष साहित्य प्रचार ट्रस्ट, दिल्ली के मासिक मुख पत्र के रूप में सितम्बर १९६७ से प्रकाशित हुआ था । इसके सम्पादक राजेंद्रनाथ शास्त्री और सह सम्पादक सुदर्शनदेव आचार्य थे ।

'देवनागर'—कलकत्ते से प्रकाशित इस पत्र का ऐतिहासिक महत्व इस कारण से है क्योंकि इस पत्र का मुख्य उद्देश्य है भारत में एक लिपि का प्रचार बढ़ाना और वह एक लिपि देवनागराक्षर है । इससे किसी प्रान्तिक पाठक के चित्त में यह भ्रम न उत्पन्न हो कि प्रान्तिक लिपि विलुप्त हो जायेगी या उनकी साहित्योन्नति में प्रतिबंध होगा क्योंकि सब प्रांतों में प्रांतिक लिपि के अतिरिक्त सुशिक्षित लोगों को रोमन तथा देव नागरी लिपियों का सीखना भी वहुत आवश्यक है और भारतीय अन्य लिपियों की अपेक्षा देवनागराक्षर का प्रचार विदेशों में भी अधिकतर है ।

'देशोपकारक'—आयुर्वेद विषयक लेखों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह पत्र लाहौर से (पंडित)ठाकुरदत्त शर्मा द्वारा १९१० में प्रकाशित किया गया था ।

'धर्म युग'—इस लोक प्रिय साप्ताहिक का प्रकाशन सन् १९४९ में बम्बई से आरंभ हुआ था । इसके संचालक प्यारे लाल शाह थे । सत्यकाम विद्यालंकार, इलाचंद जोशी, राजेन्द्र शर्मा, मनमोहन सरल, गणेश मंत्री, राजन गांधी, आलोक मेहरोत्रा, अवध किशोर पाठक, अनुराग चतुर्वेदी, ओम प्रकाश सुमन सरीन, कैलाश सेंगर आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त हुआ है । सम्प्रति धर्म वीर भारती इसके संपादक हैं ।

'धर्मवीर'—इस पत्र का प्रकाशन डर्बन (दक्षिण अफ्रीका) से सन् १९१६ में (पं०) लेखराम की स्मृति में आरंभ

हुआ था। इस साप्ताहिक पत्र का संपादन रल्लाराम गंधीलामल भल्ला ने किया था। सहायक सम्पादन दो वर्ष तक भवानी दयाल संन्यासी ने किया था। यह द्विभाषी पत्र था, जिसमें हिंदी के साथ अंग्रेजी का अंश भी प्रकाशित होता था।

'नंदन'—ईस बालोपयोगी मासिक पत्रिका का प्रकाशन दिल्ली से आरंभ हुआ। जय प्रकाश भारती, राजेंद्र अवस्थी, चंद्रदत्त, रत्न प्रकाश शील, देवेन्द्र कुमार, क्षमा शर्मा, सुधा जैन आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त है।

'नयन रश्मि'—इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९५७ में आरंभ हुआ था। यह पत्रिका भारत सरकार के तत्वावधान में देहरादून से प्रकाशित होती है। ठाकुर विश्वनारायण सिंह इसके संपादक हैं। हिंदी ब्रेल लिपि के माध्यम से नेत्र हीनों के बीच भारत तथा विश्व के अनेक देशों में हिंदी साहित्यिक एवं कला तथा भारतीय राजनीति और दर्शन का प्रचार प्रसार इसका उद्देश्य है। हिंदी में 'ब्रेल' पत्रकारिता के विकास की दृष्टि से इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'नवजीवन'—१५ जून १९०९ में केशव देव द्वारा काशी से इस पत्र का संपादन-प्रकाशन आरंभ किया गया था। इस पत्र में आर्य समाज के आंदोलन से संबन्धित लेखों के साथ साथ नैतिक, धार्मिक, सामाजिक तथा राजनीतिक विषयों से संबन्धित लेख भी छापे जाते थे। यह अपने समय के सर्वश्रेष्ठ पत्रों में परिगणित किया जाता था। इस पत्र का प्रकाशन सन् १९१९ तक होता रहा।

'नवनीत'—इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९५१ में बम्बई से आरंभ हुआ था। कन्हैया लाल माणिकलाल मुंशी, श्रीगोपाल नेवटिया, रतनलाल जोशी, सत्यकाम विद्यालंकार आदि का संपादन सहयोग ईसे प्राप्त हुआ।

'नागरी प्रचारिणी पत्रिका'—इस पत्रिका का प्रकाशन १८९६ से हुआ था। प्रारंभ में यह चौबीस वर्षों तक मासिक रूप में प्रकाशित हुई। तत्पश्चात् यह त्रैमासिक रूप में प्रकाशित होने लगी। इसके संपादकों में (डॉ०) श्यामसुंदर दास, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, चंद्र धर शर्मा 'गुलेरी', डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल, राधा कृष्ण दास, किशोरी लाल गोस्वामी, सुधाकर द्विवेदी, रामचंद्र बर्मा, राम चंद्र शुक्ल, केशव प्रसाद मिश्र, मंगल देव शास्त्री, जयचंद नारंग, लल्ली प्रसाद पांडेय, पद्म नारायण आचार्य, विश्व नाथ प्रसाद मिश्र, संपूर्णानंद, हजारी प्रसाद, द्विवेदी, कृष्णानंद, जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, वेनी प्रसाद, करुणापति त्रिपाठी, शिवनाथ, बच्चन आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। स्थायी महत्व के अनेक विशेषांक भी प्रकाशित हो चुके हैं। भारत के अतिरिक्त विदेशों में भी ईसका प्रचार और प्रसार है। गवेषणा प्रधान पत्रिकाओं में इसका उल्लेखनीय स्थान है।

'नृसिंह'—सन् १९०७ में पंडित अंबिका प्रसाद वाजपेयी द्वारा इस पत्र का संपादन आरम्भ किया गया था। यह साप्ताहिक पत्र था और इसका प्रकाशन एक वर्ष तक ही हुआ। इसका उद्देश्य धीर गंभीर राजनीतिक विषयों और आलोचनाओं की सांगोपांग एवं गवेषणात्मक मीमांसा करना था।

'परिचय'—यह पत्र मई १९७९ में ओसलो (नार्वे) से प्रकाशित होना आरंभ हुआ। इसके प्रकाशन की अवधि दिसम्बर १९८२ तक मासिक रूप में रही। जनवरी १९८३ से यह द्वैमासिक रूप में प्रकाशित होने लगा। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिये संस्कृति, साहित्य, कला और विकास सूचनात्मक समाचार और लेख आदि प्रकाशित करना है। नार्वे और स्वीडन आदि के अतिरिक्त भारत आदि में भी इसकी कुछ प्रतियाँ भेजी जाती हैं। यह मुख्यतः हिंदी, अंग्रेजी तथा पंजाबी आदि में प्रकाशित होता है। आरंभ में यह हस्तलिखित था, अब हस्तलिखित और टंकित रूप में उपलब्ध है। इसके प्रधान संपादक सुरेश चंद्र शुक्ल हैं। इसका प्रकाशन नार्वे की इण्डियन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होता है।

'परोपकारी'—इस षट्मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १८८९ में अजमेर से आरंभ हुआ। दो अंकों के बाद इस पत्रिका का प्रकाशन बंद हो गया। इसका उद्देश्य आर्य समाज के देशोन्नति विषयक विचारों को जन मानस तक पहुंचाना था।

'पांचाल पंडिता'—१५ नवम्बर सन् १८९७ में कन्या महाविद्यालय, जालंधर की इस मुख पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ। इसके संस्थापक एवं संपादक लाला देव राज थे। लाला बद्रीदास ने भी कुछ समय पश्चात् इसके संपादन में सहयोग दिया। स्त्री शिक्षा एवं स्त्री जागरण का संदेश इस पत्रिका का उद्देश्य था।

'प्रणामी धर्म पत्रिका'—जामनगर से प्रकाशित और हरि प्रसाद शर्मा शास्त्री द्वारा सम्पादित इस पत्रिका का उद्देश्य धर्म उन्नति, धर्म रक्षा एवं समाज सेवा है । इसके प्रकाशक आचार्य श्री १०८ श्री धर्मदास जी महाराज हैं। यह सन् १९३९ से मासिक रूप में प्रकाशित हो रही है । इसके अनेक विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें 'मानवता अंक', 'वैदिक सिद्धांत अंक', 'जाग्नी अंक', 'निष्कलंक बुद्ध अवतार अंक', 'स्वर्ण जयन्ती अंक' तथा 'निजानंद चतुर्थ शताब्दी महोत्सव अंक' प्रमुख हैं।

'प्रताप'—इस साप्ताहिक पत्र के संस्थापक-संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी थे। इसका प्रकाशन सन् १९१३ में कानपुर से आरंभ हुआ था । यह दैनिक रूप में भी प्रकाशित हुआ था । इसे सुरेशचंद भट्टाचार्य, माखन लाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', हरिशंकर विद्यार्थी, झब्बूलाल सुल्तानिया 'अज्ञात', युगल किशोर सिंह, सत्यनारायण जायसवाल, प्रकाश नारायण त्रिपाठी, (डॉ०) पुरुषोत्तम प्रसाद शर्मा, अर्जुन प्रसाद शुक्ल, राम नारायण त्रिपाठी, राम किशोर मिश्र, गौरी शंकर त्रिवेदी, दुर्गादत्त पांडेय, विहारी लाल आदि का संपादन सहयोग प्राप्त था । हिंदी की निर्भीक पत्रकारिता के आदर्श रूप में इस पत्र का ऐतिहासिक महत्व है ।

'प्रतीक'—इस पत्रिका का प्रकाशन जून १९४७ से आरंभ हुआ था । सियाराम शरण गुप्त, नगेंद्र, श्रीपत राय, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त हुआ है। हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के विकास में इसका ऐतिहासिक महत्व है ।

'प्रभा'—सन् १९१३ में खण्डवा (मध्य प्रदेश) से इस पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था । सन् १९१७ से १९२३ तक यह कानपुर से प्रकाशित हुई थी । इस समय तक इसका संपादन माखन लाल चतुर्वेदी, शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी तथा श्रीकृष्णदत्त पालीवाल ने किया । सन् १९२३ से इसका संपादन बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' ने किया । हिंदी की राजनैतिक पत्रिकाओं में इसका विशेष महत्व है ।

'फीजी समाचार'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन सुवा (फीजी) से होता है । राम खिलावन शर्मा इसके संपादक हैं । यह द्विभाषी पत्र है, जिसमें हिंदी के साथ अंग्रेजी का भी अंश रहता है ।

'बंग दूत'—इस पत्र का प्रथम अंक १० मई सन् १८२९ को प्रकाशित हुआ था । इसका प्रकाशन राजा राम मोहन राय की प्रेरणा से हुआ था । यह अंग्रेजी, बंगला, फारसी और हिंदी में प्रकाशित होता था । इसके संपादक नील रतन हालदार थे ।

'बनारस अखबार'—इसका प्रकाशन जनवरी सन् १८४५ में राजा शिव प्रसाद 'सितारे हिंद' के सहयोग से हुआ था । यह पत्र लीथो मुद्रण प्रणाली से अत्यन्त साधारण कागज पर प्रकाशित होता था । इसमें संपादक गोविंद रघुनाथ थत्ते थे । इसका प्रकाशन उद्देश्य इन शब्दों में स्पष्ट किया गया है—सुबनारस अखबार यह शिव प्रसाद आधार । बुधि विवेक जन निपुन को चित हित वारंवार । गिरिजापति नगरी जहाँ गंगा अमल जलधार । नेत शुभा शुभ मुकुट को लखौ विचार विचार ।

'बनिता हितैषी'—श्रीमती भाग्यवंती देवी क्षत्रिया के द्वारा संपादित इस स्त्रियोपयोगी पत्रिका का प्रकाशन १५ सितम्बर १८९२ में रांची से आरम्भ हुआ था । यह रांची के कमलेश्वर प्रेस से मुद्रित होती थी ।

'बाल बोधिनी'—भारतेन्दु हरिश्चंद्र द्वारा संपादित इस पत्रिका का प्रकाशन १ जनवरी १८७४ को आरंभ हुआ था । इसे 'बाला बोधिनी' के नाम से भी उल्लिखित किया गया है । इस भ्रम का कारण संभवतः यह था कि यह स्त्री जनों की प्यारी हिंदी भाषा से सुधारी पत्रिका थी। इस मासिक पत्रिका के प्रथम अंक में प्रथम पृष्ठ पर यह निवेदन प्रकाशित हुआ था—'मेरी प्यारी बहनों । मैं एक तुम्हारी नई बहन 'बाल बोधिनी' आज तुम लोगों से मिलने आयी हूं और मेरी यही इच्छा है कि तुम लोगों से सब महीनों में एक बेर मिलूं, देखो मैं तुम लोगों से अवस्था में कितनी छोटी हूं क्योंकि तुम सब बड़ी हो चुकी हो और मैं अभी जन्मी हूं और इस नाते से मैं तुम सबकी छोटी बहिन हूं पर मैं तुम लोगों में हिलमिल कर सहेलियों और संगिनों की भांति रहना चाहती हूं, इससे मैं तुम लोगों से हाथ जोड़ कर और आंचल खोलकर यही मांगती हूं कि मैं जो कभी कोई भली-बुरी-कड़ी-नरम, कहनी-अनकहनी कहूं उसे मुझे अपनी समझ कर क्षमा करना क्योंकि मैं जो कुछ कहूंगी

सो तुम्हारे हित की कहूंगी' इस पत्रिका का ऐतिहासिक महत्व नारी चेतना का आह्वान करने की दृष्टि से है।

'बाल भारती'—इस सरकारी मासिक पत्रिका का प्रकासन् १९४७ से आरंभ हुआ था। मन्मथ नाथ गुप्त, प्रयाग नारायण त्रिपाठी, सावित्री देवी वर्मा, द्रोण वीर कोहली सूर्य नारायण सक्सेना, प्रेम कांत भार्गव, वीरेश्वर भट्टाचार्य, राजेन्द्र भट्ट तथा श्रीमती रोमी शर्मा आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त है।

'बाल सखा'—जनवरी सन् १९१७ से इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रयाग से हुआ था। बद्री नाथ भट्ट लल्ली प्रसाद पांडेय, देवी दत्त शुक्ल, कामता प्रसाद गुरु, गिरिजा दत्त शुक्ल, 'गिरीश' तथा श्रीनाथ सिंह ने इसका संपादन समय-समय पर किया। इसके अनेक विशेषांक भी प्रकाशित हुए हैं, जिनमें बालकों की हस्त लिखित पत्रिकाओं का विशेषांक सर्वाधिक महत्व पूर्ण है। हिंदी बाल पत्रिकारिता के विकास में इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'ब्राह्मण'—इस पत्र का प्रकाशन कानपुर से प्रताप नारायण मिश्र ने आरंभ किया था। इसका प्रथम अंक १५ मार्च सन् १८८३ को प्रकाशित हुआ था। प्रारंभ में यह कानपुर से प्रकाशित होता था, परन्तु मिश्र जी के 'हिंदुस्तान' में संपादक होकर कालाकांकर चले जाने के कारण यह वहाँ से भी प्रकाशित हुआ था। अंतिम वर्षों में यह बांकीपुर से प्रकाशित होता था। इसके प्रथम अंक में यह उद्देश्य था कि 'कभी राज्य संबन्धी कभी व्यापार सम्बन्धी विषय भी सुनाएंगे, कभी गद्य पद्य में नाटक से भी रिझाएंगे', एक अन्य अंक में भी इसके उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उन्होंने लिखा था कि 'अपने देश भाइयों का सुख दुख ज्यों का त्यों प्रकाशन करना हमारा प्रमुख कर्तव्य है।' दुर्भाग्य वश यह पत्र भी आर्थिक संकट से गुजरा। इसके तीसरे वर्ष के बारहवें अंक में उन्होंने लिखा था कि 'हिंदी पत्र कुछ कमाई के लिए नहीं होते, खर्च भर निकलना भी गनीमत है।' इसी प्रकार इसके पांचवें वर्ष के तीसरे चौथे अंक में 'सब की देख ली' शीर्षक के अन्तर्गत अपना क्षोभ और आक्रोश व्यक्त करते हुए लिखा था कि 'जब हमने बीमारी के सबब 'ब्राह्मण' बन्द कर दिया था तब उलहने पर उलहने देते थे, तकाजे पर तकाजा करते थे कि निकालो हम तो तुम्हारे साथ हैं, तुम घबराते क्यों हो? अस्तु हमने निकाला, पर उन महापुरुषों से सहायता के नाते एक पैसा, एक लेख, एक नये ग्राहक का नाम भी मिला हो, तो हम गुनाहगार।' समकालीन पत्रकारिता को बहुमुखी बनाने वाले इस पत्र का प्रकाशन सन् १८९४ में स्थगित हो गया।

(हिंदी) 'ब्लिट्ज'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन १७ फरवरी सन् १९६२ को बंबई से आरंभ हुआ था। आर० के० करंजिया इसके प्रधान संपादक हैं। एम० वी० मिस्त्री इसके प्रथम संपादक थे। मुनीश सक्सेना तथा नन्दकिशोर नौटियाल इसके परवर्ती संपादक हैं। यह जनप्रिय पत्र है और इसके प्रधान संपादक कई बार जेल यात्रा भी कर चुके हैं। १५ अगस्त और २६ जनवरी को इसके विशेषांक प्रकाशित होते हैं।

'भारत भगिनी'—इस मासिक महिलोपयोगी पत्रिका का संपादन-प्रकाशन सन् १८८८ में प्रयाग से श्रीमती हर देवी द्वारा किया गया। यह भीमसेन शर्मा के सरस्वती प्रेस से मुद्रित होती थी। कालांतर में यह पत्रिका लाहौर से प्रकाशित होने लगी। कुछ समय पश्चात् यह पाक्षिक हो गयी।

'भारत भ्राता'—स्वाधीनता प्राप्ति के मंत्र को संकल्प वाक्य बनाकर चलने वाले इस पत्र का प्रकाशन १५ जनवरी सन् १८८७ में आरंभ हुआ। इसको प्रकाशित करने का श्रेय लाल बलदेव सिंह को है। आरंभ में यह पत्र पाक्षिक था तथा प्रत्येक मास की १५ तारीख को प्रकाशित होता था। इसका वार्षिक शुल्क डाक व्यय सहित जन सामान्य के लिए अग्रिम २ रुपया और इसके पश्चात् ६ रुपया था। यह आठ पृष्ठों का पत्र था। प्रथम पृष्ठ पर विज्ञापन मुद्रित होता था।

'भारत महिला'— १९१३ में मेरठ से इस महिलोपयोगी पत्रिका का प्रकाशन रघुवीर शरण दुबलिश द्वारा आरंभ किया गया था। सुनीति देवी ब्रह्मचारिणी इसका संपादन करती थीं।

'भारत मित्र'—उन्नीसवीं शताब्दी की हिंदी पत्रिकारिता में इस पत्र का उल्लेखनीय स्थान है। यह आरंभ में साप्ताहिक रूप में प्रकाशित हुआ था, कालांतर में यह दैनिक हो गया था। सन् १८७८ से आरम्भ होकर इसकी जीवन यात्रा सन् १९३५ तक चली थी। यह

कलकत्ते से प्रकाशित हुआ था। इसे तत्कालीन बहुसंख्यक समर्थ पत्रकारों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ था। इसके प्रथम संपादक एवं जन्मदाता के रूप में छोटू लाल मिश्र की मान्यता है, जिन्होंने १८८३ तक इसका सफलता पूर्वक संपादन किया था।

'भारत सुदशा प्रवर्तक'—इस पत्र का प्रकाशन जूलाई सन् १८६० में फर्रुखाबाद से आरंभ हुआ था। इसका नाम पहले 'भारत दुर्दशा प्रदर्शक' रखा गया था। स्वामी दयानंद ने इसे बदल कर 'भारत सुदशा प्रवर्तक' कर दिया। इसके सम्पादक गोपालहरि पुण्तांकर थे। सहायक संपादक गणेश प्रसाद शर्मा और प्रकाशक रामस्वरूप थे। इसमें आर्य समाज के सिद्धांतों के अतिरिक्त पदार्थ विद्या, नाटक, इतिहास तथा साहित्य आदि सरल भाषा में प्रकाशित होते थे। यह पत्र राष्ट्र भाषा हिंदी का कट्टर समर्थन करता था। जूलाई सन् १६१२ में इसका प्रकाशन मासिक के स्थान पर साप्ताहिक के रूप में होने लगा। अप्रैल सन् १६१५ में यह पत्र बंद हो गया।

'भारतीय आदर्श'—इस विशिष्ट साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन सन् १६२३ में इंदौर से आरंभ हुआ था। इसके सपादक द्वारिका प्रसाद सेवक थे। उन्होने अनेक कष्ट सहन करते हुऐ इसका प्रकाशन किया था।

'भारतोदय'—ज्वालापुर से प्रकाशित इस पत्र का प्रकाशन जून १६०६ में आरंभ हुआ। यह गुरुकुल महाविद्यालय का मुख पत्र था। पद्मसिंह शर्मा इसके संपादक तथा नरदेव शास्त्री इसके सहायक संपादक थे। भीमसेन शर्मा इसके प्रकाशक थे। आरम्भ में यह मासिक पत्र था, कालातर में यह पाक्षिक तथा साप्ताहिक रूप में भी प्रकाशित हुआ। राम स्वरूप काव्यतीर्थ ने भी इसका संपादन किया था। इसके संस्कृत एवं हिंदी द्विभाषी संस्करण के संपादक हरिशंकर शर्मा थे।

'भारतोद्धारक'—अगस्त सन् १८६७ में वैदिक पुस्तक प्रचारक फण्ड के इस मासिक पत्र का प्रकाशन मेरठ से आरम्भ हुआ। इसमें वैदिक धर्म, नीति, शिक्षा, महात्माओं के जीवन चरित्र, उपन्यास, नाटक आदि का प्रकाशन होता था।

'भास्कर'—जून १६११ में इस मासिक पत्र का प्रकाशन मेरठ से आरम्भ हुआ। इसके संपादक एवं मुद्रक श्री रघुवीर शरण दुबलिश थे। वेद मंत्रों की व्याख्या के साथ, आर्य समाज के सिद्धांतों और विचारों को जन सामान्य तक पहुंचाना इस पत्र का मुख्य उद्देश्य था। रघुवीर शरण दुबलिश की मृत्यु ३१ वर्ष की अल्प आयु में हो जाने के बाद उनके छोटे भाई रघुनंदन शरण इसके संपादक बने।

'भूगोल'-सन् १६४३ से इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन इलाहाबाद से आरम्भ हुआ था। इसके संचालक और संपादक राम नारायण मिश्र थे। यह अपने विषय का अकेला पत्र है। इसके अनेक महत्वपूर्ण विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं।

'मतवाला'—इस पत्र के संस्थापक सेठ महादेव प्रसाद थे। इसका प्रकाशन २३ अगस्त सन् १६२३ को आरम्भ हुआ था। यह एक साप्ताहिक पत्र था और अपनी कोटि का हिंदी में अकेला पत्र था। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', नवजादिक लाल, शिव पूजन सहाय, हर गोविंद सेठ, पांडेय वेचन शर्मा 'उग्र' आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त हुआ था। इसका मूल्य प्रति प्याला २ पैसा नगद और वार्षिक बोतल २ रु० पेशगी था–अमिय गरल शशि-सीकर रविकर, राग विराग भरा प्याला। पीते हैं जो साधक उनका प्यारा है यह मतवाला।' हास्य और व्यंग्य के सशक्त रूप से युक्त होने के समानान्तर इस पत्र का ऐतिहासिक महत्व निर्भीक पत्रकारिता के प्रतीक के रूप में भी हैं।

'मधुर लोक'—इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन नवंबर १६६५ में आरम्भ हुआ था। इसमें विभिन्न विषयों से संबन्धित लेख छापे जाते थे। इसके संपादक राजपाल सिंह शास्त्री थे। समय-समय पर इसके अनेक महत्वपूर्ण विशेषांकों का प्रकाशन किया गया था।

'मनोरमा'—इस महिलोपयोगी पत्रिका का प्रकाशन सन् १६४७ में इलाहाबाद से आरम्भ हुआ था। क्षितींद्र मोहन मित्र इसके संस्थापक थे। भक्त शिरोमणि, ज्योति प्रसाद मिश्र निर्मल, (श्रीमती) हीरादेवी चतुर्वेदी, भक्त सर्जन, हीरादयाल चतुर्वेदी, आलोक मित्र, वीरेन्द्र नाथ घोष, (श्रीमती) सुचरिता मित्र तथा अमरकांत आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त हुआ है।

'मर्यादा'—प्रयाग से इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन नवम्बर सन् १६१० में आरम्भ हुआ था। इसके प्रथम

सम्पादक कृष्णकांत मालवीय थे। सन् १९२१ में इसका प्रकाशन दायित्व ज्ञान मण्डल, काशी ने ले लिया। तत्पश्चात् शिव प्रसाद गुप्त के संचालन और सम्पूर्णानन्द के सम्पादकत्व में यह प्रकाशित हुई। प्रेम चन्द भी इसके सम्पादक रहे थे। यह राजनीति प्रधान पत्रिका थी परन्तु इसमें विविध विषयक रचनाएं प्रकाशित होती थीं। सन् १९२३ में यह पत्रिका बन्द हो गयी। इसका अन्तिम अंक बनारसी दास चतुर्वेदी के सम्पादकत्व में 'प्रवासी विशेषांक' के रूप में प्रकाशित हुआ था।

'महिला संसार'—इस महिलोपयोगी पत्र का प्रकाशन नौगवां, फर्रुखाबाद से सन् १९११ में आरंभ हुआ। इसका संपादन श्रीमती सरस्वती देवी द्वारा किया जाता था, परन्तु उनके अस्वस्थ हो जाने के कारण यह शीघ्र ही बंद हो गया।

'माधुरी'—लखनऊ से अगस्त सन् १९२० में इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था। विष्णु नारायण भार्गव इसके संस्थापक थे। आरंभिक वर्षों में इसके संपादन दायित्व का निर्वाह दुलारे लाल भार्गव तथा रूप नारायण पांडेय ने किया। इसके परवर्ती संपादकों में प्रेम चंद, कृष्ण बिहारी मिश्र, जगन्नाथ दास रत्नाकर तथा ब्रजरत्न दास का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के इतिहास में इसका विशेष महत्व है।

'मार्तण्ड'—११ जून सन् १८४६ को कलकत्ते से इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। यह पांच भाषाओं में १० पृष्ठों पर प्रकाशित होता था। अंग्रेजी, हिंदी, फारसी, बंगला और उर्दू को इसमें स्थान दिया गया था।

'मालवा अखबार'—इंदौर से प्रकाशित यह पत्र मध्य भारत से हिंदी क्षेत्रीय प्रथम पत्र के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसका प्रकाशन साप्ताहिक रूप में ६ मार्च १८४९ को आरंभ हुआ था। यह त्रिभाषी पत्र था, जो हिंदी, मराठी और उर्दू में प्रकाशित होता था। आरंभ में यह प्रत्येक मंगलवार, तत्पश्चात् प्रत्येक बुधवार एवं अंत में प्रत्येक शुक्रवार को प्रकाशित होता था। इसके संपादक आरंभ में प्रेम नारायण थे। कालांतर में वासुदेव गुरु ने इसका संपादन किया। इसके संचालक श्रीराम शास्त्री थे। सन् १८७३ तक यह हिंदी एवं उर्दू में एवं १८७९ तक मराठी में प्रकाशित हुआ था।

'मिनी युग'—नयी दिल्ली से जगदीश कश्यप के संपादकत्व में इस पत्रिका का प्रकाशन त्रैमासिक रूप में १९७२ में आरंभ हुआ था। १९७४ में 'लघुकथा विशेषांक' प्रकाशित होने के पश्चात् आर्थिक संकट के कारण इसका प्रकाशन स्थगित हो गया। अप्रैल १९८४ से यह पुनः आरंभ हुआ है। 'प्रादेशिक लघुकथा विशेषांक', 'विश्व लघुकथा विशेषांक', 'लघुकथा समीक्षा विशेषांक' और 'लघुकथाकार विशेषांक' आदि के प्रकाशन की योजना के साथ यह अव्यावसायिक पत्रिका हिंदी साहित्य की मिनी विधा को समर्पित है।

'रंगीला'--यह साप्ताहिक पत्र सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के संपादकत्व में ४ जून सन् १९३२ से प्रकाशित होना आरंभ हुआ था। इसके मुख पृष्ठ पर ये पंक्तियां मुद्रित होती थीं—'पुरुष-प्रकृति तम ज्योति दिवस-निशि कल्प तल्प पर। एक रंगीला रूप खिला सब विश्व चराचर।' इसका प्रकाशन शिवशेखर द्विवेदी के द्वारा कलकत्ते से होता था।

'रण भेरी'—ऐतिहासिक महत्व की इस राष्ट्रीय और क्रांतिकारी पत्रिका का आरंभ सन् १९३० में हुआ था। बाबूराव विष्णुराव पराड़कर और नरेंद्र देव इसके संपादक थे। यह दैनिक रूप में प्रकाशित होता था और और रविवार को इसका साप्ताहिक संस्करण निकलता था। यह क्रांतिकारी पत्र गुप्त रूप से प्रकाशित होता था और अनेक स्थानों से साइक्लोस्टाइल रूप में इससे प्रेरित पत्र क्रांतिकारी आन्दोलन की भूमिका निभाते थे।

'रविवार'—इस साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन कलकत्ते से होता है। सुरेंद्रप्रताप सिंह, योगेन्द्र कुमार लल्ला, उदयन शर्मा, राजकिशोर, अनिल ठाकुर, विजय कुमार मिश्र, शिशिर गुप्त, जयशंकर गुप्त, राजेश त्रिपाठी एवं निर्मलेन्दु साहा का संपादन सहयोग इसे प्राप्त है।

'राज धर्म'—इस मासिक मुखपत्र का प्रकाशन सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद् द्वारा १९६८ में नई दिल्ली से आरंभ हुआ था। इसमें सार्वदेशिक आर्य युवकों-नेताओं के उग्र विचारों को प्रकाशित किया जाता था। कुछ समय पश्चात् इसका प्रकाशन रोहतक से होने लगा था। सन् १९७७ के चुनावों के पश्चात् इस पत्र का प्रकाशन

स्वामी अग्नि वेश के द्वारा चंडीगढ़ से किया जाने लगा।

'विजय'—२ नवम्बर सन् १९३७ को अजमेर से इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ। इसके आदि संपादक दत्तात्रेय वाव्ले थे। इस पत्र के सिद्धान्त वाक्य के रूप में हिंदी की निम्नलिखित पंक्तियां प्रकाशित होती थीं—'देश जाति में जागृति करने, धर्म ध्वजा फहराने को, विजय विश्व में प्रकट हुआ है जीवन ज्योति जलाने को।'

'विधवा बंधु'— सर गंगाराम ट्रस्ट सोसाइटी द्वारा संरक्षित विधवा विवाह सभा, लाहौर द्वारा सन् १९२६ में इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरंम्भ हुआ। इसके आदि संपादक दीनानाथ सिद्धान्तालंकार थे। इस पत्र में नारी जीवन से संबन्धित रचनाओं का प्रकाशन किया जाता था। विधवा विवाह से संबंधित लेखों को इसमें विशेष महत्व दिया जाता था। विभिन्न प्रांतों एवं नगरों में स्थापित होने वाले विधवाश्रमों का पता नियमित रूप से इस पत्र में प्रकाशित किया जाता था।

'विप्लव'—अक्टूबर सन् १९३८ से इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था। यशपाल इसके संपादक थे। सरकार द्वारा अधिक जमानत मांगने के कारण जून १९४० में इसका प्रकाशन स्थगित हो गया। जून १९४१ में विप्लव ट्रैक्टों का प्रकाशन भी सरकारी प्रतिबंधों के कारण स्थगित हो गया। क्रांति कारी पत्रों में इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'विशाल भारत'—सन् १९२८ में इस पत्र का प्रकाशन कलकत्ते से आरंभ हुआ था। इसके संस्थापक रामानन्द चटर्जी और प्रथम संपादक बनारसी दास चतुर्वेदी थे। सन् १९६७ के पश्चात् इसका संपादन क्रमशः सच्चिदानन्दहीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय', मोहनसिंह सेंगर तथा श्रीराम शर्मा आदि ने किया। इस पत्र के अनेक विशेषांक प्रकाशित हुए हैं। 'रवींद्र अंक', 'एण्ड्रूज अंक' 'पद्म सिंह शर्मा अंक', 'कला अंक' तथा 'राष्ट्रीय अंक' इनमें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

'विश्व भारती'—जनवरी सन् १९४२ में इस त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इसके संपादक हजारी प्रसाद द्विवेदी थे। शान्ति निकेतन से यह प्रकाशित होती थी। इसका उद्देश्य भारत की साहित्यिक और सांस्कृतिक साधना के सर्वोत्तम आदर्श प्रस्तुत करना था। इसमें विभिन्न विषयक शोध प्रधान निबन्ध प्रकाशित होते थे।

'विश्वमित्र'—इस पत्र का प्रकाशन सन् १९१७ से आरंभ हुआ था। माता सेवक पाठक इसके सम्पादक थे। यह दैनिक रूप में कलकत्ते से प्रकाशित होता था। १९४१ में बाबू लाल के सम्पादन में यह बम्बई से भी प्रकाशित होने लगा। इसका सांध्य संस्करण 'मातृभूमि' नाम से अप्रैल १९४८ से प्रकाशित हुआ था। सन् १९४२ से सत्यदेव विद्यालंकार और बाबू राम मिश्र के सम्पादन में यह नई दिल्ली से प्रकाशित हुआ। हरीश चन्द्र अग्रवाल के सम्पादन में पटना से इसका दैनिक संस्करण १९४७ से प्रकाशित हुआ। आगामी वर्ष से यह मूलचन्द अग्रवाल द्वारा संचालित होकर कानपुर से भी प्रकाशित होने लगा।

'विश्व हिंदी दर्शन'—जनवरी १९६९ में नयी दिल्ली से इस पत्रिका का प्रकाशन हुआ। इसके संपादक लल्लन प्रसाद व्यास और हरि बाबू कंसल हैं। इसके सलाहकार मण्डल के सदस्य सोमदत्त बखौरी (मारिशस), दिवाकर प्रसाद (फीजी), रिपुदमन प्रसाद (गयाना), क० प्रो० कोगा (जापान), (डॉ०) ओडोनेल स्मैकेल (चेकोस्लावाकिया), (डॉ०) लीठार लूतजे (पश्चिमी जर्मनी), (डॉ०) मार्गोत गलसलाफ (पूर्वी जर्मनी), रघुवीर सिंह (कनाडा), (डॉ०) आर० एस० मैकग्रेगर (ब्रिटेन), (डॉ०) निकोल बलवीर (फ्रांस), एम०बिस्र्की (पोलैण्ड), (श्रीमती) एवा अरादी (हंग्री), कृष्णलाल माटा (थाइलैण्ड), (डॉ) ई० पी० चेलिशेव (सोवियत संघ), (डॉ०) रवि प्रकाश सिंह (अमेरिका), (प्रो०) गिलबर्ट पोले (बेल्जियम), (डॉ०) लक्ष्मण प्रसाद मिश्र (इटली), (डॉ०) ओम प्रकाश (बर्मा), (डॉ०) श्रीमती इंद्रा दशनायके (श्रीलंका), (श्री) मोहन लाल लोहिया (इंडोनेशिया), जे० के० गुप्ता (सिंगापुर), (श्रीमती) कमला सिंह (नीदरलैंड), (प्रो०) हरिशंकर आदेश (ट्रिनिडाड), मक्खन लाल सहगल (मलेशिया), (डॉ०) रिचर्ड बार्ज (आस्ट्रेलिया), जयप्रकाश गोयल (हांगकांग) तथा रमानाथ शर्मा (हवाई) हैं। इस पत्रिका का प्रकाशन मारिशस में आयोजित द्वितीय विश्व हिंदी सम्मेलन के निर्णय के अनुसार हुआ था।

'वीणा'—मध्य भारत की इस पत्रिका का प्रकाशन १९२६

में आरम्भ हुआ था। यह मासिक पत्रिका श्रीमध्यभारत हिंदी साहित्य समिति, इंदौर के तत्वावधान में प्रकाशित हुई थी। इसके प्रारम्भिक संपादक कमलाशंकर मिश्र तथा रामचंद्र श्रीवास्तव 'चंद्र' थे। कालांतर में कालिका प्रसाद दीक्षित 'कुसुमाकर' इसके संपादक हुए। मध्य प्रदेश की साहित्यिक पत्रिकाओं में 'वीणा' का विशिष्ट स्थान है।

'वीर संदेश'-दिसम्बर सन् १९१४ में आर्य स्वराज्य सभा लाहौर के इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। इसके प्रथम संपादक अजित सिंह सत्यार्थी थे। इस पत्र में स्वराज्य, असहयोग, हिंदू संगठन आदि में संबंधित लेखों को प्रश्रय दिया जाता था।

'वैश्योपकारक'—शिव चन्द्र द्वारा संपादित इस पत्र का प्रकाशन सन् १९०४ में कलकत्ते से आरंभ हुआ था। इसके संचालक रामलाल नेमाणी थे।

'शुद्धि समाचार'—जनवरी सन् १९२५ में भारतीय शुद्धि सभा के इस मासिक मुख पत्र का प्रकाशन दिल्ली से आरम्भ हुआ। इस पत्र के संपादक सभा के मंत्री स्वामी चिदानंद संन्यासी जी थे। इसमें वेद मंत्रों की व्याख्या के साथ-साथ संगठन और शुद्धि संबन्धी लेख मुख्य रूप से छापे जाते थे।

'शोध पत्रिका'—इसका प्रकाशन त्रमासिक रूप में मार्च १९४७ में आरंभ हुआ था। पुरुषोत्तम मेनारिया, नरोत्तम दास स्वामी, (डॉ०) रघुवीर सिंह, मोतीलाल मेनारिया, भगवत शरण उपाध्याय, कन्हैयालाल सहल, देवीलाल पालीवाल, शांति भारद्वाज, राकेश देव कोठारी, अगरचंद नाहटा आदि यह इस पत्रिका के संपादक रह चुके हैं। यह उदयपुर (राजस्थान) के 'प्राचीन साहित्य शोध संस्थान विद्यापीठ' द्वारा प्रकाशित होती है और प्राचीन राजस्थानी साहित्य, इतिहास, पुरातत्व, कला आदि की गवेषणा विषयक कार्य की दृष्टि से इसका विशिष्ट महत्त्व है।

'श्रद्धानंद'—सन् १९३२ में स्वामी चिदानंद सरस्वती के संपादकत्व में इस पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ। इस पत्र का प्रकाशन स्वामी श्रद्धानंद की स्मृति में किया गया था। इसलिए इसमें शुद्धि और संगठन विषयों को प्रकाशित किया जाता था। अखिल भारतीय श्रद्धानंद शुद्धि सभा के इस मुख पत्र का १९४८ तक नियमित रूप से प्रकाशन होता रहा।

'श्रीकृष्ण संदेश'—२७ सितम्बर सन् १९२५ को लक्ष्मण नारायण गर्दे के सम्पादन में इसका प्रकाशन आरम्भ हुआ था। यह पत्र गर्दे जी की आध्यात्मिक धार्मिक वृत्ति का प्रतीक था।

'वेद पथ'—सन् १९४५ में सार्वदेशिक दयानंद संन्यासी वानप्रस्थ मण्डल, हरिद्वार से स्वामी वेदानंद तीर्थ के संपादकत्व में यह प्रकाशित किया गया था। इसमें आध्यात्मिक, धार्मिक तथा शास्त्रीय विषयों से संबन्धित लेखों को प्रकाशित किया जाता था। इस पत्र प्रकाशन एक बार स्थगित होकर १९६५ में पुनः आरंभ किया गया, परन्तु यह अधिक समय तक जीवित नहीं रह सका।

'वेद प्रकाश'—२८ जनवरी सन् १८९७ को मेरठ से प्रकाशित इस प्रत्रिका के संपादक तुलसी राम स्वामी थे। इस पत्र का उद्देश्य वेदोक्त धर्म प्रतिपादन और तद्विरुद्ध मत-निराकरण था। इसमें समालोचना के साथ-साथ आर्य समाज विषयक नवप्रकाशित पुस्तकों पर समीक्षा भी प्रकाशित की जाती थी।

'वेद प्रचारक'—कृपा राम शर्मा द्वारा संपादित इस पत्रिका का प्रकाशन जनवरी सन् १८९४ में जगरांव, लुधियाना से आरंभ हुआ। यह वेद प्रचारक प्रेस, जगरांव से प्रकाशित होती थी। इस का उद्देश्य वेदों का प्रचार था।

'वेद वाणी'—नवम्बर सन् १९४८ में काशी से इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इसके संपादक भानु चरण आर्षेय, महेश प्रसाद मौलवी तथा वीरेंद्र शास्त्री थे। ब्रह्मदत्त जिज्ञासु प्रधान संपादक थे। इसके अनेक विशेषांक प्रकाशित हुए, जिनमें 'पाश्चात्य मत विशेषांक' विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

'वैदिक धर्म'—सतारा जिले के औध नामक स्थान से इस का प्रकाशन सन् १९१९ में आरंभ हुआ था। श्रीपाद दामोदर सातवलेकर इसके प्रथम संपादक थे, उनकी मृत्यु के पश्चात् इस पत्र का संपादन भार उनके पुत्र वसंत सातवलेकर जी ने ग्रहण किया। १९७५ में आर्य समाज स्थापना शताब्दी विशेषांक के प्रकाशन के पश्चात् इस पत्र का प्रकाशन स्थगित हो गया। इसके अंतिम संपादक के रूप में नवीन चंद्र ज० पाल का नाम उल्लेखनीय है।

'वैदिक युग'—इस मासिक पत्र का प्रकाशन सन्१९६३ में

आरंभ हुआ था। इसके संपादक विश्वश्रवा वैद्यनाथ शास्त्री तथा रामानंद शास्त्री थे। इसके प्रधान संपादक वेदश्रवा विद्यार्थी थे। इसमें सैद्धान्तिक लेखों के अतिरिक्त आर्य समाज की तत्कालीन दुर्दशा, उसके नेताओं के मत मतांतर, विद्वानों के अपमान आदि से सम्बन्धित व्यंग्य लेख भी प्रकाशित होते थे।

'वैदिक संदेश'—यह सूरी नाम देश की आर्य दिवाकर सभा द्वारा एक मासिक पत्र के रूप में नवम्बर १९७५ से प्रकाशित हुई थी। इसके सम्पादक आर० शिवरतन शास्त्री थे। यह द्विभाषी पत्रिका थी और इसमें हिन्दी के साथ डच भाषा का अंश भी प्रकाशित होता था।

'श्री वेंकटेश्वर समाचार'—इस दैनिक पत्र के संस्थापक खेमराज और कृष्ण दास थे। यह प्राचीन साप्ताहिक पत्रों में प्रतिष्ठा प्राप्त है। प्रथम विश्व युद्ध के काल में यह दैनिक रूप में भी प्रकाशित हुआ था। जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल, अमृतलाल चतुर्वेदी, रुद्रदत्त शर्मा, हरि कृष्ण जौहर, राज बहादुर सिंह, निरंजन शर्मा, अजित तथा देवद्र शर्मा आदि इसके सम्पादक रह चुके हैं

'संगम'—इलाहाबाद से इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन जून १९४२ में आरम्भ हुआ था। इसके प्रथम सम्पादक इलाचन्द जोशी थे। बाद में कृष्णानन्द गुप्त भी इसके सम्पादक नियुक्त हुए थे। इसके अनेक उल्लेखनीय विशेषांक प्रकाशित हुए थे, जिनमें गांधी और सुभाष से सम्बन्धित अंक विशेष महत्व पूर्ण हैं। सन् १९५३ में इस पत्र का प्रकाशन स्थिगित हो गया।

'संगीत'-जनवरी सन् १९३५ में हाथरस से प्रकाशित इस मासिक पत्रिका के प्रधान सम्पादक लक्ष्मी नारायण गर्ग तथा सम्पादक बाल कृष्ण गर्ग व मुकेश गर्ग हैं। इस पत्रिका के संस्थापक आदि सम्पादक प्रभुलाल गर्ग और काका हाथरसी हैं। सन् १९८५ में स्वर्ण जयंती के अवसर पर इसका विश्व संगीत अंक प्रकाशित हुआ था। इसके अतिरिक्त प्रति वर्ष लगभग २०० पृष्ठों का एक विशेषांक प्रकाशित होता है। कर्नाटक संगीत अंक, राग रागिनी अंक, लक्षण गीत अंक, तराना गीन अंक, खयाल अंक, घराना अंक, गजल अंक, कव्वाली अंक, लोक संगीत अंक, वाल संगीत अंक, मीरा संगीत अंक, वाद्य वादन मृदंग आदि प्रमुख विशेषांक हैं। संगीत कला के सम्पूर्ण भारत के अतिरिक्त विदेशों में भी प्रचार प्रसार की दृष्टि से इस पत्रिका का अन्यतम महत्व है।

'सत्यवक्ता'—सन् १८९३ में इस पत्र का प्रकाशन होशंगाबाद से आरम्भ हुआ। यह सामाजिक सुधार के उद्देश्य को समक्ष रखकर चलने वाला पत्र था।

'सत्य सनातन धर्म'—सन् १९०९ में यह पत्र कलकत्ते से प्रकाशित हुआ था। पहले इसके सम्पादक अंबिका प्रसाद वाजपेयी थे। बाद में बाबू बाल मुकुन्द गुप्त ने यह कार्य भार ग्रहण किया। यह सनातन धर्म की विचार धारा का पत्र अवश्य था परन्तु इसमें उदारता अधिक दिखाई गयी। अतः जब यह पत्र आर्य समाज का कटु आलोचक बन गया तो इसका उत्तर देने के लिए १९१० में 'सत्य सनातन धर्म' साप्ताहिक प्रकाशित किया गया। यह पत्र सन् १९१३ में बन्द हो गया।

'सद्धर्म प्रचारक'—सन् १८३० में आर्य समाज, काशी के इस पाक्षिक पत्र का प्रकाशन जे०पी० चौधरी काव्यतीर्थ के संपादकत्व में आरंभ हुआ। इसमें आर्य समाज विरोधी विचारों एवं आक्षेपों के खण्डन मंडन के साथ मूर्ति पूजा, अवतार वाद, विधवा विवाह निषेध—जैसे सामाजिक विषयों पर उत्तेजना पूर्ण लेखों का प्रकाशन किया जाता था। देश विदेश के समाचार तथा भारतीय स्वतंत्रता के लिए किये जाने वाले प्रयासों के समाचार भी इसमें प्रकाशित किये जाते थे।

'सन्मार्ग'—इस पत्र का प्रकाशन २४ जनवरी १९४६ को हुआ था। इसके प्रधान संपादक गंगा शंकर मिश्र और संपादक हरि शंकर द्विवेदी थे। कलकत्ते से यह पत्र दैनिक रूप में प्रकाशित होता था। सन् १९४६ से इसका काशी संस्करण एवं कुछ समय पश्चात् दिल्ली संस्करण भी प्रकाशित होने लगा।

'समन्वय'—इस मासिक पत्र का प्रकाशन सन् १९२२ में कलकत्ते से आरम्भ हुआ था। इसका प्रकाशन रामकृष्ण मिशन के तत्वावधान में होता था। स्वामी माधवानन्द, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, नवजादिक लाल श्रीवास्तव और शिव पूजन सहाय का सम्पादन सहयोग इसे प्राप्त था।

'समाचार सुधा वर्षण'—जून सन् १८५४ में कलकत्ते से इस पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। इसे हिन्दी के सर्व प्रथम दैनिक पत्र होने का गौरव प्राप्त है। इसका सम्पादन श्याम सुन्दर सेन करते थे। सन् १८६८ में

इसका प्रकाशन स्थगित हो गया। यह द्विभाषी पत्र था, जिसमें दो पृष्ठ हिन्दी और दो पृष्ठ बंगला के होते थे।

'समाज संदेश'—सन् १६५६ में गुरुकुल भैंसवाल कन्या तथा कन्या गुरुकुल खानपुर के संयुक्त सहयोग से इस मासिक मुख पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। इसके सम्पादक आचार्य हरिश्चन्द्र तथा सहायक संपादिका आचार्या सुभाषिणी थीं।

'सम्मेलन पत्रिका'—हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग द्वारा प्रकाशित इस त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १६१३ में आरंभ हुआ था। डॉ० धीरेन्द्र वर्मा, हरि प्रसाद द्विवेदी, दयाशंकर दुबे, रामनाथ सुमन, राम प्रताप त्रिपाठी, वियोगी हरि, ज्योति प्रसाद मिश्र निर्मल आदि इसके संपादक रहे हैं। मासिक रूप में भी इसका प्रकाशन हुआ है और गिरिजाकुमार घोष, वियोगी हरि, भगीरथ प्रसाद दीक्षित, गुरुप्रसाद, इलाचंद जोशी, उदय नारायण तिवारी, भगवती चरण वर्मा, राम कुमार वर्मा, रामचंद्र टंडन तथा माता प्रसाद गुप्त का संपादन सहयोग इसे प्राप्त हुआ हैं।

'सरस्वती'—सन् १८६६ में इंडियन प्रेस, इलाहाबाद के स्वामी चिंतामणि घोष ने नागरी प्रचारिणी सभा से प्रस्ताव किया था कि सभा एक सचित्र मासिक पत्रिका का सम्पादन भार स्वीकार करे और इंडियन प्रेस उसे प्रकाशित करे। सिद्धांत रूप में सभा ने इसे स्वीकार किया परन्तु संपादन भार वहन करने में असमर्थता प्रकट की। अंत में हुए निश्चय के अनुसार सभा ने इसे स्वीकार किया और राधा कृष्ण दास, कार्तिक प्रसाद, जगन्नाथ दास, किशोरीलाल गोस्वामी आदि को इसका सदस्य बनाया। इस प्रस्तावित मासिक पत्रिका का नाम 'सरस्वती' रखा गया। इसका संपादन काशी से श्याम सुन्दर दास संपादक मण्डल की ओर से करते थे। इसका पहला अंक जनवरी सन् १६०० में प्रकाशित हुआ। इसके प्रथम संपादक श्यामसुन्दर दास सन् १६०४ तक रहे। तत्पश्चात् महावीर प्रसाद द्विवेदी इसके सम्पादक बने। सन् १६०५ में सभा ने अपने बारहवें वार्षिक विवरण के पृष्ठ ३२ पर लिखित विवरण के अनुसार इस पत्रिका पर से अपना अनुमोदन हटा लिया। सन् १६२१ में पदुम लाल पुन्ना लाल बख्शी, १६२७ में देवीदत्त शुक्ल, १६३३ तक ठाकुर दत्त मिश्र, तत्पश्चात् श्री नाथ सिंह, सन् १६३८ में उमेश मिश्र, सन् १६५५ में श्री नारायण चतुर्वेदी इसके संपादक बने। सन् १६७५ का दिसम्बर अंक इसके समापन अंक के रूप में प्रकाशित किया गया और इसके प्रकाशन को स्थगित करने का निश्चय हुआ, परन्तु जनवरी १६७६ से निशीथ कुमार राय इसका संपादन कर रहे हैं।

'सरिता'—इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन जनवरी सन् १६४६ में दिल्ली से आरंभ हुआ था। शंभूनाथ सक्सेना, विश्वनाथ, विजय नारायण, स्वदेश कुमार, आशारानी वोहरा का सम्पादन सहयोग इसे प्राप्त रहा है। संप्रति यह पाक्षिक रूप में प्रकाशित होती है।

'सरोज'—संवत् १६८५ में इस सचित्र मासिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इसके स्वत्वाधिकारी कनका प्रसाद चौधरी, संपादक नवजादिकलाल श्रीवास्तव और राम प्रसाद पांडेय थे।

'सविता'—वेद संस्थान, अजमेर के इस मुख पत्र का प्रकाशन सन् १६४८ में मासिक रूप में अजमेर से आरंभ हुआ था। इसमें विदेह रचित वेद की व्याख्यायें, गीता, योग-दर्शन तथा अन्य अनेक ग्रंथों से संवन्धित टीकाएं प्रकाशित की जाती थीं। इसके प्रथम संपादक विश्व देव शर्मा थे। १६८० से इसका प्रकाशन 'वेद सविता' के नाम से होने लगा था।

'साम्यदंड मार्तण्ड'—हिंदी पत्रकारिता के सर्व प्रथम स्तंभ युगल किशोर शुक्ल ने सन् १८५० में इस पत्र का संपादन-प्रकाशन आरंभ किया था।

'सार सुधा निधि'—कलकत्ते से इस पत्रिका का प्रकाशन १३ जनवरी सन् १८७८ को आरम्भ हुआ था। इसके सम्पादक सदानन्द मिश्र थे। इसका मुख्य उद्देश्य देश की भाषा को उन्नत बनाना, हिन्दी भाषा का प्रचार, हिन्दी लिखने वालों की संख्या-वृद्धि, देश-देशान्तर की प्राचीन और नवीन सामयिक घटनाओं का प्रकाशन करके स्वदेशियों को बहुदर्शन कराना, भारत वासियों में मनस्विता, तेजस्विता और ओजस्विता का संचार करना, सत्परामर्श देना आदि थे।

'सार्वदेशिक'—सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के इस मासिक मुख पत्र का प्रकाशन मार्च १६२७ में दिल्ली से आरम्भ हुआ था। केशव देव शास्त्री इसके प्रथम

संपादक थे। इस पत्र का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन, वैदिक सिद्धान्तों एवं मूल्यों की व्याख्या तथा विवेचना पर टीका टिप्पणी तथा सामयिक नव प्रकाशित पुस्तकों की समीक्षा करना था। एक लम्बी अवधि तक मासिक रूप में प्रकाशित होने के पश्चात् १९६५ से यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होने लगा। समय समय पर प्रकाशित इसके विशेषांक विशिष्ट महत्व रखते हैं।

'सुधा'—इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन लखनऊ से सन् १९२७ में आरम्भ हुआ था। दुलारे लाल भार्गव, रूप नारायण पांडेय, गोपाल सिंह नेपाली, इला चन्द जोशी, सावित्री दुलारे लाल, गिरिजा शंकर द्विवेदी, नन्द किशोर तिवारी आदि का संपादन सहयोग इस पत्र को प्राप्त था। यह अपने समय की सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक पत्रिका के रूप में परिगणित की जाती थी और हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता के विकास में इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'सुधाकर'—यह एक साप्ताहिक पत्र था। इसका प्रकाशन सन् १८५० में आरम्भ हुआ था। इसके सम्पादक तारा मोहन मित्र थे। यह एक द्विभाषी पत्र था, जिसमें हिन्दी के साथ ही बंगला का अंश भी प्रकाशित होता था। सन् १८५३ से इसका प्रकाशन केवल हिंदी में ही होने लगा। भाषा की दृष्टि से हिन्दी प्रदेश के सर्व प्रथम पत्र के रूप में इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'सुधारक'–१० सितम्बर सन् १९५३ को गुरुकुल, झज्जर के इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। स्वामी ओमानन्द सरस्वती इसके संपादक थे। इसके कई महत्व पूर्ण विशेषांक प्रकाशित हुए, जिनमें 'गुरुकुल विशेपांक', 'आयुर्वेद विशेषांक', 'फाजिल का अबोहर विशेपांक' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

'सेनापति'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन ५ नवम्बर १९२६ को आरंभ हुआ था। इसके संपादक रामगोविंद त्रिवेदी तथा व्यवस्थापक निहालचंद वर्मा थे। इसमें प्रकाशित होने वाली रचनाओं में वीर रस की प्रधानता थी।

'सैनिक'—सन् १९२५ में इस दैनिक पत्र का प्रकाशन आगरा से आरम्भ हुआ था। इसके संस्थापक-संपादक कृष्ण दत्त पालीवाल थे। परिपूर्णानंद वर्मा, हरिशंकर शर्मा, महेन्द्र, जीवाजी पालीवाल, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय', शांति प्रसाद पाठक, हरिकृष्ण त्रिवेदी, श्यामसुंदर लाल दीक्षित, परमेश्वरी लाल गुप्त, गोपाल नारायण शिरोमणि, राम इकबाल सिंह राकेश तथा राजेश दीक्षित इसके परवर्ती संपादक थे। राष्ट्र प्रेम से अनुप्राणित क्रांतिकारी विचारों के प्रसार की दृष्टि से इस पत्र का विशिष्ट महत्व है।

'स्वतंत्र'—इस दैनिक पत्र का प्रकाशन ४ अगस्त सन् १९२० को आरम्भ हुआ था। इसके संपादक अंबिका प्रसाद वाजपेयी थे। यह पत्र अपने समय का एक विशिष्ट महत्व का दैनिक था। इसके अनेक विशेषांक ऐतिहासिक महत्व के हैं।

'स्वतंत्रता'—फतेहपुर जनपद से २६ जनवरी १९३७ को इसका प्रकाशन आरंभ हुआ। इसके प्रधान संपादक प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दयाशंकर मिश्र 'सूर्य' हैं। यह निर्भीक और स्वतंत्र विचारों का राष्ट्रीय पत्र था। सन् १९३७ में गणतंत्र विशेषांक और स्वतंत्रता दिवस विशेषांक प्रकाशित हुये। ३१ दिसम्बर सन् १९३८ को यह पत्र बंद हो गया। अपनी निर्भीक विचार धारा, जनमत के प्रबल समर्थन एवं जनसंघर्ष में अग्रणी रहने के कारण इस पत्र के सम्पादक और प्रकाशक पर मुकदमा चलाया गया और अन्ततोगत्वा वे न्यायालय से ससम्मान बरी हुये। यह किसी भी साप्ताहिक पत्र पर जनपद में पहला मुकदमा था, जिसमें ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई थी।

'स्वदेश'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन सन् १९१९ में गोरखपुर से आरम्भ हुआ। इसके संस्थापक और संपादक दशरथ प्रसाद द्विवेदी थे। सरकारी विरोध और दमन का सामना करते हुए भी यह सन् १९३९ तक प्रकाशित हुआ। इसके संपादन और सहयोगी पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' को कारावास दंड भी हुआ, परन्तु यह पत्र अपने सिद्धांत पर अटल रहा—'स्वर्गालय के लिए आत्मबलि हम न करेंगे, जिस स्वदेश में जिये उसी पर सदा मरेंगे।'

'स्वार्थ'—इस मासिक पत्र का प्रकाशन सन् १९१९ में आरम्भ हुआ था। यह शिव प्रसाद गुप्त द्वारा काशी से प्रकाशित होता था। इसके प्रथम सम्पादक जीवन शंकर

याज्ञिक तथा परवर्ती सम्पादक मुकुंदी लाल श्रीवास्तव थे। १९२१ में इसका प्रकाशन स्थगित हो गया।

'हंस'—इस मासिक पत्र का प्रकाशन प्रेम चन्द ने सन् १९३० में बनारस से प्रारम्भ किया था। सन् १९३३ में इसका काशी विशेषांक प्रकाशित हुआ। सन् १९३६ में जैनेन्द्र कुमार और शिवरानी देवी इसके सम्पादक हुए। 'प्रेमचन्द स्मृति अंक', 'एकांकी नाटक अंक', 'रेखा चित्र अंक', 'कामायनी अंक', 'प्रगति अंक' तथा 'शान्ति अंक' आदि भी प्रकाशित हुए। इसके परवर्ती सम्पादकों में शिवदान सिंह चौहान, श्रीपत राय, अमृत राय और नरोत्तम नागर उल्लेखनीय हैं। सन् १९५९ में यह बाल कृष्ण राव और अमृत राय के सम्पादकत्व में वृहत् संकलन के रूप में भी प्रकाशित हुआ था।

'हरिश्चन्द्र मैगजीन'—बनारस से इस पत्रिका का मासिक रूप में सन् १८७३ में प्रकाशन आरम्भ हुआ था। इसके सम्पादक भारतेंदु हरिश्चन्द्र थे। आठ अंक प्रकाशित होने के पश्चात् इस पत्रिका का नवीन नामकरण 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका' के रूप में हुआ। इसे हिन्दी-अंग्रेजी में प्रकाशित किया जाता था। हिन्दी को नई चाल में ढालने की दृष्टि से भी इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'हिंदी'—यह मासिक पत्रिका मई सन् १९२२ से डर्बन (दक्षिण अफ्रीका) से प्रकाशित हुई थी। इसका सम्पादन स्वामी भवानी दयाल संन्यासी करते थे। यह अपने समय का प्रवासी भारतीयों का लोकप्रिय पत्र था।

'हिंदी अनुशीलन'—भारतीय हिन्दी परिषद्, प्रयाग के तत्वावधान में सन् १९४७ से इस त्रैमासिक शोध पत्रिका का सम्पादन आरंभ हुआ था। इसके प्रथम सम्पादक डॉ० धीरेन्द्र वर्मा थे। हिन्दी विषयक खोज के समस्त अंगों, भाषा, साहित्य तथा संस्कृति के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और उसकी गति का विशेष रूप से निरीक्षण प्रस्तुत करना इसका उद्देश्य है। इसके परवर्ती सम्पादक डॉ० रघुवंश, डॉ० राम स्वरूप चतुर्वेदी तथा डॉ० टीकम सिंह तोमर रहे।

'हिंदी केसरी'—माधव राव सप्रे द्वारा संपादित इस विशिष्ट पत्र का प्रथम अंक १३ जुलाई सन् १९०६ को प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन नागपुर से होता था। कामता प्रसाद गुरु, गंगा प्रसाद गुप्त, लक्ष्मीधर वाजपेयी और डॉक्टर मुंजे आदि भी इससे संबंद्ध थे।

'हिंदी परिचय'—केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद् द्वारा प्रकाशित और रघुनंदन प्रसाद शर्मा द्वारा सम्पादित यह पत्रिका द्वैमासिक रूप में सन् १९६२ से प्रकाशित होती है। इसका उद्देश्य केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में भारत सरकार की नीति के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना है। इससे अनेक विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें 'बैंक विशेषांक', 'राजभाषा विशेषांक', 'रेल विशेषांक' तथा 'विश्व हिंदी सम्मेलन विशेषांक' आदि प्रमुख हैं।

'हिंदी प्रदीप'—७ सितम्बर सन् १८७७ को इलाहाबाद से इस मासिक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इसके संपादक बालकृष्ण भट्ट थे। १६ पृष्ठों के इस पत्र में विविध विषयक रचनाएं तथा नाटक प्रकाशित होते थे। राजनीति से संवद्ध रहने के कारण इस पत्र पर सन् १९१० तक प्रतिबन्ध लगा रहा। हिन्दी पाठकों में राष्ट्रीय चेतना का जागरण करने की दृष्टि से इस पत्र का ऐतिहासिक महत्व है।

'हिंदी बंगवासी'—सन् १८९० में अमृत लाल चक्रवर्ती के संपादन में इस पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ था। यह अपने समय का सर्वाधिक लोक प्रिय पत्र था। जिसकी सदस्य संख्या २००० तक हो गयी थी। दस वर्ष तक इसका संपादन अमृत लाल चक्रवर्ती ने किया। तत्पश्चात् अंबिका प्रसाद वाजपेयी ने इसका संपादन भार ग्रहण किया। बालमुन्द गुप्त, बाबू राव विष्णु पराड़कर और लक्ष्मी नारायण गर्दे भी इसके संपादक रहे थे।

'हिंदी मिलाप'—इस पत्र का प्रकाशन ११ सितम्बर सन् १९२७ को खुशहाल चंद खुर्सन्द (महात्मा आनंद स्वामी) ने लाहौर से किया था। इसका संपादन सुदर्शन तथा बद्रीनाथ वर्मा करते थे। बाद में इसके प्रधान संपादक रणवीर तथा संपादक यश बने। हरिकृष्ण प्रेमी, जयनाथ नलिन और संतराम भी इसके सम्पादकीय विभाग से सम्बद्ध रहे थे। भारत विभाजन काल में इसके संपादक आत्मस्वरूप शर्मा थे, जिन्होंने १५ अगस्त १९४७ को अपना बलिदान कर दिया। २३ सितम्बर सन् १९४९ से यश के सम्पादन में यह जालंधर से पुनः प्रकाशित हुआ। इसका उर्दू संस्करण रणवीर के संपादन में दिल्ली से और एक अन्य संस्करण युद्धवीर के संपादन में हैदरा-

बाद से प्रकाशित होता है। इसका एक अन्य संस्करण लंदन से भी प्रकाशित होता है।

(साप्ताहिक) 'हिन्दुस्तान'— इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन सन् १९५० में दिल्ली से आरंभ हुआ था। बांके बिहारी भटनागर, शांति भटनागर, मनोहर श्याम जोशी, पारस नाथ सिंह, बाल स्वरूप राही, शीला झुनझुन वाला, ईश्वर सिंह बैस, ब्रजनारायण अग्रवाल, रवीन्द्र श्रीवास्तव, हिमांशु जोशी, सुधीर सेन तथा दुर्गा प्रसाद नौटियाल आदि का संपादन सहयोग इसे प्राप्त है।

'हिंदुस्तानी'—इस समाचार पत्र का प्रकाशन मारीशस से हुआ था। इसके प्रथम संपादक मणिलाल थे। यह पहले गुजराती में प्रकाशित होती थी, परंतु बाद में हिंदी में प्रकाशित होने लगी। इसका उद्देश्य 'व्यक्ति की स्वाधीनता, मानव-मैत्री, बंधुत्व और सभी जातियों में समानता' की भावना था। इसके प्रथम अंक में ही यह मान्यता व्यक्त की गयी थी कि 'केवल अपने निजी लाभ के लिए कोई मनुष्य या कोई जाति किसी दूसरे मनुष्य या दूसरी जाति को नैतिक दृष्टि से न तो दास बना सकती है और न अधिकार में रख सकती है।' इस पत्र के परवर्ती संपादकों में श्रीराम सामी (नरसिंह दास), राम अवध शर्मा और आत्माराम के नाम उल्लेखनीय हैं।

'हिंदुस्तानी'—सन् १९३१ में इस त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन उत्तर प्रदेशीय हिंदुस्तानी अकादमी के तत्वावधान में आरम्भ हुआ था। इसके प्रथम सम्पादक (डॉ०) धीरेन्द्र वर्मा थे। बाद में (डॉ०) माता प्रसाद गुप्त ने इसका सम्पादन भार ग्रहण किया। शोध और समीक्षा की दृष्टि से इस पत्रिका का विशेष महत्व है।

'हिंदू पंच'—इस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन सन् १९२६ में आरंभ हुआ था। इसके संचालक मुकुन्दलाल वर्मा थे। इसका आदर्श वाक्य था 'लज्जा रखने को हिंदू की हिंदू नाम बचाने को, आया हिंदू पंच हिंद में हिंदू जाति जगाने को।'

'हिंदोस्थान'—किसी भी विदेश से प्रकाशित होने वाले सर्वप्रथम पत्र के रूप में इसकी मान्यता है। सन् १८८३ में त्रैमासिक रूप में यह राजा रामपाल सिंह द्वारा लंदन से प्रकाशित त्रिभाषी पत्र था, जिसमें हिंदी के साथ ही उर्दू तथा अंग्रेजी का अंश भी रहता था। सन् १८८५ में यह प्रतापगढ़ के कालाकांकर नामक स्थान से राजा राम पाल सिंह द्वारा ही प्रकाशित किया गया। पंडित मदन मोहन मालवीय इसके प्रधान संपादक थे। यह साप्ताहिक रूप में ही प्रकाशित होता था। सन् १८८७ में यह दैनिक रूप में प्रकाशित होने लगा। अमृत लाल चक्रवर्ती, शशिभूषण चटर्जी, प्रताप नारायण मिश्र, बालमुकुन्द गुप्त, गोपाल राम गहमरी, लाल बहादुर, गुलाब चंद चौबे, शीतल प्रसाद उपाध्याय, राम प्रसाद सिंह तथा शिव नारायण सिंह इसके संपादक थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में इसका ऐतिहासिक महत्व है।

'हित वार्ता'—सन् १९०३ में प्रकाशित 'हित वार्ता' इस युग की विशिष्ट पत्र-पत्रिकाओं में थी। इसका संपादन बंगला के प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्र 'हित वार्ता' के संपादक काली प्रसन्न काव्य विशारद ने हिंदी में आरम्भ किया था। इसके संपादकों में प्राणतोष दत्त तथा पं० रुद्र दत्त शर्मा के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। सन् १९०७ में बाबू राव विष्णु पराड़कर जी ने इसके संपादन का कार्य-भार ग्रहण करके उसका सफलता पूर्वक निर्वाह किया। बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक के राजनैतिक पत्रों में इसका विशिष्ट स्थान है।

(३) पत्रकारिता के क्षेत्र में समाचार-समितियों की भूमिका

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से समाचार समितियों का उद्भव विश्व पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्नीसवीं शताब्दी में ही हो चुका था, यद्यपि इसका वर्तमान स्वरूप बीसवीं शताब्दी में ही विकसित हुआ है। व्यावहारिक दृष्टिकोण से समाचार समिति पत्रकारिता की एक मूलभूत आवश्यकता और आधार शिला है। आज के युग में इसकी आवश्यकता और महत्व में इस कारण से भी वृद्धि हो गयी है, क्योंकि बड़े से बड़े समाचार पत्र अथवा संस्थान के लिए भी व्यावहारिक रूप में यह संभव नहीं है कि वह विश्व के प्रत्येक देश और उसके प्रत्येक छोटे-बड़े नगर में अपने पूर्णकालिक अथवा अंश-कालिक सेवा-रत संवाददाता अथवा प्रतिनिधि नियुक्त करे। इसके अतिरिक्त समाचार-संप्रेषण के साधनों की उलब्धता भी अत्यधिक व्यय-साध्य है।

व्यावहारिक दृष्टिकोण से समाचार समिति आज एक उद्यम के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसका उद्देश्य समाचार और सम्बन्धित सूचनाओं को तथ्यों के आधार पर प्रस्तुत करके समाचार पत्रों, संस्थानों, रेडियो स्टेशनों, टेलीविजन सेंटरों, होटलों, दूतावासों तथा अन्य उपभोक्ताओं और क्रय कर्ताओं को विक्रय हेतु संप्रेषित करना है। उक्त उद्देश्य से गठित समाचार समितियों के उद्भव और विकास का यदि आकलन किया जाय, तो यह ज्ञात होगा कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सन् १८२० में 'एसोसिएशन आफ मारनिंग न्यूज पेपर्स' नामक सर्व प्रथम संस्था एक समाचार समिति के रूप में न्यूयार्क (अमेरिका) में गठित हुई थी। यह सहकारी आधार पर समाचार संकलन का कार्य करती थी। कालांतर में इंग्लैण्ड में भी एक समाचार समिति की स्थापना हुई, जो ब्रिटिश पार्लियामेण्ट की कार्यवाही से संबंधित समाचार और प्रतिवेदन पत्रों को संप्रेषित करती थी।

सन् १८२५ में आधुनिक प्रकार की सर्वप्रथम समाचार एजेंसी की स्थापना हुई। फ्रांस के चार्ल्स आवास ने योरोप की अनेक राजधानियों के संवाददाताओं के सहयोग से एक ब्यूरो स्थापित किया। कालांतर में कबूतरों द्वारा समाचारों का संप्रेषण भी हुआ और चार्ल्स आवास द्वारा स्थापित आवास एजेंसी की ख्याति बढ़ी।

सन् १८४८ में न्यूयार्क में 'हार्बर न्यूज एसोसिएशन' नामक संस्था भी स्थापित की गयी। इसमें नौकाओं का उपयोग भी होता था। इसके दो वर्ष पश्चात् सन् १८५० में न्यूयार्क में ही एक तार समाचार एजेंसी स्थापित हुई, जिसे 'जनरल न्यूज एसोसिएशन' का नाम दिया गया। सन् १८५७ में 'हार्बर एसोसिएशन' और 'जनरल न्यूज एसोसिएशन' को संयुक्त करके एक नयी एजेंसी का निर्माण हुआ, जिसका नाम 'नेशनल न्यूयार्क एसोसिएटेड प्रेस' था। इसके अतिरिक्त 'टेलिग्राफिका स्टेफनी' (इटली), 'वेस्टर्न एसोसिएटेड प्रेस' (अमेरिका) तथा 'प्रेस एसोसिएशन आफ इंग्लैण्ड' (ब्रिटेन) आदि समाचार समितियाँ भी उस समय विश्व की प्रमुख समाचार एजेंसियां थीं।

सन् १८४९ में वर्नाल्ड वोल्फ द्वारा एक अन्य समाचार सेवा का प्रारम्भ किया गया, जो 'वोल्फ एजेंसी' के नाम से प्रसिद्ध हुई। जर्मनी के जूलियस रायटर ने लंदन में 'रायटर' नामक एक समाचार एजेंसी की स्थापना की, जो अपने क्षेत्र की विश्व की एक प्रमुख

संस्था बन गयी। आरम्भ में जर्मनी और फ्रांस के मध्य कबूतरों के माध्यम से बाजार भावों से सम्बन्धित सूचनाओं और समाचार का आदान-प्रदान किया जाता था। दो वर्ष पश्चात् 'रायटर' का एक कार्यालय लंदन में भी खुल गया। कालांतर में यह आधुनिक यांत्रिक साधनों और सुविधाओं से संपन्न होकर विश्व में विख्यात हो गई। सन् १९४१ में इसके अधिकांश शेयर 'ब्रिटिश समाचार समिति प्रेस एसोसियेशन' ने खरीद लिये। इसने अनेक देशों की संवाद समितियों से समझौते कर रखे हैं। भारत के 'प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया' से भी इसका समझौता है। इसका संचालन संयुक्त रूप से ब्रिटेन के 'न्यूज पेपर पब्लिसर्स एसोगियेशन' तथा 'प्रेस एसोशिएसन', आस्ट्रेलिया के 'एसोशिएटेड प्रेस' तथा न्यूजीलैंड के 'प्रेस एसोसिएशन' द्वारा होता है। इसके द्वारा प्रति वर्ष ४ करोड़ पौंड से भी अधिक मूल्य के समाचारों का विक्रय किया जाता है। इसमें पांच सौ से अधिक संवाददाता और ४००० से अधिक विशेष संवाददाता समाचार संप्रेषित करते हैं। इसके पचास से अधिक ब्यूरो विदेशों में हैं, जिनके माध्यम से ३००० ग्राहकों तक समाचार पहुंचते हैं। ६५०० सौ से अधिक समाचार पत्र, रेडियो स्टेशन, एवं टेलीविजन सेंटर भी इससे समाचार प्राप्त करते हैं।

'नियर ऐंड फार ईस्ट न्यूज (एशिया) लिमिटेड' नामक समाचार समिति लंदन में स्थापित की गयी थी। इस समाचार समिति के भारतीय कार्यालय दिल्ली, कलकत्ता और मद्रास में हैं। इसके विभिन्न कार्यालयों से हिन्दी के अतिरिक्त उर्दू, बंगला, तमिल तथा अंग्रेजी में भी समाचार वितरण का कार्य किया जाता है। १ अप्रैल सन् १९५२ से इसने भारत में भी समाचार संप्रेषण का कार्य आरम्भ किया था। कालांतर में 'ग्लोब एजेंसी लिमिटेड' का कार्य भी इसके द्वारा संपन्न किया जाने लगा। परन्तु विश्व की सबसे बड़ी स्वतंत्र समाचार समिति सन् १९५८ में गठित हूई थी, जिसका नाम 'यूनाइटेड प्रेस इंटरनेशनल' (यू० पी० आई०) है। इसी क्रम में विश्व में अन्य अनेक समाचार समितियों की स्थापना की गयी। तथ्य तो यह है कि इस समय भारत में देश-विदेश की अनेक समाचार एजेंसियाँ प्रमुख नगरों में अपने प्रधान कार्यालयों तथा शाखा कार्यालयों के माध्यम से कार्य कर रही है। इनमें से अनेक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समितियाँ भी हैं तथा अंतर्भारतीय और स्थानीय महत्व की समितियाँ भी हैं। विदेशी समाचार समितियों में से अनेक ने अपने न्यूज ब्यूरो भी भारत में स्थापित किये हैं। अनेक समितियों के संवाददाता भी भारत में नियुक्त हैं। 'एसोशियेटेड प्रेस आफ अमेरिका', 'यूनाइटेड प्रेस आफ अमेरिका', 'तास', 'रायटर', 'फ्रेंच न्यूज एजेंसी', 'क्योदो न्यूज सर्विस', 'पी० ए० पी०', 'ए० डी० एन०', 'एन० एस० एस०आ०', डी०पी०ए०', 'जी० जी० प्रेस', 'तानजुग', 'नोवोस्ती', 'एकोनामिक न्यूज सर्विस', 'वी०डब्ल्यू डी', 'एसोशियेटेड प्रेस आफ पाकिस्तान', 'इंडोनेशियन प्रेस एजेंसी', 'यूनाइटेड प्रेस आफ पाकिस्तान', 'अरब न्यूज एजेंसी', 'ग्लोब न्यूज एजेंसी' तथा 'नियर ऐंड फार ईस्ट न्यूज एजेंसी' इनमें प्रमुख है। ये अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मन जनवादी गणतंत्र, ईटली, जापान, पश्चिम जर्मनी, पोलैंड, यूगास्लाविया, पाकिस्तान, संयुक्त अरब गणतंत्र, इंडोनेशिया आदि की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाचार समितियाँ हैं और समाचार संप्रेषण के हेतु अधुनातन वैज्ञानिक संयंत्रों का प्रयोग करती हैं।

विश्व के प्रमुख देशों की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त समाचार समितियों से प्रेरणा और प्रभाव ग्रहण करके भारत में भी समाचार समितियों का विकास हुआ। वास्तव में यह आधुनिक पत्रकारिता की एक अपरिहार्य आवश्यकता है। सन् १९१० में (डॉ०) के० सी० राय ने 'एसोशियेटेड प्रेस आफ इंडिया' के नाम से सर्वप्रथम भारतीय समाचार समिति की स्थापना की। वह अनेक पत्रों के संवाददाता रह चुके थे और उन्होंने अपने व्यावहारिक अनुभव के आधार पर कतिपय समाचार पत्रों और संगठनों के सहयोग से इस समाचार समिति की स्थापना की थी। उन्होंने इसे अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से भारत के प्रमुख नगरों में इसकी शाखाएं खोलीं। सर उषानाथ सेन ने भी इसकार्य में उन्हें सहयोग दिया था। जिस नगर में कोई तीन समाचार पत्र एक हजार रुपये देकर इससे समाचार क्रय करने को प्रस्तुत होते थे, वहाँ इस संस्था का शाखा-कार्यालय स्थापित कर दिया जाता था। कुछ समय तक इस संस्था का संचालन करते हुए (डॉ०) राय को आर्थिक कष्टों का

सामना करना पड़ा और मानसिक संत्रास भी हुआ। सन् १९३१ तक वह इस संस्था से संचालक के रूप में जुड़े रहे। उनकी मृत्यु के पश्चात् उषानाथ सेन ने उसके संचालक और प्रबंधकारी संपादक का कार्य-भार ग्रहण किया और सन् १९५० तक इसका निर्वाह करते रहे। सन् १९३८ में इस सर्वप्रथम भारतीय समाचार समिति ने देश में टेलीप्रिंटर मशीनें लगाकर एक ऐतिहासिक महत्व का कार्य किया। कालांतर में यद्यपि यह संस्था उतनी महत्वपूर्ण नहीं रही, परन्तु प्रथम भारतीय समाचार समिति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त होने के कारण इसका ऐतिहासिक महत्व है।

एक समाचार-कार्यालय अथवा 'दि न्यूज ब्यूरो' की स्थापना भी (डॉ०) के० सी० राय ने की थी। इसकी स्थापना में उन्हें भारतीय समाचार पत्रों और पत्र संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआ था। परन्तु अनेक कठिनाइयों का सामना करते रहने पर भी वह इसे जीवित न रख सके। कालांतर में 'रायटर' ने (डॉ०) के० सी० राय द्वारा स्थापित सर्वप्रथम भारतीय समाचार समिति 'एसोशियेटेड प्रेस आफ इंडिया', 'दि इण्डियन न्यूज एजेंसी' तथा 'दि न्यूज ब्यूरो' के स्वत्वाधिकार क्रय कर लिये।

सन् १९१९ में 'रायटर्न' ने भारत में 'ईस्ट न्यूज एजेंसी' की स्थापना की, जिसके पास 'एसोशिएटेड प्रेस आफ इंडिया', 'दि इंडियन न्यूज एजेंसी' तथा 'न्यूज ब्यूरो' के स्वत्वाधिकार थे।

सन् १९२५ में एस० सदानन्द के द्वारा एक अन्य समाचार समिति की स्थापना की गई जिसका नाम 'फ्री प्रेस आफ इंडिया' था। सदानन्द जी को अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की 'रायटर' नामक समाचार समिति में कार्य करने का अनुभव था। वह इस संस्था के माध्यम से भारत एवं बर्मा के सभी भागों से प्राप्त राष्ट्रीय विचारों पर आधारित समाचारों का संप्रेषण और वितरण करते थे। अनेक कारणों से सन् १९३३ में यह समाचार समिति बंद हो गई।

सन् १९३३ में बी० सेन गुप्त द्वारा एक नवीन समाचार समिति का निर्माण किया गया, जिसका नाम 'यूनाइटेड प्रेस आफ इंडिया' था। इस संस्था की स्थापना करने के पूर्व सेन गुप्त जी 'फ्री प्रेस आफ इंडिया' में कार्य कर चुके थे। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर इस संस्था को बहुत आगे बढ़ाया। एसोशियेटेड प्रेस आफ इंडिया' के बाद यह दूसरी भारतीय समाचार समिति थी, जिसने देश में टेलीप्रिंटर लगाने का महत्व पूर्ण कार्य किया था। इस संस्था का प्रधान कार्यालय कलकत्ते में है। देश के २५ बड़े नगरों में उसके शाखा कार्यालय भी हैं। इनसे अनेक स्थानों के संवाददाता जुड़े हुए हैं। सन् १९५१ में 'एजेंसी फ्रांस प्रेस' से हुए समझौते के अनुसार इसने विदेशों से समाचार प्राप्त करना भी आरम्भ कर दिया था।

बीसवीं शताब्दी के चौथे दशक में भारत में एक अन्य समाचार समिति का निर्माण 'ओरियेंट प्रेस आफ इंडिया' के नाम से किया गया। इसकी स्थापना में तत्कालीन राजनैतिक दल मुस्लिम लीग के कतिपय प्रभावशाली सदस्य थे। ब्रिटिश सरकार तथा हैदराबाद आदि रियासतों ने भी इसकी स्थापना में सहयोग दिया था। सन् १९४७ में यह बन्द हो गई।

सन् १९४२ में लखनऊ में भी एक समाचार समिति स्थापित की गई। इसका नाम 'नेशनल प्रेस', रखा गया। इसके संस्थापक विजय कुमार मिश्र थे। इसके द्वारा उत्तर प्रदेश के हिन्दी पत्रों को प्रादेशिक समाचारों का संप्रेषण किया जाता था।

'हिंदुस्तान समाचार' समिति की स्थापना एक प्राइवेट कम्पनी के रूप में एस० एस० आप्टे के द्वारा दिसम्बर सन् १९४८ में की गई थी। इसका विशेष महत्व इस दृष्टि से भी है कि इसने देश में सर्वप्रथम देवनागरी टेलीप्रिंटर सेवा का प्रयोग आरम्भ किया। फरवरी सन् १९५७ में इसने एक सहकारी समिति का रुप ग्रहण कर लिया। इसकी सदस्य संख्या ३१३ है, जिसमें से २७० इसी के कर्मचारी तथा संवाददाता हैं। इसका प्रधान कार्यालय नयी दिल्ली में है। इसके १७ शाखा कार्यालय तथा कुछ उप कार्यालय भी हैं। इसके २५ टेलीप्रिंटर सेंटर भी हैं। इसमें नियमित रूप से २०० कर्मचारी कार्यरत हैं। १३०० से अधिक इसके अवैतनिक संवाददाता हैं। इस समय १३५ समाचार पत्र, केंद्रीय सरकार, प्रादेशिक सरकारें, आकाशवाणी तथा दूतावास आदि इससे समाचार क्रय करते हैं। हिन्दी के अतिरिक्त यह गुजराती, पंजाबी, बंगला, उर्दू, मराठी,

उड़िया, असमी तथा मलयालम में समाचार संप्रेषण करती है।

सन् १९४८ में कलकत्ते में एक अन्य समाचार समिति की स्थापना की गयी थी। इसका नाम 'हिंद समाचार समिति' था। इसके द्वारा मुख्य रूप से बंगाल के पत्रों को बंगला भाषा में प्रादेशिक समाचारों का का संप्रेषण किया जाता था।

'प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया' की मान्यता सबसे बड़ी समाचार समिति के रूप में है। इसकी स्थापना सन्१९४९ में हुई थी। इसका मुख्य कार्यालय बम्बई में है तथा देश भर में इसके ५५ कार्यालय हैं।इसमें ५०० टेलीप्रिंटर हैं। इन्हीं की सहायता से ये सभी आपस में जुड़े हैं। छोटे स्थानों पर इसके अंशकालिक संवाददाता कार्यरत हैं। भारतीय डाक तार विभाग से इस समाचार समिति ने ५०००० किलोमीटर लाइन किराये पर ले रखी है। इसमें एक हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से दो सौ पूर्णकालिक पत्रकार हैं। यह अकेली ऐसी भारतीय समाचार समिति है, जिसने भारत से बाहर ११ देशों में अपने संवाददाता नियुक्त कर रखे हैं। ये न्यूयार्क,पेरिस, मास्को, काहिरा, टोक्यो, कुआलालंपुर, लंदन तथा काठमांडू आदि में हैं। इसका अनेक विदेशी समाचार समितियों से भी समझौता है, जिनसे यह टेलीप्रिंटर पर समाचार पत्रों का आदान-प्रदान करती है। भारत के १८५ समाचार पत्र, आकाशवाणी केंद्र, दूरदर्शन केंद्र, भारत सरकार तथा प्रादेशिक सरकारों के सूचना विभाग, इसकी सेवाएं क्रय करते हैं। यह समाचार समिति भारत की सभी भाषाओं के समाचार पत्रों में समाचार संप्रेषण अंग्रेजी में करती है, जो अनूदित रूप से प्रकाशित होते हैं।

'टाइम्स आफ इंडिया न्यूज सर्विस' नामक समाचार समिति की स्थापना १६ जनवरी सन् १९५३ में हुई थी। बम्बई के 'टाइम्स आफ इंडिया' ने अपने भारतीय और विदेशी संवाददाताओं के सहयोग से स्थापित किया था। 'न्यूयार्क टाइम्स', 'मैनचेस्टर गार्जियन सर्विस', 'यूनाइटेड प्रेस आफ अमरीका' आदि से इसका सहयोग है। यह टाइम्स पत्र श्रृंखला के पत्र-पत्रिकाओं के लिए अपने निजी संवाददाताओं से समाचारों का संकलन करके सम्प्रेषित करती है।

'यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया' नामक समाचार समिति की स्थापना १० नवम्बर सन् १९५९ को हुई थी। इसका मुख्य कार्यालय दिल्ली में है। इसकी मान्यता एशिया की तीसरी सबसे बड़ी समाचार समिति के रूप में है। इसके देश में ५० कार्यालय हैं, जो ४०० टेलीप्रिंटरों से जुड़े हुए हैं। इनके अतिरिक्त लगभग १५० छोटे नगरों में इसके अंश कालिक संवाददाता भी समाचार संप्रेषण का कार्य करते हैं। इस समाचार समिति ने भारतीय डाकतार विभाग से कुल ४०००० किलोमीटर लाइन किराए पर ले रखी है। इस समाचार समिति में लगभग २५० पत्रकार कार्यरत हैं। इसका समझौता देश-विदेश की अनेक समाचार समितियों से है, जिसके अनुसार यह उनसे समाचारों का आदान-प्रदान करती है। इसकी सेवाएं विभिन्न समाचार पत्रों के अतिरिक्त केंद्रीय एवं प्रादेशिक सरकारों के सूचना विभाग, आकाशवाणी, दूतावास, होटल तथा औद्योगिक संस्थान आदि क्रय करते हैं, जिनकी संख्या लगभग २९० है। यह १५ भाषाओं के पत्रों में अंग्रेजी में समाचार संप्रेषण करती है।

१९५९ में 'इण्डिया न्यूज ऐंड फीचर एजेंसी' नामक समाचार समिति की स्थापना हुई थी। यह हिंदी तथा अंग्रेजी में समाचार, सूचना और फीचर का संप्रेषण करती है। देश के ग्यारह नगरों में ईसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं। हिंदी के अतिरिक्त तेलुगु, उर्दू, गुजराती, मराठी, तमिल, कन्नड़, असमी और मलयालम भाषाओं में भी इस सिंडीकेट के द्वारा समाचारों का संप्रेषण किया जाता है। इस समिति का संक्षिप्त प्रचलित नाम 'इन्फा' है।

सन् १९५९ में 'आई० एन० एस०' (इंडियन न्यूज सर्विस) नामक समाचार समिति की स्थापना हुई, जो दुर्भाग्यवश कुछ ही महीनों में बंद हो गयी। 'समाचार भारती' नामक समाचार समिति की स्थापना एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में अक्टूबर १९६०में हुई थी। इसके संस्थापक धर्मवीर गांधी तथा फिरोजचंद थे। इसका मुख्य कार्यालय नयी दिल्ली में है। इसके ९० प्रतिशत हिस्से विभिन्न प्रादेशिक सरकारों ने खरीद रखे हैं। यह एक लाभ रहित कम्पनी के रूप में कार्य करती है। इसके कुल १४ कार्यालय हैं। इसके १७ टेली-

प्रिंटर सेंटर भी हैं। इसमें लगभग ६० नियमित कर्मचारी हैं, जिनमें से आधे पत्रकार हैं। लगभग ८० समाचार पत्र 'समाचार भारती' की सेवायें क्रय करते हैं। इसके टेलीप्रिंटरों से हिंदी के अतिरिक्त मराठी में भी समाचार संप्रेषण किया जाता है। विभिन्न प्रादेशिक सरकारें और आकाशवाणी भी इसके ग्राहकों में हैं।

'एसोशियेटेड न्यूज ऐण्ड फीचर्स' नामक समाचार समिति की स्थापना दिसम्बर सन् १९६४ में हुई थी। इसका केन्द्रीय कार्यालय जयपुर में है। इसके अतिरिक्त दिल्ली, अहमदाबाद, बम्बई, कलकत्ता, भोपाल और नैनीताल में इसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं। सम्प्रति इस समिति के द्वारा केवल हिंदी में ही समाचार वितरण होता है, यद्यपि भविष्य में क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से भी यह कार्य किया जायगा। इसका संक्षिप्त प्रचलित नाम 'ए० एन० एफ०' है।

'यूनीवार्ता' नामक समाचार समिति १ मई सन् १९८२ से भारतीय भाषाओं में समाचार सम्प्रेषण कर रही है। यह 'यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया' के अधीन कार्य करती है। इसका प्रधान कार्यालय नयी दिल्ली में है। भारत के ४८ शहरों में शाखा कार्यालय स्थापित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त भारत में संप्रति अन्य भी अनेक समाचार समितियां कार्य कर रही हैं, जिनमें 'इंडियन न्यूज एंड फीचर एलायंस', 'इंडियन प्रेस एजेंसी', 'ईस्टर्न न्यूज एजेंसी', 'यूनीवर्सल प्रेस सर्विस', 'न्यूज फीचर आफ इंडिया' तथा 'पब्लिकेशन सिंडीकेट' आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

'दक्षिण भारत समाचार समिति' (डेकन न्यूज एजेंसी) की स्थापना हैदराबाद में की गई थी। यह जिलों और शहरों के समाचार उर्दू के पत्रों को संप्रेषित करती थी।

'केरल प्रेस सर्विस' नाम से एक समाचार समिति की स्थापना ट्रावनकोर-कोचीन में की गयी थी। इसके संस्थापक सी० जी० केशवन थे। उन्हें 'एसोशिएटेड प्रेस आफ इंडिया' में कार्य करने का अनुभव था। इस समाचार समिति के द्वारा राज्य के विभिन्न भागों से प्रकाशित पत्रों को डाक के द्वारा मलयालम भाषा में समाचारों का संप्रेषण किया जाता था।

'एसोशिएटेड प्रेस आफ हैदराबाद' नामक समाचार समिति की स्थापना हैदराबाद में रजा अली के द्वारा की गयी थी। श्री अली को 'एसोशिएटेड प्रेस आफ इंडिया' में कार्य करने का अनुभव था। इस संस्था के संवाददाता प्रदेश के सभी मुख्य जिलों में थे, जो प्रदेश के पत्रों को प्रादेशिक समाचार संप्रेपित करते थे।

'न्यूज फीचर्स आफ इंडिया' तथा 'पब्लिकेशन सिंडीकेट' नामक दो अन्य समाचार समितियाँ हैं, जो समाचारों, सूचनाओं और फीचरों का संप्रेषण करती हैं।

'पत्र सूचना कार्यालय' अथवा प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो (पी० आई० बी०) विभिन्न प्रकार के समाचार पत्रों तथा अन्य संस्थानों के लिए समाचारों से संबंधित सरकारी सामग्री की तैयारी और वितरण करने के समानान्तर ही उनके प्रकाशन और प्रभाव का भी आकलन करता है। यह मुख्य सूचना अधिकारी के अधीन कार्य करता है।

इस समय भारत में जो भारतीय समाचार समितियाँ कार्यशील हैं, उनमें 'एसोसिएटेड प्रेस आफ इंडिया', 'इंडियन न्यूज एजेंसी', 'फ्री प्रेस एजेंसी', 'यूनाइटेड प्रेस आफ इंडिया', 'प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया', 'यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया', 'हिंदुस्तान समाचार', 'इंडिया न्यूज ऐंड फीचर एजेंसी', 'न्यूज फीचर आफ इंडिया', 'इंडियन न्यूज ऐंड फीचर एलायंस', 'इंडियन प्रेस एजेंसी', 'प्रेस एशिया इंटरनेशनल', 'समाचार भारती', 'ईस्टर्न इंडियन न्यूज एजेंसी', 'केरल प्रेस', 'एसोशिएटेड न्यूज सर्विस', 'इंडिपेंडेंट न्यूज सर्विज', 'प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया', 'भारतीय समाचार', 'हिंदी न्यूज सर्विस', 'नेशनल प्रेस आफ इंडिया', फोटोग्राफिक न्यूज सर्विस', 'ज्ञानांजन', 'उत्थान', 'यूनाइटेड प्रेस आफ इंडिया', 'नेशनल न्यूज सर्विस', बुंदेलखण्ड न्यूज एजेंसी', 'भारत न्यूज एजेंसी', 'जे० जे० न्यूज', 'ओरियंट न्यूज एजेंसी', 'इंडिया न्यूज सर्विस', 'कश्मीर न्यूज सर्विस', 'जिज्ञासा', 'फारेन न्यूज एंड फीचर्स लिमिटेड' आदि उल्लेखनीय हैं।

हिंदी में समाचार सम्प्रेषण की व्यवस्था भी उसके गौरव और गरिमा के अनुरूप नहीं है। समाचार सम्प्रेषण के क्षेत्र में जो अन्तर्राष्ट्रीय सम्वाद और समाचार समितियां क्रियाशील हैं, वे तो अंग्रेजी में समाचार सम्प्रेषण करती ही हैं, अन्तभारतीय स्तर पर भी जो

समाचार समितियाँ कार्यरत हैं, वे भी इस कार्य को अंग्रेजी में ही सम्पन्न करती हैं। व्यावहारिक दृष्टिकोण से इसका एक दुष्प्रभाव यह परिलक्षित होता है कि हिन्दी पत्रों को श्रेष्ठ और स्तरीय समाचारों की उपलब्धि नहीं हो पातीं और उन्हें सामान्य समाचारों के प्रकाशन से ही सन्तुष्ट रहना पड़ता है। इसीलिए हिंदी पत्रकारिता से सम्बन्धित एक समस्या अनुवाद की भी है। जैसा कि अन्यत्र स्पष्ट किया जा चुका है विदेशों और भारत की अधिकांश समाचार समितियाँ अंग्रेजी में ही समाचार सम्प्रेषण का कार्य करती हैं। हिन्दी पाठक इन समाचारों से बिल्कुल ही वंचित न रह जायें इसके लिए दो प्रकार से प्रयास हो रहा है। एक तो यह कि हिन्दी में ही भारतीय समाचार समितियाँ अपना कार्य सम्पन्न करें और दूसरे यह कि अंग्रेजी में सम्प्रेषित समाचारों और उपलब्ध सामग्री को हिंदी में अनूदित करके हिंदी पाठकों तक पहुंचाया जाय।

समाचार समिति और संवाद समिति ऐसे संगठन और संस्थान हैं, जो समाचार संकलन, समाचार संप्रेषण और समाचार वितरण का कार्य करते हैं। प्रारम्भ में इनकी आवश्यकता का अनुभव केवल समाचार पत्रों के परिप्रेक्ष्य में किया गया था, परन्तु कालान्तर में इनके माध्यम से समाचार पत्रों से इतर माध्यम, विशेष रूप से आकाशवाणी तथा दूरदर्शन आदि को भी समाचार संप्रेषण किया जाने लगा है।

पत्रकारिता के विकास के समानांतर समाचार समितियों एवं संवाद समितियों का कार्य क्षेत्र व्यापकतर होता गया। फलतः इनके माध्यम से समाचार संप्रेषण के साथ विभिन्न प्रकार के संदर्भ लेख, फीचर, फोटो आदि भी संप्रेषित किये जाने लगे।

समाचार संप्रेषण के लिये विश्व की प्रमुख समाचार समितियाँ नवीतम संचार साधनों का उपयोग करती हैं। रेडियो द्वारा समाचारों, फोटो तथा टेलीप्रिंटर द्वारा यह किसी भी सचित्र समाचार को ८ मिनट के भीतर संसार के किसी भाग तक भेज सकती हैं। इस क्षेत्र में नवीनतम यांत्रिक उपलब्धि टेली—टाइप—सेंटर सर्विस की है। इसके माध्यस से पंच किये हुए टेप टेलीप्रिंटर पर प्राप्त होते हैं और वे सीधे टेली टाइप मशीनों पर पहुंच कर स्वचालित रूप में टाइप हो जाते हैं। आज के युग में समाचार समितियों की उपयोगिता, क्षमता, साधन संपन्नता और महत्व का अनुभव सहज ही लगाया जा सकता है। एसोशियेटेड प्रेस जैसी समाचार एजेंसियाँ एक मिनट से भी कम समय में विश्व के ८० देशों को समाचार बुलेटिन प्रेषित करने में सक्षम हैं। सांप्रतिक पत्रकारिता के क्षेत्र में समाचार समितियों की भूमिका का महत्व निर्विवाद है। देश की अधिकांश सरकारी और गैर सरकारी समाचार समितियां टेलीप्रिंटर, टेलीफोन, तार तथा बेतार के माध्यम से समाचारों का संप्रेषण करती हैं।

पत्रकारिता में समाचार समितियों की भूमिका के संदर्भ में यहां पर इस तथ्य का उल्लेख करना असंगत न होगा कि सन् १९६५ में भारत में 'प्रेस कौंसिल आफ इण्डिया' की स्थापना की गई थी। ३१ दिसंबर सन् १९७५ को यह भंग कर दी गयी थी। सन् १९७८ के प्रेस परिषद् अधिनियम के अनुसार यह पुनः अस्तित्व में आई। प्रारम्भ में इसके अधिकार और कार्य क्षेत्र की परिधि में केवल समाचार पत्र और संस्थान ही आते थे, परन्तु सन् १९७० में इसका अधिकार और कार्य क्षेत्र समाचार समितियों तक विस्तीर्ण हो गया। इसका १ अध्यक्ष तथा २८ सदस्य होते हैं। इनमें से विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए प्रतिनिधि होते हैं। १ सदस्य समाचार समितियों का भी प्रतिनिधित्व करता है। व्यवहारतः प्रेस परिषद् की स्थापना के मूल में एक उद्देश्य यह भी है कि समाचार सनितियों का स्तर बनाये रखने साथ ही साथ उनकी कार्य प्रणाली में अपेक्षित सुधार करते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जाय। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रेस परिषद् समाचार समितियों को अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करने में वांछित सहायता देने के साथ-साथ उनसे यह भी आशा करती है कि वे एक आचार-संहिता का निर्वाह और पालन भी करेंगी। इन समाचार समितियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे जन-रुचि के उच्च मान दण्डों को बनाये रखेंगी। यदि किसी समाचार समिति को किसी विदेशी स्रोत से कोई सहायता मिलती है, तो उस पर केंद्रीय सरकार किसी व्यक्ति अथवा किसी संस्था द्वारा प्रश्न उठाये जाने पर प्रेस परिषद् उस पर भी दृष्टि रखेगी। उसका यह भी कार्य होगा कि वह समाचार-समितियों में कार्य

कर रहे सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की कार्य-प्रणाली में समन्वय स्थापित करे। उसे इस तथ्य पर भी अपना ध्यान केंद्रित रखना होगा कि समाचार समितियों का स्वामित्व किसी व्यक्ति विशेष के हाथों में सिमटने से उनकी स्वतंत्रता किस सीमा तक प्रभावित होती है। प्रेस परिषद् को अपने पास आने वाली किसी शिकायत के द्वारा अथवा किसी अन्य प्रकार से यदि यह विश्वास हो जाय कि कोई समाचार समिति जन-रुचि, आचार संहिता अथवा नैतिकता का उल्लंघन कर रही है, तो वह उसकी जांच करके उसकी निंदा भी कर सकती है, परन्तु ऐसा करने के पूर्व वह संबन्धित समाचार समिति को अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत करने का अवसर भी देगी। वह अपने कार्य-संचालन के लिए उनसे शुल्क भी प्राप्त कर सकती है, परंतु इतना सब होने पर भी प्रेस परिषद् किसी समाचार समिति के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का अधिकार नहीं रखती।

(४) प्रेस-स्वातंत्र्य तथा कानूनी प्रतिबंध

पत्रकारिता के उद्भव काल से ही प्रेस की स्वतंत्रता का प्रश्न उससे जुड़ा हुआ है। हिंदी पत्रकारिता ही नहीं, भारतीय पत्रकारिता का उद्भव भी तब हुआ था, जब देश ब्रिटिश शासन के अधीन था । निसर्गतः उस समय उद्भूत पत्रकारिता का लक्ष्य राष्ट्रीय था और जन चेतना के जागरण से ही राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती थी। प्रेस की स्थापना और पत्रकारिता के उद्भव के समानान्तर ही तत्कालीन ब्रिटिश शासन की ओर से कानूनी प्रतिबंध लगाये जाने लगे ।

यह उल्लेखनीय तथ्य है कि भारत में पत्रकारिता का आरंभ अंग्रेज पत्रकारों द्वारा ही किया गया। उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि संपूर्ण भारत में सर्वप्रथम प्रेस २९ जनवरी सन् १७८९ को एक बापटिस्ट मिशनरी द्वारा बंगाल के सीरामपुर नामक स्थान पर लगाया गया था। इसी प्रेस से भारत का सर्व प्रथम पत्र अंग्रेजी में प्रकाशित हुआ था । इंस पत्र का नाम 'हिकीज बंगाल गजट' अथवा 'कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर' था, इसका यह नाम इस कारण रखा गया था कि इस पत्र के संपादक जेम्स आगस्टस हिकी थे। तथ्यतः इसी पत्र से प्रेस स्वातंत्र्य की मांग शुरू होती है क्योंकि इसमें संपादक ने स्पष्ट रूप से यह घोषणा की थी कि यह राजनैतिक एवं आर्थिक विषयों से संबंधित साप्ताहिक पत्र है और इसका संबंध यद्यपि प्रत्येक दल से है परंतु फिर भी वह किसी दल के प्रभाव में नहीं आयेगा। इसी में उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट रूप से लिखा था कि 'मुझे समाचार पत्र प्रकाशित करने का विशेष चाव नहीं है और न ही मुझमें इसके लिए वांछित योग्यता ही है। इसके अतिरिक्त विशेष कठिन परिश्रम करना भी मेरे स्वभाव के प्रतिकूल है । परंतु फिर भी मैं अपने शरीर को कष्ट देना इसलिए स्वीकार करता हूं जिससे मैं अपने मन और आत्मा की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकूं।'

'हिकीज बंगाल गजट' के संपादक जेम्स आगस्टस हिकी का विरोध तत्कालीन अंग्रेजी सरकार ने किया। इसका कारण यह था कि तत्कालीन गर्वनर जनरल वारेन हेस्टिंग्ज की कटु आलोचना हिकी ने की थी। फलतः न केवल हिकी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गयी, वरन् उन्हें कारावास का दंड भी मिला। यहाँ तक कि सन् १७८२ में ईस पत्र का प्रकाशन बंद कर देना पड़ा। परंतु फिर भी हिकी ने प्रेस की स्वतंत्रता की हिमायत की। उनका निश्चित विचार था कि न केवल अंग्रेजी सत्ता वरन् किसी भी स्वतंत्र सरकार के लिए यह आवश्यक है। राज्य के प्रत्येक नागरिक अथवा तथाकथित प्रजा को भी इस बात की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वे अपने मत अथवा सिद्धांत की निर्भीक होकर घोषणा कर सकें। जो भी शासन इसे किसी भी रूप में बाधित करता है, वह अत्याचारी है।

सन् १७८२ में 'हिकीज बंगाल गजट' का प्रकाशन स्थगित होने के पश्चात् 'इण्डियन वर्ल्ड' के संपादक श्री डुएन भी अपने विचार-स्वातंत्र्य के कारण तत्कालीन अंग्रेजी सरकार का कोप भाजन बने। तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड कार्नवालिस उनसे क्षुब्ध हो गये। फलतः डुएन को बंदी बनकर अपमानित होना पड़ा। परन्तु इसका अंत यहीं नहीं हुआ और कालांतर में उन्हें देश निकाला देकर यूरोप वापस भेज दिया गया।

सन् १७९५ में भारत में मद्रास में पत्रों के कठोर

सेंसर की राजाज्ञा जारी हुई थी जो क्रमशः देश के सभी भागों से प्रकाशित पत्रों पर लागू होती गयी। इस वर्ष 'मद्रास गजट' को यह आदेश हुआ कि वह प्रकाशन के पूर्व अपने समस्त स्तम्भों का सेंसर करा ले। सन् १७९९ में 'टेली ग्राफ' के संपादक मैकेनली के प्रति भी ब्रिटिश सरकार ने कठोर रुख अपनाया। 'कलकत्ता गजट' के विरुद्ध भी यही किया गया। सन् १७९९ में संपूर्ण देश से प्रकाशित होने वाले सभी समाचार पत्रों पर सेंसर लगा दिया गया। 'बंगाल हुरकारु' के संपादक चार्ल्स मैकलीन पर भी इसी प्रकार के आरोप लगाये गये और उन्हें भी इंग्लैंड वापस भेज दिया गया।

'प्रेस पंजीकरण अधिनियम' सन् १७९९ में लार्ड वेलेजली के आदेशानुसार पत्रकारों पर नियंत्रण बनाये रखने के उद्देश्य से कलकत्ते से जारी किया गया था। इसके अनुसार यह आवश्यक था कि प्रत्येक समाचार पत्र का मुद्रक पत्र के नीचे छोर पर अपना नाम प्रकाशित करे, समाचार पत्र का सम्पादक और मालिक अपने नाम और स्थान की सूचना सरकार के सचिव को दे, रविवार को कोई पत्र प्रकाशित न किया जाए, प्रत्येक पत्र सरकार के सचिव अथवा उसके मनोनीत अधिकारी द्वारा पूर्व निरीक्षण के बाद ही प्रकाशित किया जाए, यदि कोई इन नियमों का उल्लंघन करे तो उसे तुरन्त यूरोप वापस भेज दिया जाए।

सन् १७९९ के सेंसर कानून में सन् १८१३ में कुछ परिवर्तन किये गये और सन् १८१८ में उसे समाप्त कर दिया गया। परन्तु फिर भी समाचार पत्रों को स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हुई क्योंकि सन् १८१८ में 'कलकत्ता जर्नल' के सम्पादक जे० एस० बकिंघम को शासन तंत्र की कटु आलोचना करने के अपराध में देश निकाला दे कर वापस इंगलैंड भेज दिया गया।

सन् १८१८ में वारेन हेस्टिंग्ज ने प्रेस कानून में परिवर्तन किया और पत्र प्रकाशन के पूर्व न केवल सेंसर करने की प्रथा को समाप्त कर दिया वरन् रविवार को पत्र प्रकाशन की स्वतंत्रता भी प्रदान कर दी, परन्तु इस संशोधित नियम में कुछ शर्तें प्रतिबंध के रूप में लगा दी गईं जिनके अनुसार किसी भी पत्र में उस विवरण को प्रकाशित करने का निषेध कर दिया गया जो कोर्ट आफ डाइरेक्टर्स अथवा ब्रिटिश सरकार के किसी भी ऐसे विभाग से जिसका संबंध भारत सरकार से हो, किसी निर्णय अथवा कार्यवाही पर आधारित हो। इसी प्रकार कौंसिल के सदस्यों, सुप्रीम कोर्ट के जजों तथा कलकत्ते के बड़े पादरी के किसी सार्वजनिक क्रियाकलाप पर अपमान जनक उद्गार प्रकट करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। साथ में उन समाचारों का प्रकाशन भी प्रतिबंधित कर दिया गया जिनसे भारत की प्रजा में आतंक अथवा संदेह उत्पन्न हो अथवा किसी वर्ग के धार्मिक विश्वासों और भावनाओं को आघात पहुंचे। किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपमानजनक बातों का प्रकाशन, भारत में स्थापित ब्रिटिश सरकार के पद और शक्ति को कमजोर करने वाले किसी विदेशी पत्र में प्रकाशित लेख अथवा उसके अंश के प्रकाशन आदि पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया।

सन् १८१८ के पश्चात् तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने सर टामस मुनरो को भारत में समाचार पत्रों की स्थिति का आकलन करके अपनी रिपोर्ट देने के लिए नियुक्त किया। मुनरो ने इस समस्या के सभी पक्षों का अध्ययन किया और यह अनुभव किया कि भारत में अंग्रेजों द्वारा प्रकाशित समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाना अधिक महत्वपूर्ण नहीं है और न ही उन पर गंभीर रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि वे लाभ या हानि की दृष्टि से अधिक महत्व नहीं रखते। फिर भी उसने सेंसर की प्रथा बनाए रखने और अपराधी संपादकों को देश निकाला देने की परम्परा और उसके अधिकार को जारी रखने से सहमति प्रकट की। परन्तु इसी के समानांतर उसने अंग्रेजों और भारतीयों द्वारा प्रकाशित समाचार पत्रों के मध्य एक प्रकार की विभाजक रेखा खींच दी और भारतीयों द्वारा प्रकाशित समाचार पत्रों को स्वतंत्रता देने में खतरे का अनुभव किया।

४ अप्रैल सन् १८२३ को भारत के स्थानापन्न गवर्नर जनरल जान एडम ने प्रेस संबन्धी नये कानून जारी करके भारतीय समाचार पत्रों पर नियंत्रण का विधान किया। इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह फोर्ट विलियम की आबादी के क्षेत्र में कोई भी समाचार पत्र, पत्रिका, पुस्तिका, विज्ञप्ति अथवा पुस्तक आदि किसी भी भाषा में बिना सरकारी

स्वीकृति के प्रकाशित नहीं करेगा, जिसमें सरकार की नीति या कार्य-पद्धति के संबन्ध में किसी प्रकार की सूचना, समाचार या टीका टिप्पणी हो। इस कानून के अन्तर्गत यह भी आवश्यक था कि कोई भी व्यक्ति समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए सरकार से लाइसेंस प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही साथ एक हलफनामा भी दे, जिसमें प्रकाशन हेतु प्रस्तावित समाचार पत्र, पत्रिका अथवा पुस्तिका के मुद्रक, प्रकाशक और प्रेस के मालिकों आदि का पूरा नाम और पता तथा कार्यालय और भवन का पता भी लिखित रूप से दे। यदि कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस के कोई समाचार प्रकाशित करे तो उसके लिए प्रकाशक को ४०० रुपये जुर्माने और ४ महीने के कारावास दण्ड का प्राविधान था। इस कानून को और भी अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह भी अनिवार्य कर दिया गया कि किसी भी प्रकार का मुद्रणालय स्थापित करने के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है। यदि कोई बिना लाइसेंस के मुद्रणालय स्थापित करे तो उसे १०० रुपये जुर्माने के साथ ६ मास तक के कारावास दण्ड का प्राविधान था। ऐसे गैर कानूनी रूप से स्थापित मुद्रणालयों को सरकार द्वारा जब्त करने का भी अधिकार था। किसी पत्र का प्रकाशन रोक दिये जाने पर भी उसे वितरित कराने वाले को एक हजार रुपये तक जुर्माने अथवा दो महीने के कारावास दण्ड का भी प्राविधान किया गया था।

सन् १८२३ के नये प्रेस कानून का पहला शिकार राजा राममोहन राय का फारसी समाचार पत्र 'मिरातुल अखबार' हुआ। उन्होंने उसी दिन अपने पत्र का अन्तिम संस्करण प्रकाशित करते हुए उसके स्थगित करने की सूचना दी।

इसी वर्ष भारत के स्थानापन्न गवर्नर जनरल जान एडम ने 'कलकत्ता जर्नल' के सम्पादक जेम्स सिल्क बकिंघम को गिरफ्तार करके और भारत से निर्वासित करके इंग्लैंड भेज दिया।

सन् १८२३ का कानून सन् १८३५ तक लागू रहा। १८३५ में उसे सर चाल्स मैकडाफ ने रद्द कर दिया। इसका आशय यह था कि भारतीय समाचार पत्रों को इंग्लैंड के समाचार पत्रों के समान ही स्वतंत्रता प्राप्त होगी। परन्तु इससे ईस्ट इंडिया कम्पनी के अधिकारी असंतुष्ट हुए और उन्होंने सर चार्ल्स मैकडाफ को वापस इंग्लैंड बुला लिया और उनके स्थान पर नया गवर्नर जनरल नियुक्त कर दिया।

सन् १८५७ में जब भारतीय स्वतंत्रता का प्रथम महा संग्राम हुआ तब पुनः सरकार ने समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाना आवश्यक समझा। अतएव सन् १८५७ का प्रेस अधिनियम जारी किया गया और अस्थायी रूप से मुद्रणालयों की स्थापना तथा समाचार पत्रों एवं पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिये गये। कुछ समय पश्चात् ये प्रतिबंध हटा भी लिए गये।

सन् १८६७ में 'रेगुलेशंस आफ प्रिंटिंग प्रेस ऐंड न्यूज पेपर्स' का अधिनियम पारित हुआ। इसका उद्देश्य मुद्रणालयों और समाचार पत्रों आदि का प्रकाशन नियमित करना और तदनुसार अपेक्षित कार्यवाही करना था। इस अधिनियम में सन् १८९० में तथा १९४० में कतिपय संशोधन भी किए गये थे।

सन् १८७८ में 'भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम' जारी किया गया। इसका उद्देश्य भारतीय समाचार पत्रों में बढ़ती हुई हिंसा और विद्रोह की भावना का दमन करना था। इसके पक्ष और विपक्ष में अनेक प्रकार के विचार व्यक्त किये गये और अंततोगत्वा सन् १८८२ में इसे रद्द कर दिया गया।

१४ मार्च सन् १८७८ को 'वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट' घोषित हुआ जिसके अनुसार सरकार को किसी भी देशी भाषा के पत्र के संपादक, प्रकाशक अथवा मुद्रक को यह आदेश देने का अधिकार प्राप्त हो गया कि वह यह इकरारनामा कर दे कि अपने पत्र में ऐसी सूचना या समाचार का प्रकाशन नहीं करेगा जिससे जनता के हृदय में सरकार के प्रति घृणा या द्रोह की भावना उपजे। इस इकरार नामे की शर्तों को भंग करने पर पहली बार चेतावनी देने और दूसरी बार प्रेस जब्त कर लेने का सरकार को अधिकार था। इसके अन्तर्गत यह भी प्राविधान था कि इस कानून के खतरे से बचने की इच्छा रखने वाले पत्रकार अपने पत्र के प्रकाशन के पूर्व उसके सभी स्तंभों के प्रूफ का सेंसर करा सकते हैं।

'वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट' (१८७८) के द्वारा डिस्ट्रिक्ट मेजिस्ट्रेट और पुलिस कमिश्नर को यह अधिकार दिया गया कि वे किसी भी समाचार पत्र से जमानत ले सकें

और किसी भी प्रकाशित सामग्री को जब्त कर सकें। इस ऐक्ट का भारतीय जनता द्वारा तीव्र विरोध हुआ। १८८२ में लार्ड रिपन ने इस ऐक्ट को रद्द घोषित कर दिया।

सन् १८७८ के 'प्रेस कानून' के अन्तर्गत अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के पत्रों में भेद भाव किया गया था। 'प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम' २२ मार्च सन् १८६७ को लागू किया गया था। १ फरवरी १८७६ तक उसमें अनेक संशोधन हुए। इसके अनुसार प्रत्येक प्रकाशित पत्र पर मुद्रक, प्रकाशक, प्रकाशन स्थान का नाम स्पष्ट मुद्रित होना चाहिए। वही मुद्रक छाप सकता है जिसने जिला प्रेसीडेंसी या सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट के अधिकार क्षेत्र में प्रेस स्थापित करने की अनुमति प्राप्त कर ली हो, प्रत्येक समाचार पत्र के प्रत्येक अंक पर उसके स्वामी तथा संपादक का नाम होना चाहिए तथा साथ में प्रकाशन तिथि भी अंकित होनी चाहिए, किसी पत्र प्रकाशन के लिए मुद्रक और प्रकाशक को जिला प्रेसीडेंसी अथवा सब डिविजनल मजिस्ट्रेट के सामने घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना पड़ता है तथा प्रकाशन की अवधि एवं भाषा आदि से संबंधित सूचना भी देनी होगी, मुद्रक के लिए आवश्यक है कि वह पत्र के स्वामी का लिखित अधिकार पत्र भी अपने घोषणा पत्र के साथ संलग्न करे, पत्र के नाम, भाषा, काल, मालिक, मुद्रक आदि में परिवर्तन होते ही नया आज्ञा पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है, घोषणा पत्र पर स्वीकृति के छः सप्ताह(साप्ताहिक आदि)एवं ३ महीने (अन्य समाचार पत्र) के भीतर यदि प्रकाशन न हो तो प्राप्त आज्ञा पत्र रद्द समझा जायेगा, किसी अन्य पत्र का यदि १२ महीने से अधिक समय तक प्रकाशन न हो तो उसका घोषणा पत्र भी बेकार समझा जायेगा, यदि कोई व्यक्ति यह दावा करे कि किसी पत्र के किसी अंक का मैं सम्पादक नहीं था और किसी त्रुटि के वश उसका नाम छप गया है, तो उसकी सूचना मिलते ही दो सप्ताह के अन्दर वह जिला प्रेसीडेंसी अथवा सब डिविजनल मजिस्ट्रेट के सामने अपना प्रार्थना पत्र देकर उससे प्रमाण पत्र प्राप्त कर ले, प्रेस रजिस्ट्रार अथवा किसी अन्य व्यक्ति की मांग पर पूर्ण जांच का समय देने के पश्चात् मजिस्ट्रेट घोषणा पत्र को प्रभाव हीन घोषित करने का अधिकारी है, घोषणा पत्र के प्रभाव हीन घोषित होने पर उसकी अपील ६० दिन के अन्दर प्रेस और रजिस्ट्रेशन अपील बोर्ड के सामने की जा सकती है, प्रत्येक प्रकाशित पत्र की दो प्रतियां राज्य सरकार द्वारा निर्देशित अधिकारी को निःशुल्क भेजनी होंगी तथा एक प्रति प्रेस रजिस्ट्रार को, प्रेस नियमों का उल्लंघन करने पर संपादक, प्रकाशक, मुद्रक को दो हजार रु० दण्ड तथा ६ महीने तक की सजा देने का भी प्राविधान है, किसी पत्र का का मुद्रक अथवा प्रकाशक न रहने की दशा में मजिस्ट्रेट के समक्ष उस वात की घोषणा तुरन्त करना अनिवार्य है, नहीं तो मुकदमा चला कर दो सौ रु० तक का आर्थिक दण्ड दिया जा सकता है, सरकार और प्रेस रजिस्ट्रार को पत्र के प्रकाशित अंक न प्रेषित करने की स्थिति में ५० रु० तक जुर्माना हो सकता है। प्रेस कानून के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार प्रेस रजिस्ट्रार नियुक्त करती है। प्रेस रजिस्ट्रार समाचार पत्रों का पूर्ण विवरण रखता है। जब किसी पत्र के लिए मजिस्ट्रेट के यहाँ आवेदन दिया जाता है तो वह घोषणा पत्र की एक प्रति प्रेस रजिस्ट्रार को प्रेषित करता है। निरीक्षण-परीक्षण के वाद प्रेस रजिस्ट्रार तुरन्त पंजीकरण का प्रमाणपत्र प्रकाशक को भेज देता है, यह अनिवार्य है कि हर प्रकाशक अपने पत्र का पूर्ण विवरण हर वर्ष प्रेस रजिस्ट्रार को भेजे। प्रेस रजिट्रार के संकेत पर उसे अपने पत्र में उसका प्रकाशन भी करना आवश्यक है, पत्र प्रकाशकों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रेस रजिस्ट्रार प्रति वर्ष अपनी रिपोर्ट तैयार करता है। यदि कोई प्रकाशक प्रेस रजिस्ट्रार को गलत सूचना भेजेगा तो उस पर पांच सौ रुपये तक का अर्थ दण्ड लगाया जा सकता है। यदि कोई राज्य सरकार चाहे तो केंद्रीय सरकार से आज्ञा लेकर किसी समाचार पत्र पर प्रेस कानून को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से लागू न करने की अधिसूचना सरकारी गजट में जारी कर सकती है सम्पूर्ण देश में यह प्रेस कानून मान्य है।

सन् १८८९ में ब्रिटिश सरकार ने एक कानून इस आशय का भी बनाया जिसके अनुसार यह घोषणा की गई कि किसी भी समाचार पत्र को यह अधिकार नहीं है कि वह सरकार की गुप्त सूचनाओं अथवा दस्तावेजों के आधार पर कोई सूचना, समाचार अथवा संवाद प्रका-

शित कर दे ।

१९०८ में समाचार पत्र (अपराधों के भड़काने वाला) अधिनियम जारी किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य ऐसे समाचार पत्रों का अस्तित्व समाप्त करना था जिनमें हत्या अथवा विस्फोटक सामग्री के लिए हिंसा पूर्ण कार्य की प्रेरणा देने का अपराध सिद्ध हो। इस अधिनियम के द्वारा जिला अधिकारी को हिंसा भड़काने वाले समाचार पत्र को छापने वाले मुद्रणालय को जब्त करने का अधिकार भी दिया गया था। इस अधिनियम का कोप भाजन 'युगांतर', 'संध्या' तथा 'वन्देमातरम्' आदि को बनना पड़ा और उनका प्रकाशन बंद कर दिया गया।

सन् १९१० में 'भारतीय मुद्रणालय अधिनियम' (इंडियन प्रेस ऐक्ट) जारी किया गया। इसके अनुसार जिला अधिकारी ५०० रु० से लेकर दो हजार रुपये तक की जमानत लेने के लिए अधिकृत कर दिया गया। इस अधिनियम के द्वारा आपत्ति जनक और विद्रोहात्मक प्रकाशनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह अधिनियम भारतीय समाचार पत्रों के लिए बहुत घातक सिद्ध हुआ और इसके अन्तर्गत ३५० प्रेसों और आठ सौ से अधिक प्रकाशनों को दंड का भागी बनाना पड़ा। २००से अधिक प्रेस और लगभग १३० समाचार पत्र आदि इसकी कठोर शर्तों के कारण आरंभ ही न हो सके। अनेक लोक प्रिय और प्रतिष्ठित पत्र भी इससे प्रभावित हुए, जिनमें 'अमृत बाजार पत्रिका', 'बांबे क्रानिकल', 'दि हिन्दू', 'दि ट्रिब्यून', 'दि पंजाबी' तथा 'हिन्द वासी' प्रमुख हैं। सन् १९१९ में यह अधिनियम रद्द कर दिया गया।

सन् १९१० के उक्त प्रेस ऐक्ट के अनुसार 'अमृत बाजार पत्रिका' से पांच हजार रुपये की जमानत मांगी गयी क्योंकि उसने आसाम के सिलहट जिले में एक डिवीजनल कमिश्नर की रिपोर्ट पर टीका-टिप्पणी की थी।

'प्रेस आब्जेक्शनेबुल मैटर्स ऐक्ट' सन् १९१० में भारत सरकार ने पास किया था और लाहौर से प्रकाशित दैनिक पत्र 'स्वराज्य' को, एक-एक करके १० सम्पादकों को जेल भेजने के बाद, इस कानून के अंतर्गत बंद करा दिया गया था।

कृति स्वाम्य अधिनियम अथवा कापी राइट कानून भारत में १९१४ में बनाया गया था। इसका आधार सन् १९११ का 'इम्पीरियल कापी राइट कानून' था। इसके पूर्व सन् १८५७ में 'रजिस्ट्रेशन आफ बुक्स ऐक्ट, बना था। तदनुसार किसी प्रकाशन की कृतियां सरकार के पास जमा करने से कृति स्वाम्य स्वतः प्राप्त हो जाता है। उसके लिए पृथक् पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होती। यह अधिकार मूल रूप से लेखक के पास सुरक्षित रहता है। लेखक लिखित रूप से स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के द्वारा यह सम्पूर्ण अथवा आंशिक अधिकार किसी को दे भी सकता है और विक्रय भी कर सकता है। यह लेखक के पास आजीवन सुरक्षित रहता है। उसकी मृत्यु के पश्चात् ५० वर्षों तक भी यह सुरक्षित रहता है। मौलिक कृति के अतिरिक्त अनुवाद का भी कृति स्वाम्य होता है।

सन् १९२२ में 'प्रेस लॉ अपील ऐंड एमेंडमेंट ऐक्ट' लागू हुआ था। इनके अनुसार विभिन्न प्रकार के अपराधों के भागी प्रकाशनों की जब्ती का प्राविधान था।

'भारतीय सरकारी रहस्य अधिनियम' अपने मूल रूप में सन् १९२३ में स्वीकृत हुआ था और मार्च१९६७ तक इसमें अनेक संशोधन किये जा चुके हैं। राज्य के हित और सुरक्षा के विरुद्ध निषिद्ध स्थानों पर जाने, उनके विषय में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार की सूचना शत्रु को देने, सरकारी संकेतों-चित्रों और गुप्त योजनाओं को अनाधिकृत व्यक्ति को देने, आपत्ति जनक सूचनायें प्राप्त करने, सरकारी मोहरों के अनाधिकृत प्रयोग से जालसाजी करने से सम्बन्धित अपराध में एक से चौदह वर्ष तक दण्ड और जुर्माना इस अधिनियम के अंतर्गत किया जा सकता है।

सन् १९२३ में प्रयाग में मोती लाल नेहरू के 'इंडिपेंडेंट' की स्थापना हुई। इसके प्रकाशन पर प्रतिबंध लग जाने के कारण यह हस्तलिखित और साप्ताहिक रूपों में प्रकाशित होकर बिकता रहा। इसकी प्रतियों का प्रकाशन, क्रय और विक्रय अपराध घोषित कर दिया गया। उसका विक्रय करने वाले स्वयं सेवक गिरफ्तार कर लिए जाते थे और पुलिस उसकी प्रतियां छीन कर जब्त कर लेती थी।

सन् १९२६ में 'कण्टेंप्ट आफ कोर्ट' ऐक्ट पास हुआ था। सन् १९५२ में इस का एक नया अधिनियम बनाया गया। सन् १९७१ में नया कंटेंप्ट आफ कोर्ट अधिनियम पारित हुआ और यह २४ दिसंबर १९७१ को लागू हुआ। इसके अनुसार दीवानी और फौजदारी दोनों प्रकार से न्यायालय की अवमानना दंडनीय अपराध घोषित किया गया था।

सन् १९३० में लार्ड इर्विन ने 'प्रेस आर्डिनेंस' जारी किया। कालांतर में इस आर्डिनेंस को 'प्रेस इमरजेंसी ऐक्ट' के नाम से एक स्थायी कानून का रूप दे दिया गया। इस कानून के अन्तर्गत यह प्राविधान था कि सरकार किसी भी पत्र से पांच सौ रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक की जमानत मांग सकती थी। यही नहीं, एक बार जमानत की रकम के जब्त होने पर दूसरी बार एक हजार से लेकर दस हजार रुपये तक की जमानत मांगी जा सकती थी। इसके भी जब्त होने के पश्चात् सरकार को पूरे प्रेस को ही जब्त कर लेने का अधिकार प्राप्त हो गया था।

सन् १९३१ में 'भारतीय समाचार पत्र (संकट कालीन अधिकार) अधिनियम' जारी किया गया। इसका उद्देश्य समाचार पत्रों में ऐसी सामग्री के प्रकाशन को प्रतिबंधित करना था जिससे हत्या अथवा हिंसा को किसी भी रूप में प्रोत्साहन मिले। इसके अन्तर्गत संबंधित मुद्रणालयों की जमानत को जब्त करने का विधान था। इसी के साथ नये घोषणा पत्र के लिए एक हजार रुपये से लेकर दस हजार रुपये तक की जमानत जमा करायी जा सकती थी और उसी अपराध को दोहराने पर इसे भी जब्त किया जा सकता था। इसके अन्तर्गत अनेक पत्रों को दंडित किया गया। 'बांबे क्रानिकल' के मुद्रक और प्रकाशक से तीन हजार रुपये, 'आनंद बाजार पत्रिका' के प्रकाशक-मुद्रक से एक हजार रुपये, 'अमृत बाजार पत्रिका' से ६ हजार रुपये, 'लिबर्टी' से ७ हजार रुपये तथा 'फ्री प्रेस जर्नल' से ७ हजार रुपये की जमानत ली गयी।

सन् १९३२ में 'विदेश संबंध अधिनियम' जारी किया गया। इसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार और मित्र विदेशी राष्ट्रों के सहयोग पूर्ण संबंधों में हस्तक्षेप उत्पन्न करने वाले समाचार पत्रों अथवा पुस्तकों आदि प्रकाशनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करके उन्हें दंडित करना था।

सन् १९३३ में 'मुद्रणालय अधिनियम' का अधिकार क्षेत्र बहुत विस्तृत कर दिया गया और उसकी परिधि के अन्तर्गत अनेक प्रकार के आन्दोलनकारी प्रकाशनों के विरुद्ध कार्यवाही करने का अधिकार सरकार को मिल गया।

सन् १९३४ में 'भारतीय राज्य सुरक्षा अधिनियम' जारी दिया गया, जिसका उद्देश्य देशी राज्यों के प्रकाशन पर पत्रकारिता के अकारण आक्रमणों को प्रतिबंधित करना था। इसके अन्तर्गत सरकार को समुचित अधिकार दिये गये थे, जिससे वे अपराधी समूहों को दण्डित कर सकें।

१५ मार्च सन् १९४७ तथा ४ अक्टूबर १९४७ को भारत सरकार ने एक 'पत्र कानून जांच समिति' गठित की थी। इसने अनेक पूर्व पारित कानूनों को दृष्टि में रख कर कार्य किया था। इनमें सन् १८४७ का 'प्रेस ऐंड बुक ऐक्ट', १९२२ का 'इंडियन स्टेट्स (प्रोटेक्शन अगेंस्ट डिसअफ्केशन) ऐक्ट' सन् १९२३ का 'आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट', सन् १९३१ का 'इंडियन प्रेस (इमरजेंसी पावर्स) ऐक्ट', सन् १९३२ का 'फारेन रिलेशन्स ऐक्ट', सन् १९३४ का 'इंडियन स्टेट्स (प्रोटेक्शन) ऐक्ट', सन् १८६० के 'इण्डियन पेनल कोड' की धारा १२४ ए, १४३ ए तथा ५०५, सन् १८९८ के 'क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, की धारा ९९ ए०, बी०, सी०, डी०, ई० एफ० तथा जी०, सन् १८७८ के 'सी कस्टमस ऐक्ट' की धारा १९, १८० ए० से १८१ सी०तक, १८८५ के 'इण्डियन टेलीग्राफ ऐक्ट' की धारा ५ सन् १८९८ के 'इंडियन पोस्ट आफिस ऐक्ट' की धारा २५, २६, २७, ए०, बी०, सी० तथा डी० एवं प्रान्तीय-जनसुरक्षा कानूनों की सेंसरशिप और प्रकाशन नियंत्रण संबन्धी धाराएं प्रमुख हैं। उक्त कमेटी ने २२ मई सन् १९४८ को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया। उसके अनुसार उस समय भारत में कुल ३९ सौ के लगभग पत्र प्रकाशित होते थे जिनकी संपूर्ण प्रसार संख्या ७० लाख थी। इनमें अंग्रेजी तथा १२ अन्य भारतीय भाषाओं के पत्र थे और इनमें से तीन सौ दैनिक समाचार पत्र थे।

सन् १९४८ में 'प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया' की स्थापना

एक उल्लेखनीय कदम है, जिससे भारतीय पत्रकारिता के विकास को नयी गति प्राप्त हुई ।

सन् १९४८ में 'समाचार पत्र कानून जांच समिति' की स्थापना भारत सरकार के द्वारा की गयी । इसके अध्यक्ष गंगा नाथ झा थे । इसके सदस्यों में केंद्रीय विधान सभा और 'अखिल भारतीय संपादक सम्मेलन' के प्रतिनिधि भी थे । इसने अनेक सिफारिशें कीं जिनके परिप्रेक्ष्य में समाचार पत्रों से संबंधित कानूनों की पुनरीक्षा की अनुमोदितय की गयी ।

२६ जनवरी सन् १९५० को भारत का नया संविधान प्रभावी हुआ, जिसके अन्तर्गत स्वतंत्रता और समानता के लिए राष्ट्र की कृत संकलपता इन शब्दों में व्यक्त की गई है, 'हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण, प्रभुत्व संपन्न लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख २६ नवम्बर १९४९ ई० (मिति मार्ग शीष शुक्ला सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।''

भारतीय संविधान के अनुच्छेद १९ के प्रथम खंड के उप खंड (क) अनुसार ''सब नागरिकों को वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार होगा ।''

'प्रतीक और नाम (गलत प्रयोग की रोक) कानून' सन् १९५० में स्वीकृत हुआ था । सन् १९६४ में उसमें कतिपय संशोधन भी किये गये थे । भारत के समाचार पत्रों का प्रेस रजिस्ट्रार इस कानून की धाराओं के निर्वाह के प्रति सजग रहता है । ईसके अनुसार कोई भी समाचार पत्र संयुक्त राष्ट्र संस्था से संबंधित, विश्व स्वास्थ्य संस्था से संबन्धित, भारत के राष्ट्रीय ध्वज को, भारत सरकार, राज्य सरकार अथवा किसी सरकारी विभाग से संबिन्धत, सेंट जान एम्ब्युलेंस एसोशिएशन (भारत), सेंट जान एम्ब्युलेंस ब्रिगेड (भारत) से संबिन्धत, राष्ट्रपति, राज्यपाल, सदरे रियासत अथवा भारत सरकार से संबन्धित, भारत सरकार, राज्य सरकार अथवा सरकार द्वारा स्थापित किसी निगम आदि से संबन्धित, संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, संस्कृति संस्था से संब्रन्धित, महात्मा गांधी अथवा प्रधान मंत्री के नाम और चित्र को, भारत सरकार के पदक और अलंकरण को, अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्था से संवन्धित, 'इन्टर पोल' शब्द को, भारतीय क्षयरोग संस्थान से संवन्धित, अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु शक्ति संस्था से संबंधित, अशोक चक्र और धर्म चक्र नाम अथवा उनका राष्ट्रध्वज और सरकारी मुद्रा पर अंकित चित्र, अन्तरिक्ष संस्था से संबंधित तथा संसद राज्य विधान सभा, सर्वोच्च न्यायालय, हाई कोर्ट, केंद्रीय सचिवालय, राज्य सचिवालय, सरकारी कार्यालय के नाम अथवा चित्र को अपना प्रतीक अथवा नाम नहीं बना सकते हैं ।

३१ अगस्त सन् १९५१ को नया 'प्रेस कानून' प्रस्तुत किया गया । इंसमें ३४ धाराएं थीं और सन् १९३१ के 'प्रेस (विशेषाधिकार) कानून' सहित अन्य पत्र कानूनों को रद्द करना इसका उद्देश्य था । इसका पूर्व प्रस्तावित नाम 'दि प्रेस (इन्साइटमेंट टू क्राइम) ऐक्ट' (सन्१९५१) था । परन्तु प्रवर समिति में इसका नाम परिवर्तित करके 'दि प्रेस (आब्जेक्शनेबुल मैटर) ऐक्ट' (१९५१) कर दिया गया । ४ अक्टूबर को पास होकर यह १ फरवरी सन् १९५२ में लागू हो गया ।

२३ सितम्बर सन् १९५२ को न्यायमूर्ति जी० एस० राज्याध्यक्ष की अध्यक्षता में 'भारतीय समाचार-पत्र आयोग, गठित हुआ जिसने जुलाई १९५४ में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । इसने अपने विषय क्षेत्र से संबन्धित अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिये ।

इसके अन्तर्गत ऐसी कार्यवाही को आपत्ति जनक सामग्री घोषित किया गया जिससे किसी राज्य में कानून द्वारा स्थापित सरकार को उलटने के लिए हिंसा को प्रोत्साहन मिलने की संभावना हो, किसी व्यक्ति को किसी हिंसात्मक अपराध के लिए प्रेरणा अथवा प्रोत्साहन मिलने की संभावना हो, किसी व्यक्ति को अन्न, जल, बिजली आदि आवश्यक सेवाओं के संचालन में बाधा डालने के लिए प्रेरणा अथवा प्रोत्साहन मिलने की संभा-

बना हो, किसी विद्वेष अथवा अश्लील कृत्य का संपादन आदि हो।

सन् १९५२ के 'न्यायालय की अवमानना संबंधी अधिनियम' (३२) में यह प्राविधान है कि यदि तत्काल प्रवर्त्तमान किसी विधि में स्पष्ट रूप से अन्यथा उपबंधित हो, तो उसे छोड़कर न्यायालय के अपमान के के लिए छः महीने तक की सादी कैद का, या २००० रुपये तक के जुरमाने का, या एक साथ दोनों का दंड दिया जा सकता है। उपबंध यह है कि यदि अपराध के लिए क्षमा याचना कर ली जाय और न्यायालय को उससे संतोष हो जाय, तो अभियुक्त उन्मुक्त किया जा सकता है या उसके दंड का परिहार किया जा सकता है।

२३ सितंबर १९५२ को भारत सरकार ने एक 'प्रेस आयोग' की स्थापना की। इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति जी० एस० राजाध्यक्ष थे। इस आयोग में ग्यारह सदस्य थे। इस आयोग ने अगस्त १९५४ में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इसके अनुसार एक 'अखिल भारतीय समाचार पत्र परिषद्' की स्थापना अनुमोदित की गयी, जिसके पच्चीस सदस्यों में १३ पत्रकार होने आवश्यक थे। इस परिषद् का उद्देश्य समाचार पत्रों की स्वतंत्रता की रक्षा करना, पत्रकारिता के आपत्ति जनक व्यवहार की निंदा करना, व्यावसायिक आदर्शों से युक्त संहिताओं का निर्माण करना, सार्वजनिक हित के समाचारों का प्रकाशन और सार्वजनिक सेवा के भाव को प्रोत्साहन, समाचार पत्रों पर एकाधिकार की भावना का निर्मूलन, समाचार पत्रों के क्रियाकलाप और विकास की वार्षिक समीक्षा, पत्रकारिता के प्रशिक्षण और पद्धतियों में सुधार आदि थे। इस आयोग ने वर्ग पहेली आदि प्रतियोगिताओं पर प्रतिबंध की मांग की। उसने कुल पृष्ठों में चालीस प्रतिशत से अधिक विज्ञापनों का निषेध किया। समाचार पत्र उद्योग को नियमित करने के लिए उसने एक विधान बनाने का भी अनुमोदन किया।

'औषधि और जादूगरी (आपत्ति जनक विज्ञापन) अधिनियम' सन् १९५४ में अपने मूल रूप में स्वीकृत हुआ था। सन् १९६४ में इसमें संशोधन भी किया गया था। इसके अन्तर्गत अनेक प्रकार के निषिद्ध विज्ञापनों का प्रकाशन दंडनीय अपराध है। निषिद्ध और आपत्तिजनक विज्ञापनों में ऐसी औषधियों का विज्ञापन, जो महिलाओं को गर्भपात या गर्भधारण का आश्वासन दे, मासिक धर्म विषयक रोग के उपचार की औषधि, नपुंसकता, पागलपन, कोढ़, मिर्गी और हृदय रोग आदि के उपचार का विज्ञापन एवं विभिन्न प्रकार के रोगों के लिए जादूगरी उपचार आदि से संबंधित विज्ञापन हैं। इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराधी को ६ महीने का कारावास तथा आर्थिक दंड अथवा दोनों दिये जा सकते हैं।

'समाचार पत्रों का पंजीयन (केंद्रीय) नियम १९५६' के अन्तर्गत स्वीकृत नियमों के प्रविधानों से पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन विनियमित होता है। इस अधिनियम की धारा ५ (२) में यह विधान है कि प्रत्येक समाचार पत्र प्रकाशित या मुद्रित करने वाला व्यक्ति जिला प्रेसीडेंसी या परगना अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर, जिसके कार्य क्षेत्र में उसका प्रकाशन या मुद्रण होना है, निर्धारित प्रपत्र पर इस विषय की घोषणा करेगा कि वह अमुक विवरण के पत्र या पत्रिका का प्रकाशक या मुद्रक है। संबंधित मजिस्ट्रेट द्वारा उपर्युक्त घोषणा पत्र भी प्रकाशित कर दिये जाने के पश्चात् ही कोई व्यक्ति पत्र पत्रिका का प्रकाशन या मुद्रण कर सकता है। इस घोषणा का उल्लंघन करने पर इस अधिनियम की धारा १५ के अन्तर्गत ६ मास तक का कारावास या दो हजार रुपया जुर्माना अथवा दोनों दण्ड दिये जा सकते हैं। उक्त अधिनियम की धारा ६ के अन्तर्गत यह प्राविधान है कि संबन्धित मजिस्ट्रेट किसी पत्र पत्रिका के घोषणा पत्र को उसी दशा में अभिप्रमाणित करेगा जब वह भारत के समाचारपत्रों के रजिस्ट्रार से प्राप्त जानकारी से सन्तुष्ट हो जाये कि उसी नाम का कोई अन्य पत्र-पत्रिका उस भाषा में प्रकाशित नहीं होता है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति एक आवेदन पत्र रजिस्ट्रार, समाचार पत्र को नई दिल्ली संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से भेजेगा। आवेदन पत्र में लिखित कोई शीर्षक स्वीकृत हो जाने पर ही घोषणा पत्र अभिप्रमाणित होगा और दैनिक तथा साप्ताहिक छः सप्ताह में एवम् पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक अथवा त्रैमासिक छः मास में प्रकाशित हो जाने चाहिए। उक्त अधिनियम की धारा ७ के अन्तर्गत पत्र-पत्रिका का प्रकाशक, मुद्रक

और संपादक कानूनी रूप से छपी सामग्री या उससे उत्पन्न परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा। इन तीनों का नाम भी अनिवार्यतः प्रत्येक अंक में छपेगा।

'कृति स्वाम्य अधिनियम' अथवा 'कापी राइट ऐक्ट' सन् १६५७ में जारी किया गया था। समाचार पत्रों के संदर्भ में यह अधिनियम उनमें प्रकाशित लेखों अथवा चित्रों के स्वामित्व तक सीमित है। इस अधिनियम के अध्याय ग्यारह के अन्तर्गत धारा ५२ में कृति स्वाम्य का पत्रकारिता के संदर्भ में स्पष्टीकरण किया गया है।

मई सन् १६६४ में आर० आर० दिवाकर की अध्यक्षता में छोटे समाचार पत्रों के लिए एक जाँच समिति गठित की गई। इसने सितंबर सन् १६६७ में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके अन्तर्गत उन दैनिक समाचार पत्रों को आकलित किया गया, जिनकी प्रसार संख्या २० हजार तथा वार्षिक आय १२.५ लाख के अधिक न हो। इसी के साथ इसके द्वारा उन समाचार पत्रों को भी पर्यवेक्षित किया गया, जिनकी प्रसार संख्या १५ हजार और वार्षिक आय ५ लाख से अधिक न हो। इस समिति ने समाचार पत्रों के लिए कागज, मशीन और संचार साधन जुटाने तथा उनके मूल्य निर्धारण पर भी विचार किया।

सन् १६६५ में 'प्रेस कौंसिल आफ इंडिया' की स्थापना की गयी थी। ३१ दिसम्बर सन् १६७५ को यह भंग हो गयी थी। सन् १६७८ के 'प्रेस परिषद् अधिनियम' के अनुसार यह पुनः अस्तित्व में आई। इस अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत, इसमें एक अध्यक्ष तथा २८ सदस्य होते हैं। इन सदस्यों में से १३ सदस्य कार्यरत पत्रकार होते हैं। इनमें ६ सदस्य संपादक तथा ७ सदस्य संपादकों से इतर कार्यरत पत्रकार होते हैं। इनमें अनिवार्यतः भारतीय भाषाओं के संपादकों की संख्या कम से कम ४ होनी आवश्यक है। इसी प्रकार पत्रों के व्यवस्थापकों के ६ प्रतिनिधि होते हैं। इनमें बड़े पत्रों, मध्यम पत्रों और लघु पत्रों के दो-दो प्रतिनिधि होते हैं। एक सदस्य समाचार समितियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके अतिरिक्त शिक्षा, विज्ञान, साहित्य कला, विधि और संस्कृति क्षेत्रों के तीन सदस्य होते हैं। इन तीन में से एक सदस्य का मनोनयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, एक का मनोनयन बार कौंसिल आफ इण्डिया तथा एक का साहित्य अकादमी के द्वारा किया जाता है। इसमें पांच संसद सदस्य भी होते हैं जिनमें तीन लोक सभा और दो राज्य सभा के सदस्य होते हैं। प्रेस परिषद् की नियमावली के अनुसार बड़े पत्रों की श्रेणी में पचास हजार से अधिक प्रसार संख्या वाले पत्रों को परिगणित किया जाता है। इसी प्रकार मध्यम श्रेणी के पत्रों में उन्हें परिगणित किया जाता है, जिनकी प्रसार संख्या पचास हजार से कम किन्तु १५ हजार से अधिक हो। लघु पत्रों में उन्हें गिना जाता है, जिनकी प्रसार संख्या १५ हजार से कम होती है। प्रेस परिषद् आवश्यकतानुसार अपनी किसी समिति में अन्य सदस्यों को भी मनोनीत करने का अधिकार रखती है, परन्तु ये सदस्य केवल विचार विमर्श में भाग ले सकते हैं, मत-दान के अधिकार से रहित होते हैं। परिषद् को यह भी अधिकार है कि वह अपना सचिव स्वयं मनोनीत करे।

'प्रेस परिषद्' की स्थापना का उद्देश्य पत्रों की स्वतंत्रता बनाए रखना, पत्र-पत्रिकाओं और समाचार समितियों का स्तरीकरण और सुधार है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उनके कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत समाचार समितियों को अपनी स्वतन्त्रता की रक्षा करने में सहायता देना, उच्च व्यावसायिक मान दण्डों के अनुरूप समाचार पत्रों, समाचार समितियों एवं पत्रकारों के लिए आचार संहिता का निर्माण करना, यह निश्चित करना कि समाचार पत्र, समाचार समितियां और पत्रकार जनरुचि के उच्च मानदण्डों को बनाये रखें तथा उनमें नागरिक अधिकारों तथा उत्तरदायित्व की आकांक्षा बनी रहे, पत्रकारिता के व्यवसाय से संबन्ध व्यक्तियों में उत्तरदायित्व एवं जन सेवा की भावना बढ़ाने को प्रोत्साहित करना, लोक हित तथा सार्वजनिक महत्व के समाचारों की सुलभता तथा प्रसार को रोकने वाले घटनाक्रम की समीक्षा करना, भारत के किसी समाचार पत्र या समाचार समिति को किसी विदेशी स्रोत से यदि सहायता मिल रही है; तो केंद्रीय सरकार, किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा प्रश्न उठाये जाने पर उस पर दृष्टि रखना, कोई भी मामला प्रेस परिषद् को सौंप देने पर भी केन्द्र सरकार

इस संबन्ध में कोई भी पग उठाने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगी, विदेशी समाचार पत्रों, विदेशी दूतावासों अथवा विदेशी सरकार के भारत में रह रहे अन्य प्रतिनिधि तथा उसके प्रभाव पर दृष्टि रखना, पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं व्यवस्था और समाचार समितियों में कार्य कर रहे सभी श्रेणियों के कर्मचारियों में कार्य प्रणाली का समन्वय स्थापित करना, इस तथ्य पर भी ध्यान केंद्रित रखना कि पत्र अथवा समाचार समितियों का स्वामित्व व्यक्ति विशेष के हाथों में सिमटने के कारर्ण समाचार पत्रों की स्वतंत्रता किस सीमा तक प्रभावित होती है, केंद्रीय शासन यदि कोई मामला परिषद् को प्रेषित करे उसका सांगोपांग अध्ययन करके उस पर अपनी टीका टिप्पणी देना, इन सभी कार्यों को समुचित रूप से संचालित करने वाले प्रत्येक क्षेत्र में क्रिया शील होना आदि इसके कार्य हैं।

प्रेस परिषद् को अपने आप आने वाली शिकायत अथवा किसी अन्य प्रकार से यदि विश्वास हो जाय कि कोई समाचार पत्र अथवा समाचार समिति जनरुचि अथवा आचार संहिता अथवा नैतिकता का उल्लंघन कर रही है, अथवा किसी पत्रकार अथवा पत्र-कर्मचारी ने कोई असंगत व्यवहार अथवा आचरण प्रदर्शित किया है, तो उसकी जाँच करके वह उसकी निंदा भी कर सकती है, परन्तु ऐसा करने के पूर्व वह संबन्धित व्यक्ति अथवा संस्था को अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत करने का अवसर भी देगी। प्रेस परिषद् का अध्यक्ष निराधार शिकायतों की उपेक्षा भी कर सकता है। प्रेस परिषद् जनहित में संबन्धित जांच का प्रतिवेदन प्रकाशित भी करा सकती है और इसके लिए उस पर किसी सामान्य न्यायालय में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। वह अपने उक्त अधिकार से अपना कार्य-संपादन करते हुए भारत के किसी भी भाग से किसी व्यक्ति को सम्मन भेजकर बुला सकती है, उससे हलफनामा देने को कह सकती है, उससे कोई कागज मंगाकर उसका अवलोकन कर सकती है, किसी कार्यालय अथवा न्यायालय से भी पत्रावली मंगा सकती है, गवाहों के बयान लेने के लिए अथवा कागज-पत्रों का निरीक्षण करने के लिए किसी आयोग की नियुक्ति अथवा अन्य कोई कार्य भी कर सकती है। इस रूप में उसकी कार्यवाही अदालती कार्यवाही के समान ही होगी, क्योंकि वह किसी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह के प्रति अपना अभिमत प्रकट कर सकती है और उसे किसी समाचार या सूचना का मूल स्रोत बताने के लिए विवश नहीं किया जा सकता। प्रेस परिषद् अपने कार्य संपादन के लिए शुल्क संग्रह कर सकती है और अनुदान भी प्राप्त कर सकती है। वह आवश्यकतानुसार अपनी वार्षिक रिपोर्ट अथवा अपनी अन्तरिम रिपोर्ट भी केंद्रीय सरकार को दे सकती है, जिसे संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जा सकता है।

'प्रेस कौंसिल ऐक्ट' सन् १९६५ में पारित हुआ था और उसी के अनुसार प्रेस कौंसिल का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य प्रेस कमीशन की सिफारिशों का कार्यान्वयन करना था और उन्हीं के अनुसार इसके कार्य क्षेत्र का भी निर्धारण हुआ था। यह ऐक्ट जब मूल रूप में बना था तब केवल समाचार पत्रों तक ही इसका अधिकार क्षेत्र सीमित था। सन् १९७० में इसके अधिकार क्षेत्र की परिधि के अन्तर्गत समाचार समितियां भी आ गईं। इसमें सन् १९७० सन् १९७३ और सन् १९७४ में संशोधन भी किये गये। इसकी सबसे बड़ी सीमा यह है कि यह किसी पत्र अथवा समिति की निंदा तो कर सकती है पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का अधिकार इसे नहीं है। टेकनिकल तथा अन्य प्रकार की गवेषणा कराना भी अब इसके कार्य क्षेत्र की परिधि में नहीं है।

१८ मई सन् १९७८ को द्वितीय प्रेस आयोग का गठन हुआ और उससे यह आशा की गई की जनवरी सन् १९८० तक वह अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर देगा। परंतु इसी मध्य जनता पार्टी के सरकार के हटने और कांग्रेस (इ) के सत्तारूढ़ होने पर इसके अध्यक्ष बी०के० गोस्वामी तथा दस अन्य सदस्यों ने त्याग पत्र दे दिया। सरकार ने उन्हें स्वीकार करके सभी नयी नियुक्तियां कीं।

द्वितीय प्रेस आयोग न्यायमूर्ति के० के० मैथ्यू की अध्यक्षता में गठित हुआ था। इसने आठ भागों और कई सौ पृष्ठों में अपनी रिपोर्ट ३ अप्रैल १९८२ को सरकार को प्रस्तुत कर दी। विकासशील और प्रजातांत्रिक समाज में प्रेस की भूमिका, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को आर्थिक, राजनैतिक एवं मालिकों एवं व्यवस्थापकों के दबाव से मुक्त रखने के लिए साधन

एवं उपाय, प्रकाशकों, संपादकों एवं व्यवस्थापकों एवं व्यावसायिक पत्रकारों के बीच सम्बन्ध, प्रेस को आर्थिक संरक्षण प्रदान करने के लिए न्यूज प्रिण्ट, विज्ञापन एवं सूचना नीति एवं पृष्ठ मूल्य सूची की वैधानिकता, छोटे एवं मध्यम वर्ग के समाचार पत्रों को अतिरिक्त संरक्षण आदि इसके मुख्य विचार विन्दु थे। इसकी प्रमुख सिफारिशें हैं, प्रेस और सरकार के मध्य सद्भावना पूर्ण संबंध कायम किये जाने के प्रयास हों, छोटे एवं मध्यम समाचार पत्रों के विकास के लिए समाचार-पत्र विकास आयोग का गठन किया जाये, समाचार-पत्र उद्योगों को अन्य उद्योगों एवं व्यावसायिक हितों से पृथक् किया जाये, पत्र मालिकों तथा संपादकों के मध्य न्यासाधिकारियों की नियुक्ति की जाये, पृष्ठानुसार मूल्य नियम लागू किये जायें, छोटे, मध्यम तथा बड़े समाचार-पत्रों के लिए समाचार तथा विज्ञापन का निश्चित अनुपात तय किया जाये, समाचार-पत्र उद्योग को विदेशी धन के प्रभाव से मुक्त किया जाये, समाचार-पत्र व पत्रिकाओं में दुरुपयोग रोका जाये, प्रेस कानूनों में परिवर्तन किया जाये, पत्रकारों को सरकारी आवास सुविधाएं दी जायें।

प्रेस आयोग ने अपने प्रतिवेदन में यह सुझाव दिया है कि पत्रकारिता के लिए एक निर्धारित आचार संहिता स्वीकृत होनी चाहिए जिसके पालन और निर्वाह की आशा प्रत्येक पत्रकार से नैतिक आधार पर की जाती है। उसके अनुसार प्रेस लोक मानस को निर्मित करने का प्राथमिक साधन है। अतएव प्रत्येक पत्रकार को अपने कार्य को निष्ठा, साधना और धरोहर समझ कर लोकहित की रक्षा और सेवा में सदैव तत्पर रहना चाहिए। उसे अपने कार्य को सम्पादित करते समय मनुष्य के सामाजिक मूल अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही समाचारों और टिप्पणियों का प्रस्तुतीकरण करना चाहिए क्योंकि तभी वह न्याय भावना की रक्षा अनिवार्यतः कर सकेगा। पत्रकार को समाचारों और तथ्यों के संकलन की स्वतंत्रता और उन पर संगत टिप्पणी करने के अधिकार की रक्षा सदैव करनी चाहिए। उसे अपने प्रतिवेदन और टिप्पणी लेखन में इस बात का भी विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि उनसे तनाव और हिंसा को प्रोत्साहन न मिले। उसे अपने कार्य संपादन में तथ्यों की सत्यता और प्रामाणिकता का ध्यान रखना चाहिए, अनावश्यक रूप में उनमें परिवर्तन करके उनके मूल स्वर और ध्वनि को नष्ट नहीं करना चाहिए। उसे जानकारी होने पर किसी भी प्रकार की गलत सूचना को भी प्रकाशित नहीं करना चाहिए। उसे इस तथ्त की अवगति होनी चाहिए कि उसके द्वारा प्रस्तुत अथवा प्रकाशित की गई प्रत्येक सूचना और टिप्पणी का दायित्व उसी का है। यदि कोई समाचार अपुष्ट है अथवा उसकी प्रामाणिकता संदिग्ध है तो इसका भी स्पष्ट उल्लेख उसे कर देना चाहिए। इसी के समानान्तर उसे किसी समाचार के स्रोत की गोपनीयता की रक्षा भी करनी चाहिए, यद्यपि प्रेस परिषद् और न्यायालय के सामने वह इस गोपनीयता को भंग भी कर सकता है। एक पत्रकार को अपने व्यक्तिगत हितों के पोषण के लिए पत्रकारिता का प्रयोग नहीं करना चाहिए। किसी भी सूचना, सनाचार अथवा टिप्पणी के असत्य अथवा भ्रामक होने की अवगति होते ही उसे उसका सुधार अथवा परिमार्जन खेद सहित प्रकाशित कर देना चाहिए। वह जहाँ एक ओर स्वयं पत्रकारिता के प्रति निष्ठावान रहेगा, वहाँ किसी अन्य व्यक्ति को भी उसके माध्यम से अनुचित लाभ नहीं उठाने देगा। पत्रकारों की आचार संहिता के अन्तर्गत किसी पत्रकार के लिए किसी सूचना समाचार अथवा टिप्पणी को प्रकाशित करने अथवा न करने के लिए किसी प्रकार की रिश्वत मांगना या लेना निकृष्टतम माना गया है। पत्रकारिता की मर्यादा के विरुद्ध यह भी माना गया है कि किसी व्यक्तिगत वाद विवाद को लोक हित की उपेक्षा करके प्रकाशित किया जाय अथवा उसका प्रकाशन जारी रखा जाय क्योंकि किसी के व्यक्तिगत जीवन से संबंधित वे ही बातें प्रकाश्य हो सकती हैं, जो लोक हित में हों। मिथ्या कलंक का लगाना अथवा आधार हीन आरोप और साहित्यिक चोरी भी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपराध हैं। इस आचार संहिता में यह भी संकेत हैं कि पत्रकार को किसी समाचार, चित्र अथवा विवरण को उपलब्ध करने के लिए ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी निर्दोष, संतप्त और पीड़ित व्यक्ति को कष्ट अथवा विकार का अनुभव हो।

राष्ट्रीय श्रम आयोग का गठन न्यायमूर्ति पी० वी० गजेन्द्रगदकर की अध्यक्षता में किया गया था। इस

आयोग ने समाचार पत्रों के अध्ययन के लिए एक समिति नियुक्त की। इसका गठन एम० चेलापति राव की अध्यक्षता में हुआ था। इसका उद्देश्य समाचार-पत्रों में कार्यरत श्रमिकों की स्थिति का आकलन करके पत्रकारों और इतर कर्मचारियों के लिए वेतन मंडल की नियुक्ति और समाचार पत्र उद्योग के विकेन्द्रीकरण आदि से संबंधित विचार करके सिफारिशें करना था।

२६ जून सन् १९७५ को आपात्काल की घोषणा हुई और समाचार पत्रों की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करके उन पर सेंसर लगा दिया गया। यह सेंसर सन् १९७७ में समाप्त हो गया।

प्रशासन सुधार आयोग ने के०हनुमंतैया की अध्यक्षता में भी भारत सरकार के सूचना विभाग के क्रिया-कलाप का पर्यवेक्षण किया था। के० सन्तानम् की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल भी उन्होंने नियुक्त किया था, जिसने संबंधित आवश्यक सिफारिशें की थीं।

पांचवे वित्त आयोग ने महावीर त्यागी की अध्यक्षता में समाचार पत्रों में विज्ञापनों की स्थिति का आकलन किया और बड़े समाचार-पत्रों पर विक्रय और विज्ञापन कर की संस्तुति करते हुए छोटे पत्रों को इनसे मुक्त रखने का सुझाव दिया।

कानूनी दृष्टिकोण से समाचार पत्र में लिखने वाले व्यक्ति को भी उतनी ही स्वतंत्रता प्राप्त होती है जितनी उसके बाहर बोलने वाले व्यक्ति को। इसलिए समाचार पत्रों की शरण लेकर कोई व्यक्ति अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं कर सकता।

स्थूल रूप से पत्रकारिता विषयक कानून पत्र एवं पत्रिकाओं से यह अपेक्षा करते हैं कि वे किसी व्यक्ति की मान हानि न करें, उसके ऊपर कोई मिथ्या आरोप न लगायें, किसी के वैयक्तिक, एकांत और निजी जीवन और वातावरण की गोपनीयता का अनुचित रूप में अतिक्रमण न करें, कृति साम्य कानून का उल्लंघन न करें, प्रेस कानून का सजग भाव से निर्वाह करें, मुद्रण रेखा स्पष्ट और अनिवार्य रूप से दें तथा किसी आपत्तिजनक अथवा कानूनी रूप से निषिद्ध विज्ञापन का प्रकाशन न करें।

प्रेस पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति को किसी अथवा समाचार पत्र का मुद्रण करने के लिए अपने अधिकार में किसी मुद्रणालय को रखने का निषेध है। यह तभी संभव है जब उसने उस क्षेत्र के उक्त कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी के समक्ष आवश्यक घोषणा करके पत्र पर हस्ताक्षर कर दिये हों।

भारतीय दंड संहिता की धारा २२८ में भी यह उपबंध है कि किसी न्यायाधिकारी के कार्य में बाधा डालने अथवा उसका अपमान करने पर छः मास का कारावास अथवा एक हजार रुपया अर्थ दंड अथवा दोनों एक साथ दिये जा सकते हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा २९३ तथा २९४ में अश्लील प्रकाशनों के अपराधी के लिए कारावास और अर्थ दंड दोनों का प्राविधान है। भारतीय दंड संहिता की धारा २९४ अ के अनुसार विज्ञापन के रूप में किसी प्रकार की लाटरी का प्रकाशन अपराध है। इसकी अनुमति केवल तभी है, जब उसके लिए सरकार से पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी हो। इस अपराध के अन्तर्गत दोषी व्यक्ति को एक हजार रुपये तक का अर्थ दंड दिया जा सकता है।

मुद्रण रेखा का उल्लेख भी पत्रकारिता के कानूनी पक्ष के संदर्भ में आवश्यक है। इसका उद्देश्य यह है कि यदि कानूनन मुद्रण रेखा का देना अनिवार्य होगा तो किसी पत्र के संपादक, प्रकाशक अथवा मुद्रक का दायित्व स्पष्ट और सिद्ध हो सकेगा। इसीलिए प्रत्येक समाचार पत्र में किसी न किसी पृष्ठ पर, किसी न किसी स्थान पर एवं किसी न किसी पंक्ति में मुद्रण रेखा देना अनिवार्य है। इसके अन्तर्गत उस पत्र के संपादक, प्रकाशक, मुद्रक के नाम और उनके कार्यालयों के पते देना आवश्यक है। अधिकांशतः यह मुद्रण रेखा अंतिम पृष्ठ पर सबसे नीचे दी जाती है, यद्यपि इसके लिए कानूनी तौर पर कोई स्थान नियत नहीं है और विभिन्न पत्र अपनी सुविधा और परंपरा के अनुसार इसका प्रकाशन करते हैं। मुद्रण रेखा संबंधी नियम का पालन न करने अथवा उससे संबंधित अपराध घोषित होने पर एक हजार रुपये का अर्थ दंड अथवा छः माह का कारावास अथवा दोनों दिये जा सकते हैं।

'न्यूज पेपर लायवल रजिस्ट्रेशन ऐक्ट' के अनुसार कोई भी पर्चा समाचार पत्र कहा जायगा, बशर्ते कि उसमें सार्वजनिक समाचार, सूचनायें या घटनाएं छपी हों अथवा इन समाचारों के संबन्ध में कोई टीका

टिप्पणी हो और वह एक निश्चित अवधि के बाद जो २६ दिन से अधिक की न हो, बिक्री के लिए प्रकाशित होता हो।

साम्प्रतिक रूप में प्रभावी कानूनों के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति किसी पत्र अथवा पत्रिका का प्रकाशन आरंभ करना चाहता है तो वह संपादक, प्रकाशक और मुद्रक अपने जिला अधिकारी के कार्यालय में एक घोषणा पत्र देता है। भारत सरकार के समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार के यहां से अपेक्षित नाम की स्वीकृति मिल जाने के पश्चात् यह घोषणा पत्र दिया जाता है। पोस्ट आफिस से समाचार-पत्र संबंधी डाक टिकट की रियायत के लिए प्रदेश के पोस्ट मास्टर जनरल से रजिस्टर्ड नंबर प्राप्त करना पड़ता है। प्रत्येक प्रकाशित पत्र के प्रत्येक अंक की प्रतियां जिला अधिकारी, सूचना निदेशक, नेशनल लाइब्रेरी तथा समाचार-पत्रों के रजिस्ट्रार को भेजनी होती हैं।

प्रेस की स्वतंत्रता के साथ ही कानूनी प्रतिबंध का सवाल जुड़ा हुआ है। वास्तव में समाचार-पत्र आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन-भावनाओं की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम हैं। आज विश्व में प्रायः सभी प्रकार की व्यवस्था वाले देशों में समाचार पत्रों का विशिष्ट महत्व इसलिए है क्योंकि न केवल सांसारिक गतिविधियों की अवगति वरन् जनमानस की अभिव्यंजना का भी वे सर्वोत्कृष्ट माध्यम हैं। अतएव जब प्रेस स्वातंत्र्य की जाती है तो अनेक प्रकार के भ्रम भी उत्पन्न हो जाते हैं जबकि तथ्य यह है कि प्रेस की स्वतंत्रता जन मानस की अभिव्यक्ति का ही एक रूप है। विशेष रूप से गणतंत्र शासन में प्रेस की स्वतंत्रता अपरिहार्य है। इसका एक कारण यह भी है कि सत्ता सम्पन्न राजनैतिक दल पर अंकुश रखने के लिए सर्वाधिक सशक्त विधा प्रेस ही है। इस दृष्टिकोण से आज के युग में यह अत्यंत आवश्यक है कि न केवल भारत वरन् संसार के सभी स्वाधीन देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की विशेष रूप से आवश्यकता है।

(५) पत्रकारों की जागरूकता एवं संगठनात्मक एकता

हिंदी पत्रकारिता अपने उद्भव काल से ही जागरूकता, प्रबुद्धता और चेतना संपन्नता की प्रतीक रही है। यद्यपि उसके विकास की गति अत्यन्त मंथर रही है, परन्तु फिर भी उसने आरंभ से ही अपनी निर्भीक प्रकृति का उद्घोष किया है। 'हिन्दोस्थान', 'आर्य दर्पण', 'मालवा अखबार', 'काशी पत्रिका', 'कविवचन सुधा', 'अलमोड़ा अखबार', 'आर्यमित्र', 'भारत जीवन', 'सार सुधानिधि', 'प्रयाग समाचार', 'हिंदी प्रदीप', 'भारत बन्धु', 'कर्मयोगी' आदि बहुसंख्यक पत्र ब्रिटिश शासन के प्रति कटु आलोचना से युक्त स्वरूप का उद्घोष करते रहे हैं। यद्यपि इसके विरुद्ध अंग्रेजी सरकार सदैव से ही कठोर दमन का रुख अपनाती रही थी, परन्तु फिर भी वे अपने इस नव जागरण के आवाहन से युक्त रूप से अनुप्राणित रही है।

भारत में पत्रकारिता के उद्भव और विकास का आकलन करने पर इस तथ्य की अवगति होती है कि यद्यपि ब्रिटिश सरकार की नीति आरंभ से ही न केवल भारतीय भाषाओं के पत्रों के प्रति कठोर और दमनपूर्ण रही है वरन् अंग्रेजी के समाचार पत्रों के प्रति भी उसका रुख न्यूनाधिक रूप में वैसा ही रहा है। यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि ब्रिटिश शासन काल में न केवल भारतीय वरन् अंग्रेज पत्रकारों ने भी समाचार पत्रों के लिए स्वतंत्रता की मांग की और उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा दंडित भी किया गया। भारत में सर्वप्रथम पत्र प्रकाशन करने वाले जेम्स आगस्टस हिकी को भी तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की निर्भीक कटु आलोचना करने के कारण दंडित किया गया और देश निकाला दिया गया। एक बड़ी संख्या में अंग्रेज और भारतीय पत्रकार भी पृथक्-पृथक् रूप में अपराधी घोषित कर के विभिन्न प्रकार के दंड के भागी बने परन्तु किसी प्रकार के संगठन का निर्माण उन्होंने नहीं किया।

निर्भीक पत्रकारिता का आदर्श हिंदी के उद्भव कालीन पत्रकारों ने उपस्थित किया। एक बड़ी संख्या में हिंदी के समाचार पत्रों ने तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के आर्थिक शोषण, अत्याचार, कर व्वस्था, जाति भेद, रंग भेद, पक्षपात पूर्ण प्रशासन नीति, सरकारी सेवाओं में पक्षपात, स्त्रियों पर अत्याचार, स्वतंत्रता आन्दोलन के दमन, बुद्धि जीवियों के संत्रास आदि का विरोध किया। यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि हिंदी के बहुसंख्यक पत्रकार अपने आदर्शों और विचारों के लिए संघर्ष करते हुए न केवल आर्थिक दंड के भागी हुए वरन् उन्हें जेल यात्रा भी करनी पड़ी। बहुधा उनके द्वारा संपादित और प्रकाशित पत्र वंद कर दिये गये और उन प्रेसों को जब्त कर लिया गया, जिनमें उनका प्रकाशन होता था।

यद्यपि भारत में पत्रकारों की संगठनात्मक एकता के प्रयास उन्नीसवीं शताब्दी में ही होने लगे थे और हिंदी के पत्रकारों ने इस दिशा में पहल की थी, परन्तु विदेशों में भी इस दिशा में अनेक प्रयास हुए हैं। विशेष रूप से बीसवीं शताब्दी में अनेक पत्रकार संगठन बने हैं। सन् १९४६ में प्राग (चेकोस्लोवाकिया) में 'इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन आफ जर्नलिस्ट्स' की स्थापना हुई थी। इसके तीन वर्ष पश्चात् गैर कम्युनिस्ट देशों ने इसकी सदस्यता का त्याग कर दिया था। सन् १९४९ में 'अमेरिकन सोसाईटी आफ न्यूज पेपर एडीटर्स' ने एक 'इंटर नेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट' स्थापित करने का प्रयास

किया था। इसके निर्माण की दिशा में विश्व के अनेक देशों के पत्रकारों ने अमरीका की यात्रा भी की थी। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों की जनता में पारस्परिक शांति और सद्भावना की स्थापना के लिए उन्हें वांछित जानकारी प्रदान करना था। इसके अतिरिक्त प्रेस-स्वातंत्र्य की रक्षा और उसका विकास भी उसका उद्देश्य था। वह अवाध समाचार संकलन, स्वतंत्र मत प्रकाशन एवं निर्बाध समाचार पत्र प्रकाशन के लिए भी कृत संकल्प थी। इसका उद्देश्य संपादकों के माध्यम से उनके देशों की जनता में एक दूसरे को समझने में सहायता देना था। विभिन्न देशों में स्वतंत्र रूप में तथ्य परक और संतुलित समाचारों के आदान प्रदान को प्रोत्साहन देना भी इसका उद्देश्य था। इसके अतिरिक्त पत्रकारिता की वृत्ति में सुधार करना भी इस इंस्टीट्यूट के उद्देश्यों में शामिल था।

पूर्व प्रस्तावानुसार मई सन् १९५१ में इस इंस्टीट्यूट की स्थापना पेरिस में हुई। ईसके लिए सुदूर देशों के नौ सम्पादक एकत्र हुए। इंस्टीट्यूट का दफ्तर स्विटजरलैंड के जूरिच शहर में खोला गया। इसमें पत्रकारिता विषयक शोध का कार्य भी हुआ। एक ही वर्ष में विश्व के ३३ देशों में इसकी शाखाएं खुल गयीं और इसकी सदस्य संख्या ४४५ हो गयी।

मई सन् १९५२ में उक्त इंस्टीट्यूट का प्रथम वार्षिक अधिवेशन पेरिस में सम्पन्न हुआ था। ईसमें विश्व के २१ देशों के १०१ सम्पादकों ने भाग लिया। इसी क्रम में इसका दूसरा वार्षिक अधिवेशन मई सन् १९५३ में लन्दन में भी सम्पन्न हुआ। इसकी एक शाखा भारत में भी स्थापित हुई। इसकी भारतीय राष्ट्रीय कमेटी के अध्यक्ष 'हिंदू' के सम्पादक कस्तूरी श्रीनिवासन हैं। वह सन् १९५२ में इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष चुने गये थे और उसकी कार्य समिति के भी सदस्य थे।

'इंटरनेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट' के अध्यक्ष 'न्यूयार्क टाइम्स' के रविवासरीय संस्करण के संपादक लेस्टर मार्केल थे। इसकी सदस्यता का शुल्क ५० डालर है। प्रमुख पत्रकारों और प्रधान संपादकों के अतिरिक्त अन्य पत्रकार भी इसके द्वितीय श्रेणी के सदस्य बन सकते हैं। इनके लिए संयुक्त सदस्यता का शुल्क साढ़े बारह डालर है, परन्तु इन्हें मताधिकार नहीं प्राप्त है। इस इंस्टीट्यूट का व्यय भार अमरीका के फोर्ड फाउंडेशन और राक फेलर फाउंडेशन द्वारा वहन किया जाता है।

मई सन् १९५२ में 'इण्टर नेशनल फेडरेशन आफ जर्नलिस्ट्स' की स्थापना ब्रुसेल्स में हुई थी। इसमें १९ देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। ब्रिटेन के सी०जे० बुन्डोक इसके अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

जून सन् १९५० में कनाडा में 'इम्पायर प्रेस यूनियन' का धन अधिवेशन संपन्न हुआ था। इसमें हुए निर्णय के अनुसार इस संस्था का नाम बदल कर 'कामन वेल्थ प्रेस यूनियन' रख दिया गया। राष्ट्र कुल देशों के भारत के भी अनेक संपादक इसके सदस्य हैं। सन् १९५३ में 'इंडियन जर्नलिस्ट्स एशोसिएशन इन ब्रिटेन' के अध्यक्ष 'आनंद बाजार पत्रिका' के (डॉ०) तारापद वसु तथा मंत्री 'हिंदू' के डी० एफ० बर्ड निर्वाचित हुए थे।

यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि पत्रकारिता के आरंभिक काल से ही पत्रकारों में निरंतर संगठन के प्रति जागरूकता बढ़ती जा रही है, भले ही उनमें अनेक कारणों से मतैक्य न हो पाता हो। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यदि हिंदी पत्रकारिता से संबंधित संगठनों पर विचार किया जाए, तो यह ज्ञात होगा कि इसके लिए विगत शताब्दी में ही प्रयास आरंभ हो गये थे। सन् १८८५ में रामकृष्ण वर्मा की अध्यक्षता में एक 'संपादक समिति' का गठन किया गया था। इसके मंत्री राधाचरण गोस्वामी थे। अनेक कारणों से एक ही वर्ष के पश्चात् यह समाप्त हो गयी।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भारत में सर्वप्रथम बहुभाषी समाचार-पत्र संगठन सन् १८९१ में निर्मित हुआ था। यह 'नेटिव प्रेस एसोसिएशन' था। इसके निर्माण का उद्देश्य भारतीय समाचार-पत्रों के विरुद्ध ब्रिटिश सरकार की कठोर दमन नीति का प्रतिरोध करके अपने हितों की रक्षा करना था।

सन् १९०७ में प्रयाग में भी एक 'संपादक समिति' स्थापित की गई थी। इसके संचालक पुरुषोत्तम दास टंडन थे। इसके वार्षिक अधिवेशन हिंदी साहित्य सम्मेलन के वार्षिक अधिवेशनों के साथ ही आयोजित होते रहें। दुर्भाग्य वश यह संस्था भी अल्प जीवी रही और सन् १९१३ में समाप्त हो गयी।

'बंग एसोसिएशन' नामक संगठन का एक प्रतिनिधि मण्डल लार्ड चेम्स फोर्ड से मिला था और सन् १६१० के 'प्रेस ऐक्ट' की कठोर धाराओं के अनौचित्य की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया था।

सन् १६१५ में 'प्रेस एसोसियेशन आफ इंडिया' नामक पत्रकार संघ का निर्माण हुआ। इसका उद्देश्य भी समाचार पत्रों के हितों की रक्षा करते हुए शासन के कठोर और दमन पूर्ण रवैये का प्रतिरोध करना था। सन् १६२१ में इस एसोसिएशन ने प्रेस संबंधी कानूनों के अनौचित्य की ओर ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से ब्रिटिश सरकार को स्मरण पत्र भी दिया था। इस प्रकार के क्रिया-कलाप से भारतीय भाषाओं के पत्रकारों में संगठनात्मक चेतना का प्रादुर्भाव हुआ था।

सन् १६२६ में हिंदी साहित्य सम्मेलन के वृंदावन में आयोजित अधिवेशन के अवसर पर एक 'संपादक सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इसका प्रथम अधिवेशन उसी वर्ष 'आज' के संपादक बाबूराव विष्णु पराड़कर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ था। कुछ वर्षों तक इसके वार्षिक अधिवेशन भी हिंदी साहित्य सम्मेलन के वार्षिक अधिवेशनों के साथ सम्पन्न होते रहे। कालांतर में इंद्रजी की अध्यक्षता में इसका एक सम्मेलन इंदौर में आयोजित हुआ। इसके पश्चात् यह संगठन भी निष्क्रय होकर समाप्त हो गया।

'संपादक सम्मेलन' का उद्देश्य हिंदी के समाचार पत्रों के संपादकों, लेखकों और संचालकों में समन्वय स्थापित करना, राष्ट्रीय हित के आन्दोलनों में हिंदी पत्रों की संगठित शक्ति का उपयोग करना, विपत्ति ग्रस्त संपादकों की सहायता करना, व्याख्यानों, प्रकाशनों, सूचनाओं और परीक्षाओं के माध्यम से हिंदी पत्र संपादन कला की उन्नति के लिए प्रयास करना तथा हिंदी पत्रों के लिए एक समिति की स्थापना कर के अन्य भाषायी पत्रों को हिंदी पत्रों की विभिन्न विषयों पर सम्मतियां प्रेषित करना था।

'संपादक सम्मेलन' में माखन लाल चतुर्वेदी ने इस बात पर खेद प्रकट किया था कि अनेक पत्रकारों ने उसमें न भाग लिया और न ही किसी अन्य प्रकार का सहयोग दिया था। उन्होंने कहा था, 'एक तो संपादक गण या संचालक गण स्वयं अपने पत्रों के जीवन विधाता हैं, फिर भला वे किसी के अनुशासन में कैसे रहें, दूसरे जिन पूंजीपतियों के हाथ देश के कुछ प्रभावशाली समाचार पत्र हैं, वे शायद इस बात का भय मानते हैं कि यदि साहसी गरीब 'उपकरण' पत्रकार संघ में बलवान् हो गया, तो निरंकुशता को एक गहरी ठोकर लगेगी और उसके ठोकर लगते ही पूंजी वाद की इमारत की नींव हिलने लगेगी। इसका तीसरा कारण भी शायद है। संगठन का काम बिना धन के नहीं चल सकता और धन धन-पतियों की जेब में है। फिर गरीब पत्रकार संगठन करें तो किस बिरते पर?'

१४ अप्रैल सन् १६३० को 'अखिल भारत वर्षीय हिंदी संपादक सम्मेलन' कलकत्ते में गठित हुआ था। इसके मंत्री विष्णुदत्त शुक्ल थे। इसमें 'अखिल भारत वर्षीय हिंदी संपादक सम्मेलन' का नाम परिवर्तन करके 'अखिल भारत वर्षीय पत्रकार सम्मेलन' कर दिया गया। इसका वार्षिक सदस्यता शुल्क ३ रुपया से घटाकर एक रुपया कर दिया गया।

बाबूराव विष्णु पराडकर की अध्यक्षता में हिंदी का प्रथम संपादक सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन के अवसर पर ही पराडकर जी की अध्यक्षता में ही 'हिन्दी सम्पादक समिति' गठित की गई थी। इसके मंत्री और संयोजक नरदेव शास्त्री तथा उप संयोजक गोपी वल्लभ उपाध्याय थे। इसके सभापति पद से भाषण देते हुए पराड़कर जी ने कहा था कि 'हमारे समाचार पत्रों की वर्तमान अवस्था यद्यपि संतोषजनक नहीं है पर भविष्त उज्ज्वल है। पत्रों का प्रचार अधिक न होने के मेरी अल्प मति में प्रधानतः तीन कारण हैं—(१) पत्रों का समाज के प्रतिबिंब न होना (२) धनाभाव (३) जनता में विशेष कर हिंदी भाषियों में साक्षरता का अल्प प्रचार। हम हिंदी संपादकों का कार्य बहुत कठिन है। हम सब संपादक पत्रों की उन्नति चाहते हैं पर हमें स्मरण रखना चाहिए कि इस उन्नति के साथ-साथ हमारी स्वातंत्र्य-हानि अवश्यंभावी है। उन्नति व्यापारी ढंग से ही हो सकती है। मेरे मत से संपादक में साहित्य और भाषा ज्ञान के अतिरिक्त भारत के इतिहास का साधारण ज्ञान तथा समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र और अन्तर्राष्ट्रीय विधानों का साधारण ज्ञान होना आवश्यक है। अर्थशास्त्र का वह पंडित न हो पर कम

से कम भारतीय और प्रान्तीय बजट समझने की योग्यता उसमें अवश्य होनी चाहिए। भिन्न-भिन्न उद्देश्यों से निकलने वाले पत्रों के सम्पादकों में उन भिन्न विषयों का विशिष्ट ज्ञान भी होना आवश्यक है। पर ऊपर जो विषय बताये गये हैं उनका साधारण ज्ञान प्राप्त करके यदि कुछ थोड़े से समय भी युवक अनुभवी संपादकों की अधीनता में कुछ दिन तक काम करें तो निस्संदेह वे अपने गुरु से आगे बढ़ जायेंगे और हिंदी पत्रों के साथ देश की भी कुछ न कुछ उन्नति ही कर जायेंगे।'

'हिंदी संपादक समिति' के विषय में जो विचार-विमर्श हुआ था, उसके अनुसार यह निश्चय किया गया था कि (१) इस समिति का नाम 'हिंदी संपादक समिति' होगा। (२) समिति के उद्देश्य (अ) हिंदी समाचार-पत्रों के संपादकों, लेखकों और संचालकों में परस्पर सहयोग स्थापित करना, (ब) देश के लाभकारी आंदोलनों में हिंदी पत्रों की सम्मिलित शक्ति का प्रयोग करना (स) विपद ग्रस्त संपादकों की सहायता करना, (द) हिंदी पत्र संपादन कला की उन्नति के लिए प्रयत्न करना, (१) व्याख्यानों द्वारा (२) पुस्तक प्रकाशन द्वारा (३) उपयुक्त सूचनाओं द्वारा। (३) हिंदी पत्रों के लिए एक न्यूज एजेंसी स्थापित करना और भिन्न-भिन्न विषयों पर हिंदी पत्रों की सम्मतियों को अन्य भाषाओं के पत्रों को भेजना, (४) प्रत्येक लेखक, संपादक तथा पत्र संचालक ३ रु० वार्षिक देने पर इसके सदस्य बन सकेंगे (५) समिति के वार्षिक अधिवेशन हिंदी साहित्य सम्मेलन के वार्षिक अधिवेशनों के साथ हुआ करेंगे (६) स्थायी समिति २० सदस्यों की होगी जो वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर निर्वाचित हुआ करेंगे (७) समिति का कार्यालय प्रधान तथा मंत्री की सुविधा के अनुसार किसी केन्द्र स्थान में रहेगा। नोट—इस समिति का संघटन ५० सदस्य होने पर साधारण अधिवेशन द्वारा किसी स्थान पर किया जायगा।

सन् १९३८ में बाबू राव विष्णु पराड़कर 'अपर इण्डिया जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष चुने गये। इसके सचिव के० ईश्वर दत्त थे। संस्था ने उत्तर भारत के श्रम जीवी पत्रकारों के हितों की रक्षा की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।

'उत्तर प्रदेशीय प्रेस कन्सलटेटिव कमेटी' की स्थापना सन् १९३८ में हुई थी। उस समय इसके ग्यारह सदस्य थे। ३१ जुलाई १९४६ को इसका पुनर्गठन हुआ जिसमें २२ सदस्य रखे गये। सन् १९४९ में भी २१ सदस्य सहित यह पुनर्संगठित की गई। सितम्बर १९५२ में पुनः इस समिति का संगठन २१ सदस्यों के साथ किया गया था।

२७ फरवरी १९३९ को 'दि इंडियन ऐंड ईस्टर्न न्यूज पेपर सोसाइटी' की स्थापना हुई थी। इसके संस्थापक सदस्यों की संख्या १४ थी। सन् १९५३ में यह बढ़कर ८१ हो गयी। इनमें ५९ दैनिक' १ त्रिसाप्ताहिक, १४ साप्ताहिक, १ पाक्षिक और ६ मासिक पत्रिकाओं से संबद्ध व्यक्ति थे। यह ग्यारह भाषाओं में प्रकाशित होते थे। इनमें अंग्रेजी के ३६, हिंदी के ९, मराठी के ८, तमिल के ७, उर्दू, गुजराती और कन्नड़ के चार-चार, बंगला और मलयालम के तीन-तीन, तेलुगु के दो तथा सिंधी का एक पत्र है। इसका वार्षिक सदस्यता शुल्क एक हजार रुपये है। सन् १९५१ में इसका पंजीकरण भी हो गया था। इसके सचिव आशु डे नियुक्त हुए थे। इसका प्रधान कर्यालय नई दिल्ली में है। इसने समाचार पत्रों के आर्थिक पक्षों, विशेष रूप से अखबारी कागज की उपलब्धता और विज्ञापन प्रकाशन के विभिन्न पक्षों से संबंधित सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाये हैं।

'इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आर्ट इन इंडस्ट्री' नामक संस्था की स्थापना सन् १९४० में कलकत्ते में हुई थी। सन् १९४० में ही उत्तर प्रदेश (तत्कालीन संयुक्त प्रांत) में 'संयुक्त प्रांतीय पत्र परामर्श दात्री समिति' के एक सदस्य के रूप में भी बाबू राव विष्णु पराड़कर का मनोनयन हुआ था। इसी वर्ष दिल्ली में 'पत्रकार संघ' का आयोजन हुआ था। उसी से प्रेरित होकर हिंदी के पत्रकारों ने अपना पृथक् संगठन बनाने का निश्चय किया था।

१९४० में अंग्रेजी के पत्रों ने अपना एक संगठन दिल्ली में स्थापित किया था, जिसका नाम 'आल इंडिया न्यूज पेपर्स एडीटर कान्फ्रेंस' था। कालांतर में इससे श्रम जीवी पत्रकार अलग हो गये और उन्होंने अलग संगठन स्थापित कर लिया। इसके कुल १८८ सदस्य थे जिनमें ८५ दैनिक पत्रों के और १०३ साप्ता-

हिक तथा अन्य पत्र-पत्रिकाओं के थे। इनमें से २९ अंग्रेजी दैनिकों के और ५६ भारतीय भाषाओं के दैनिकों के संपादक थे। इसी प्रकार साप्ताहिक तथा अन्य में ३८ अंग्रेजी पत्रों के तथा ६५ भारतीय भाषाओं के पत्रों के संपादक थे।

सन् १९४० में ही 'इण्डियन ऐण्ड ईस्टर्न न्यूज पेपर्स सोसाइटी' के सदस्यों के प्रयास से 'अखिल भारतीय समाचार संपादक सम्मेलन' की आयोजना हुई। इसका प्रथम अधिवेशन 'हिन्दू' के संपादक कस्तूरी श्रीनिवासन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था। इसने सरकार से समझौता करके पारस्परिक सद्भाव से कुछ नियम बनाए थे। सन्१९५० में इसने 'भारत पाकिस्तान सम्मेलन' भी आयोजित किया था। फलत: 'भारत पाकिस्तान संयुक्त प्रेस कमेटी' भी बनायी गई थी। 'इंडियन ऐंड ईस्टर्न पेपर्स सोसाइटी' का प्रधान कार्यालय नई दिल्लीमें है। सन् १९५४ की रिपोर्ट के अनुसार इसमें कुल सदस्यों की संख्या ८० थी जिनमें ६० दैनिक पत्रों से तथा शेष अन्य पत्रों से संबंधित थे। प्राप्त विवरण के अनुसार इसमें २५ अंग्रेजी के तथा ३५ भारतीय भाषाओं के समाचार पत्र सम्मिलित थे।

'दि इंडियन लैंग्वेजेज न्यूज पेपर एडीटर्स एसोसिएशन' की स्थापना सन् १९४१ में हुई थी। इसके सदस्य लगभग दो सौ लघु पत्र-पत्रिकाओं के संपादक थे। इसका प्रधान कार्यालय बंबई में स्थापित किया गया था। इस संगठन में लगभग ८० समाचार पत्र तथा तथा अन्य पत्रों के सदस्य थे। इसके अतिरिक्त 'इंडियन न्यूज पेपर्स कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' जिसमें २०० से अधिक सदस्य थे, वह भी इस संगठन की सदस्य थी। इस संगठन के अनुसार इसके सदस्यों की संख्या २४० के लगभग थी, जिसमें इस संगठन के हिस्सेदार जो वार्षिक चंदा नही देते थे और केवल संगठन के माध्यम से कार्य करते थे, उन सदस्यों की संख्या केवल ८० थी, जो प्रत्यक्षत: इसकी सदस्यता ग्रहण किये हुए थे।

जनवरी सन् १९४१ में 'अखिल भारतीय हिंदी पत्रकार संघ' की स्थापना हुई थी। इसका पहला अधिवेशन नई दिल्ली में हुआ था, जिसका संचालन-संपादन 'विश्व मित्र' (दैनिक) के संपादक मूल चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ था। इसमें पत्रकारिता से सम्बन्धित अनेक ज्वलन्त प्रश्नों पर विचार-विमर्श किया गया था और उनसे संबंधित प्रस्ताव पारित हुए थे। इसका दूसरा अधिवेशन भी दिल्ली में ही सन् १९४२ में हुआ था। इसकी अध्यक्षता आगरे के दैनिक पत्र 'सैनिक' के संपादक कृष्णदत्त पालीवाल ने की थी। इसमें श्रमजीवी पत्रकारों के लिए ४० रु० प्रतिमास के न्यूनतम वेतन की मांग की गयी थी। सन् १९४३ में इसका तीसरा अधिवेशन कलकत्ते में हुआ था। इसमें न्यूनतम वेतन ५० रुपये प्रतिमास के साथ भविष्य निधि और मंहगाई भत्ते आदि की भी मांग की गई थी। सन् १९४४ में कानपुर में इसका चौथा अधिवेशन हुआ था, जिसमें श्रम जीवी पत्रकारों की आर्थिक समस्याओं के संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। सन् १९४५ में इसका पांचवां अधिवेशन मथुरा में आयोजित किया गया था, परन्तु इसमें अनेक क्रांतिकारी प्रस्तावों के पारित होने के बावजूद भी कालांतर में यह संघ अधिक सक्रिय न रह सका।

२ सितम्बर सन् १९४२ को बाबूराव विष्णु पराड़कर जी ने १४ सितम्बर सन् १९४२ को बंबई में होने वाले भारत के समाचार पत्रों के सम्मेलन में भाग लेने की असमर्थता प्रकट करते हुए स्पष्टोक्ति की थी कि, 'मेरा मत है कि अभी वह उपयुक्त अवसर नहीं आया जब कि राष्ट्रीय पत्रों का प्रकाशन शुरू किया जा सके। वर्तमान स्थिति में इतने प्रतिबंध हैं कि समाचार पत्र केवल सरकारी बुलेटिन मात्र ही रहेंगे। टीका-टिप्पणी की जा नहीं सकती। हम जनता की राय व्यक्त करने के माध्यम बनकर जीवित नहीं रह सकते। इसलिए अच्छा है कि हमारा प्रकाशन स्थगित ही रहे। मातृभूमि के हित के लिए आवश्यक हो तो हमारा बलिदान भी श्रेयस्कर है।'

सन् १९४२ में 'उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार संघ' ने 'उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार सम्मेलन' का आयोजन किया था। इस सम्मेलन की अध्यक्षता बनारसी दास चतुर्वेदी ने की थी। श्रम जीवी पत्रकारों की आर्थिक समस्याओं का आकलन करने के लिए इस सम्मेलन में एक समिति का गठन किया गया जिसने संपूर्ण देश के पत्रकारों की आर्थिक समस्याओं की छान बीन की।

द्वितीय विश्वयुद्ध के समय से पत्रकार संगठन अधिक

निष्ठा भाव से बनाए जाने लगे थे। सन् १९४४ में विभिन्न स्थानों पर श्रमजीवी पत्रकारों के स्थानीय, प्रांतीय और राष्ट्रीय संगठनों का निर्माण होने लगा था। मूल भूत रूप में उस समय पत्रकारों के समक्ष वेतन क्रम का निर्धारण एवं आर्थिक सुरक्षा प्रधान समस्या थी। उस समय से लेकर वर्तमान काल तक देश के विभिन्न नगरों में वहुसंख्यक पत्रकार संगठनों के अधिवेशन होते रहे हैं और उनमें पत्रकारों के विभिन्न हितों की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

सन् १९४४ में 'अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन' ने लाहौर में अपनी स्थायी समिति की बैठक में एक प्रस्ताव स्वीकृत करके संपादकों के वेतन निर्धारण की दिशा में पहल की। उसकी सिफारिश के अनुसार किसी भी अंग्रेजी पत्र से संवद्ध पत्रकार का न्यूनतम वेतन सौ रुपये प्रति माह तथा भारतीय भाषाओं से संबद्ध समाचार पत्र के पत्रकार का न्यूनतम वेतन ७५ रुपया प्रति माह होना चाहिए।

'दि एडवरटाइजिंग एजेंसीज आफ इंडिया' की स्थापना सितम्बर सन् १९४५ में की गई थी। इसकी संस्थापक छः प्रमुख विज्ञापन एजेंसियां थीं। इसका प्रधान कार्यालय कलकत्ते में था। 'इंडियन न्यूज पेपर्स कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' की स्थापना सन् १९४७ में बंबई में की गई थी।

सन् १९४६ में 'आडिट ब्यूरो आफ सर्कुलेशन लिमिटेड' (ए० बी० सी०) की स्थापना हुई थी। फरवरी सन् १९५३ में इसके दो सौ सदस्य थे। इनमें १५० समाचार पत्र तथा ५० विज्ञापन एजेसियां थीं। यह ब्यूरो विज्ञापन दाताओं के लिए ग्राहक संख्या और प्रसार संख्या का प्रामाणिक विवरण प्रस्तुत उपलब्ध कराता है।

समाचार पत्रों के वर्गीकरण के संदर्भ में भारत सरकार ने एक समिति के माध्यम से यह निर्णय दिया था कि दैनिक समाचार पत्र कुल छः श्रेणियों के होंगे। इनमें से प्रथम श्रेणी में वे दैनिक होंगे जिनकी कुल आय पचास लाख रुपये से अधिक थी। इसी प्रकार छठे वर्ग में उन दैनिक समाचार पत्रों को रखा गया था जिनकी कुल आय ढाई लाख रुपये से कम थी। इसी प्रकार साप्ताहिक पत्रों को चार श्रेणियों में रखा गया था। इनमें से प्रथम वर्ग में वे पत्र थे, जिनकी कुल आय साढ़े बारह लाख रुपये से अधिक थी। चतुर्थ वर्ग में वे पत्र परिगणित किये गये थे जिनकी कुल आय एक लाख रुपये से कम थी। कालांतर में द्वितीय वेतन बोर्ड ने दैनिक समाचार पत्रों के छः के स्थान पर सात वर्ग कर दिये थे। इनमें से प्रथम वर्ग में वे पत्र थे जिनकी कुल आय दो करोड़ रुपये से अधिक थी। सातवें वर्ग में वे पत्र रखे गये थे जिनकी आय पांच लाख रुपये से कम थी। इसी प्रकार साप्ताहिक पत्रों और मासिक पत्रिकाओं के छः वर्ग कर दिये गये थे। इनमें से प्रथम वर्ग में पचास लाख से अधिक आय और षष्ठ वर्ग में ढाई से कम आय वाले पत्र-पत्रिकाओं को रखा गया था।

१९५० में 'काशी पत्रकार संघ' के अध्यक्ष के रूप में पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि 'मेरी राय में पत्रकार बनने के पूर्व आदमी को समझ लेना चाहिए कि यह मार्ग त्याग का है, भोग का नहीं। जिस भाई बहन को भोग की लालसा हो वह और धन्धे करे, रहम करे इस रोजगार पर। मेरा आदर्श पत्रकार ईमानदार पादरी, पीर है, किसी भी भीड़ में जिसे आसानी से पहचाना जा सके।'

सन् १९५० में 'भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ' का संगठन हुआ। इसके लिए दिल्ली श्रमजीवी पत्रकार संघ ने एक सम्मेलन आयोजित किया। उसमें भारत के २३ पत्र संस्थानों के अस्सी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता चेलापति राव ने की थी। राणा जंग वहादुर सिंह इसके स्वागताध्यक्ष थे। मृणाल कांति वोस, देवदास गांधी, के० रामाराव, एस० पी० थियागराजन, एम० वी० साने, श्याम लाल, वनारसी दास चतुर्वेदी, ज्वाला सिंह तथा जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी ने भी इसमें भाग लिया था। जिन पत्रकार संगठनों ने इसका प्रारूप निर्मित किया था उनमें 'दिल्ली श्रमजीवी पत्रकार संघ' के अतिरिक्त 'इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन', 'उत्तर प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ', 'बंबई श्रम जीवी पत्रकार संघ' और 'दक्षिण भारत पत्रकार संघ' आदि प्रमुख हैं। इसमें इन संगठनों के सात प्रतिनिधियों की एक समिति का निर्माण किया गया। अप्रैल १९५१ में इसका संविधान बंबई में आयोजित एक विशेष अधिवेशन में स्वीकृत हुआ। चेला पति राव इसके

अध्यक्ष और जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी महामंत्री नियुक्त हुए। सन् १९५२ में इसका एक अधिवेशन कलकत्ते में आयोजित हुआ जिसने पत्रकारों की स्थिति में सुधार के लिए प्रेस आयोग की नियुक्ति की मांग की। कालांतर में प्रेस आयोग का गठन हुआ और इस संघ का प्रतिनिधित्व उसमें चेला पति राव ने किया। इस संघ से कुल २२ इकाइयाँ संबद्ध थीं और कुल सदस्य संख्या १५ सौ थी। इनमें दिल्ली से २७३, कलकता से १८१, बंबई से १६२, ट्रावनकोर-कोचीन से १३५, बिहार से १२५, उत्तर प्रदेश ६०७, मध्य प्रदेश से५५, मध्य भारत से २८, पेपसू से ३६, सौराष्ट्र से ३०, उड़ीसा से ६६, महाराष्ट्र से १७, राजस्थान से १६, हैदराबाद से ८४, कश्मीर से ७, और भोपाल से १६ सदस्य थे।

'दि इंडियन सोसाइटी आफ एडवरटाइजर्स' की स्थापना बंबई में सन् १९५२ में की गई थी। इसके २५ सदस्य थे और पी० जी० रोज अध्यक्ष नियुक्त हुए थे।

सन् १९५२ में 'प्रेस आयोग' की नियुक्ति की गई। न्यायमूर्ति जी० एस० राजाध्यक्ष इसके अध्यक्ष नियुक्त किये गये। (डॉ०) सी० पी० रामास्वामी अय्यर, आचार्य नरेन्द्रदेव, (डॉ०) जाकिर हुसैन, (डॉ०) वी० के० आर० वी० राव, पी० एच० पटवर्धन, त्रिभुवन नारायण सिंह, जयपाल सिंह, जे०नटराजन, एस०आर० भट्ट तथा एम० चेला पति राव इसके सदस्य थे। इसकी पहली बैठक ग्यारह अक्टूबर सन् १९५२ को हुई थी। १४ जुलाई सन् १९५४ को अपनी अंतिम बैठक के पश्चात् इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी। इसमें ५८८ पृष्ठों में १५५६ धाराएं और २१ अध्याय हैं।

'प्रेस आयोग' ने समाचार पत्रों के स्वामित्व का विकेन्द्रीकरण, पत्रकारों और कर्मचारियों द्वारा उनके संचालन, प्रेस ट्रस्ट के एक निगम के रूप में गठन, यू० पी०आई० के एक ट्रस्ट के रूप में परिवर्तन, संपादक की नियुक्ति के पश्चात् उसे हटाने के लिए छः महीने की नोटिस, प्रेस कानूनों में शिथिलता, आपत्ति जनक सामग्री कानून के स्थगन, प्रेस कौंसिल की स्थापना, श्रमजीवी पत्रकारों और इतर कर्मचारियों की सुविधा के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारण, काम के घण्टों के निर्धारण, सप्ताह में एक दिन के अवकाश, वर्ष में एक महीने के अर्जित अवकाश, वर्ष में १५ दिन के आकस्मिक अवकाश, वर्ष में एक महीने के स्वास्थ्य अवकाश, राष्ट्रीय पर्वों के अवकाश, भविष्य निधि की व्यवस्था, छंटनी की स्थिति में प्रति वर्ष १५ दिन के वेतन, अनुग्रह राशि के रूप में प्रतिवर्ष के १५ दिन के वेतन, प्रेस रजिस्ट्रार की नियुक्ति आदि से संबंधित सिफारिशें प्रस्तुत की थीं।

सन् १९५५ में भारत सरकार ने 'श्रमजीवी पत्रकार कानून' पास किया। ईसके अनुसार पत्रकारों और प्रूफ रीडरों को श्रमजीवी पत्रकार मान कर उनकी सेवा के लिए नियम बनाए गये। इसकी तीसरी धारा के अन्तर्गत श्रमजीवी पत्रकारों पर सन् १९४७ का 'औद्योगिक विवाद अधिनियम' लागू किया गया। २३ मई सन् १९५७ को पत्रकारों की सेवा के नियमों को प्रकाशित करके उनके काम के घण्टों, अवकाश और अनुग्रह राशि आदि का स्पष्टीकरण हुआ। ६ फरवरी सन् १९६० को इनमें संशोधन भी हुआ।

मई सन् १९५६ में भारत सरकार ने प्रथम वेतन बोर्ड की स्थापना की। इसका उद्देश्य वेतन प्रोन्नति और मंहगाई भत्ते से संबन्धित सिफारिशें करना था। इसमें पत्रकारों का प्रतिनिधित्व श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से आर० वेंकटरमण, सी० राघवन तथा जी० एन०आचार्य ने किया। ११मई सन् १९५७ को इस बोर्ड के निर्णय प्रकाशित हुए। दुर्भाग्यवश समाचार पत्र संस्थानों के मालिकों ने उन्हें स्वीकार नहीं किया।

'अखिल भारतीय पत्रकार संघ' का छठा अधिवेशन जयपुर में १५ मार्च १९५८ को आयोजित हुआ था। इसकी अध्यक्षता जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी ने की थी।

२३ मई सन् १९५९ को केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त एक पांच सदस्यीय समिति ने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। ये सदस्य के० वाई० भंडारकर, के० एम० सुब्रमण्यम, आर० सी० दत्त, टी० आर० वी० चारी तथा एस० वैद्यनाथ अय्यर थे। इसके पूर्व केन्द्रीय मंत्रिमंडल की एक समिति गोविंद वल्लभ पंत की अध्यक्षता में भी नियुक्त की जा चुकी थी। अन्ततोगत्वा ईनके सुझावों के आधार पर विभिन्न समाचार पत्रों और उनसे संबद्ध पत्रकारों का श्रेणीकरण किया गया।

१२ नवंबर सन् १९६३ को भारत सरकार के श्रम

मंत्रालय के द्वारा द्वितीय वेतन बोर्ड की स्थापना की गई। इसके अध्यक्ष न्याय मूर्ति जे० के०शिंदे थे। 'अखिल भारतीय श्रम जीवी पत्रकार संघ' के प्रतिनिधियों के रूप में केदार घोष तथा एल० मीनाक्षी सुन्दरम् इसके सदस्य थे। २७ अक्टूबर सन् १९६७ को इसकी सिफारिशों का आदेश हो गया, जिनके पक्ष और विपक्ष में अनेक मुकदमे चले।

'प्रेस परिषद् अधिनियम' (सन् १९६५)के अनुसार भारत में इसका गठन १६ नवंबर १९६६ को हुआ था। इसके हेतु भारत की विभिन्न पत्रकार संस्थाओं ने अपनी-अदनी सूचियाँ प्रस्तुत की थीं। उन्हीं के आधार पर इसके सदस्यों का चयन किया गया था। यहाँ पर इस तथ्य का उल्लेख आवश्यक है कि 'अखिल भारतीय श्रम जीवी पत्रकार संघ' ने इस परिषद् का बहिष्कार किया था। इसी कारण उसके प्रतिनिधियों तथा अन्य सदस्यों ने इससे त्याग पत्र दे दिया था। सन् १९७० में जब उक्त परिषद् का पुनर्गठन हुआ तब भी किन्हीं कारणों से 'अखिल भारतीय श्रम जीवी पत्रकार संघ' के प्रतिनिधियों को इसमें सम्मिलित नहीं किया जा सका। परन्तु फिर भी यह संघ पत्रकारों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। स्थूलतः यह भारत के नब्बे प्रतिशत पत्रकारों का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी स्थापना के २५ वर्ष पूरे हो चुके हैं और इसकी सदस्य संख्या लगभग ५ हजार है। इसने सन् १९७१ में अपने एक अधिवेशन में अहमदाबाद घोषणा पत्र प्रकाशित किया था और पत्रों के स्वामित्व का विकेंद्रीकरण करने की मांग की थी। यह मांग आज तक पूरी नहीं हुई है और इसका संघर्ष जारी है।

सन् १९७८ में 'प्रेस कौंसिल ऐक्ट' के अनुसार गठित इस परिषद् में एक अध्यक्ष तथा २८ सदस्य होते हैं। इनमें १३ सदस्य श्रमजीवी पत्रकार, ६ सदस्य पत्र प्रबंधक, एक सदस्य समाचार समितियों से, एक सदस्य विश्व विद्यालय अनुदान आयोग से, एक सदस्य बार कौंसिल से, एक सदस्य साहित्य अकादमी से, तीन सदस्य लोक सभा से तथा दो सदस्य राज्य सभा से चुने जाते हैं। इस परिषद् के उद्देश्य समाचार पत्र तथा समाचार समितियों की स्वतंत्रता को कायम रखना, समाचार पत्रों, समाचार समितियों तथा पत्रकारों के उच्च स्तर के अनुरूप आचार संहिता तैयार करना, पत्रकारिता व्यवसाय से सम्बद्ध व्यक्तियों में उत्तरदायित्व की भावना तथा जन सेवा की भावना को विकसित करना, समाचार पत्रों, समाचार समितियों तथा पत्रकारों की तरफ से जनरुचि के स्तर को बनाये रखने का विश्वास दिलाना और नागरिकता के अधिकारों व उत्तरदायित्वों की भावना को पोषित करना, महत्व पूर्ण तथा जनरुचि के समाचारों के प्रेषण सम्भावित अवरोधों पर दृष्टि रखना, भारतीय समाचार पत्रों तथा समाचार समितियों को मिलने वाली विदेशी सहायता का मूल्यांकन करना, विदेशी समाचार पत्रों जिनमें दूतावासों तथा अन्य विदेशी प्रतिनिधि संस्थानों आदि द्वारा भी निकाले गये पत्र सम्मिलित हैं, के प्रसार तथा प्रभाव का अध्ययन करना, समाचार पत्र या समाचार समिति के मध्य समन्वय स्थापित करना आदि हैं।

'राष्ट्रीय पत्रकार यूनियन-भारत' (नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स-इंडिया) नामक संस्था की स्थापना जनवरी १९६९ में नई दिल्ली में हुई थी। इसके अध्यक्ष एल० मीनाक्षी सुन्दरम् थे। इसके सदस्यों की संख्या लगभग पन्द्रह सौ है। ट्रेड यूनियन के आधार पर गठित यह संस्था भी पत्रकारों के हित के लिए संघर्षरत है।

इसने दिसम्बर १९७४ में नई दिल्ली में अपना पहला राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया था। इसकी अध्यक्षता एच० के० गौड़ ने की थी। इस यूनियन के द्वारा दिल्ली से एक मुख पत्र का प्रकाशन भी किया जाता है, जिसका नाम 'इंक वर्ल्ड' है।

'दि सदर्न इंडिया जर्नलिस्ट फेडरेशन' नामक पत्रकार संघ की स्थापना मद्रास में की गयी थी। इस संगठन का निजी प्रेस क्लब भी है। इसका एक मुख पत्र 'साउथ इंडियन जर्नलिस्ट' नाम से मासिक रूप में प्रकाशित होता है। इसके कुल सदस्यों की संख्या ४५० थी। इससे सात जनपदीय पत्रकार संघ संबद्ध थे। इनमें से प्रत्येक इकाई का संघ की कार्य कारिणी में सामूहिक प्रतिनिधित्व एक सदस्य के द्वारा उस दशा में होता था जबकि उसकी सदस्य संख्या १० से अधिक हो। विभिन्न जिला सम्मेलनों में इसके सदस्यों की संख्या इस प्रकार थी—साउथ अर्कोट १२, कोयंमबटूर १२, तंजौर १, तिरूनलवेली १७, तिरूचरापल्ली १५, कुरुनूल १०, साउथ

कानारा १३ ।

'गुजराती पत्रकार परिषद्' अपने क्षेत्र की एक महत्व पूर्ण संस्था है जो न केवल पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है, वरन् पत्रकारिता से संबंधित श्रेष्ठ समाचार और संवाद प्रेषण के लिए पुरस्कार देने का कार्य भी करती है ।

'भारतीय पत्रकार मण्डल' का प्रधान कार्यालय गंगोह, सहारनपुर में है । इसका उद्देश्य स्वच्छ एवं मिशनरी पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को संगठित करना, पत्रकारिता में स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना तथा पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ सेवाओं को सम्मानित करना, अभावग्रस्त पत्रकारों की सहायता करना, प्रेस की गरिमा एवं सम्मान को बनाये रखने की दिशा में कार्य करना और आचार संहिता का का निर्माण करना, पत्रकार भवन का निर्माण करना, मण्डल के हितार्थ किसी भी संस्था, व्यक्ति अथवा निकाय से आर्थिक सहायता, वसीयत अथवा चल-अचल सम्पत्ति को प्राप्त करना और उसका प्रबंध करना, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना तथा संचालन करना, जन सेवा के कार्यों में भाग लेना, पत्रकारों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करना, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के हित में कार्य करना है । इसके अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद जैन, उपाध्यक्ष जहीर अख्तर, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त मंत्री राकेश गोयल, संगठन मंत्री (डॉ०) राकेश गर्ग तथा सदस्य सुभाषचंद वर्मा व बलवीर सिंह तोमर हैं ।

'भारतीय पत्रकार परिषद्' (दिल्ली) का उद्देश्य सम्पूर्ण विश्व के सुदूर पूर्व क्षेत्रों से समाचार, लेख आदि सामग्री भारत के पत्र-पत्रिकाओं, आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा सूचना विभागों को उपलब्ध कराना और पीत पत्रकारिता, शोषण एवं अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करके निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता को प्रोत्साहन देना है । इसके संस्थापक और अध्यक्ष शैलेन्द्र रवि हैं तथा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश डागी हैं । इसका केन्द्रीय कार्यालय नयी दिल्ली में तथा प्रदेश कार्यालय निम्बा हेडा, जिला चितौड़गढ़ में है ।

'प्रेस इन्स्टीट्यूट आफ इंडिया' (वर्कशाप फार हिंदी जर्नलिस्ट्स) ने 'हिंदी समाचार पत्र और भाषा का मानकीकरण' विषय पर एक विचार गोष्ठी की आयोजना जयपुर में की थी । २२ जुलाई सन् १९६४ को आयोजित इस गोष्ठी में श्रीनारायण चतुर्वेदी ने विषय से संबन्धित सभी पक्षों का विस्तार से विश्लेपण किया था ।

'उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसियेशन' प्रादेशिक स्तर पर पत्रकारों का एक महत्वपूर्ण संगठन है । प्रदेश के सभी जनपदों से बड़ी संख्या में पत्रकार इसके सदस्य बने हैं । यह उत्तर प्रदेश के पत्रकारों का सही अर्थों में प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है और उनके हितों के लिए निरंतर सक्रिय रही है । अंतर्भारतीय, प्रादेशिक तथा स्थानीय स्तर पर आज अनेक पत्रकार और पत्र समूह कर्मचारी संगठन बन चुके है, जो इस उद्योग के विभिन्न पक्षों से जुड़े हुए वर्गो के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं । अनेक समाचार पत्र संस्थानों ने अखबारी कागज पर आयात मूल्य का विरोध किया । 'कानपुर प्रेस ओनर्स एसोसियेशन' की स्थापना एम० एन० कपूर ने की थी । 'संपादन कर्मी पत्रकार संघ' ('एडीटिंग जर्नलिस्ट्स आर्गनाइजेशन') का गठन संपादन कर्मियों के हितों की रक्षा, शैक्षिक तथा नई तकनीक का ज्ञान कराने के उद्देश्य से लखनऊ में १८ मार्च सन् १९८१ को हुआ था, जिसमें रामदत्त मिश्र अध्यक्ष, कुंवर राजशंकर व प्रमोद जोशी उपाध्यक्ष, राजीव शुक्ल महामंत्री, मुकुल मिश्र प्रचार मंत्री तथा आलोक वर्मा कोषाध्यक्ष चुने गये ।

'इंडियन स्माल न्यूज पेपर्स एसोसियेशन' ने १६ अक्टूबर सन् १९८४ को प्रांतीय सम्मेलन में सभी मान्यता प्राप्त पत्रों के संपादकों को सचिवालय प्रवेशपत्र देने, डी० ए० वी०पी०की विज्ञापन दर १ अप्रैल ८४ से, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नियमों में समानता, आवास हेतु फ्री होल्ड लीज पर भूमि, बस यात्रा की सुविधा सीमा रहित, सहकारी संस्थानों के माध्यम से अखबारी कागज का जिलेवार विवरण, प्रतिमाह एक विज्ञापन तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कारगर करने की मांग की गई । राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चन्दोला ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की, जो इस प्रकार है:—अध्यक्ष राम प्रसाद बहुगुणा (देहरादून), उपाध्यक्ष—शिव प्रसाद नागर (लखीमपुर खीरी), कृष्ण वल्लभ पांडेय (उन्नाव), मंत्री—एच० एल० वेदी

(कानपुर), संयुक्त मंत्री–राजेन्द्र श्रीवास्तव (अयोध्या), वी० के० गर्ग (मथुरा)।

पत्रकारों की साम्प्रतिक संगठनात्मक एकता की दिशा में प्रयास करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं संघर्षशील मजदूर नेता एस० पी० निगम ने २८ नवंबर सन् १९८४ को लोक सभा के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। एक वक्तव्य में उन्होंने कतिपय स्थानीय पत्रों के कर्मचारियों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाने की घोषणा की थी। 'उत्तर प्रदेश न्यूज पेपर्स एम्प्लाइज यूनियन' ने प्रदेश के मुख्य मंत्री को एक मांग पत्र प्रस्तुत करते हुए उनसे यह मांग की कि समाचार पत्र उद्योग में वेतन, सेवाशर्तें और सुविधाएं एक समान हों तथा उनकी भविष्य निधि के विषय में भी एक रूपता हो। 'भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ' ने श्रमजीवी पत्रकारों के लिए भविष्य निधि कानून एवं ग्रेच्युटी कानून की तरह पेंशन के लिए भी केंद्रीय कानून बनाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष के० विक्रम राव ने कहा है कि पांच राज्य सरकारें अपने राज्यों में पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू करने का निर्णय ले चुकी हैं। ये राज्य हैं:केरल, उड़ीसा, कर्नाटक, असम एवं मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री मोती लाल वोरा ने शनिवार को जगदलपुर में पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शीघ्र ही लागू करने की घोषणा की है।

'उ० प्र० न्यूज पेपर्स प्रूफ रीडर्स गिल्ड' के अध्यक्ष बी० एन० सिन्हा ने ३१ मार्च १९८५ को दिये गये वक्तव्य में केंद्रीय सरकार द्वारा पत्रकारों और गैर पत्रकारों के लिए गठित वेतन बोर्ड का स्वागत किया और अंतरिम सहायता की तात्कालिक प्रभाव से मांग की।

७ दिसम्बर सन् १९८४ को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार कानपुर के 'बिरहाना रोड पत्र विक्रेता संघ' का चुनाव हुआ। 'इलाहाबाद जर्नलिस्ट एसोसिएशन' के तत्वावधान में ३१ मई सन् १९८५ को आयोजित पत्रकारिता दिवस व गणेशशंकर विद्यार्थी दिवस के रूप में आयोजित एक समारोह में 'कौमी एकता और पत्रकार के दायित्व' विषयक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ० (श्रीमती) राजेंद्र कुमारी वाजपेयी ने पत्रकारों का विघटनकारी शक्तियों से जूझने के लिए आवाहन किया।

१४ जून सन् १९८५ की एक विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना मंत्री हुकुम सिंह ने पत्रकारों की निःशुल्क बस यात्रा की असुविधा दूर करने एवं मान्तया प्राप्त पत्रकारों को परिवहन निगम की उच्च श्रेणी की बसों में निःशुल्क यात्रा करने की सुविधाएं घोषित करते हुये एक वक्तव्य में पत्रकारों को यह भी बताया कि पत्रकारिता कल्याण कोष में सरकार ने अपने हिस्से के तीन लाख रुपये जमा कर दिये हैं। मालिकों व पत्रकारों के अंशदान को प्राप्त करने के लिए प्रयास का भी उन्होंने आश्वासन दिया। इस भेंट-वार्ता में पत्रकारों ने सूचना मंत्री से यह मांग की कि जिन समाचार पत्रों ने पालेकर अवार्ड नहीं लागू किया है उन पर इसके लिए दबाव डाला जाय।

१८ जूलाई १९८५ को केंद्रीय श्रम मंत्री टी०अंजैया ने समाचार पत्र के उद्योग के पत्रकार और गैर पत्रकार कर्मचारियों के लिए दो वेतन मंडलों के गठन की घोषणा की। यह अधिसूचना सन् १९५५ के 'श्रमजीवी पत्रकार एवं गैर पत्रकार कर्मचारी कानून' की धारा १३ (सी०) १ के अन्तर्गत जारी की गई थी। इसमें 'इंडियन ऐंड ईस्टर्न न्यूज पेपर्स सोसाइटी' के बासन देवरे 'सौराष्ट्र समाचार', के प्रताप टी० शाह, 'इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट' के के० एन० राव तथा 'नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट' के श्रीमाली सुन्दरम भी सदस्य बनाये गये थे।

'लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन' के २२ अगस्त सन् १९८५ को सम्पन्न हुए चुनाव में 'पायनियर' के एन० के० पांडेय सभापति तथा 'अमृत प्रभात' के महेश जोशी मंत्री चुने गये। चुनाव अधिकारी आर०के० सिंह ने घोषणा की कि 'नव भारत टाइम्स' के अशोक निगम तथा 'अमृत प्रभात के आर० एन० शुक्ला उप सभापति, 'अजायम' के एच० आई० सिद्दीकी कोषाध्यक्ष तथा विश्व मानव' के के० सिंह और 'शान ए सहारा' के रामेश्वर पांडेय संयुक्त सचिव चुने गये। अतुल चंद्र, एस० एम० नूरुल हसन, दिनेश चंद्र, अजय चतुर्वेदी, जे० पी० तिवारी, जी० जे० गिडवानी, ए० एस० विष्ट, मुदित माथुर, जे० पी० सहाय तथा कु० नवीशी श्रीवास्तव कार्यकारिणी की सदस्य हुईं। हेमन्त निगम, शरद प्रधान, शौकत उमर तथा आदियोग नामांकित

सदस्य हुए ।

'संपादन कर्मी पत्रकार संगठन' की ३ सितम्बर १९८५ को लखनऊ में हुई बैठक में संगठन को राज्य स्तरीय स्वरूप देने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए रामसागर के संयोजकत्व में एक समिति का गठन हुआ । समिति के अन्य सदस्यों के नाम हैं—गुरुदेव नारायण, व्रजेश सिंह, एन० के० पांडेय, राजीव शुक्ल तथा रामदत्त मिश्र । संगठन के अध्यक्ष ने आलोक वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा कौशल किशोर को संयुक्त सचिव नियुक्त किया है । इसके अतिरिक्त छः सदस्यों की एक कार्यकारिणी भी गठित की गई है, जिसमें आद्या प्रसाद, एन० के० श्रीवास्तव, अतुल चन्द्रा, मोहन थपलियाल और प्रमोद झा हैं । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन का पहला सम्मेलन चित्रकूट में किया जायेगा ।

'इण्डियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स', 'यू० पी० वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन', 'दि लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन' तथा 'यू०पी० न्यूज पेपर इम्प्लाइज यूनियन' ने २१ सितंबर १९८५ को यू० पी० प्रेस क्लव में हुई बैठक में पत्र संगठनों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ४०० रुपये की अंतरिम सहायता की मांग की । 'आल इंडिया उर्दू जर्नलिस्ट्स कन्वेशन' लखनऊ में २ अक्टूबर को करने का निर्णय भी मोहम्मद असद ज़फर के संयोजत्व में किया गया ।

'एडीटिंग जर्नलिट्स आर्गनाईजेशन' के तत्वावधान में अक्टूबर सन् १९८५ को लखनऊ के सूचना केन्द्र में संपादकों की समस्याओं से संवन्धित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था । 'दि आल इण्डिया उर्दू जर्नलिस्ट कान्फ्रेंस' का प्रथम अधिवेशन २ अक्टूबर सन् १९८५ को लखनऊ में आयोजित हुआ था, जिसमें उर्दू पत्रकारों, संपादकों, प्रमुख सह संपादकों, संवाददाताओं कातिबों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया था । इसका आयोजन 'इण्डियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट' की उर्दू कमेटी के तत्वावधान में हुआ था ।

यू०पी०वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने २५ अक्टूबर सन् १९८५ को जारी की गयी एक अपील में २८ अक्टूबर को अंतरिम सहायता मांग दिवस को मनाने का निर्देश दिया । इस प्रसंग में यह ज्ञातव्य है कि न्यायमूर्ति यू० एम० बछावत की अध्यक्षता में नये वेतन वोर्ड का गठन हो चुका है । इस मांग पर 'दिल्ली यूनियन आफ जर्नलिस्ट' नया 'दिल्ली स्टेट न्यूज पेपर्प इम्प्लाइज फेडरेशन' ने भी वल दिया । 'एडीटिंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन' के अध्यक्ष रामदत्त मिश्र ने भी उक्त मांग पर वल देते हुए ४५० रुपये की अंतरिम सहायता, मंहगाई भत्ते, अनुग्रह राशि, भविष्य निधि आदि की भी मांग की । 'उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ' के सन् १९८५ के चुनाव में शीतला सिंह अध्यक्ष तथा कैलाशचंद्र जैन और देवेंद्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए ।

'भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महा संघ' के वर्तमान अध्यक्ष के० विक्रम राव ने ४ जनवरी सन् १९८६ को भोपाल में जारी किये गये एक वक्तव्य में कहा है कि यदि पत्रकारों के लिए अंतरिम राहत की घोषणा चार हफ्ते के भीतर नहीं की गई तो महासंघ अन्य पत्रकार और गैर पत्रकार संगठनों के साथ मिलकर देश व्यापी आंदोलन छेड़ेगा, जिसके तहत संसद के बजट सत्र के पहले दिन ही हड़ताल की जायगी ।

'दि इंडियन ऐंड ईस्टर्न न्यूज पेपर्स सोसाइटी' (आई० ई० एन० एस०) के वर्तमान अध्यक्ष वासुदेव रे ने ४ जनवरी १९८५ को जारी किये गये एक वक्तव्य में १६०० रु० प्रति टन की दर से अखबारी कागज में विगत ३१ दिसम्बर से हुई मूल्य वृद्धि का विरोध करते हुए प्रधान मंत्री से यह अनुरोध किया है कि वह उक्त शासनादेश की पुनरीक्षा करें, क्योंकि इससे अनेक समाचार पत्रों का अस्तित्व खतरे में पड़ जायगा । उनके विचार से इस मूल्य-वृद्धि का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि पहले से ही अखबारी कागज का मूल्य अधिक है । उनकी यह भी धारणा है कि भारत में उपलब्ध अखबारी कागज अच्छा न होते हुए भी सबसे अधिक मंहगा है । उसकी संसार के अन्य देशों में खपत न होने के कारण वह यहीं के समाचार पत्रों को बेचा जाता है । उन्होंने इस दिशा में दिखायी जा रही उपेक्षा भावना के प्रति भी असंतोष व्यक्त किया ।

देश के विभिन्न स्तरीय समाचार पत्र संगठनों ने बहुधा अपने विविध वर्गीय कर्मचारियों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष भी किया है। प्रायः उनकी मांगे शासन और प्रबन्ध-तंत्र द्वारा स्वीकार भी हुई

है। दिवंगत पत्रकारों के लिए भी सेवा और सुविधाएं स्वीकृत हुई हैं। राज्यपाल आदि ने भी उनके निधन पर संवेदना-संदेश प्रेषित किये हैं। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने 'पायनियर' के उपसंपादक अजय चतुर्वेदी के असामयिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए अपने शोक संदेश में कहा था कि 'श्री चतुर्वेदी पत्रकारिता के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनके निधन से प्रदेश ने एक होनहार पत्रकार खो दिया है।' राज्यपाल ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना एवं सहानुभूति प्रकट की। ५ अक्टूबर सन् १९८५ को प्रेस क्लब, चायना बाजार गेट में पत्रकारों की एक सभा में भी अजय चतुर्वेदी के निधन पर शोक प्रकट किया गया। 'नेशनल यूनियन आंफ जर्नलिस्ट्स' की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने ६ अप्रैल को सरकार से 'स्वतंत्र भारत' के संवाद दाता त्रिलोचन सिंह की मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए यह अपील की कि उनके परिवार के पुनर्वास और उनकी विधवा को तत्काल नौकरी दिलाने के लिए कोई कदम उठाया जाये। २३ दिसम्बर सन् १९८५ को लखतऊ के दैनिक 'जागरण समाचार पत्र यूनियन' के अध्यक्ष सूर्यकुमार मिश्र की मार्ग दुर्घटना में मुत्यु हो गयी। विभिन्न पत्रकार संघों ने सरकार से उनके परिवार को समुचित आर्थिक मुआवजे की मांग की। विभिन्न समाचार पत्र संगठन अपने प्रबंध तंत्र के विरुद्ध भी बहुधा संघर्ष का पथ अपनाते हैं। लखनऊ स्थित श्रम न्यायालय ने २३ नवंबर १९८५ को दिये गये अपने एक फैसले में नेशनल हेरल्ड पत्र समूह के उन ५ श्रमिकों को पिछले वेतनों सहित नौकरी में बहाल करने का आदेश दिया है जिनकी सेवाएं १४ नवम्बर १९४९ को समाप्त कर दी गयी थीं। न्यायालय दोनों पक्षों को पूर्ण अवसर देते हुए इस निर्णय पर पहुंचा है कि कम्पनी के स्टैंडिग आर्डरों के प्राविधानों के अंतर्गत प्रबंध निदेशक को कम्पनी के किसी श्रमिक को नौकरी से हटाने का अधिकार नहीं है। फैसले के अनुसार यह अधिकार निदेशक मंडल में निहित है। इसके अलावा स्टैंडिग आर्डरों में यह भी व्यवस्था है कि किसी भी श्रमिक के खिलाफ लगाए गये आरोपों की जाँच कराये बिना न तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं और न दंडित ही किया जा सकता है। श्रम न्यायालय ने दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत कागजातों तथा मौखिक साक्ष्य का निरीक्षण करने के पश्चात् कहा कि श्रमिकों के विरुद्ध लगाये गये कोई भी आरोप सिद्ध नहीं हो सके। ऐसी स्थिति में इन ५ श्रमिकों को दिये बर्खास्तगी के पत्रों को गैर कानूनी करार देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। अतः उनकी सेवाएं जारी रखी जायें।

'नेशनल हेरल्ड ग्रुप' के कर्मचारियों का समर्थन करते हुए 'इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट' के अध्यक्ष के० विक्रमराव १८ अन्य कर्मचारियों सहित निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए १६ दिसम्बर सन् १९८५ को लखनऊ में गिरफ्तार हुए। इसके पूर्व गांधी पार्क, लखनऊ में उत्तर प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, आसाम, गोवा और दिल्ली के पत्रकारों की एक सभा को भी उन्होंने सम्बोधित किया। उन्होंने एक रैली निकाली थी जिसमें मुख्य मंत्री को ज्ञापन देते हुए हेरल्ड समूह, शान ए सहारा और दैनिक जागरण में व्याप्त अनियमितताओं के विरुद्ध क्षोभ प्रकट किया। फेडरेशन ने एक स्वायत्तशासी संस्थान नेशनल हेरल्ड ग्रुप के पत्रों के लिए स्थापित करने की भी मांग की। उक्त उद्देश्य से ही हेरल्ड कर्मचारियों के जेल भरो आन्दोलन और सत्याग्रह कार्यक्रम में 'यू० पी० न्यूज पेपर्स इम्पलाइज यूनियन' के महामंत्री उमाशंकर मिश्र, 'इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट' के सचिव रामदत्त त्रिपाठी, 'इलाहाबाद पत्रिका कर्मचारी संघ', 'टाइम्स कर्मचारी सभा', 'पायनियर प्रेस कर्मचारी सभा', 'दैनिक जागरण कर्मचारी संघ' और 'पी० टी० आई० इम्पलाइज यूनियन' ने भी सहयोग दिया।

उत्तर प्रदेश के १०० पत्रकार संस्थानों में से ७३ ने 'पालेकर एवार्ड' जूलाई १९८५तक लागू कर दिया था। 'आल इंडिया पत्रकार संसद' के महा मंत्री डॉ० आर० एस० श्रोत्रीय ने वेतन बोर्ड के गठन का स्वागत किया। उ०प्र० शासन ने २६ फरवरी सन् १९८५ को दिये गये एक निर्णय के अनुसार १०,००० से कम प्रसार संख्या वाले दैनिक पत्रों को डी० ए०वी०पी०द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार विज्ञापन देना स्वीकार किया।

विभिन्न पत्रकार संगठनों के पारस्परिक मतभेद और प्रतिस्पर्धा के उदाहरण भी मिलते हैं और इसके परिणाम स्वरूप उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ता है।

केंद्रीय राज्य सूचना मंत्री वी०एन०गाडगिल ने 'दि इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट' तथा 'दि नेशनल यूनियन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट' के पारस्परिक विरोध को तृतीय प्रेस कमीशन के गठन में विलंब का कारण ४ अप्रैल १९८५ को दिए गए एक वक्तव्य में बताया था।

उपर्युक्त संगठनों के अतिरिक्त 'अखिल भारतीय हस्तलिखित पत्रकार संघ' भी गठित हुआ है। इसके सभापति फतेहचंद्र शर्मा 'आराधक', प्रधान मन्त्री नेमिचंद्र जैन तथा संगठन मंत्री पुष्पा सक्सेना हैं। 'प्रेस गिल्ड आफ इंडिया' का प्रधान कार्यालय बंबई में है। 'इण्डियन रूरल प्रेस एसोसिएशन', 'आल इंडिया न्यूज पेपर्स एसोसिएशन', 'आल इण्डिया न्यूज पेपर्स इम्प्लाइज़ फेडरेशन' के प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में है। 'आल इंडिया स्माल ऐंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन' का प्रधान कार्यालय कानपुर में है।

यह एक स्वस्थ परम्परा है कि कतिपय महत्वपूर्ण पत्रकारों अथवा पत्र-पत्रिकाओं से संबन्धित कुछ संस्थाएं भी आज हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उदाहरण के लिये 'ब्राह्मण' नामक प्रसिद्ध पत्र (१५मार्च १८८३—१५ जुलाई १८९४) के संपादक प्रताप नारायण मिश्र से संबन्धित एक संस्था का गठन उन्नाव में किया गया है। यह ट्रस्ट के रूप में है और इसका नाम 'पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मारक ट्रस्ट समिति' है। इसके मंत्री शिव सहाय मिश्र हैं।

साम्प्रतिक पत्रकारिता इस दृष्टि से पर्याप्त चेतना सम्पन्न कही जायगी क्यों कि आज इस व्यवसाय से जुड़े हुए अनेक वर्गों ने अपने-अपने संघ बना लिए हैं। हिंदी पत्रकारिता के विकास के सामनातंर पत्रकारों में भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आई है। आरम्भ में उन्होंने प्रेस की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाई और आंदोलन किये। इसके विरुद्ध विशेष रूप से ब्रिटिश शासन ने कानूनी प्रतिबंध लगाये और अनेक पत्र और पत्रकार दंडित हुए। कालांतर में समाचार पत्र उद्योग एक महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाई बन गया और क्रमशः संपादकों, इतर कर्मचारियों, प्रूफ रीडरों और हाकरों ने भी अपने-अपने संगठन बनाए। इन संगठनों के निर्माण के मूल में सामूहिक संघर्ष की भावना तथा संगठन की एकता में आस्था थी। हिंदी पत्रकारिता के उद्भव काल से लेकर वर्तमान काल तक विभिन्न समाचार पत्रों से संबंधित राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा जिला स्तरों पर अनेक संगठन निर्मित हो चुके हैं।

आज का पत्रकार जहां एक ओर बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गया है, वहां उसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरा उत्पन्न हो गया है। इस संदर्भ में मनीला (फिलीपाइन्स) से १९ जुलाई १९८५ को प्राप्त एक समाचार के अनुसार पत्रकारिता खतरों व जोखिम से भरा हुआ पेशा बन गई है। पिछले वर्ष देश में एक दर्जन से अधिक पत्रकारों की हत्या कर दी गयी थी। नेशनल प्रेस क्लब के आंकड़ों के अनुसार १९७५ से १९८४ के मध्य तक ९ पत्रकार मारे गये। एक सैनिक रिपोर्ट ने भी १३ पत्रकारों की हत्या की बात स्वीकार की है। रिपोर्ट के अनुसार कम से कम तीन पत्रकारों की सैनिकों या भूतपूर्व सैनिकों ने हत्या की। उल्लेखनीय है कि फिलिपाइन्स के समाचारों में अनेक मामलों में सेना को दोषी ठहराया जाता है।

१५ अक्टूबर सन् १९८५ बीजिंग (चीन) से प्राप्त एक समाचार के अनुसार अमेरिका के उपराष्ट्रपति जार्ज बुश का कहना है कि रिपोर्टरों के पास बहुत अधिक शक्ति है जबकि चीन के नेता देंग सियावो पिंग का कहना है कि रिपोर्टरों से तो सभी लोग डरते हैं। श्री बुश की देंग के साथ वहाँ हुई भेंट के दौरान अन्य विषयों के अलावा पत्रकारों के बारे में भी चर्चा हुई। रिपोर्टरों से कभी भी मेंट वार्ता नहीं करने वाले श्री देंग ने कहा कि रिपोर्टर सबसे अधिक दबाव डालने वाला गुट है।

न्यूयार्क से प्राप्त समाचार के अनुसार २० दिसम्बर १९८५ के पूर्व किये गये अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि पत्रकारों पर हमले की गति में वृद्धि हो रही है। अमरीका में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष हमले की दुगनी घटनाएं हुईं जिनमें ३० पत्रकार मारे गये, १३ बन्धक गये या लापता हो गये, ७० घायल हो गये, १०९ पत्रकारों को हिरासत में लिया गया। यह अध्ययन 'फ्रीडम हाउस' नामक एक तटस्थ संगठन द्वारा किया गया था। इसके प्रतिवेदन में बताया गया है कि सन् १९८५ में ११ देशों में ३० पत्रकारों की हत्या की गयी।

'उत्तर प्रदेश संवाददाता समिति' की एक आपात्

बैठक एस० के० त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई थी। इसमें २४ दिसम्बर को अमेठी संसदीय क्षेत्र में मतदान का संकलन करने गये 'आज' के संवाददाता अजय कुमार, 'दैनिक जागरण' के संवाददाता वीरेन्द्र सक्सेना तथा फोटोग्राफर बी० डी० गर्ग को जलालपुर तिवारी मतदान केंद्र पर कतिपय कार्यकताओं द्वारा पीटने तथा कैमरा छीनने के प्रयास की भर्त्सना की गई। इस बैठक में इस बात पर रोष प्रकट किया गया कि संबंधित थाने और जिला प्रशासन ने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की तथा उन पर घटना के समाचार स्थल के चित्र न प्रकाशित करने के लिए दबाव डाला। मंत्रियों ने भी इसके लिए प्रभाव डाला। समिति ने इस संपूर्ण स्थिति को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता पर आघात मान कर मुख्य मंत्री से उसके प्रतिकार की अपील की थी।

'दि आल इण्डिया स्माल न्यूज पेपर्स एसोसिएशन' की कार्यकारिणी ने १३ अक्टूबर १९८५ को पत्रकारों पर होने वाले प्राणघाती हमलों को रोकने में सरकार की अक्षमता पर खेद प्रकट करते हुए एक प्रस्ताव के द्वारा अपने कर्तव्य के निर्वाह में रत पत्रकारों पर आक्रमण को प्रेस की स्वतंत्रता और जनतंत्र पर आक्रमण घोषित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की।

पत्रकारिता के विकास में आज पत्रकारों के संगठनों का योगदान भी निर्विवाद है। पत्रकारिता क्षेत्रीय जागरूकता और चेतना का सूचक यह तथ्य है कि आज सारे विश्व में न केवल सम्पादकों और व्यवस्था कर्मचारियों के पृथक्-पृथक् संगठन बने हुए हैं वरन् पत्र संस्थान से सम्बद्ध प्रूफरीडरों और वितरकों तथा हाकरों आदि के भी संगठन वन गये हैं। उनका मूल उद्देश्य अपने सदस्यों के हितों की रक्षा करना है। चूँकि यह सभी पक्ष एक दूसरे से अन्तर्सम्बद्ध और एक दूसरे पर अन्तर्निभर हैं इसलिए इनमें से किसी एक के द्वारा काम रोक दिये जाने अथवा हड़ताल कर दिये जाने पर उस पत्र संस्थान का सारा काम रुक जाता है। इनमें सम्पादन, प्रबन्ध, प्रूफ संशोधन, समाचार संकलन, समाचार पत्र वितरण, विज्ञापन, प्रवन्ध और स्फुट वितरण आदि हैं। इनमें से किसी भी पक्ष की हड़ताल का प्रभाव समाचार पत्र के पाठकों की मानसिकता पर भी होता है। राजनैतिक, बौद्धिक, औद्योगिक, वैज्ञानिक, व्यापारिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों के व्यक्ति भी इससे विचलित हो जाते हैं क्योंकि आज समाचार पत्र उनके दिन-प्रतिदिन के जीवन का एक अपरिहार्य अंग बन गया है। ऐसी स्थिति में पत्रकारों की जागरूकता की प्रतीक उनकी संगठनात्मक एकता ही है, जिसका महत्व निर्विवाद है।

(६) पत्रकारिता क्षेत्रीय पुरस्कार व सम्मान

आज पत्रकारिता का महत्व विश्व में बहुत बढ़ गया है और निरन्तर बढ़ता भी जा रहा है। इसके प्रचार और प्रसार की संभावनाएं भी व्यापकतर होती जा रही हैं। इसे एक साधना, व्यवसाय और उद्योग के रूप में भी अपनाया जाने लगा है। निसर्गतः पत्रकार आज के समाज में एक प्रबुद्ध व्यक्ति के रूप में मान्य होता है। संसार के प्रायः सभी देशों में श्रेष्ठ पत्रिकारिता के लिए उत्कृष्ट पत्रकारों को पुरस्कृत और सम्मानित किया जाता है। पत्रकारिता क्षेत्रीय कुछ पुरस्कार तो अंतर्राष्ट्रीय महत्व के हैं, कुछ पुरस्कार राष्ट्रीय, प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर विख्यात हैं। ग्रामीण, आंचलिक और अन्य क्षेत्रीय पत्रकारिता से संबन्धित पुरस्कार भी हैं। ये पुरस्कार विभिन्न केंद्रीय व प्रादेशिक सरकारों, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों तथा साहित्यिक एवं पत्रकार संघों आदि के द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

अमरीका में पत्रकारिता के उन्नयन के हेतु जो पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं, उनमें 'पुलिटजर पुरस्कार' सर्वोच्च कोटि का है। इसकी ख्याति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है। यह पुरस्कार पत्रकारिता के अतिरिक्त अन्य विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी दिया जाता है। इनमें कथा साहित्य, संगीत, नाटक, फीचर लेखन, स्थानीय संवाद लेखन तथा आलोचना आदि हैं।

'वर्ष के संपादक' नामक पुरस्कार का भी पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष महत्व है। यह पुरस्कार सारे संसार के प्रेसों की समीक्षा करने वाली मासिक पत्रिका 'वर्ल्ड प्रेस रिव्यू' द्वारा प्रदान किया जाता है।

संचार दर्शन पर मार्शल मैक्लोहन द्वारा किये गये विशेष कार्यों की स्मृति में एक पुरस्कार प्रारम्भ किया गया है। यह अन्तर्राष्ट्रीय संचार पुरस्कार प्रति दूसरे वर्ष दिया जाता है। यह पुरस्कार 'दि मैक्लोहन टेली ग्लोब कनाडा एवार्ड' के नाम से विख्यात है।

'मैंगसेसे पुरस्कार' सन् १९५७ फिलीपाइंस के भूतपूर्व राष्ट्रपति मैंगसेसे की स्मृति में आरंभ किया गया था। यह पुरस्कार सरकारी सेवा, सामुदायिक नेतृत्व, पत्रकारिता, साहित्य तथा रचनात्मक संपर्क कला और अंतराष्ट्रीय सद्भाव आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय और विशिष्ट कार्य के लिये प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के अंतर्गत विजेता को बीस हजार डालर नकद तथा एक स्वर्णपदक एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार एशिया के नोबेल पुरस्कार के रूप में प्रसिद्ध है और केवल एशिया महाद्वीप की संस्थाओं अथवा व्यक्तियों को ही प्रदान किया जाता है।

'इंटर नेशनल फेडरेशन आफ न्यूज पेपर्स पब्लिसर्स' के द्वारा भी पत्रकारिता के क्षेत्र में एक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 'गोल्डेन पेन आफ फ्रीडम एवार्ड' के नाम से विख्यात है।

सन् १८२६ में वृन्दावन में बाबूराव विष्णु पराड़कर की अध्यक्षता में एक 'संपादक सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य हिंदी पत्रकारिता का सर्वतोमुखी उन्नयन था। यद्यपि इस सम्मेलन के माध्यम से हिंदी के श्रेष्ठ पत्रकारों को पुरस्कृत और सम्मानित करने का कार्य तो नहीं किया गया, परन्तु विपत्ति ग्रस्त हिन्दी सम्पादकों की सहायता करना इसके कार्यक्षेत्र में अवश्य था।

आंचलिक पत्रकारिता के स्तर के उन्नयन और सार्थक सोद्देश्य पत्रकारिता के विकास को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिवर्ष 'माखन लाल चतुर्वेदी पुरस्कार' भी प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का आयोजन 'मध्य प्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ' के तत्वावधान में 'किया गया है। इस पुरस्कार के रूप में प्रति वर्ष ५०० रु० की नकद धनराशि और एक प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

'नेशनल एवेयरनेस एडवरटाईजिंग' के लिये 'दि अशोक जैन एवार्ड्स' टाइम्स आफ इंडिया वर्ग के पत्र समूह द्वारा प्रदान किये जाते हैं। ११ जनवरी १९८६ को प्रकाशित एक विज्ञप्ति के अनुसार इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री वीर बहादुर सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी में सम्पन्न करने के लिये एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सन् १९८६ के लिये पुरस्कृत प्रविष्टियों तथा अन्य उत्कृष्ट प्रवष्टियों की प्रदर्शनी चार दिनों के लिये आयोजित करने की घोषणा की गई।

भारत सरकार के दृश्य एवं प्रचार निदेशालय के द्वारा प्रति वर्ष राष्ट्रीय स्तर के कतिपय पुरस्कार भी प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार श्रेष्ठ मुद्रण तथा विज्ञापन कला आदि के लिए हैं। इसके अन्तर्गत प्रतिवर्ष श्रेष्ठ-पत्र पत्रिकाओं और पुस्तकों को मुद्रण तथा विज्ञापन के लिए पुरस्कृत किया जाता है।

'चमेली देवी जैन एवार्ड' नई दिल्ली के 'दि मीडिया फाउंडेशन' द्वारा प्रदान किया जाता है। यह सर्वविदित है कि सांप्रतिक पत्रकारिता में महिला पत्रकारों का योगदान भी अनेक दृष्टियों से विशिष्ट महत्व का है। उक्त पुरस्कार केवल महिला पत्रकारों के लिए ही आरक्षित है। इस पुरस्कार में एक अनुशंसा पत्र के साथ ही दस हजार रुपये नकद प्रदान किये जाते हैं। पत्रकारिता से संबंधित किसी भी क्षेत्र में समाचार लेखन, संवाद-प्रेषण, सपादन-निर्देशन अथवा फोटोग्राफी में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। सामाजिक परिप्रेक्ष्य से संबद्ध पत्रकारिता के लिए इसमें वरीयता दी जाती है। ४जनवरी सन् १९८६ को प्रकाशित फाउण्डेशन की एक विज्ञप्ति के अनुसार २८ फरवरी सन् १९८६ तक सन् १९८५ के 'चमेली देवी जैन पुरस्कार' के हेतु नामांकन प्रेषित किये जा सकते हैं।

जन संचार से संबन्धित त्रैमासिक पत्रिका 'मीडिया इंडिया' के द्वारा भी पत्रकारिता के उन्नयन के हेतु एक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह 'मीडिया इंडिया पुरस्कार' के नाम से विख्यात है। इस पुरस्कार के अंतर्गत विजेता को नकद धनराशि के अतिरिक्त एक सम्मान पत्र तथा चल वैजयंती भी प्रदान की जाती है। पत्रकारिता के क्षेत्र मे एक अन्य पुरस्कार 'महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन उदयपुर' द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 'हल्दी घाटी पुरस्कार' के नाम से विख्यात है। इसमें पत्रकारिता के माध्यम से समाज सेवा करने वाले पत्रकार को पुरस्कृत किया जाता है। इस पुरस्कार के अन्तर्गत विजेता को ११ हजार रुपये नकद प्रदान किये जाते हैं।

लखनऊ में 'टाइम्स आफ इन्डिया' और 'नव भारत टाइम्स' के द्वितीय वार्षिक समारोह में वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता और कुकिंग प्रतियोगिता में कानपुर, इलाहाबाद और लखनऊ के क्षेत्रीय विजेताओं को पुरस्कार दिये गये जिनमें बच्चे, छात्र और गृह स्वामिनियाँ शामिल थीं।

हरियाणा की 'बेरी वीर सदन' शिक्षण संस्था के द्वारा एक पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र में निर्भीकता, जागरूकता और चेतना सम्पन्नता का आदर्श प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 'ब्रेव जर्नलिस्ट एवार्ड' के नाम से विख्यात है।

पत्रकारिता के विकास और स्तरीकरण की दिशा में विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं से संबंधित पत्रकार संघ भी पुरस्कार देते हैं। यह एक अनुकरणीय प्रवृत्ति है। इस संदर्भ में उल्लखित करना असंगत न होगा कि 'गुजराती पत्रकार परिषद्' श्रेष्ठ समाचार और संवाद प्रेषण के लिए अपने पत्रकारों को पुरस्कार देने की योजना बना चुकी है।

पत्रकारिता के क्षेत्र मेंएक अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार 'दादा भाई नौरोजी पुरस्कार' के नाम से प्रसिद्ध है। यह पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रदान किया जाता है।

उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार संघ के सप्तम समारोह

में १९ सितम्बर सन् १९८५ को हिंदी के प्रति समर्पित साहित्यकारों, पत्रकारों, समाज सेवियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उत्तरीय भेंट कर सम्मानित किया गया। चंद्रोदय दीक्षित, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी व प्रियदर्शी महाराज को 'साहित्य मार्तंड', रजनीकांत मिश्र, राजनाथ सिंह व इंद्रराज आहूजा को 'पत्रकार गौरव', भैय्याजी, जयनाथ शर्मा व रामजी लाल वर्मा को 'समाज सेवी', प्रेमनाथ गर्ग एडवोकेट, स्वतंत्रता सेनानी को 'राष्ट्र वीर' तथा विशिष्ट महिला में रानी लीला राम कुमार भार्गव को 'नारी गौरव' की उपाधियों से विभूषित किया गया। संघ के संयोजक एवं प्रांतीय सचिव हरिओम शर्मा ने प्रदेश से आये हुए पत्रकारों, साहित्यकारों व नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

'वासी रेड्डी मालती न्यास पुरस्कार' मलयालम के प्रसिद्ध दैनिक पत्र 'मलयालम मनोरमा' द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं में पत्रकारिता क्षेत्रीय उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाता है।

पत्रकारिता के लिए जो पुरस्कार भारत में प्रदान किये जाते हैं वे विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित हैं। बहुधा इन पुरस्कारों का आयोजन विभिन्न संगठनों अथवा सरकारों के अतिरिक्त समाचार पत्र-संस्थानों के द्वारा भी किया जाता है। जिस प्रकार से आंचलिक पत्रकारिता के लिए 'मध्य प्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ' के द्वारा 'माखन लाल चतुर्वेदी पुरस्कार' प्रदान किया जाता है उसी प्रकार से नई दिल्ली के प्रसिद्ध अंग्रेजी दैनिक पत्र 'दि स्टेट्समैन' के द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता के उन्नयन के लिए 'स्टेट्समैन' पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। 'स्टेट्स मैन' पुरस्कार का उद्देश्य आज के भारत के गांवों में हो रहे सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक परिवर्तनों के प्रति नवचेतना का जागरण करना है। ग्रामीण पत्रकारिता के क्षेत्र में किये गये प्रशंसनीय कार्य को प्रोत्साहित करने के लिये तीन स्टेट्समैन पुरस्कार दिये जाते हैं। इनमें से प्रथम पुरस्कार के अन्तर्गत प्रतिवर्ष ५००० रु० नकद, द्वितीय पुरस्कार के अन्तर्गत प्रतिवर्ष ३००० रु० नकद तथा तृतीय पुरस्कार के अन्तर्गत २००० रु० नकद प्रदान किये जाते हैं।

प्रसिद्ध समाज सुधारक वीर सलिगम की स्मृति में एक पुरस्कार प्रति बर्ष दो पत्रकारों को प्रदान किया जाता है। इसका आयोजन राजमुंद्री के 'हित कारिणी समाज' के द्वारा आरम्भ किया गया था। इस पुरस्कार का नाम 'डॉ०पी०मलाम्ही ट्रस्ट पुरस्कार' है। सम्बंधित नियमावली के अनुसार यह पुरस्कार प्रति वर्ष दो पत्रकारों को दिया जाता है, जिनमें से एक अंग्रेजी भाषा का और एक अन्य भारतीय भाषाओं में से किसी एक का होता है।

प्रादेशिक एवं क्षेत्रीय स्तर पर श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान करने वाली संस्थाओं में 'गुजराती पत्रकार परिषद्' का नाम भी उल्लेखनीय है। यह परिषद् न केवल पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है, वरन् पत्रकारिता से संबंधित श्रेष्ठ समाचार संकलन और संवाद प्रेषण के लिए पुरस्कार देने का कार्य भी करती है।

पत्रकारिता विषयक जो पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं, उनमें 'समता पुरस्कार' भी उल्लेखनीय है। यह पुरस्कार बम्बई के 'समता न्यास' द्वारा प्रदान किया जाता है। आरम्भ में इस क्षेत्र के सभी पुरस्कार केवल अंग्रेजी पत्रकारिता को प्रोत्साहित और सम्मानित करने के लिए दिये जाते थे, परन्तु कालांतर में हिंदी में भी इन्हें आरम्भ कर दिया गया। यह एक अनुकरणीय और प्रशंसनीय कदम है।

उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान अपने मूल रूप में १९५७ में हिंदी समिति के रूप में गठित हुआ था जो इसके पूर्व हिंदी परामर्श दात्री समिति के रूप में कार्य कर रही थी। इसका उद्देश्य हिंदी को समर्थतर भाषा बनाना था। इसके द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर हिंदी के लेखकों को पुरस्कृत करने की योजना भी प्रारम्भ हुई। हिंदी लेखकों को आर्थिक सहायता देना भी आरंभ किया गया। ३० दिसम्बर १९७६ को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदी की एक स्वशासी संस्था का निर्माण करना था, जो व्यापक दृष्टि से सोचते हुये निज मनीषा की अभिवृद्धि और लेखकों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित करके उनके कार्यान्वियन से अपने तथा दूसरी भाषाओं के बीच संयोजक सूत्र बनाकर हिंदी को सही अर्थों में भारतीय संस्कृति का सम्वाहक बनाये। उसने हिंदी समिति और हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से भारत सरकार के

शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त अनुदान से अनेक मानक ग्रंथ प्रकाशित किये हैं। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अब तक ५३१ ग्रंथों का प्रकाशन किया जा चुका है। हिंदी के श्रेष्ठ ग्रंथों पर प्रति वर्ष संस्थान द्वारा ३० नामित पुरस्कार दिये जाने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त अब १ लाख रुपये का 'भारत भारती पुरस्कार' भी दिया जाता है। इनमें विभिन्न विषयों और विधाओं से सम्बन्धित पुरस्कार हैं। पत्रकारिता से संवंधित पुरस्कार का नाम 'बाबू राव विष्णु पराड़कर पुरस्कार' है। इसके अंतर्गत प्रति वर्ष पत्रकारिता से संवंधित उत्कृष्ट ग्रंथ पर ७ हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने का विधान है। संस्थान के वर्तमान पदाधिकारियों में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री वीर बहादुर सिंह अध्यक्ष, शिक्षा मंत्री सिब्तेरजी उपाध्यक्ष, नरेंद्रनाथ पांडेय निदेशक, रमेशचंद्र सक्सेना वित्तीय नियंत्रक, (डॉ०) विद्या विंदु सिंह उपनिदेशक, चंद्रवल्लभ शर्मा, सहायक निदेशक एवं (डॉ०) मंजु लता तिवारी प्रधान संपादक हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने १९७६ में हिंदी के पत्रकारों को सम्मानित करने की दिक्षा में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य किया। उत्तर प्रदेश सचिवालय के तिलक हाल में हिंदी के १० वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया था। इनमें 'कलकत्ता समाचार', 'विश्वमित्र', 'चांद', 'सुधा', 'सम्मेलन पत्रिका', 'विश्ववाणी', 'भारत', 'संगम' और 'धर्मयुग' के संपादक इलाचंद जोशी, 'विकास' और 'नया जीवन' के संपादक कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर, 'अभ्युदय' के संपादक पद्मकांत मालवीय, 'विशाल भारत' और 'मधुकर' के संपादक बनारसी दास चतुर्वेदी, 'आज', 'स्वार्थ', 'भारत' और 'संसार' के संपादक मुकुंदी लाल श्रीवास्तव, 'कर्मवीर', 'राजस्थान केसरी', 'प्रणवीर', 'माधुरी', 'आज', 'स्वदेश', 'त्यागभूमि', 'दैनिक हिंदुस्तान' के संपादक मुकुट विहारी वर्मा, 'समय' के संपादक रामेश्वर प्रसाद सिंह, 'भारत' और 'प्रदीप' के संपादक शंकर दयालु श्रीवास्तव, 'महावीर', 'स्वतंत्र', 'लोकमान्य', 'विश्वमित्र', 'प्रदीप' और 'आर्यावर्त के संपादक श्रीकांत ठाकुर विद्यालंकार तथा 'सरस्वती' के संपादक श्रीनारायण चतुर्वेदी हैं।

पत्रकारिता एवं जन-संचार के विषयों पर भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में प्रकाशन विभाग द्वारा 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार' योजना की घोषणा हुयी है। इस योजना के अन्तर्गत (१) प्रकाशन, (२) पत्रकारिता, (३) प्रसारण, (४) विज्ञापन, (५) दूरदर्शन, (६) फिलम तथा (७) जन-संचार के विभिन्न माध्यम आदि विषयों पर यह पुरस्कार दिया जाता है। इसके लिए विचारार्थ वे पुस्तकें अथवा पाण्डुलिपियाँ भेजी जा सकती हैं जो मूल रूप से हिन्दी में लिखी गई हों। इस संदर्भ में जो आवश्यक सूचनाएं ज्ञातव्य हैं उनके अनुसार कोई भी लेखक अथवा प्रकाशक इस पुरस्कार के हेतु अपनी पुस्तक अथवा पाण्डुलिपि भेज सकता है। सभी भारतीय लेखक इसमें भाग ले सकते हैं। प्रति वर्ष उन्हीं पुस्तकों अथवा अप्रकाशित पाण्डुलिपियों को विचारार्थ भेजा जा सकता है जो १ जनवरी से ३१ दिसम्बर के वीच प्रकाशित हुई हों अथवा लिखी गयी हों। इस योजना के अन्तर्गत कुल तीन पुरस्कारों के दिये जाने का प्राविधान है। इनमें से प्रथम नकद पुरस्कार ५००० रु० का, द्वितीय नकद पुरस्कार ४००० रु० का और तृतीय नकद पुरस्कार ३००० रु० का है। यदि नियमानुसार कभी कोई पुस्तक किसी पुरस्कार के योग्य न समझी जाये तो यह पुरस्कार नहीं दिया जायेगा। यह भी नियम है कि केंद्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या उपर्युक्त किसी भी सरकार से सहायता प्राप्त करने वाली संस्था या संगठन के साथ संविदा के अनुसरण में या किसी स्कीम के अधीन लिखी गयी या अनुवाद की गयी पुस्तकें पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगी। पुरस्कृत पुस्तकों के सर्वाधिकार लेखक अथवा प्रकाशक के ही अधीन रहेंगे। पुरस्कार के लिए प्रविष्टि निर्धारित प्रपत्र में पुस्तक अथवा पाण्डुलिपि की छः प्रतियों के साथ निदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, पटियाला हाउस, नई दिल्ली में घोषित तिथि तक पहुंच जानी चाहिए। ये सभी प्रविष्टियाँ सरकार द्वारा नियुक्त एक मूल्यांकन समिति द्वारा आंकी जायेंगी। इस विषय में सूचना और प्रसारण मंत्रालय का निर्णय अन्तिम, मान्य तथा बाध्यकारीहोगा। यदि पुरस्कृत पुस्तक अथवा पाण्डुलिपि के लेखक एक से अधिक व्यक्ति हैं तो पुरस्कार की राशि विभिन्न लेखकों में एक समान वितरित की जायेगी। यदि पुरस्कृत पुस्तक अप्रकाशित है तो प्रकाशन विभाग लेखक की

सहमति से पुस्तक का प्रकाशन कर सकता है। इसके लिए लेखक को उतनी रायल्टी प्राप्त करने का अधिकार होगा जो विभाग द्वारा प्रकाशित प्रकाशनों पर अन्य लेखकों को दी जाती है। प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय, पुस्तकें अथवा पाण्डुलिपियों की वापसी अथवा मार्ग में किसी हानि अथवा क्षति के लिए उत्तर दायी नहीं होगा। जिन पुस्तकों अथवा पाण्डुलिपियों पर एक बार विचार हो चुकेगा उन्हें आगामी वर्ष में इस योजना में प्रविष्टि नहीं मिल सकेगी। इस योजना में प्रविष्टियों के साथ जो विवरण अपेक्षित है उसके अनुसार (१) पुस्तक का शीर्षक, (२) विषय (३) लेखक का नाम व पूरा पता (४)प्रकाशक का नाम व पूरा पता (५) मूल्य (६)प्रकाशन वर्ष (७)यदि अप्रकाशित है तो किस वर्ष लिखी गयी, (८) संस्करण (९)क्या इससे पूर्व भी किसी अन्य प्रतियोगिता में इसका कोई अन्य संस्करण प्रविष्ट किया गया था और क्या वह पुरस्कृत हुयी थी,(१०)यदि पुस्तक प्रकाशित है तो उसका कापीराइट किसके अधीन है(११)प्रविष्ट की गयी पुस्तक प्रकाशन, पत्रकारिता, प्रसारण, विज्ञापन, दूरदर्शन, फिल्म, जन-संचार के विभिन्न माध्यम आदि में से किस वर्ग में आती है। इन सूचनाओं के साथ लेखक को एक घोषणा पत्र भी हस्ताक्षरित करके पुस्तक की छः प्रतियों के साथ भेजना पड़ता है कि 'हम यह प्रमाणित करते हैं कि 'हमारे द्वारा यह पुस्तक मूल रूप से हिंदी में लिखीगयी है।'

'भारतीय पत्रकार मंडल' गंगोह (सहारनपुर) भी उत्कृष्ट पत्रकारों के प्रोत्साहन के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। यह स्वच्छ एवं मिशनरी पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को संगठित करने, पत्रकारिता में स्वच्छ वातावरण का निर्माण करने, प्रेस की गरिमा एवं सम्मान को बनाये रखने की दिशा में कार्य करने और आचार संहिता का निर्माण करने, पत्रकार भवन का निर्माण करने, पत्रकार मंडल के हितार्थ किसी भी संस्था, व्यक्ति अथवा निकाय से आर्थिक सहायता, वसीयत अथवा चल-अचल संपति को प्राप्त करने और उसका प्रबंध करने, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना तथा संचालन करने, जनसेवा के कार्यों में भाग लेने, पत्रकारों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करने तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के हित में कार्य करने के अतिरिक्त पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ सेवाओं को सम्मानित करने का कार्य भी करती है। इसके अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद जैन, उपाध्यक्ष जहीर अख्तर, मंत्री विजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त मंत्री राकेश गोयल, संगठन मंत्री (डॉ०) राकेश गर्ग तथा सदस्य सुभाष चंद वर्मा व बलवीर तोमर हैं।

फीरोजाबाद पत्रकार संघ ने ८ जनवरी १९८६ को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार हिंदी पत्रकारिता की विमल विभूति पं० बनारसीदास चतुर्वेदी का ९४ वां जन्म दिवस मनाया। पत्रकारों ने इस अवसर पर यह निर्णय लिया कि चतुर्वेदी जी की स्मृति को चिर-स्थायित्व देने के लिए प्रति वर्ष एक पत्रकार अथवा साहित्यकार को सम्मानित किया जायगा। इस सम्मान कार्यक्रम हेतु चतुर्वेदी जी के पुत्र ने 'फीरोजाबाद पत्रकार संघ' को प्रति वर्ष १००० रु० की सहयोग-राशि देने की घोषणा की है।

आज भारत में विभिन्न विषयों से संबंधित मौलिक और अनूदित ग्रन्थों के प्रणेताओं को बड़े-बड़े पुरस्कार विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के द्वारा घोषित किये जाते हैं। निःसंदेह इसके सद्परिणाम प्रत्यक्ष हो रहे हैं यद्यपि उनसे संबंधित विवादास्पदता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। परन्तु यह एक अप्रिय सत्य है कि पत्रकारिता के लिए दिये जाने वाले पुरस्कारों का अभाव सा है। जो पुरस्कार इसके लिए दिये जाते हैं नगण्य और सामान्य स्तर के हैं। अतएव राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के प्रोत्साहन के लिए वास्तविक अर्थ में प्रतिष्ठा और सम्मान के प्रतीक स्तरीय पुरस्कारों के विधान की आवश्यकता है।

(७) पत्रकारिता का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण

पत्रकारिता की वर्तमान संदर्भ में आवश्यकता और महत्ता को दृष्टि में रखते हुए यह अपेक्षा की जाती है कि उसके लिए वांछित और विधिवत् प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। हिंदी पत्रकारिता के विकास क्रम पर यदि एक दृष्टि डालें तो यह ज्ञात होगा कि हिंदी की उद्‌भवकालीन पत्रकारिता से जुड़े हुए पत्रकार उसे एक व्यवसाय न मानकर एक साधना मानते थे और निष्ठा पूर्वक उसके प्रति समर्पित रहते थे। कालांतर में यह न केवल व्यावसायिक बन गयी वरन् उसने एक बड़े उद्योग का रूप भी ग्रहण कर लिया। इसलिए विभिन्न स्तरों पर उसके प्रशिक्षण के लिए स्कूल और संस्थाएं बन गयीं तथा विश्वविद्यालयों में तो उसे स्थान मिला ही, उसके प्रशिक्षण के स्वतंत्र संस्थान भी स्थापित हो गये।

विश्व के प्रायः सभी समुन्नत देशों में आज के युग में पत्रकारिता के महत्व को देखते हुए उसके विधिवत् प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व को समझा जा रहा है। १९४९ में 'अमेरिकन सोसाइटी आफ न्यूज पेपर एडीटर्स' ने भी उक्त उद्देश्य से ही एक 'इंटरनेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट' की स्थापना का प्रस्ताव किया। इस प्रस्ताव को सन् १९५१ में कार्यान्वित किया गया और तदनुसार पेरिस में उक्त इंस्टीट्यूट स्थापित हुआ। इसके लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधि समाचार पत्रों के नौ संपादकों की बैठक हुई। इस इंस्टीट्यूट का एक कार्यालय स्विटजरलैंड के ज़ूरिच शहर में भी खोला गया। इसमें पत्रकारिता के स्वरूप का आकलन करने के समानान्तर ही पत्रकारिना विषयक महत्वपूर्ण शोध-कार्य भी हुआ।

पत्रकारिता के प्रशिक्षण के संदर्भ में यह तथ्य दृष्टि में रखना आवश्यक है कि वह बहुआयामी विद्या है। इसलिए उसका प्रशिक्षण भी सर्वपक्षीय होना चाहिए। 'लंदन टाइम्स' के संपादक एच० विखेम स्टीड ने उसके विषय में अपना मत व्यक्त करते हुए कहा है कि 'मैं समझता हूँ कि पत्रकारिता कला भी है, वृत्ति भी और जनसेवा भी। जब तक कोई यह नहीं समझता कि मेरा कर्तव्य अपने पत्र के द्वारा लोगों का ज्ञान बढ़ाना, उनका मार्ग दर्शन करना है, तब तक उसे पत्रकारिता की चाहे जितनी भी ट्रेनिंग दी जाए वह पूर्ण रूपेण पत्रकार नहीं बन सकता। सच्चे पत्रकार के लिए यह भी आवश्यक है कि वह बात भी न भूले कि पत्र की व्यापारिक और व्यावसायिक स्थिति के आधार पर ही उसको अपने कर्तव्य की पूर्ति का बल मिल सकता है।'

पत्रकारिता के प्रशिक्षण के संदर्भ में यह भी ज्ञातव्य है कि वह आज जन संपर्क का सर्वाधिक सशक्त माध्यम माना जाता है। ए०ए०रालमैन के विचार से 'जन संपर्क द्विपक्षीय संप्रेषण है जिसमें सह अभिमति का आधार सम्पूर्ण सत्य, ज्ञान तथा सम्पूर्ण सूचनाएं होती हैं जिनसे तनाव कम होता है तथा आपसी सौहार्द पैदा होता है।'

जन संपर्क के एक माध्यम के रूप में पत्रकारिता का वैशिष्ट्य निर्दिष्ट करते हुये अनेक विद्वानों ने यह इंगित किया है कि समाज के प्रति उन्मुख विविध क्षेत्रीय प्रयत्न जन संपर्क का रूप हैं। इन्हीं में पत्रकारिता भी है। वेब्स्टर ने इस संदर्भ में जन संपर्क की व्याख्या करते हुये बताया है कि कोई उद्योग, यूनियन, कार्पोरेशन, व्यवसाय, सरकार या अन्य संस्था जब अपने ग्राहकों, कर्मचारियों, हिस्सेदारों या जन-साधारण के साथ स्वस्थ और उत्पादक सम्बन्ध स्थापित करने या उन्हें स्थायी

बनाने के लिए प्रयत्न करे, जिनसे वह अपने आप को समाज के अनुकूल बना सके अथवा अपना उद्देश्य समाज पर व्यक्त कर सके, उसके उन प्रयत्नों को जनसम्पर्क कहते हैं।'

पत्रकारिता के प्रशिक्षण के लिये आवश्यक प्रारूप का निर्धारण करने के संदर्भ में उसके व्यापक उद्देश्य और महत्व को भी दृष्टि में रखना आवश्यक है। आस्कर वाइल्ड जैसे साहित्यकारों ने तो साम्प्रतिक विश्व में समाचार पत्र को सभी विशेषताओं से युक्त एक अन्यतम माध्यम घोषित किया है—'आज अधिकतर साक्षर जनता के लिए, लाखों नरनारियों के लिए, समाचार-पत्र के अतिरिक्त कोई दूसरा साहित्य नहीं है। वही उनकी पाठशाला, वही उनका साथी और पथ प्रदर्शक और वही शिक्षक तथा साहित्य हो गया है।'

आस्कर वाइल्ड के समान ही एक अन्य पाश्चात्य विचारक वेंडल फिलिप्स ने भी समाचार पत्रों की साम्प्रतिक विश्व में व्यापकता, उपयोगिता और प्रचार को स्वीकार किया है। उनकी धारणा है कि 'आज समाचार पत्र एकबारगी जनवर्ग, माता-पिता, स्कूल कालेज, शिक्षक, थियेटर, आदर्श और उदाहरण, परामर्शदाता तथा साथी हो गया है। मुझे समाचार पत्र निकालने दो, फिर इस बात की मैं कोई परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता।'

पत्रकारिता के प्रशिक्षण के अंतर्गत पाठ्य पुस्तकों एवं तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान आदि ही पर्याप्त नहीं है, उसके अंतर्गत समाविष्ट विषयों का पृथक्-पृथक् अनुभव और योग्यता भी आवश्यक है। उदाहरणार्थ फीचर लेखन आज की पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण अंग है और सफल फीचर लेखन के लिये अनेक गुणों और योग्यताओं की आवश्यकता है। पत्रकार पी० डी० टंडन की धारणा है कि 'किताब पढ़कर, आंकड़े जमा करके लेख लिखे जा सकते हैं लेकिन 'फीचर' लिखने के लिए अपने आँख, कान, भावों, अनुभूतियों, मनोवेगों और अन्वेषण का सहारा लेना पड़ता है। लेख लम्बा, अरुचिकर, भारी भी हो सकता है, लेकिन ये बातें फीचर की मौत हैं। फीचर को मजेदार, दिलचस्प और दिल पकड़ होना पड़ेगा। फीचर एक प्रकार का गद्य-गीत है जो नीरस, लंबा, गंभीर नहीं हो सकता, वह मनोरंजन और तड़पदार होना चाहिए जिससे लोगों के दिल हिलें, चित्त प्रसन्न हो तथा पढ़कर दिल में गम का दरिया बहे।'

सन् १६२६ में हिंदी का प्रथम संपादक सम्मेलन बाबूराव विष्णु पराड़कर की अध्यक्षता में वृंदावन में आयोजित हुआ था। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में पराड़कर जी ने परोक्ष रूप में पत्रकारिता के प्रशिक्षण की संपादक के लिए अनिवार्यता इंगित की थी। उन्होंने एक सफल संपादक के लिए साहित्य, भाषा इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति, अर्थशास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय विधानों का ज्ञान आवश्यक बताया था।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भारत में द्वितीय विश्वयुद्ध के काल से पत्रकारिता का प्रशिक्षण विश्वविद्यालय स्तर पर आरम्भ किया गया। कानून द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त गैर सरकारी संस्थानों के द्वारा भी यह कार्य संपन्न हुआ और क्रमशः इसका क्षेत्रगत विस्तार होता गया। आज स्थिति यह है कि न केवल सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा स्तर पर वरन् डिग्री स्तर पर पत्रकारिता अध्ययन के लिए सुलभ है।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सन् १६३८ में भारत में पत्रकारिता के प्रशिक्षण की दिशा में पहल करते हुए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने एक पाठ्यक्रम आरम्भ किया। इसका शुभारंभ भारत के संघ-न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधिपति सर शाह मुहम्मद सुलेमान ने किया था। उक्त पाठ्यक्रम का अध्ययन करके परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर प्रशिक्षार्थी को पत्रिकारिता का डिप्लोमा प्रदान किया जाता था। उक्त प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम का अध्ययन रहीम अली अलहशमी द्वारा होता था, जो स्वयं अंग्रेजी तथा उर्दू के पत्रकार रह चुके थे। शैक्षिक पाठ्यक्रम से इतर परंतु पत्रकारिता के विभिन्न पक्षों से सम्बधित विषयों पर प्रतिष्ठित और श्रमजीवी पत्रकारों के भाषण के कार्यक्रम भी समय-समय पर प्रशिक्षणार्थियों के लाभार्थ आयोजित कराए जाते थे।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देश में पत्रकारिता का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व्यवस्थित करने वाला दूसरा विश्वविद्यालय पंजाब (लाहौर) था। वहाँ सन् १६४१ में पत्रकारिता प्रशिक्षण विभाग आरम्भ हुआ। इसकी

स्थापना का श्रेय अमेरिका से पत्रकार कला स्नातक उपाधि प्राप्त पी० पी० सिंह को है। उन्होंने कतिपय समाचार पत्रों और समाचार समितियों में कार्य करके पत्रकारिता का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया था। उन्होंने लाहौर के पंजाब विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अन्तर्गत प्रति वर्ष ३०प्रशिक्षणार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था करके उन्हें डिप्लोमा देने का प्राविधान किया। सन् १९४७ तक यह प्रशिक्षण क्रम विधिवत् जारी रहा और सन् १९४७ में देश के विभाजन के साथ यह विश्वविद्यालय पाकिस्तान में चले जाने के कारण उक्त क्रम टूट गया।

स्वतंत्रता के पश्चात् विभाजन पूर्व के पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर के पत्रकारिता विभाग के संस्थापक प्राध्यापक पी० पी० सिंह भारत आ गये और उन्होंने नई दिल्ली में उसी प्रकार पत्रकारिता का एक नया विभाग स्थापित किया। भारतीय सीमा के अन्तर्गत जो पंजाब विश्वविद्यालय बना उसमें भी पत्रकारिता प्रशिक्षण विभाग स्थापित हुआ, परन्तु अब इस विभाग में अध्ययन करके सफल होने वाले ३० प्रशिक्षणार्थियों को अनेक सुविधाएं नहीं प्राप्त थीं।

सन् १९४७ में मद्रास विश्वविद्यालय में पत्रकारिता का विभाग स्थापित हुआ। इसके संस्थापक डॉ० आर० वाल कृष्णन् थे। इसमें पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न विषयों, विशेष रूप से संवाद लेखन, संपादकीय लेखन, प्रूफ संशोधन, पत्रकारिता कानून और पत्रकारों की नैतिकता, आचार संहिता, विज्ञापन व्यवस्था, मुद्रण कला, रेडियो समाचार संपादन, ध्वनि प्रसारण, शीघ्र लिपि और टंकण आदि की व्यावहारिक शिक्षा विशिष्ट पत्रकारों के व्याख्यानों के माध्यम से एवं पत्र समूहों से प्रत्यक्ष संबद्धता के द्वारा संपन्न की जाती है। यह प्रशिक्षण प्रति वर्ष १२ विद्यार्थियों के वर्ग के लिए आरम्भ किया गया था तथा सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के अवधि ३ से लेकर ४ वर्ष तक निर्धारित थी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् दिल्ली में पत्रकारिता प्रशिक्षण की पुरानी व्यवस्था आरंभ की गई और एक हाई स्कूल में दिल्ली के प्रमुख समाचार पत्रों, समाचार समितियों तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से पत्रकारिता का प्रशिक्षण और अध्ययन जारी रहा। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संवाद लेखन, प्रति-संपादन, संपादकीय लेख और टिप्पणी लेख, मुद्रण कला, पत्रकारिता कानून एवं विज्ञापन व्यवस्था आदि की व्यावहारिक शिक्षा विभिन्न पत्रकारों के व्याख्यानों तथा अन्य माध्यमों से दी जाती है।

सन् १९५४ में भारत सरकार द्वारा प्रेस आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग ने पत्रकारिता से सम्वन्धित विभिन्न विषयों का पर्यवेक्षण करते हुए जहाँ एक ओर विभिन्न सुझाव दिये थे, वहाँ दूसरी ओर भारतीय पत्रकारिता के उन्नयन के हेंतु पत्रकारिता के प्रशिक्षण की आवश्यकता भी निर्दिष्ट की थी।

सन् १९४८ में बंबई विश्वविद्यालय ने भी पत्रकारिता के स्वतंत्र विभाग की स्थापना के औचित्य का आकलन करने के लिए एक जांच समिति नियुक्त की थी। परंतु वहां यह विभाग स्थापित न हो सका।

सन् १९४९ में अखिल भारतीय पत्र संपादक सम्मेलन ने नागपुर में तीन पत्रकारों की एक समिति नियुक्त करके उन्हें यह दायित्व सौंपा कि वे पत्रकारों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पत्रकार कला विद्यालय की स्थापना का प्रारूप तीन महीने के भीतर निर्मित करके स्थायी समिति के विचारार्थ प्रस्तुत करें।

सन् १९५० में कलकत्ता विश्वविद्यालय में पत्रकारिता प्रशिक्षण का द्विवर्षीय पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। इसमें यह प्रयास किया गया कि प्रशिक्षणार्थियों को उपाधि प्राप्त करने के पूर्व इस विषय की सम्यक् अवगति हो जाय। इसीलिए पाठ्यक्रम अपेक्षाकृत विस्तृत और व्यापक आधार पर निर्धारित किया गया। पत्रकारिता कला की सैद्धांतिक शिक्षा, पत्रकारिता कानून, पत्रकारिता के सिद्धांत, पत्रकारिता के इतिहास पत्रकारिता के व्यावसायिक पक्ष, विविध क्षेत्रीय समाचार लेखन, विज्ञापन व्यवस्था, विभिन्न कोटि के पत्र-पत्रिकाओं का संपादन वैशिष्ट्य, मुद्रण कला आदि के समानांतर वैकल्पिक विषयों में साहित्य, कला, विज्ञान और संस्कृति क्षेत्रीय गतिविधियों का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। इसमें आरंभ में ५५ विद्यार्थियों का एक वर्ग होता था।

सन् १९५१ में मैसूर विश्वविद्यालय ने स्नातक

स्तर पर पत्रकारिता के अध्ययन की व्यवस्था अपने अधीन महाराजा कालेज, मैसूर में आरम्भ की। इसके अन्तर्गत तीन विषय निर्धारित किये गये (१) पत्रकार कला का इतिहास तथा पर्यावलोकन, (२) संपादकीय कार्य (३) समाचार पत्रों का प्रकाशन। (प्रो०) ओ०के० नम्बियार इसके अध्यापन के लिए नियुक्त हुए। पत्रकारिता के सैद्धान्तिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए अध्यापकों के अतिरिक्त पत्रकार भी भाषण देते थे। सन् १९५३ में (प्रो०) एन०कृष्णामूर्ति को इस पाठ्यक्रम का अध्यापक नियुक्त किया गया। परन्तु अनेक सुविधाओं और साधनों के होते हुए भी यह पाठ्यक्रम लोकप्रिय न हो सका और इसमें छात्रों की संख्या निरन्तर घटती रही।

मैसूर विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अंतर्गत सफल प्रशिक्षणार्थियों को एक वर्षीय पाठ्यक्रम के उपरांत बी० जे० की उपाधि प्रदान की जाती है। इसके पश्चात् स्नातकोत्तर स्तर पर भी एक वर्षीय पत्रकारिता स्वतंत्रता-प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम की व्यवस्था है। इसमें सफल होने पर एम० जे० की उपाधि प्रदान की जाती है। पूना विश्वविद्यालय में पत्रकारिता के एक वर्षीय पाठ्यक्रम की व्यवस्था है। शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर में भी पत्रकारिता-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्राविधान है।

नागपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध हिस्लाप कालेज में भी पत्रकारिता का प्रशिक्षण सन् १९५२ में आरम्भ किया गया। इसमें पाठ्यक्रम की दृष्टि से यह विशेषता है कि केवल एक वर्ष के प्रशिक्षण के पश्चात् ही उपाधि पत्र प्राप्त करने में विद्यार्थी को सफलता मिल जाती है। एक अन्य सुविधा यह भी है कि यदि प्रवेशार्थी अनुभवी पत्रकार है तो उसे न्यूनतम शैक्षिक योग्यता से भी छूट प्रदान की जा सकती है। इस पाठ्यक्रम को अपेक्षाकृत विस्तृत आधार प्रदान करने की दृष्टि से इसमें समाचार लेखन, संवाद लेखन, संपादन कला, फीचर लेखन, पत्रकारिता कानून, आशु लेखन, टंकण और समसामयिक गतिविधि से भी अवगत कराया जाता था।

फरवरी सन् १९५३ में इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट में पत्रकारिता से संबंधित प्रशिक्षण आरम्भ हुआ। सन् १९५३ में ही देश के अनेक विश्वविद्यालयों के द्वारा पत्रकारिता के महत्व को समझते हुए उसके प्रशिक्षण की व्यवस्था के हेतु पाठ्यक्रम निर्धारण का कार्य आरम्भ किया गया।

आसाम में गौहाटी विश्वविद्यालय में भी पत्रकारिता के पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक अंशकालिक प्रशिक्षण डिप्लोमा की व्यवस्था है। यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसमें प्रवेश के लिए स्नातक न्यूनतम योग्यता है।

सन् १९७३ में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग की स्थापना हुई। इसके अन्तर्गत एक वर्षीय पूर्णकालिक प्रशिक्षण की व्यवस्था है। यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता से संबंधित अधिकांश विषयों को समाविष्ट किये हुए है। इसकी एक उल्लेखनीय विशेषता यह भी है कि इसके अन्तर्गत पांच सप्ताह का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी विभिन्न समाचार पत्र संस्थानों, संवाद समितियों, रेडियो तथा फिल्म आदि के द्वारा दिया जाता है। इस विभाग से 'परिसर' शीर्षक से हिंदी तथा 'कैम्पस' शीर्षक से अंग्रेजी में एक-एक पत्रिका का प्रकाशन भी होता है।

सन् १९७४ में उड़ीसा के बहरामपुर विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग की स्थापना हुई थी। यहाँ भी एक वर्षीय पत्रकारिता का प्रशिक्षण डिप्लोमा दिया जाता है, जिसमें प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक है।

भारत के अनेक विश्वविद्यालयों में आज पत्रकारिता के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न पाठ्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें से कलकत्ता विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पत्रकारिता प्रशिक्षण का जो कार्यक्रम हो रहा है उसके अंतर्गत पत्रकारिता में एम० जे० की उपाधि प्रदान की जाती है। आरंभ में यह पाठ्यक्रम अंशकालिक डिप्लोमा पर आधारित था। यह सैद्धांतिक प्रशिक्षण पर ही आधारित है। व्यावहारिक प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद में भी पत्रकारिता प्रशिक्षण का कार्यक्रम स्वीकृत है।

मद्रास विश्वविद्यालय में भी पत्रकारिता विभाग के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर एक वर्षीय पाठ्क्रम का व्यवस्था है। उस्मानिया विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अन्तर्गत एक वर्षीय स्नातक उपाधि के हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इसके द्वारा 'उस्मानिया कूरियर' नामक एक पत्र का प्रकाशन भी किया जाता

है। बंगलौर विश्वविद्यालय में पत्रकारिता से संबंधित जन संचार पर आधारित एक मास कम्युनिकेशन विभाग है। कालिदास आर्ट्स कालेज, अहमदाबाद में भी पत्रकारिता के अंशकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

बम्बई के के० सी० कालेज में भी पत्रकारिता प्रशिक्षण की व्यवस्था है। यहाँ एक वर्षीय पत्रकारिता का पाठ्यक्रम है जो अंशकालिक प्रशिक्षण पर आधारित है। सफल प्रशिक्षणार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किया जाता है।

मध्यप्रदेश के जबलपुर विश्वविद्यालय के अंतर्गत भी पत्रकारिता का एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंशकालिक रूप में सायंकालीन पाली में व्यवस्थित है। जबलपुर के राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भी एम०ए० के पाठ्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक पत्रकारिता का विषय भी छात्रों के लिए उपलब्ध है।

मध्य प्रदेश के रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर में भी एक अंशकालिक पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। यह मुख्यतः सैद्धांतिक पत्रकारिता से ही सम्बन्धित है एवं इसके अंतर्गत व्यावहारिक पत्रकारिता प्रशिक्षण और ज्ञान का कोई प्राविधान नहीं है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में एम० ए० हिंदी साहित्य में ही ऐच्छिक विषय के रूप में पत्रकारिता के अध्ययन-अध्यापन की भी व्यवस्था है। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में भी पत्रकारिता विभाग स्थापित हो चुका है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में पत्रकारिता के अध्ययन की व्यवस्था हिन्दी विभाग के अन्तर्गत एम० ए० स्पेशल सी०वर्ग के द्वितीय प्रश्न पत्र में है। इसमें पत्रकारिता के विविध पक्षों, विशेष रूप से प्रेस स्वातंत्र्य, प्रेस संबंधी विभिन्न अधिनियम, आचार संहितायें, प्रेस कौंसिल, अन्तर्राष्ट्रीय प्रेस सम्बन्ध, स्वत्वाधिकार, पंजीयन, प्रेस रजिस्ट्रर (भारत सरकार) की नयी प्रणाली का अध्ययन अपेक्षित है। हिन्दी पत्रकारिता के इस प्रश्न पत्र में अध्ययन के आठ सूत्र हैं—(१) पत्रकारिता और सम्पादन कला का स्वरूप। (२) हिन्दी पत्रकारिता के विभिन्न प्रकार, समाचार-पत्रकारिता, साहित्यिक पत्रकारिता, व्यावसायिक पत्रकारिता तथा अन्य। (३) हिंदी पत्र-पत्रिकाओं की विविध प्रकाशन प्रणालियाँ, हस्त लिखित लीथो, साइक्लोस्टाइल (चक्रलिखित) तथा मुद्रित। (४) हिंदी पत्र-पत्रिकाओं के विभिन्न रूप, दीर्घाकार पत्र, समाचार संक्षेपण, गुटका, पोस्ट पत्रिका, फोल्डर पत्रिका, कार्ड पत्रिका आदि। (५) हिंदी पत्रकारिता का इतिहास, प्राचीन भारत में समाचार व्यवस्था, हिन्दी पत्रकारिता का उद्भव काल, हिन्दी का पहला पत्र, हिन्दी पत्रकारिता का विकास काल, हिन्दी पत्रकारिता का उत्कर्ष काल। (६) सम सामयिक हिन्दी पत्रकारिता की स्थिति, समस्यायें और सम्भावनायें। (७) हिन्दी की प्रतितिधि पत्र-पत्रिकाओं का सामान्य परिचय। (८) हिन्दी पत्रकारिता का व्यावहारिक पक्ष, सामग्री संग्रह के साधन, विभिन्न समाचार एजेंसीज, संवाददाताओं की व्यवस्था, सम्पादकीय टिप्पणी, अग्रलेख, फीचर, व्यंग चित्र, बाक्स न्यूज आदि की प्रस्तुतीकरण प्रणाली, प्रबन्ध सम्पादक, मुख्य सम्पादक, सह सम्पादक, स्तम्भ सम्पादक, समाचार सम्पादक और अन्य पत्रिकाओं की कार्य पद्धति। व्यावसायिक एवं प्रशासनिक संगठन, लोक सम्पर्क। विज्ञापन व्यवस्था, बिक्री एवं वितरण, कार्यालयी व्यवस्था, सामग्री संरक्षण, सन्दर्भ पुस्तकालय का प्रबन्ध, मुद्रण, प्रूफ संशोधन, साज-सज्जा और आकल्पन व्यवस्था।

भारत में विभिन्न विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से भी पत्रकारिता का प्रशिक्षण दिया जाता है। 'प्रेस इंस्टीट्यूट आफ इंडिया' ने भी नई दिल्ली में पत्रकारों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। इस दिशा में कार्य करते हुए इंस्टीट्यूट की ओर से समय-समय पर लघु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, परिसंवाद एवं गोष्ठियाँ आयोजित होती हैं।

सरकारी स्तर पर पत्रकारिता के प्रशिक्षण के लिए जो संस्थान देश में कार्यरत हैं उनमें भारत सरकार का राष्ट्रीय संस्थान 'भारतीय जन संचार संस्थान' (इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मास कम्यूनिकेशन, नई दिल्ली) में स्थापित है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभागीय कर्मचारियों, जनसंपर्क अधिकारियों, केन्द्रीय सूचना सेवारत व्यक्तियों को फिल्म, टी० वी० और रेडियो पत्रकारिता का प्रशिक्षण इसमें दिया जाता है। यह संस्थान द्वैमासिक पत्र 'कम्युनिकेटर' का प्रकाशन भी

करता है।

पत्रकारिता का प्रशिक्षण समय-समय पर अनेक गैर सरकारी संस्थानों द्वारा भी दिया जाता रहा है। इनमें 'हार्निमैन स्कूल आफ जर्नलिज्म' का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

गैर सरकारी पत्रकारिता प्रशिक्षण केन्द्रों में बम्बई में 'टाइम्स आफ इण्डिया ग्रुप' के पत्रों द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह अपने पत्र-समूह में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश-परीक्षा उत्तीर्ण प्रत्याशियों को सेवा-कार्य के आरंभिक काल में व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। इसके द्वारा एक अनियत कालीन पत्र 'प्रशिक्षण' भी प्रकाशित होता है।

गैर सरकारी पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थानों में कतिपय ऐसे भी हैं जिनका संचालन कुछ विशिष्ट समाचार-पत्रों के तत्वावधान में होता है। उदाहरण के लिए इंदौर से प्रकाशित होने वाले हिंदी दैनिक पत्र 'नई दुनिया' के द्वारा अपने पत्र से सम्बद्ध संवाददाताओं के लिए समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाते हैं।

पत्रकारिता प्रशिक्षण के क्षेत्र में भारतीय विद्या-भवन, बम्बई का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें पत्रकारिता के अंशकालिक प्रशिक्षण की व्यवस्था है और एक वर्षीय पाठ्यक्रम की समाप्ति पर डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। भारतीय विद्या भवन ने देश के अनेक नगरों में अपनी प्रशिक्षण शाखाएं भी खोल रखी हैं। इनमें नई दिल्ली, मद्रास, हैदराबाद, गुन्टूर, बंगलौर, त्रिवेंद्रम, कोचीन तथा अहमदाबाद आदि की शाखाएं भी हैं। भारतीय विद्या भवन के तत्वावधान में संचालित 'राजेंद्र प्रसाद कालेज आफ मास कम्युनिकेशन' का नाम उल्लेखनीय है। यह संस्थान दिल्ली में स्थापित है।

गैर सरकारी पत्रकारिता के हेतु नई दिल्ली में एक अन्य संस्थान भी है जिसका नाम 'भारतीय पत्रकारिता विद्यापीठ' है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें पत्रकारिता का एक अंशकालिक और सायंकालीन पाठ्यक्रम निर्धारित है। दिल्ली में ही 'श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान' भी कुछ समय तक चलता रहा परंतु बाद में बंद कर दिया गया था।

पत्रकारिता के प्रशिक्षण का एक आवश्यक अंग पत्रकारिता के विभिन्न पक्षों से संबन्धित कार्य-शाला अथवा वर्क-शॉप का आयोजन है। २२ जूलाई सन् १९६४ को को प्रेस इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के तत्वावधान में 'वर्क-शॉप फॉर हिंदी जर्नलिस्ट्स' के अन्तर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ था। जयपुर में आयोजित इस विचार गोष्ठी में 'हिंदी समाचार पत्र और भाषा का मानकीकरण' की प्रस्तावना श्रीनारायण चतुर्वेदी ने प्रस्तुत की थी।

भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा 'यूनियन आफ बल्गेरियन जर्नलिस्ट्स' तथा 'अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार संगठन' के सहयोग से दिसम्बर १९८५ से छः सप्ताह का एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वीर बहादुर सिंह द्वारा उद्घाटित किया गया। उन्होंने विशेष रूप से गुट निरपेक्ष देशों का आह्वान किया कि वे अपनी लेखनी का प्रयोग आणविक खतरे के विरुद्ध करें और अपने प्रभाव का इस्तेमाल विश्व शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए करें। इस अवसर पर सोफिया के 'जार्जी डिमित्रिव अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता संस्थान' के निदेशक डॉ० इल्या कराडीमोव ने भी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया।

पत्रकारिता के व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी ज्ञान और आधुनिक स्वरूप के प्रशिक्षण की दृष्टि से शिविर आयोजन एवं शिष्ट मंडलों के आदान प्रदान और स्टडी-टुअर का भी महत्व है। 'दि इण्टरनेशनल आर्गनाइजेशन आफ जर्नलिस्ट्स स्कूल' प्राग में बारह भारतीय पत्रकारों का एक दल पत्रकारिता के प्रशिक्षण हेतु गया। इसी प्रकार 'दि इंटरनेशन आर्गनाइजेशन आफ जर्नलिस्ट स्कूल' बुडापेस्ट में भी पत्रकारिता के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। भारत सहित विश्व के अनेक देशों के पत्रकार वहाँ प्रशिक्षण लेने जाते हैं।

इलाहाबाद में २ फरवरी सन् १९८५ को दिल्ली विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग ने दिल्ली की नवयुग चेतना संवाद सेवा के सहयोग से 'मीडिया मीट-८५' के नाम से एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें पत्रकारिता के सकारात्मक रूप की परिभाषा, पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति, मिशन और प्रोफेशन की

वर्तमान समस्या, नई तकनीकों के सवाल, समाचार पत्रों के प्रशासनिक पक्षों से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। यह संगोष्ठी मीडियामीट–८५ के नाम से इलाहाबाद के सेंट जोजफ कालेज के सभागार में सम्पन्न हुई थी, जिसमें राजेंद्र माथुर, कमलेश बिहारी माथुर, रघुवीर सहाय, बल्देव सहाय, वीरेंद्र सिंह, जीतेन्द्र मेहता, अमरकांत, सच्चिदानंद सहाय, अमिता मलिक, आर० एन० वर्मा, आर० डी० खरे, प्रभात जोशी, एस०के०बोस, एन०के दुर्रानी, तुहिन कांति घोष, तथा रामकुमार वर्मा ने पत्रकारिता से संबंधित ज्वलंत प्रश्नों पर अपने विचार प्रकट किये।

यूनाइटेड न्यूज के निदेशक मंडल के अध्यक्ष तथा 'अमृत बाजार पत्रिका' व 'नार्दन इंडिया पत्रिका' समाचार पत्र समूह के प्रबंध निदेशक तुहिन कांति घोष ने ३ फरवरी सन् १९८५ को देश की जनता के कल्याण तथा राष्ट्र के वृहत्तर हितों में यथार्थ वादी पत्रकारिता विकसित करने के उपायों की खोज पर जोर दिया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता स्कूल द्वारा फरवरी १९८५ में यथार्थ पत्रकारिता की भूमिका पर एक दो-दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। इसका उद्घाटन तुहिन कांति घोष ने किया था। घोष जी ने उक्त संगोष्ठी में कहा था कि अनेक देशों में समाचार पत्र वहाँ की सरकारों के अधीन रहते हैं परंतु भारत के समाचार पत्र स्वतंत्र हैं। यही कारण है कि विश्व के विभिन्न देशों के प्रचलित समाचारों के प्रस्तुतीकरण एवं निरूपण की प्रणालियों की तुलना में भारत में प्रचलित पद्यति सर्वोत्तम है। उक्त संगोष्ठी में देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

भारतीय पत्रकार मंडल, गंगोह (सहारनपुर) भी गैर सरकारी स्तर पर ऐसा पत्रकार संगठन है जो स्वच्छ एवं मिशनरी पत्रकारिता के उन्नयन के उद्देश्य से पत्रकारिता से संबंधित पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना तथा संचालन के समानांतर पत्रकारों के प्रशिक्षण हेतु शिविरों का आयोजन भी करता है।

१३ जनवरी सन् १९८५ को लखनऊ में गांधी भवन में जनवादी लेखक संघ के तत्वावधान में 'जन-संचार और हम' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें रवींद्र कुमार सिंह तथा वंदना मिश्रा के द्वारा प्रस्तुत पर्चों पर खुली बहस हुई।

प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया के अध्यक्ष राम नाथ गोयनका तथा पब्लिक सेक्टर सी० एम० सी० लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंधक निदेशक डॉक्टर पी० पी० गुप्ता ने ३१ जनवरी सन् १९८५ को एक समझौते पर बंबई में हस्ताक्षर किये, जिसके अनुसार पी० टी० आई० के समाचार संप्रेषण और संचालन व्यवस्था के कम्प्यूटरीकरण के कार्यान्वियन का निश्चय हुआ। ज्ञातव्य है कि सम्प्रति पी० टी० आई० के नई दिल्ली और बंबई कार्यालयों में यह प्रणाली सफलता पूर्वक अपनायी जा चुकी है एवं कलकत्ता तथा मद्रास में भविष्य में इसको अपनाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रकटतः भारतीय समाचार संप्रेषण और संवाद समितियों के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय चरण है और भविष्य में पत्रकारिता के क्षेत्र में इसका ऐतिहासिक महत्व सिद्ध होगा।

पत्रकारिता प्रशिक्षण का एक अंग विभिन्न पत्रकार दलों के रूप में आदान-प्रदान भी है। लखनऊ के 'अमृत प्रभात' के वरिष्ठ संवाददाता और 'दि इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स' के मंत्री रामदत्त त्रिपाठी प्राग की 'चेकोस्लोवाक यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स' के निमंत्रण पर प्राग स्थिति 'दि इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन आफ जर्नलिस्ट्स' तथा 'जर्नलिस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट' भी जाने वाले थे। पश्चिमी यूरोप के अन्य अनेक देशों में भी वह समाचार पत्र-व्यवस्था, पत्रकारों और पत्रकार-संगठनों की स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से गये थे।

लंदन के रायटर फाउंडेशन द्वारा भी पत्रकारों को प्रशिक्षित, पुरस्कृत और सम्मानित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। यू० एन० आई० के माध्यम से १२ जूलाई सन् १९८५ को प्राप्त एक समाचार के अनुसार रायटर फाउंडेशन ने अपने भारत स्थित एक संवाददाता नजमुल हसन की स्मृति में कुछ फ़ेलोशिप प्रदान की हैं, जिनका निधन ईरान-ईराक युद्ध में सन् १९८३ में हो गया था। उक्त योजना के अन्तर्गत नई दिल्ली में 'इंडियन एक्सप्रेस' के संवाददाता राहुल वेदी को 'नजमुल हसन अन्तर्राष्ट्रीय स्टडी फेलोशिप' रायटर न्यूज एजेंसी द्वारा प्रदान की

गई है। इसके अनुसार वह १९८५-८६ के शैक्षिक सत्र में आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित और विकासशील देशों के बीच की दूरी को संचार माध्यमों और तकनीकी संयंत्रों की दृष्टि से समाप्त करके उदीयमान पत्रकारों को शोध एवं अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करना है। इस छात्रवृत्ति के लिए एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका से सात प्रत्याशियों का चयन किया गया है।

२९ जूलाई सन् १९८५ को प्रकाशित पी०टी०आई० के एक समाचार के अनुसार 'इण्डियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स' के अध्यक्ष के० विक्रम राव ने बताया कि एक योजना के अंतर्गत भारत के पंद्रह युवा पत्रकार पत्रकारिता का उच्च प्रशिक्षण प्राप्त करने 'जूलियस फ्यूकिक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ जर्नलिज्म', प्राग (चेकोस्लोवाकिया) जायेंगे और इस पत्रकार दल के संयोजक 'नार्दर्न इण्डिया पत्रिका' के विनय कृष्ण रस्तोगी होंगे। एम० श्रीधर, रफीक हज़ानका, मगन देव नारायण सिंह, संजय कुमार सिकधर, धर्मेंद्र पाल सिंह, परवीन डी० सूजा, विवेक दवे, बी० वी० मलिकार्जुनैया, नीलकंठन, एन० के० सिंह, प्रकाश देशपांडे, जगदीश चंद्र शर्मा, सत्येंद्र चक्रवर्ती तथा एस० रामस्वामी इस दल के अन्य सदस्य हैं।

२१ सितंबर १९८५ को यू० एन० आई० के माध्यम से प्राप्त एक समाचार के अनुसार 'दि इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स' ने एक संयोजन समिति का गठन संसार में सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रय के कार्यान्वियन के हेतु किया। छः सप्ताह का यह कार्यक्रम 'दि इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स' तथा 'दि यूनियन आफ बल्गारियन जर्नलिस्ट्स' के संयुक्त-तत्वावधान में संपन्न करने का निश्चय किया गया।

२ अक्टूबर सन् १९८५ को 'एडिटिंग जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन' के तत्वावधान में लखनऊ में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। सूचना केन्द्र में आयोजित इस कार्यशाला में स्थानीय हिंदी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों के संपादकों ने भाग लिया। इसमें समाचार पत्रों का स्तर ऊंचा उठाने की संभावनाओं पर विचार विमर्श हुआ। उक्त एसोसिएशन के मंत्री रामदत्त मिश्र हैं।

आज भारत में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्चतम स्तर तक शिक्षा के स्वरूप और नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन की आवश्यकता समझी जा रही है। पत्रकारिता प्रशिक्षण के क्षेत्र में आज जो ज्वलंत समस्याएं हैं उनका समाधान अत्यन्त आवश्यक है। पत्रकारिता से संबद्ध विषयों, विशेष रूप से साहित्य, कला, विज्ञान, कानून और टेकनालोजी आदि पर पृथक्-पृथक् रूप से अधिकारी विद्वानों द्वारा अध्यापन की व्यवस्था होनी चाहिए। टेलीप्रिंटर आदि संचार संयंत्रों से संपन्न एक व्यावहारिक प्रयोगशाला भी पत्रकारिता के विद्यार्थी के लिए अपेक्षित है।

पत्रकार प्रशिक्षण से संबंधित पाठ्यक्रम को सफल बनाने के लिए यह भी आवश्यक है कि उनका संचालन करने वाले संस्थान अथवा विश्वविद्यालय विभिन्न पत्र समूहों और समाचार समितियों से अपने प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक अनुभव की सुविधा प्रदान करने के लिए अनुबंध कर लें क्योंकि इस प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था स्वयं अपनी ओर से करना किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा विश्वविद्यालय के लिए संभव नहीं है। देश के जिन विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता के पाठ्यक्रम का विधान नहीं है उन्हें भी उसे आरंभ करने की दिशा में प्रभावी उपाय करने चाहिए।

पत्रकारिता के विभाग के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण से यह भी नितांत आवश्यक है कि विभाग का अपना एक पत्र भी नियमित रूप से प्रकाशित किया जाए। इससे यह लाभ होगा कि पत्रकारिता का अभ्यास करने में प्रशिक्षणार्थियों को सहायता मिलेगी।

भारत में आज पत्रकारिता के प्रति लोक रुचि जाग्रत हो चुकी है। उच्च शिचा प्राप्त विद्यार्थी एक व्यवसाय के रूप में इसे अंगीकार करना लाभप्रद मानने लगे हैं और इसका विधिवत् प्रशिक्षण भी ग्रहण करते हैं। देश के विभिन्न भागों में आज बहुसंख्यक विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता के स्वतंत्र विभाग बन चुके हैं। अनेक पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान भी हैं, जहाँ अभिनव प्रकार के पाठ्क्रम निर्धारण के समानान्तर पत्रकारिता की अधुनातन विधियों के माध्यम से इस

विषय का समुचित ज्ञान प्रशिक्षणार्थियों को कराया जाता है।

पत्रकारिता के प्रशिक्षण को उपयोगी, व्यावहारिक, व्यवसायोन्मुख और व्यापक बनाने के लिए उसका स्तरीकरण आवश्यक है। इस दृष्टि से किसी विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा केवल सर्टीफिकेट अथवा डिप्लोमा कोर्स के स्थान पर बी० ए० में पत्रकारिता विषय की स्वीकृति तथा एम० ए० की उपाधि के लिए उसके अध्ययन की मान्यता भी आवश्यक है। शोध-उपाधियाँ भी इस क्षेत्र में विशेष अध्ययन के लिए प्रदान की जानी चाहिए। व्यावहारिक दृष्टिकोण से पत्रकारिता के प्रशिक्षण का आदर्श रूप वह होगा, जिसमें इसके सैद्धांतिक और तकनीकी प्रशिक्षण के साथ ही व्यावहारिक और व्यापारिक पक्ष का भी समावेश हो।

पत्रकारिता के प्रशिक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए यह भी आवश्यक है कि विभिन्न समाचार पत्र समूहों तथा संवाद समितियों में भर्ती के लिए अपेक्षित बोर्ड का गठन किया जाय। इसके लिए अभ्यर्थियों को पत्रकारिता प्राशिक्षण प्राप्त स्नातक होना अनिवार्य हो।

पत्रकारों के लिए वेतन, भत्ते तथा अन्य सुविधाओं की उपलब्धि भी आवश्यक है। यद्यपि यह तथ्य है कि यह व्यवसाय उतना सरल और सुविधाजनक नहीं है, परंतु फिर भी चूंकि समाचार पत्र और पत्रिकाएं आधुनिक जीवन का अपरिहार्य अंग बन चुकी हैं इसलिए इसमें अपेक्षाकृत विकास की संभावनाएं अधिक हैं।

पत्रकारिता प्रशिक्षण तभी लोकप्रिय और आकर्षक बन सकेगा जब पत्रकार कला की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् सफल प्रशिक्षणार्थियों को पत्रकारिता उद्योग में स्थान मिलने का विश्वास होगा। दुर्भाग्यवश इस समय भारत में पत्रकारिता उद्योग से जुड़े हुए अधिकांश व्यक्ति विधिवत् प्रशिक्षित नहीं हैं, केवल अनुभव के आधार पर ही कार्य संपादन कर रहे हैं। ऐसे पत्रकारों की संख्या भी बहुत बड़ी है, जो इस व्यवसाय के प्रति विशेष रुचि न रखते हुए भी केवल नौकरी करने के उद्देश्य से इससे जुड़ गये थे और फिर अलग नहीं हो सके थे।

विभिन्न पत्र संस्थानों, संवाद, समितियों सरकारी और गैर सरकारी सूचना सेवाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं प्रशासनिक संगठनों के जनसंपर्क विभागों, विभिन्न विश्वविद्यालयों के पत्रकारिता विभागों तथा इससे सम्बंधित अन्य सभी सेवाओं में प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का ही चयन होना चाहिए। यदि किसी विशेष परिस्थिति में इस प्रशिक्षण से छूट देना आवश्यक हो तो सेवा काल की प्राथमिक अवधि में ही प्रशिक्षण उपाधि अथवा डिप्लोमा प्राप्त कर लेने का नियम बनाया जाय।

प्रत्येक पत्रकार शिक्षण संस्थान में एक समृद्ध पुस्तकालय भी आवश्यक है। यह दुर्भाग्य का विषय है कि आज देश में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में पत्रकारिता का सभी स्तरों पर अत्यधिक विकास हो चुकने पर भी बहुत कम पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। इसलिए पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न भाषाओं की श्रेष्ठ पुस्तकों से संपन्न पुस्तकालय इस दिशा में एक प्राथमिक आवश्यकता है। देश-विदेश के उच्च कोटि के समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और जर्नलों से युक्त एक वाचनालय भी पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है।

यह भी एक तात्कालिक आवश्यकता है कि पत्रकारिता विषयक, उसके सभी पक्षों से संबंधित सभी विषयों पर अधिकारी विद्वानों द्वारा मौलिक पुस्तकें तैयार कराई जाएं। इनके प्रकाशन की व्यवस्था के समानांतर ही उनके प्रचार प्रसार की संभावनाओं की खोज भी उनका दायित्व हो।

भारत में आज मंहगे कागज और मंहगी छपाई के के कारण पुस्तकों के मूल्य में असाधारण रूप से वृद्धि हो गई है। स्वभावतः पत्रकारिता से संबंधित पुस्तकें भी क्रय करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए संभव नहीं है। इसलिए यह आवश्यक है कि सहकारी आधार पर बुक-बैंक स्थापित किये जाएं जिनसे प्रत्येक विद्यार्थी को पूरे सत्र के लिए पुस्तकें आवंटित की जा सकें। इन पुस्तकों में पाठ्यक्रम से संबंधित आधारभूत पुस्तकें भी होनी चाहिए तथा वे पुस्तकें भी होनी चाहिए जो सहायक पुस्तकों के रूप में अध्ययन के लिए अनुमोदित की गई हों।

पत्रकारिता के महत्व और व्यापकता को देखते हुए यह आवश्यक है कि केवल औपचारिक रूप में अंशकालिक प्रशिक्षण का प्राविधान समाप्त कर दिया जाय। इसके लिए पूर्ण कालिक अध्ययन की व्यवस्था हो और

विधिवत् स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध स्तर पर उपाधि प्रदान की जाय। यथासंभव अन्य पाठ्यक्रमों की भांति इसके शिक्षण की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। केवल प्रातः काल एवं संध्या काल में एकाध घंटों में तथा कथित कक्षाएं चलाकर इसे सस्ता न बनाया जाय। सांप्रतिक पत्रकारिता का स्तर ऊंचा उठाने के लिए यह आवश्यक है कि पत्रकारिता प्रशिक्षण विभाग या तो स्वयं विश्वविद्यालयों में हो या उसको प्रदान करने वाले संस्थान विश्वविद्यालय स्तर के घोषित किये जाएं।

पत्रकार कला संबंधी प्रशिक्षण की सफलता के लिए एक अन्य कदम यह भी उठाना आवश्यक है कि उसमें प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक होने के समानातर ही एक प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की जाय। यह प्रवेश परीक्षा मौखिक और लिखित दोनों ही रूपों में होनी चाहिए। इनके माध्यम से यह स्पष्ट होना जाना चाहिए कि प्रवेशार्थी इस पाठ्यक्रम को केवल पाठ्य पुस्तकें रटकर परीक्षा पास कर लेने और उपाधि पत्र के माध्यम से नौकरी पा जाने मात्र के आकर्षण से इसमें न आये।

पत्रकारिता का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसका एक अनिवार्य अंग है। इसकी सफलता तभी संभाव्य है जब यह प्रशिक्षण देने वाले विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अधुनातन संयंत्रों, वैज्ञानिक उपकरणों और विद्युत संगणकों आदि से सम्पन्न समाचार पत्रों, संवाद समितियों, आकाशवाणी केन्द्रों, दूरदर्शन केन्द्रों, जनसंपर्क प्रतिष्ठानों तथा चलचित्र निगमों आदि से अनुबंध करें और तदनुसार प्रत्येक शिक्षा सत्र की समाप्ति के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का पूरा दल वहाँ जाकर एक निश्चित अवधि तक प्रायोगिक प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करे।

पत्रकारिता के पाठ्यक्रम को निर्दोष और सर्वांग पूर्ण बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संचार सेवाओं के अधुनातन यांत्रिक साधनों और माध्यमों से प्रशिक्षणार्थियों को न केवल सैद्धांतिक रूप में अवगत कराया जाय वरन् विभिन्न पत्र संस्थानों और समूहों से संबद्ध करके उन्हें विधिवत् व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाय। पत्रकारिता के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक की उपाधि होनी चाहिए। पाठ्यक्रम की समाप्ति पर सफल घोषित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए कम से कम एक वर्ष तक किसी पत्र संस्थान अथवा समाचार समिति में व्यावहारिक अनुभव सेवा के रूप में प्राप्त कराना भी अनिवार्य होना चाहिए। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के नियम भी बहुत उदार नहीं होने चाहिए और केवल उन्हीं व्यक्तियों को इसमें स्थान मिलना चाहिए जो पूर्ण समर्पण और निष्ठा की भावना से पत्रकारिता को अंगीकार करना चाहते हैं।

साम्प्रतिक पत्रकारिता के प्रशिक्षण से जुड़े हुए जिन बहुसंख्यक सवालों को ऊपर उठाया गया है, वे राष्ट्रीय स्तर पर समाधान के मुखापेक्षी हैं। जब तक पत्रकारिता उपाधि के स्तरीकरण, प्रशिक्षण संस्थानों की विश्वविद्यालय स्तर पर मान्यता, पूर्णकालिक पाठ्यक्रम, सैद्धांतिक शिक्षण की समग्रता, प्रायोगिक प्रशिक्षण, सुसज्जित पुस्तकालय तथा वाचनालय एवं अधुनातन यांत्रिक उपकरणों के साथ विभिन्न पत्र-संस्थानों, संवाद समितियों, आकाश वाणी केंद्रों, दूरदर्शन केंद्रों और चलचित्र निगमों से संबद्ध होकर कार्यक्रम का समायोजन नहीं होगा और उपर्युक्त से संबंधित सेवाओं में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को वरीयता देकर उनका आत्म विश्वास और मनोबल नहीं बढ़ाया जायगा तब तक वह अपूर्ण रहेगा।

यद्यपि यह सत्य है कि पत्रकारिता की उद्भावना भारत में एक समर्पित साधना के रूप में हुई थी, परंतु इसी के समानांतर यह भी सत्य है कि साम्प्रतिक युग में वह एक वृहत् व्यावसायिक और औद्योगिक रूप ग्रहण कर चुकी है। इसलिए पत्रकारिता प्रशिक्षण के सम्यक् पाठ्यक्रम के निर्धारण में इसके उपर्युक्त दोनों रूपों के संतुलित समायोजन की आवश्यकता है।

(८) पत्रकारिता की नैतिकता और आचार-संहिता

साम्प्रतिक पत्रकारिता के महत्व, वैशिष्ट्य, प्रचार-प्रसार, व्यापकता एवं प्रभावी स्वरूप को दृष्टि में रखते हुए यह आवश्यक है कि उसके लिए एक ऐसी आचार संहिता का निर्माण हो, जो नैतिक अंकुश के रूप में पत्रकारों द्वारा मान्य हो। वास्तव में इस प्रकार की आचार संहिता के निर्माण से न केवल पत्रकारों में अपने दायित्व के प्रति निर्वाह की भावना का उदय होगा वरन् वे समुचित निष्ठा पूर्वक उसके निर्वाह को भी अपना कर्तव्य समझेंगे।

निसर्गतः आज के युग में पत्रकारिता के एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हो जाने के कारण नीति निर्धारण का प्रश्न भी महत्व पूर्ण बन गया है। इसीलिए जहाँ एक ओर उसका दायित्व बढ़ गया है, वहां दूसरी ओर यह भी आवश्यक हो गया है कि वह अपनी आचार संहिता का निष्ठा पूर्वक पालन करे। उसे केवल जनरुचि को परितृप्त करने के उद्देश्य से पत्रकारिता का स्तर नहीं गिराना चाहिए। किसी प्रकार के स्वार्थ अथवा लोभ के वशीभूत होकर भी उसे अवांछित सामग्री अथवा अशोभन विज्ञापनों का प्रकाशन नहीं करना चाहिए। यद्यपि इस संदर्भ में कानूनी प्रतिबन्ध भी हैं, जिनका आचार संहिता की दृष्टि से अपेक्षाकृत अधिक महत्व है। बहुधा किसी विवादास्पद स्थिति के उत्पन्न होने पर पत्रकार का दायित्व अधिक बढ़ जाता है। ऐसी अवस्था में भी पत्रकार को अपने क्रिया-कलाप की नैतिक सीमाओं में बंधकर अपना कार्य करना चाहिए।

पत्रकारिता की नैतिकता अथवा आचार संहिता के संदर्भ में सन् १९२३ में अमेरिका की समाचार पत्र संपादक सोसाइटी ने कतिपय आदर्श स्थापित किये थे। इन आदर्शों का पालन और स्वीकरण पत्रकारों के लिए एक प्रकार का नैतिक प्रतिबंध होगा। यह सत्य है कि पत्रकार का उत्तर दायित्व संपूर्ण समाज के प्रति होता है, अतएव उसे इसका निर्वाह सफलता पूर्वक करना चाहिए। कानूनी रूप में अथवा व्यावहारिक क्षेत्र में एक पत्रकार को जो स्वतंत्र अभिव्यक्ति की शक्ति प्राप्त हैं, उसका अपने स्वार्थ अथवा हित साधन में उसे दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। व्यावहारिक दृष्टिकोण से समाचारों का प्रस्तुतीकरण तथ्य परक होना चाहिए। इस लिए तथ्य से विरत होकर किसी भी समाचार अथवा टिप्पणी का प्रकाशन अनुचित है। इसके अतिरिक्त यह भी सत्य है कि पत्रकार भी समाज में रहने वाले अन्य व्यक्तियों की भाँति ही समाज की एक इकाई के रूप में अपना अस्तित्व रखता है। निसर्गतः किसी भी घटना, समाचार, समस्या आदि के विषय में उसका नकारात्मक अथवा सकारात्मक दृष्टिकोण हो सकता है, परंतु जब वह एक पत्रकार के रूप में अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा होता है, तो उसे अपनी वैयक्तिक अभिरुचि से परे अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए एक पत्रकार के रूप में तटस्थ और निष्पक्ष भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। इसी कारण उसे किसी भी प्रकार के निजी वाद-विवाद अथवा आरोप-प्रत्यारोप की प्रवृत्ति से ऊपर उठकर अपने समाजोन्मुख व्यवसाय की मर्यादा का निर्वाह प्रत्येक स्थिति में करना चाहिए।

सन् १९४२ में मैक्सिको में 'नेशनल ऐंड पेन अमेरिकन प्रेस कांग्रेस' के तत्वावधान में एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें पत्रकारों के लिए कतिपय नैतिक आदर्श सूत्र इंगित किये गये थे।

इसके अनुसार पत्रकारों को बताया गया था कि उन्हें अपने पत्र की सुख्याति पर गर्व करना चाहिए, आवश्यक अहंकार की प्रवृत्ति से बचना चाहिए । उन्हें जागरूक और अधुनातन ज्ञान से अवगत रहना चाहिए । उन्हें व्यक्ति और समाज की तुलना में सदैव सिद्धांत और और राष्ट्र को बड़ा समझना चाहिए । उन्हें मित्र ऐसे चाहिए जो आदरणीय हों तथा शत्रु ऐसे जिनसे द्वेष न हो । उन्हें शांति का मार्ग अपनाते हुए आत्मरक्षा के लिए आर्थिक और साहित्यिक आक्रमण पर प्रत्याक्रमण करना चाहिए । उन्हें दृढ़ बनना चाहिए, परंतु दुराग्रह की प्रवृत्ति से बचना चाहिए । उन्हें स्पष्टवादी और स्वाभिमानी बनना चाहिए । अपने पत्र में प्रकाशित सामग्री का संपूर्ण दायित्व उन्हें स्वीकार करना चाहिए । अनावश्यक दोषारोपण एवं मानहानि विषयक सामग्री नहीं करनी प्रकाशित चाहिए । उन्हें रिश्वत लेकर कुछ नहीं प्रकाशित करना चाहिए । अपने सहयोगी पत्रकार का अहित नहीं करना चाहिए और न ही व्यक्तिगत स्वार्थ के हेतु पत्रकारिता का उपयोग करना चाहिए ।

पत्रकारों के लिए नैतिक आदर्श आवश्यक बताते हुए सन् १९५० में 'काशी पत्रकार संघ' के अध्यक्ष के रूप में पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि 'मेरी राय में पत्रकार बनने के पूर्व आदमी को समझ लेना चाहिए कि यह मार्ग त्याग का है, जोड़ का नहीं । जिस भाई-बहन को भोग विलास की लालसा हो वह और धंधे करे, रहम करे इस रोजगार पर । मेरा आदर्श पत्रकार ईमानदार पादरी पीर है, किसी भी भीड़ में जिसे आसानी से पहचाना जा सके ।'

प्रसिद्ध यूरोपीय चिंतक बर्नार्ड शॉ ने पत्रकारिता को शाश्वत साहित्य की श्रेणी में रखा है । उन्होंने लिखा है कि 'ऐसा कुछ भी साहित्य के रूप में बहुत दिनों तक जीवित नहीं रह सकता जो पत्रकारिता भी न हो । जो व्यक्ति अपने समय के बारे में लिखता है, केवल वही सचमुच समस्त मनुष्यता और सभी युगों के लिए लिख सकता है ।'

पत्रकारिता को मात्र जीविका के अर्जन का साधन न मानकर एक साधना मानते हुए जेम्स मैकडोनल ने कहा है कि 'पत्रकारिता को मैं रणभूमि से भी अधिक बड़ी चीज समझता हूं, यह कोई पेशा नहीं, बल्कि पेशे से कोई ऊंची चीज है । यह एक जीवन है जिसे मैंने अपने को स्वेच्छापूर्वक समर्पित किया ।'

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से पत्रकारिता के उद्भव काल से ही उसके लिए एक आचार संहिता के निर्माण और निर्वाह की आवश्यकता समझी जाती रही है । जहाँ तक हिंदी पत्रकारिता का प्रश्न है वह अपने उद्भव काल से ही मनस्वी पत्रकारों द्वारा एक प्रकार की साधना के रूप में अंगीकृत की जाती रही है । न केवल पत्रकारों वरन् सभी क्षेत्रों से संबद्ध चिंतकों ने उसके महत्व और मर्यादा का अनुभव करते हुए इसका विधान आवश्यक समझा था ।

समाचार पत्रों के संपादकों के लिए नैतिक आचार संहिता के निर्माण की बात सरकारी और गैर सरकारी स्तरों पर बहुधा होती रही है । इस दिशा में अनेक बार पहल भी की गई है और नियमावली भी बनी है । बहुधा उसका निर्वाह भी हुआ है । इस संदर्भ में इस तथ्य की ओर संकेत करना भी असंगत न होगा कि अनेक मनीषियों ने भी समय-समय पर एक नीति परक आचार संहिता के निर्माण और अनुगमन पर गौरव दिया है । महात्मा गांधी ने भी एक स्थान पर लिखा है कि 'समाचार पत्रों का संचालन सेवा भाव से ही होना चाहिए । समाचार पत्र एक भारी शक्ति है, परंतु जिस प्रकार निरंकुश जल-प्रवाह पृथ्वी के कई भागों को डुबा देता है और फसल को नष्ट भ्रष्ट कर देता है, उसी प्रकार निरंकुश पत्रकार की कलम की धार भी सत्यानाश कर देती है । उस पर अंकुश यदि बाहरी हो तो वह इस निरंकुशता से भी अधिक जहरीला साबित होता है । अतः लाभदायक तो अंदर का ही अंकुश हो सकता है ।'

गणेश शंकर विद्यार्थी ने निर्भीक और नैतिकता की की गरिमा से मंडित पत्रकारिता के लिए पत्रकारों का आवाहन करते हुए कहा था कि 'जिस 'दिन हमारी आत्मा इतनी निर्बल हो जाय कि अपने प्यारे आदर्श से डिग जायें, जान बूझ कर असत्य के पक्षपाती बनें और उदारता, स्वतंत्रता और निष्पक्षता को छोड़ देने की भीरुता दिखाएं, वह दिन हमारे जीवन का सबसे अभागा दिन होगा और हम चाहते हैं कि हमारी उस

नैतिक मृत्यु के साथ ही हमारे जीवन का अन्त हो जाय ।'

पत्रकारों से सामाजिक चेतना के जागरण के आवाहन की अपेक्षा करते हुए जवाहर लाल नेहरू ने उनके कर्तव्य निर्धारण के प्रसंग में कहा था कि 'जीवन में जो कुछ निकृष्ट है, उसका क्रमशः बढ़ते जाना रोकने में सहायता करना पत्रकारों का कर्तव्य है। पत्रकारों को अधिक ऊंचे दर्जे की तथा अधिक उज्ज्वल सामाजिक चेतना के निर्माण में ही सहायता नहीं करनी हैं वरन् छोटी-छोटी बातों में सामाजिक व्यवहार करना सिखाने में भी ।'

पत्रकारों के नैतिक दायित्व की ओर संकेत करते हुए कमलापति त्रिपाठी ने उसकी साधना और महत्ता भी बतायी है । उनकी धारणा है कि 'संपादक वह पत्र रूपी संचालक है जिसका समाज के जीवन में गहरा प्रभाव छाया हुआ है । फलतः संपादक पर नैतिक जिम्मेदारी भी होती है । यदि पत्रों का लक्ष्य धन कमाना नहीं है, यदि उनका आदर्श जनहित की रक्षा करना तथा साधारण मनुष्य का साथी, मित्र, उपदेष्टा तथा रक्षक होना है, तो पथ प्रदर्शक संपादक होने के नाते उस विशाल जनसमूह के प्रति उत्तरदायी है, जिसकी सेवा करने के लिए उसका पत्र प्रकाशित होता है । पत्र स्वयं निर्जीव और जड़ पदार्थ है । कागज के टुकड़ों में जान नहीं हुआ करती । इतने परिश्रम से तैयार किया गया पत्र पाठकों के हाथ में पहुंचने के दो घंटे बाद रद्दी की टोकरी में ही स्थान पाता है, फिर उसका उपयोग भी रद्दी की भांति होता है, पर इतना अस्थायी और अल्पकालिक जीवन लेकर भी वह सामूहिक रूप से जन हृदय पर जो स्थायी और दीर्घकालीन प्रभाव छोड़ जाता है, उसे कोई अस्वीकार नही कर सकता ।'

पत्र और पत्रकारों के कर्तव्य-बोध और दायित्व निर्वाह पर गौरव देते हुए सुब्बा राव ने यह निर्दिष्ट किया है कि उन्हें शासन और शक्तिमान पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली नहीं बनना चाहिए। उन्हें चाहिए कि वे तथ्यों को सही-सही प्रकाशित करें और विचार प्रकट करते समय पक्षपात न करें । इसके अतिरिक्त यह भी आवश्यक है कि वे न्यायालयों का व्यक्तित्व प्रतिबिम्बित करने का प्रयास करें, क्योंकि अन्ततः न्यायालय ही विधि व्यवस्था के संरक्षक हैं । विधि व्यवस्था अथवा कानून बनाये रखने में शासन और प्रेस, ये दोनों एक दूसरे के लिए कार्य करते हैं । प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा कानून करता है, बदले में कानून की मर्यादा प्रेस कायम रखता है ।

पत्रकारों को मानवता के भविष्य का निर्माता घोषित करते हुए श्रीमती महादेवी वर्मा ने बताया है कि 'पत्रकारिता एक रचनाशील विद्या है । इसके वगैर समाज को बदलना असम्भव है । अतः पत्रकारों को अपने दायित्व और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठा पूर्वक करना चाहिए क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जायेगा ।'

व्यवसाय परक एवं साधना परक पत्रकारिता का अंतर स्पष्ट करते हुए डॉ० राजबली पांडेय ने बताया है कि 'युग चारण पत्रकार विवेक को अलग रखकर स्तुति-निन्दा के पाश में बंधकर दिग्दर्शन की जगह दिग्भ्रांति फैलाते हैं । युग को चलाने का काम भी कुछ पत्रकार करते हैं । इनका ध्येय येन केन प्रकारेण अर्थ प्राप्ति मात्र है । युग के उत्थान पतन की चिंता इनमें नहीं होती । युग मानस की निर्मिति एवं उसके प्रशिक्षण का दायित्व युग चारण पत्रकार निबाहते हैं ।'

एक आदर्श पत्रकार के नैतिक आदर्शों की व्याख्या करते हुए प्रकाशचंद्र भुवालपुरी ने उसकी सर्वगुण सम्पन्नता पर गौरव दिया है । उनके विचार से 'पत्रकार साहित्यकार की तरह मधुव्रती बन कर जीवन के बिखरे हुए सत्य का मात्र संचयन ही नहीं करता, वरन् उसे देवर्षि नारद सा भ्रमणशील, संजय सा दूर दृष्टि संपन्न, अर्जुन सा लक्ष्यनिष्ठ, एकलव्य सा अध्यवसायी, अभिमन्यु सा निर्भीक, परशुराम सा साहसी, सुदामा सा संतोषी, दधीचि सा त्यागी, धर्मराज सा सत्यव्रती, भीष्म सा अडिग, गणेश सा प्रतिभा सम्पन्न, कृष्ण सा ज्ञानी एवं कर्मयोगी, राम सा मर्यादा वादी, कृष्ण द्वैपायन सा प्रगतिशील और भगवान् शिव सा लोक मंगल के लिए विषपायी होना पड़ता है । यह सभी गुण किसी एक में समवेत होकर उसे सम्मानित पत्रकार बनाते हैं और ऐसा पत्रकार ही अपनी पत्रकारिता को अपने दायित्व बोध को सामने ले आकर सामाजिक सम्मान और समादर का सच्चा अधिकारी

बनता है ।'

प्रेस आयोग ने भी अपने प्रतिवेदन में पत्रकारों की आचार संहिता के रूप में स्वीकृति हेतु कतिपय सुझाव प्रस्तुत किये हैं क्योंकि व्यावहारिक दृष्टिकोण से पत्रकारिता एक गंभीर दायित्व और व्यवसाय है। इन सुझावों के अनुसार यह स्वीकार किया गया है कि प्रेस अथवा पत्रकारिता लोकमानस को तैयार करने का प्राथमिक साधन है और पत्रकार को लोकहित की रक्षा और सेवा के हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। उसे मानवीय और सामाजिक मूल अधिकारों से संबंधित समाचारों और टिप्पणियों के प्रकाशन में न्याय भावना की रक्षा करनी चाहिए । उसे स्वतंत्र रूप में समाचारों और तथ्यों का संकलन करके उन पर टिप्पणी लिखनी चाहिए । उसे अपनी रिपोर्ट द्वारा तनाव और हिंसा को प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए। तथ्यों की सत्यता और प्रामाणिकता का दायित्व उसी का है। समाचार सूत्र की गोपनीयता की भी उसे रक्षा करनी चाहिए। उसकी भावना व्यक्तिगत हित पोषण की नहीं होनी चाहिए । व्यक्तिगत वाद-विवाद के ऊपर रह कर उसे केवल लोकहित को दृष्टि में रखना चाहिए। आधार हीन आरोप, साहित्यिक चोरी और निर्दोष व्यक्तियों को कष्ट देने से उसे विरत रहना चाहिए ।

अखिल भारतीय पत्रकार सम्मेलन ने भी पत्रकारों के लिए एक आचार संहिता का निर्माण किया था। इसके अनुसार यह मान्य किया गया कि प्रेस जनमत निर्माण का प्राथमिक साधन है । अतएव पत्रकार उसके माध्यम से जनहित की रक्षा करेंगे, वे मौलिक मानवीय और सामाजिक अधिकार को महत्व देते हुए पत्रकारिता को एक व्यावसायिक दायित्व समझ कर उसका निर्वाह करेंगे, वे उन समाचारों और टिप्पणियों के प्रकाशन में विशेष सजगता का पालन करेंगे जिनसे किसी प्रकार की अशांति की संभावना होगी, वे यथासंभव तथ्य परक समाचारों का प्रकाशन अपनी जिम्मेदारी पर करेंगे । वे व्यावसायिक गोपनीयता का निर्वाह करेंगे और अपनी स्थिति का इतर स्वार्थ के लिए उपयोग नहीं करेंगे, वे वे अपने व्यावसायिक दायित्व के लिए नैतिक विघटन नहीं होने देंगे, वे निष्पक्ष भाव से समाचार प्रकाशन करते हुए सहयोगी पत्रकारों के प्रति व्यावसायिक नैतिकता का निर्वाह करेंगे, वे व्यक्तिगत वाद विवाद और अफवाहों को तब तक प्रकाशित नहीं करेंगे जब तक वे आवश्यक रूप में सार्वजनिक हित में न हों, वे किसी भी प्रकार की अपराध वृत्ति को प्रोत्साहन देने वाली सामग्री का भी प्रकाशन नहीं करेंगे।

अखिल भारतीय श्रम जीवी पत्रकार संघ ने भी पत्रकारों की आचार सहिता के रूप में कतिपय सुझाव दिये हैं । उनके अनुसार किसी भी पत्रकार को अपनी पदोन्नति के लिए किसी अनुचित उपाय को नहीं अपनाना चाहिए । उसे किसी अनुचित उपाय से दूसरे पत्रकार का स्थान प्राप्त करने का प्रयास नहीं करना चाहिए । उसे बिना पूर्व अनुमति के किसी अन्य पत्रकार के परिश्रम का उपयोग अपने निजी स्वार्थ में नहीं करना चाहिए । उसका यह भी कर्तव्य है कि वह अपने सहयोगी पत्रकार को विपत्ति के समय सहायता करे ।

अखिल भारतीय पत्र संपादक सम्मेलन ने आपात् काल में संपादकों के लिए एक घोषणा पत्र स्वीकृत किया था । इसके अनुसार यह निश्चय किया गया था कि संपादक नीति के निर्धारण और क्रियान्वयन में स्वतंत्र होंगे और प्रकाशित सामग्री के विषय में उनका निर्णय अंतिम होगा । वे अपने विभागीय मामलों को पत्रस्वामी से मिलकर सीधे वार्तालाप कर सकेंगे। संपादन विभाग के सहयोगियों की वेतन वृद्धि का भी उन्हें अधिकार होगा । इसी प्रकार उनका यह दायित्व भी होगा कि वे संपादन नीति के स्तरीय स्वरूप का विभागीय सहयोग की भावना से निर्वाह करें। यदि किसी कारण से पत्र के स्वामियों से उनका मतभेद हो जाए और उन्हें पद से पृथक् होना पड़े तो उन्हें छः महीने का वेतन, अनुग्रह राशि तथा अवशिष्ट अवकाश के वेतन का भी भुगतान किया जायेगा ।

२ और ३ फरवरी १९८५ को इलाहाबाद में 'पत्रकारिता की रचनात्मक भूमिका' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग ने नव युग चेतना संवाद सेवा के सौजन्य से किया था । यह गोष्ठी मीडिया मीट ८५ के नाम से आयोजित हुई थी। इसमें 'अमृत प्रभात' के संपादक कमलेश बिहारी माथुर ने पत्रकारिता के पेशे के प्रति ईमानदारी को आवश्यक बताया । 'दिन

मान' के भूतपूर्व संपादक रघुवीर सहाय ने हिंदी के प्राचीन पत्रकारों के नैतिक आदर्शों का समर्थन करते हुए पत्रकारिता को एक मिशन बताते हुए कहा कि जो लोग पैसा कमाने का धंधा चाहते हैं उन्हें इस व्यवसाय में नहीं आना चाहिए। नई दिल्ली के पब्लिक रिलेशन कंसलटेन्सी के प्रबन्ध निदेशक बल्देव सहाय ने इसमें यह विचार व्यक्त किया कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पक्षों पर जन चेतना जगाना और जन सामान्य को उनसे परिचित कराना पत्रकारिता की सकारात्मक भूमिका है। 'स्वतंत्र भारत' के संपादक वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि समाचारों के पीछे छिपी हमारी दृष्टि और सामाजिक दायित्व बोध ही पत्रकारिता के सकारात्मक और निषेधात्मक रूप का निर्माण करते हैं। डॉ० राम कुमार वर्मा ने यह मत व्यक्त किया कि देश, समाज में जितनी प्रगति होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हुई। इसलिए पत्रकारों का यह दायित्व है कि वे भावी पीढ़ी को रचनात्मक दिशा की ओर बढ़ाने वाले मूल्यों को दृढ़ करें।

आज के युग में बहुधा विज्ञापनों में आपत्ति जनक चित्रांकन के विरुद्ध जन मानस में आक्रोश उत्पन्न हो जाता है। लखनऊ में जनवरी १९८६ में उत्तर प्रदेश ललित कला वीथिका में इस संदर्भ में आयोजित प्रदर्शनी प्रशंसनीय है। इसमें वर्ष १९८५ के अशोक जैन पुरस्कार से दो प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें मूल भावना यह थी कि विज्ञापन जन चेतना से युक्त होने चाहिए क्योंकि कला को उसके सामाजिक उद्देश्य से अलग नहीं किया जा सकता। यह भी एक उल्लेखनीय तथ्य है कि इसमें हिंदी में तैयार किये गये विज्ञापन अंग्रेजी की तुलना में अल्प थे। फिर भी इस प्रकार के क्रिया-कलाप प्रशंसनीय है।

१२ जनवरी सन् १९८६ को प्रकाशित एक समाचार के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति आर० वेंकटरमण ने नई दिल्ली में कहा था कि संचार माध्यमों को सरकार की नीतियों का प्रचार, उसकी समीक्षा और उस पर टिप्पणी निष्पक्ष और सहानुभूति पूर्वक करनी चाहिए। उनके विचार से संचार माध्यमों को जनता की आवश्यकता, मांग, आशाओं और आकांक्षाओं को संतुलित रूप में और शालीनता से सरकार तक पहुंचाना चाहिए।

आज प्रेस एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित है। यह सत्य है कि उपर्युक्त कारण से ही उसके शत्रु और मित्र भी हो जाते हैं। इस स्थिति का अनुभव करके पाश्चात्य विचारक किपलिंग ने कहा था कि सत्ता में रहने वाले तानाशाह और शक्ति सम्पन्न शासक इस तथ्य से अवगत हैं कि अभिमान और गर्व के जितने भी रूप हैं उनमें सर्व शक्तिमान प्रेस है। इसलिए प्रेस की नैतिकता यह होनी चाहिए कि वह अभिमानियों को सबक देने, निर्बलों की रक्षा करने, पाखण्ड की विवृत्ति करने, अंध विश्वास को दूर करने, अत्याचार का प्रतिकार करने और सत्य का समर्थन करने के साथ-साथ समाज का पथ प्रकाशित करता हुआ अपना अस्तित्व बनाये रखे।

पत्रकारिता की नैतिकता और आचार संहिता के संदर्भ में एक ऐतिहासिक तत्व को दृष्टि में रखना आवश्यक है। वह यह है कि अपने उद्भव काल में पत्रकारिता का उद्देश्य भले ही साधना रहा हो, परंतु बहुत शीघ्र ही वह व्यावसायिक हो गया। आज विश्व में जितने भी बड़े-बड़े समाचार-पत्र समूह, संवाद समितियाँ तथा विज्ञापन एजेन्सियाँ इत्यादि हैं, वे सभी व्यापारिक उद्देश्य से ही स्थापित की गई थीं और उन्होंने आज बहुत बड़े-बड़े उद्योगों का रूप ग्रहण कर लिया है।

साम्प्रतिक पत्रकारिता का क्षेत्र इतना व्यापक हो गया है कि जन जीवन की प्रत्येक गति विधि उससे प्रेरित, संचालित या प्रभावित होती है। इस विशिष्ट स्थिति में पत्रकारिता की नैतिकता के प्रतीक के रूप में न केवल एक आचार संहिता का निर्माण आवश्यक है, वरन् सर्वमान्य रूप में उसका पालन भी अपेक्षित है। इससे एक ओर तो पत्रकारों के दायित्व बोध और चेतना में प्रखरता आयेगी और दूसरी ओर पत्रकारिता की नैतिक गरिमा में भी अभिवृद्धि होगी।

(९) हिंदी में पत्रकारिता-साहित्य

आज के युग में विश्व की प्रायः सभी समुन्नत भाषाओं में पत्रकारिता का महत्व और क्षेत्रगत विस्तार होने के समानांतर ही उसके विभिन्न पक्षों से संबंधित स्वतंत्र ग्रंथों का भी प्रणयन हो रहा है। यह साहित्य जहाँ एक ओर इस विषय के सांगोपांग ज्ञान की अवगति कराते हैं, वहाँ दूसरी ओर उसकी समृद्धि का द्योतन करने में भी सक्षम होते हैं।

हिन्दी में जो पत्रकारिता साहित्य आज प्रकाशित रूप में उपलब्ध है, वह एक ओर तो हिंदी पत्रकारिता के उद्भव, विकास, स्वरूप और वैशिष्ट्य की अवगति कराता है तथा दूसरी ओर आधुनिक पत्रकारिता के सैद्धांतिक और नैतिक पक्षों से भी संबंधित है।

हिंदी पत्रकारिता की गौरव शालिनी परंपराएं ही उसकी ऐतिहासिक धरोहर हैं। इन परंपराओं के विकास में भी उन्हीं मनीषियों का योगदान रहा है जो पत्रकारिता के इतिहास से एक निष्ठ समर्पित भाव से संबद्ध हैं। आज जहाँ एक ओर इस बात की आवश्यकता है कि हम पत्रकारिता के अधुनातन स्वरूप से परिचित हों वहाँ दूसरी ओर पत्रकारिता के इतिहास की समृद्ध परंपराओं से परिचित होना भी नितांत आवश्यक है। इस दृष्टि से अंबिका प्रसाद वाजपेयी लिखित 'समाचार पत्रों का इतिहास' शीर्षक ग्रन्थ एक विशिष्ट महत्व की रचना है। यह पुस्तक तीन भागों में विभक्त है। इसके प्रथम भाग में मुद्रण कला और समाचार पत्रों का आरंभ, भारत में प्रेस की स्थापना, भारतीय समाचार पत्र की जन्म भूमि कलकत्ता, कलकत्ते में विद्या की चर्चा, भारत में प्रेस और पत्र, कुछ प्रसिद्ध पत्र, बंगला के पत्र, मराठी के पत्र, मद्रास-दिल्ली के पत्र, द्वितीय भाग के अन्तर्गत हिंदी समाचार पत्रों का इतिहास, प्रारम्भ काल के हिंदी पत्र, दूसरे दौर के पत्र, तीसरे दौर के पत्र, नये युग की कलम, दैनिक पत्रों का युग, सरस्वती तथा तृतीय भाग के अन्तर्गत दैनिक पत्रों की कहानी, प्रथम दैनिक समाचार पत्र सुधावर्षण, दैनिक पत्रों का सिलसिला, आज का जन्म और उसके बाद, अंत में परिशिष्ट के अंतर्गत कुछ संपादकों का जीवन परिचय तथा १९२० से लेकर १९२५ तक के समाचार पत्रों की सूची है। इस रूप यह कृति अपने विषय का समग्र रूपात्मक ज्ञान प्रस्तुत करती है।

हिंदी समाचार पत्रों का क्रम बद्ध विवरण और विभिन्न विकास युगीन इतिहास प्रस्तुत करने की दृष्टि से अन्य भी अनेक ग्रन्थ हिंदी में प्रकाशित रूप उपलब्ध हैं और यहाँ पर उल्लेखनीय हैं। इस दृष्टि से 'हिंदी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास' एक महत्वपूर्ण कृति है, जिसके प्रणेता राधाकृष्ण दास हैं। इसी क्रम में एक उल्लेखनीय रचना अनंत विहारी माथुर लिखित 'हिंदी समाचार पत्रों का इतिहास' है। इन सभी में प्रकारांतर से हिंदी पत्रकारिता के उद्भव और विकास की विवेचना की गयी है।

पत्रकार कला विषयक हिंदी में अनेक मान्य विद्वानों द्वारा प्रामाणिक पुस्तकें लिखी गई हैं। इनमें पत्रकार कला के अधुनातन रूपों का विश्लेषण करते हुए उसके सभी पक्षों का सर्वांगीण विवेचन हुआ है। इस संदर्भ में जो कृतियाँ हिंदी में प्रकशित हुई हैं उनमें राम कृष्ण रघुनाथ खाडिल कर रचित 'आधुनिक पत्रकार कला' शीर्षक कृति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह पुस्तक पांच भागों में विभक्त है। इसके प्रथम भाग

के अन्तर्गत 'पत्रकार कला महत्व मापन', 'प्रारंभिक', 'आज की विषय स्थिति', 'भारतीय पत्रों का संक्षिप्त इतिहास', 'भारतीय भाषाओं के पत्रों का भविष्य', 'आधुनिक प्रवृत्तियां', 'विविध देशों की पत्रकारी', 'समाचार पत्रों का कर्तव्य', 'पत्र स्वातंत्र्य', 'संयुक्त राष्ट्र संघ', भारतीय संविधान', 'अन्य देश', 'पत्रकला का नीति शास्त्र', 'नीति संहिताएं', 'आदर्श वाक्य', द्वितीय भाग 'व्यावहारिक पत्रकारी' के अन्तर्गत पत्र कार्यालय का संघटन, 'पत्र संचालक', 'पत्रव्यवस्था', 'संपादक', संपादकीय कार्यालय, 'समाचार संपादक', समाचार किसे कहते है ? 'संवाददाता', 'समाचारों की भाषा', 'समाचार भेजने के आधुनिक साधन', 'समाचार समितियाँ', अग्रलेख टिप्पणियाँ, 'फीचर संपादक', सचित्र पत्रकारी, व्यंग्यचित्र, 'स्ट्रिप कार्टून', पृष्ठों का बनाव-ठनाव (मेक अप), प्रूफ रीडर, 'लाइब्रेरी और संग्रहालय' तीसरे भाग के अन्तर्गत 'यंत्र सामग्री से पत्र निर्माण और पत्र वितरण', 'छपाई विभाग', 'ब्लाक', 'मुद्रण कला के विकास का इतिहास', अखबारी कागज, चौथे भाग 'विविध विषय' के अन्तर्गत 'पत्र का संघटन', 'पत्र कानून', 'कापी राइट', 'जनसंपर्क', रेडियो और टेलीविजन, पत्र कला, शिक्षण, 'पत्र उद्योग की जाँच', 'ब्रिटिश और भारतीय प्रेस कमीशन', पांचवें भाग के 'परिशिष्ट' के अन्तर्गत समाचार संग्रह संघटन का सर्वोत्कृष्ट नमूना, मुद्रण कला में हो रही क्रांति, हिंदी प्रेस तार, 'दुनिया के विभिन्न देशों में अखबारी कागज की खपत तथा समाचार', 'पत्रों के प्रसार के तुलनात्मक आंकड़े', 'भारत में पत्र-पत्रिकाओं की संख्या', 'पत्रकार कला का शब्दकोश', 'पत्रकला की प्रगति का तिथिक्रम', 'नयी सूचनाएं' आदि दी गयी है। इस रूप में यह आधुनिक पत्रकार कला का सर्वपक्षीय विश्लेषण करने वाला ग्रंथ है।

इसी क्रम में एक अन्य उल्लेखनीय कृति विष्णु दत्त शुक्ल लिखित 'आधुनिक पत्रकार कला', है। इसके प्रथम भाग में बारह अध्याय हैं जिनमें पत्रकार कला और पत्रकार, समाचार पत्र (ऐतिहासिक दृष्टि कोण), समाचार पत्र (पर्यालोचन), समाचार पत्र (तुलनात्मक विचार), पत्रकार की नीतिमत्ता, पत्रकार और सरकार, समाचार पत्र संबंधी कानून, पूंजीपतियों का प्रवेश, रिपोर्टिंग, संवाददाता, समाचार समितियाँ, भेंट और बात-चीत शीर्षकों से विषय-विवेचन हुआ है। इस कृति के भाग २ के अन्तर्गत १६ अध्याय हैं। इसमें लेख और लेखक, प्रूफरीडिंग, समाचार संपादन, पत्र संपादन, आलोचना, उपसंपादक, संपादक, प्रबंध-संपादक, गत्यावरोध के कारण समस्याएं और समाधान, उन्नति के उपाय, पारिश्रमिक, शिक्षा व्यवस्था, पत्रकार का संगठन, विज्ञान, व्यावहारिक पत्रकारिता आदि शीर्षकों से पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न पक्षों की अवगति करायी गई है।

आधुनिक संदर्भ में पत्रकारिता का विश्लेषण करने वाली एक अन्य कृति (डॉ०) अर्जुन तिवारी लिखित 'आधुनिक पत्रकारिता' है। इसमें कुल १३ अध्याय हैं। पत्रकारिता का महत्व, पत्रकारिता की परिभाषा, समाचार पत्र, समाचार जगत, समाचार संकलन, समाचार प्रस्तुतीकरण, पृष्ठ सज्जा, पत्रकार, समाचार पत्र और सरकार, विज्ञान और समाचार पत्र, जनसंपर्क और पत्र, अनुवाद कला, उपसंहार तथा अन्त में परिशिष्ट के अन्तर्गत संपादन शब्द कोश तथा संदर्भ ग्रंथों की सूची है। इस रूप में इस कृति को अधिकाधिक समग्र रूपात्मक बनाने का प्रयास किया गया है।

हिंदी पत्रकारिता के अनेक उन्नायकों और विशिष्ट विद्वानों ने अपने सुदीर्घ, समर्पित और एक निष्ठ पत्रकार जीवन के अनुभवों पर आधारित भी कतिपय महत्व पूर्ण ग्रंथों का लेखन किया है, जो हिंदी पत्रकारिता साहित्य की अमर निधि हैं। इनमें अंबिका प्रसाद वाजपेयी लिखित 'समाचार पत्र कला' भी है। इसमें परिशिष्ट के अतिरिक्त १८ अध्याय हैं—अनादि जिज्ञासा, मान मज़दूरी, समाचार केन्द्र और साधन, समाचार पत्र और उनके अवयव, कार्य विभाजन, प्रशिक्षण और पारिश्रमिक, न्यूज एजेंसियाँ, भारत में संवाद समिति, असंपादकीय आवश्यकताएं, भारत में समाचार पत्र का अवतरण, अंग्रेजी में समाचार पत्रों का प्रकाशन, हिंदी समाचार पत्र का जन्म, भारत के कुछ नामी पत्रकार, प्रेस स्वतंत्रता की परिभाषा, पत्रों पर प्रभुत्व, संकीर्ण दृष्टिकोण का अभिशाप, संसदीय और अदालती हस्तक्षेप, अन्त में परिशिष्ट के अंतर्गत स्वतंत्रता आंदोलन कालिक गुप्त प्रकाश, विज्ञापन, दैनिक

पत्रों की सूची, ब्रिटिश पत्र, अमेरिकन पत्र, रूसी पत्र, संविधान के कुछ महत्वपूर्ण अनुच्छेद, मासिक 'नृसिंह' से उद्धरण, सर्कुलेशन आदि पर प्रकाश डाला गया है। इनसे इस ग्रंथ की व्यावहारिक उपयोगिता में वृद्धि हुई है।

संपादन कला के विभिन्न पक्षों से संबंधित अन्य भी अनेक कृतियां हिंदी में प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें के० पी० नारायणन लिखित 'संपादन कला' तथा प्रेम नारायण चतुर्वेदी लिखित 'संपादन कला' तथा पन्नालाल श्रीवास्तव लिखित 'पत्रकार कला' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

पत्रकारिता को मुख्य रूप से एक व्यापक और बहुआयामी व्यवसाय माना जाता है। उसके अनेक पक्ष हैं जिनमें संपादन और व्यवस्था प्रमुख है। प्रत्यक्षतः संपादन उसका प्राथमिक और आधारभूत अंग है। समाचार पत्रों के संदर्भ में संपादन कला का ज्ञान कराने वाली एक उल्लेखनीय कृति नंदकुमार देव शर्मा 'पत्र संपादन कला' है। इसमें कुल ११ अध्याय हैं—'मुद्रा यंत्र', 'विदेशी समाचार पत्रों का संक्षिप्त वृत्तांत', भारत में अखबार 'भारत में प्रेस ऐक्ट', संपादक का कर्तव्य कर्म', 'संपादन कार्य', 'रिपोर्टर और संवाददाता', 'संवाददाताओं के अद्भुत काम और गप्पें', 'इण्टरव्यू अर्थात् साक्षात्कार', 'प्रबंध संबंधी कुछ बातें' आदि का सांगोपांग वर्णन है। इस रूप में यह अपने विषय का सर्वपक्षीय परिचय प्रस्तुत करने वाली कृति है।

उक्त विषय पर एक अन्य कृति पत्रिकाओं के संपादन विषयक भी है। इसमें पत्रिका संपादन के विभिन्न पक्षों का आकलन है। यह कृति अपने विषय की एक विशेषज्ञ द्वारा लिखित महत्वपूर्ण कृति है। (डॉ०) रामचंद्र तिवारी लिखित 'पत्रिका संपादन कला' शीर्षक पुस्तक में पत्रकारिता से संबंधित निम्नलिखित विषयों का विशद विवेचन किया गया है—पत्रिका—परिभाषा की दृष्टि से, साहित्य सृजन की दिशा और पत्रिकाएं, पत्रिकाएं और भाषा की समस्या, युगीन चेतना और पत्रिकाएं, जनसंपर्क और पत्रिकाएं, संपादन कला, पत्रिका-संपादन के विविध कार्य, मुद्रण कला, पत्रकारिता एवं मुद्रण संबंधी शब्दावली। इन विषयों के समावेश से इस कृति में परिपूर्णता आई है।

संपादन कला एक विशिष्ट क्षमता की अपेक्षा रखने वाला कार्य है, जिसके सैद्धांतिक पक्षों से संबंध रखने वाले अनेक मौलिक ग्रंथ हिंदी में प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। इनके अन्तर्गत पत्र संपादन से संबंधित सभी विषयों का ज्ञान कराया गया है। इस दृष्टि से जो पुस्तकें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, उनमें (डॉ०) रामचंद्र तिवारी लिखित 'संपादन के सिद्धांत' है। यह पुस्तक १० अध्यायों में विभक्त है। इसके प्रथम अध्याय में समाचार पत्र की आवश्यकता, द्वितीय अध्याय में समाचार पत्र का कार्यालय, तृतीय में संपादक, चतुर्थ में समाचार संकलन, पंचम में समाचार संपादन, षष्ठ में विशिष्ट स्तंभ, सप्तम में अन्य प्रकार का संपादन, अष्टम में मुद्रण, नौवें अध्याय में प्रूफ संशोधन, दसवें में साज सज्जा से संबंधित विशिष्ट जानकारी प्रस्तुत की गयी है।

आज की पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण अंग मुद्रण कला है। इसके विभिन्न पक्षों का ज्ञान भी विज्ञ पत्रकारों के लिए अपेक्षित है। यांत्रिक विकास के समानांतर मुद्रण कला यंत्रों के भी विभिन्न रूप अन्वेषित हुए हैं। पत्र-पत्रिकाओं की आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग होता है। हिंदी में मुद्रण कला से संबंधित अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। मुद्रण कला की अधुनातन जानकारी से युक्त जो पुस्तकें हिन्दी में लिखी गयी हैं उनमें कृष्ण प्रसाद दर लिखित 'आधुनिक छपाई', श्याम सुन्दर शर्मा लिखित 'मुद्रण और साज सज्जा' तथा छवि नाथ पांडेय लिखित 'मुद्रण कला' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनमें आधुनिक मुद्रण प्रणालियों का विशद परिचय प्रस्तुत किया गया है।

पत्रकारिता के सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रायः सभी पक्षों का समावेश करते हुए भी कतिपय ग्रंथ हिंदी में प्रकाशित हुए हैं। इनका उद्देश्य पत्रकारिता के कार्य का सर्वपक्षीय विवेचन है। इस दृष्टि से हेरंब मिश्र लिखित 'संपूर्ण पत्रकारिता' शीर्षक पुस्तक विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें कुल १४ अध्याय हैं—पृष्ठभूमि, जन्म और विकास, पत्रकारिता और लोकतंत्र, पत्र स्वतंत्रता और स्वामित्व, पत्र और पत्र-संचालक, सामान्य ज्ञान और योग्यता, असाधारण ज्ञान और व्यक्तित्व, संपादकीय पृष्ठ, पत्रकारिता और साहित्य, समाचार पत्र

कार्य विभाजन और कार्य प्रणाली, पृष्ठों की सजावट और शीर्षक, समाचार, पंच प्रमुख, समाचार त्रिदोष निवारण, समाचार-साधन, पत्र और पत्रकारिता, किसके लिए, आदि विषयों का समावेश करके इसे अधिकाधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है।

आज की पत्रकारिता इतनी व्यापक, व्यावसायिक व बहुक्षेत्रीय हो गयी है कि केवल समाचार पत्र के कार्यालय में बैठ कर संपादक अपने पत्र का सम्यक् रूप से संचालन और प्रस्तुतीकरण नहीं कर सकता। इसके लिए एक तो यह आवश्यक है कि उसके समाचार पत्र के स्तर के अनुरूप स्थानीय, प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उसके संवाददाता कार्यरत हों और दूसरी ओर समाचार समितियों के माध्यम से भी संवाद विद्युत यंत्रों पर स्वचालित रूप में स्वत: उपलब्ध हों। इस दृष्टि से संवाद समितियों और संवाददाताओं के साथ-साथ संवाद कला का महत्व भी बढ़ गया है। इस विषय से संबंधित हिंदी में अनेक महत्व पूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें राजेंद्र लिखित 'संवाद और संवाददाता' तथा अभिराम झा लिखित 'संवाद कला' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

पत्रकारिता के सैद्धांतिक पक्ष से सम्बन्धित भी कतिपय कृतियाँ हिंदी में प्रकाशित हुई हैं। इनमें 'पत्रकारिता के मूल सिद्धांत' शीर्षक कृति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसके प्रणेता (डॉ०) श्रीपाल शर्मा हैं। इसके सामान्य परिप्रेक्ष्य के अन्तर्गत 'समाचार', 'पत्रकारिता का दायित्व', ऐतिहासिक के अन्तर्गत 'भारत में प्रेस की स्थापना', 'पत्रकारिता और सरकारी नीति', 'उर्दू पत्रकारिता उद्भव विकास', 'हिंदी पत्रकारिता उद्भव विकास', व्यवस्था के अन्तर्गत 'सामान्य प्रबंध', 'विज्ञान प्रसार', 'मुद्रण कला', साज सज्जा के अन्तर्गत समाचार पत्र की साज सज्जा, 'पत्र के नाम का रूपाकार', 'प्रथम पृष्ठ का मेकअप', 'अन्य पृष्ठों का मेकअप', डमी बनाना 'चित्र सज्जा', 'संपादक' शीर्षक के अन्तर्गत 'रेडियो पत्रकारिता', दूरदर्शन और पत्रकारिता, 'प्रमुख पत्रकारों का परिचय' तथा अन्त में 'पत्रकारिता—शब्दावली' तथा परिशिष्ट देकर इस कृति को विषय गत परिपूर्णता प्रदान की गई है।

यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि हिंदी पत्रकारिता ने भी भारत की राजनैतिक स्वतंत्रता के लिए गये आंदोलनों में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। हिंदी के अनेक मनस्वी पत्रकार स्वतंत्रता आन्दोलन से भी जुड़े हुए हैं और उनका बलिदान भी स्मरणीय है। (डॉ०) अर्जुन तिवारी लिखित 'स्वतंत्रता आंदोलन और हिंदी पत्रकारिता' इस दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कृति है। यह पुस्तक सात अध्यायों में विभक्त है—प्रथम अध्याय के अन्तर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रारंभिक पत्रकारिता, द्वितीय अध्याय में उद्भव काल (१६००-१६२०), जासूस क्षत्रिय, ज्ञान शक्ति, प्रभाकर, स्वदेश, प्रकीर्ण, तृतीय अध्याय में क्रांतिकाल (१६२०—१६४७) समय, जीवन, संदेश युगातंर, विजय कवि विभूति, कल्याण, आनंद, वसुंधरा', आरोग्य प्रकीर्ण, चतुर्थ अध्याय में वैविध्यकाल, (१६४८, १६६२) के अन्तर्गत 'सवेरा' 'मानव', 'सेवक' 'लोक सेवक', 'पंचमुख', 'प्रकाश', 'देवरिया', 'कर्मयोगी', 'विहान', 'ग्रामस्वराज्य', 'साप्ताहिक आजमगढ़', शतदल 'विकास मार्ग प्रकीर्ण पत्र', षष्ठ अध्याय के अन्तर्गत 'स्वतंत्रता' आंदोलन और काशी की पत्रकारिता, सप्तम अध्याय में प्रमुख पत्रों के समर्पित संपादक तथा अन्त में उपसंहार दिया गया है। इस रूप में एक विशिष्ट परिवेश में हिंदी पत्रकारिता का आकलन करने वाली यह एक उल्लेखनीय कृति है।

तथ्यत: आज पत्रकारिता के बहुसंख्यक रूप विकसित हो चुके हैं। यह तथ्य हिंदी पत्रकारिता की सांप्रतिक समृद्धि का द्योतक है। आज हिंदी में पत्रकारिता के जिन रूपों का प्रचार और प्रसार परिलक्षित होता है उनका आकलन करने वाली एक कृति 'पत्रकारिता के विविध रूप' है। (डॉ०) राम चंद्र तिवारी लिखित इस पुस्तक में कुल नौ अध्याय हैं—प्रथम में हिंदी पत्रकारिता का उद्भव और विकास (भाषा शैली, प्रवृत्ति एवं परिवेश), दूसरे में हिंदी पत्रकारिता का उद्भव और विकास 'द्विवेदी युग', 'तिलक युग', तीसरे अध्याय में पत्रकारिता का स्वरूप क्षेत्र, चौथे के अन्तर्गत पत्रकारिता के विविध माध्यम, पांचवें के अन्तर्गत पत्रकारिता और जनसंपर्क, छठे के अन्तर्गत औद्योगिक पत्रकारिता, सातवें के अन्तर्गत अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य और विधि, आठवें के अंतर्गत आचार संहिता और प्रेस कौंसिल, नौवें के

अंतर्गत पत्र-पत्रिकाओं की नीति निर्माण के आधार आदि निर्दिष्ट किये गये हैं ।

यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास हिंदी भाषा और साहित्य के इतिहास से भी जुड़ा हुआ है । दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि हिंदी साहित्य के विकास में हिंदी पत्रकारिता का योगदान भी विशेष महत्व रखता है । इसी कारण हिंदी में पत्रकारिता का एक स्वतंत्र स्वरूप विकसित हुआ है जिसे साहित्यिक पत्रकारिता कहते हैं । पत्रकारिता के इस विशिष्ट रूप का आकलन करने वाली एक महत्वपूर्ण कृति (डॉ०) रमा सिंह लिखित 'साहित्यिक पत्रकारिता' है । इसमें कुल ४ अध्याय हैं, जो पत्रकारिता एक संघर्ष यात्रा, नियतकालीन-अनियत कालीन-पत्रिकाएं, संपादकीय दृष्टि, साहित्यिक पत्रिकाएं तथा हिंदी के पत्रकार हैं । यह भी अपने विषय की एक विशिष्ट रचना है ।

हिंदी पत्रकारिता में विभिन्न प्रदेशों के योगदान का आकलन करने वाले अनेक निबंध विभिन्न ग्रंथों में संकलित हैं । इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि कतिपय प्रदेशों के विशेष योगदान और पत्रकारिता से संबंधित स्वतंत्र समीक्षात्मक ग्रंथ भी प्रकाशित हुए हैं। इस वर्ग में डॉ० कैलाश नारद द्वारा लिखित 'मध्य प्रदेश में हिंदी पत्रकारिता—एक शताब्दी' एक महत्वपूर्ण रचना है। इस में कुल १६ अध्याय हैं, जो 'भारत में पत्रकारिता का उद्भव और विकास', 'मध्य प्रदेश का पहला समाचारपत्र 'मालवा अखबार', '१८५७ का स्वाधीनता संग्राम और विचार स्वातंत्र्य', 'पं० माधव राव सप्रे और उनका छत्तीस गढ़ मित्र,' 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना और 'भारत भ्राता', 'हिंदी ग्रंथ माला और हिंदी केसरी', एनीबेसेंट और उनका विचार वेदांत,' 'महाकोशल की हिंदी पत्रकारिता', 'मध्य प्रदेश की जातीय पत्रकारिता', 'मध्य प्रदेश में छायावाद प्रणीत हिंदी पत्रकारिता', 'विंध्य प्रदेश की हिंदी पत्रकारिता और पं० बनारसीदास चतुर्वेदी', 'माखनलाल चतुर्वेदी और उनका 'कर्मवीर,' 'बीसवीं शताब्दी के दूसरे दशक की जातीय पत्रकारिता', मध्य प्रदेश की हिंदी पत्रकारिता में प्रगतिवाद की छाया', 'पं० द्वारिका प्रसाद मिश्र की पत्रकारिता', 'श्रममनस्विता की संकलिपत आस्था हुकुम चंद नारद','सिद्धनाथ माधव आंगरकर', 'जबलपुर की पत्रकारिता और पत्रकार', 'जबलपुर की हिंदी पत्रकारिता', 'सिलसिला जारी है' आदि शीर्षकों से प्रस्तुत किये गये हैं। यह हिंदी में अपने विषय की एक महत्वपूर्ण कृति है ।

हिंदी की पत्रिकाओं की विषयानुसार विवरणिका और वर्ग बद्ध सूची प्रस्तुत करने की दिशा में भी अनेक प्रयास हुए हैं । इनमें 'हिंदी की पत्रिकाएं' विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिसके संपादक गौण्डा राम शर्मा तथा अखिल विनय हैं । इसमें १६ अध्याय हैं—संपादक की आसंदी, हिंदी पत्रों के सवा सौ वर्ष, दैनिक पत्र, धार्मिक एवं दार्शनिक, आर्य समाजी पत्र, सनातन धर्मी जैन धर्म, बौद्ध धर्म, ईसाई, आध्यात्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक, विविध ऐतिहासिक एवं शोध पत्रिकाएं, इतिहास संबंधी, साहित्य संबंधी, साहित्य एवं शैक्षणिक जिसमें प्रगतिवादी, गल्प व कहानी, काव्यात्मक, आलोचनात्मक भाषा संबंधी, हास्य रस प्रधान, शिक्षा, सामान्य राजनैनिक पत्र, कांग्रसी व गांधीवादी, साम्राज्यवादी, उग्र राष्ट्रीय, अग्रगामी, हिंदूराष्ट्रवादी, किसान व मजदूर, सरकारी पत्र, राष्ट्रीय पत्र, सामान्य पत्र, सामाजिक संस्था प्रचारक एवं जातीय अछूतोद्धार, ग्रामोत्थान, संस्था प्रचारक, जातीय साधारण, स्काउटिंग, प्रवासी, आदिवासी, स्वास्थ्य संबंधी आरोग्य, आयुर्वेद, व्यायाम, वैज्ञानिक, युद्ध विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, ज्योतिष, कृषि, काम विज्ञान, ग्रन्थालय शास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं व्यवसाय, अर्थशास्त्रीय व्यावसायिक, बालकोपयोगी, बाल वर्ग, किशोर वर्ग, स्त्रियोपयोगी कला संगीत व सिनेमा, विविध विषयक के अन्तर्गत कानून, चयन पत्र, रेल व यातायात, द्वैमासिक, सर्वविषयक, परीक्षा विषयक, विदेशों के हिंदी पत्र अंत में परिशिष्ट के अन्तर्गत पूर्व प्रकाशित पत्रों की सूची व तिथि आदि भी दी गयी हैं, जिनसे इसकी उपयोगिता बढ़ गयी है । डॉ० राम चन्द्र तिवारी द्वारा संपादित 'हिंदी पत्र पत्रिका : निर्देशिका' तथा वेंकट लाल ओझा द्वारा संपादित 'हिंदी समाचार पत्र निर्देशिका' इस विषय के अन्य विशिष्ट महत्व के ग्रंथ हैं ।

आज का युग विज्ञापन और प्रचार का है। निसर्गतः इन दोनों के ही बहुसंख्यक और अधुनातन

साधनों में निरंतर अपरिमित वृद्धि होती गई है। पत्रकारिता भी विज्ञापन का एक सशक्त माध्यम है । एक जन माध्यम के रूप में उसकी व्यापकता का आकलन करते हुए जन संपर्क के विभिन्न माध्यमों का समसामयिक परिवेश में विश्लेषण करने वाली एक अन्य उल्लेखनीय कृति राजेंद्र लिखित 'लोक संपर्क' है । इसी क्रम में 'जन माध्यम और पत्रकारिता', शीर्षक कृति भी उल्लेखनीय है । इसमें प्रवीण दीक्षित ने प्रथम भाग में २३ अध्याय दिये हैं, जो 'जन माध्यम और पत्रकारिता', 'समाचार पत्र', 'पुस्तकें', 'पुस्तक उद्योग', 'चलचित्र', 'चलचित्र निर्माण', 'रेडियो', 'टेलीविजन', 'समाचार पत्र प्रबंध', 'प्रधान संपादक', 'सहयोगी संपादक', 'संवाद और 'संवाददाता', 'समाचार सूत्र', 'समाचार लेखन', 'समाचार शीर्षक', 'समाचार संपादन', 'मेक अप', 'वर्तनी पुस्तिका', 'संपादकीय पृष्ठ', 'संसदीय पत्रकारिता', 'आर्थिक 'पत्रकारिता', 'खेल पत्रकारिता', 'प्रूफरीडिंग हैं', द्वितीय खंड़ में १९ अध्याय है—'रेडियो पत्रकारिता', 'टेलीविजन पत्रकारिता', 'वृत्तांत पत्रकारिता', 'अनुसंधान पत्रकारिता', 'पत्रिका पत्रकारिता', 'जनसंपर्क', 'जनमाध्यम और विज्ञापन', 'अन्वेषणात्मक पत्रकारिता', 'पत्रकारिता प्रशिक्षण', 'ग्रामीण पत्रकारिता', 'फोटो पत्रकारिता', 'प्रेस कानून और संविधान', 'पत्रकारिता का नीति शास्त्र', 'संदर्भ पत्रकारिता', 'पत्रकारिता और उत्तर दायित्व', 'भारतीय समाचार समितियाँ', 'प्रसार व्यवस्था' आदि तथा अन्त में कुछ प्रमुख भारतीय पत्रकारों का परिचय है । इस रूप में यह अपने विषय की सर्वथा उपयोगी रचना है ।

आज के युग में जन संचार के जिन माध्यमों का विकास हुआ है उनमें पत्रकारिता के अतिरिक्त आकाशवाणी, दूरदर्शन, चलचित्र, प्रदर्शनी, मेला आदि बहुसंख्यक माध्यम हैं । यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि पत्रकारिता उसका एक सशक्त रूप है और अनेक दृष्टियों से उनकी तुलना में विशिष्ट भी है । इस विषय पर एक महत्वपूर्ण कृति डॉ० बलदेवराज लिखित 'भारत में जनसंपर्क' है । इस पुस्तक में कुल १६ अध्याय हैं, जो 'जनसंपर्क--विषय प्रवेश,' 'जनसंपर्क का इतिहास,' 'जनसंपर्क आधुनिक व्यवसाय,' 'प्रेस एवं जन संपर्क ,' 'गृह पत्रिका एवं अन्य प्रकाशन और विज्ञापन,' 'रेडियो', दूरदर्शन एवं जनसंपर्क', 'प्रदर्शनी मेला और जनसंपर्क', 'आतिथ्य पर्यटन और जनसंपर्क', 'उद्योग व्यापार प्रबंध और जनसंपर्क'; 'सरकार और जनसंपर्क', 'जनसंपर्क सर्वेक्षण और अनुसंधान', 'आधुनिक भारत में जनसंपर्क' शीर्षकों के अंतर्गत प्रस्तुत किये गये हैं । इस रूप में इसमें विषय से संबंधित अधुनातन अवगति प्रस्तुत की गई है ।

यह संतोष का विषय है कि आज न केवल आलोचनात्मक स्तर पर वरन् शोध स्तर पर पर भी पत्रकारिता विषयक कार्य हो रहा है । यह हिंदी पत्रकारिता की गरिमा के भी अनुकूल है । यहाँ ज्ञातव्य है कि डॉ० रामरतन भटनागर ने 'हिंदी पत्रकारिता का उद्भव और विकास' (दि राइज ऐण्ड ग्रोथ आफ हिंदी जर्नलिज्म) शीर्षक शोध प्रबंध की रचना की थी और हिंदी पत्रकारिता विषयक एक प्रामाणिक ग्रंथ प्रस्तुत किया था । इसके पश्चात् इस क्षेत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य डॉ० कृष्ण बिहारी मिश्र द्वारा किया गया । उनका 'हिंदी पत्रकारिता' शीर्षक ग्रंथ पत्रकारिता संबंधी हिंदी शोध कार्य की एक विशिष्ट उपलब्धि है । इसमें कुल पांच खंड हैं । प्रथम खंड के अंतर्गत 'भारतीय जन जागरण और हिंदी पत्रकारिता', 'कलकत्ते के आरंभिक पत्र, 'उपलब्ध सामग्री की विवेचना', द्वितीय खंड के अन्तर्गत 'राष्ट्रीय आंदोलन की प्रगति, दूसरे दौर की हिंदी पत्रकारिता', 'राष्ट्रीयता का विकास और हिंदी पत्रकारिता का दूसरा-दौर', 'उचित वक्ता', तृतीय खंड के अन्तर्गत 'बीसवीं शताब्दी का आरंभ और हिंदी पत्रकारिता का तीसरा दौर', 'हिंदी पत्रकारिता का तिलक युग', 'कलकत्ते का राजनीतिक हिंदी मासिक नृसिंह'. 'देव नागरी लिपि का उन्नायक पत्र देव नागर', चतुर्थ खंड के अन्तर्गत 'हिंदी पत्रकारिता का गांधी युग', 'आत्म परिचय', 'मतवाला'. 'साप्ताहिक पत्र', 'कलकत्ते के दैनिक पत्र', पंचम खंड में कलकत्ते की हिंदी पत्र-पत्रकारिता के विशिष्ट उन्नायक, साम्प्रतिक पत्रकारिता, 'आदर्शों में विघटन और मनोबल का ह्रास', 'हिंदी गद्य के निर्माण में कलकत्ते की पत्रकारिता का योग तथा पुस्तक के अंत में उपसंहार दिया गया है। इस दृष्टि से यह हिंदी पत्रकारिता क्षेत्रीय अनुसंधान की एक अभिनव दिशा इंगित करने वाला ग्रंथ है ।

शोध स्तर पर पत्रकारिता विषयक कृतियों में एक

महत्वपूर्ण ग्रंथ डॉ० रत्नाकर पांडेय लिखित 'प्रेमचंद और हंस' शीर्षक से भी प्रकाशित हुआ है। यह कुल चौदह अध्यायों में विभक्त है, जिनके शीर्षक 'मासिक पत्रिकाओं की संपादन कला', 'हिंदी पत्रकारिता की भूमिका', 'प्रेमचंद की साहित्य चेतना', 'हंस की संपादन कला और उसका महत्व', 'प्रेमचंद की विचार धारा'; 'हंसवाणी', 'हंस का सलाहकारी मंडल', 'हंस और प्रेमचंद की कहानियां', 'आत्मकथांक',' काशी अंक', 'आचार्य द्विवेदी अभिनंदन', 'हंस के प्रमुख विवाद', 'हंस और प्रेमचंद की साहित्य चेतना', 'हंस परिशिष्ट', 'भारतीय साहित्य का संगठन', 'भारतीय साहित्य के संगठन की आलोचना', 'हंस में प्रकाशित विविध विधाओं की रचनानुक्रमणिका', 'समापन' आदि हैं। यह हिंदी के विशिष्ट संपादक-पत्रकार की संपादन क्षेत्रीय उपलब्धियों को आकलित करने वाला एक विशिष्ट ग्रंथ है।

हिंदी में पत्रकारिता से संबंधित पी–एच० डी० के स्तर पर जो शोध प्रबंध लिखे गये हैं, उनके माध्यम से तो इस विषय के अध्ययन की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास हुआ ही है, एम० ए० के लघु शोध प्रबंधों के रूप में भी कुछ कृतियाँ पत्रकारिता से संबंधित प्रकाशित हुई हैं। इस दृष्टि से (डॉ०) रमेश चंद्र त्रिपाठी लिखित 'पत्रकार निराला' शीर्षक पुस्तक उल्लेखनीय है। यह पुस्तक १४ अध्यायों में विभक्त है। इसमें साहित्यिक पत्रकारिता और संपादन कला का स्वरूप, साहित्यिक हिंदी पत्रकारिता की पृष्ठभूमि, 'निराला' द्वारा संपादित पत्र 'मतवाला', 'निराला' द्वारा संपादित 'सुधा', 'निराला' द्वारा संपादित लघु पत्र 'रंगीला', पत्रकार 'निराला' की विशिष्ट उपलब्धियाँ, साहित्यकार 'निराला' और पत्रकार 'निराला' का सह संबंध' आदि शीर्षकों के अंतर्गत विषय का प्रामाणिक विश्लेषण हुआ है।

हिंदी पत्रकारिता के विकास में अनेक मनीषियों का योगदान रहा है। इनमें से कुछ के समग्र व्यक्तित्व और योगदान का आकलन करते हुए स्वतंत्र ग्रंथों का प्रणयन हो चुका है। कुछ में हिंदी पत्रकारिता के विकास, पत्रकार कला और पत्रकारों की देन का समग्र रूपात्मक आकलन भी हुआ है। उदाहरण के लिए 'पत्र और पत्रकार' शीर्षक पुस्तक में कमलापति शास्त्री तथा पुरुषोत्तम दास टंडन पत्रकार ने २१ अध्यायों में 'जीवन में पत्र का स्थान और प्रभाव', 'पत्रों की रचना और प्रकाशन', 'विभिन्न देशों के पत्रों की वर्तमान स्थिति', 'पत्रों का व्यवसायीकरण', 'भारतीय पत्रकारिता का विकास', 'भारतीय पत्रों की वर्तमान स्थिति', 'भारतीय पत्र और पत्रकारों के गुण दोष', 'पत्रकार कैसे बनें कुछ आवश्यक परामर्श', 'संपादक—उसके कार्य और आदर्श', 'संपादकीय कार्य'; 'सहायक संपादक—उप संपादक', समाचार संग्रह, समाचार एजेंसियाँ, 'लेखन और लेखक'; 'व्यवस्थापन', 'पत्र और रेडियो' 'पत्रकारों की कठिनाइयाँ और समस्याएं' तथा 'हमारा भविष्य' शीर्षकों के अंतर्गत विषय का समुचित विवेचन किया है।

हिंदी के विशिष्ट पत्रकारों के हिन्दी पत्रकारिता के विकास में योगदान का आकलन करने वाली जो अन्य पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, उनमें बी० एल० ठाकुर तथा सुशील कुमार पांडेय लिखित 'हिंदी पत्रों के संपादक' विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार से हिंदी पत्रकारिता के उन्नयन में कतिपय महान् पत्रकारों का योगदान उल्लेखनीय है। इनमें में कुछ पर शोध प्रबंधों का प्रणयन भी हो चुका है। ये शोध प्रबंध प्रकाशित रूप में भी हैं और टंकित रूप में भी। कुछ पत्रकारों पर शोधेतर समीक्षात्मक ग्रंथ भी लिखे गये हैं। इस दिशा में एक महत्वपूर्व रचना लक्ष्मी शंकर व्यास लिखित 'पराड़कर जी और पत्रकारिता' शीर्षक कृति है। इसमें हिंदी के विख्यात, समर्पित और निष्ठावान् पत्रकार बाबूराव विष्णु पराड़कर के जीवन दर्शन, साहित्य और पत्रकारिता का विशद विश्लेषण है। इसमें पराड़कर जी के प्रति श्रद्धांजलियां भी संकलित की गई हैं। यह कृति कुल तीन खंडों में विभक्त है। इनमें से जीवन खंड के अन्तर्गत 'शिक्षा दीक्षा तथा राष्ट्रीय संस्कार', 'कलकत्ते में पत्रकारी,' 'क्रांतिकारी दलों में कार्य', राष्ट्रीय दैनिक 'आज' का संपादन, 'प्रथम संपादक सम्मेलन के सभापति,' 'विधवा विवाह', 'पत्नी की बीमारी और मृत्यु,' 'काशी में क्रांतिकारी कार्य', 'हिंदी साहित्य सम्मेलन के सभापति,' प्रेम चंद और पराड़कर,' 'कमला' तथा 'संसार' का संपादन, 'स्वागताध्यक्ष, सभापति तथा सम्मान', समाज और परिवार में, इसके द्वितीय खंड के

अंतर्गत 'हिंदी भाषा तथा साहित्य को देन', 'शब्द जो पराड़कर जी ने चलाये', 'साहित्यकारों का निर्माण तथा प्रेरणा', 'पराड़कर जी और हिंदी साहित्य सम्मेलन,' 'गीता और देश की बात,' तृतीय खंड 'पत्रकारिता-खंड' के अन्तर्गत 'पराड़कर जी की संपादन कला', 'पराड़कर जी के ऐतिहासिक अग्रलेख और टिप्पणियाँ', 'समाचार पत्र तथा पत्रकारिता के आदर्श', 'पत्रकारिता का विकास और पत्रकारों का संघटन,' 'संपादन संबंधी सिद्धांत तथा पद्धति' आदि शीर्षकों के अन्तर्गत हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में पराड़कर जी की देन को रेखांकित किया गया है।

जिस प्रकार से पत्रकार 'निराला', 'प्रेमचंद', और पराड़कर आदि से संबंधित अनेक शोध ग्रंथ एवं समीक्षात्मक कृतियां प्रकाशित हुई हैं, उसी प्रकार से लक्ष्मी शंकर व्यास लिखित कृति 'संपादक पराड़कर और हिंदी पत्रकाारिता' के समानान्तर 'महामना मालवीय और पत्रकारिता' भी उल्लेखनीय है। इसमें हिंदी के इस मनस्वी पत्रकार की विशिष्ट देन का आकलन है।

हिंदी के कतिपय पत्रकारों ने अपने सुदीर्घ पत्रकार जीवन के विशिष्ट अनुभवों को आत्मकथा के रूप में लिखा है। इस दृष्टि से मूलचंद्र अग्रवाल लिखित 'पत्रकार की आत्मकथा' एक विशिष्ट महत्व की कृति है। इसी प्रकार से हिंदी पत्रकारिता से संबंधित कुछ कृतियाँ वरिष्ठ पत्रकारों के अनुभवों और संस्मरणों पर भी आधारित हैं। इनसे यह ज्ञात होता है कि पत्रकारिता के विकास में हिंदी के पत्रकारों को संघर्ष के किन दौरों से गुजरना पड़ा है। मुकुट बिहारी वर्मा लिखित 'पत्रकारिता के अनुभव, इसी प्रकार की एक कृति है। इस क्षेत्र में एक अन्य उल्लेखनीय कृति इंद्र विद्यावाचस्पति लिखित 'पत्रकारिता के अनुभव' है। इस पुस्तक के अन्तर्गत १२ अध्याय हैं। इनमें 'शैशव', 'दिल्ली में', 'दैनिक विजय', 'साप्ताहिक सत्यवादी', 'दैनिक अर्जुन', 'पूंजीपतियों से संघर्ष', 'दैनिक नवराष्ट्र', 'समाचार पत्र का प्रारंभ काल', 'समाचार पत्रों के उपयोग', समाचार पत्रों की शक्ति,' 'भारत में पत्रकारिता क्या व्यवसाय बनेगी' आदि शीर्षकों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रीय अनुभवों और संस्मरणों को भाषाबद्ध किया गया है।

आज हिंदी पत्रकारिता के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं। उसका भावी स्वरूप निर्धारण उसकी इसी सक्षमता पर निर्भर करता है कि वह इनका किस प्रकार से सामना करती है। साम्प्रतिक पत्रकारिता के परिवेश में इन्हीं चुनौतियों को लेकर लिखी गयी एक महत्वपूर्ण कृति हेरंब मिश्र लिखित 'पत्रकारिता संकट और संत्रास' है। इसमें 'पत्रकारिता आदर्श और वास्तविकता', 'पत्रकार व्यक्तित्व का ह्रास', 'पत्रकारिता योग्यता का प्रश्न', 'पत्रकार का लेखन धर्म', 'प्राप्त स्वतंत्रता का भी उपयोग नहीं', 'स्वस्थ वातावरण का अभाव', 'अपमान की स्थिति', 'पत्रकार की रात', 'समाचार पत्र और पाठक', 'समाचार तथ्य स्थिति', 'अपराध समाचार और सामाजिक दृष्टि', 'समाचारेतर पाठ्य सामग्री', 'संपूर्ण स्थिति एक चुनौती,' अंतिम प्रश्न,' 'क्या कोई अभियान संभव?' आदि शीर्षकों के अंतर्गत हिंदी पत्रकारिता की साम्प्रतिक स्थिति का आकलन है।

संवाददाता, समाचार समिति अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त समाचार के संकलन और लेखन का कार्य भी पत्रकार की क्षमता को दर्शाता है। यह संतोष का विषय है कि पत्रकारिता के इस पक्ष से संबन्धित साहित्य भी हिंदी में उपलब्ध है। नंद किशोर त्रिखा लिखित 'समाचार संकलन और लेखन' इस दृष्टि से एक उल्लेखनीनय रचना है। इसी प्रकार से प्रेम नाथ चतुर्वेदी लिखित 'समाचार संपादन' शीर्षक पुस्तक विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें कुल २७ अध्याय हैं, जो 'संपादकीय विभाग', 'उपसंपादक', 'समाचार', 'समाचार समितियां', 'समाचार चयन', 'समाचार संपादन', 'भाषा', 'अनुवाद और नाम', 'वाक्स और इनसेट', 'पृष्ठ सज्जा', 'चित्र और नक्शे', 'संस्करण साधारण और विशेष', 'प्रतिसंशोधन', 'क्रीडा कक्ष', 'कंपोज विभाग', 'विज्ञान समाचार', 'मौसम समाचार', 'व्यापार समाचार', स्थानीय समाचार', 'डाक समाचार', 'खेल समाचार', 'फिल्म समाचार', 'आकाशवाणी समाचार', 'दूर दर्शन समाचार', 'संपादन और कानून', 'आचार संहिता', 'प्रेस पंजीकरण अधिनियम' तथा अंत में परिशिष्ठ के अन्तर्गत 'प्रेस शब्द सूची', 'समाचार पत्र', 'समाचार संपादन विषयक पुस्तकें' आदि शीर्षक प्रस्तुत किये गये हैं। यह अपने विषय की एक महत्वपूर्ण कृति है।

हिंदी पत्रकारिता के समग्र स्वरूप का आकलन करने वाले अनेक ग्रंथ भी प्रकाशित हुए हैं । इनमें एक विशिष्ट ग्रंथ डॉ॰ वेद प्रताप वैदिक द्वारा संपादित 'हिंदी पत्रकारिता विविध आयाम' शीर्षक ग्रंथ है। यह ग्रंथ कुल सात खंडों में विभाजित है । इसके प्रथम खंड में सामान्य परिप्रेक्ष्य के अन्तर्गत प्रेमनाथ मल्हन लिखित 'विश्व पत्रिकारिता कुछ मुख्य प्रवृतियाँ', वि॰ सुंदरेशन लिखित 'पत्रकारिता का उद्‌भव और विकास', डॉ॰ धर्मवीर भारती लिखित 'हिंदी अखबार और आकाशवाणी में हिंदी', डॉ॰ त्रिलोक सिधवानी लिखित 'संसद और समाचार पत्र', डॉ॰ श्याम परमार लिखित 'तीन प्रमुख पत्रों का तुलनात्मक विश्लेषण', डॉ॰ विनोद कुमार सक्सेना लिखित 'भारतीय समाचार पत्रों के प्रति ब्रिटिश नीति एक अध्ययन', डॉ॰ श्रीपाल शर्मा लिखित 'ब्रिटिश शासन के प्रति हिंदी पत्रों की नीति', इसके द्वितीय खंड 'इतिहास विकास' में डॉ॰ कृष्ण बिहारी मिश्र लिखित 'हिंदी पत्रकारिता बंगीय भूमिका', लक्ष्मीशंकर व्यास लिखित 'उत्तर प्रदेश की हिंदी पत्रकारिता', राजकुमार जैन लिखित 'मध्य भारत की हिंदी पत्रकारिता यात्रा कथा', डॉ॰ कैलाश नारद लिखित 'मध्य प्रदेश की हिंदी पत्रकारिता : 'एक मूल्यांकन', डॉ॰ भंवर सुराणा लिखित 'राजस्थान की हिंदी पत्रकारिता', डॉ॰ शैलेन्द्र कुमार मोहन लिखित 'बिहार की हिंदी पत्रकारिता', अवनींद्र कुमार विद्यालंकार लिखित 'दिल्ली की हिंदी पत्रकारिता : अतीत और वर्तमान', डॉ॰ जय भगवान गोयल लिखित हरियाणा की हिंदी पत्रकारिता', विजय सहगल लिखित 'हिमाचल की हिंदी पत्रकारिता', वीरेंद्र बी॰ पी॰ माधव लिखित 'पंजाब की हिंदी पत्रकारिता', डॉ॰ सत्य नारायण दवे लिखित 'महाराष्ट्र की हिंदी पत्रकारिता' लक्ष्मीकांत 'सरस' लिखित 'तमिलनाडु की हिंदी पत्रकारिता', डॉ॰ श्रीराम शर्मा लिखित 'आंध्र प्रदेश की हिंदी पत्रकारिता', डॉ॰ परमानंद गुप्त लिखित कर्नाटक की हिंदी पत्रकारिता', (डॉ॰) जी॰ गोपीनाथन लिखित 'केरल की हिंदी पत्र कारिता', मधुसूदन साहा लिखित 'उड़ीसा की हिंदी पत्रकारिता', (डॉ॰) निजामुद्दीन लिखित 'जम्मू कश्मीर की हिंदी पत्रकारिता', रवींद्र लिखित 'पांडिचेरी की हिंदी पत्रकारिता', रमण शांडिल्य तथा शिवदयाल कावरा लिखित 'पूर्वांचल की हिंदी पत्रकारिता', (डॉ॰) कुंज बिहारी वार्ष्णेय लिखित 'गुजरात की हिंदी पत्रकारिता', (डॉ॰) सूर्य प्रसाद दीक्षित एवं बच्चू प्रसाद सिंह लिखित 'विदेशों में हिंदी पत्र-पत्रिकाएं इसके तृतीय खण्ड विविध रूप में (डॉ॰) धर्मेंद्र गुप्त लिखित 'साहित्यिक लघु-पत्रिकाएं', बच्चन श्रीवास्तव लिखित 'फिल्मी पत्रकारिता', (डॉ॰) श्रीकृष्ण चंद्र तिवारी 'राष्ट्रबंधु' लिखित 'बाल-पत्रकारिता', योगराज थानी तथा सुशील जैन लिखित 'खेल पत्रकारिता', वासुदेव झा शांत लिखित 'वाणिज्य-व्यवसाय पत्रकारिता', हरीश अग्रवाल लिखित 'विज्ञान पत्रकारिता', (डॉ॰) बरसाने लाल चतुर्वेदी लिखित 'हास्य व्यंग्य पत्रकारिता', मदन मोहन गुप्ता लिखित 'ग्रामीण पत्रकारिता', ठाकुर घनश्याम नारायण सिह लिखित ब्रेल-पत्रकारिता', भवानी प्रसाद मिश्र लिखित 'सर्वोदय पत्रकारिता', शिव कुमार गोयल लिखित 'धार्मिक आध्यात्मिक पत्रकारिता', क्षेमचंद्र 'सुमन' लिखित 'आर्य समाज और हिंदी पत्रकारिता', दीनानाथ दुबे लिखित प्रकीर्ण पत्रिकाएं', इसके चौथे खण्ड 'कला और शिल्प' में (डॉ॰) प्रेमनाथ चतुर्वेदी लिखित 'समाचार और उसका संपादन', (डॉ॰) रामचंद्र तिवारी लिखित 'शीर्षक कैसे दें ?', क्षितीश वेदालंकार लिखित 'संपादकीय पृष्ठ', सुरेशचंद्र शर्मा लिखित 'समाचार पत्रों की भाषा', डॉ॰ श्याम सिह शशि लिखित 'समाचार संकलन', 'यतींद्र भटनागर लिखित 'भेंटवार्ता कैसे करें,' पी॰ डी॰ टंडन लिखित 'फीचर कैसे लिखें', रविव्रत बेदी लिखित 'फोटो पत्रकारिता', ओम प्रकाश केजरीवाल लिखित 'पत्रकारिता जासूसी और वकालत,' सत सोनी लिखित 'साज सज्जा', डॉ॰ रत्नाकर पांडेय लिखित 'मासिक पत्र की संपादन कला, डॉ॰रामचंद्र तिवारी लिखित मुद्रण कला',डॉ॰देवेश किशोर लिखित रेडियो पत्रकारिता कश्मीरी लाल शर्मा लिखित संदर्भ पत्रकारता, पांचवें खंड में डॉ॰गौरी शंकर राजहंस लिखित 'समाचार पत्र की अर्थव्यवस्था', राम गोपाल छाबड़ा लिखित 'तीम लाख क्यों नहीं ?', एन॰ एन॰ पिल्लै लिखित 'भारत में प्रेस विज्ञापन कल और आज', (डॉ॰)सुकमाल कुमार जैन लिखित 'हिंदी के अखबार लचर ढांचा और पचर प्रबंध', इसके छठे

खंड 'विविध' के अन्तर्गत (डॉ०) लक्ष्मी मल्ल सिंघवी लिखित 'पत्रकारिता और क़ानून', मनुहरि पाठक लिखित 'समाचार समितियाँ', आनंद राजवंशी लिखित 'पत्रकार संगठन और आन्दोलन', बल्देवराज गुप्त लिखित 'भारत में पत्रकारिता प्रशिक्षण', डॉ० योगेश अटल लिखित 'हिंदी का अखबार', सुश्री उषा शर्मा 'सुरभि' लिखित 'पुराने पत्रकारों की शैली', डॉ० बाल कृष्ण अकिंचन लिखित 'हिंदी पत्रकारिता अनुभव के दर्पण में', डॉ० महादेव साहा तथा जोगेन्द्र सक्सेना लिखित 'हिंदी का पहला पत्र कौन सा था' तथा इसके अंतिम और सप्तम खंड में 'पत्रकार परिचय' के अन्तर्गत भारत एवं विदेशों के हिंदी पत्रकारों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया है । इस रूप में यह हिंदी पत्रकारिता की समग्र रूपात्मक अवगति कराने वाला एक विशिष्ट ग्रन्थ है ।

अनेक मान्य विद्वानों लिखित महत्व पूर्ण निबंधों के माध्यम से हिंदी पत्रकारिता का समग्र रूपात्मक आकलन करने वाला एक अन्य ग्रन्थ (डॉ०) रत्नाकर पांडेय, इंद्रबहादुर सिंह एवं राम व्यास द्वारा संपादित 'हिंदी पत्रकारिता' है । इसमें कुल ४६ लेखों का संकलन है—जिनमें इंद्रा गांधी लिखित 'पत्रकार का दायित्व, (डॉ०) कृष्ण बिहारी मिश्र लिखित 'हिंदी पत्रकारिता बंगीय भूमिका', (डॉ०) ईश्वरी प्रसाद तिवारी लिखित हिंदी का प्रथम समाचार पत्र और उसकी भाषा शैली', (डॉ०) शिव मंगल राय लिखित 'कंपनी के काल में पत्रकारिता और हिंदी के समाचार पत्र', आचार्य परमानंद शर्मा लिखित 'समाचार पत्रों की प्रथम जन्मभूमि कलकत्ता', राम व्यास पांडेय लिखित 'साठोत्तर लघु पत्रकारिता के ज्योतिस्तंभ से साक्षात्कार', अक्षय कुमार जैन लिखित 'भारतीय समाचार पत्र और लोकतंत्र', गौरी शंकर गुप्ता लिखित 'भावी पत्रकारिता (भेंटवार्ता)', (डॉ०)गोपाल चतुर्वेदी लिखित 'हिंदी पत्रकारिता पर एक दृष्टि', चिरंजीत लिखित 'मनोरंजन प्रधान पत्रकारिता का एक परीक्षण,' लक्ष्मी शंकर व्यास लिखित 'हिंदी का प्रथम समाचार पत्र', (डॉ०)कुसुम अग्रवाल लिखित 'रेखाचित्र के विकास में द्विवेदी कालीन पत्र पत्रिकाओं का योगदान', विश्व भावना देवलिवा रचित 'पत्रकार प्रवर पं० मातादीन शुक्ल', कालिका प्रसाद दीक्षित कुसुमाकर लिखित 'पत्रकारिता की शिक्षा', क्षेम चंद्र सुमन लिखित 'मैं पत्रकार कैसे बना', राम दयाल पांडेय लिखित 'हिंदी पत्रकारिता का प्रणव मंत्र', शंभू दयाल सक्सेना लिखित 'हिंदी पत्रकारिता का पूर्व तथा वर्तमान', शिव कुमार गोयल लिखित 'पत्रकारिता के आदर्श गांधी जी', मन्मथ नाथ गुप्त लिखित 'पत्रकारिता के सनसनी पूर्णअनुभव, मिथक और क्रांतिकारी दृष्टि, (डॉ०) उमेश चंद्र मधुकर लिखित 'साहित्य का पत्रकार', केशव चंद्र मदान लिखित हिंदी पत्रकारिता और जनसंपर्क, कृष्णचंद्र बेरी लिखित 'कलकत्ते की हिंदी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण अवदान सेनापति', श्री निवास शर्मा लिखित 'हिंदी पत्रकारिता छोटी पत्रिकाओं की भूमिका', उमाशंकर लिखित 'हिंदी पत्रकारिता के विकास में वर्धा का योगदान', (डॉ०) रत्नाकर पांडेय लिखित 'क्रांतिकारी पत्रकार उग्र', (डॉ०) श्याम सिंह लिखित 'संवाद और संवाददाता', (डॉ०) शांति प्रकाश वर्मा लिखित हिंदी पत्रकारिता में प्रताप नारायण मिश्र का योगदान', कैलाश निगम लिखित 'स्वाधीनता संग्राम में पत्रकारों का योगदान', (डॉ०) देवेश चंद्र लिखित 'सरकारी हिंदी पत्र पत्रिकाएं', (डॉ०) रमाशंकर वर्मा लिखित 'पं० महावीर प्रसाद और उनकी पत्रकारिता', डॉ० मे० राजेश्वरैया लिखित 'कर्नाटक में हिंदी पत्रकारिता', डॉ० बालेश्वर अग्रवाल लिखित 'हिंदी पत्रकारिता नये परिवेश', वेंकट लाल ओझा लिखित 'हिंदी समाचार पत्र संग्रहालय हैदराबाद', बरसाने लाल चतुर्वेदी लिखित 'मैंने सचमुच अखबार निकाला', ठाकुर घन श्याम नारायण सिंह लिखित 'भारत में ब्रेल पत्रकारिता', राज कुमार लिखित 'मुझमें जो पत्रकार है', मदन गोपाल लिखित 'बंगला भाषियों की हिंदी पत्रकारिता', अनन्त गोपाल शेवड़े लिखित 'पत्रकारिता व्यवसाय नहीं सेवा का माध्यम', अरविंद कुमार लिखित 'पत्रकारिता तात्कालिक के माध्यम से शाश्वत की साधना', निशीथ कुमार राय लिखित 'साहित्य एवं पत्रकारिता', डॉ० हरिहर मती बेबस बनारसी लिखित 'हिंदी पत्रकारिता के विकास में काशी का योग', नाडिग कृष्ण मूर्ति लिखित 'भारत में भाषा प्रेस का भविष्य', बच्चू प्रसाद सिंह लिखित 'विदेशों में हिंदी पत्रकारिता', बाबू लाल

गर्ग लिखित 'पत्रकारिता मेरी दृष्टि में', प्रकाश चंद्र भुवाल पुरी लिखित 'पत्रकारिता और दायित्व बोध', आदि हैं। इस रूप में यह ग्रन्थ भी हिंदी पत्रकारिता साहित्य क्षेत्रीय एक विशिष्ट उपलब्धि है।

उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दियों में भारत में सर्वतोमुखी चेतना के जागरण के प्रतीक अनेक आंदोलन भी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुए हैं, जिनमें आर्य समाज का विशेष महत्व है। सामाजिक और धार्मिक क्रांति के क्षेत्र में इसकी जो भूमिका रही है, वह तो महत्व पूर्ण है ही, हिंदी पत्रकारिता के विकास में भी उसका अन्यतम महत्व रहा है। इस दृष्टि से डॉ० भवानी लाल भारतीय लिखित 'आर्य समाज के पत्र और पत्रकार' नामक विशिष्ट पुस्तक में आर्य समाज का पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में निदर्शित किया गया है। इसमें कुल ७ अध्याय हैं जो 'भारत में पत्रकारिता का उद्भव और विकास', 'स्वामी दयानन्द और समकालीन पत्रकारिता', 'आर्य समाज और पत्रकारिता', 'आर्य समाज की पत्रकारिता', 'सामान्य प्रवृत्तियाँ', 'आर्य पत्रकारिता का प्रथम युग', 'द्वितीय युग १९००—१९४७', 'तृतीय युग १९४७—१९८०', अंत में परिशिष्ट के अन्तर्गत 'भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाले पत्र', 'आर्यसमाज के उर्दू पत्र', 'आर्य समाज के अंग्रेजी पत्र', 'अज्ञात तिथि के पत्र', 'विदेशों से प्रकाशित आर्य समाजी पत्र-पत्रिकाएं', 'आर्य समाजी विचार धारा से प्रभावित पत्र', 'आर्य समाज के पत्रकार' शीर्षकों से प्रस्तुत किये गये हैं। इस रूप में अपने विषय की यह एक विशिष्ट कृति है।

भारतीय जनजीवन में नव जागरण का आवाहन करते हुए हिंदी पत्रकारिता ने जो महत्व पूर्ण भूमिका निवाही है उसका महत्व भी अनेक विद्वानों ने आकलित किया है। इस दृष्टि से डॉ० श्रीपाल शर्मा लिखित 'हिंदी पत्रकारिता राष्ट्रीय नव उद्बोधन' शीर्षक पुस्तक विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें कुल ग्यारह खंड हैं–प्रथम के अन्तर्गत भारत में प्रेस की स्थापना, द्वितीय हिंदी पत्रकारिता उद्भव एवं विकास, तृतीय के अन्तर्गत हिंदी पत्रकारिता : सरकारी नीति, संवैधानिक प्रेस अधिनियम १८५७, इंडियन पैनल कोड में संशोधन, रेगुलेशन आफ प्रिंटिग प्रेस ऐण्ड न्यूज पेपर्स ऐक्ट १८६७, गलाघोंट प्रेस अधिनियम १८७८, आफिशिल सीक्रेट्स अधिनियम, १८८९ का राजद्रोह अधिनियम, प्रशासनिक कदम, संपादक कक्ष, अनुवादक, प्रेस कमीशन, समाचार पत्रों को संरक्षणता, पुलिस तथा मैजिस्ट्रेसी, चतुर्थ के अन्तर्गत हिंदी पत्रकारिता समाज सुधार आन्दोलन, सामाजिक संगठन, कुप्रथाएं—शिशु हत्या, बाल विवाह, विधवापन, दहेजप्रथा, वेश्यावृत्ति, अस्पृश्यता, पांचवे के अन्तर्गत हिंदी पत्रकारिता, राजनैतिक चेतना, जातीय व रंग-भेद, न्याय और रंग भेद नीति, हिंदी पत्रकारिता द्वारा मांग, राजकीय सेवाओं का भारतीयकरण, लेजिस्लेटिव कौंसिल में भारतीय प्रतिनिधि की मांग, प्रांतीय लेजिस्लेटिव कौंसिल की मांग, अर्थिक शोषण, स्वदेशी आन्दोलन, छठें के अन्तर्गत हिंदी पत्रकारिता, हिंदी गद्य का विकास, आर्य समाज की पत्रकारिता, हिंदी पत्रकारिता और धर्म, नवें के अन्तर्गत भारत के अन्य प्रदेशों में हिंदी पत्रकारिता, दसवें के अन्तर्गत बीसवीं सदी में हिंदी पत्रकारिता का विशद विवेचन है। यह कृति इस रूप में व्यापक परिप्रेक्ष्य में हिंदी पत्रकारिता की मीमांसा प्रस्तुत करने की दृष्टि से विशेष महत्व की है।

पत्रकारिता से संबंधित जो अन्य विशिष्ट महत्व के ग्रंथ हिंदी में प्रकाशित हुए हैं, उनमें संदर्भ वर्ग के भी कतिपय ग्रंथ हैं। इनमें (डॉ०) सत्य प्रकाश द्वारा संपादित 'समाचार पत्र शब्द कोश' विशिष्ट महत्व की कृति है।

हिंदी में पत्रकारिता विषयक कुछ ऐसी भी कृतियाँ हैं जो विशेष महत्व की हैं और न केवल राष्ट्रीय वरन् अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनुभवी पत्रकारों के द्वारा लिखी गयी हैं। इनमें से अनेक पुस्तकें ऐसी भी हैं जो मूल रूप में हिंदी में न लिखी जा कर अंग्रेजी अथवा अन्य भाषाओं में लिखी गयी हैं। इनमें कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकें अनूदित रूप में हिंदी में उपलब्ध हैं और वे विश्व पत्रकारिता या समग्र भारतीय पत्रकारिता की पृष्ठभूमि में हिंदी पत्रकारिता के लिए अत्यधिक उपयोगी हैं। एम० चेलापति राव द्वारा लिखित तथा वासुदेव शर्मा द्वारा अनुवादित 'समाचार पत्र' २० अध्यायों में विभाजित है, जो 'परिप्रेक्ष्य प्रारंभिक काल', 'प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी', 'एडम का प्रेस अध्यादेश', 'समाचार पत्र

स्वतंत्रता की दिशा में', 'उदार युग', 'तूफान और संघर्ष', 'वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट', 'संक्रमण काल', 'भारतीय भाषाओं से', 'तिलक और अशांति', 'गांधी युग', 'स्वाधीनता प्राप्ति के बाद', 'प्रेस आयोग', 'प्रेस कानून', 'संपादक तथा संपादन कार्य', 'समाचार समितियाँ', 'व्यवसाय तथा उद्योग, तथा 'भविष्य दृष्टि' शीर्षकों के अंतर्गत प्रस्तुत किये गये हैं। हिंदी में अनूदित और इतर भारतीय पत्रकार द्वारा लिखित यह अन्यतम कृति है।

भारत में पत्रकारिता के इतिहास से कुछ विदेशी पत्रकार भी महत्वपूर्ण रूप में जुड़े हुए हैं। इनमें रोलैंड ई० वूल्सले का नाम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने सन् १६५२ में नागपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध' हिस्लाव कालेज' में पत्रकार कला विभाग के अध्यक्ष के रूप में भारत में कार्य आरंभ किया था। अपने विशिष्ट ज्ञान और अनुभव पर आधारित एक कृति 'जर्नलिज्म इन माडर्न इंडिया' शीर्षक से लिखी थी। उन्होंने इसका अनुवाद हिंदी में 'भारतीय पत्रकार कला' शीर्षक से प्रकाशित किया था। ए० डी० मणि की भूमिका के अतिरिक्त यह पुस्तक कुल पांच भागों में विभाजित है। इसके प्रथम भाग में 'स्थिति परिचय' शीर्षक के अंतर्गत ए० ई० चार्लटन लिखित 'अंग्रेजी समाचार पत्र', ए० एन० शिवमणि लिखित 'देशी भाषा के पत्र', टाम फर्नैंडीज लिखित 'समाचार समितियाँ', भाग दो 'लेखादि लिखने तथा सम्पादन की कला' के अन्तर्गत नादिग कृष्ण मूर्ति लिखित 'समाचार प्राप्त करना और लिखना', पी० पी० सिंह लिखित 'उपसंपादक का काम', पुरुषोत्तम दास टंडन लिखित 'फीचर तथा लेख तैयार करना', कृष्णलाल श्रीधरानी लिखित 'विशेष संवाददाता का कार्य', स्वामिनाथ नटराजन लिखित 'संपादकीय लेख', केदारनाथ चट्टोपाध्याय लिखित 'मासिक पत्रों का संपादन', तीसरे भाग 'संबंधित क्षेत्र' के अन्तर्गत रौलैण्ड ई० वूलसले लिखित 'जन संपर्क तथा जनसंवेदन', नार्मन ए० एलिस लिखित 'समाचारपत्रों का मुद्रण कार्य', हेनरी सैम्यूल लिखित 'आकाशवाणी संबद्ध पत्रकारी', आर० वी० मूर्ति लिखित 'व्यावसायिक अंग', पी० एन० मेहता लिखित 'कानूनी बातें', भाग चार 'शिक्षा का प्रश्न' के अन्तर्गत रोलैण्ड ई० बूल्सले लिखित 'पत्रकारी की शिक्षा', भाग पांच 'भविष्य का अनुमान' के अन्तर्गत के० पी० नारायण लिखित 'भारतीय पत्रकारी का भविष्य' आदि निबंध हैं। किसी अंग्रेजी पत्रकार द्वारा लिखित और हिंदी में अनुभूति यह विशिष्ट महत्व की कृति है।

हिंदी पत्रकारिता से संबंधित एक महत्व पूर्ण समस्या अनुवाद की भी है। वस्तुतः आज भी भारत में पत्रकारिता के क्षेत्र में अंग्रेजी का बोल-बाला है और अधिकांश समाचार समूह, संवाद समितियाँ और पत्रकार संगठन अंग्रेजी में ही अपना कार्य करते हैं। हिंदी में उसका अनुवाद करके ही प्रस्तुत करना होता है। संभवतः इस व्यावहारिक स्थिति की दृष्टि में रखते हुए कतिपय विद्वानों ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किये हैं। आनंद खेमाणी तथा वेद प्रकाश लिखित 'अनुवाद कला कुछ विचार' एक ऐसा ही ग्रन्थ है।

पत्रकारिता के विशेष संदर्भ में अनुवाद की समस्या अपने आप में महत्व रखती है। इसका भाषा, वर्तनी, संक्षेपण आदि संदर्भों में विश्लेषण करने वाली कृति भोलानाथ तिवारी तथा जितेन्द्र गुप्त लिखित 'पत्रकारिता में अनुवाद की समस्याएं' है। इसमें कुल १४ अध्याय हैं--हिंदी पत्रकारिता उद्भव, विकास और अनुवाद की स्थिति, पत्रकारिता और संबद्ध अनुवाद के आयाम, पत्रकारिता और अनुवाद, समाचारों के संदर्भ में हिंदी भाषा का स्वरूप, वर्तनी की समस्या, संक्षेपों की समस्या, सामान्य समाचारों के अनुवाद, खेल-कूद के समाचारों का अनुवाद, विज्ञापनों के अनुवाद, लेखों के अनुवाद, संपादकीय के अनुवाद, आकाश वाणी और दूर दर्शन समाचारों के अनुवाद। पत्रकारिता से संबद्ध कुछ परिभाषिक शब्द भी इसमें दिये गये हैं, जिनसे इसकी व्यावहारिक उपयोगिता में वृद्धि हो गयी है।

भारत में आज पत्रकारिता एक बहुत बड़ा व्यवसाय वन गया है। इसके अनेक पक्ष हैं। उन्हीं के अनुरूप इसका सर्वांगीण विकास भी हुआ है। एक समय था जब पत्रकारिता को एक साधना समझा जाता था और सामाजिक दायित्व बोध से प्रेरित होकर इसका अंगीकरण होता था। कालांतर में राष्ट्रीय भावना से अनुप्राणित होकर अनेक मनस्वी इस क्षेत्र में आये। स्वतंत्रता के पश्चात् यह जन-मन की अभिव्यक्ति का सर्वाधिक स्वतंत्र

और शक्तिशाली माध्यम और एक अन्तर्राष्ट्रीय उद्योग भी बन गया। निसर्गतः इसकी व्यापकता और प्रसार के समानांतर इसके प्रति लोक रुचि और आकर्षण में भी वृद्धि हुई। विश्व की समुन्नत भाषाओं में पत्रकारिता के विभिन्न पक्षों से संबंधित अनेक प्रकार की पुस्तकों का प्रणयन हुआ है। भारत में भी पत्रकारिता विषयक साहित्य का सृजन आरम्भ हुआ, परन्तु यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि अनेक कारणों से आधुनिक विकसित पत्रकारिता के सभी अंगों का समायोजन करने वाला साहित्य हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

(१०) हिंदी पत्रकारिता का विदेशों में उन्नयन

यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि जिस प्रकार से भारत में हिंदी पत्रकारिता विभिन्न चरणों में विकसित हुई है, उसी प्रकार से विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों के द्वारा उसके विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। विश्व के ऐसे अनेक देश हैं जहाँ शताब्दियों पूर्व भारतीय जाकर बस गये थे और उनके वंशज आज भी वहाँ निवास करते हैं, यद्यपि पीढ़ियों से रहते हुए उन्होंने न केवल वहां की वेश-भूषा, रीति-रिवाज और आचार-विचार के साथ ही बोलचाल की भाषा को भी अपना लिया है, परन्तु फिर भी उनमें बहुत से ऐसे भी हैं, जो अपने धर्म, संस्कार और भाषा से भावात्मक रूप में जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा समय-समय पर हिंदी के पत्रों का प्रकाशन आरम्भ किया गया था, जो अनेक रूपों में आज भी हो रहा है। इनके मूल में हिंदी पत्रकारिता के प्रति निष्ठा की भावना ही है। यद्यपि बहुधा व्यावहारिक दृष्टि से लोक प्रिय बनाने के उद्देश्य से उनमें हिंदी के साथ ही स्थानीय भाषाओं का अंश भी प्रकाशित किया जाता है और वे द्विभाषी अथवा त्रिभाषी आदि रूपों में प्रकाशित हो रहे हैं। स्थूल रूप से विदेशी परिवेश में हिंदी पत्रकारिता की परम्परा और इतिहास अब शताधिक वर्ष पुराना हो चुका है।

ऐतिहासिक दृष्टि से विदेशों में हिंदी पत्रकारिता का उद्भव सन् १८८३ में हुआ था। इस वर्ष लंदन से 'हिंदोस्थान' नामक त्रैमासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। किसी भी विदेश से प्रकाशित होने वाले सर्वप्रथम हिंदी पत्र के रूप में इसकी मान्यता है। इसके संस्थापक राजा राम पाल सिंह थे। यह त्रिभाषी रूप में प्रकाशित होता था और इसमें हिंदी के साथ ही उर्दू तथा अंग्रेजी का अंश भी रहता था। दो वर्ष तक वहाँ से प्रकाशित होते रहने के पश्चात् सन् १८८५ में यह राजा राम पाल सिंह द्वारा ही कालाकांकर (अवध) से प्रकाशित होना आरम्भ हुआ। पंडित मदन मोहन मालवीय इसके प्रधान संपादक थे। यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होता था। सन् १८८७ में यह दैनिक रूप में प्रकाशित होने लगा। अमृत लाल चक्रवर्ती, शशिभूषण चटर्जी, प्रताप नारायण मिश्र, बाल मुकुन्द गुप्त, गोपाल राम गहमरी, लाल बहादुर, गुलाब चन्द चौबे, शीतल प्रसाद उपाध्याय, राम प्रसाद सिंह तथा शिव नारायण सिंह इसके संपादक थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में इसका ऐतिहासिक महत्व है।

कालांतर में इंगलैंड की राजधानी लंदन से ही कतिपय अन्य हिंदी पत्र भी प्रकाशित हुए। इनमें शांता सोनी द्वारा संपादित 'नवीन' शीर्षक पत्र भी उल्लिखित किया जा सकता है। यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होता था। इसी प्रकार एस० एन० गौरीसरिया के संपादकत्व में 'सन्मार्ग' शीर्षक से भी एक पत्र लंदन से प्रकाशित हुआ था। पी० जी० पेंडसे ने भी एक पत्र यहीं से प्रकाशित किया था, इसका शीर्षक 'केसरी' था। इसी प्रकार सुकुमार मजूमदार के संपादकत्व में 'प्रवासी' शीर्षक से प्रकाशित एक पत्र भी उल्लेखनीय है।

लंदन से जो अन्य पत्र-पत्रिकाएं हिंदी में प्रकाशित हुईं, उनमें जगदीश मित्र कौशल द्वारा संपादित 'अमरदीप' का नाम भी उल्लेखनीय है। यह एक साप्ताहिक पत्र था। इसी प्रकार लंदन में भारत से प्रकाशित 'आज' के प्रतिनिधि धर्मेंद्र गोतम ने भी 'प्रत्रासिनी' शीर्षक से

एक पत्रिका का संपादन आरंभ किया था। यह त्रैमासिक रूप में प्रकाशित होती थी।

स्वतंत्रता पूर्व के भारत एवं तत्पश्चात् पाकिस्तान के अन्तर्गत चले गये लाहौर से भी बहु संख्यक पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हुई हैं। इनमें 'भारतीय', 'विश्वबंधु', 'आर्य बंधु', 'आर्य', 'आर्य जगत', 'शांति', 'सुधाकर', 'क्षत्रिय पत्रिका', 'मित्र विलास', 'बूटी दर्पण' एवं 'आकाश वाणी' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त 'आर्य प्रभा' शीर्षक मासिक पत्रिका का प्रकाशन भी सन् १९१४ में लाहौर से आरम्भ हुआ था। इसके आदि संपादक संतराम तथा सहायक संपादक महानन्द थे। सन् १९१८ से यह साप्ताहिक रूप प्रकाशित होने लगी। सन् १९१४ में ही लाहौर से 'उषा' नामक पत्रिका भी प्रकाशित हुई थी। इसके संपादक भी संतराम थे। जमानत न दे पाने की असमर्थता के कारण यह पत्र दो वर्ष बाद बंद हो गया। इसी क्रम में 'हिंदी मिलाप' नामक पत्र का प्रकाशन ११ सितम्बर सन् १९२७ को खुशहाल चंद खुर्सन्द (महात्मा आनन्द स्वामी) ने लाहौर से किया था। इसका संपादन सुदर्शन तथा बद्रीनाथ वर्मा करते थे। बाद में इसके प्रधान संपादक रणवीर तथा संपादक यश बने। हरि कृष्ण 'प्रेमी', जयनाथ नलिन और संतराम भी इस के संपादकीय विभाग से संबद्ध रहे थे। भारत विभाजन काल में इसके संपादक आत्म स्वरूप शर्मा थे जिन्होंने १५ अगस्त १९४७ को अपना बलिदान कर दिया। २३ सितम्बर सन् १९४९ से यश के संपादकत्व में यह जालंधर से पुनः प्रकाशित हुआ। इसका उर्दू संस्करण रणवीर के संपादकत्व में प्रकाशित हुआ तथा एक अन्य संस्करण युद्ध वीर के संपादकत्व में हैदराबाद से प्रकाशित होता है। इसका एक अन्य संस्करण लंदन से भी प्रकाशित होता है।

अविभाजित भारत में ढाका (संप्रति बांगला देश में) से भी हिंदी की अनेक महत्वपूर्ण पत्र पत्रिकाएं १९वीं और बीसवीं शताब्दियों में प्रकाशित हुई हैं। इनमें प्राचीनतम 'बिहार बंधु' है। यह पत्रिका मासिक रूप में प्रकाशित होती थी। इसका प्रकाशन वर्ष सन् १८७१ है। इसी क्रम में सन् १८८० में एक अन्य मासिक पत्रिका 'धर्म नीति तत्व' शीर्षक से भी प्रकाशित हुई थी। इसका प्रकाशन वर्ष भी सन् १८८० है। इसके आठ वर्ष पश्चात् अर्थात् सन् १८८८ में 'विद्या धर्म दीपिका' नामक पत्रिका ढाका से ही प्रकाशित हुई थी। सन् १८८९ में ढाका से ही एक अन्य हिंदी पाक्षिक पत्रिका भी प्रकाशित हुई थी। इसका शीर्षक 'द्विज' था। इसी प्रकार १९०४ में 'नारद' शीर्षक से भी एक पत्र का प्रकाशन ढाका से आरंभ हुआ था। सन् १९०५ में 'नागरी हितैषी पत्रिका' का प्रकाशन भी ज्ञातव्य है। सन् १९११ में 'तत्व दर्शन' शीर्षक पत्र का उल्लेख भी आवश्यक है। इसी प्रकार सन् १९३९ में 'मेल मिलाप' शीर्षक से एक मासिक पत्रिका भी ढाका से ही प्रकाशित हुई थी। उपर्युक्त पत्रों के अतिरिक्त 'साहित्य' नामक त्रैमासिक एवं 'मौजी' तथा 'शिक्षा सेवक' नामक मासिक पत्र भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार से जैसोर से प्रकाशित 'अमृत बाजार पत्रिका' का उल्लेख भी यहां किया जा सकता है।

हिंदी पत्रकारिता में नेपाल से प्रकाशित पत्रों का भी उल्लेखनीय स्थान है। नेपाल की राजधानी काठमांडू से 'नेपाल' शीर्षक से एक हिंदी पत्र प्रकाशित होता है। ज्ञातव्य है कि यह दैनिक रूप में प्रकाशित होने वाला एक विशिष्ट पत्र है। काठमांडू से ही प्रकाशित जो अन्य पत्र उल्लेखनीय हैं उनमें 'हिमोवत संस्कृत' पत्र भी है। इसी प्रकार 'हिमालय' शीर्षक से भी एक पत्र बीरगंज से प्रकाशित हुआ था। इसी क्रम में 'नव नेपाल शीर्षक से एक साप्ताहिक पत्र काठमांडू (नेपाल) से प्रकाशित हुआ। इसके संपादक व प्रकाशक गणेश प्रसाद शर्मा थे। इसका प्रकाशन १९२५ में आरंभ हुआ तथा १९५७ में स्थगित हो गया। 'सही रास्ता' शीर्षक से भी एक साप्ताहिक पत्र काठमांडू (नेपाल) से प्रकाशित हुआ। इसके संपादक मणिराज उपाध्याय थे। इसका प्रकाशन १९५५ से आरम्भ हुआ था। इस रूप में नेपाल से हिंदी के कई पत्र भी समय-समय पर प्रकाशित हुए हैं और आज भी वहां पर इनके माध्यम से हिंदी पत्रकारिता की परम्परा जीवित है।

बर्मा से भी समय-समय पर हिंदी की अनेक पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित होती रही हैं। इनमें 'प्राची प्रकाश' 'जागृति' तथा 'ब्रह्म भूमि' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। यहां यह ज्ञातव्य है कि 'प्राची प्रकाश' दैनिक पत्र

रंगून से प्रकशित होता है। यह बर्मा से हिंदी में प्रकाशित होने वाला दैनिक पत्र है।

मारीशस से भी हिंदी में अनेक पत्र-पत्रिकाएं समय-समय पर प्रकाशित हुई हैं। इनमें 'हिंदुस्तानी', 'जनता', 'आर्योदय', 'कांग्रेस', 'हिंदू धर्म', 'दर्पण', 'अनुराग', 'महाशिवरात्रि', 'आभा' तथा 'इंडियन टाइम्स' आदि विशेष रूप उल्लेखनीय है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से मारीशस से प्रकाशित होने वाला हिंदी का सर्वप्रथम पत्र 'हिंदुस्तानी' था। इसका प्रकाशन वर्ष सन् १९०९ है। इसके प्रथम संपादक मणिलाल थे। यह पहले गुजराती में और बाद में हिंदी में प्रकाशित होने लगी। इसका उद्देश्य व्यक्ति की स्वाधीनता, मानव-मैत्री, बंधुत्व और सभी जातियों में समानता की भावना था। इसके प्रथम अंक में ही यह मान्यता व्यक्त की गयी थी कि 'केवल अपने निजी लाभ के लिए कोई मनुष्य या कोई जाति किसी दूसरे मनुष्य या दूसरी जाति को नैतिक दृष्टि से न तो दास बना सकती है और न अधिकार में रख सकती है। इस पत्र के परवर्ती संपादकों में श्रीराम सामी (नरसिंह दास), राम अवध शर्मा और आत्मा राम के नाम उल्लेखनीय हैं।

मारीशस से प्रकाशित अन्य हिंदी पत्र-पत्रिकाओं में आत्माराम विश्वनाथ द्वारा संपादित 'जागृति' भी उल्लेखनीय है। काशीनाथ किष्टो ने भी मारीशस से प्रकाशित एक हिंदी पत्र 'आर्यवीर' का संपादन किया था। इसी क्रम में भी लक्ष्मण दत्त द्वारा संपादित 'आर्यवीर जागृति' शीर्षक पत्र भी महत्व रखता है। यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि 'ओरियंट गजट' नामक पत्र मारीशस से प्रकाशित हुआ। इसका प्रकाशन आरम्भ १९३० से हुआ। 'जागृति' नाम से एक पत्र का प्रकाशन सन् १९४० में हुआ। इसके संपादक आत्मा राम थे। इसका पूर्व नाम 'आर्यपत्रिका' था। 'मारीशस इंडियन टाइम्स' शीर्षक से एक साप्ताहिक पत्र पोर्ट लुईस से प्रकाशित हुआ। यह बहुभाषी पत्र था, जिसमें हिंदी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं का अंश भी रहता था। सोमदत्त बखौरी ने पोर्ट लुईस से सन् १९६८ में त्रैमासिक 'अनुराग' का संपादन करके हिंदी पत्रकारिता का उन्नयन किया।

सूरिनाम देश में भी हिंदी पत्रकारिता के विकास के संकेत मिलते हैं। यहाँ से अनेक पत्र हिंदी में दैनिक, साप्ताहिक और मासिक रूप में प्रकाशित हुए। ये पत्र जहाँ एक ओर इस देश में हिंदी पत्रकारिता के के अस्तित्व के द्योतक हैं वहाँ दूसरी ओर प्रवासी भारतीयों की हिंदी के प्रति रुचि को भी दर्शाते हैं। इनमें दैनिक 'कोहिनूर' अखबार, साप्ताहिक 'प्रकाश', 'विकास' और शांतिदूत तथा मासिक 'ज्योति' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

हिंदी पत्रिकारिता के विकास में विदेशों में जो कार्य हुआ है उसको दृष्टि में रखते हुए फीजी से प्रकाशित हिंदी पत्र-पत्रिकाओं का महत्व अस्वीकारा नहीं जा सकता। यहाँ से बहुसंख्यक पत्रों का प्रकाशन हुआ है जो सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक विषयों के साथ-साथ कृषि-विज्ञान आदि से भी संबंधित रहे हैं। 'अखिल फीजी कृषक संघ' शीर्षक से एक ऐसे ही पत्र का प्रकाशन दीनबंधु के संपादकत्व में फीजी से हुआ था। इसी प्रकार 'किसान' शीर्षक से भी एक पत्रिका का प्रकाशन बी० बी० लक्ष्मण के द्वारा किया गया था। कृषि विषयक एक अन्य पत्रिका नन्द किशोर के संपादकत्व में 'किसान मित्र' शीर्षक से भी प्रकाशित हुई थी।

फीजी द्वीप समूह से जो अन्य पत्र-पत्रिकाएं समय-समय पर प्रकाशित होती रही हैं, उनमें कमला प्रसाद मिश्र द्वारा संपादित 'जय फीजी', विवेकानन्द शर्मा द्वारा संपादित 'सनातन संदेश' तथा 'फीजी संदेश', जयनारायण शर्मा द्वारा संपादित 'शांति दूत', राघवानन्द शर्मा द्वारा संपादित 'जागृति', चंद्रदेव सिंह द्वारा संपादित 'फीजी समाचार' आदि प्रमुख हैं। इसी क्रम में 'फीजी सरकार' तथा 'पुस्तकालय' आदि पत्रिकाएं भी उल्लेखनीय हैं।

फीजी द्वीप समूह से ही प्रकाशित जिन अन्य बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाओं का उल्लेख करना यहाँ पर आवश्यक है, उनमें 'इंडियन टाइम्स' शीर्षक मासिक पत्रिका भी प्रमुख है। यह राम सिंह के संपादकत्व में प्रकाशित हुई थी। यह एक द्विभाषी पत्रिका थी, जिसमें हिंदी के साथ अंग्रेजी का अंश भी रहता था।

'इंडियन सेटेलर्स' नाम से एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९१७ में हुआ था। इसके संपादक डॉ० मणि लाल तथा बाबू राम सिंह थे। १३ वर्ष तक

प्रकाशित होने के पश्चात् सन् १९३० में यह पत्रिका बंद हो गयी। यह सूवा से प्रकाशित होती थी। लीथो में मुद्रित यह बहुभाषी पत्रिका थी जिसमें हिंदी का अंश भी रहता था। सन् १९२३ में 'फीजी समाचार' का प्रकाशन आरंभ हुआ था। यह पत्र बाबूराम सिंह के संपादकत्व में प्रकाशित होता था। यह साप्ताहिक पत्र था। इसका संपादन राम खिलावन शर्मा ने भी किया था। इसकी एक प्रति का शुल्क ३ पेनी और वार्षिक शुल्क १० शिलिंग था। इसका प्रकाशन सन् १९७५ में स्थगित हो गया था। यह इंडियन पब्लिशिंग कंपनी, मार्क्स स्ट्रीट, सूवा (फीजी) से प्रकाशित होता था। यह एक द्विभाषी पत्र था, जिसमें हिंदी के साथ ही अंग्रेजी का अंश भी रहता था। गुरु दयाल शर्मा ने सन् १९२८ में 'वृद्धि', १९३० में 'पैसिफिक' तथा सन् १९३२-३३ में 'वृद्धिवाणी' का संपादन एवं प्रकाशन करके फीजी में हिंदी पत्रकारिता का प्रसार किया। सन् १९३५ में सूवा से प्रकाशित 'शांति दूत' की स्थापना का श्रेय भी उन्हें प्राप्त है।

फीजी द्वीप समूह से ही 'तारा' नामक एक मासिक पत्रिका सन् १९४१ में प्रकाशित हुई थी। इसका संपादन ज्ञानीदास करते थे। इस पत्रिका की एक प्रति का शुल्क ३ शिलिंग और वार्षिक १२ शिलिंग था। यह कुछ समय तक पाक्षिक रूप में भी प्रकाशित हुई थी। इसका त्रैमासिक संस्करण भी प्रकाशित होता था। इसका प्रकाशन कार्यालय नसीनू (सूवा) में था। इसी प्रकार सिंगातो का (फीजी) से राघवानंद ने सन् १९७६ से 'जागृति' शीर्षक पत्रिका का प्रकाशन करके हिंदी पत्रकारिता के विकास में योग दिया। फीजी हिंदी पत्रकार संघ के उपप्रधान के रूप में भी उनका क्रिया कलाप उल्लेखनीय है। इसी संदर्भ में यह ज्ञातव्य है कि 'फीजी संदेश' शीर्षक से एक पत्रिका का प्रकाशन और संपादन वी० एल० मारिश के द्वारा किया गया था।

दक्षिण अफ्रीका से हिंदी के अनेक पत्र बीसवीं शताब्दी के आरंभ प्रकाशित होने लगे थे। इन्होंने प्रवासी भारतीयों में राजनैतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना के जागरण में उल्लेखनीय योग दिया है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सर्वप्रथम सन् १९०२ में अफ्रीका से 'हिंदी' नामक एक पत्र का प्रकाशन भी हुआ था। यह अपेक्षाकृत अधिक व्यापक संपादन नीति पर आधारित था। इसका प्रकाशन में १९०५ स्थगित हो गया था।

सन् १९०४ में अफ्रीका के डरबन नामक स्थान से 'इंडियन ओपीनियन' नामक पत्र प्रकाशित हुआ था। इसका संपादन मदन जीत के द्वारा आरंभ किया गया। कुछ समय पश्चात् यह गांधी जी के संरक्षण में फीनिक्स से भी प्रकाशित हुआ था। इस पत्र ने राष्ट्रीय आंदोलन के प्रसार में एक महत्व पूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। इस पत्र से जो अन्य पत्रकार जुड़े हुए थे, उनमें मदनजीत, मनसुख लाल व भवानी दयाल प्रमुख थे। इसका प्रकाशन आरंभ १९०४ में तथा प्रकाशन स्थगित १९१४ में हुआ। इस पत्र की एक प्रति का मूल्य १२ शिलिंग था। यह द्विभाषी पत्र था।

'अमृत सिंधु' नामक एक मासिक पत्र नेटाल (दक्षिण अफ्रीका) से प्रकाशित हुआ। इसके संपादक भवानी दयाल थे। इसका प्रकाशन आरंभ १९१० से हुआ था। इसी क्रम में दक्षिण अफ्रीका के डरबन नामक शहर से 'धर्मवीर' नामक पत्र का प्रकाशन सन् १९१६ में आरंभ हुआ था। यह एक साप्ताहिक पत्र था। इसका संपादन रल्लाराम गांधीलामल भल्ला ने अमर धर्मवीर पंडित लेख राम की स्मृति में आरंभ किया था। यह पत्र हिंदी में प्रकाशित होता था। रल्लाराम गंधीलामल भल्ला उर्दू भाषा में मूल सामग्री प्रस्तुत करते थे तथा उनके सहायक मेहर चंद भल्ला उसका अनुवाद हिंदी में करके उसे मुद्रणार्थ देते थे। सन् १९१७ में इसका संपादन स्वामी भवानी दयाल संन्यासी ने किया। सन् १९१९ तक इस दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वाह करने के पश्चात् वे इससे पृथक् हो गये। यद्यपि मूल रूप यह हिंदी का ही एक पत्र था, परंतु इसमें कुछ लेख अंग्रेजी के भी प्रकाशित होते थे।

'हिंदी' नामक मासिक पत्रिका मई सन् १९२२ में डर्बन (दक्षिण अफ्रीका) से प्रकाशित हुई थी। इसका संपादन स्वामी भवानी दयाल संन्यासी करते थे। यह अपने समय का प्रवासी भारतीयों का लोक प्रिय पत्र था। इसी प्रकार 'आर्य संदेश' शीर्षक से एक पक्ष ट्रिनिडाड (दक्षिण) से प्रकाशित हुआ था। इसके संपादक एल० शिवप्रसाद थे। इसका प्रकाशन आरम्भ सन् १९५० से हुआ था। एक अन्य पत्र 'आर्यमित्र' शीर्षक से भी दक्षिण अफ्रीका से प्रकाशित हुआ था। यह आर्य

प्रतिनिधि सभा का मुख-पत्र था।

'सोवियत संघ' शीर्षक से एक पत्र मास्को से प्रकाशित होता है। इसके प्रधान संपादक निकोलाई गिवोचोव तथा प्रधान चित्रकार अलेक्सांद्र जितोमिर्स्की हैं। इसका प्रकाशन सन् १९७२ में आरंभ हुआ था।

जापान से प्रकाशित हिंदी पत्रों में 'सर्वोदय' का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसका संपादन तोशयो तनाका द्वारा किया जाता है। जापान से ही एक अन्य हिंदी पत्रिका 'ज्वालामुखी' शीर्षक से भी प्रकाशित होती है। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि यह जापानी नागरिकों द्वारा ही संपादित की जाती है और इसमें उन्हीं के द्वारा हिंदी में लिखे लेख प्रकाशित होते हैं।

फ्रांस से भी हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में कतिपय उल्लेखनीय प्रयत्न परिलक्षित होते हैं। फ्रांस की राजधानी पेरिस से 'यूनेस्को कूरियर' नामक पत्र का प्रकाशन उल्लेखनीय है।

हिंदी पत्रकारिता का विदेशों में उन्नयन करने की दृष्टि से सुरेश चंद्र शुक्ल जी का नाम उल्लेखनीय है। वह संप्रति इंडियन वेलफेयर सोसायटी, ओसलो (नार्वे) द्वारा प्रकाशित 'परिचय' नामक हस्त लिखित और टंकित द्वैमासिक पत्रिका के प्रधान संपादक हैं। यह पत्र मई १९७९ में प्रकाशित होना आरंभ हुआ था। इसके प्रकाशन की अवधि दिसंबर १९८२ तक मासिक रूप में रही। जनवरी १९८३ से यह द्वैमासिक रूप में प्रकाशित होने लगा। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए संस्कृति, साहित्य, कला और विकास सूचनात्मक समाचार और लेख आदि प्रकाशित करना है। नार्वे और स्वीडन आदि के अतिरिक्त भारत आदि में भी इसकी कुछ प्रतियाँ भेजी जाती हैं। यह मुख्यतः हिंदी, अंग्रेजी तथा पंजाबी आदि में प्रकाशित होता है। आरंभ में यह हस्त लिखित था और अब टंकित रूप में भी उपलब्ध है।

इस रूप में हिंदी पत्रकारिता का उन्नयन भारत के बाहर विश्व के अनेक देशों में भी हुआ है। इन देशों में एक तो वे देश हैं जहाँ राजनैतिक चेतना के तथा भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से अनेक पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन आरंभ हुआ था। दूसरे वे देश हैं जहाँ भारतीय मूल के नागरिक हैं और उनके पूर्वज पीढ़ियों पहले यहीं से जा कर वहाँ स्थायी रूप में बस गये थे। इन दोनों वर्गों के अतिरिक्त एक तीसरा वर्ग भी है जिसमें उन देशों को परिगणित किया जा सकता है, जहाँ हिंदी पत्रकारिता का आरंभ भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात् हुआ था।

यद्यपि यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि विदेशी परिवेश में प्रतिकूल वातावरण में भी हिंदी की पत्रकारिता ने सौ वर्ष की अवधि पूरी कर ली है और दैनिक, अर्द्धसाप्ताहिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, अनियत कालीन बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाएं विश्व के विभिन्न देशों से हिंदी में समय-समय पर प्रकाशित हुई है। इनमें भारतीयता के संस्कारों के प्रति प्रवासी भारतीयों के प्रेम के समानांतर ही हिंदी के प्रति उनके अनुराग का भी परिचय मिलता है। परंतु इसी के साथ यह तथ्य भी दृष्टि में रखना आवश्यक है कि विश्व में हिंदी के बोलने वालों की संख्या और विदेशों में रहने वाले भारतीयों की संख्या के अनुपात में इन पत्र-पत्रिकाओं की संख्या नगण्य है आदि उनकी भावी संभावनाओं का का क्षेत्र प्रशस्त है।

(११) हिंदी पत्रकारों की संघर्ष यात्रा

हिंदी पत्रकारिता के विकास में जिन पत्रकारों ने योग दिया है, उनमें से अधिकांश का जीवन किसी न किसी समस्या से जूझते हुए अथवा परिस्थिति से संघर्ष करते हुए व्यतीत हुआ है। हिंदी के निर्भीक पत्रकारों ने समय-समय पर ब्रिटिश शासन के दमन पूर्ण रवैये के प्रति विद्रोही रुख अपनाया और स्पष्टता तथा दृढ़ता से उनके शोषण व अन्याय का विरोध किया। उन्होंने एक जागरूक नागरिक की भूमिका का भी निर्वाह किया तथा भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए किये जाने वाले अहिंसा मूलक तथा हिंसामूलक दोनों ही प्रकार के आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। अपने अदम्य साहस और तेजस्वी व्यक्तित्व के कारण अनेक पत्रकारों को भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रताड़ित व संत्रस्त किया गया। अल्प या दीर्घ अवधि के लिए उनमें से अनेक को बीस-बीस बार तक जेल-यात्रा करनी पड़ी, परंतु उनकी संघर्ष यात्रा जारी रही और आज भी जारी है।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी पत्रकारिता का उद्भव ही उस समय हुआ था, जब देश पराधीन था और राष्ट्रीय चेतना के जागरण से प्रेरित मनीषी स्वतंत्रता-आंदोलन की भूमिका का निर्माण कर रहे थे। निसर्गतः अपनी उद्भावना के युग से ही पत्रकारिता का संघर्ष भी आरंभ हो गया। यह संघर्ष प्रेस-स्वातंत्र्य की मांग को लेकर हुआ और इसका नेतृत्व अंग्रेजी पत्रकारों द्वारा हुआ। तभी दंड-विधान और दमनात्मक रवैया भी शुरू हो गया। 'हिकीज बंगाल गजट' के संपादक जेम्स आगस्टस हिकी को न केवल अपना पत्र-प्रकाशन स्थगित करना पड़ा, वरन् कारावास भी हुआ। 'इंडियन वर्ल्ड' के संपादक डुएन को देश निकाला भी हुआ। भारतीय पत्रकारों में राजा राममोहन राय ने इस संघर्ष को जारी रखा।

पत्रकारों की संघर्ष यात्रा का दूसरा चरण तब से आरंभ होता है, जब उन्होंने अपने संगठनों का निर्माण करके सामूहिक रूप में उसे आगे बढ़ाया। 'हिंदोस्थान', 'मालवा अखबार', 'काशी पत्रिका', 'कवि वचन सुधा', 'अलमोड़ा अखबार', 'आर्य मित्र', 'भारत जीवन', 'सार सुधा निधि', 'प्रयाग समाचार', 'हिंदी प्रदीप', 'भारत बंधु' तथा 'कर्मयोगी' आदि बहुसंख्यक पत्रों के माध्यम से हिंदी के जागरूक पत्रकारों ने निर्भीक भाव से ब्रिटिश शासन की अन्यायपूर्ण नीतियों का विरोध किया। विश्व के अन्य देशों में संगठित हो चुके पत्रकारों से प्रेरणा ग्रहण करके भारतीय पत्रकारों ने भी संगठनात्मक एकता का परिचय दिया।

सन् १८९१ में सर्वप्रथम भारतीय पत्रकार संगठन 'नेटिव प्रेस एसोसिएशन' के रूप में अस्तित्व में आया। हिंदी पत्रकारों का सर्वप्रथम संगठन सन् १९०७ में प्रयाग में 'संपादक सामिति' के रूप में सामने आया। कालांतर में जनपदीय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न भाषी और बहुभाषी संगठन बने। 'संपादक सम्मेलन', 'अखिल भारत वर्षीय हिंदी संपादक सम्मेलन', 'अखिल भारत वर्षीय पत्रकार सम्मेलन', 'हिंदी संपादक समिति', 'अखिल भारतीय हिंदी पत्रकार संघ', 'उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार संघ', 'भारतीय पत्रकार मण्डल', आदि के रूप में हिंदी के पत्रकारों ने संगठनात्मक एकता में आस्था रखते हुए अपनी संघर्ष यात्रा को जारी रखा।

हिंदी पत्रकारिता के जनक (पं०) युगल किशोर

शुक्ल ने 'उदंत मार्तंड' और 'साम्यदंड मार्तंड' का संपादन करते हुए जिस प्रकार की निर्भीक और संघर्षशील पत्रकारिता का प्रवर्तन किया, वह न केवल समसामायिक परिवेश में एक अनिवार्यता थी, वरन् उसने हिंदी के पत्रकारों को एक आदर्श प्रेरणा भी दी ।

'कविवचन सुधा', 'हरिश्चंद्र मैगजीन', 'हरिश्चंद्र चंद्रिका' और 'बाला बोधिनी' के संपादक भारतेंदु हरिश्चंद्र ने न केवल हिंदी पत्रकारिता के विकास में महत्वपूर्ण योग दिया वरन् निर्भीक पत्रकारिता का आदर्श भी उपस्थित किया। 'सारसुधानिधि' और 'उचित वक्ता' के संपादक दुर्गा प्रसाद मिश्र ने भी हिंदी पत्रकारिता के प्रथम विकास काल में निर्भीकता का अन्यतम आदर्श उपस्थित किया। 'ब्राह्मण' के संपादक प्रताप नारायण मिश्र का नाम भी इनके समकालीन तेजस्वी पत्रकारों में उल्लेखनीय है। माधव प्रसाद मिश्र ने 'सुदर्शन' और 'वैश्योपकारक' के संपादक के रूप में हिंदी के एक जागरूक पत्रकार के दायित्व का निर्वाह किया। लज्जाराम शर्मा मेहता ने भी 'वेंकटेश्वर समाचार' के समर्थ सम्पादक के रूप में निर्भीक पत्रकारिता का आदर्श उपस्थित किया।

'अभ्युदय', 'महारथी', 'सनातन धर्म', 'विश्व बंधु' आदि से सम्बद्ध मदन मोहन मालवीय ने भारतीय स्वतंत्रता के संग्राम का नेतृत्व करने के अतिरिक्त निर्भीक पत्रकारिता का भी उन्नयन किया।

अहिंदी भाषी अमृत लाल चक्रवर्ती हिंदी पत्रकारिता के सदैव पक्षधर रहे। उन्होंने उसे न केवल स्वरूपगत समग्रता प्रदान की वरन् ऐतिहासिक दृष्टि से संपादकीय टिप्पणियों और अग्रलेखों को आरम्भ करने का ऐतिहासिक कार्य किया। 'हिंदी वंगवासी', हिन्दोस्थान' 'भारत मित्र', 'वेंकटेश्वर समाचार' और 'निगमागम चंद्रिका' के संपादक के रूप में उनके क्रिया-कलाप को विस्मृत नहीं किया जा सकता।

राधा मोहन गोकुल जी का नाम भी हिन्दी पत्रकारिता की संघर्ष यात्रा से जुड़ा हुआ है। वह 'ब्राह्मण', 'सत्य सनातन धर्म', 'प्रणवीर', 'नव युग' आदि पत्र-पत्रिकाओं से सक्रिय रूप में सम्बद्ध रहे थे। अपने निर्भीक व्यक्तित्व और क्रांतिकारी विचारों के कारण उन्हें अनेक बार कारावास दिया गया था। द्वारिका प्रसाद शर्मा चतुर्वेदी ने 'श्रीराघवेंद्र', 'श्रीयादवेंद्र' तथा 'वैदिक सर्वस्व' का संपादन करते हुए हिन्दी पत्रकारिता के विकास में योग तो दिया ही, अपने निर्भीक साहित्य लेखन के कारण तत्कालीन ब्रिटिश शासन की सेवा से पृथक् किए जाने का दंड भी प्राप्त किया। 'गढ़वाली' (देहरादून) कें संपादक-प्रकाशक विश्वम्भरदत्त चंदोला ७० वर्ष तक निरन्तर पत्रकारिता से सम्बद्ध रहे। संपादकीय निर्भीकता के कारण उन्होंने दो बार जेल यात्राएं भी कीं। महाशय कृष्ण ने 'प्रभात', 'प्रताप' और 'वीर अर्जुन' का संपादन करते हुए आर्य समाज की हिन्दी पत्रकारिता का उन्नयन किया। वह एक स्वाधीनता सेनानी होने के साथ निर्भीक पत्रकार के रूप में महत्व रखते हैं।

'हंस', 'जागरण' और 'मर्यादा' के संपादक प्रेमचंद, 'जैन मित्र' के संपादक नाथूराम प्रेमी, 'माधुरी' तथा 'सुधा' के संपादक दुलारे लाल भार्गव, 'समन्वय', 'मतवाला' और 'सुधा' के संपादक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामचंद्र नीमा, 'अल्मोड़ा अखबार' के संपादक बुद्धिवल्लभ पंत, 'सैनिक' के संपादक कृष्णदत्त पालीवाल तथा 'माधुरी' के संपादक रूपनारायण पांडेय आदि ने भी हिंदी पत्रकारिता के हितार्थ बलिदान और संघर्ष किया है।

संपादकाचार्य अंबिकाप्रसाद वाजपेयी ने 'हिंदी वंगवासी', 'नृसिंह', 'भारत मित्र' तथा 'स्वतंत्र' आदि पत्रों से संबद्ध रहकर हिन्दी पत्रकारिता के माध्यम से संघर्ष का आवाहन किया। गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' का संपादन करते हुए अनेक बार जेल-यात्रा की तथा सांप्रदायिक एकता के लिए सक्रिय रूप में शांति-स्थापना करते हुए शहीद हुए। 'विश्वमित्र', 'हिन्दुस्तान', 'अमर भारत' तथा 'नव-प्रभात' के संपादक सत्य देव विद्यालंकार ने भी हिंदी पत्रकारिता की संघर्ष यात्रा जारी रखते हुए अनेक बार जेल यात्रा की। 'विजय' और 'जनसत्ता' के संपादक इंद्र विद्या वाचस्पति ने भी ब्रिटिश तानाशाही का अपनी निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से विरोध किया। उन्हें अनेक बार कारावास मिला तथा अपने पत्रों का प्रकाशन भी बंद करना पड़ा। 'अखंड भारत' के संपादक कन्हैयालाल वैद्य ने अनेक बार जिला निर्वासन, प्रांत निर्वासन तथा कारावास मिलने पर भी अपने संघर्ष स्वर को ऊंचा रखा। 'मारवाड़ी

बन्धु', 'भारत' तथा 'कलकत्ता समाचार' के संपादक झाबरमल्ल शर्मा ने भी हिन्दी पत्रों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना के स्वर को बल दिया । 'छत्तीस गढ़ मित्र', 'हिंदी केसरी' तथा 'कर्मवीर' के संपादक माधवराव सप्रे ने भी सदैव अपने निर्भीक व्यक्तित्व से पत्रकार समाज को प्रेरणा दी । 'आज', 'संसार', 'ग्राम संसार', 'आंधी' आदि के प्रधान संपादक के रूप में कार्य करने के समानांतर (पं०)कमलापति त्रिपाठी ने भी न केवल पत्रका- के क्षेत्र में संघर्ष किया, वरन् राष्ट्रीय स्वतंत्रता के आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अनेक बार जेल यात्रा की ।

हिंदी पत्रकारिता की संघर्ष-यात्रा के एक समर्थ सेनानी बाबूराव विष्णु पराड़कर हैं । उन्होंने राष्ट्रीय स्वाधीनता के लिए 'रणभेरी' जैसे अनेक भूमिगत पत्रों का संपादन किया था । हिंदी पत्रकारिता का जो स्वरूप आज परिलक्षित होता है, उसमें उनका योगदान आधारभूत रूप में महत्व रखता है ।

शिव प्रसाद गुप्त ने दैनिक 'आज' की स्थापना की और 'मर्यादा' तथा 'स्वार्थ' आदि का भी प्रकाशन आरंभ किया । हिंदी पत्रकारिता को विश्व स्तरीय स्वरूप प्रदान करने और अधुनातन साधनों से समृद्ध करने का श्रेय भी गुप्त जी को है । काका साहब कालेलकर ने भी 'नवजीवन' और 'मंगलप्रभात' का संपादन करते हुए हिंदी पत्रकारिता के उन्नयन हेतु कृत संकल्पता दर्शायी ।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, समाजवादी विचारक आचार्य नरेंद्र देव ने 'रणभेरी', 'संघर्ष' और 'जनवाणी' का संपादन करते हुए एक ओर तो हिंदी पत्रकारिता को समृद्ध किया और दूसरी ओर राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अनेक बार जेल गये । 'प्रभा', 'प्रताप' और 'कर्मवीर' के यशस्वी संपादक माखन लाल चतुर्वेदी ने अखिल भारतीय हिंदी पत्रकार परिषद् के अध्यक्ष के रूप में न केवल हिंदी पत्रकारों को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया वरन् ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेते हुए अनेक बार जेल-यात्रा भी की ।

बिहार पत्रकार सम्मेलन और काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मणनारायण गर्दे ने भी आजादी की लड़ाई में भाग लेते हुए अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी । 'केसरी', 'वेंकटेश्वर समाचार', 'हिंदी बंगवासी', 'भारतमित्र', 'श्रीकृष्ण संदेश', 'नवनीत', 'नवजीवन', 'सन्मार्ग' और 'संसार' आदि पत्र-पत्रिकाओं से सम्बद्ध रहते हुए उन्होंने स्वतंत्रता के संघर्ष को जारी रखा और कई बार जेल गये । 'भारत जीवन' के सहकारी संपादक तथा 'लहरी' के संपादक दुर्गाप्रसाद खत्री ने भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक सक्रिय और क्रांतिकारी पत्रकार की भूमिका का निर्वाह किया है । काशी से साइक्लोस्टाइल रूप में प्रकाशित भूमिगत पत्र 'रणभेरी' का संपादन और संचालन करते हुए उन्होंने न केवल राष्ट्रीय भावनाओं का प्रसार किया वरन् अनेक बार जेल-यात्रा भी की । 'कल्याण' के संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार भी कलकत्ते में क्रांतिकारी आंदोलन में भाग लेते हुए डेढ़ वर्ष तक जेल में रहे ।

बनारसीदास चतुर्वेदी ने 'विशाल भारत' और 'मधुकर' का संपादन करने के अतिरिक्त अखिल भारतीय पत्रकार संघ, मथुरा तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ, मद्रास के अध्यक्ष के रूप में भी हिंदी पत्रकारिता को उसका उचित स्थान दिलाने के लिए संघर्ष किया । हरिभाऊ उपाध्याय एक गांधीवादी विचारक रहे हैं और भारतीय स्वतंत्रता के संग्राम में भाग लेते हुए अनेक बार जेल-यात्रा कर चुके हैं । वह एक जागरूक और चेतना सम्पन्न पत्रकार के रूप में 'केसरी', 'काक', 'भारत', 'हिंदूमित्र', 'औदुम्बर', 'सरस्वती', 'मालव मयूर', 'यंग इंडिया', 'नवजीवन', 'त्यागभूमि', 'जीवन-साहित्य' तथा 'प्रताप' आदि पत्र-पत्रिकाओं से सम्बद्ध रहे हैं ।

'सचित्र संवाद', 'सरस्वती' और 'विश्वभारती' के संपादक श्रीनारायण चतुर्वेदी भी सदैव न केवल हिंदी की स्तरीय पत्रकारिता के पक्षधर रहे हैं, वरन् सदैव उसके साहित्यिक गौरव की रक्षा के लिए कृत संकल्प रहे हैं । गणेशदत्त शर्मा 'इंद्र' भी एक जागरूक पत्रकार के समानांतर क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जेल-यात्रा कर चुके हैं । वह 'बाल मनोरंजन', 'चंद्र प्रभा', 'हिंदी सर्वस्व', 'ब्राह्मण समाचार', 'गौड़ हितकारी', 'जीवन' तथा 'समता सौरभ' आदि पत्र-पत्रिकाओं के अतिरिक्त 'मयूर' नामक हस्त लिखित पत्रिका के भी संपादक रहे हैं ।

हिंदी के संघर्षशील पत्रकारों में मूलचंद्र अग्रवाल का नाम भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है । उन्होंने एक जागरूक पत्रकार के रूप में न केवल पत्रकारिता के प्रति समर्पित भाव दर्शाया वरन् स्वतंत्रता सेनानी के रूप में राष्ट्रप्रेम का अन्यतम आदर्श भी उपस्थित किया। वह हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में कलकत्ते से प्रकाशित होने वाले 'विश्वमित्र' के संस्थापक और संपादक के रूप में विशिष्ट महत्व रखते हैं । 'बंगवासी', 'कलकत्ता समाचार', 'साम्यवादी' (सांध्य दैनिक), 'लिबर्टी' (अंग्रेजी दैनिक), 'एडवांस'(अंग्रेजी दैनिक), 'मातृभूमि' (बंगला दैनिक) तथा 'इलस्ट्रेटेड इण्डिया' (अंग्रेजी साप्ताहिक) से सम्बद्ध रहते हुए उन्होंने स्वतंत्रता-सेनानी के रूप में जेल-यात्रा की ।अखिल भारतीय हिंदी समाचार पत्र संपादक सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है ।

'स्वाधीन प्रजा' तथा 'शक्ति' नामक पत्रों के संपादक मोहन जोशी (विक्टर जोजफ जोशी) का नाम भी हिंदी पत्रकारिता की संघर्ष यात्रा से जुड़ा हुआ है । उन्होंने भी अपने निर्भीक और क्रांतिकारी चिंतन के कारण कई बार जेल-यात्रा की । 'प्रताप' और 'प्रभा' के यशस्वी संपादक वालकृष्ण शर्मा 'नवीन' ने भी तेजिस्वता पूर्ण निर्भीक पत्रकारिता का जो आदर्श प्रस्तुत किया है वह अन्यतम है । उन्होंने अनेक बार जेल-यात्रा की और भारतीय स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया । 'पंजाब केसरी' और 'हिन्द समाचार' के संस्थापक तथा संपादक लाला जगत नारायण ने भी न केवल हिंदी पत्रकारिता के उन्नयन में योग दिया है वरन् राष्ट्रीय स्वतंत्रता के संग्राम में भाग लेते हुए अनेक बार जेल-यात्रा की ।

हिंदी के वहुसंख्यक पत्रकारों ने समय-समय पर शासन की अन्यायपूर्ण नीति के निर्भीक विरोध के समानांतर ही विभिन्न सामाजिक कुरीतियों का भी निर्मूलन करने की दिशा में जन-आवाहन किया है। 'आर्य-दर्पण', 'हिन्दोस्थान', 'भारतबंधु', 'हिन्दी प्रदीप', 'अलमोड़ा अखबार', 'खिचड़ी समाचार', 'भारत जीवन' तथा 'कवि वचन सुधा' के संपादकों ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है । 'कायस्थ समाचार', 'प्रयाग समाचार', ,अवध पंच', 'आर्य मित्र', 'कायस्थ शुभ चिंतक', 'अवध पंच', तथा 'हरिश्चंद्र मैगजीन' के संपादकों ने भारतीय जन-मानस में राष्ट्रीय-चेतना के स्वर भी फूंके हैं । इस सूची में 'छत्तीस गढ़ केसरी', 'विद्या वाणी', 'मजदूर आवाज', 'नयायुग', 'निर्भीक', 'विप्लव', 'अभ्युदय', 'कर्मवीर', 'वीर अर्जुन', 'सैनिक' तथा 'विश्व मित्र' का उल्लेख भी आवश्यक है ।

'नव भारत' दिल्ली से सम्बद्ध रहकर अनेक पत्रकार संगठनों के विभिन्न पदों पर सक्रिय रूप से कार्य करते हुए राणा जंगबहादुर सिह ने भी हिन्दी के पत्रकारों के हितों के लिए कार्य किया है । 'तरुण भारत', 'वालक', 'युवक', 'किसान मित्र', 'गोलमाल', 'कैदी', 'लोक संग्रह', 'योगी', 'तूफान', 'जनता', 'हिमालय', 'जनवाणी', 'चुन्नूमुन्नू' और 'नईधारा' के संपादक रामवृक्ष वेनीपुरी ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए वारह वार जेल-यात्रा की । 'तरुण राजस्थान' के संपादक और 'दैनिक हिन्दुस्तान' के सह-संपादक शोभा लाल गुप्त ने भी अपने निर्भीक व्यक्तित्व और क्रांतिकारी विचारों के कारण ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलन करते हुए जेल-यात्रा की ।

राष्ट्र-भाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में विशेष रुचि रखने वाले युगल किशोर चतुर्वेदी का नाम भी हिन्दी पत्रकारिता से जुड़ा हुआ है । उन्होंने 'जागृति', 'नवयुग संदेश', दैनिक 'राष्ट्र दूत' तथा 'लोकशिक्षक' के साथ ही स्वाधीनता संग्राम में कई बार जेल-यात्रा भी की । अभिन्न हरि भी हिन्दी के उन पत्रकारों में हैं जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के हेतु आयोजित आन्दोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया । वह अनेक पत्र-पत्रिकाओं से सम्बद्ध रहे । जिन पत्रों से वह नियमित लेखक, संपादक अथवा सह-संपादक के रूप में घनिष्ठता के साथ जुड़े रहे हैं उनमें 'कर्मवीर' (खंडवा), राजस्थान संदेश, दैनिक हिन्दुस्तान(दिल्ली), साप्ताहिक अग्रसर (दिल्ली)तथा लोकसेवक (कोटा) आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । इनके अतिरिक्त वह फ्री वर्ड (अंग्रेजी) के संपादक के रूप में भी महत्व रखते हैं । स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेते हुए अनेक बार जेल यात्रा की । एक क्रान्तिकारी सैनिक के रूप में उन्होंने भूमिगत पत्रों का प्रकाशन करते हुए अपनी संघर्ष-यात्रा को जारी रखा ।

‘युवक’, ‘जनता’, ‘जनवाणी’ और ‘एवरी मैन’ आदि पत्र-पत्रिकाओं का संपादन करते हुए एक जागरूक पत्रकार तथा स्वतंत्रता सेनानी के रूप में क्रियाशील रहकर जेल-यात्रा करने वाले पत्रकारों में गंगाशरण सिंह का नाम भी उल्लेखनीय है। कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर ने ‘राजहंस’, ‘गढ़देश’, ‘विकास’, ‘ज्ञानोदय’, ‘नया जीवन’ और ‘नया विकास’ के निर्भीक संपादक के रूप में न केवल अपने अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य के अधिकार का समुचित प्रयोग किया, वरन् राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान अनेक बार जेल-यात्रा भी की। दैनिक ‘नवज्योति’ के संपादक दुर्गा प्रसाद चौधरी का नाम भी हिन्दी-पत्रकारिता की संघर्ष-यात्रा के एक पथिक के रूप में जुड़ा हुआ है। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी एक सक्रिय सैनिक के रूप में भाग लिया और अनेक बार जेल गये।

एक क्रांतिकारी और सक्रिय पत्रकार के रूप में गणपति चंद्र केला का नाम भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आगरे से प्रकाशित ‘उजाला’ के संस्थापक तथा ‘अंग्रेजी शिक्षक’ नामक पत्र के प्रकाशक और ‘धन्वंतरी’ (विजयगढ़), ‘अर्जुन’ (दिल्ली) तथा ‘सैनिक’ (आगरा) के संपादक के रूप में उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता का आदर्श उपस्थित किया है। ब्रिटिश शासन काल में वह अनेक बार जेल-यात्रा भी कर चुके हैं। सशस्त्र क्रांति में आस्था रखते हुए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए काकोरी षड्यंत्र केस के प्रमुख अभियुक्त और जागरूक स्वतंत्रता सेनानी मन्मथनाथ गुप्त ने भी लगभग २० वर्ष कारावास में व्यतीत किये। भारतीय स्वतंत्रता के पश्चात् उन्होंने ‘बालभारती’, ‘योजना’ तथा ‘आजकल’ का संपादन किया। ऋषभचरण जैन ने स्वाधीनता संग्राम के एक सैनिक के रूप में असहयोग आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए न केवल अपनी पढ़ाई छोड़ दी, वरन् अनेक बार जेल भी गये। ‘चित्रपट’, ‘सचित्र दरवार’, ‘रूपवानी’ आदि के संपादक के रूप में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है।

इंडियन ऐण्ड ईस्टर्न न्यूज पेपर सोसायटी के सदस्य तथा प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया के निदेशक और अध्यक्ष पूर्णचंद गुप्त ने ‘स्वतंत्र’, ‘जागरण’, ‘कंचनप्रभा’, आदि पत्रों से संबद्ध रहकर हिन्दी पत्रकारिता को स्तरीयता प्रदान करने के लिए सदैव संघर्ष किया। ‘श्री वेंकटेश्वर समाचार’, ‘नवभारत टाइम्स’, ‘लोक वाणी’ और ‘हिंदुस्तान’ से संवद्ध मातादीन भगेरिया ने हिन्दी पत्रकार संघ के सभापति, सेंट्रल प्रेस एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य तथा न्यूज पेपर्स एडीटर्स क्रान्फेंस के संयुक्त मंत्री के रूप में हिन्दी पत्रकारिता के हितार्थ सदैव कार्य किया है। ‘हितकारिणी’, ‘प्रजापुकार’ और ‘प्रहरी’ के संपादक भवानीप्रसाद तिवारी ने हिन्दी पत्रकारिता में तो निर्भीक आदर्श प्रस्तुत ही किया, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक सक्रिय सेनानी के रूप में भाग लेते हुए चार बार जेल-यात्रा भी की। प्रेमनाथ चतुर्वेदी ने हिंदी के पत्रकारों के हितों के लिए अनेक रूपों में निरंतर संघर्ष किया है। उन्होंने ‘लोकराज’, ‘नवभारत टाइम्स’ और ‘विश्वमित्र’ का संपादन करके तो हिन्दी पत्रकारिता की उल्लेखनीय सेवा की ही है, अनेक पत्रकार संघों से सक्रिय रूप में जुड़कर उनकी हित-रक्षा के लिए संघर्ष किया है। वह दिल्ली हिन्दी पत्रकार संघ के सचिव और दिल्ली पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष रहने के अतिरिक्त अखिल भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के भी अनेक बार सचिव रह चुके हैं।

‘कर्मभूमि’ और ‘सत्यपथ’ नामक पत्रों से सम्बद्ध रहकर ललिता प्रसाद नैथानी ने सन् १९४२ के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेकर जेल-यात्रा की। रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर ने ‘केसरी’, ‘आज’, ‘खबर’, ‘संसार’, ‘अधिकार’, ‘नवजीवन’ आदि से जुड़े रहकर हिंदी पत्रकारिता को उसकी वांछित प्रतिष्ठा दिलाने के लिए निरंतर कार्य किया। ‘अर्जुन’, ‘वीणा’, ‘सैनिक’, ‘वीर’ और ‘नवभारत टाइम्स’ से जुड़ते हुए अक्षय कुमार जैन न केवल स्वाधीनता संग्राम के एक सक्रिय सेनानी रहे हैं वरन् अखिल भारतीय समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन के अध्यक्ष और प्रेस कमीशन के सदस्य के रूप में भी उन्होंने हिन्दी पत्रकारिता के हितार्थ कार्य किया है।

सुमनेश जोशी भी हिन्दी पत्रकारिता के संघर्षशील स्वरूप का प्रतीक कहे जा सकते हैं। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह अन्यतम है। अपने क्रांतिकारी चिंतन के कारण ही उन्हें कई बार जेल-यात्रा भी करनी पड़ी। ‘कर्मवीर’, ‘सनिक’, ‘राज-

वंदी', 'रियासती', 'राष्ट्रदूत' और 'आयोजन' आदि पत्र-पत्रिकाओं से जुड़े रहकर वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी निरंतर सक्रिय रहे । 'तरंग', 'संसार', 'ग्राम-संसार', 'युगधारा' और 'स्वतंत्र भारत' के संपादक अशोक जी ने भी काशी पत्रकार संघ तथा उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ में सक्रिय सहयोग देकर हिन्दी पत्रकारिता की प्रतिष्ठा में वृद्धि की । राजवल्लभ ओझा ने 'भारत', 'नवजीवन' और 'दीपक' आदि पत्रों से सम्बद्ध रहकर एक ओर तो श्रमजीवी पत्रकारों को गठित किया और दूसरी ओर अधिकारों की प्राप्ति के लिए भी संघर्ष किया । 'मजदूर संदेश' और 'जागरण' के संपादक ईश्वर चंद जैन ने मध्य प्रदेश प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य और इंदौर दैनिक समाचार पत्र संघ के सचिव के रूप में हिन्दी पत्रकारों की हित रक्षा में सदैव कार्य किया है । जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी का नाम भी उन पत्रकारों में उल्लेखनीय है जो किसी न किसी रूप में पत्रकारिता आंदोलन से जुड़े रहे हैं । 'जागृति', 'ब्रजभारती', 'मधुकर', 'नवभारत टाइम्स', 'लोक समाचार समिति','हिन्दुस्तान समाचार', 'आज', 'आर्यावर्त', 'समाचार भारती', 'केसरी', 'स्वतंत्र भारत', 'देशवंधु' और 'लोकराज' से सम्बद्ध रहकर भी उन्होंने सदैव हिन्दी पत्रकारिता के पक्षधर का धर्म निभाया है।

'आज', 'आर्यावर्त्त' और 'हिंदुस्तान' से सम्बद्ध चंदूलाल चंद्राकर ने भी तीन बार प्रेस एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में हिन्दी पत्रकारिता के हित में सक्रिय रूप से कार्य किया । दक्षिण भारत के के यशस्वी पत्रकार पी० नारायण 'नरन' ने 'ललकार', 'हिन्दी प्रचार समाचार' तथा 'केरल भारती' का संपादन करते हुए अपने निर्भीक और क्रांतिकारी विचारों के कारण अनेक बार जेल-यात्रा भी की ।

नागपुर, मध्य प्रांत, बरार श्रमजीवी पत्रकार परिषद् के संयोजक शिवनारायण द्विवेदी, समाचार एवं प्रशासन कमेटी के सदस्य एवं आई०ई०एन०एस०के अध्यक्ष के० नरेंद्र, अनेक पत्रकार संघों के सक्रिय पदाधिकारी नरेंद्र मोहन, मध्यप्रदेश के निर्भीक पत्रकार हुकुमचंद नारद, 'शक्ति' के संपादक मनोहर पंत, 'अभ्युदय' के संपादक पद्मकांत मालवीय, 'प्रताप', 'नवीन राजस्थान', 'राजस्थान केसरी' तथा 'नव संदेश' से सम्बद्ध पत्रकार विजय सिंह पथिक ने भी जनमानस के स्वर को बल देने का पुण्य कार्य किया । उनके द्वारा प्रकाशित 'नव-संदेश' सन् १९४२ के भारत छोड़ो आंदोलन में ब्रिटिश सरकार द्वारा जब्त कर लिया गया था । पथिक जी एक सशस्त्र क्रांति के सैनिक थे और इसी अपराध में उन्हें पांच वर्ष के कारावास का दंड दिया गया था ।

'स्वतंत्र भारत', 'संघर्ष', 'नवप्रभात', 'हमारी आवाज', 'निरंजन', 'भास्कर' तथा 'आचरण ग्वालियर' से सम्बद्ध रहकर काशीनाथ चतुर्वेदी ने न केवल हिन्दी पत्रकारिता के स्तरीकरण में योग दिया, वरन् पत्रकारों को संगठित करके उनके हितों के लिए भी संघर्ष किया । वह अनेक बार श्रमजीवी पत्रकार संघ, ग्वालियर के अध्यक्ष भी रहे । (डॉ०) रामचंद्र तिवारी ने भी 'विश्व मित्र', 'नवभारत टाइम्स', 'जनसत्ता', 'उद्योग व्यापार पत्रिका' और 'भारतीय रेल' के संपादन के समानांतर पत्रकारिता विषयक उत्कृष्ट साहित्य का सृजन करके उसके महत्व की वृद्धि की है । जितेंद्र गुप्त ने 'योजना', 'भारतीय समाचार', 'अकाशवाणी' तथा 'दिनमान' से सम्बद्ध रहकर सदैव पत्रकारों के अधिकारों के प्रति जागरूकता प्रदर्शित की । वह दिल्ली जर्नलिस्ट एसोसिएशन के महासचिव भी रहे। नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट से सम्बद्ध रहकर भी उन्होंने हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया । कमलेश्वर ने 'कहानी', 'नई कहानियाँ', 'इंगित', 'नई धारा' और 'सारिका' आदि का संपादन करते हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप में भाग लिया ।

पत्रकारिता की संघर्ष यात्रा को अनेक कष्ट सहने, वलिदान करने, पत्र बंद करने और जेल यात्रा करते हुए भी जारी रखने वाले अन्य पत्रकारों में 'नव राजस्थान' के संपादक अचलेश्वर प्रसाद वर्मा, विशाल भारत' तथा 'सैनिक' से सम्बद्ध पत्रकार (डॉ०) रमेश कुमार शर्मा, 'प्रभा' तथा 'विशाल भारत' के संपादक श्रीराम शर्मा, 'अजंता' के संपादक (डॉ०) श्रीराम शर्मा, 'स्वतंत्रता' तथा 'नवभारत टाइम्स' के संपादक चंद्रशेखर शास्त्री, 'जागरण' के संपादक उमाशंकर शुक्ल, 'विकास' के संपादक श्यामरथी सिंह, 'आर्य' तथा 'मनस्वी' आदि के संपादक क्षेमचंद्र 'सुमन', 'कर्म योगी' तथा 'नया हिंद'

आदि के संपादक पंडित सुंदर लाल, 'कवि कौमुदी' तथा 'वानर' आदि के संपादक रामनरेश त्रिपाठी, 'मतवाला', 'स्वतंत्र' तथा 'वर्तमान' आदि के संपादक रामशंकर त्रिपाठी, 'हिंदी नवजीवन' तथा 'हरिजन सेवक' आदि के संपादक काशी नाथ त्रिवेदी आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

'अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन' की स्थायी समिति के सदस्य तथा 'मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ' के उपाध्यक्ष भगवतीधर वाजपेयी, 'मध्य प्रदेश शासन पत्रकार अधिमान्यता समिति' के अध्यक्ष पुरुषोत्तम विजय, 'जयहिन्द' तथा 'आज' के संपादक विद्या भास्कर, 'आर्य' के संपादक भीमसेन विद्यालंकार, 'अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन' के महासचिव वीरेंद्र, 'हिंदी पत्रकारिता समिति' के संस्थापक-मंत्री (डॉ०) वेद प्रताप वैदिक, पत्रकार गोविंद लाल वोरा, 'जबलपुर पत्रकार संघ' के अध्यक्ष सुन्दर शर्मा, 'आर्य मित्र' तथा 'सैनिक' के संपादक एवं उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार सम्मेलन के सभापति हरिशंकर शर्मा, 'अखिल भारतीय पत्रकार संघ' के मंत्री तथा 'प्रताप' के सहयोगी संपादक देव व्रत शास्त्री, 'नागपुर श्रमजीवी पत्रकार संघ' के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, 'मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ' के उपाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद सर्राफ, 'श्रमजीवी हिंदी पत्रकार संघ' के अध्यक्ष राज किशोर सिंह, 'मध्य प्रदेश प्रेस सलाहकार समिति' की कार्य समिति के सदस्य मायाराम सुरजन आदि ने जहाँ एक ओर एक जागरूक राष्ट्र प्रेमी के रूप में निर्भीक पत्रकारिता के हितार्थ संघर्ष किया, वहाँ दूसरी ओर विभिन्न स्तरों पर पत्रकारों का संगठन करके भी उनके संघर्ष को रचनात्मक दिशा प्रदान करने में योग दिया।

'नई दुनिया' के संपादक राहुल बारपुते, 'आलोक' के संपादक सुरेंद्र वालूपुरी, 'राजस्थान' और 'विश्व विलोक' के संपादक ब्रजलाल बियाणी, 'नवजीवन' के संपादक मोहन लाल भट्ट, हिंदी पत्रकारिता समिति के सक्रिय सदस्य जय प्रकाश भारती, 'तरुण राजस्थान' से सम्बद्ध रामसिंह भारतीय, 'नवजीवन' के संपादक कनक मधुकर, 'महारथी के संपादक रामचंद्र शर्मा महारथी, 'अभ्युदय' के संपादक कृष्णकांत मालवीय, 'नवराजस्थान' के संपादक राम गोपाल माहेश्वरी, मध्य भारत श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद मिलिंद, 'साहित्य समालोचक' के संपादक कृष्ण विहारी मिश्र, 'लोकमत' और 'सारथी' के संपादक द्वारिका प्रसाद मिश्र, 'श्री शारदा' के संपादक नर्मदा प्रसाद मिश्र, कालांतर और 'गांधी मार्ग' के संपादक भवानी प्रसाद मिश्र, विहार श्रमजीवी पत्रकार संघ के संस्थापक शंभुनाथ वलियासे, 'तरुण राजस्थान' के संपादक ऋषिदत्त मेहता, 'अलवर पत्रिका' के संपादक कुंजविहारी लाल मोदी, 'विप्लव' के संपादक यशपाल, 'स्वदेश बांधव' के संपादक कुंवर हनुमंत सिंह रघुवंशी, 'किसान' के संपादक रतन कुमार, 'इण्डियन ऐंड ईस्टर्न न्यूज पेपर सोसाइटी' की कार्यकारिणी के के सदस्य रमेश चंद्र, 'कादंबिनी' के संपादक बालकृष्ण राव, 'वीर अर्जुन' के संपादक लेखराम, 'अभ्युदय' के संपादक 'व्यथित हृदय', 'नई दुनिया' के संपादक कृष्णकांत व्यास, 'तरुण राजस्थान' तथा 'अखण्ड भारत' के संपादक जय नारायण व्यास, उ० प्र० शासन की प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य और 'आज' से सम्बद्ध पत्रकार लक्ष्मीशंकर व्यास, 'युगारंभ' के संपादक व्योहार राजेंद्र सिंह, 'प्रणवीर', 'कर्मवीर' तथा 'राजस्थान केसरी' से संबद्ध पत्रकार शंकर लाल वर्मा तथा 'वीर अर्जुन' के संपादक जयंत वाचस्पति आदि ने भी हिंदी पत्रकारिता की गौरवमयी परम्परा का निर्वाह करते हुए अनेक वलिदान किये और जेल यात्रा भी की।

हिंदी-पत्रकारों ने न केवल स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व, वरन् स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भी अपनी संघर्ष यात्रा को जारी रखा है। पूर्व युग में यदि वे ब्रिटिश शासन की दमन-नीति और अन्याय पूर्ण रवैये के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे, तो आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अपने अधिकारों की रक्षा, सेवा की सुरक्षा, वेतन निर्धारण, मंहगाई भत्ते, भविष्य निधि और अन्य सुविधाओं के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। इन उद्देश्यों से प्रादेशिक तथा अखिल भारतीय स्तर के अनेक पत्रकार संगठन संघर्ष का मार्ग अपनाते हैं। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि २२ जनवरी सन् १६८६ को 'उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ' के नैनीताल में आयोजित उनतीसवें वार्षिक अधिवेशन में केंद्रीय श्रम मंत्रालय से पत्रकारों के काम

के घंटों के निर्धारण, छह महीने के भीतर औद्योगिक न्यायालय से किसी पत्र कर्मचारी के मामले पर निर्णय, एक वर्ष में उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय से फँसले, २६२ दिनों तक कार्य कर चुके अस्थायी पत्र कर्मचारियों के स्थायीकरण, अंशकालिक संवाददाताओं को अंतरिम सहायता, प्रूफ रीडरों की तीसरी श्रेणी के कर्मचारियों के रूप में प्रोन्नति, अवकाश प्राप्त करने वाले कर्मचारी को तीन महीने के भीतर भविष्य निधि का भुगतान तथा युवा पत्रकारों के प्रशिक्षण एवं पत्रकारिता के स्तरीकरण की दिशाा में संगीत, नृत्य, नाट्य, साहित्य तथा ललित कलाओं की भाँति ही 'प्रेस अकादमी' की स्थापना की मांग भी की गई। यह पत्रकारों की संघर्ष यात्रा का एक रचनात्मक पक्ष है, जो प्रशंसनीय है।

(१२) हिंदी पत्रकारिता के प्रमुख भेद

हिंदी पत्रकारिता अपने उद्भव काल से ही अनेक रूपात्मक रही है। आज से एक सौ साठ वर्ष पूर्व जब हिंदी का सर्वप्रथम पत्र 'उदंड मार्तंड' युगलकिशोर शुक्ल द्वारा संपादित होकर अस्तित्व में आया था, तब भी उसका उद्देश्य हिंदी पाठकों को विभिन्न विषयक गतिविधियों की व्यापक अवगति कराना था। परंतु मूलतः वह युग विदेशी परतंत्रता का होने के कारण जन-सामान्य में राजनैतिक चेतना को जाग्रत करना एक सामाजिक आवश्यकता थी। यही कारण है कि हिंदी में राजनैतिक पत्रकारिता का इतिहास भारत के राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ा हुआ है।

कालांतर में तो यह सामान्य रूप से एक धारणा बन गयी कि पत्रकारिता को अंगीकार करना जेल-यात्रा की तैयारी करना है, क्योंकि अनेक भारतीय पत्रकारों को अपने पत्र-प्रकाशन बंद करने के समानांतर ही जेल-यात्रा का भी दंड मिला। 'स्वराज्य' के संपादकों ने तो राष्ट्र-प्रेम के स्वर को इतना बल दिया कि उनमें से अनेक को राजद्रोह के अपराध में अनेक बार जेल जाना पड़ा। अंत में इसमें यह विज्ञापन प्रकाशित किया गया कि 'स्वराज्य अखबार के लिए एक ऐसा संपादक चाहिए जिसे दो सूखी रोटियाँ, एक गिलास ठंडा पानी और हर संपादकीय पर दस वर्ष की सजा मिलेगी।'

दुर्गाप्रसाद मिश्र के संपादकत्व में प्रकाशित होने वाले 'उचित वक्ता' का भी हिंदी की राजनैतिक पत्रकारिता के इतिहास में उल्लेख करना आवश्यक है। विदेशी शासकों की दमन-नीति का निर्भीकता के साथ सामना करते हुए न केवल इस पत्र ने स्वयं अपना व्यक्तित्व बनाये रखा, वरन् भारतीय भाषाओं के पत्रकारों का आवाहन करते हुए १२ मई सन् १८८३ के एक अंक में लिखा—'देशी संपादकों, सावधान! कहीं जेल का नाम सुनकर कर्तव्य विमूढ़ मत हो जाना, यदि धर्म की रक्षा करते हुए, यदि गवर्नमेंट को सत्परामर्श देते हुए जेल जाना पड़े, तो क्या चिंता है? इसमें मानहानि नहीं होती है। हाकिमों के जिन अन्याय-आचरणों से गवर्नमेंट पर सर्वसाधारण की अश्रद्धा हो सकती है, उनका यथार्थ प्रतिवाद करने में जेल तो क्या द्वीपांतरित भी होना पड़े तो क्या बड़ी बात है? क्या इस सामान्य विभीषिका से हम लोग अपना कर्तव्य छोड़ बैठें?'

राजनैतिक पत्रकारिता के विकास में एक नया चरण अंबिका प्रसाद वाजपेयी के 'नृसिह' से आरंभ होता है। उन्होंने राजनैतिक पत्र के संपादन प्रकाशन की समसामयिक परिप्रेक्ष्य में आवश्यकता को समझा और पहले साप्ताहिक तथा बाद में मासिक रूप में इसका आरंभ किया। उन्होंने लिखा है 'मेरे पास कुछ रुपये हो गये थे। इसलिए मुझे मासिक पत्र निकालने की सूझी। अनेक मासिक पत्र हिंदी में निकलते थे, परंतु उनमें कोई राजनैतिक पत्र न था, इसलिए इस अभाव की पूर्ति का ठेकेदार मैं बना। इस पत्र का उद्देश्य 'अन्याय अत्याचार से भारत के लोगों की रक्षा करना है, ठीक वैसे ही जैसे हिरण्यकशिपु की क्रूरता और हिंसा से नृसिह अवतार ने प्रह्लाद की रक्षा की थी।'

राजनैतिक पत्रकारिता का विकास विभिन्न विचार धाराओं के पोषक और समर्थक दलों की प्रेरणा, प्रभाव और सहयोग से हुआ है। इनमें गांधीवादी अहिंसक विचार धारा, हिंसा मूलक क्रांतिकारी विचार धारा, साम्यवादी विचार धारा तथा पूंजीवादी विचार धारा

आदि को आधार बनाया गया है। इस वर्ग की पत्र-पत्रिकाओं में 'स्वाधीन', 'विश्वमित्र', 'स्वतंत्र', 'विजय', 'स्वयं सेवक', 'छत्तीस गढ़ केसरी', 'हरिजन सेवक', 'मजदूर आवाज', 'समाज', 'विप्लव', 'संघर्ष', 'अभ्युदय', 'पांचजन्य', 'कर्मवीर', 'वीर अर्जुन', 'सैनिक', 'हुंकार' आदि के नाम उल्लिखित किये जा सकते हैं।

हिंदी पत्रकारिता ने राजनैतिक चेतना को जाग्रत करने के साथ ही सामाजिक नव जागरण का आवाहन भी किया है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी में सामाजिक पत्रकारिता का विकास मुख्यतः विभिन्न समाज सुधार परक आन्दोलनों की संचालक संस्थाओं आदि के माध्यम से हुआ है। इनमें मुख्यतः हरिजन कल्याण, ग्रामोत्थान, अस्पृश्यता निवारण, कुरीति उन्मूलन, जाति उत्थान आदि की भावना प्रमुख है। 'दलित प्रकाश','वालंटियर', 'मंजिल', 'समाज सेवक'तथा 'सेवा' आदि पत्र-पत्रिकाएं इस दृष्टि से विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

नारी चेतना के जागरण के आवाहन में भी हिंदी पत्रकारिता ने एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। स्त्री शिक्षा के प्रचार और प्रसार, पर्दा प्रथा के उन्मूलन, आर्थिक स्वावलम्बन, वैवाहिक कुप्रथाओं में में सुधार आदि के साथ-साथ नारी जीवन के विभिन्न पक्षों से संबंधित सभी विषयों का समावेश इनमें रहता है। 'मनोरमा', 'मोहिनी', 'शान्ति', 'आर्य महिला', 'कन्या', 'गृहिणी', 'जननी', 'दीदी', 'नारी', 'महिलाश्रम पत्रिका' तथा 'जाग्रत महिला' आदि इस संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

धार्मिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार और खंडनमंडन की प्रवृत्ति को आधार बना कर भी हिंदी में न केवल पत्रकारिता का एक रूप विकसित हुआ है, वरन् बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाएं भी समय-समय पर विभिन्न आंदोलनों को बल देने के लिए प्रकाशित की गई हैं। इनमें आर्य समाज से सम्बन्धित 'सार्वदेशिक','दयानंद संदेश' तथा 'आर्य मित्र', सनातन धर्म से संबंधित 'प्रेम संदेश', 'सन्मार्ग' तथा 'श्री वेंकटेश्वर समाचार', जैन धर्म से संबंधित 'जैन जगत', 'महावीर संदेश', 'दिगम्बर जैन' तथा 'श्वेतांबर जैन', बौद्ध धर्म से सम्बन्धित 'धर्मदूत', ईसाई धर्म से संबंधित 'भानूदय' आदि पत्र-पत्रिकाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अध्यात्म और पुराण को आधार बनाकर प्रकाशित होने वाला सर्वप्रमुख पत्र 'कल्याण' है। 'अखंड ज्योति', 'भारतीय संस्कृति', 'कर्मयोग' तथा 'संकीर्तन आदि अन्य पत्र-पत्रिकाओं का उल्लेख भी इस प्रसंग में अपेक्षित है।

साहित्यिक पत्रकारिता व्यवसाय-प्रधान दृष्टिकोण से युक्त पत्रकारी से भिन्न होती है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी पत्रकारिता का उद्भव उन्नीसवीं शताब्दी में हुआ था। हिंदी के सर्वप्रथम पत्रकार युगल किशोर शुक्ल ने जब कलकत्ता से 'उदंत मार्तंड' शीर्षक पत्र का प्रकाशन किया, तो उसकी पृष्ठभूमि में व्यावसायिकता का उद्देश्य नहीं था। परंतु दुर्भाग्य वश आर्थिक संकट के कारण और ग्राहकों की कमी को दृष्टि में रखते हुए इसका प्रकाशन उन्हें स्थगित करना पड़ा। यह हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता के लिए एक बड़ी चुनौती थी। 'उदंत मार्तंड' की अकाल मृत्यु हिंदी पत्रकारिता के भावी स्वरूप के विकास की ओर भी इंगित करती है।

कालांतर में साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में 'देवनागर' के प्रकाशन से एक नई गतिशीलता आई। इसका प्रकाशन न्यायमूर्ति शारदाचरण मित्र द्वारा संचालित एक लिपि विस्तार परिषद् के तत्वावधान में और यशोदानंद अखौरी के संपादकत्व में होता था। इसकी संपादकीय नीति इन शब्दों में घोषित की गई थी—'इस पत्र में साहित्य विषयक लेख तथा विज्ञान आदि विषय के भी उत्तम लेख प्रकाशित किये जायंगे। कालांतर में उनका भाषांतर भी कर दिया जायगा। प्रत्येक अंक में किसी-न-किसी प्रांतिक भाषा के व्याकरण संबंधी लेख अवश्य रहेंगे और कुछ शब्द-दोष भी।'

साहित्यिक पत्रकारिता से जुड़ी हुई आर्थिक संघर्षशीलता का अनुभव करके ही संभवतः प्रताप नारायण मिश्र ने जब सन् १८८३ में 'ब्राह्मण' का प्रकाशन आरंभ किया तो प्रथम अंक में ही स्पष्ट रूप से लिख दिया कि 'हमारी दक्षिणा भी बहुत ही न्यून है। फिर यदि निर्वाह मात्र भी होता रहेगा तो हम चाहे जो हो, अपना वचन निबाहे जायंगे। हमने इस पत्र को अपने लाभ की गरज से नहीं निकाला। लै दै बराबर हो जाय यही गनीमत है।' परन्तु एक ही वर्ष में उन्होंने क्षुब्ध होकर एक अंक

में लिखा 'साल पूरा होने आया, कुछ न कुछ इसके सबब से लोगों को लाभ ही हुआ होगा, हानि किसी तरह की नहीं। इस पर भी जो इसके मूल्य पर ध्यान दिया जाय तो एक रुपया साल के हिसाब से महीने में सिर्फ पांच पैसे और एक पाई होती है। गंवई गांव के लोग गंगापुत्र को कम से कम पांच टका की बछिया पुण्य करते हैं। क्या हिंदुस्तानी रईस लोग इस विद्यानुरागी 'ब्राह्मण' को महीने भर में बछिया के आधे दाम नहीं दे सकते हैं।' इसी प्रकार सातवें वर्ष के बारहवें अंक में 'अन्तिम संभाषण' शीर्षक से अपनी मर्म-व्यथा को व्यक्त करते हुए उन्होंने लिखा था, 'सात वर्ष का तमाशा देखते देखते जी ऊब उठा है। यद्यपि उन लोगों से विदा होते मोह लगता है जिनके साथ इतने दिनों संबंध रहा है, पर क्या कीजिए, समय का प्रभाव रोकना किसी का साध्य नहीं है। अतः छाती पर पत्थर रखके विदा होते हैं।'

भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा संपादित 'कवि वचन सुधा', बालकृष्ण भट्ट द्वारा संपादित 'हिंदी प्रदीप', प्रताप नारायण मिश्र द्वारा संपादित 'ब्राह्मण', महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा संपादित 'सरस्वती', प्रेम चंद द्वारा संपादित 'हंस', सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला द्वारा संपादित 'मतवाला', रूप नारायण पांडेय द्वारा संपादित 'माधुरी' आदि साहित्यिक पत्रकारिता की स्तरीय उपलब्धियाँ हैं। साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में देश के विभिन्न भागों से बहुसंख्यक प्रयास हुए हैं जिनमें से अनेक का ऐतिहासिक महत्व है। 'सरस्वती', 'नया समाज', 'हंस', 'कल्पना', 'साहित्य संदेश', 'ब्रज भारती', ,चाँद', 'माधुरी', 'लहर', 'विशाल भारत', 'वीणा', 'हिमालय', 'प्रतीक', 'युगधारा','युग चेतना', 'कल्पना', 'आलोचना', 'क ख ग', 'संकेत', 'निकष', 'माध्यम' 'नया आलोचक', आदि इस दृष्टि से विशेष महत्वपूर्ण हैं।

आज का युग विज्ञान का है। विज्ञान से आज जन-जीवन का प्रत्येक क्षेत्र इतना अधिक प्रभावित हो चुका है कि वह हमारे जीवन का एक अपरिहार्य अंग बन गया है। इसके विकास की गति के समानांतर ही इसमें लोक-रुचि और जिज्ञासा की भी वृद्धि हुई। फलतः विज्ञान पत्रकारिता के रूप में हिंदी पत्रकारिता का एक नवीन रूप अस्तित्व में आया। यह स्फुट स्तंभों के रूप में अनेक पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप में स्थान पाता रहा है और क्रमशः उसका पृथक् और स्वतंत्र रूप भी विकसित होता गया है। हरीश अग्रवाल के अनुसार 'विज्ञान-पत्रकारिता का क्षेत्र कहीं अधिक व्यापक है और वह हमारे सामने जीवन से काफी गहरी जुड़ी है। हमारी गरीबी, गांवों की टेक्नोलोजी, ऊर्जा के साधन, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, मकान, वातावरण, की रक्षा आदि सभी विषय ऐसे हैं, जिनका संबंध विज्ञान से है। यह हमारे आर्थिक विकास से भी निकटता से जुड़ा हुआ है। तो क्यों न हम विज्ञान-पत्रकारिता को ऐसा मोड़ दें जिससे यह हमारे जीवन से संबद्ध हो जाए और हमारा जीवन सुखी बने। हमें हिंदी में ऐसे पत्रकारों का दल तैयार करना होगा जो विज्ञान व टेक्नोलोजी को मानव जीवन समाज की भलाई से जोड़ सकें।'

विज्ञान पत्रकारिता का हिंदी में आज समुचित विकास हो चुका है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से इलाहाबाद की विज्ञान परिषद् ने 'विज्ञान' नामक एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९१५ में आरंभ किया था। इस दिशा में एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास 'कौंसिल आफ सांइटिफिक ऐण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च', नई दिल्ली के द्वारा भी किया गया। इसके द्वारा प्रकाशित 'विज्ञान प्रगति' का इस क्षेत्र में विशेष महत्व है। 'विज्ञान कला', 'विज्ञान कीर्ति', 'विज्ञान जगत्', 'विज्ञान ज्योति', 'विज्ञान दूत', 'विज्ञान पुरी', 'विज्ञान पुष्प', 'विज्ञान भारती', 'विज्ञान वैचारिकी' और 'विज्ञान शिखर' के माध्यम से इसका समुचित विकास हुआ है।

हिंदी पत्रकारिता का एक रूप बाल-पत्रकारिता के माध्यम से भी उद्भूत और विकसित हुआ है। आज विश्व की प्रायः सभी समुन्नत भाषाओं में बाल साहित्य के लेखन-पठन-पाठन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। हिंदी भाषा भी इसका अपवाद नहीं है। इसके अतिरिक्त कलात्मक और रंगीन मुद्रण व्यवस्था से भी बाल पत्रकारिता का रूप आकर्षक हुआ है और प्रचार-प्रसार भी बढ़ा है। स्वतंत्र और पृथक् रूप से बालोपयोगी पत्र-पत्रिकाएं तो आज हिंदी में प्रकाशित हो ही रही हैं, विभिन्न विषयक अन्य पत्र-पत्रकाओं में भी बाल-रुचि से संबंधित अनेक बाल-स्तंभ नियमित रूप से प्रकाशित होते हैं। इनमें भी बाल पत्रकारिता के विकास को एक नई दिशा मिली है।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी में बाल-पत्रकारिता का उद्भव सन् १८८३ में हुआ था। इस वर्ष 'बाल दर्पण' शीर्षक से हिंदी की सर्वप्रथम बालोपयोगी पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ था। यह हिंदी में उन्नीसवीं शताब्दी में प्रकाशित एक मात्र बालोपयोगी पत्र के रूप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। डॉ० श्रीकृष्ण चंद्र तिवारी 'राष्ट्र बन्धु' के विचार से 'बाल पत्र रंग-विरंगे, सुचित्रित और आकर्षक साज सज्जा से युक्त होने चाहिए—इस सब में खर्च बहुत बढ़ जाता है। आज की परिस्थितियों में बच्चों के अच्छे पत्र साधन संपन्न संस्थान ही प्रकाशित कर सकते हैं। छोटे साधनों से निकाल-कर कोई उसे लोक प्रिय बना सके, यह कठिन है। देश की अधिकांश आबादी गांवों और कस्बों में रहती है। वहां रहने वाले बच्चों के लिए विशेष रूप से कोई पत्र नहीं है। बच्चों के लेखकों को पूरा प्रोत्साहन भी नहीं मिलता। अधिकांश दैनिक पत्र बच्चों के पृष्ठ तो देते हैं, किन्तु उस पृष्ठ पर छपने वाली सामग्री के लिए पारिश्रमिक नहीं देते। बच्चों के प्रति हमारा जैसा उपेक्षा-पूर्ण दृष्टिकोण है, वैसा ही बच्चों के पत्रों तथा उनके लेखकों के प्रति है।'

बीसवीं शतब्दी के आरम्भिक वर्षों से ही हिंदी में बाल पत्रकारिता का तीव्र गति से विकास हुआ। 'आर्य बाल हितैषी', 'बाल सखा', 'बालक', 'चुन्नू मुन्नू', 'किशोर', 'बानर', 'शिशु', 'बच्चों की दुनियां', 'मन-मोहन', 'बाल भारती', 'होनहार', 'शेर बच्चा', 'चमाचम', 'राजा बेटा' आदि बहुसंख्यक पत्र पत्रिकाएं इस क्षेत्र में उल्लेखनीय हैं। संप्रति लोकप्रियता के समानांतर ही स्तरीयता की दृष्टि से भी जो बालोपयोगी पत्र पत्रिकाएं हिन्दी में विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, उनमें 'चंदा मामा', 'पराग', 'नंदन', 'इंद्रजाल कामिक्स' तथा 'लोट पोट' आदि हैं।

भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात् देश में एक ओर तो ग्रामोद्योग, गृह उद्योग, लघु उद्योग आदि को प्रश्रय दिया गया और दूसरी ओर भारी मशीनी उद्योगों को भी संरक्षण प्राप्त हुआ। अर्थव्यवस्था, व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य, उद्योग-धन्धों आदि का महत्व युग-जीवन के परिप्रेक्ष्य में बहुत अधिक बढ़ गया। अनेक उद्योगों, बैंकों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों आदि का राष्ट्रीयकरण भी हुआ और अनेक सहकारी आधार पर संचालित होने लगीं। इन सबकी अधुनातन गतिविधियों को रेखांकित करते हुए हिंदी में पत्रकारिता का एक नवीन रूप उद्भूत और विकसित हुआ, जिसे आर्थिक पत्रकारिता की संज्ञा से अभिहित कर सकते है। वासुदेव झा 'शांत' के मत से 'देश के आयोजनबद्ध आर्थिक विकास के साथ बाजारों पर शासन का नियंत्रण बढ़ता जा रहा है। मूल्यों को स्थिर रखने और उपभोग्य वस्तुएं सबको सुलभ कराने के लिए वह निरंतर प्रयत्नशील है। इस कारण जिन भावों में आवांछित एवं अवांछनीय गिरावट अथवा तेजी की रोकथाम के लिए शासन बाजार की गतिविधियों पर, समय-समय पर नियंत्रणात्मक या प्रतिबंधात्मक अथवा निषेधात्मक कार्यवाही करता रहता है। औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों में शासन के पदार्पण के फलस्वरूप व्यापारियों में स्वभावतः यह लालसा रहती है कि बाजार की घटना अथवा घटना विशेष पर शासन क्या नीति अथवा रुख अख्तियार करता है। निष्कर्ष यह कि आने वाले जमाने में वाणिज्य-पत्र और पत्रकारिता का महत्व बढ़ेगा ही, घटेगा नहीं। इनमें हिंदी पत्रों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्व और प्रभावी होगी।'

यद्यपि अधिकांश दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्र-पत्रिकाओं में अनिवार्य रूप से विभिन्न व्यवसायों से संबंधित रिपोर्टिंग के लिए स्थान आरक्षित होता है और उनसे संबंधित स्तम्भ नियमित रूप से प्रकाशित होते हैं, परन्तु अब पृथक् और स्वतंत्र रूप से भी कुछ पत्रिकाएं इस क्षेत्र में प्रकाशित होने लगी हैं। 'श्री सुभाष दैनिक व्यापार पत्रिका', 'अर्हत व्यापार पत्रिका', 'व्यापार भारती','उद्योग विकास पत्रकारिता', 'उद्योग विकास', 'उद्यम', 'संपदा', 'आर्थिक चेतना', 'आर्थिक जगत', 'जन उद्योग', 'आर्थिकी', 'खादी ग्रामोद्योग', 'जन उद्योग', 'योजना' आदि बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाएं इस दृष्टि से उल्लिखित की जा सकती हैं।

आर्थिक पत्रकारिता के विकास में जिन अर्थ शास्त्रीय, वाणिज्यीय, व्यावसायिक, औद्योगिक, व्यापारिक आदि संबंधित विषयों को आधार बनाया गया है, उन में 'उद्यम', 'वाणिज्य', 'पूंजी', 'अर्थ संदेश', 'व्यापार' और 'व्यापार कानून' आदि पत्र पत्रिकाओं का उल्लेख

किया जा सकता है ।

आंचलिक पत्रकारिता का विकास ग्रामीण समाज के क्रियाकलाप को आधार बनाकर हुआ है । इसके अन्तर्गत मुख्य रूप से कृषक वर्ग की समस्याओं का विवेचन हुआ है । इसकी सामयिक महत्ता को दृष्टि में रखते हुए सन् १९७३ में 'भारतीय ग्रामीण समाचार पत्र संघ, की स्थापना भी की गई थी ।

'ग्रामीण पत्रकारिता' अथवा 'आंचलिक पत्रकारिता' के विकास में भी हिंदी की बहुसंख्यक पत्र पत्रिकाओं का योगदान है । इनमें 'ग्राम संसार', 'गांव', 'चौपाल', 'ग्रामोद्योग पत्रिका', 'गांव की बात', 'ग्राम्य जीवन' तथा 'देहाती' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । संपादकाचार्य अंबिका प्रसाद वाजपेयी ने बहुत पहले कहा था कि 'जनता गांवों में रहती है । समाचार पत्रों को गांव से संपर्क बढ़ाना चाहिए ।'

'किसान', 'किसान पंचायत', 'किसान भारती', 'किसान मित्र', 'किसान राज्य', 'किसान संदेश','किसानी समाचार' और 'किसानोपकारक' आदि अनेक पत्र पत्रिकाएं इस दृष्टि से उल्लेखनीय हैं । 'कृषक क्रांति', 'कृषक जगत्', 'कृषक वाणी', 'कृषि', 'कृषि प्रसार', 'कृषि समाचार' और 'कृषि सुधार' आदि भी इस दृष्टि से उल्लेनीय पत्र पत्रिकाएं हैं ।

आज हिंदी में फिल्मी पत्रकारिता बहुत लोकप्रिय हो गयी है। इसका एक कारण यह है कि चित्रपट आज देश में सर्वाधिक प्रचार प्रसार वाला और जन जन तक पहुंचने वाला माध्यम बन चुका है । यद्यपि आज से लगभग पचास वर्ष पूर्व हिंदी के साहित्यकार-पत्रकार फिल्मों से जुड़ने लगे थे लेकिन फिर भी साहित्य और फिल्म की दूरी बनी रही । प्रेमचंद, ऋषभ चरण जैन, भगवती चरण वर्मा, ख्वाजा अहमद अब्बास, अमृतलाल नागर, नीरज आदि अनेक व्यक्तियों ने फिल्म क्षेत्र में कार्य किया । बाद में भी शंकर शेष, कमलेश्वर और अन्य साहित्यकार उससे संबद्ध हुए, परन्तु फिल्मी पत्रकारिता जैसी किसी वस्तु से इनका प्रत्यक्ष संबंध नहीं रहा । बच्चन श्रीवास्तव के विचार से 'फिल्मी पत्रकारिता आज भी उतना सम्मानित पेशा नहीं बन पाया है जितना होना चाहिए । और तो और स्वयं पत्रकार जगत में इसे सबसे निचले दर्जे की पत्रकारिता माना जाता है । यद्यपि फिलम देखने की सुविधा, फिल्मी सितारों से मिलने के सुअवसर और दावतों में आमंत्रित होने के आकर्षण के कारण युवा और नौसिखिए पत्रकारों में इसके प्रति बड़ा आग्रह है, परन्तु वरिष्ठ पत्रकार फिल्मी पत्रकारों को समानता का दर्जा देने में झिझकते हैं ।'

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से फिल्मी पत्रकारिता का आरंभ सन् १९३१ में प्रकाशित 'मंच' नामक पत्रिका से हुआ था । इसी क्रम में सन् १९३२ में दिल्ली से प्रकाशित होने वाली 'नवचित्रपट' नामक पत्रिका का उल्लेख भी किया जा सकता है । कालांतर में फिल्मों की लोकप्रियता बढ़ने के साथ फिल्मी पत्रकारिता का भी तीव्र गति से विकास हुआ । 'रंगभूमि', 'चित्रपट', 'रूपवती', 'रसभरी', 'चित्रप्रकाश', 'कौमुदी', 'युगधारा', 'फिलम चित्र', 'सरगम', 'चित्रकार', 'कल्पना', 'शबनम' तथा 'अनुपम' आदि अनेक पत्र-पत्रिकाएं फिल्म-जगत की गतिविधियों और हलचलों के साथ प्रकाशित हुईं और न्यूनाधिक रूप में लोक प्रियता प्राप्त करके चलती रहीं या बंद हो गईं । आज हिंदी में शताधिक फिल्मी पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं ।

मुद्रण यंत्रों के विकास के समानांतर फिल्मी पत्रकारिता का विशेष रूप से उन्नयन हुआ । बहुरंगी चित्र और आकर्षक छपाई भी इसके अनुरूप थी । 'छायाकार', 'प्रिया', 'फिल्मी दुनिया', 'सुचित्रा', 'राधिका', 'फिल्मी कालियां', 'मेनका', 'फिल्म रेखा', 'फिल्मांजलि', 'फिलम लता', 'पालकी', 'रजनी गंधा','आसपास' आदि का मुद्रण स्तर क्रमशः ऊंचा उठता प्रतीत होता है । 'टाइम्स आफ इंडिया' पत्र-शृंखला का फिल्मी पत्रिका 'माधुरी' इस वर्ग में विशेष महत्व रखती है ।

फिल्मी पत्रकारिता व्यापक आधार पर कला पत्रकारिता से जुड़ी है । यह संतोष का विषय है कि हिंदी में कला, संस्कृति, नृत्य, संगीत, वाद्य वादन, लेखन, अभिनय आदि से संबंधित उच्च कोटि के पत्र समय-समय पर प्रकाशित होते रहे हैं । इनमें 'कला निधि', 'लेखक', 'संगीत', नृत्य शाला', 'सारंग', 'अभिनय', 'रजतपट', 'चित्रपट', 'रंगभूमि', 'सिनेतस्वीर' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं ।

आज फिल्मी पत्रकारिता तीव्र गति से से निरंतर

लोक प्रियता प्राप्त कर रही है । यही कारण है कि पूर्ण रूपेण फिल्म-जगत से संबंधित पत्र-पत्रिकाएं तो आज हिंदी में बड़ी संख्या में निकलती ही हैं, प्रायः सभी दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्रों मे फिल्म-जगत से संबंधित स्थायी स्तंभ नियमित रूप से प्रकाशित होते हैं । यह तथ्य भी फिल्मी पत्रकारिता की लोकप्रियता का द्योतन करता है ।

क्रीड़ा जगत से संबंधित क्रिया-कलाप पर आधारित क्रीड़ा-पत्रकारिता का उद्भव हिंदी में स्वतंत्रता के पश्चात् हुआ था । आज देश में विभिन्न स्तरों पर न केवल विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में खेलों के प्रति रुचि जाग्रत और विकसित हो रही है, वरन् उनके विकास और प्रशिक्षण के लिए अनेक स्पोर्ट्स कालेज भी खुले हुए हैं । राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रतियोगिताएं भी होती हैं । इनके फलस्वरूप खेलों ने भी एक प्रकार का व्यावसायिक रूप ग्रहण कर लिया है । बैड मिंटन, टेनिस, बास्केट बाल, बाली बाल, हॉकी और क्रिकेट आदि खेलों में विश्व के करोड़ों व्यक्ति गहरी रुचि रखते हैं । योगराज और सुशील जैन के अनुसार 'लेकिन इतना सब कुछ होने पर भी यही कहा जायगा कि हिंदी में खेल साहित्य का अभाव है । ठीक भी है, अभी तक हमारे देश में खेल-कूद को सामाजिक प्राथमिकता (सोशल प्रायरिटी) ही नहीं मिल पायी है । अब धीरे धीरे कुछ राज्यों ने स्कूलों में खेल-कूद को अनिवार्य विषय बना दिया है । खेल साहित्य की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, जो अपने आप में एक शुभ लक्षण है । संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि हिंदी खेल पत्रकारिता या खेल साहित्य का अतीत और वर्तमान भले ही अभाव ग्रस्त रहा हो, लेकिन इसका भविष्य बड़ा उज्ज्वल है ।'

ऐतिहासिक दृटिकोण से भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात् सन् १९५१ में नई दिल्ली में प्रथम एशियाई गेम्स आयोजित हुए थे । उसी समय से क्रीड़ा पत्रकारिता का हिंदी में स्फुट रूप में आरम्भ माना जा सकता है । परन्तु अपने आरम्भिक काल में यह छुट-पुट समाचारों की रिपोटिंग के रूप में ही थी । कालांतर में रेडियो और दूर दर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय, एशियाई और ओलम्पिक गेम्स सारे संसार में देखना-सुनना संभव हो गया । फलतः न केवल विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में क्रीड़ा-पत्रकारिता के लिए नियमित स्तंभों के प्रकाशन की व्यवस्था हो गयी वरन् स्वतंत्र और पृथक् रूप से अनेक पत्र-पत्रिकाएं भी प्रकाशित होने लगीं । 'खेल खिलाड़ी', 'खेल युग', 'भारतीय कुश्ती', 'खेल समाचार' इनमें प्रमुख हैं ।

'ब्रेल पत्रकारिता' का विकास भी हिंदी में हुआ है । इसका आधार हिंदी 'ब्रेल लिपि' है जो दृष्टि होनों के द्वारा प्रयुक्त की जाती है । हिंदी में ब्रेल पत्रकारिता के प्रवर्तन का श्रेय ठाकुर विश्व नारायण सिंह को है । वह सन् १९५७ में भारत के प्रथम ब्रेल संपादक बने । उस समय से लेकर वर्तमान काल तक वे 'शिशु आलोक' तथा 'नयन रश्मि' नामक पत्र-पत्रिकाओं का संपादन कर रहे हैं । 'शिशु आलोक' का प्रकाशन सन् १८६६ में में आरंभ हुआ था । यह एक त्रैमासिक पत्रिका है जिस का प्रकाशन दृष्टि बाधितार्थ राष्ट्रीय संस्थान, देहरादून के तत्वाधान में होता है । इसी क्रम में 'नयन रश्मि' का नाम भी उल्लेखनीय है । यह एक मासिक पत्रिका है और इसका प्रकाशन सन् १९५७ में हुआ था । हिंदी ब्रेल लिपि के माध्यम से नेत्र हीनों के बीच भारत तथा विश्व के अनेक देशों में हिंदी साहित्यिक एवं कला तथा भारतीय राजनीति और दर्शन का प्रचार प्रसार इसका उद्देश्य है । हिंदी में 'ब्रेल पत्रिकारिता' के विकास की दृष्टि से इसका ऐतिहासिक महत्व है ।

'शिक्षा पत्रकारिता' का विकास भी हिंदी में परंपरागत रूप में परिलक्षित होता है। 'शिक्षा', 'नई तालीम', 'शिक्षण पत्रिका' एवं 'शिक्षक बंधु' आदि के माध्यम से यह परंपरा विकसित हुई है ।

शोध, अनुसंधान, अन्वेषण, इतिहास और पुरातत्व को आधार बना कर भी हिंदी पत्रकारिता का विकास हुआ है । इनमें 'भारतीय विद्या', 'विकास' तथा इतिहास' आदि पत्र प्रमुख हैं । साहित्यिक शोध से संबंधित 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका', 'विश्व भारती पत्रिका', 'शोध पत्रिका', 'सम्मेलन पत्रिका' तथा 'हिंदुस्तानी' उल्लेखनीय हैं ।

स्वास्थ्य, आरोग्य, औषधि विज्ञान, योग एव व्यायाम आदि को भी आधार बना कर हिंदी में कुछ पत्रिकाएं समय-समय पर प्रकाशित हुई हैं । इनमें

'प्राकृतिक चिकित्सा, 'होम्योपैथिक चिकित्सा' तथा 'आयुर्वेदिक चिकित्सा' आदि के प्रचार-प्रसार की भावना परिलक्षित होती है। 'धनवंतरि वैद्य', 'सुधा निधि', 'आरोग्य', 'होम्योपैथिक संदेश', 'आयुर्वेद रसायन' आदि का उल्लेख इस संदर्भ में अपेक्षित है।

इस रूप में हिंदी पत्रकारिता के अनेक भेद विकसित हुए हैं, जिनका आधार जन-जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित क्रिया कलाप हैं। राजनीति, साहित्य, समाज, धर्म, अध्यात्म, दर्शन, विज्ञान, नारी संसार, बाल जगत, उद्योग, व्यवसाय, वाणिज्य, आंचलिक जीवन, कृषक, श्रमिक, चित्रपट, खेल-कूद, शिक्षा, अनुसंधान, इतिहास, पुरातत्व, स्वास्थ्य, औषधि विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, ज्योतिष, पुस्तकालय विज्ञान, कानून तथा यातायात आदि से संबंधित अनेक पत्र-पत्रिकाएं समय-समय पर प्रकाशित हुई हैं और निरंतर उनका क्षेत्रगत विस्तार भी होता जा रहा है। यह तथ्य हिंदी पत्रकारिता की सांप्रतिक समृद्धि का द्योतक है।

(१३) पत्रकारिता : अवधारणा, स्वरूप और दृष्टिकोण

पत्रकारिता के विषय में विभिन्न मनीषियों, साहित्यकारों और पत्रकारों आदि ने समय-समय पर विभिन्न प्रकार के विचार व्यक्त किये हैं। इनसे एक ओर तो पत्रकारिता विषयक उनके दृष्टिकोण और अवधारणा का परिचय मिलता है और दूसरी ओर पत्रकारिता का स्वरूप भी स्पष्ट होता है। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि ये मंतव्य पत्रकारिता के विकास के समानांतर उसकी पृष्ठभूमि और परिस्थितियों की समसामयिकता के संदर्भ में प्रस्तुत किये गये हैं। यही कारण है कि इनका आधार पत्रकारिता का यथार्थ अनुभव है जो प्रकारांतर से अनेक प्रकार के संघर्षों से जुड़ा हुआ है।

आरंभिक युगीन हिंदी पत्रकारिता के पोषकों ने उसकी साधना, गरिमा, नैतिकता और कर्तव्य परायणता पर उसके तकनीकी प्रशिक्षण की तुलना में अधिक गौरव दिया है। बाल कृष्ण भट्ट ने लिखा है कि 'यदि भरतीय पत्रकार इसलिए आयोग्य हैं कि वे विश्वविद्यालय के स्नातक नहीं अथवा वे कोट पतलून नहीं पहनते, अथवा वे अपनी सभ्यता और संस्कृति से चिपके हुए हैं, तब तो अंग्रेज अपनी जगह सही है। यदि शिक्षा का अर्थ सच्चाई, शक्ति, योग्यता, सही और गलत में अन्तर करना, ईमानदारी तथा देश भक्ति है तो भारतीय पत्रकार उतने ही शिक्षित हैं, जितने अंग्रेज पत्रकार।' इसी प्रकार से बाबू राव विष्णु पराड़कर ने समाचार पत्र के दो मुख्य धर्म माने हैं, 'एक तो समाज का चित्र खींचना और दूसरे उसे सदुपदेश देना। चित्र के संबंध में बहुत कुछ कह चुका। उसके बिना हमें प्रकृत सफलता मिल नहीं सकती। पर हमारा दूसरा कार्य-लोक शिक्षण हमारा सच्चा धर्म है। इसी के द्वारा हम देश की और जनता की सच्ची सेवा कर सकते हैं। जनता के विचारों पर हमारे लेखों का बड़ा प्रभाव पड़ता है।'

हिंदी पत्रकारिता के उन्नायकों ने उसे एक साधना और तपस्या के रूप में अंगीकार किया था। इसीलिए पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' ने स्पष्ट रूप से कहा था कि 'मेरी राय में पत्रकार बनने के पूर्व आदमी को समझ लेना चाहिए कि 'यह मार्ग त्याग का है, जोड़ का नहीं। पर मेरा आदर्श पत्रकार ईमानदार, पादरी, पीर, परमहंस सा नजर आता है। व्यक्तिगत सुख दुख के बहुत ऊपर किसी भी भीड़ में जिसे पहचाना जा सके।'

कतिपय पत्रकारों ने अपने सुदीर्घ पत्रकारिता से संबद्ध जीवन के निष्कर्ष के रूप में यह अनुभव किया कि यह मार्ग कठोर साधना का है और इस का अनुगमन व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। उदाहरण के लिए पंडित सुन्दर लाल ने लिखा है, 'मेरे पत्रकार जीवन के एक मात्र अनुभवों का निष्कर्ष यही है कि सच्चा पत्रकार वही हो सकता है जो समाज सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित हो कर निर्भीकता, निष्पक्षता, निःस्वार्थ भावना तथा स्वतंत्रता से लेखनी चलाए और किसी के 'अनुचित' दबाव के आगे न झुके। जीवन में त्याग तथा अभाव को सहन करने की क्षमता रखने वाला व्यक्ति सच्चा पत्रकार हो सकता है।'

हिंदी पत्रकारिता से जुड़े हुए संघर्ष को अनुभव करते हुए भी कुछ विचारकों ने उसके विकास का आकलन किया है। उन्होंने यह भी अनुभव किया है कि पत्रकारिता एक साधना से आरम्भ होकर व्यवसाय बनती जा रही है। (डॉ०) संपूर्णानन्द के मतानुसार 'हमारा पत्रकारिता

का इतिहास हमारे अर्वाचीन राजनैतिक इतिहास का महत्व पूर्ण अध्याय है और इस बीच में चलने वाले पत्रों का जीवन हमारे स्वाधीनता संग्राम का विशेष अंग है। पत्रकार का काम केवल समाचारों का चयन और उनका यथा स्थान संयोजन तथा लेखों का संपादन नहीं था। उसको निरन्तर विदेशी शासन से टक्कर लेनी थी। ऐसे एक नहीं अनेक अवसर आये हैं, जबकि संपादकों को अग्रलेख लिखने के लिए लेखनी उठाते हुए एक पांव जेल की ओर बढ़ा देना पड़ता था।'

(पं०) अंविका प्रसाद वाजपेयी ने समाचार पत्र के क्षेत्र विस्तार के समानांतर ही उसके निश्चित लक्ष्य और गंभीर स्वरूप निर्धारण पर भी गौरव दिया है—'मासिक पत्रों का तो कोई निर्धारित लक्ष्य ही नहीं दिखता', किसी अंक में तो राजनीति की भरमार, परवर्ती अंक में उपन्यासों का चमत्कार व ऐयारी का खिलवाड़, साथ ही समाज सुधार का विचार और व्याकरण का संस्कार, कभी-कभी वाग्वितण्डा का उपचार और आपस में जूती पैजार का व्यभिचार देखने में आता है।'

पत्रकार और संपादक के अपने पाठकों के प्रति नैतिक दायित्व-बोध और कर्तव्य-निर्वाह पर गौरव देते हुए (पं०) कमलापति त्रिपाठी ने यह मत प्रकट किया है कि 'संपादक वह पत्र रूपी संचालक है जिसका समाज के जीवन में गहरा प्रभाव छापा हुआ है, फलतः संपादक पर नैतिक जिम्मेदारी भी होती है। यदि पत्रों का लक्ष्य केवल धन कमाना नहीं है, यदि उनका आदर्श जनहित की रक्षा करना तथा साधारण मनुष्य का साथी, मित्र, उपदेष्टा तथा रक्षक होना है तो पथ प्रदर्शक, संपादक, होने के नाते वह उस विशाल जनसमूह के प्रति उत्तरदायी है जिसकी सेवा करने के लिए उसका पत्र प्रकाशित होता है।'

पत्रकार के दायित्व और क्षमता का उसके विराट् व्यक्तित्व के परिप्रेक्ष्य में आकलन करते हुए अनेक विचारकों ने उसके प्रभावी स्वरूप पर गौरव दिया है। टी० एच० एस० स्कॉट के विचार से 'थोड़े समय के अन्तर पर प्रकाशित अपनी रचनाओं से जनमत को एक निश्चित दिशा में प्रभावित करना चाहता है।' इसी प्रकार से जेराल्ड डब्ल्यू०जॉनसन ने भी लिखा है 'संपादक की समाचार प्रस्तुत करने की क्षमता की बड़ी कसौटी अस्पष्टताओं और दुरूहताओं की ओट में छिपे हुए महत्व पूर्ण तथ्यों को इस ढंग से प्रस्तुत करना है कि उन तथ्यों को इस दुनिया के वे लोग भी समझ जायें जिनमें अज्ञान, उपेक्षा-भाव और मूर्खता ही भरी है तथा विचारों के संघर्ष के प्रति रुचि का अभाव है।'

भारत के स्वाधीनता आन्दोलन में भी हिंदी के पत्र और पत्रकारों ने एक महान् भूमिका का निर्वाह बड़े से बड़ा त्याग करके किया था। आगे भी उसने अपना यह महत्व बनाये रखा। यद्यपि आज उसका सर्वतोन्मुखी स्वरूप विकसित हो चुका है परंतु फिर भी अभी उसके भावी विकास की आवश्यकता है। (डॉ०) राम सुभग सिंह के शब्दों में 'मानव जीवन में पत्रकारिता का बड़ा महत्व है। भारतीय पत्रकार–प्रधानतः हिन्दी व कतिपय अन्य भाषाओं के पत्रकार—अपनी देश भक्ति के लिए बड़े विख्यात थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपूर्व त्याग व बलिदान किया था। देश की स्वाधीनता के लिए संघर्ष तथा राष्ट्रीयता का प्रचार करना वे अपना पुनीत कर्तव्य मानते थे।'

यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि हिंदी के समाचार पत्रों ने देश में सर्वतोन्मुखी चेतना को जाग्रत किया है। आचार्य शिव पूजन सहाय के शब्दों में 'हमारे हिंदी के दैनिकों ने जहाँ देश को उद्बुद्ध करने में अथक प्रयास किया है, वहाँ हिंदी प्रेमी जनता में साहित्यिक चेतना जगाने का श्रेय पाया है। आज हमें हर बात में दैनिकों की सहायता आवश्यक जान पड़ती है। भाषा और की उन्नति में भी दैनिकों से बहुत सहारा मिल सकता है।'

महात्मा गांधी जैसे मनीषियों ने भी यह अनुभव किया था कि आज के संघर्ष शील युग में पत्रकारिता का संबल किसी भी आन्दोलन की सफलता के लिए आवश्यक है। इसी लिए उन्होंने स्पष्ट रूप से लिखा था कि 'मेरा ख्याल है कि ऐसी कोई भी लड़ाई जिसका आधार आत्मबल हो, अखबार की सहायता के बिना नहीं चलाई जा सकती। अगर मैंने अखबार निकाल कर दक्षिण अफ्रीका में बसी हुई भारतीय जमात को उसकी स्थिति न समझाई होनी और सारी दुनिया में फैले हुए भारतीयों को दक्षिण अफ्रीका में क्या हो रहा है, इससे 'इंडियन ओपिनियन' के सहारे अवगत न रख होता तो मैं अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकता थ

इस तरह मेरा भरोसा हो गया कि अहिंसक उपायों से सत्य की की विजय के लिए अखबार एक बहुत महत्व पूर्ण और अनिवार्य साधन है।' परंतु इसी के समानान्तर उन्होंने यह भी स्पष्टत: अनुभव करते हुए कहा कि 'समाचार पत्रों का संचालन सेवा भाव से ही होना चाहिए। समाचार पत्र एक भारी शक्ति है, परन्तु जिस प्रकार निरन्कुश जल-प्रवाह पृथ्वी के कई भागों को डुबा देता है और फसल को नष्ट-भ्रष्ट कर देता है, उसी प्रकार निरंकुश पत्रकार की कलम की धार सत्यानाश कर देती है। उस पर अंकुश यदि बाहरी हो तो वह इस निरंकुशता से भी अधिक जहरीला सावित होता है। अत: लाभदायक तो अन्दर का ही अंकुश हो सकता है।'

स्वतंत्रता पूर्व की पत्रकारिता के समक्ष जो आर्थिक कठिनाइयाँ विद्यमान रही हैं उनका मार्मिक विवरण अनेक पत्रकारों की उक्तियों से उपलब्ध होता है। 'उदंत मार्तण्ड' और 'ब्राह्मण' आदि के संपादकों ने तो स्पष्ट रूप से आर्थिक अभावों को ही अपने पत्रों की अकाल मृत्यु का कारण घोषित किया था।

(पं०) प्रताप नारायण मिश्र का अनुभव था कि 'हिंदी पत्र कुछ कमाई के लिए नहीं होते खर्च भर निकालना भी गनीमत है।' यही अनुभव प्रेमचंद ने भी किया था—'अखबारी जिंदगी में किस कदर फ़िक और झंझट. उस पर पचास साठ रुपये से ज्यादा कोई देने वाला नहीं। अभी हमारे यहाँ वह जमाना नहीं आया कि जर्नलिज्म को कैरियर बनाया जा सके।'

उक्त परिस्थिति को लक्षित करके ही हिंदी के अनेक पत्रकारों ने न केवल त्याग पथ के अवलंबन का परामर्श दिया था वरन् पत्रकारों को आदर्श पथ पर दृढ़ रहने का आवाहन भी किया था। उदाहरण के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी ने कहा था कि 'जिस दिन हमारी आत्मा इतनी निर्वल हो जाय कि अपने प्यारे आदर्श से डिग जायें, जानबूझ कर असत्य के पक्ष पाती बनें और उदारता, स्वतंत्रता और निष्पक्षता को छोड़ देने की भीरुता दिखाएं, वह दिन हमारे जीवन का सबसे अभागा दिन होगा और हम चाहते हैं कि हमारी उस नैतिक मृत्यु के साथ ही हमारे जीवन का अंत हो जाय।'

साधना और तपस्या से आरंभ होकर व्यावसायिकता और लोभ तक पहुंचती हुई हिंदी पत्रकारिता की विघटन शील स्थिति का आकलन करते हुए गणेश दत्त शर्मा इंद्र ने लिखा है कि भारत की 'आजादी के बाद हिंदी पत्रकारिता में वह प्रतिभा नहीं मिलती जो आजादी के पूर्व के समाचार-पत्रों में थी। न वो ठोस सामग्री है न वह प्रतिभावान् रूप। आज की पत्रकारिता तो धन कमाने का मात्र साधन रह रही है। उसने ब्लैक मेल का धंधा अपना लिया है। पूंजी पति पत्र केवल पैसा बटोरना चाहते हैं। संपादकों, लेखकों तथा संवाददाताओं का खून चूस कर वर्तमान पत्रों के व्यवस्थापक अपनी तिजोरियाँ भरने की उधेड़बुन में रहते हैं। जो भ्रष्टाचार राजनीति में प्रवेश करके उसे बदनाम करने में संलग्न है, वही हिंदी पत्रकारिता में भी आ घुसा है। जनसेवा और परोपकार का सुंदर वेश बनाये आज का हिंदी पत्र-जगत निडर होकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहा है।'

पत्रकारिता के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अनेक विचारकों ने उसके विषय में अपनी अवधारणा स्पष्ट की है। कुछ ने उसे स्थायी साहित्य की कोटि में रखा है तो कुछ ने सामयिक साहित्य की कोटि में। मैथ्यू आर्नल्ड ने उसे शीघ्रता में लिखा जाने वाला साहित्य माना है। उसे सामयिक साहित्य मानते हुए आस्कर वाइल्ड ने कहा है कि 'आज अधिकतर साक्षर जनता के लिए समाचार पत्र के अतिरिक्त कोई दूसरा साहित्य नहीं है। वही उनकी पाठशाला, वही उनका साथी और पथ प्रदर्शक और वही शिक्षण तथा साहित्य हो गया है।' इसी प्रकार से बनार्ड शॉ का मत है कि 'कुशल पत्रकार साहित्यकार से भिन्न नहीं है। अगर साहित्य का काम संसार को ठीक-ठीक देखना और परखना है तो पत्रकारिता का भी पहला काम यही है।' शॉ की यह भी धारणा है कि 'ऐसा कुछ भी साहित्य के रूप में बहुत दिनों तक जीवित नहीं रह सकता जो पत्रकारिता भी न हो। जो व्यक्ति अपने और अपने समय के बारे में लिखता है, केवल वही सचमुच समस्त मनुष्यता और सभी युगों के लिए लिख सकता है।'

अंग्रेजी के प्रसिद्ध विचारक एडिसन ने भी इस मत की परिपुष्टि की है कि समाचार पत्र नीरस साहित्य न होकर सर्वाधिक आकर्षक कोटि का साहित्य है। उन्होंने लिखा है 'कि पत्रकार कला से अधिक मनोरंजक, अधिक

विमोहक, अधिक रसमयी तथा अधिक सर्वतोन्मुखी कोई दूसरी बात मुझे दिखाई देती । एक स्थान पर बैठकर प्रतिदिन सहस्रों नर नारियों तक पहुंचना, उनसे अपने मन की बात कहना, उन्हें सलाह देना, वे क्या करें और क्या न करें इस संबंध में परामर्श देना, उनका शिक्षर्ण और मनोरंजन करना तथा आवश्यक हो तो उन्हें चिढ़ा भी देना कैसा आश्चर्य जनक होता होगा यह सोचकर ही मैं स्पन्दित हो उठता हूं ।'

महादेवी वर्मा ने पत्रकारिता को एक रचनाशील विधा माना है–'इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है । अतः पत्रकारों को अपने दायित्व और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों का इतिहास लिखा जायेगा ।'

कुछ साहित्यकारों ने लेखक और पत्रकार दोनों को समान धर्मा माना है और इन दोनों विधाओं की अन्तर-निर्भरता दर्शायी है । उदाहरण के लिए बालकृष्ण राव ने इस विषय पर अपना मत प्रकट करते हुए बतायाहै, 'दैनिक समसामयिक परिवेश से किसी न किसी रूप में प्रत्येक लेखक प्रेरणा ग्रहण करता है, चाहे वह साहित्यकार हो या पत्रकार । दोनों ही लेखक हैं, दोनों ही सर्जनाकार हैं, दोनों के कार्य किन्हीं ऐसे गुणों की अपेक्षा करते हैं जो दोनों के लिए अपरिहार्य हैं--अनाविल दृष्टि, चिंतन-लेखन में प्रेषणीयता की शक्ति । प्रत्येक पत्रकार अंशतः साहित्यकार भी है, प्रत्येक साहित्यकार अनिवार्यतः पत्रकार भी ।'

न केवल भारतीय वरन् विदेशी पत्रकारों ने भी पत्रकारिता को मात्र व्यवसाय नहीं माना है । उदाहरण के लिए 'लंदन टाइम्स' के संपादक एच० विखेम स्टीड के विचार से 'पत्रकारित्रा कला है, वृत्ति है और जनसेवा भी । जब तक कोई यह नहीं समझता कि मेरा कर्तव्य अपने पत्र के द्वारा लोगों का ज्ञान बढ़ाना, उनका मार्ग दर्शन करना है, तब तक उसे पत्रकारी की, चाहे जितनी प्रशिक्षा दी जाये, वह पत्रकार नहीं बन सकता।'

आज पत्रकारिता न केवल लोकतांत्रिक विचारों का वाहक और लोक तांत्रिक चेतना का अग्रदूत है वरन् उसके भविष्य का निर्माता भी है । ए० डी० मणि के शब्दों में 'इस विषय में मेरे मन में तनिक भी संदेह नहीं है कि भारत में लोकतंत्र का भविष्य देश के समाचार पत्रों के हाथ में है । दुनिया में जब अधिनायकत्व का जोर क्रमशः बढ़ता जा रहा है, तब हमारा देश पूरब में लोक तंत्र का गढ़ बना हुआ है । हमारे चारों तरफ सरकारों के और समाज के विभिन्न रूप उद्भूत हो गये हैं । पश्चिम के लोकतंत्र जगत की परम्पराओं में पले होने पर हम अपने देश में लोकतंत्र का ऐसा महान् परीक्षण कर रहे हैं, जैसा दुनिया में आज तक कभी नहीं देखा गया ।'

पत्रकारिता की व्यापकता और विभिन्न क्षेत्रीय दायित्व निर्वाह की सक्षमता का अनुभव करते हुए (पं०) कमला पति त्रिपाठी ने लिखा है कि 'साधक के लिए साधना का, त्यागी के लिए उत्सर्ग का, तपस्वी के लिए कष्ट-सहन तथा अनासक्ति का, योद्धा के लिए संघर्ष और रण का, कवि के लिए अनुभूति की अभिव्यक्ति का, कलाकार के लिए संस्कृति के गूढ़ और रहस्यमय चित्रों का चित्रण करने का आलोचक के लिए जीवन की स्थूल और सूक्ष्म धारा के विवेचन का, साहित्यिक के लिए लौकिक और अलौकिक, यथार्थ और भावुक जगत को प्रकाश में लाने का पथ एक साथ ही उपस्थित कर देने में सिवा पत्र-पत्रकारिता के आज कौन समर्थ है ।'

साम्प्रतिक परिवेश में जहाँ एक ओर भौतिक और यांत्रिक विकास के आयाम स्पष्ट हो रहे हैं वहाँ दूसरी ओर पत्रकारिता भी उन्हीं के समानांतर अपने स्वरूप को सक्षम बना रही है । उसकी इसी महानता का दिग्दर्शन कराते हुए कार्लाइल ने इन शब्दों में उसकी अनुशंसा की है 'महान् है पत्रकारिता, लोक मानस को प्रभावित करने वाला होने के कारण पत्रकार क्या विश्व का शासक नहीं ? वास्तव में रोचक एवं चुनौतीपूर्ण इस पेशे में वही सक्षम सिद्ध होगा जिसमें कवि की कल्पना शक्ति, कलाकार की सृजनात्मक योग्यता, न्यायाधीश की विषय-निष्ठता, वैज्ञानिक की सुस्पष्टता और कम्प्यूटर मशीन की गति हो ।'

जिज्ञासा मूलक साहित्य के प्रति पाठक रुचि के प्रसार को अनुभव करते हुए पत्रकारिता के विकास पर भी कुछ चिंतकों ने विचार किया है । उदाहरण के लिए लार्ड नार्थ क्लिफ ने लिखा है कि 'आज के व्यस्त युग में पाठक को इतनी फुरसत नहीं है कि वह 'क्लाईमेक्स' तक पहुंचने का धैर्य रख सके । समाचार जानने की

उत्कण्ठा जिस सीमा तक बढ़ चुकी थी, उसमें पाठक को देर तक दौड़ाने के बाद लक्ष्य पर पहुंचाना उस पर भारी बोझ लादना था। अतः समाचार की शुरुआत ही क्लाईमेक्स से होने लगी। अर्थात् साहित्य नीचे से मंजिल तय करके चोटी पर पहुंचता था तो पत्रकारिता नीचे की ओर बह निकली। साहित्य और पत्रकारिता का यह भेद दर्शन की आगम और निगमन प्रणाली जैसा हो गया।'

वर्तमान काल में जनमत का बहुत अधिक महत्व है और यह एक निर्विवाद सत्य है कि समाचार पत्र न केवल जनमानस को प्रभावित करने वाला वरन् उसे अभिव्यंजित करने वाला भी एक सशक्त माध्यम है। डा० बलदेव गुप्त के शब्दों में 'समाचार-पत्रों का महत्व अब भी किसी सत्ता से कम नहीं है। जनमत को समाचार पत्र सदा से प्रभावित करते हैं। जन सम्पर्ककर्त्ता को अपनी सारी शक्ति जनमत को अनुकूल करने में लगानी पड़ती है। आज के युग में समाचार-पत्र जनमत प्राप्त करने का सबसे अच्छा, स्थायी और विश्वसनीय माध्यम माना जाता है। समाचार पत्र हमारे वर्तमान का सचल शक्तिशाली इतिहास है।'

पत्रकारिता की शक्ति का निरंतर विकास होता गया है। इसका मुख्य कारण यह है कि वह जनमानस की अभिव्यक्ति का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है। यही अनुभव करके किपलिंग ने कहा था कि 'बड़े-बड़े राज सिंहासन और शक्तिशाली वर्ग यह जानते हैं और अनुभव करते हैं कि दंभ और अभिमान और दर्प के जितने बच्चे हैं, उन सबका शासक और प्रभु एक मात्र प्रेस है। आज उसे दंभियों की बुद्धि ठिकाने करने को और प्रमादियों को होश प्रदान करने को जीवित रहना है। निर्बलों की रक्षा करने के लिए और अंधविश्वासियों की आँखें खोलने के लिए, दकियानूसों को नवज्ञान प्रदान करने के लिए और निर्भय होकर सत्य का समर्थन तथा अन्याय का का प्रतिरोध करने के लिए, कायरों को बल और अज्ञानियों को जीवन के हर पहलू में नवज्योति प्रदान करने के लिए समाचार पत्रों को जीवित रहना है।'

समाचार पत्रों पर आज शिक्षित वर्ग की निर्भरता बहुत अधिक बढ़ गयी है। उसे अपनी प्रत्येक वृत्ति की तुष्टि का माध्यम समाचार पत्र प्रतीत होता है। इसी तथ्य का अनुभव करते हुए वेण्डेल फिलिप्स ने लिखा है कि 'आज का समाचार पत्र एक बारगी, जनवर्ग का माता-पिता, स्कूल, कालेज, शिक्षक, थियेटर, आदर्श और उदाहरण, परामर्शदाता और साथी हो गया है। मुझे समाचार पत्र निकालने दो, फिर इस बात की मैं परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता।"

सांप्रतिक परिप्रेक्ष्य में विश्व और भारत को संकटों के जिस दौर से गुजरना पड़ रहा है उसका सामना करने की शक्ति भी पत्रकारिता में है। डॉ०श्रीपाल शर्मा ने 'भारतीय क्रांति और उत्क्रांति की सफलता का दायित्व पत्रकारिता पर' ही माना है। समाचार पत्रों को अति गतिशील साहित्य स्वीकार करते हुए हार्पर लीच और जान सी० कैरोल ने यह लिखा है कि 'वह समय के करघे पर इतिहास के बहुरंगे बेलबूटे दार कपड़े को बुनने वाले तकुए हैं।'

आज के युग में पत्रकार और पत्रकारिता के गुरुतर दायित्व का अनुभव करते हुए प्रकाश चंद्र भुवाल पुरी लिखा है कि 'पत्रकार साहित्यकार की तरह मधुव्रती बनकर जीवन के बिखरे हुए सत्य का मात्र संचयन ही नहीं करता, वरन् उसे देवर्षि नारद सा भ्रमणशील, संजय सा अध्यवसायी, अभिमन्यु सा निर्भीक, परशुराम सा साहसी, सुदामा सा संतोषी, दधीचि सा त्यागी, धर्मराज सा सत्यव्रती, भीष्म सा अडिग, गणेश सा प्रतिभा सम्पन्न, कृष्ण सा ज्ञानी एवं कर्मयोगी, राम सा मर्यादावादी, कृष्ण द्वैपायन सा प्रगतिशील और भगवान शिव सा लोक मंगल के लिए विषपायी होना पड़ता है। यह सभी गुण किसी एक में समवेत होकर उसे सम्मानित पत्रकार बनाते हैं और ऐसा पत्रकार ही अपनी पत्रकारिता को अपने दायित्व बोध को सामने ले आकर सामाजिक सम्मान और समादर का सच्चा अधिकारी बनाता है।'

सांप्रतिक पत्रकारिता की स्थिति का आकलन करते हुए अनेक पत्रकारों ने यह अनुभव किया है कि आर्थिक अभाव उनकी अकाल मृत्यु का कारण होते हैं। यह तथ्य साहित्यिक पत्रकारिता के संदर्भ में अधिक सत्य है। बालकृष्ण राव का मत है कि 'हिंदी में साहित्यिक पत्रिकाओं का निकलते रहना एक बहुत बड़ी चुनौती है और

जब हम उन तमाम पत्रिकाओं की याद करते हैं, जो बड़ी सामर्थ्य के साथ निकलती रहीं और फिर बन्द हो गयीं।' इसी प्रकार भागीरथ भार्गव ने भी अपनी धारणा प्रकट करते हुए लिखा है कि 'कविता-पत्रिका प्रकाशित करना दुष्कर कार्य है।'

तथ्यत: आज भी आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा अन्य माध्यमों के होते हुए भी विश्व के प्रत्येक कोने में चलने वाले घटना चक्र की अवगति समाचार पत्र और पत्रिकाओं से ही जन सामान्य को होती है। फ्रांसिस विलियम के शब्दों में 'समस्त समाचार पत्र और विविध पत्र-पत्रिकाएं चाहे उनका आकार छोटा हो या बड़ा, मूलत: समाचार पत्रों में बताया जाता है कि विश्व के किस भाग में क्या घटना हो रही है।'

आज समाचार पत्र शिक्षित समाज की दिनचर्या का एक अपरिहार्य अंग बन गये हैं और किसी भी दिन समाचार पत्रों के न आने पर एक प्रकार की रिक्तता का अनुभव होने लगता है। पॉल वेलरी के शब्दों में 'हर सुबह यदि किसी बड़ी घटना की खबर न मिले तो हमें एक प्रकार की रिक्तता का भान होता है। हम निराश हो जाते हैं कि आज के समाचार-पत्र में कुछ भी रोचक सामग्री नहीं मिली।'

डिकोरेटेड टाइप—अलंकृत टाइप अक्षर।

डिजाइन—प्रारूप।

डिमाई—कागज का एक आकार।

डिलीट—सामग्री निकालने का संकेत।

डिस्ट्रीब्यूशन आफ टाइप—अक्षर वितरण।

डिस्ट्रीब्यूटर—अक्षर-वितरक।

डिस्पैचिंग—दस्ती अथवा डाक द्वारा प्रेषण।

डिस्प्ले—विन्यास।

डिस्प्ले टाइप—अलंकरण युक्त अक्षर।

डेड टाइप—रद्दी अक्षर।

डेप्थ आफ कालम—स्तंभ का आकार।

डेसिमो-ऑक्टवो—फार्म का एक रूप।

डेसिमो ऐक्सटो—फार्म का एक रूप।

डेस्क—वर्गीकृत समाचारों का पृथकीकरण।

डेस्क मैन—सह संपादक।

डैश—टाइप का एक रूप।

ड्राई आफसेट—मुद्रण का एक रूप।

ड्राप फोलियो—तल पृष्ठांक।

ड्राप लेटर—बड़े अक्षर।

तथ्यात्मक शीर्षक—समाचार शीर्षक का एक रूप।

तान युग-युगोस्लाविया की एक प्रसिद्ध समाचार समिति

तास—सोवियत रूस की प्रसिद्ध समाचार समिति।

तिथि रेखा—घटनाक्रम सूचक संकेत।

त्रैमासिक पत्रिका—प्रति तीसरे मास प्रकाशित होने वाली पत्रिका।

थर्माप्लस्टिक बाइंडिंग—जिल्द बंदी का एक रूप।

थ्री लाइन टाइप—अक्षर का एक आकार।

थ्रेड स्टिचिंग—धागे की सिलाई।

दिल्ली पत्रकार यूनियन—पत्रकारों का एक संगठन।

दुकालमा समाचार—दो कालम के प्रसार वाला समाचार

दैनिक पत्र—प्रति दिन प्रातः अथवा सांध्य संस्करण में

प्रकाशित होने वाला पत्र ।

द्वैमासिक पत्रिका—प्रति दूसरे मास प्रकाशित होने वाली पत्रिका ।

नगर संस्करण—किसी पत्र का स्थानीय प्रसार के हेतु प्रकाशित अंक ।

नॉक अप—शीघ्र-समाचार लेखन ।

नॉक डाउन—समाचार संक्षेपण, संपादन ।

नियर ऐन्ड फार ईस्ट न्यूज—लंदन की एक समाचार समिति ।

नेम प्लेट—नाम पट्टिका ।

नेशनल प्रेस आफ इंडिया-भारत की एक समाचार समिति

न्यूज आइटम—समाचार ।

न्यूज एनालिसिस—समाचार विवेचन ।

न्यूज एजेंसी—समाचार समिति ।

न्यूज ऐंड न्यूज—समाचार और दृष्टिकोण ।

न्यूज प्रिंट— अखबारी कागज ।

न्यूज पेपर—समाचार पत्र ।

न्यूज राइटिंग—समाचार लेखन ।

न्यूज सेंस—समाचार परीक्षण ।

नोज फार न्यूज—समाचार-परीक्षण सामर्थ्य ।

पताका शीर्षक—शीर्षक का एक रूप ।

पब्लिक रिलेशन आफिसर—जन संपर्क अधिकारी ।

परफोरेटिंग—पृष्ठ-छिद्रण ।

परफोरेटिंग रूल—छिद्रण रेखिका ।

प्रधान संपादक—संपादक मंडल का प्रमुख ।

प्रभात संस्करण—समाचार पत्र का प्रातः कालीन संस्करण ।

पाई—टूट चुका मैटर ।

पाइका—१२ प्वाइंट माप वाला अक्षर ।

पापुलर जर्नलिज्म—लोक प्रिय पत्रकारिता ।

पालिटिकलपेपर—राजनैतिक पत्र ।

पाली-किसी समाचार पत्र में कार्य की निश्चित अवधि ।

पार्चमेंट पेपर—कागज का एक प्रकार ।

पी० आर० ओ०—जन संपर्क अधिकार ।

पी० टी० आई०—प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया ।

पीत पत्रकारिता-यौन अपराधों पर आधारित पत्रकारिता।

पीरियड—पूर्ण विराम ।

पीरियोडिकल—नियतकालीन पत्रिका ।

प्री-डेट—पूर्ण प्रकाशित संस्करण ।

प्रीफर्ड पोजीशन—इच्छित स्थान ।

पिक्चर—एडीटर-चित्र-संपादक ।

पिक्चर एडीटिंग—चित्र-संपादन ।

पिक्टोरियल एफेक्ट—चित्र-प्रभाव ।

पिक्टोरिल मैगजीन—सचित्र पत्रिका ।

पिक्स—चित्र ।

प्रिंट— छाप ।

प्रिंट आर्डर—मुद्रणादेश ।

प्रिंटर्स डेविल—मुद्रण की भूलें ।

प्रिंटग शिड्यूल—मुद्रण कार्यक्रम ।

पुट टू बेड—मुद्रणार्थ प्रस्तुतीकरण ।

पुल—चित्र की छाप ।

पुलिट्जर पुरस्कार—अमरीका का प्रसिद्ध पत्रकारिता पुरस्कार ।

पूर्णपांती शीर्षक—शीर्षक का एक रूप ।

प्रूफ—संशोधनार्थ अक्षर योजित सामग्री ।

प्रूफ प्रेस—संशोधनार्थ छाप उठाने वाला यंत्र ।

प्रूफ रीडर—अक्षर योजित सामग्री का संशोधक ।

प्रूफ रीडिंग—अक्षरयोजित छाप में संशोधन ।

प्रूफ रीडिंग मार्क्स—छाप-संशोधन-चिन्ह ।

पेज गेज—पृष्ठ-माप ।

पेज प्रूफ—पृष्ठानुसार व्यवस्थित प्रूफ ।

पेज मेक-अप—पृष्ठ विन्यास ।

पेजीनेशन—पृठांकन ।

पैंफ्लेट—परिपत्र ।

पैका टाइप— अक्षर का एक प्रकार ।

पैंकिग—पत्र-पत्रिका को प्रेषण हेतु बांधना ।

पैनेल—संक्षिप्त समाचार ।

पैरलल रूल—समानांतर रेखिका ।

पैराग्राफ—अनुच्छेद, २ एम के स्पेस के बाद आरंभ ।

पोर्ट फोलियो—कागज का एक आकार ।

प्रोफेशनल जर्नलिज्म—व्यावसायिक पत्रकरिता ।

पोस्टर—मुख्य समाचार युक्त बड़ा प्रचार-पत्र ।

प्रेस आर्डिनेंस—अप्रैल सन् १९३० में जारी ।

प्रेस आबेजेक्शनल मैटर्स ऐक्ट—१९१० में भारत सरकार द्वारा पारित कानून ।

प्रेस कॉपी—मुद्रणार्थ प्रस्तुत पांडुलिपि ।

प्रेस कौंसिल ऐक्ट—सन् १९७८ में भारत सरकार द्वारा पारित कानून ।

प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया—भारत की एक समाचार समिति

प्रेस एवं पुस्तक पंजीयन अधिनियम—सन् १८६७ में पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशन को विनियमित करने के उद्देश्य से बनाया गया मूल अधिनियम ।

प्लानोग्राफिक प्रिंटिंग—मुद्रण की एक प्रणाली ।

प्ले अप—महत्वपूर्ण समाचार ।

प्लेट—रोटरी मशीन के सिलैंडर का एक उपकरण ।

प्ले-डाउन—सामान्य समाचार ।

प्लेन रूल—सादी रेखिका ।

प्वाइंट—अक्षर की माप ।

फज—छपते-छपते ।

फज बाक्स—मुद्रण यंत्र का एक उपकरण ।

फाइनल प्रूफ—अंतिम संशोधनार्थ छाप ।

फ्लांग—दफ्ती या गत्ते का शीट ।

फ्रंट पेज—मुख पृष्ठ ।

फाट—एक आकार के अक्षर ।

फारमेट—आरूप ।

फार्म—कागज का आकार विशेष ।

फिलर—रिक्त स्थान की सामग्री ।

फिल्म समाचार-चलचित्र जगत से सम्बन्धित समाचार ।

फिल्म समाचार—समाचार का एक रूप ।

फीचर—निबंध रूपात्मक समाचार ।

फेदर वेट पेपर—कागज का एक रूप ।

फ्री एक्सप्रेशन—स्वतंत्र अभिव्यंजना ।

फ्रीलांसर—स्वतंत्र पत्रकार ।

फुटनोट—पाद टिप्पणी ।

फुल मेजर—पूरी माप ।

फुल स्केप—कागज का एक आकार ।

फेस—अक्षर का छापे वाला ऊपरी भाग ।

फोटो टाइपोग्राफी—मुद्रण की एक प्रणाली ।

फोटो सेटिंग—चित्र प्रेषण की एक विशेष प्रणाली ।

फोर कलर प्रिंटिंग—चौरंगी छपाई ।

फोर मैन—अक्षर ओजन और मुद्रण विभाग का मुखिया

फोर्ट नाइटली मैगजीन—पाक्षिक पत्रिका ।

फोर लाइन टाइप—टाइप अक्षर का एक आकार ।

फोलियो—पृष्ठांक ।

फोल्डिंग—छपे फार्म को मोड़ने की क्रिया ।

फ्लश कट ब्लाक—छाया चित्र का एक रूप ।

फ्लश प्रिंटिंग—बिना हाशिये की छपाई ।

फ्लांग—गत्ता ।

फ्लैग—प्रथम पृष्ठ पर समाचार पत्र की नाम पट्टिका ।

फ्लैट बेड प्रेस—समतल मुद्रण यंत्र ।

फ्लैश—महत्वपूर्ण समाचार का विशिष्ट अंश ।

बंबइया टाइप—हिंदी का टाइप विशेष ।

बाइंडिंग—जिल्दबंदी ।

बाई-मंथली मैगजीन—द्वैमासिक पत्रिका ।

बाई वीकली पेपर—अर्द्ध साप्ताहिक पत्र ।

बाक्स न्यूज—समाचार का एक रूप ।

बाडी—अलंकृत टाइप रेखाएं ।

बाडी—अक्षर का आकार ।

बार्डर—रेखिका ।

बिगर टाइप—बड़े अक्षर ।

बिब्लियोग्राफी—संदर्भ ग्रंथ सूची ।

बुक—पुस्तक ।

बुकलेट—पुस्तिका ।

बेड—तल ।

बेड मोशन रोलर—तल-परिचालन-बेलन ।

बैक पेज—पिछला पृष्ठ ।

बैक रजिस्टर—त्रुटिपूर्ण मिलान ।

बैलेंस्ड मेक अप—संतुलित विन्यास ।

बोल्ड टाइप—बड़े अक्षर ।

ब्यूरो—समाचार संग्रह केन्द्र ।

ब्रिटिश यूनाइटेड प्रेस-ब्रिटेन की एक समाचार समिति ।

ब्रोड कास्ट—प्रसारण ।

ब्लर्ड आउट लाइन—अस्पस्ट रूपरेखा ।

ब्लाक—चित्र या नक्शे की तांबे आदि पर छाप ।

ब्लाक प्रिंटिंग—छायाचित्र की छपाई ।

ब्लाक शीर्षक—शीर्षक का एक रूप ।

ब्लैक ह्लाइट प्रिंट—काली और सफेद रोशनाई में मुद्रण

ब्लैंक पेज—सादा पृष्ठ ।

ब्लैंक स्पेस—अमुद्रित स्थान ।

ब्लैक फेस (टाइप)—टाइप का एक प्रकार ।

भारतीय पत्रकार मंडल—एक पत्रकार संगठन ।

भावात्मक शीर्षक—शीर्षक का एक रूप ।

भाषण समाचार—समाचार का एक रूप ।
मंथली मैगजीन—मासिक पत्रिका ।
मशीन मैन-मुद्रण यंत्र पर कार्य करने वाला कर्मचारी ।
मस्ट—अनिवार्य ।
मार्केट मैन्युस्क्रिप्ट—सपारिश्रमिक प्रकाश्य पांडुलिपि ।
मार्ग्यू—संदर्भ-लेखन ।
मार्जिन—हाशिया ।
मास मीडिया—जन-संचार-माध्यम ।
मासिक पत्रिका-प्रति मास प्रकाशित होने वाली पत्रिका ।
मास्ट हैड—समाचार पत्र से संबंधित विवरण ।
मिस प्रिंट—अशुद्ध मुद्रण ।
मुख्य उप संपादक—प्रधान संपादक के अधीन संपादन विभाग का सदस्य ।
मुख्य संवाददाता—समाचार संप्रेषण विभाग का प्रमुख ।
मुद्रण पंक्ति—स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और संपादक के नाम का उल्लेख ।
मेक अप—पृष्ठ-विन्यास ।
मेक अप मैन—अक्षर योजित सामग्री का संयोजक ।
मेक रेडी—मुद्रण पूर्व अंतिम विन्यास ।
मेजर—माप ।
मेट--सांचा ।
मेट्रिक्स—धातु या जस्ते का सांचा ।
मैगजीन—साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक त्रैमासिक, षट्माषिक अथवा वार्षिक रूप में प्रकाशित पत्रिका
मैगजीन एडीटिंग—पत्रिका-संपादन ।
मैट—आधात्री ।
मैटर—पांडुलिपि, अक्षर योजित सामग्री ।
मेटैलिक इंक—धातु-स्याही ।
मैट्रिक्स—टाइपढालने के साँचे ।
मैट्रिक्स कास्टिंग—आधात्री ढलाई ।
मैन्यूस्क्रिप्ट—पांडुलिपि ।
मैसी पेपर—कागज का एक प्रकार ।
मोनो टाइप—अक्षर योजन की एक प्रणली ।
मोर—जारी ।
मोल्ड—रोटरी पर मुद्रण पूर्ण तैयार साँचा ।
यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया—भारत की एक प्रसिद्ध समाचार समिति ।
यूनाइटेड प्रेस आफ अमरीका—अमरीका की एक प्रसिद्ध समाचार समिति ।
येलो जर्नलिज्म—पीत पत्रकारिता ।
रचनात्मक समाचार—समाचार का एक रूप ।
रजिस्टर—मिलान बैठाना ।
रन आन—जारी रखना ।
रन ओवर—आगे जारी रखना ।
रनिंग स्टोरी—धारावाहिक सामग्री ।
रफ प्रूफ—कच्ची छाप ।
रफ ले आउट—कच्चा प्रारूप ।
रश—शीघ्र कार्य संपन्न करने का निर्देश ।
रशस्टोरी—अंतिम समय पर दिया गया समाचार ।
रांग फांट—गलत प्रकार का टाइप ।
राइटिंग पेपर—लिखने वाला कागज ।
राउटिंग—प्लेट की सफाई ।
राउटिंग मशीन-ब्लाक व स्टीरियो साफ करने वालायंत्र ।
रॉकेट शीर्षक—समाचार शीर्षक का एक रूप ।
रायटर—विश्व की एक प्रसिद्ध समाचार समिति ।
रॉयल साइज—कागज का एक आकार ।
रायल्टी—लेखकीय पारिश्रमिक ।
रिइंपोजीशन—पुनः पृष्ठ विन्यास ।
रिप्रिंटिंग—पुनर्मुद्रण ।
रिपोर्टर—संवाददाता ।
रिफरेंस—संदर्भ ।
रिम—कागज का बंडल ।
रिलीज—प्रकाशन-निर्देश ।
रिवाइज—पुनर्शोधन ।
रिसेट—पुनर्विन्यास ।
रीजनल लैंग्वेज—क्षेत्रीय भाषा ।
रीडर्स इंटरेस्ट—पाठकों की रुचि ।
रीडेबुल टाइप—स्पष्ट अक्षर ।
रीप्लेट—पुनः पृष्ठ-विन्यास ।
रीराइट—पुनर्लेखन ।
रीवर्स ब्लाक—उलटा छाया-चित्र ।
रूल—पीतल की पतली विभाजक-रेखा ।
रेक्टो—दायां पृष्ठ ।
रेज्ड कैरेक्टर—उभरे हुए अक्षर ।
रेडियो जर्नलिज्म—आकाशवाणी-पत्रकारिता ।
रेडी करना—मुद्रणार्थ अंतिम तैयारी ।

रोटरी—मुद्रण की सबसे बड़ी मशीन।

रोमन टाइप—अक्षर का एक रूप।

रोलर—सरेस का स्याही लगाने वाला बेलन।

लांग रन वर्क—बड़ी संख्या में मुद्रण वाला कार्य।

लाक अप—अक्षर योजित सामग्री को चेस में कसना।

लाग बुक—निर्देश-पुस्तिका।

लाइट फेस—छोटे अक्षर।

लाइन ड्राइंग—रेखांकन।

लाइन ब्लाक—रेखायुक्त छाया चित्र।

लाइनेज—पंक्तियों पर आधारित पारिश्रमिक व्यवस्था।

लाइनोग्राफ—अक्षर योजन का एक यंत्र।

लाइनो टाइप—अक्षर योजन की एक विशिष्ट प्रणाली।

लाब्सटर ट्रिक—पत्र-कार्यालय में एक कार्य पाली।

लिगेचर—अंग्रेजी संयुक्ताक्षर।

लिटरेरी जर्नलिज्म—साहित्यिक पत्रकारिता।

लिथोग्राफी—मुद्रण की एक प्रणाली।

लिफ्ट—अक्षर योजित सामग्री का आगामी अंक में प्रकाशनार्थ स्थानांतरण।

लीजेंड—चित्र-परिचय।

लीड—प्रमुख समाचार।

लीडर—संपादकीय टिप्पणी।

लीड स्टोरी—प्रमुख समाचार।

लीथो प्रेस—पत्थर द्वारा मुद्रण यंत्र।

लुडलो—अक्षर-योजन की एक विशिष्ट प्रणाली।

लूज लीफ पेपर—फुटकर कागज।

ले आउट—प्रारूप।

लेग मैन—समाचार-संग्रहक।

लेटर—अक्षर।

लेटर प्रेस—अक्षर मुद्रण।

लेटर प्रेस प्रिंटिंग—अक्षर-मुद्रण-प्रणाली।

लेट न्यूज—ताजे समाचार।

लेटर स्पेसिंग—अक्षर-विन्यास।

लेड़—लकड़ी या सीसे की पत्ती।

लेडेड मैटर—पत्ती डालकर अक्षर योजन।

लेड मोल्डिंग—सीसा ढालने की प्रक्रिया।

लेबल हेड—नीरस शीर्षक।

लोवर केस-अक्षरों को रखने वाला नीचे का खांचेदार केस

वरिष्ठ उप संपादक—प्रधान संपादक का सहयोगी।

वर्किंग जर्नलिस्ट—श्रमजीवी पत्रकार।

वाकी टॉकी—समाचार- संप्रेषण की एक विशेष प्रणाली।

वाक् एवं आभिव्यक्ति की स्वतंत्रता—भारतीय संविधान के अनुच्छेद १९ (१) के अंतर्गत प्रदत्त स्वतंत्रता।

वायर टिकार्डर—तार के माध्यम से संवाद संग्रह करने वाला यंत्र।

विकासोन्मुखी समाचार—समाचार का एक रूप।

विज्ञापन विभाग—किसी पत्र का विज्ञापन व्यवस्था से संबंधित विभाग।

विज्ञान समाचार—समाचार का एक रूप।

विदेशी समाचार—समाचार का एक रूप।

विरोधाभासी शीर्षक—समाचार का एक रूप।

विलोम सपानी शीर्षक—शीर्षक का एक रूप।

विलोम स्तूपी शीर्षक—शीर्षक का एक रूप।

विशिष्ट समाचार—समाचार का एक रूप।

विशेष संस्करण—किसी अवसर विशेष पर प्रकाशित संस्करण।

विशेषांक-किसी पत्र पत्रिका का विशिष्ट अवसर अथवा विषय पर प्रकाशित अंक।

वीकली पेपर—साप्ताहिक पत्र।

वुड माउंट—लकड़ी में जड़ा-मढ़ा हुआ।

व्यंग चित्र—कार्टून।

व्यापार समाचार—समाचार का एक रूप।

व्यापी समाचार—समाचार का एक रूप।

व्रिवियर टाइप—अक्षर का एक प्रकार।

शार्ट—संक्षिप्त समाचार।

शिड्यूल—कार्यक्रम।

शैक्षिक समाचार—शिक्षा क्षेत्र से सम्बन्धित समाचार।

षट्मासिक पत्रिका—प्रति छः मास में प्रकाशित होने वाली पत्रिका।

संपादक—किसी पत्र पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्राप्त सामग्री को प्रकाशन योग्य बनाने वाला संपादन विभाग का प्रमुख

संपादक मंडल—किसी पत्र पत्रिका के संपादन विभाग के सदस्य।

संपादकीय—किसी पत्र-पत्रिका अग्रलेख।

संपादकीय विभाग-किसी समाचार पत्र का संपादन कक्ष।

संपादकीय सहयोगी—संपादन विभाग के सदस्य।

संपादन—किसी पत्र-पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्राप्त सामग्री

प्रकाशनार्थ नियोजन करना ।

संपादित-किसी पत्र पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्राप्त सामग्री का सुनियोजित स्वरूप ।

संवाददाता-किसी समाचार पत्र के हेतु समाचार संकलन करने वाला संपादकीय सहयोगी ।

संस्करण—किसी पत्र-का कोई विशिष्ट प्रकाशित अंक ।

सब एडीटर—सह संपादक ।

सब-हेडिंग—उपशीर्षक ।

सब्जेक्टिव रिपोर्टिंग—आत्मपरक समाचार-लेखन ।

सब्सक्राइबर—ग्राहक ।

समाचार—किसी घटना का विवरण ।

समाचार चयनक—प्रकाशनार्थ समाचारों का आकलन और चयन करने वाला संपादक ।

समाचार भारती—अखिल भारतीय समाचार समिति ।

समाचार संपादक—समाचार संयोजन का प्रधान ।

समाचार संपादन-किसी समाचार को प्रकाशन योग्य बनाना

समाचार समिति—समाचारों का संकलन, संपादन, संप्रेषण और प्रसारण करने वाली संस्था ।

सवा एम टाइप—अक्षर का एक आकार ।

सह संपादक—संपादक का सहयोगी ।

सालिड ब्लाक—छाया चित्र का एक रूप ।

सालिड मैटर—बिना पत्ती का अक्षर योजन ।

सिंगिल कोट—इकहरा उद्धरण चिन्ह ।

सिंगिल रूल—इकहरी रेखिका ।

सिंगिल लाइन हाफटोन—छाया चित्र का एक रूप ।

सिबालिक ड्राइंग—प्रतीकात्मक रेखांकन ।

सिक्स लाइन टाइप—टाइप अक्षर का आकार ।

सिलिंडर प्रेस—एक मुद्रण यंत्र ।

सी कापी—मूल प्रति से मिलाने का निर्देश ।

सुपर कैलेंडर्ड पेपर—कागज का एक प्रकार ।

सुपर टाइप-अक्षर योजन का एक नवीन यंत्र ।

सेंसर शिप-पूर्व अवरोध ।

सेंसर—किसी पत्र प्रकाशनार्थ सामग्री का पूर्व निरीक्षण ।

सेक्शनल स्टोरी-धारावाहिक सामग्री ।

सेट ऐंड होल्ड—अक्षर योजन तथा स्थगन ।

सेमीकोलन—अर्धविराम का चिन्ह ।

स्कूल—विशिष्ट समाचार ।

स्क्रिप्ट—पांडुलिपि ।

स्क्रीन—जाली ।

स्टिक—अक्षर योजन पट्टी ।

स्टिचिंग—सिलाई ।

स्टीरियो-रोटरी-मुद्रण में प्रयुक्त साँचे में ढली सीसे कीप्लेट

स्टेट-यथावत् रखने का निर्देश ।

स्टैंडिंग मैटर—स्थगित अक्षर योजित सामग्री ।

स्टोन—लोहे या पत्थर वाली मेज ।

स्थानीय संवाददाता—स्थानीय समाचार प्रेषक ।

स्थानीय समाचार—समाचार का एक रूप ।

स्पाइक—अस्वीकृत समाचार लगाने वाली तकली ।

स्पाट न्यूज—घटना स्थल के समाचार ।

स्पेस—अंतराल ।

स्पेसिंग मैटीरियल—अंतराल-सामग्री ।

स्पोर्ट्स कालम—खेल स्तंभ ।

स्प्रेड-विस्तृत समाचार ।

स्माल कैप्स—लघु चित्र-विवरण ।

स्लग—संकेत-शब्द ।

स्लाट—खांचा ।

हाउस जर्नल—संस्थान पत्र ।

हार्ड न्यूज—समाचार का तथ्यांश ।

हिंदुस्तान समाचार—भारत की एक समाचार समिति ।

हेड लाइन—शीर्ष रेखा ।

हेडिंग—शीर्षक ।

हेल बाक्स—रद्दी टाइप रखने वाली पेटिका ।

हैंड आउट—किसी संस्था अथवा अधिकारी के माध्यम से प्राप्त प्रकाशनार्थ सामग्री ।

हैंड कंपोजीशन—हाथ से अक्षर-योजन ।

हैंड प्रूफ—हाथ से उठायी गयी छाप ।

हैंड मेड पेपर—हाथ का बना हुआ कागज ।

हैंड रूल—समाचार पत्र पर मुद्रित शीर्ष रेखिका ।

होल—समाचार पत्र में अमुद्रित रिक्त स्थान ।

होल्ड ओवर—अक्षर योजित सामग्री का अमुद्रित अंश ।

ह्यूमन इंटरेस्ट—मानवीय भावनाओं के हित में ।

ह्वाइट स्पेस—पृष्ठ का रिक्त स्थान ।

(१७) अन्य अवशिष्ट संदर्भ

‘अंगड़ाई’—सं० काली चरण शर्मा, प० आगरा ।

‘अंडर वर्ल्ड’—मा०, प० दिल्ली ।

‘अंतर आवाज’—सा०, प० जयपुर ।

‘अंतराल’—त्रै०, प० सीकर, राज० ।

‘अंतरिक्ष अनुसंधान प्राद्योगिकी उपयोग’—त्रै०, प० कावेरी भवन, बंगलौर ।

‘अंतरिक्ष खगोल विज्ञान‘—त्रै०, प० मथुरा ।

‘अंतर्धारा’—सा०, प० बाराबंकी ।

‘अंतर्भारती’—पा०, सं० एम० डी० आमते ।

‘अंतर्यामी’—सा०, सं० प० अश उस्मान, प० दिल्ली ।

‘अंतर्राज्य व्यापार रिपोर्टर’—द्विसा०, प० दिल्ली ।

‘अंत्योदय किरण’—सा०, सं० पूरन जोशी ।

अंबरीष शुक्ला—प्रति०, ‘सांध्य समाचार सेवा’ ।

अंबिकादत्त मिश्र—प्रति० ‘नव टाइम्स’, प० लखनऊ ।

‘अंसा (ए०एन०एस०ए०)’-इटली की समाचार समिति ।

‘अखाड़े की ओर’—त्रै०, प० वाराणसी ।

अखिलानंद—प्रति० ‘सांध्य समाचार सेवा’, प० लखनऊ ।

‘अगरोहा तीर्थ’—सा०, प० दिल्ली ।

‘अगली मंजिल’—सं० रमेश चांद्र पुरी, प० देहरादून ।

‘अगस्त क्रांति’—सं० हीराचंद जैन, प० जयपुर ।

‘अग्रजीवन’—मा०, प० जयपुर ।

‘अग्रणीय राजपूत समाचार’—प० जयपुर ।

‘अग्र प्रगति’—मा०, सं० महेश दत्त गर्ग ।

‘अग्रबंधु’—मा०, सं० प्रकाश चांद्र बंसल ।

‘अग्रवाल अवतारणिका’—मा०, प० झांसी ।

‘अग्रवाल प्रकाश’—मा०, प० चंडीगढ़ ।

‘अग्रवाल यार्न रिपोर्ट’—प० दिल्ली ।

‘अग्रहिर समाज’—सं० (श्रीमती) कृष्ण, प० कानपुर ।

‘अग्रोही’—मा०, सं० महेश दर्पण, प० कानपुर ।

अजय कुमार—सं० लखनऊ प्रेस संवाददाता समिति ।

अजय कुमार अग्रवाल—स्था० सं० ‘अमर उजाला’ ।

‘अणुबम’—सा०, सं० प्यारे लाल चौधरी, प० टोंक ।

‘अतातो डाइजेस्ट’—मा०, प० मुरादाबाद ।

‘अदित’—प० पांडिचेरी ।

‘अध्यापक संदेश’—मा०, प० मुजफ्फर नगर ।

‘अनकही’—सं० नरेन्द्र देव तिवारी ।

(डा०) **अनवर अहमद**—सं० ‘प्रयागराज टाइम्स’ ।

‘अनाज व्यापार’—सं० रंधीर पंवार, प० नई दिल्ली ।

अनिल कुमार अग्रवाल—प्र० सं० ‘अमर उजाला’ ।

‘अनिकेत’—सा०, प० चमोली ।

‘अनाड़ी’—दै०, सं० एस० टी० तावड़े, प० वम्वई ।

‘अनुगामिनी’—सा०, सं० रवींद्र नाथ सिह ।

‘अपनी बात’—मा०, प० बंबई ।

‘अपराध कथाएँ‘—मा०, सं० मोहिन्दर सिह ।

‘अपरिग्रह’—मा०, सं० परमानंद जैन, प० दिल्ली ।

’अभय गंगा’—दै०, प० लखीमपुर खीरी ।

‘अभिनय संवाद’—मा०, प० कलकत्ता ।

‘अभिनेत्री’—मा०, सं० दीपक शर्मा, प० दिल्ली ।

‘अभिव्यक्ति’—मा०, सं० पी० सी० वलराज ।

‘अमर फील्ड एग्रो इंडस्ट्रियलजर्नल’—प० नई दिल्ली ।

‘अमरोहा ज्योति’—सा०, प० दिल्ली ।

‘अमीता’—सा०, सं० (डॉ०) रुकमुद्दीन ।

‘अमृत लालिमा’—सा०, सं० एम० एल० खत्री ।

‘अमृताक्षर’—मा०, प० हावड़ा ।

‘अहोड़वश’—मा०, सं० ज्ञान चंद मेहता ।

‘अर्जुन वाण’—पा०, प० बिसवाँ, सीतापुर ।

‘अर्थ और समाज’—पा०, प० आसनसोल ।

‘अर्थवाणी’—त्रै०, प० नई दिल्ली ।

‘अल-अरब’—सा०, सं० मो० वहाबी, प० नई दिल्ली ।

‘अलवर टाइम्स’—पा०, प० अलवर ।

‘अलीगढ़ एक्सप्रेस’–सं० राम किशन गुप्ता ।

‘अलीगढ़ फोर्ट’—सा०, सं० कमलकांत ।

‘अलीगढ़ मोर्चा’—सा०, प० अलीगढ़ ।

‘अलीगढ़ युवा आवाज’—सा०, प० अलीगढ़ ।

‘अलीगढ़ वाणी’—सा०, सं० राम गोपाल गुप्ता ।

‘अविराम’—सा०, सं० गोकुल गोयल, प० भोपाल ।

अशोक कुमार अग्रवाल—सं० ‘अमर उजाला’, प०बरेली

‘अशोक विहार’—सा०, सं० पवन कुमार लहीला ।

‘असली रिपोर्ट’—सा०, सं० योगेश कुमार ।

‘अहिल्या बंधु’—मा०, प० नई दिल्ली ।

‘आई० आई० एल० न्यूज’—मा०, प० कानपुर ।

‘आई० डी० पी० एल न्यूज’—प० नई दिल्ली ।

‘आई० पी० ए० संवाद’—दै०, प० नई दिल्ली ।

‘आई० बी० एम० रिपोर्ट’—सं० के० आर० सिंह ।

‘आई० बी० एम० स्पैक्टम’—द्वै०, प० नई दिल्ली ।

‘आकार’—द्वै०, प० कलकत्ता ।

‘आक्सीजन वार्ता’—मा०, सं० जे० एम० कौल ।

‘आगरा फीचर एजेंसी’—सा०, प० नई दिल्ली ।

‘आज की खेती’—मा०, सं०चन्द्रमोहन, प०नयी दिल्ली ।

‘आटो भारती’—मा०, प० दिल्ली ।

‘आढ़त व्यापार समाचार’—मा०, प० दिल्ली ।

‘आदर्श चित्र कथा’—पा०, सं० डी० कुमार ।

‘आधी रात’—मा०, सं० कालीचरण शर्मा ।

‘आनन्द आशु लिपि पत्रिका’—सा०, प० दिल्ली ।

आनंद बहादुर सिंह—सं० ‘सन्मार्ग’, प० वाराणसी ।

‘आनंद विकास’—सा०, प० उरई, जालौन ।

‘आन एंड आन’—मा०, प० नई दिल्ली ।

‘आफिसर्स रिव्यू’—द्वै०, प० कलकत्ता ।

‘आयल एक्सपेलर मार्केट’—वा०, सं० महेंद्रसिंह ।

‘आयुर्वेद प्रहरी’—मा०, सं० श्याम सुंदर वशिष्ठ ।

‘आयोजित भविष्य’—मा० प० नई दिल्ली ।

‘आर० एम० एम० मजदूर’—सं० ओ० पी० गुप्ता ।

‘आर० एम० एम० वर्कर’—मा०, प० नई दिल्ली ।

‘आरोग्य संदेश’—मा०, प० नई दिल्ली ।

‘आर्थिक चेतना’—मा०, सं० लड्डूलाल अच्छा ।

‘आवाज-ए-उस्ताद’–सा०, सं० सरदारी लाल चोपड़ा ।

‘आश्रम सत्संग’—द्वै०, सं० ज्योति प्रकाश जायसवाल ।

‘आस का पंछी’—पा०, सं० अरविन्द, प० चंडीगढ़ ।

‘आसन सोल की आवाज’—सा०, सं० महादेव प्रसाद ।

‘आसन सोल समाचार’-सा०, सं० राम प्रताप उपाध्याय

‘आह्वान’—मा०, सं० चंद्र कुमार छाबड़ा, प्र० आ० १७ मार्च १९८६, प० वि० वि० लखनऊ ।

‘इंटरनेशनल आटो पार्टस् मार्केट’—मा०, सं०महेंद्र सिंह ।

‘इंटर नेशनल बुक न्यूज’—मा०, सं० साहब कुमार ।

‘इंटर बायोटिक न्यूज’—त्रै०, सं० पी० सी० गुप्ता ।

‘इंडाभिन बुलेटिन’—मा०, सं० आशीष घोष ।

‘इंडियन आर्काइब्ज’—द्वै०, प० दिल्ली ।

‘इंडियनकन्ज्यूमर की आपरेटर’-मा०, सं० के०डी०त्रिपाठी

‘इंडियन ग्रेन ट्रेडर’—मा०, सं० ओम प्रकाश गुप्ता ।

‘इंडियन जर्नल आफ एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स’—षट्मा०, प० दिल्ली ।

‘इंडियन जर्नल आफ मैट्रालाजी हाइड्रोलौजी एण्ड जीयोफिजिक्स’—त्रै०, प० दिल्ली ।

‘इंडियन टियूब पत्रिका’—त्रै०, सं० टी०पी०कुसुम घोष ।

‘इंडियन पोस्ट मैन’—पा०, प० दिल्ली—८ ।

‘इंडियन फार्म मेकेनाइजेशन’—सं० सुरेंद्रसिंह प०दिल्ली ।

‘इंडियन बाईसिकिल ऐम्बेसडर’-मा०, सं० बी० के०साहनी

‘इंडियन नर्सरी’—स० के० एल० कश्यप, प० देहरादून ।

‘इंद्र प्रस्थ आयुर्वेद सम्मेलन पत्रिका’ —मा०, प० दिल्ली ।

‘इंद्र प्रस्थ दर्पण’—सं० एस० के० मित्तल, प० दिल्ली ।

‘इंसाफ-ए-वतन’—सा०, सं० शंकर प्रसाद त्रिपाठी ।

‘इंस्टीट्यूट आफ होम इक्नामिक्स मैगजीन’—वा०, प० दिल्ली ।

इकबाल सिद्दीकी—सद० लखनऊ प्रेस संवाद समिति ।

‘इरा आयुद्ध’—षट्मा०, सं० दिनेश शुक्ल, प० दिल्ली ।

‘इलेक्ट्रिक दर्पण’—सा०, सं० अनिल कुमार द्विवेदी ।

‘इलेक्ट्रिक मार्केट रिपोर्ट’–सा०, प० कानपुर ।

‘इलेक्ट्रिकल एजेन्ट’—मा०, सं० वाई०सी०नागर ।

‘इलेक्ट्रिक होम मेडिकल गजट’—त्रै०, प० कानपुर ।

‘इशारत उल कुरान’—मा०, प० दिल्ली ।

‘ई० आई० एल० न्यूज लेटर’—मा०, प० नई दिल्ली ।

‘उचित दिशा’—सा०, प्र०, मु० कृष्ण लाल गुप्ता, प्र०

आ० १९७७, ए० प्र० ५० पैं०, प० भद्रा श्रीनगर।

'उपन्यास रिपोर्टर'—मा०, सं० राम गोपाल।

'उत्तररेलवे'-मा०, सं० बी० एस० मिश्र, प० नई दिल्ली।

'उत्तराखंड जन'—पा०, सं० चंद्रवल्लभ थपलियाल।

'उत्तरा खंड दर्पण'—पा०, सं० जसवंत सिंह नेगी।

'उद्योगभारती'-मा०, सं० एस० डी० शर्मा, प० नई दिल्ली

'उन्नत कृषक'—मा०, सं० वी० पी० चतुर्वेदी।

उमाकांत लखेड़ा-पत्रकार, प० बी ७५८ आई० पी एल० वीरभद्र, ऋषिकेश, उ० प्र०, २४९२०२।

उमाशंकर त्रिपाठी-कोषा० लखनऊ प्रेस संवाद समिति।

उमाशंकर मिश्र-संयो० दि नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स।

उमेश—अवै० सं० 'संकेत', प० ३०/१ मालवीय नगर, लखनऊ-४।

उमेश कुमार रघुवंशी—प्रति० 'हिमांचल टाइम्स'।

'उर्वरक संदेश'—द्वै०, सं० आर० एस० माथुर।

'ऋतु'—मा०, सं० चंद्र मोहन, प० जालंधर।

'ऋतुजा'—द्वै०, सं० प० नई दिल्ली।

ऋषिकुमार मिश्र—सं० 'गंगा', प० दिल्ली।

'एच० आई० एल० न्यूज लेटर'—त्रै०, प० दिल्ली।

'दि एजेंट'—सा०, सं० नरेश चंद्र जैन, प० दिल्ली।

'एडमिनिस्ट्रेटिव वर्कर'—प० नई दिल्ली।

'एन० एम० सी० बुलेटिन'—प० नई दिल्ली।

'ए० पी० एस० मेल मिलाप'—प० नई दिल्ली।

'एम० एफ० न्यूज लेटर'—द्वै०, प० नई दिल्ली।

'एमिटी'—मा०, प० नई दिल्ली।

'एस्वी'—मा०, सं० सुरेन्द्र गुलाटी, प० दिल्ली।

'कमला नगर ट्रेडर्स एसोसियेशन'—मा०, प० दिल्ली।

'कला भारत'—पा०, सं० के० एस० गौतम प० दिल्ली।

'कान्फीडेंशियल एडवाइजर'—सा०, प० नई दिल्ली।

'कायस्थ महासभा पत्रिका'—मा०, प० दिल्ली।

'किरण'—दै०, प० सतना।

'कृषि नीहारिका'-त्रै०, सं० शैलेन्द्र भटगागर प० जयपुर।

'केंब्रिय नाइट'—वा०, सं० शांति स्वरूप।

के० विक्रम राव—अध्य० 'इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स'।

'कौंच संदेश'—सा०, सं० मोहम्मद अहमद।

'कौमी तंजीम'—दै०, प० पटना।

'कौमुदी'—वा०, सं० मुरलीधर प्रधान।

'क्या कहाँ'—पा०, सं० जे० डी० नंदा, प० अलीगढ़।

'क्रंदन'—सा०, सं० ओम प्रकाश निडर, प० अलीगढ़।

'क्षीर सागर'—पा०, प० आगरा।

'खून की बूँद'—सा०, प० ढीह, दुर्ग।

'खेल समाचार'—मा०, सं० एस० के विशनोई।

गिरधारी लाल पाहवा—प्रति० 'जागरण'।

'गिरिवन वासी संदेश'—मा०, प० बंबई।

'गीतांगिनी'—मा०, सं० राजेंद्र प्रसाद सिंह।

'गीतावैश्य पताका'—प० नागपुर।

'गुंजार'—त्रै०, सं० वी० टी० जांवर।

'गुजरात गवर्नमेंट गजट'—सा०, प० बड़ौदा।

'गुजरात मित्र'—प० कतारगाँव, सूरत।

'गुट निरपेक्ष'—सा०, प० मुजफ्फर नगर।

'गुड़गाँव दर्पण'—सा०, प० गुड़गांव।

'गुडी न्यूज'—त्रै०, सं० कुमकुम अमीन।

'गुबारे राह'—दै०, प० रामपुर।

'गुरुकुंज'—सं० ग० द० निकम, प० अमरावती।

'गुरुनानक उपदेश'—मा०, सं० एस० रामसिंह।

'गुरुभूमि'—सा०, प० गुड़गाँव।

'गुरुमत राहिनी'—त्रै०, सं० कृपाल सिंह खालसा।

'गुरुमत सुझाव'—मा०, सं० अवतार सिंह।

'गुरु संदेश'—मा०, प० यमुना नगर (अंबाला)।

'गुर्जर गौड़ टाइम्स'—मा०, प० नागपुर।

'गुल और खार'—सा०, सं० वृज नंदन शर्मा।

'गुलजार'—मा०, प० अजमेर।

'गुलाब'—प० जम्मू।

'गुलाबी नगर'—सा०, सं० एन० एल० वर्मा।

'गूँज उठी'-सं० (डॉ०) वी० एन० गुप्ता, प० मुरादाबाद

'गूंजती घाटियां'—मा०, सं० बी० आर० मेहता।

'गृहवाणी'—मा०, प० दारागंज, प्रयाग।

'गृहस्थी'—सा०, सं० व्रजनंदन पाठक 'प्राणेश'।

'गोंडवाना मांझी सरकार'—सा०, प० भोपाल।

'गोंडिया जागृति'—सा०, सं० पी० एच० बोइस।

'गोंडवाड़ संदेश'—सा०, सं० अमर चंद खुराना।

'गोपाल ज्योति'—सा०, प० मिर्जापुर।

'गोमया'— प० पटना।

'गोरखा समाचार'—सा०, सं० लाल खुशालसिंह थापा।

'गोल दुनिया'—त्रै०, प० सागर।

'गोला दर्शन'—सा०, सं० संत कुमार वाजपेयी ।

'गोविंद दर्पण'—वा०, सं० मुखितयार सिंह ढिल्लो ।

गोविंद नारायण श्रीवास्तव–सं० व न्यू० ची० 'न्यूज फ्राम नॉन एलाइंड वर्ल्ड', प० एस ५०२ ग्रेटर कैलाश पार्ट १, नई दिल्ली—४८ ।

'गोविंद प्रकाश'—मा०, प० पटना ।

'गोविंद सागर'—वा, सं० चंद्र कुमार कोगरा ।

'गो विकास'—का०, प० जयपुर ।

'गौड़ ब्राह्मण समाचार'—प०नई दिल्ली ।

'गौड़ वित'—सा०, सं० गणेश प्रिय दर्शनी ।

'गौतम की आवाज'—पा०, प० मुजफ्फर नगर ।

'गौतम ज्योति'—पा०, सं० हेमाराम जोशी ।

'गौतम वाणी'—सं० जितेंद्र कुमार, प० कैथल ।

'गौरव गरिमा'—सा०, सं० मोहन कुमार भगत ।

'गौरव हरियाणा'—पा०, प० पानीपत ।

ग्रांट मिलनर हाइड—ले० 'न्यूज पेपर रिपोर्टिंग' ।

'ग्राम अंकुर'—सा०, सं० सुरेश चंद दिमानिया ।

'ग्राम उद्योग दर्पण'—सा०, सं०ओम प्रकाश शुक्ल ।

'ग्रामणी'—मा०, सं० अश्विनी कुमार ।

'ग्राम प्रधान'—सा०, सं० सतीश चंद अग्निहोत्री ।

'ग्रामवाणी'—पा०, प० खंडवा ।

'ग्राम सखा'—प० इलाहाबाद ।

'ग्रामीण आंचल'—सा०, प० थानेसर ।

'ग्रामीण फुलवाड़ी'—पा०, प० कोटपूतली ।

'ग्राम्य जन जागृति'—सा०, प० मेरठ ।

'ग्रेटेस्ट क्रांति'—सा०, प० बीकानेर ।

'ग्रेनरी व्यापार रिपोर्ट'—सं० एम० गिरधारी लाल ।

'ग्लैक्सो समाचार'—मा०, प० बंबई ।

'ग्लोब'—प० बरेली ।

'ग्वालियर'—सा०, सं० रामजीलाल शर्मा ।

'घटना क्रम'—पा०, चितरंजन सिंह ।

'घमासान'—सा०, प० सतना ।

'घर चल'—मा०, सं० अमृत लाल, प० खन्ना ।

'घाटी'—मा०, प० बम्बई ।

'घाटी की गूंज'—सा०, प० देहरादून ।

'घुमक्कड़'—सा०, सं० सोहन लाल तलवार ।

'घूमता आईना'—सा०, सं० कैलाश प्रसाद शर्मा ।

'घोटाला'—सा०, सं० पूरन चंद्र, प० आगरा ।

चंद्रकुमार छाबड़ा—सं० 'परिसर', प० वि०वि०लखनऊ ।

'चित्रकूट दर्शन'—सा०, सं० शंकर लाल वर्मा ।

'छात्रयुवा विचार'—पा०, प० लखनऊ ।

छोटमल—सं० 'जन अभियोग', प० जयपुर ।

जगदीश नारायण शुक्ल—अध्य० लखनऊ प्रेससंवाददाता समिति ।

'जूट मैगजीन'—सा०, सं० खेम चंद ।

जूलियन एडम्स—ले० 'प्रेस टाइम' ।

'जैन सेवक'—त्रै०, सं० प्र० एल० सी० जैन ।

ज्ञान वर्मा—सहा० सं० 'संजय कलियां', प० दिल्ली ।

'टैक्स गाईड'—त्रै०, सं० एम० एल० अग्रवाल ।

'ट्रिओडा टाइम्स'—सा०, सं० आर० तिवारी ।

'(दैनिक) ट्रिब्यून'—सं० प्रेम भाटिया ।

'तपोस्थली'—सा०, सं० प्र० सी० डी० शर्मा ।

'तमन्ना'—मा०, सं० प्रकाश देव, प० चंडीगढ़ ।

'तरुण मोर्चा'—सा०, सं० वसीउल्लाह खां यूसुफी, प० ४/९९७ डॉ० रघुवीर नगर, न्यू कालोनी, देवरिया ।

'तस्करों का सफाया'-सा०, सं० प्र०, मु०, दिनेश शर्मा, प्र० आ० १९७८, ए० प्र० २५ पै०, प० प० २३६ खेतरी हाऊस के पीछे, जयपुर—६ ।

'तल्लीन'—सा०, सं० एस० कपूर ।

'तामीर—ए—वतन'—पा०, सं० हरबेल सिंह ।

'वाल गजट'—सा०, सं० यू० के० शर्मा ।

'तोखा तीर'—सा०, सं० राधेश्याम शर्मा ।

तुषार कांति घोष—प्र० सं० 'अमृत प्रभात' ।

'तोशन केसरी'—सा०, सं० मानसिंह ।

'तोहाना केसरी'—सा०, सं० के० के० शर्मा ।

त्रिलोक नाथ तूली—सं० आल इंडिया पेपर स्टेशनरी समाचार, प० ७६४ क्वीस रोड, दिल्ली ६ ।

'थाथैया'—त्रै०, प० दिल्ली ।

दिनेश चंद्र हितैषी—सं० 'दैनिक प्रकाश', प० अलीगढ़ ।

'दिल्ली रत्न'—सा०, सं० एस० डी० शर्मा ।

'देवरिया समाचार'—सा०, सं० गोकुल चंद्र शुक्ल ।

देवेंद्र दत्त पालीवाल—सं० 'सैनिक', प० आगरा ।

(डॉ०) देवेश चंद्र पांडेय—प्रबं० संमु 'विज्ञान भारती', प० रीडर, वनस्पति विभाग, इलाहाबाद वि०वि० ।

धीरेंद्र मोहन—सं० 'दैनिक जागरण', प० मेरठ ।

'धौंस'—मा०, सं० जी० एस० यादव ।

'नूर'—दै०, सं० एम० एस० मल्होत्रा ।

'पयामें सुकून'—पा०, प० उदयपुर ।

'परिवारिका'—त्रै०, सं० (श्रीमती) कमला कुमारी जैन ।

'परिसर'-लखनऊ वि०वि०थिकर्स कौंसिल का मुख पत्र ।

'पशुपालन समाचार'—त्रै० ।

'पानीपत दर्पण'—मा०, सं० रमेश भार्गव ।

पुरुषोत्तम सिंह सेठी—सद०, लखनऊ प्रेस संवाद समिति।

प्रदीप कपूर—प्रति० 'ब्लिट्ज', प० लखनऊ ।

'प्रभात गुंजन'—द्विसा०, सं० नरेश कुमार सक्सेना ।

'प्राथमिक अध्यापक'—मा०, प० गुड़गांव ।

'प्लाइट'—षट्मा०, प० बंबई ।

फणींद्र वाजपेयी—प्रति० 'नवजीवन', प० लखनऊ ।

'फटीचर'—वा०, प० वाराणसी ।

'फिल्मी हवा'—त्रै०, सं० जे० डी० खत्री, प० वाड़मेर ।

'बड़ौदा विकास'—मा०, प० बड़ौदा ।

बद्री प्रसाद गुप्त—प्रति० 'सेवाग्राम' ।

बसंत श्रीवास्तव—प्रति० 'जागरण', प० लखनऊ ।

'बहुरंगी'—प्र० आ० १९७१, प० दिल्ली ।

बाबूलाल धर्माणी बब्बी—मु० उप० 'संजय कलियां', प० भोगपुर, जालंधर ।

बी० के० मिश्र—सं० 'हिंदुस्तान दैनिक', प० दिल्ली ।

'बेतवा पुत्र'—पा०, सं० नंदलाल जैन ।

'(दि) बेस्ट जज'—सा०, सं० ज्ञान प्रकाश ।

भगवती प्रसाद निगम—प्रति० 'प्रदीप' (पटना) ।

(डॉ०) **मंजुलता तिवारी**—प्र० सं०, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, प० हजरतगंज, लखनऊ ।

(श्रीमती) **मधु स्वामी**—सं० 'जनता एक्सप्रेस', प० मेरठ ।

'मनी ऑपोर्च्यनिटीज़'—सा० ।

'महाजन'—मा०, सं० श्यामलाल सुभनानी ।

महेंद्र खन्ना—सं० 'पंजाब केसरी', प० दिल्ली ।

महेश चंद्र सुहृदय—सं० 'दैनिक प्रावदा', प० अलीगढ़ ।

माइकल टाइम्स—प्रति० 'रूपलेखा' (कलकत्ता) ।

'मानव दर्पण'—सा०, प० नई दिल्ली ।

'मीत'—मा०, सं० ए० एस० नारंग, प० नई दिल्ली ।

'मीना का सुहाग'—सा०, सं० सुरेश चंद्र आर्य ।

महेश प्रकाश अग्रवाल—सं० 'दैनिक भास्कर', प० झांसी ।

मंगल सेन केला—सं० 'उजाला', प० आगरा ।

'मीना सौरभ'—मा०, प० कोटा ।

'मीमी'—मा०, सं० राजकुमार शर्मा ।

'मुद्रिका'—दै०, सं० वी० बी० उदय, प० अकोला ।

मोहम्मद जावेद अंसारी—प्रति० 'समाचार भारती' ।

यज्ञदत्तशर्मा—सं० 'जनतायुग', प० वाराणसी ।

यदुनंदन गोस्वामी—स्था० सं० 'आज', प० कानपुर ।

'युगप्रेरणा'—सा०, सं० ओम खुराना, प० जयपुर ।

'रंगयोग'—त्रै०, सं० नरपति सिंह चंपावत ।

'रंवा ज्योति'—मा०, प० पो० वा० ५०८, चंडीगढ़ ।

रघुबीर सिंह जिंदल—सं० 'न्यायाधीश' प० इलाहाबाद ।

रमाकाँत पांडेव—सं० 'लोक भारती', प० कानपुर ।

रमेश चंद्र अस्थाना—प्रति० 'दिनरात' (इटावा) ।

'रसायन समीक्षा'—त्रै०, सं० डॉ० रामचरण मेहरोत्रा ।

राकेश गुप्त—स्था० सं० 'स्वतंत्र भारत', प० फैजाबाद ।

राकेश सिंहल—सं० 'खुशबू', प० दिल्ली ।

राजेंद्र स्वरूप—सं० 'सत्य संवाद', प० लखनऊ ।

राजनाथ सिंह—प्रति० 'आज' (वाराणसी) ।

'राजस्थानी गंगा'—त्रै०, प० बीकानेर ।

राजाराम श्रीवास्तव—प्रति० पी० टी० आई० ।

राजीव अरोड़ा—प्र० सं० 'गांडीव, प० वाराणसी ।

राजेंद्र कुमार टंडन—संवा० आकाशवाणी ।

राधानाथ चतुर्वेदी—सं० 'आकाशवाणी' ।

रामजी त्रिपाठी—समा० सं० आकाशवाणी ।

रामदत्त त्रिपाठी—सद० 'लखनऊ प्रेस संवाद समिति' ।

(डॉ०) **रामदास त्रिपाठी**—संयु० सं० 'दैनिक जागरण', प० गोरखपुर ।

रामनारायण—सं० 'जयदेश', प० वाराणसी ।

रामाश्रय सविता—अवै० सह० सं० 'संकेत', प० लखनऊ

राहुलदेव—प्रति० 'दिवीक' (कोचीन) ।

(श्रीमती) **वंदना मिश्रा**—प्रति० 'सांध्य समाचार सेवा', प० लखनऊ ।

'वरण दूत'—दै०, सं० शिव कुमार शास्त्री ।

'विकासशील भारत'-सं० बांकेबिहारी अग्रवाल प० आगरा।

(डॉ०) **विद्याविंदु सिंह**—उप नि० उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, प० हजरतगंज, लखनऊ ।

विद्याशंकर चौबे—प्रति० 'विश्व परिवार' (झांसी) ।

'विद्युत कर्मचारी एकता'—मा०, प० अजमेर ।

विनय सिंहल—सं० 'विश्व मानव', प० बरेली ।

विनोद कुमारशुक्ल—स्था० सं० '(दैनिक) जागरण', प०

लखनऊ ।

विश्वामित्र उपाध्याय-समा०सं०हिंदुस्तान दैनिक,प०दिल्ली

वीरेंद्र कुमार—स्था०सं०'(दैनिक)जागरण', प०वाराणसी

'वेग'—सा०, सं० शिव शंकर त्रिवेदी, प० चुरु ।

'वैचारिक'—त्रै०,सं०सत्य नारायण पारीक,प० बीकानेर।

शकील अशरफ—स० सू० अ०, प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो ।

'शक्तिशाली आवाज'—सा०, सं० निर्मल तोलवानी ।

'शहीन'—सा०, सं० सलीम अहमद, प० धौलपुर ।

शार्दूल विक्रम—सं० 'आज', प० गोरखपुर ।

'शाश्वत सत्य'—सा०, सं० श्यामलाल चुघ ।

'शिकवा'—सा०, सं० अश्विनी कुमार राही, प०जयपुर।

'शिक्षा विवेचन'—त्रै०, प० नई दिल्ली ।

'शीश-ए-राजस्थान'—सा०, सं०गिरिराज सिंह ।

'शुक्र क्षेत्र समाचार'—सा०, प० सोरों, एटा ।

शैलेश कुमार—प्रति० 'नवभारत टाइम्स', प० लखनऊ ।

श्याम आचार्य—समा० 'जनसत्ता', प० दिल्ली ।

हार्टिकल्चर रिसर्च वर्क ऐंड मार्केटिंग न्यूज—प०लखनऊ।

'श्रम आराधना'—सा०, सं० भगीरथ सिंह शेखावत ।

'श्रीहरि साप्ताहिक मार्केट रिपोर्ट'—प० कलकत्ता ।

'श्वेत नाद'—सा०, सं० सूर्यनारायण सक्सेना ।

'संकेत'—सं० उमेश, रामाश्रय सविता, प० लखनऊ ।

'संजय कलियां'—मा०, सं० संजीवकुमार अग्रवाल, सहा० सं० ज्ञान वर्मा, मु० उप सं० बाबूलाल धर्माणी 'बब्री', प० भोगपुर, जि० जालंधर ।

सतीश चंद्र अग्रवाल—प्रति० 'उजाला' ।

'सत्यं शिवं सुंदरं'—सा०, प० कानपुर।

'सन् आफ इंडिया'—सा०, सं० बाबू लाल सेठी ।

'सवाई माधोपुर केसरी'—सा०, सं० सुमेर चंद जैन ।

'सामयिक मनोविज्ञान'—त्रै०, सं० कीर्ति स्वरूप रावत ।

'सिद्धश्री'—मा०, सं० चंद्र दास चरण ।

'सिमकी पत्रिका'—मा०, सं० नित्यानंद आचार्य ।

'सीखी संदेश'—त्रै०, सं० पुख राठौर, प० जोधपुर ।

सुनील दुबे—प्रति० 'जागरण', प० लखनऊ।

'सुमति'—सा०, सं० सुमेर लाल कोठारी, प० जयपुर ।

'सुरत शब्द योग'—सा०, सं० पी० एल० माथुर ।

सुरेंद्र द्विवेदी—सं० 'हिंदुस्तान समाचार' ।

सुरेश सिंह—सू० अ०, प्रेस इन्फारमेशन ब्यूरो ।

'सृजन'—मा०, सं० रत्न सिंह वर्मा ।

'सेवन स्टार'—सा०, सं० प्रहलाद कुमार युग ।

'स्वर्णकार समाचार'—सा०, सं० एच० पी० सोनी ।

'स्वायत्त संदेश'—सा०, सं० ओम मिश्र, प० जयपुर–२ ।

'स्वास्थ्य पत्रिका'—प० इटावा ।

'हिंदू भूमि'—सं० मानकराम असरानी, प० अजमेर ।

'हिमकिरीटिनी'-प०, प्र० सं० एम०ए० लारी 'आजाद', प्रब० सं० जय सिंह, प० विजय सिनेमा रोड, देवरिया ।

हरीश अग्रवाल—समा० सं० 'नव भारत टाइम्स' ।

हरीश चंद्र गुप्ता—सं० 'नव भारत', प० बरेली ।

हीरालाल अग्रवाल—समा० सं० 'नवजीवन', लखनऊ ।

(१८) हिंदी पत्रकारिता का संक्षिप्त इतिहास उपलब्धियाँ और अभाव

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी पत्रकारिता का उद्भव सन् १८२६ में हुआ था। हिंदी का सर्वप्रथम पत्र कलकत्ते से प्रकाशित 'उदंत मार्तण्ड' था, जिसका संपादन (पं०) युगलकिशोर शुक्ल ने किया था। उस समय से लेकर वर्तमान काल तक की हिंदी पत्रकारिता की विकास-यात्रा अनेक मोड़ों से होकर संपन्न हुई है और सांप्रतिक विश्व में उसका एक विशिष्ट स्थान है।

उपलब्ध विवरण के आधार पर यह मान्यता है कि संसार में सर्वप्रथम समाचार-पत्र प्रकाशन ई० पू० ६० में हुआ था। जूलियस सीजर ने 'एक्टा डायना' शीर्षक से एक दैनिक समाचार बुलेटिन का आरंभ किया था। इसमें सरकारी घोषणाओं का प्रकाशन होता था। ईसी प्रकार के एक अन्य बुलेटिन 'एक्टा सिनेटस' में रोम की सिनेट के क्रिया कलाप का विवरण प्रस्तुत किया जाता था। इसी के समानान्तर 'एक्ट पब्लिका' में जन साधारण के उपयोग की सूचनाएँ दी जाती थीं। यह भी अनुमान है कि आज से लगभग तीन सहस्र वर्ष पूर्व इटली की राजधानी रोम में समाचार प्रसारण का कार्य हस्तलिखित रूप में संवाद लेखकों के द्वारा किया जाता था।

ब्रिटेन में मुद्रण यंत्रों का आरंभ पन्द्रहवीं शताब्दी में हो चुका था। यूरोप के विभिन्न देशों में सोलहवीं शताब्दी में समाचार पर्चियों का विक्रय होता था जो आधुनिक समाचार पत्र का पूर्व रूप थे। ब्रिटेन में सन् १६२० में समाचार पत्र प्रकाशन आरंभ हुआ था। इस शताब्दी में ब्रिटेन में एक मुद्रित समाचार पत्र प्राप्त था जो 'न्यूज आउट आफ केंट' शीर्षक से एक पृष्ठ में छपता था। आधुनिक रूप में पत्रकारिता का आरंभ पाश्चात्य संसार में सत्रहवीं शताब्दी में हुआ था। इस शताब्दी के आरंभ में पाश्चात्य संसार में मुद्रण कार्य का आरंभ हो चुका था और उसी में लघु समाचार पत्र छपते थे। सन् १६४५ में स्वीडन से एक समाचार पत्र का प्रकाशन आरभ हुआ था, जो आज भी निरन्तर और नियमित रूप से प्रकाशित हो रहा है। अमेरिका में सन् १६६० में समाचार पत्र प्रकाशन आरंभ हुआ था।

भारत में पत्रकारिता का विकास मुद्रणालय के यांत्रिक विकास के समानांतर हुआ है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भारत में प्रेस की स्थापना सन् १५५० में यूरोपीय ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा की गयी थी। भारत का पहला मुद्रणालय सन् १५५० में गोवा में स्थापित हुआ था। इसी क्रम में देश के अनेक भागों में विभिन्न भाषाओं के मुद्रणालय स्थापित हुये।

भारत में सर्वप्रथम पत्र सन् १७८० में प्रकाशित हुआ था। इस वर्ष जेम्स आगस्टस हिकी द्वारा भारत का सर्वप्रथम समाचार पत्र प्रकाशित किया गया। इसका नाम "कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर" अथवा "हिकी गेजेट" था, इसका पहला अंक २९ जनवरी सन् १७८० में प्रकाशित हुआ था। निर्भीक और निष्पक्ष सम्पादन नीति के कारण इस पत्र के सामने अनेक संकट आये और अन्ततोगत्वा यह पत्र बन्द कर दिया गया। इसी क्रम में सन् १७८० में "कलकत्ता गेजेट", सन् १७८४ में "बंगाल जर्नल", सन् १७८५ में "ओरिएन्टल मैगजीन ऑफ कलकत्ता एम्यूजमेंट", सन् १७८६ में

“कलकत्ता क्रोनिकल”, सन् १७७९ में ‘बम्बई हेराल्ड’, सन् १७९१ में “हुकरू” आदि समाचार पत्रों के प्रकाशन से देश में एक नया अध्याय आरम्भ हुआ, जो अठारहवीं शताब्दी की भारतीय पत्रकारिता के स्वरूप को दर्शाता है।

उन्नीसवीं शताब्दी में भारतीय पत्रकारिता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय आरम्भ हुआ। विगत शताब्दी में प्रकाशित समाचार पत्र अंग्रेजी पत्रकारों द्वारा सम्पादित थे। इस शताब्दी में भारतीय पत्रकारों द्वारा प्रकाशित पत्रों का उद्भव हुआ। सन् १८१६ में गंगाधर भट्टाचार्य ने “बंगाल गेजेट” नामक अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया। सन् १८१८ में “दिग्दर्शन” नामक सर्वप्रथम भारतीय भाषा का पत्र प्रकाशित हुआ। सन् १८२२ में राजा राम मोहन राय ने “संवाद कौमुदी” शीर्षक से एक बंगला साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया। इसने भारतीय पत्रकारिता को समाज सुधार का स्वर दिया। राजाराम मोहन राय ने अन्य भी अनेक पत्रों के प्रकाशन और सम्पादन में सहयोग दिया तथा भारतीय-पत्रकारिता को भावी विकास के लिये एक सुदृढ़ आधार भूमि प्रदान की।

हिन्दी पत्रकारिता का उद्भव नागरी मुद्रणालय के समानान्तर हुआ है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण स भारत में नागरी अक्षरों को ढालने और मुद्रित करने का कार्य सन् १८०६ में हुआ था। इसका श्रेय विलियम केरी नामक पादरी को है। उसने संस्कृत पुस्तकें मुद्रित करने के उद्देश्य से ऐसा किया था। इस दृष्टि से भारत में सर्वप्रथम नागरी अक्षरों वाला प्रेस ‘संस्कृत प्रेस’ के नाम से सन् १८०६ में कलकत्ते में बाबूराम द्वारा स्थापित किया गया था। ३० मई सन् १८२६ को कलकत्ते से पं० युगल किशोर शुक्ल ने हिन्दी का सर्वप्रथम पत्र ‘उदन्त मार्तण्ड’ शीर्षक से प्रकाशित किया। यह अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है कि हिन्दी का यह सर्व प्रथम पत्र भी समुचित ग्राहक संख्या के अभाव में लोक प्रिय न हो सका। किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता भी इसे नहीं प्राप्त हो सकी। ४ दिसम्बर १८२७ को अर्थात् कुल डेढ़ वर्ष की अवधि तक प्रकाशित होने के पश्चात् इसका अंतिम अंक प्रकाशित हुआ।

सन् १८२९ से ‘बंगाल हेरल्ड’ का प्रकाशन हुआ, जिसका कुछ अंश हिंदी में भी मुद्रित होता था। उपलब्ध विवरण के अनुसार सन् १८३४ में ‘प्रजामित्र’ नामक एक अन्य हिन्दी साप्ताहिक पत्र भी प्रकाशित हुआ। इसका मुद्रण अंग्रेजी में भी होता था। सन् १८४५ का वर्ष हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसी वर्ष राजा शिव प्रसाद सितारे हिंद के सहयोग से ‘बनारस अखबार’का प्रकाशन हुआ। यह हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला हिंदी का सर्व प्रथम पत्र था। यह तथ्य उसके ऐतिहासिक महत्व का कारण है। सन् १९४६ में कलकत्ते से एक अन्य हिंदी पत्र प्रकाशित हुआ जो उर्दू, बंगला, फारसी तथा अंग्रेजी भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसके प्रकाशक मौलवी नासिरुद्दीन थे। सन् १८५० में काशी से ‘सुधाकर’ नामक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ। यह तारा मोहन मैत्रेय द्वारा सम्पादित था। यह द्विभाषी पत्र था और इसमें हिंदी तथा बंगला भाषाओं का अंश रहता था। इसी क्रम में सन् १८५२ में लाला सदा सुखलाल द्वारा आगरे से ‘बुद्धिप्रकाश’, सन्१८५५ में शिवनारायण द्वारा आगरे से ही ‘सर्व हितकारक’ तथा सन् १८६१ में राजा लक्ष्मण सिंह द्वारा इटावे से ‘प्रजा हितैषी’ आदि पत्रों का प्रकाशन आरम्भ हुआ।

भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम अर्थात सन् १८५७ के पश्चात् हिंदी पत्रकारिता का एक विशिष्ट रूप विकसित हुआ। सन्१८५९ में मनसुखराम के सम्पादन में ‘धर्मप्रकाश’, १८६१ में गणेशी लाल के सम्पादन में ‘सूरजप्रकाश’, सन् १८६५ में गुलावशंकर के सम्पादन में ‘तत्व बोधिनी’, सन् १८६६ में आगरे से वंशीधर के सम्पादन में ‘भारत खण्ड मित्र’ आदि पत्रों का प्रकाशन आरम्भ हुआ और हिंदी पत्रकारिता को विकास की अभिनव दिशायें प्राप्त हुयीं।

हिंदी पत्रकारिता के विकास में भारतेन्दु हरिश्चंद्र द्वारा सम्पादित ‘कवि वचन सुधा’ से एक नया युग आरम्भ होता है। इस काव्य पत्रिका का आरंभ १५ अगस्त सन् १८६७ को काशी से हुआ था। इसके माध्यम से हिंदी भाषा, साहित्य और पत्रकारिता को जन-मानस के निकट लाकर जन-चेतना का अंग बनाने का प्रयास किया गया। इसे वांछित लोकप्रियता भी प्राप्त हुई और

यह मासिक के स्थान पर पाक्षिक रूप में प्रकाशित होने लगी। अब इसमें केवल पद्य का प्रकाशन ही न होकर गद्य भी छपने लगा। सन् १८७५ से यह साप्ताहिक रूप में द्विभाषी पत्रिका हो गयी और इसमें हिंदी के साथ ही अंग्रेजी का समावेश भी होने लगा। अनेक कारणों से सन् १८८५ में इसका प्रकाशन बंद हो गया।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में हिंदी पत्रकारिता का क्षेत्र-विस्तार अपेक्षाकृत तीव्र गति से हुआ। देश के विभिन्न भागों से, विशेष रूप से हिंदी प्रदेश से अनेक पत्र-पत्रिकाएं विविधात्मक संपादकीय नीति लेकर प्रकाशित हुईं। मुंशी सदा सुखलाल ने सन् १८६८ में प्रयाग से 'वृत्तांत दर्पण' तथा शिव प्रसाद सिंह ने सन् १८६९ में मेरठ से 'मंगल समाचार' नामक पत्रों का प्रकाशन किया। सन् १८७० में 'अलमोड़ा अखवार' सन् १८७१ में 'प्रयाग दूत', सन् १८७२ में 'प्रेमपत्र', सन् १८७३ में 'हरिश्चंद्र मैगजीन', सन् १८७४ में 'बाल बोधिनी', सन् १८७६ में 'काशी पत्रिका', तथा सन् १८७७ में 'हिंदी प्रदीप' आदि पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन आरंभ हुआ।

विगत शताब्दी की समाप्ति के पूर्व ही हिंदी पत्रकारिता को भावी विकास के हेतु एक सुदृढ़ आधार भूमि प्राप्त हो गयी थी। अब तक वह विभिन्न क्षेत्रीय आंदोलनों से भी जुड़ गई थी। सन् १८७८ में 'आर्यमित्र', सन् १८८१ में 'भारत दीपिका' और 'आनन्द कादम्बिनी', सन् १८८२ में 'प्रयाग समाचार', सन् १८८३ में 'ब्राह्मण', सन् १८८५ में 'भारत जीवन' तथा 'हिंदोस्तान', सन् १८८७ में 'प्रयाग मित्र', सन् १८८८ में 'भारत भगिनी', सन् १८८९ में 'बुद्धिप्रकाश,' सन् १८९० में 'ब्रह्मावर्त', 'निगमागम पत्रिका' तथा 'साहित्य सरोज', सन् १८९१ में 'विद्या प्रकाश' तथा 'ब्राह्मण', सन् १८९२ में 'नागरी निरोध' तथा 'सरस्वती प्रकाश', सन् १८९३ में 'नागरी नीरद', सन् १८९४ में 'भारत भूषण', सन् १८९५ में 'स्वतंत्र', सन् १८९६ में 'आर्य भास्कर', सन् १८९७ में 'विद्या विनोद', सन् १८९८ में 'उपन्यास', सन् १८९९ में 'देश हितकारी' तथा सन् १९०० में 'सरस्वती' का प्रकाशन आरंभ हुआ। इनमें से अनेक का हिंदी पत्रकारिता के विकास में ऐतिहासिक योगदान है।

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ से ही हिंदी पत्रकारिता भारतीय जनमानस से जुड़कर जन-चेतना का प्रतीक बन गई। विभिन्न क्षेत्रीय आंदोलनों के प्रचार और प्रसार का भी वह सशक्त माध्यम बनी। यदि एक ओर उसने समाज-सुधार वादी विचार धाराओं का पोषण किया, तो दूसरी ओर राजनैतिक और धार्मिक आंदोलनों से भी वह संबद्ध हुई। तथ्य तो यह है कि 'सार्वदेशिक', 'दयानंद संदेश', 'आर्य मित्र', 'प्रेम संदेश', 'सन्मार्ग', 'श्री वेंकेटेश्वर समाचार', 'जैन जगत', 'महावीर संदेश', 'दिगंबर जैन', 'श्वेतांबर जैन', 'धर्मदूत', 'कल्याण', 'अखंड ज्योति', 'कर्म योग' तथा 'संकीर्तन' आदि पत्र-पत्रिकाओं का अवलोकन करने पर इस तथ्य की अवगति होती है कि धार्मिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार और खंडन-मंडन की प्रवृत्ति को आधार बना कर भी हिंदी में न केवल पत्रकारिता का एक रूप विकसित हुआ है, वरन् बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाएं भी समय-समय पर विभिन्न आन्दोलनों को बल देने के लिए प्रकाशित की गई हैं।

वास्तव में एक सौ साठ वर्षों का हिंदी पत्रकारिता का इतिहास अपने व्यापक परिवेश में अनेक रूपों से परिपूर्ण है। यह एक विचित्र संयोग है कि अपने आरंभिक काल से ही वह राजनैतिक आन्दोलनों से जुड़ गयी। 'स्वराज्य', 'उचित वक्ता', 'नृसिह', 'स्वाधीन', 'विश्वमित्र', 'स्वतंत्र', 'विजय', 'स्वयं सेवक', 'छत्तीस गढ़ केसरी', 'हरिजन सेवक', 'मजदूर आवाज', 'समाज', 'विप्लव', 'संघर्ष', 'पांचजन्य', 'कर्मवीर', 'सैनिक', 'वीर-अर्जुन' तथा 'हुंकार' के माध्यम से हिंदी में राजनैतिक पत्रकारिता का विकास हुआ। राष्ट्रीय भावना से अनुप्राणित हिंदी पत्रकारिता के विकास की पृष्ठभूमि में निर्भीक और संघर्ष शील संपादकों का योगदान है। 'उदंत मार्त्तंड' के संपादक युगल किशोर शुक्ल, 'हरिश्चंद्र मैगजीन' के संपादक भारतेन्दु हरिश्चंद्र, 'उचित वक्ता' के संपादक दुर्गा प्रसाद मिश्र, 'ब्राह्मण' के संपादक प्रताप नारायण मिश्र, अभ्युदय के संपादक मदन माहन मालवीय, 'वीर-अर्जुन' के संपादक महाशय कृष्ण, 'मतवाला' के संपादक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला आदि ने जिस पत्रकारिता का आदर्श उपस्थित किया, वह सामायिक परिवेश में एक अनिवार्यता थी। अंबिका प्रसाद वाजपेयी

ने 'नृसिंह', गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप', कन्हैयालाल वैद्य ने 'अखंड भारत', वाबूराव विष्णु पराड़कर ने 'रणभेरी', आचार्य नरेन्द्र देव ने 'जनवाणी',माखन लाल चतुर्वेदी ने 'कर्मवीर', लक्ष्मण नारायण गर्दे ने 'केसरी', आदि के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के हेतु आन्दोलनों में ऐतिहासिक भूमिका का निर्वाह किया वरन् विभिन्न स्तरों पर पत्रकारों का संगठन करके उनके संघर्ष को रचनात्मक दिशा प्रदान की ।

ब्रिटिश शासन काल में हिंदी पत्रकारों पर अनेक प्रकार के संकट आये । उन पर तत्कालीन अंग्रेज शासकों की भ्रकुटी सैदव तनी रही और भाँति-भाँति से अनेक रूपों में उन्हें संत्रस्त करने के उपाय खोजे गये । उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाइयां हुयीं । उनके प्रकाशन पर प्रतिवन्ध लगाया गया उनके सम्पादकों को कारावास दण्ड दिया गया । हिंदी पत्रकारिता के विकास में एक वड़ी संख्या ऐसे पत्रकारों की है जो जेल गये राष्ट्रीय और क्रांतिकारी भावनाओं से प्रेरित और प्रभावित पत्र भी हिंदी में समय-समय पर एक बड़ी संख्या में प्रकाशित होते रहे । ब्रिटिश शासन के विरोध में इन पत्रों के संपादकों और प्रकाशकों ने सदैव संघर्ष किया है । उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्रता के आन्दोलन के क्षेत्र में भी एक उल्लेखनीय कार्य किया है ।

हिंदी पत्रकारिता के उद्भव और विकास में वहु संख्यक पत्रकारों का योगदान है । इन्होंने पत्रकारिता के इतिहास के विभिन्न विकासशील युगों ने अपरिमित वलिदान का आदर्श उपस्थित किया, क्योंकि उनकी दृष्टि में पत्रकारिता एक साधना थी । जीविका अर्जन का माध्यम नहीं । अम्बिका प्रसाद बाजपेयी, कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर, गणेश शंकर विद्यार्थी, लाला जगत नारायण, वनारसीदास चतुर्वेदी माधवराव सप्रे, मूल चंद्र अग्रवाल,युगल किशोर शुक्ल,राम कृष्ण रघुनाथ खाड़िलकर, लक्ष्मीशंकर व्यास लक्ष्मण नारायण गर्दे, श्री नारायण चतुर्वेदी आदि इसी वर्ग के मनस्वी पत्रकार हैं ।

सन् १८६८ में मुंशी सदासुख लाल के संपादन में 'वृत्तांत दर्पण' नामक पत्रका प्रकाशन आरंभ हुआ । यह प्रयाग से प्रकाशित होता था । आगामी वर्ष मेरठ से गिरि प्रसाद सिंह के संपादन में मंगल समाचार और ठाकुर सिंह के संपादन में आगरे से 'पाप मोचन' नामक पत्र का प्रकाशन हुआ, इसी वर्ष नैनीताल से सन् १८७५ में 'अल्मोड़ा अखबार' भी प्रकाशित होने लगा । सन् १८५५ में आगरे से 'सर्वं हितकारक' नामक पत्र का प्रकाशन शिवनारायण के संपादन में हुआ । 'सुधाकर' की भाँति यह भी दो भाषाओं में प्रकाशित होता था । अंतर इतना है कि 'सुधाकर' हिंदी और बंगला में छपता था जबकि 'सर्व हितकारक' हिंदी और उर्दू में । सन् १८५५ में राजा लक्ष्मण सिंह ने 'प्रजा हितैषी' का संपादन आरंभ किया। इसी प्रकार सन् १९५९ में मनसुख राम के संपादन में अहमदाबाद से 'धर्म प्रकाश' नामक पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ । इसके दो वर्ष पश्चात् आगरे से 'सूरज प्रकाश' नामक पत्र का प्रकाशन गणेशी लाल के संपादन में आरंभ हुआ । सन् १९६५ में वरेली से गुलाव शंकर के संपादन में तत्व वोधिनी नामक हिंदी पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम चतुर्थांश तक आते-आते पत्रकारिता का क्षेत्र विस्तार हुआ । एक ओर तो वह धार्मिक आन्दोलनों से जुड़ गयी और दूसरी ओर राजनैतिक आन्दोलनों से भी संबद्ध होकर उसका विकास हुआ । आर्य समाज के विचार दर्शन से प्रेरित और प्रभावित वहुसंख्यक पत्र पत्रिकाएँ न वरन् भारत केवल विश्व के अनेक देशों से प्रकाशित हुईं और निःसंदेह उनका ऐतिहासिक महत्व है ।

धार्मिक सिद्धान्तों और आन्दोलनों को आधार बनाकर प्रकाशित होने वाले पत्रों में सनातन धर्म सभा के विचारों से प्रभावित पत्र भी उल्लेखनीय हैं । मनसुख राम के संपादकत्व में सन् १८५९ में प्रकाशित 'धर्म प्रकाश' इस दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास है।इसी क्रम में हाकिम जवाहर लाल द्वारा इटावे से प्रकाशित 'प्रजा हित' तथा आगरे से प्रकाशित 'ज्ञान प्रकाश', सन् १८६६ में वंशीधर के संपादन में आगरे से ही प्रकाशित 'भारत खंड मित्र', इसी वर्ष सिकन्दरा से प्रकाशित 'ज्ञान दीपक पत्रिका' एव आगामी वर्ष आगरे से प्रकाशित 'सर्व जनोपकारक' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।ईसाई मिशनरियों ने भी अपने धर्म प्रचार का माध्यम पत्रकारिता को बनाया और समय-समय पर अनेक पत्र पत्रिकाएँ देश के विभिन्न भागों से प्रकाशित कीं । इस संदर्भ में सन् १८६३ में प्रकाशित 'लोकमत' नामक पत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है । इसका प्रकाशन आगरे से

होता था और इसमें अधिकांशतः बाइबिल का हिंदी अनुवाद प्रकाशित किया जाता था । ईसाई मिशनरियों द्वारा सन् १८७१ में मेरठ से 'म्योर गजट' शीर्षक प्रचार पत्र प्रकाशित हुआ। इसी वर्ष सहारनपुर से ईसाईयों का एक प्रचार पत्र 'सांडर्स गजट' शीर्षक से प्रकाशित होना आरंभ हुआ ।

आर्य समाज के आन्दोलन के समर्थन, पोषण, प्रचार और प्रसार में भी बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाएं समय-समय पर प्रकाशित हुईं । ऐतिहासिक दृष्टिकोण से इस श्रेणी की सर्वप्रथम पत्रिका सन् १८७० में शाहजहाँपुर से प्रकाशित हुई थी । 'आर्य दर्पण' नामक इस साप्ताहिक पत्र का संपादन प्रकाशन करने का श्रेय मुंशी बखतावर सिंह को है । इसके तीन वर्ष पश्चात् मिर्जापुर से 'आर्य पत्रिका' का प्रकाशन भी आरंभ हुआ । एच० के० भट्टाचार्य द्वारा काशी से प्रकाशित 'आर्य मित्र', कल्याण राय के द्वारा लाहौर से प्रकाशित 'आर्य समाचार', गजानन राव होड़ द्वारा प्रयाग से प्रकाशित 'आर्य जीवन', पद्मसिंह शर्मा द्वारा आगरे से प्रकाशित 'परोपकारी', भीम सेन शर्मा द्वारा इटावा से प्रकाशित 'आर्य सिद्धांत' आदि पत्र-पत्रिकाओं का भी इस दिशा में उल्लेखनीय योगदान है ।

धर्म, अध्यात्म और दर्शन आदि को आधार बना कर विभिन्न सिद्धांतों का अनुगमन और पोषण करने वाली अनेक पत्र-पत्रिकाएं भी प्रकाशित हुईं। इस दृष्टि से यहाँ पर सर्व प्रथम पत्र सन् १८५६ में प्रकाशित 'धर्म प्रकाश' उल्लेखनीय है । अहमदाबाद से प्रकाशित इस मासिक पत्रिका का संपादन मनसुख राम के द्वारा किया जाता था । इसी क्रम में आगे चलकर सन् १८६६ में 'ज्ञान प्रदायिनी' पत्रिका प्रकाशित हुई । लाहौर से प्रकाशित इस प्रत्रिका का संपादन नवीन चंद राय के द्वारा होता था । ब्रह्म समाज के विचारों की पोषक इस पत्रिका के अतिक्ति एक अन्य पत्रिका भी बरेली से 'ब्रह्म ज्ञान 'प्रकाश' शीर्षक से प्रकाशित हुई थी ।

हिंदी पत्रकारिता के विकास का अवलोकन करने पर इस तथ्य की अवगति होती है कि वह अपने उद्भव काल से ही जागरूकता, प्रबुद्धता और चेतना संपन्नता की प्रतीक रही है । उसके विकास की गति भले ही मंथर रही हो परंतु उसकी प्रकृति सदैव निर्भीक रही है। 'हिन्दोस्थान', 'आर्य दर्पण', 'मालवा अखबार', 'काशी पत्रिका', 'भारत जीवन', 'सार सुधा निधि', 'प्रयाग समाचार', 'हिंदी प्रदीप', 'भारत बंधु' और 'कर्मयोगी' आदि अनेक पत्र ब्रिटिश शासन की शोषण नीति के कट्टर विरोध में नवचेतना के जागरण का आवाहन करते रहे हैं । इसके लिए इन पत्र-पत्रिकाओं के संपादकों और प्रकाशकों को आर्थिक दंड के अलावा कारावास भी हुआ है ।

समाज सुधार परक अन्य पत्र-पत्रिकाओं में 'दलित प्रकाश', 'वालंटियर', 'मंजिल', 'समाज सेवक'तथा'सेवा' आदि पत्र-पत्रिकाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । नारी चेतना के जागरण के आवाहन में भी हिंदी पत्रकारिता ने एक महत्व पूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है । स्त्री शिक्षा के प्रचार और प्रसार, पर्दा प्रथा के उन्मूलन, आर्थिक स्वावलंबन, वैवाहिक कुप्रथाओं में सुधार आदि के साथ नारी जीवन के विभिन्न पक्षों से संबंधित सभी विषयों का समावेश इनमें रहता है । 'मनोरमा', 'मोहिनी', 'शांति', 'आर्य महिला', 'कन्या', 'गृहिणी', 'जननी', 'दादी', 'नारी', 'महिला पत्रिका' तथा 'जाग्रत महिला' आदि इस संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं ।

वास्तव में हिंदी पत्रकारिता के इतिहास से उसकी सामाजिक प्रतिबद्धता का सवाल जुड़ा हुआ है । बाल कृष्ण भट्ट ने पत्रकार की विवेक क्षमता, बाबूराव विष्णु पराड़कर ने समाज सेवा, पांडेय बेचन शर्मा उग्र नेउसके त्याग, पंडित सुंदर लाल ने उसकी निष्पक्षता, (डॉ०) संपूर्णानंद ने राष्ट्रीयता, अंबिका प्रसाद बाजपेयी ने लक्ष्यपूर्णता, कमलापति त्रिपाठी ने जन उत्तर दायित्व, महात्मा गांधी ने आत्मबल, प्रताप नारायण मिश्र ने बलिदान, गणेश शंकर विद्यार्थी ने निर्भीकता, महादेवी वर्मा ने रचना शीलता, बालकृष्ण राव ने सृजनात्मकता आदि पर गौरव दिया है । वस्तुतः इन मंतव्यों का सार यह है कि पत्रकारिता मात्र एक व्यवसाय या उद्योग न होकर एक प्रकार की समर्पित निष्ठा की भी प्रतीक है ।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता का उद्भव सन् १८६७ से माना जा सकता है । इस वर्ष काशी से भारतेन्दु हरिश्चंद्र के संपादन में 'कविवचन सुधा' नामक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ हुआ । यह एक पद्यात्मक मासिक पत्रिका थी । कालांतर

में यह पाक्षिक हो गयी और इसमें गद्य भी प्रकाशित होने लगा। सन् १८७५ में यह साप्ताहिक रूप में प्रकाशित हुई। १८८५ में इसका प्रकाशन स्थगित होगया। साहित्यिक पत्रिका के विकास क्रम में सन् १८७३ में भारतेन्दु ने 'हरिश्चंद्र मैगजीन' शीर्षक से काशी से एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया। सन्१८७४ में इस पत्रिका का नाम परिवर्तित कर दिया गया और यह 'हरिश्चंद्र चंद्रिका' शीर्षक से प्रकाशित होने लगी। यह अनेक साहित्यिक विधाओ से युक्त पत्रिका थी और इसकी कुछ प्रतियां सरकार द्वारा भी क्रय की जाती थीं। कालांतर में यह 'मोहन चंद्रिका' के साथ संयुक्त रूप में प्रकाशित होने लगी।

सन् १८७४ में हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि के प्रचार प्रसार की दृष्टि से 'नागरी प्रकाश'नामक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। यह पत्र मेरठ से प्रकाशित होता था। इसी वर्ष प्रयाग से भी एक साहित्यिक पत्रिका 'नाटक प्रकाश शीर्षक से प्रकाशित हुई। यह भी साहित्यिक पत्रकारिता के विकास में एक उल्लेखनीय चरण है। इसी क्रम में अलीगढ़ से प्रकाशित 'भारत बंधु' नामक साप्ताहिक पत्र का उल्लेख भी किया जा सकता है जिसका संपादन तोताराम वर्मा करते थे।

साहित्यिक पत्रकारिता के विकास की दिशा में बालकृष्ण भट्ट द्वारा संपादित 'हिंदी प्रदीप' का विशेष महत्व है। इस मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १८७७ में प्रयाग की हिंदी संवर्धिनी सभा के तत्वावधान में आरम्भ हुआ था। यद्यपि यह साहित्यिक पत्रिका थी, परन्तु इसमें राष्ट्रीय और क्रांतिकारी रचनाएं भी प्रकाशित होती थीं। इसी कारण सरकार द्वारा इसका प्रकाशन प्रतिबंधित कर दिया गया।

मेरठ से देव नागरी प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में प्रकाशित 'देव नागरी प्रचारक' का उल्लेख भी यहां आवश्यक है जिसका संपादन गौरी दत्त के माध्यम से होता था। सन् १८८३ में इसी क्रम में एक अन्य पत्र गोस्वामी ज्वाला प्रसाद के संपादन में निकलता था। साहित्यिक पत्रकारिता के विकास में एक अन्य उल्लेखनीय पत्र 'ब्राह्मण' है जिसका संपादन प्रताप नारायण मिश्र के द्वारा संपन्न होता था। यशोदा नंदन अखौरी ने 'देवनागर', प्रेमचंद ने 'हंस' निराला ने 'मतवाला' और रूपनारायण पांडेय ने 'माधुरी' के द्वारा हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता की स्तरीय उपलब्धियों को दर्शाया। साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में देश के विभिन्न भागों से बहुसंख्यक प्रयास हुए हैं जिनमें से अनेक का ऐतिहासिक महत्व है। 'सरस्वती', 'नया समाज', 'हंस', 'कल्पना', 'साहित्य सदेश', 'ब्रज भारती', 'चांद', 'माधुरी', 'लहर', 'विशाल भारत', 'हिमालय', 'प्रतीक', 'युग धारा', 'युग चेतना', 'कल्पना', 'क ख ग', 'संकेत', 'निकष', 'माध्यम', 'नया आलोचक' आदि इस दृष्टि से विशेष महत्वपूर्ण हैं।

बीसवीं शताब्दी के द्वितीय अर्धांश में विशेष रूप से भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात् से हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता का अपेक्षाकृत विशेष रूप में विकास हुआ है। साहित्यिकता से इतर पत्रकारिता ने तो इस अवधि में विशेष जागरूकता की परिचायक भूमिका का निर्वाह किया ही है, साहित्यिक पत्रकारिता का निर्भीक स्वरूप इसी युग में निखर कर सामने आया है। साहित्यिक प्रतिबद्धता और रचना धर्मिता के प्रति एक निष्ठता की प्रतीक भी अनेक पत्र पत्रिकाएं रही हैं, जिनके संघर्ष की यात्रा का इतिहास बहुत साहसिकता पूर्ण है। सिद्धांततः पत्रकारिता का एक सृजनात्मक रूप साहित्यिक पत्रकारिता है। व्यवहारतः साहित्य की प्रायः सभी रचनात्मक विधाओं की विकास यात्रा पत्रकारिता से जुड़ी होती है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है, कि आज हिंदी में साहित्यिक पत्रकारिता का स्वरूप इतना अधिक विकसित हो गया है कि वह न केवल अधुनातन साहित्यिक चिंतन धाराओं की अवगति कराती है वरन् साहित्य के विभिन्न रूपों के क्षेत्र में विद्यमान और प्रवत्तियों के विकास के अभिनव आयामों की ओर भी इंगित करती है। निर्सगतः इसका कारण यह है कि जिस प्रकार से समग्र पत्रकारिता आज के जन जीवन की एक अपरिहार्य आवश्यकता और उसका अभिन्न अंग बन गयी है उसी प्रकार से साहित्यिक पत्रकारिता एक प्राणवान्, प्रबुद्धऔर प्रखर चेतना से संपन्न साहित्य कार के जीवन का भी महत्वपूर्ण अंगबन गई है।इसरूपमें पत्रकारिता का साहित्यक विकास में योगदान भी असंदिग्ध है। प्रायः स्फुट कोटि की कविताएं, कहानियां, निबंध, एकांकी,रेखाचित्र, संस्मरण, यात्रा वृत्तांत, समी-

क्षात्मक लेख एवं विविध विषयक टिप्पणियां आदि प्राथमिक रूप में पत्र पत्रिकाओं में ही प्रकाशित होती हैं। इससे साहित्य के प्रति व्यापक जन अभिरुचि विकसित होती है और उसकी लोकप्रियता में भी वृद्धि होती है। कालांतर में इसी आधार पर इन स्फुट रचनाओं के संग्रह पुस्तकाकार भी प्रकाशित होते हैं, वड़ी विधाओं की रचनाएं, यहाँ तक कि वड़े आकार वाले महाकाव्यात्मक उपन्यास आदि धारावाहिक रूप में प्रकाशित होकर लोकरुचि और प्रबुद्ध पाठकों के आकर्षण की वस्तु वन जाते हैं। कभी-कभीतो साहित्यिक पत्रकारिता के विकास की गति इतनी तीव्र हो जाती है कि एक वार किसी पत्र पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी रचना विशेष रूप से उपन्यास आदि प्रथम संस्करण में ही प्रकाशित होने पर पुराना प्रतीत होने लगता है।

हिंदी में वाल पत्रकारिता का उद्भव १८८३ में 'वाल दर्पण' के माध्यम से हुआ था। वीसवीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों से ही हिंदी में वाल पत्रकारिता का तीव्र गति से विकास हुआ। 'आर्य वाल हितैषी', 'वाल सखा', 'वालक', 'चुन्नूमुन्नू', 'किशोर', 'वानर', 'शिशु', 'वच्चों की दुनियां', 'मनमोहन'; 'भारती', 'होनहार', 'शेर वच्चा', 'चमाचम', 'राजा वेटा' आदि वहुसंख्यक पत्र पत्रिकाएं इस क्षेत्र में उल्लेखनीय हैं। संप्रति लोकप्रियता के समानांतर ही स्तरीयता की दृटि स भी जो वालोपयोगी पत्र पत्रिकाएं हिंदी में विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, उनमें 'चन्दा मामा', 'पराग', 'नन्दन', 'इंद्र जाल कॉमिक्स' तथा 'लोट पोट' आदि हैं। कलात्मक और रंगीन मुद्रण तथा आकर्षण साज सज्जा से भी वाल पत्रकारिता को एक नई दिशा मिली है।

हिंदी पत्रकारिता के उद्भव काल से ही आर्थिक संकट का अभिशाप उससे जुड़ा हुआ है। तथ्यतः प्रथम पत्र ग्राहकों के अभाव और आर्थिक संकटों के कारण ही वंद हो गया। यही अभिशाप 'सुधाकर' के साथ भी लगा रहा क्योंकि इसकी कुल प्रसार संख्या ७४ थी। संभवतः इसी विडम्वना के कारण पत्रकारिता राज्याश्रित हो गयी, क्योंकि सन् १८५२ में मुंशी सदासुख लाल के संपादन में प्रकाशित 'बुद्धि प्रकाश' की दो सौ प्रतियां सरकार द्वारा क्रय की जाती थी। कालांतर में यह स्थिति उत्पन्न हो गयी कि प्रायः सभी साहित्यिक पत्र किसी न किसी रूप में या तो राज्याश्रित रहते थे या किसी अन्य आर्थिक स्रोत पर निर्भर करते थे। स्वतंत्रता के पश्चात् जव साहित्यिक पत्रकारिता का स्तरीय स्वरूप विकसित हुआ तव भी न्यूनाधिक रूप में यही स्थिति यथावत् वनी रही। साहित्यिक पत्रपत्रिकाएं सरकारी खरीद या विज्ञापनों के वल पर ही अपनी जीवन यात्रा को आगे वढ़ा पाती थीं। हिंदी की श्रेष्ठतम साहित्यिक पत्र पत्रिकाओं के विषय में भी यही सत्य है। संभवतः इसी विडम्वना से मुक्ति के हेतु हिंदी पत्रकारिता साहित्य साधना न रहकर व्यावसायिक हो गयी और साहित्यिक पत्रकारिता की प्रतिद्वन्द्वी भी वन गयी।

जातीय पत्र-पत्रिकाओं का भी हिंदी पत्रकारिता के विकास में योगदान उल्लेखनीय है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी में सर्व प्रथम जातीय पत्र का प्रकाशन सन् १८७८ में हुआ। 'कायस्थ समाचार' नामक यह पत्र प्रयाग से प्रकाशित हुआ था। इसी क्रम में आगे चल कर प्रयाग से वावू लाल के संपादन में 'गौड़ कायस्थ' शीर्षक से एक पत्र प्रकाशित हुआ। लखनऊ से वलभद्र के संपादन में 'कान्यकुब्ज प्रकाश' शीर्षक से एक मासिक पत्रिका का संपादन भी इसी समय आरंभ हुआ। मथुरा से भी 'कुल श्रेष्ठ' नामक एक पत्रिका प्रकाशित हो रही थी। सन् १८८८ में मथुरा से 'खत्री हितकारी' और 'खत्री अधिकारी' नामक पत्रों का प्रकाशन आरंभ हुआ। इसी वर्ष आगरे से एक जातीय पत्र 'खत्री हितकारी' शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। आगामी वर्ष भी कतिपय जातीय पत्र प्रकाशित हुए जिनमें लखनऊ से मुंशी देवी प्रसाद के संपादन में प्रकाशित 'कायस्थ पत्रिका' तथा 'कायस्थ उपदेश' एवं नारायण प्रसाद द्वारा आगरे से प्रकाशित 'कायस्थ उपकारक' उल्लेखनीय हैं। वाजीलाल शुक्ल द्वारा प्रयाग से प्रकाशित 'श्री कान्य कुब्ज' समाज सुधार और रूढ़ि विरोध के स्वर को वल देने वाली अनेक पत्र-पत्रिकाएँ समय-समय पर हिंदी में प्रकाशित हुई। 'हिन्दोस्तान', 'प्रयाग समाचार', 'अलमोड़ा अखवार' 'भारत जीवन', 'भारत वंधु', 'आगरा अखवार' आदि ने समय-समय पर वाल विवाह, शिशु हत्या, दहेज प्रथा, अशिक्षा निवारण, वेश्यासमस्या, अस्पृश्यता उन्मूलन, पर्दा प्रथा आदि के विरोध में आवाज उठाई।

हिन्दी पत्रकारिता का इतिहास प्रेस की स्वतन्त्रता

का भी इतिहास कहा जा सकता है क्योंकि अपने उद्भव काल से लेकर वर्तमान काल तक उसे अपनी स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष करना पड़ा है और कानूनी प्रतिबन्धों एवं निषेधों की दमन नीति का भी विरोध करना पड़ा है। सिद्धान्ततः पत्रकारिता और प्रेस की स्वतन्त्रता परस्पर सम्बद्ध प्रश्न हैं। यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि भारत में पत्रकारिता का आरम्भ अंग्रेज पत्रकारों द्वारा हुआ और उन्हें भी ब्रिटिश सरकार का कोप भाजन बनना पडा। सन् १९७५ में पत्रों के कठोर सेंसर की राजाज्ञा जारी हुयी थी, इस दिशा में सन् १७९९ में प्रेस पंजीकरण अधिनियम और सेंसर कानून, सन् १८२३ में नये प्रेस कानून, सन् १८६७ में रेगुलेशन्स आफ प्रिंटिग प्रेस एण्ड न्यूज पेपर्स, सन् १८७८ में भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम, सन् १९०८ में समाचार पत्र (अपराधों के भडकाने वाला) अधिनियम, सन् १९१० में भारतीय मुद्रणालय अधिनियम तथा प्रेस आवजेक्शनेबुल मेटर्स ऐक्ट, सन् १९१४ में कृति स्वाम्य अधिनियम सन् १९२२ में प्रेस लॉ अपील एण्ड एमेण्मेंट ऐक्ट, सन् १९२३ में भारतीय सरकारी रहस्य अधिनियम, सन् १९३१ में भारतीय समाचार पत्र (संकट कालीन अधिकार अधिनियम), सन् १९३३ में मुद्रणालय अधिनियम आदि का निर्माण किया गया। भारतीय स्वतन्त्रता की प्राप्ति के पश्चात् सन् १९५० में प्रतीक और नाम (गलत प्रयोग की रोक) कानून, १९५१ में दि प्रेस ऐक्ट, सन् १९५४ में औषधि और जादूगरी (आपत्ति जनक विज्ञापन) अधिनियम सन् १९५६ में समाचार पत्रों का पंजीयन (केन्द्रीय) नियम, सन् १९५७ में कृति स्वाम्य अधिनियम, सन् १९६५ में कौंसिल ऐक्ट आदि के माध्यम से जहाँ एक ओर प्रेस की स्वतन्त्रा को रेखावद्ध किया गया है, वहाँ दूसरी ओर उस पर अंकुश भी लगाया गया है।

हिंदी पत्रकारिता का विदेशों में जो उन्नयन हुआ है, उसका श्रेय प्रवासी भारतीयों को है जो आज भी धर्म, संस्कार और भाषा की दृष्टि से हमसे जुड़े हुए हैं। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विदेशों में हिंदी पत्रकारिता का उद्भव सन् १८८३ में हुआ था। इस वर्ष लंदन से राजा रामपाल सिंह द्वारा स्थापित 'हिंदोस्थान' नामक त्रैमासिक पत्र प्रकाशित हुआ था। इसी क्रम में लंदन से ही शांता सोनी द्वारा संपादित 'नवीन', एस० एन० गौरसरिया द्वारा संपादित 'सन्मार्ग', पी० जी० पांडेय द्वारा संपादित 'केसरी', जगदीश मिश्र द्वारा संपादित 'अमरदीप' तथा धर्मेन्द्र गौतम द्वारा संपादित 'प्रवासिनी' प्रमुख हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू के 'नेपाल', 'हिमोवत संस्कृत', 'हिमालय', 'नव नेपाल', 'सही रास्ता' आदि पत्रों का प्रकाशन हुआ था। बर्मा से भी हिंदी में 'प्राची प्रकाश', 'जागृति' तथा 'ब्रह्मभूमि' प्रकाशित हुए। मारीशस से हिंदी का सर्वप्रथम पत्र १९०९ में मणिलाल के संपादन में 'हिंदुस्तानी' शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। आत्माराम विश्वनाथ द्वारा संपादित 'जागृति', काशीनाथ किष्टो द्वारा संपादित 'आर्यवीर', आत्माराम द्वारा संपादित 'आर्य पत्रिका' तथा सोमदत्त बखोरी द्वारा प्रकाशित 'अनुराग' के अतिरिक्त 'जनता', 'आर्योदय', 'महाशिवरात्रि', 'आभा', 'इंडियन टाइम्स', 'आर्यवीर', 'जागृति' तथा 'ओरियंट गजट' उल्लेखनीय हैं। सूरिनाम से 'कोहिनूर', 'प्रकाश', 'विकास', 'शांतिदूत' और 'ज्योति' नामक पत्र-पत्रिकाएं समय-समय पर प्रकाशित हुईं। फीजी से दीनबंधु द्वारा प्रकाशित 'अखिल फीजी कृषक संघ', बी० बी० लक्ष्मण द्वारा प्रकाशित 'किसान', 'नंदकिशोर द्वारा संपादित 'किसान मित्र', कमला प्रसाद द्वारा संपादित 'जयफीजी', विवेकानंद द्वारा संपादित 'सनातन संदेश', जयनारायण शर्मा द्वारा संपादित 'शांतिदूत', राघवानंद शर्मा द्वारा संपादित 'जागृति', चंद्रदेव सिंह द्वारा संपादित 'फीजी समाचार', रामसिंह द्वारा संपादित 'इंडियन टाइम्स', ज्ञानी दास द्वारा संपादित 'तारा' आदि प्रमुख हैं। दक्षिण अफ्रीका से हिंदी का सर्वप्रथम पत्र सन् १९०२ में 'हिंदी' शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। इसके दो वर्ष पश्चात् मदनजीत के संपादन में 'इंडियन ओपीनियन' का प्रकाशन आरंभ हुआ। भवानी दयाल संन्यासी द्वारा संपादित 'अमृत सिंधु', रल्लाराम गंधीलामल भल्ला द्वारा संपादित 'धर्मवीर', एल० शिवप्रसाद द्वारा संपादित 'आर्य संदेश' भी उल्लेखनीय हैं। मास्को से प्रकाशित 'सोवियत संघ', जापान से प्रकाशित 'सर्वोदय' और 'ज्वालामुखी', फ्रांस से प्रकाशित 'यूनेस्को कूरियर' तथा नार्वे से 'परिचय' आदि पत्र-पत्रिकाएं भी उल्लेखनीय हैं। विदेशों में हिंदी

पत्रकारिता ने एक शताब्दी की अवधि पूरी करली है और दैनिक, अर्द्ध साप्ताहिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, अनियत कालीन बहुसंख्यक पत्र-पत्रिकाएं विश्व के विभिन्न देशों से हिंदी में समय-समय पर प्रकाशित हुई हैं। इनमें भारतीयता के संस्कारों के प्रति प्रवासी भारतीयों के प्रेम के समानांतर ही हिंदी के प्रति उनके अनुराग का भी परिचय मिलता है। परंतु इसी के साथ यह तथ्य भी दृष्टि में रखना आवश्यक है कि विश्व में हिंदी के बोलने वालों की संख्या और विदेशों में रहने वाले भारतीयों की संख्या के अनुपात में इन पत्र-पत्रिकाओं की संख्या नगण्य है यद्यपि उनकी भावी संभावनाओं का क्षेत्र प्रशस्त है।

व्यावहारिक दृष्टिकोण से हिंदी भाषा और साहित्य के साथ भी पत्रकारिता का इतिहास संबद्ध रहा है। हिंदी में साहित्यिक पत्रकारिता का उद्भव और विकास इसी तथ्य के परिप्रेक्ष्य में दृष्टव्य है। वस्तुत: जब हिंदी में पत्रकारिता का उद्भव हुआ तो देश में अंग्रेजी शासन था तथा हिंदी प्रदेशों में उर्दू का प्रचार था। यह भी एक उल्लेखनीय तथ्य है कि हिंदी का सर्वप्रथम पत्र बंगाल से प्रकाशित हुआ था। हिंदी प्रदेशों में हिंदी पत्रकारिता हिंदी भाषा और साहित्य से जुड़कर विकसित हुई। सन् १९३० में राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी संपादकों क अखिल भारत वर्षीय हिंदी संपादक सम्मेलन गठित हुआ। इसके मंत्री विष्णु दत्त शुक्ल थे। हिंदी संपादक समिति का गठन भी इस दिशा में एक ऐतिहासिक चरण है। इसके अध्यक्ष बाबूराव विष्णु पराड़कर, संयोजक नरदेव शास्त्री तथा उपसंयोजक गोपी वल्लभ उपाध्याय थे। इसमें हिंदी पत्रों की शोचनीय अवस्था के तीन कारण इंगित किये गये थे—पत्रों का समाज के प्रतिबिंब न होना, धनाभाव तथा हिंदी भाषियों में साक्षरता का अल्प प्रचार। कालांतर में इसके उद्देश्य हिंदी समाचार पत्रों में परस्पर सहयोग, देशहित में उनकी सम्मिलित शक्ति का प्रयोग, विपत्ति ग्रस्त हिंदी संपादकों की सहायता, हिंदी पत्र संपादनकला की उन्नति और हिंदी संवाद समिति की स्थापना आदि निर्धारित किये गये। जनवरी सन् १९४१ में अखिल भारतीय पत्रकार संघ, १९४२ में स्थापित उत्तर प्रदेश हिंदी पत्रकार संघ, सन्, १९५० में स्थापित काशी पत्रकार संघ आदि इस दिशा में उल्लेखनीय कदम रहे हैं, जिनका हिंदी पत्रकारिता के विकास में योगदान निर्विवाद है।

हिंदी पत्रकारिता की एक उपलब्धि विभिन्न युगों में पत्रकारों की जागरूकता एवं संगठनात्मक एकता की प्रतीक विभिन्न समितियां और संगठन रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के इण्टर नेशनल आर्गनाइजेशन ऑफ जर्नलिस्ट', इण्टर नेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट' 'इण्टरनेशनल फेडरेशन आफ जर्नलिस्ट' के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक पत्रकार संगठन बने हैं जिनमें 'इंडियन एण्ड ईस्टर्न न्यूज पेपर्स सोसाइटी' 'दि इंडियन लैंग्वेजेज न्यूज पेपर एडिटर्स एसोसिएशन, 'इंडियन न्यूज पेपर्स कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड', भारतीय श्रम जीवी पत्रकार संघ, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया, इंडियन स्माल न्यूज पेपर एसोसियशन, ऐडिटिंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन आदि हैं। इन्हीं से प्रेरणा और प्रभाव ग्रहण करके हिंदी पत्रकारों में भी जागरूकता एवं संगठनात्मक एकता की भावना का विकास हुआ है। सन् १८९१ में भारत में सर्व प्रथम बहु भाषी समाचार पत्र संगठन नेटिव प्रेस एसोसिएशन के नाम से निर्मित हुआ था। इसका उद्देश्य भारतीय समाचार पत्रों के विरुद्ध ब्रिटिश सरकार की कठोर दमन नीति का प्रतिरोध करके अपने हितों की रक्षा करना था। हिंदी में ऐसा सर्वप्रथम प्रयास सन् १९०७ में हुआ, जब राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन द्वारा एक संपादक समिति की स्थापना प्रयाग में की गई थी। इसी क्रम में सन् १९२६ में वृंदावन में बाबूराव विष्णु पराड़कर की अध्यक्षता में एक संपादक सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इसका उद्देश्य हिंदी के समाचार पत्रों के संपादकों, लेखकों और संचालकों में समन्वय स्थापित करना, राष्ट्रीय हित के आन्दोलनों में हिंदी पत्रों की संगठित शक्ति का उपयोग करना, विपत्तिग्रस्त संपादकों की सहायता करना, व्याख्यानों, प्रकाशनों, सूचनाओं और परीक्षाओं के माध्यम से हिंदी पत्र संपादन कला की उन्नति के लिए प्रयास करना तथा हिंदी पत्रों के लिए एक समिति की स्थापना करके अन्य भाषायी पत्रों को हिंदी पत्रों की विभिन्न विषयों पर सम्मितियां प्रेषित करना था।

आज के युग में पत्रकारिता का क्षेत्र अपरिमित

रूप में विस्तृत हो गया है। यही कारण है कि उसके अनेक आयाम स्पष्ट हो चुके हैं और उससे यान्त्रिक विकास का समन्वय भी हो गया है। इस दृष्टि से पत्रकारिता के क्षेत्र में समाचार समितियों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। ऐतिहासिक दृष्टि कोण से विश्व पत्रकारिता के क्षेत्र में इनका उद्भव १९ वीं शताब्दी में ही हो चुका था। परन्तु इनका वर्तमान स्वरूप बीसवीं शताब्दी में ही विकसित हुआ। आज इन्हें एक उद्यम के रूप में मान्यता प्राप्त है और समाचार सम्प्रेषण के वैज्ञानिक साधनों की उपलब्धता के कारण इनकी सेवाएं विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों को प्राप्त है। एसोसियेशन आफ मार्निगन्यूज पेपर, हार्बर न्यूज एसोसियेशन, जनरल न्यूज एसोशियेशन, नेशनल न्यूयार्क एसोशियेटेड प्रेस, वेस्टर्न एसोशियेटेड प्रेस, प्रेस एसोशियेशन आफ इंग्लैंड, रायटर, नियर एण्ड फार ईस्ट न्यूज एशिया लिमिटेड, ग्लोब एजेन्सी लिमिटेड, यूनाइटेड प्रेस इण्टर नेशनल, इन्डोनेशियन प्रेस एजेंसी, ग्लोब न्यूज एजेन्सी आदि ने विदेशों में ऐतिहासिक महत्व का कार्य किया है। इस परम्परा में भारत में भी अनेक समाचार समितियाँ स्थापित हुईं जिनमें एसोशियेटेड प्रेस आफ इण्डिया, दि न्यूज ब्यूरो, दि इण्डियन न्यूज एजेन्सी, फ्री प्रेस आफ इण्डिया. यूनाइटेड प्रेस आफ इण्डिया, एसोशियेटेड प्रेस आफ इण्डिया, ओरिएन्ट प्रेस आफ इण्डिया, नेशनल प्रेस, हिन्दुस्तान समाचार, हिन्द समाचार समिति, प्रेस ट्रस्ट आफ इण्डिया, न्यूज ऐंड फीचर एजेन्सी, इन्डियन न्यूज सर्विस, समाचार भारती, एसोशिएटेड न्यूज ऐंड फीचर्स, यूनीवार्ता आदि इस क्षेत्र में विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

आज के युग में विज्ञान की न केवल अभूतपूर्व उन्नति हुई है वरन् वह हमारे जीवन का अपरिहार्य अंग बन गया है। विभिन्न पत्रपत्रिकाओं में स्फुट रूप में विज्ञान चर्चा के स्तंभ के अतिरिक्त आज विज्ञान पत्रकारिता का हिंदी में समुचित विकास हो चुका है। ऐतिहासिक दृष्टि कोण से इलाहाबाद की विज्ञान परिषद् ने 'विज्ञान' नामक एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन् १९१५ में आरम्भ किया था। इस दिशा में एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास 'कौंसिल आफ सांइंटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च' नई दिल्ली के द्वारा भी किया गया। इसके द्वारा प्रकाशित 'विज्ञान प्रगति' का विशेष महत्व है। 'विज्ञान कला', 'विज्ञान कीर्ति', 'विज्ञान जगत', 'विज्ञान पुष्प', 'विज्ञान भारती', 'विज्ञान वैचारिकी' और 'विज्ञान शिखर' के माध्यम से इसका समुचित विकास हुआ है।

पत्रकारिता के विकास में कतिपय विशिष्ट पुरस्कारों और सम्मानों का भी योगदान प्रशंसनीय है। विदेशी पुरस्कारों, विशेष रूप से पुलिट्ज़र पुरस्कार, वर्ष के संपादक पुरस्कार, दि मैक लाहन टेली ग्लोब कनाडा अवार्ड, मैंगसेसे पुरस्कार आदि के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक पुरस्कार और सम्मान प्रदान किये जाते रहे हैं। इनमें गोल्डेन पेन ऑफ फ्रीडम अवार्ड, माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार, दि अशोक जैन अवार्ड्स, चमेलीदेवी जैन अवार्ड, मीडिया इंडिया पुरस्कार, हल्दी घाटी पुरस्कार, ब्रेवजर्नलिस्ट अवार्ड, दादाभाई नौरोजी पुरस्कार, वासीरेड्डी मालती न्यास पुरस्कार, स्टेट्स मैन पुरस्कार, डॉ० पी० मलहामी ट्रस्ट पुरस्कार, समता पुरस्कार, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार आदि उल्लेखनीय हैं।

हिंदी पत्रकारिता के स्तरीय उन्नयन के लिए उसका सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण भी आवश्यक है। वस्तुतः हिंदी पत्रकारिता के उद्भव और प्रारंभिक विकास का श्रेय जिन संपादकों को है वे पत्रकारिता को व्यवसाय अथवा आजीविका का माध्यम न मानकर एक साधना मानते थे और निष्ठापूर्वक उसके प्रति समर्पित रहते थे। कालांतर में न केवल वह व्यावसायिक बन गयी वरन् उसने एक बड़े उद्योग का रूप भी ग्रहण कर लिया। निसर्गतः विभिन्न स्तरों पर उसके सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण की व्यवस्था अपरिहार्य हो गयी। इसकी पूर्ति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इण्टर नेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट, दि इण्टर नेशनल आर्गनाइजेशन आफ जर्नलिस्ट स्कूल तथा जार्जी डिमिट्रिव अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकारिता संस्थान के द्वारा की गयी। भारत में अलीगढ़ मद्रास, बंबई, कलकत्ता, मैसूर, नागपुर, गौहाटी, बनारस, बहरामपुर, मराठवाड़ा, उस्मानिया, जबलपुर, रायपुर और लखनऊ विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता के विभिन्न स्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था है। सरकारी और गैर

सरकारी स्तरों पर भी अनेक संस्थाएं इस क्षेत्र में कार्यरत हैं, परन्तु पत्रकारिता प्रशिक्षण की यह व्यवस्था अंग्रेजी प्रधान है और उसमें हिंदी पत्रकारिता को केंद्र में रखकर उसके विकास के दृष्टिकोण का अभाव है। तथ्यतः हिंदी को आधार बनाकर एक ऐसे पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान की आवश्यकता है जो पूर्ण कालिक पाठ्यक्रम, स्तरीय उपाधि, सैद्धान्तिक शिक्षण, प्रायोगिक प्रशिक्षण. सुसज्जित पुस्तकालय, आधुनातन यांत्रिक उपकरणों से युक्त पत्रसंस्थानों, संवाद समितियों आदि में संतुलित समायोजन कर सके।

पत्रकारिता के स्वस्थ विकास की दिशा में जहाँ एक ओर उसके लिए अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य आवश्यक है वहाँ दूसरी ओर नैतिकता के सिद्धांतों और आचार संहिता का पालन भी अपेक्षित है। आज वह जन अभिव्यक्ति और संर्पक का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से सन् १९२३ में अमेरिका की समाचार पत्र संपादक सोसाइटी ने इस दिशा में पहल की थी। १९४२ में नेशनल एंड पेन अमेरिकन प्रेस कांफ्रेस ने भी कतिपय नैतिक आदर्श सूत्र इंगित किए थे। १९५० में काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष के रूप में पांडेय बेचन शर्मा उग्र ने भी ईमानदारी को पत्रकार का आवश्यक गुण बताया था। गणेश शंकर विद्यार्थी ने निर्भीक और नैतिकता की गरिमा से मंडित पत्रकारिता के लिए संपादकों का आवाहन किया था। प्रेस आयोग, अखिल भारतीय पत्रकार सम्मेलन, अखिल भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ और अन्य संस्थाओं ने भी इस दिशा में कतिपय सूत्र निर्दिष्ट किए हैं। व्यावहारिक दृष्टिकोण से साम्प्रतिक पत्रकारिता का क्षेत्र इतना व्यापक हो गया है कि जन जीवन की प्रत्येक गति विधि उससे प्रेरित, संचालित या प्रभावित होती है। इस विशिष्ट स्थिति में पत्रकारिता की नैतिकता के प्रतीक के रूप में न केवल एक आचार संहिता का निर्माण आवश्यक है, वरन् सर्वमान्य रूप में उसका पालन भी अपेक्षित है। इससे एक ओर तो पत्रकारों के दायित्व बोध और चेतना में प्रखरता आएगी और दूसरी ओर पत्रकारिता की नैतिक गरिमा में भी अभिवृद्धि होगी।

आज के युग में विदेशी भाषाओं में पत्रकारिता के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों से संबंधित स्तरीय ग्रंथ एक बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। इनसे जहाँ एक ओर इस विषय की समग्र रूपात्मक अवगति होती है वहाँ दूसरी ओर उसकी समृद्धि का भी परिचय मिलता है। हिंदी पत्रकारिता से संबन्धित अनेक कृतियां विशिष्ट महत्व की हैं। इनमें अंबिका प्रसाद वाजपेयी लिखित 'समाचार पत्रों का इतिहास' राधाकृष्ण दास लिखित 'हिंदी भाषा के सामायिक पत्रों का इतिहास', रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर लिखित 'आधुनिक पत्रकार कला', विष्णु दत्त शुक्ल लिखित 'आधुनिक पत्रकार कला', डॉ० अर्जुन तिवारी लिखित 'आधुनिक पत्रकारिता', प्रेमनाथ चतुर्वेदी लिखित 'संपादन कला', पन्नालाल श्रीवास्तव लिखित 'पत्रकार कला', नंदकुमार देव शर्मा लिखित 'पत्र संपादन कला', डॉ० राम चंद्र तिवारी लिखित 'पत्रिका संपादन कला', श्याम सुंदर शर्मा लिखित 'मुद्रण और सज्जा', हेरंब मिश्र लिखित 'संपूर्ण पत्रकारिता', राजेन्द्र लिखित 'संवाद और संवाददाता', अभिराम झा लिखित 'संवाद कला', डॉ० श्रीपाल शर्मा लिखित 'पत्रकारिता के मूल सिद्धांत', डॉ० रमा सिंह लिखित 'साहित्यिक पत्रकारिता', डॉ० कैलाश नारद लिखित 'मध्यप्रदेश में हिंदी पत्रकारिता एक शताब्दी', गींडाराम वर्मा चंचल तथा अखिल विनय द्वारा संपादित 'हिंदी की पत्र-पत्रकाएं', प्रदीप दीक्षित लिखित 'जनमाध्यम और पत्रकारिता', डॉ० बलदेव राज लिखित 'भारत में जनसंपर्क', डॉ०कृष्ण बिहारी मिश्र लिखित 'हिंदी पत्रकारिता', डॉ० रत्नाकर पांडेय लिखित 'प्रेमचंद और हंस', डॉ० रमेश चंद्र त्रिपाठी लिखित 'पत्रकार निराला', कमलापति शास्त्री तथा पुरुषोत्तम दास टंडन लिखित 'पत्र और पत्रकार', बी० एल० ठाकुर तथा सुशील कुमार पांडेय लिखित 'हिंदी पत्रों के संपादक', लक्ष्मी शंकर व्यास लिखित 'संपादक पत्रकार और हिंदी पत्रकारिता', मूलचंद अग्रवाल लिखित 'पत्रकार की आत्मकथा', इंद्र विद्यावाचस्पति लिखित 'पत्रकारिता के अनुभव', नंद किशोर त्रिखा लिखित 'समाचार संकलन और लेखन', डॉ० वेद प्रताप वैदिक द्वारा संपादित 'हिंदी पत्रकारिता', 'विविध आयाम', डॉ० भवानी लाल भारतीय लिखित 'आर्य समाज और पत्रकार' भोला नाथ तिवारी तथा जितेंद्र गुप्त लिखित 'पत्रकारिता में अनुवाद की समस्याएं', डॉ०

सत्य प्रकाश द्वारा संपादित 'समाचार पत्र शब्दकोश' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात् देश में एक ओर तो ग्रामोद्योग, लघु उद्योग आदि को प्रश्रय दिया गया और दूसरी ओर भारी मशीनी उद्योग को भी संरक्षण प्राप्त हुआ। अर्थ व्यवस्था, व्यापार, व्यवसाय वाणिज्य, उद्योग-धन्धों आदि का महत्व युग-जीवन के परिप्रेक्ष्य में वहुत अधिक वढ़ गया। अनेक उद्योगों,बैंकों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों आदि का राष्ट्रीय करण भी हुआ और अनेक सहकारी आधार पर संचालित होने लगीं। इन सबकी अधुनातन गति-विधियों को रेखांकित करते हुए हिंदी में पत्रकारिता का एक नवीन रूप उद्भूत और विकसित हुआ, जिसे आर्थिक पत्रकारिता की संज्ञा से अभिहित कर सकते हैं। स्वतंत्र रूप से वाणिज्य, व्यवसाय, उद्योग, व्यापार, अर्थ व्यवस्था आदि से संबंधित पत्र पत्रिकाओं में उद्यम, वाणिज्य, पूंजी, अर्थ संदेश, व्यापार, संपदा, आर्थिक चेतना, जन उद्योग और योजना आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

आंचलिक पत्रकारिता अथवा ग्रामीण पत्रकारिता के विकास में मुख्य रूप से 'ग्राम संसार','गांव','चौपाल', 'गांव की बात', 'ग्राम्य जीवन', 'देहाती', 'किसान', 'कृषक क्रांति', 'कृषि प्रसार', 'किसान संदेश', 'कृषि समाचार', 'कृषक वाणी' और कृषि सुधार आदि पत्र-पत्रिकाएं उल्लेखनीय हैं।

फिल्म पत्रकारिता का आरंभ हिंदी में सन् १९३१ 'मंच' के माध्यम से हुआ था। कालांतर में फिल्मों की लोकप्रियता और मुद्रण यंत्रों के विकास से हिंदी में इसका विशेष रूप से विकास हुआ। 'रंग भूमि', 'चित्रपट', 'रूपवती', 'छायाकार', 'फिल्मी दुनियां', 'सुचित्रा', 'राधिका', 'फिल्मी कलियां', 'मेनका', 'फिल्म रेखा', 'फिल्मांजलि', 'फिल्मलता', 'रजनी गंधा', 'माधुरी', 'रसभरी', 'चित्र प्रकाश','कौमुदी', 'युग धारा', 'फिल्म चित्र', 'सरगम', 'चित्रकार', 'कल्पना', 'शबनम' तथा 'अनुपम' आदि अनेक पत्र-पत्रिकाएं फिल्म-जगत की गतिविधियों और हलचलों के साथ प्रकाशित हुई और न्यूनाधिक रूप में लोक प्रियता प्राप्त करके चलती रहीं या बंद हो गईं। आज हिंदी में शताधिक फिल्मी पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं। फिल्मी पत्रकारिता व्यापक आधार पर कला पत्रकारिता से भी जुड़ी है। यह संतोष का विषय है कि हिंदी में कला, संस्कृति, नृत्य संगीत वाद्य वादन लेखन, अभिनय आदि से संबधित उच्च कोटि के पत्र समय-समय पर प्रकाशित होते रहे हैं। इनमें 'कला निधि', 'लेखक', 'संगीत', 'नृत्यशाला', 'सारंग', 'अभिनय', 'रजत पट', 'रंग भूमि', 'सिने तस्वीर' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

क्रीड़ा जगत से संबंधित क्रिया कलाप पर आधारित क्रीड़ा पत्रकारिता के अन्तर्गत बैडमिंटन, टेनिस, बास्केट बॉल, वालीबॉल, हाकी और क्रिकेट आदि से संबंधित अनेक पत्रपत्रिकाएं आज हिन्दी में प्रकाशित हो रही हैं। 'खेल खिलाड़ी', 'खेल युग' 'क्रिकेट सम्राट्', 'भारतीय कुश्ती', 'खेल समाचार' आदि पत्र पत्रिकाए इसकी लोक प्रियता की द्योतक हैं। इनके अतिरिक्त प्रायः सभी दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्र-पत्रिकाओं में क्रीड़ा जगत से संबंधित स्थायी स्तंभ प्रकाशित होते हैं।

'नयन रश्मि' और 'शिशु आलोक' के माध्यम से ब्रेल पत्रकारिता, 'शिक्षा','नई तालीम', 'शिक्षण पत्रिका' और 'शिक्षक बंधु', के माध्यम से शिक्षा पत्रकारिता, 'भारतीय विद्या'और'इतिहास' 'नागरीप्रचारिणी पत्रिका' 'विश्व भारती पत्रिका', 'सम्मेलन पत्रिका', तथा 'हिन्दुस्तानी', के माध्यम से अनुसंधान परक पत्रकारिता एवं प्राकृतिक चिकित्सा, 'होम्योपैथिक चिकित्सा' और 'आयुर्वेदिक चिकित्सा' के माध्यम से भी हिंदी पत्रकारिता का विविध रूपात्मक विकास हुआ है। राजनीति, साहित्य, समाज, धर्म, दर्शन, उद्योग, चित्रपट, भूगोल, ज्योतिष, पुस्तकालय विज्ञान, कानून तथा यातायात से संबंधित पत्रपत्रिकाएं हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्रगत विस्तार और समृद्धि की द्योतक हैं।

हिंदी पत्रकारिता को यदि विश्व पत्रकारिता के परिप्रेक्ष्य में आकलित करें तो यह ज्ञात होगा कि विश्व की समृद्ध भाषाओं की तुलना में उसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है। हिन्दी पत्रकारिता का १६० वर्षों का इतिहास इस तथ्य का द्योतक है कि विदेशी पत्रिकारिता ने जो क्रान्तिकारी उन्नति की है वह यहाँ परिलक्षित नहीं होती। विदेशी भाषाओं में पत्रिकारिता जन जीवन का अपरिहार्य अंग बन गयी है, और वह जन

जीवन की भावनाओं से जुड़ गयी है परन्तु हिन्दी पत्रकारिता अभी उस विकसित अवस्था तक नही पहुंच सकी है। हिन्दी में साहित्य, दर्शन, मनोविज्ञान, कला, संस्कृति आदि के स्तरीय पत्र अकाल मृत्यु को प्राप्त होते हैं, बिना सरकारी अथवा अन्य सबल संरक्षण के उनका चलना कठिन होता है। उनमें बहुत सीमित पाठक वर्ग रुचि लेता है और वह समय आता दिखाई नहीं पड़ता कि उसे जन सामान्य द्वारा अपनाया जा सके, केवल कुछ विशिष्ट राजनैतिक, फिल्मी, जासूसी अपराध विषयक आर्थिक अथवा इन्हीं कोटियों की अन्य कतिपत पत्र-पत्रिकाओं को छोड़कर हिन्दी में सभी विषयों की पत्र पत्रिकाएं आर्थिक संत्रास से ग्रस्त हैं और अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं।

भारत में समाचार पत्र अथवा अन्य पत्रिकाओं का प्रकाशन क्रमशः एक दुस्साध्य कार्य होता जायेगा। यह भी सम्भावना है कि केवल वे ही पत्र पत्रिकाएं अपने अस्वित्व की रक्षा करने में समर्थ हो सकेंगी जो या तो शासन और या किसी पूँजीवादी औद्योगिक प्रतिष्ठान के संरक्षण में प्रकाशित होंगी। हिन्दी पत्रिकारिता का इतिहास न केवल उक्त दुखद स्थिति और सम्भावना की पुष्टि करता है वरन् उसके समक्ष भविष्य के लिए एक चेतावनी भी बना हुआ है। विद्युतीकरण, मंहगाई, अखबारी कागज की मूल्य वृद्धि और मुद्रण की बढ़ती हुयी दरों ने भी हिन्दी पत्रिकारिता को एक दुस्साध्य कार्य बना दिया है। ९९% हिन्दी पत्र-पत्रिकाएं इसी प्रकार के संकट का शिकार इसीलिए बनती हैं क्योंकि न तो उन्हें बिक्री से अपेक्षित आय होती है और न ही विज्ञापनों से। इसके विपरीत शासन संरक्षित पत्र पत्रिकाओं को बिक्री और विज्ञापन की आय की चिन्ता नही है एवं पूँजीवादी औद्योगिक प्रतिष्ठानों से संरक्षण प्राप्त पत्र-पत्रिकाओं के लिए उनका अभाव नहीं है।

सम्भव है कि निकट भविष्य में भारत में भी ऐसा समय आ जाय जब रेडियो और टेलीविजन स्वायत्त शासी संस्थाएं बन जायें। यद्यपि यह परिवर्तन जन चेतना और जनतांत्रिक अधिकारों का प्रतीक होगा परंतु इसी के समानान्तर इस सम्भावना को भी दृष्टि में रखना होगा कि हिंदी समाचार पत्रों के लिए वह एक चुनौती भी सिद्ध होगा। शासन तन्त्र के पूर्णतः अधीन होने के कारण अभी देश में समाचार पत्र, दूर दर्शन एवं आकाशवाणी की तुलना में लोक प्रिय हैं। वे सर्वसाधारण की पहुंच के भीतर भी हैं। उनमेंजनता का विश्वास भी अधिक है परंतु विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचने के लिए कृत संकल्प भारत में यदि उक्तस्थिति सम्भाव्य हुयी तो निश्चय ही आकाशवाणी के श्रोता और दूरदर्शन के दर्शक समाचार पत्रों के पाठकों की तुलना में बढ़ सकते हैं, यद्यपि उनके हित में यह मनोवैज्ञानिक स्थिति सदैव रहेगी कि समाचार पत्र उनके लिए अधिक नैकट्य का भाव रख सकेंगे और सम्भवतः उनकी मानसिकता के भी अनुरूप होंगे।

विश्व पत्रकारिता की साम्प्रतिक स्थिति का अवलोकन करने पर यह ज्ञात होता है कि एशिया में विश्व के सर्वाधिक दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं। इसके पश्चात् उत्तरी अमेरिका और यूरोप का स्थान है, भारत विश्व में चौथे नम्बर पर है, परन्तु दैनिक पत्रों के प्रचार प्रसार की दृष्टि से सोवियत संघ प्रथम स्थान पर है। इसके पश्चात् ब्रिटेन, चीन, अमरीका और जापान आदि का स्थान है।

भारत में पत्रकारिता का इतिहास अंग्रेजी शासन से जुड़ा हुआ है। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि न केवल भारतीय स्वतंत्रता के पूर्व वरन् पश्चात् भी अंग्रेजी में प्रकाशित पत्रों का महत्व बढ़ता रहा है। इसी के समानांतर यह भी सत्य है कि स्वतंत्रता के पश्चात् इनकी संख्या में और भी वृद्धि हुई है। परंतु इतना होने पर भी भारत में प्रति हजार व्यक्ति समाचार पत्र मंगाने वालों की संख्या नगण्य थी।

स्पष्टतः आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकांश समाचार प्रसारण अंग्रेजी की तुलना में हिंदी में अधिक लोकप्रिय सिद्ध होते हैं। यही नहीं क्रिकेट, हॉकी, फुटबाल आदि के मैचों के साथ विभिन्न प्रकार के समारोहों की रनिंग कमेन्ट्री अथवा आँखों देखा हाल हिंदी में अंग्रेजी की तुलना में अधिक रुचि के साथ सुना जाता है। अंग्रेजी में सुनने वाले या तो अपने हीन भाव की कुण्ठा के वशीभूत होकर ऐसा करते हैं या केवल एक फैशन के रूप में। संयोग से आज यह स्थिति है कि भारत में हिंदी का पत्रकार और हिंदी पत्रकारिता दोनों को ही विशेष रूप से अंग्रेजी पत्र और पत्रकारिता की

तुलना में हीन दृष्टि से देखा जाता है । यह और भी दुर्भाग्य है कि यह हीन भावना न केवल किसी वर्ग विशेष अथवा शासक वर्ग की दृष्टि में है, वरन् समाज भी इससे आक्रांत है । यही कारण है कि अधिकांश बहुभाषी पत्र-प्रकाशन संस्थानों में भी हिंदी की तुलना में अंग्रेजी पत्रों को अधिक आदर दिया जाता है ।

साम्प्रतिक पत्रकारिता की स्थिति विगत युगीन पत्रकारिता से भिन्न है । ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यदि हम हिंदी पत्रकारिता के इतिहास का आकलन करें, तो यह ज्ञात होगा कि अनेक प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाएं केवल एक ही व्यक्ति के ज्वलंत व्यक्तित्व का प्रतीक थीं । अधिकांशतः एक बड़ी संख्या में इन पत्र-पत्रिकाओं के असमय ही बन्द हो जाने का एक कारण यह भी था कि एक ही व्यक्ति उनका सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक और विक्रेता होता था । अनेक सम्पादकों के मार्मिक वक्तव्य उनकी पीड़ित मानसिकता के द्योतक हैं । कालान्तर में हिंदी में भी पत्रकारिता एक बड़ा उद्योग बन गया । कतिपय प्रतिष्ठानों को छोड़कर अधिकांश पत्र प्रतिष्ठान किसी बड़े पूंजीपति अथवा उद्योग पति से जुड़ गये । उस सम्पूर्ण व्यवस्था में सम्पादक उसका एक अंग मात्र रह गया और बहुधा ऐसी स्थिति उत्पन्न हुयी जब उसे व्यवस्था से टकराकर पराजित भी होना पड़ा क्योंकि उसे मात्र एक वेतन भोगी कर्मचारी ही समझा गया ।

आकाशवाणी का भी पत्रकारिता से अटूट सम्बन्ध रहा है । उसी के समानान्तर आज हम दूर दर्शन का उल्लेख भी कर सकते हैं । वास्तव में आकाशवाणी और दूरदर्शन से निश्चित अवधि के अन्तराल से समाचारों का प्रसारण किया जाताहै । प्रकारान्तर से जन सामान्य के एक बड़े वर्ग की मानसिक परितुष्टि इन दोनों से भी उसी रूप में होती है जिस रूप में समाचार पत्रों से, यह एक उल्लेखनीय तथ्य है कि भारत में समाचार पत्र निर्भीक और स्वतंत्र अभिव्यक्ति के प्रतीक हैं जब कि आकाशवाणी और दूरदर्शन पूर्ण रूपेण शासन तंत्र के अधीन हैं । यदि विश्व के अनेक देशों की भांति भारत में भी आकाशवाणी और दूरदर्शन स्वायत्त शासी संस्थाएं बन जायें तो निश्चय ही यहां का पत्रकारिता उद्योग उनसे प्रभावित होगा, क्योंकि तब वह भी उसी प्रकार से निर्भीक और स्वतंत्र समाचार दे सकेगा। व्यावहारिक दृष्टिकोण से पत्रों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि निश्चय ही यह स्थिति उसके लिए एक गम्भीर समस्या प्रस्तुत कर देगी । पत्रकारों को और पत्रकारिता उद्योग से सम्बद्ध अन्य उद्योगों को उक्त स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए और उसका समाधान भी खोजना चाहिए ।

व्यावहारिक दृष्टिकोण से हिंदी पत्रकारिता साहित्य का अवलोकन करने पर इस तथ्य की अवगति होती है कि उद्भव काल से लेकर वर्तमान काल तक वह निरन्तर विकास की ओर अग्रसर होता रहा है । सिद्धांतः पत्रकारिता का आधार अनेक सूत्र और तत्व रहे हैं । कौतूहल वृत्ति, संवेदन शीलता, यथार्थ की प्रखर अनुभूति इसी प्रकार के तत्व और सूत्र हैं । विश्व के प्रत्येक कोने में घटित होने वाली धटनाएं सामाजिक परिवर्तन, राजनैतिक उथल पुथल, सांस्कृतिक विकास, नैतिक विकास आदि के समानांतर यांत्रिक सभ्यता की प्रतिक्रियात्मक संभावनाएं पत्रकारिता को विकास को नये आयाम प्रदान करती हैं ।

यह सन्तोष का विषय है कि पत्रकारिता अब जनमानस के निकट आ रही है । हिन्दी का आम पाठक अपने आप को उससे जुड़ा हुआ महसूस करता है । विभिन्न विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता के अनेक पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं । अनेक ऐसी भी संस्थाए हैं जिनमें पत्रकारिता की सैद्धांतिक शिक्षा के समानान्तर उससे सम्बधित व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाता है । पत्रकारिता के विभिन्न पक्षों से सम्बन्ध रखने वाली अनेक कृतियां भी हिन्दी में बड़ी संख्या में प्रकाशित हो रही हैं ।

हिन्दी पत्रकारिता की साम्प्रतिक स्थिति यह है कि एक बहुत बड़ी संख्या में नयी पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन होता है । बहुधा केवल आत्मतुष्टि अथवा साहित्यिक फैशन के रूप में ही अनेक पत्रकार इस क्षेत्र में कार्य आरंभ करते हैं । अध्ययन, लगन, साधन और स्तरीयता की कमी के कारण इनमें से अधिकांश असमय में ही बन्द हो जाते हैं। जनरुचि भी इनमें प्रायः नहीं होती। व्यावसायिक पत्रकारिता जन-मन को अधिक आकृष्ट करती है । गम्भीर और श्रेष्ठ पत्रिकाए घाटे में चलकर अन्ततोगत्वा बन्द हो जाती हैं । वे अव्यावसायिक होने

के कारण किसी चिन्तन अथवा मूल्य से सम्बद्ध होती हैं और व्यावहारिक स्तर पर उनके लिए कोई समझौता कठिन होता है। यह स्थिति चिन्तनीय है।

हिंदी पत्रकारिता के इतिहास का अवलोकन करने पर इस तथ्य की अदगति होती है कि अपने विकास के अनेक युगों की यात्रा पूरी करके भी वह अपने लक्ष्य विंदु का संस्पर्श नहीं कर सकी है। इसका एक कारण उसकी परोन्मुखता तथा परावलम्बन है जब तक देश में बी०बी०सी०जैसी रेडियो स्वतंत्रतातथा अमेरिकी दूरदर्शन जैसी स्वायत्तता की स्थिति नहीं उत्पन्न होगी तब तक हिंदी पत्रकारिता को उसका वास्तविक गौरव प्राप्त नहीं होगा। वर्तमान काल में हिन्दी भाषा में सहस्रों की संख्या में पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन हो हो रहा है। यह व्यावहारिक दृष्टिकोण से अत्यन्त कष्ट साध्य कार्य है कि उन सब पत्र पत्रिकाओं का एक ऐसा कोश तैयार किया जाये जो अधुनातन जानकारी से युक्त हो, इसका कारण यह है कि हिन्दी पत्रकारिता का यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि उसमें प्रकाशित ९९% प्रतिशत पत्र पत्रिकाओं की अकाल ही मृत्यु हो जाती है। एक बड़ी संख्या में पत्र पत्रिकायें एक अंक अथवा कुछ अंक निकलकर बन्द हो जाती हैं, अनेक संस्थायें, जातीयसंघ, धर्मविलम्बी और राजनैतिक दल आदि भी पत्र पत्रिकाओं का नियमित अथवा अनियमित प्रकाशन करते हैं परन्तु इनका जीवन भी उतना ही अल्प होता है।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से हिंदी पत्रकारिता का विकास विभिन्न स्थितियों से हो कर ही वर्तमान स्थिति तक स्थिर हुआ है। आरंभ में एक ही व्यक्ति का स्वामित्व होता था और वही व्यक्ति अपने पत्र का संपादक प्रकाशक, मुद्रक और मालिक होता था। कालांतर में स्थिति बदली और विभिन्न जातीय समाज अथवा धार्मिक और समाज सुधार मूलक सभाओं के पास उनका स्वामित्व पहुंच गया। ये संस्थाएं अधिक तर चंदा एकत्र करती थीं और उसी से किसी पत्र अथवा पत्रिका का प्रकाशन भी किया जाता था। तीसरी स्थिति यह आई की विभिन्न वाम पंथी अथवा दामपंथी, सत्ता रूढ़ अथवा विपक्षी राजनैतिक दलों ने उनका प्रकाशन आरंभ कर दिया। विगत शताब्दीं में अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसे क्रियाकलाप हुए और उनका आर्थिक स्वामित्व इन राजनैतिक दलों के पास सुरक्षित रहा। एक चौथी स्थिति भी थी जो इससे भिन्न थी। मदन मोहन मालवीय जैसे पत्रकारों ने बिना किसी लाभ के उद्देश्य से समर्पित भाव से पत्रकारिता की साधना की। पांचवीं स्थिति यह है कि आज पत्रकारिता विश्व स्तर तक का एक व्यवसाय अथवा उद्योग बन चुका है। वैयक्तिक स्वामित्व, सीमित स्वामित्व एवं जन स्वाभित्व के आधार पर उसकी स्थापना और प्रचार अर्थशास्त्रीय व्यवस्था और सिद्धांतों के आधार पर हो रहाहै। फलतः यह स्पष्ट है कि अब पत्रकारिता का अस्तित्व केवल तभी सुरक्षित रहेगा जब उसे एक व्यवसाय का रूप दिया जायगा। इसी के समातांतर एक सातवीं स्थिति यह प्रत्यक्ष है कि आज कोई जन पद ऐसा नहीं है जहां से दर्जनों दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक जौर मासिक पत्र पत्रिकाएँ न प्रकाशित होती हों और अकाल मृत्यु को न प्राप्त करती हों। वस्तुतः ये सभी दूसरों पर आश्रित होती हैं और इनके अपने कोई साधन नहीं होते, इसीलिये ये सरकार, दल, संस्था अथवा व्यक्ति विशेष का गुणगान करते हुए अपना अस्तित्व बनाए रखती हैं और कभी भी विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर उनका कोप भाजन बन जाती हैं। जब तक देश में स्वावलंबी, स्वयं समर्थ और साधन संपन्न पत्र संस्थान नहीं होगें तब तक पत्रकारिता का अभीष्ट स्वरूप नहीं निखरेगा।

यह एकविचित्र और आश्चर्यजनक स्थिति है कि आज प्रायः सभी क्षेत्रों में जो पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं वे केवल उन्हीं व्यक्तियों का गुणगान करती हैं जो पहले से ही प्रसिद्ध अथवा लोकप्रिय हैं। वस्तुतः यह प्रवृत्ति किसी सीमा तक एक चेतावनी है। हिंदी के पत्रकारों और साहित्यकारों को इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए क्योंकि पत्रकारिता के माध्यम से ज्ञान वर्द्धक और सुसंस्कृति का प्रचार आवश्यक है। यदि विदेशी पत्रकारिता की उपलब्धियों की अवगति हिंदी पत्रों से संबद्ध व्यक्तियों को कराई जाय तब भी उनका दृष्टि परिष्कृत, विकसित और व्यापक होगा।

संक्षेप में, हिंदी पत्रकारिता का उद्भव और

विकास हिंदी पाठकों और प्रेमियों की जागरूकता और प्रबुद्धता का भी प्रतीक है। यही कारण है कि विविध युगों में हिंदी पत्रकारिता के माध्यम से भाषायी चेतना का आवाहन भी किया गया है। परतंत्र भारत में उद्भूत और स्वतन्त्र भारत में प्रतिष्ठित हिंदी पत्रकारिता यद्यपि कतिपय अभावों से भी ग्रस्त रहीं है। परंतु फिर भी उसकी स्थिति निराशा जनक नहीं है। सम्पूर्ण भारत में जो संविधान स्वीकृत भाषाएं हैं उनमें अनेक दृष्टियों से हिंदी का शीर्षस्थ स्थान है। यही स्थिति आनुपातिक दृष्टि से हिंदी पत्रकारिता की भी है। वस्तुतः सांप्रतिक हिंदी पत्रकारिता की गौरव शालिनी परंपराएं उसकी ऐतिहासिक धरोहर हैं। हमें यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि इनमें निर्माण और विकास में उन्हीं मनीषियों का योगदान रहा है जो पत्रकारिता को एकनिष्ठ भाव से समर्पित होकर उससे संबद्ध थे। अतएव हमें एक ओर तो पत्रकारिता के अधुनातन स्वरूप की जानकारी अपेक्षित है और दूसरी ओर पत्रकारिता के समृद्ध इतिहास की अवगति भी अनिवार्य है।

सांप्रतिक भारत में पत्रकारिता एक बौद्धिक और प्रतिष्ठित व्यवसाय के रूप में मान्य है। इसीलिए पत्र संपादक से यह आशा की जाती है कि उसे पत्रकारिता की कलात्मक अवगति के समानांतर उसके व्यावहारिक पक्ष का भी समुचित ज्ञान हो। आज के संपादक के लिए सर्वक्षेत्रीय विज्ञता वांछनीय है। संपादन कला की क्षमता से सम्पन्न होने के साथ ही उसे व्यवस्था और मुद्रण संबंधी यांत्रिक जानकारी भी होनी चाहिए, उसे अपने को मात्र सेवा कार्यरत कर्मचारी और पत्रकारिता को जीविका अर्जन का केवल एक साधन अथवा माध्यम न मानकर जनहित में निष्ठापूर्वक एक साधना के रूप में अंगीकार करके अपने दायित्व का समुचित निर्वाह करना चाहिए। तभी उसका कलात्मक स्वरूप विकसित होगा तथा वास्तविक रूप में वह अपने उद्देश्य की पूर्ति में सक्षम होगी।

हिंदी पत्रकारिता की सांप्रतिक स्थिति का उसकी गौरवशालिनी परंपराओं की उसकी पृष्ठभूमि में आकलन करने पर हम यह विश्वास पूर्वक कह सकते हैं कि स्वतंत्र भारत में पत्रकारिता का भविष्य निस्संदेह उज्ज्वल है। हम इस तथ्य के प्रति भी आश्वस्त हैं कि जन चेतना के जागरण का आवाहन करने की दिशा में भी स्वातंत्र्योत्तर पत्रकारिता ने विशेष महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। राष्ट्रीय महत्व के ज्वलंत प्रश्नों के समानांतर ही अंतर्राष्ट्रीय महत्व के जटिल प्रश्नों के समाधान की दिशा में भी इनका योगदान अस्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रस्तुत कृति के प्रकाशन का उद्देश्य पाठकों को हिंदी पत्रकारिता की समृद्धि से अवगत कराना है। वस्तुतः वर्तमान काल में हिंदी भाषा में जो पत्र पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही हैं उनसे इस क्षेत्र में बढ़ती हुई सक्रियता का आभास मिलता है। तथ्यय: हिंदी पत्रकारिता को समर्पित संपादकों के त्याग, बलिदान और निष्ठा के फलस्वरूप उसकी जो उपलब्धियां परिलक्षित होती हैं वे अनेक सीमाओं के होते हुए भी उसके उज्ज्वल भविष्य का उद्घोष करने में सक्षम हैं।

93455

पुस्तकालय

COMPILED

Recommended By Y.D. Sharma

Acc. on 26.7.89
Class on
Cat on
Tag etc
Checked
Any Other
3/8/90

B
3-8

STOCK VERIFY
2020
G.K.V. Library

डॉ० प्रतापनारायण टंडन

जन्म–लखनऊ। **शिक्षा**–बी० ए० (आनर्स), एम०
पी-एच० डी०, डी० लिट्०। **अध्यापन**–लख
विश्वविद्यालय में विगत अट्ठाईस वर्षों से। श
निर्देशन–लखनऊ, आगरा तथा कानपुर विश्वविद्या
से चौवालीस शोधार्थी पी-एच० डी० तथा डी० लि
की उपाधियाँ प्राप्त कर चुके हैं। **पुरस्कार** त
सम्मान–विभिन्न कृतियों पर 'श्री हरजीमल डालमि
पुरस्कार' तथा 'बोनर्जी रिसर्च प्राइज' के अतिरि
उत्तर प्रदेश शासन द्वारा छह पुरस्कारों से सम्मानि
विदेश यात्रा–एक शैक्षिक दौरे में यूरोप भ्रम
संपादन–'होनहार' (पाक्षिक), 'युगचेतना' (मासि
'नई कहानी संकलन' (षट्मासिक) तथा 'प
(वार्षिक)। **प्रकाशित कृतियाँ**–'आधुनिक साहि
(निबन्ध), 'हिन्दी उपन्यास में वर्ग-भावना' (
शोध-प्रबन्ध), 'रीता की बात' (उपन्यास), 'हि
साहित्य: पिछला दशक' (समीक्षा), 'हिन्दी उपन्य
में कथा-शिल्प का विकास' (पी-एच० डी० का शो
प्रबन्ध) 'अंधी दृष्टि' (उपन्यास), 'बदलते इरा
(कहानी संग्रह), स्वर्ग-यात्रा' (नाटक), 'रुपह
पानी की बूंदें' (उपन्यास), 'उपन्यास कला' (समीक्षा
'पथरीले प्रतिरूप' (कविता-संग्रह), 'वासना के अंकु
(उपन्यास), 'अभिशप्ता' (उपन्यास), 'समीक्षा
मान और हिन्दी समीक्षा की विशिष्ट प्रवृत्तिय
(डी० लिट्० का शोध-प्रबन्ध), 'हिन्दी उपन्यास
परिचयात्मक इतिहास' (समीक्षा), 'हिन्दी साहित्य
प्रवृत्तिगत इतिहास' (समीक्षा), 'प्रेमचंद' (समीक्षा)
'पल दो पल' (उपन्यास), 'पाश्चात्य समीक्षा
रूपरेखा' (समीक्षा), 'हिन्दी कहानी कला' (समीक्षा)
'रूस के महान् उपन्यासकार' (समीक्षा), 'साहित्यि
निबन्ध' (निबंध), 'संस्कृत समीक्षा की रूपरेख
(समीक्षा), 'कैंसर के मरीज' (उपन्यास), 'हि
उपन्यास: उद्भव और विकास' (शोध-समीक्षा)
'प्रेमचंद की कहानी कला और साहित्य' (समीक्षा)
'धब्बे' (उपन्यास), 'फैसला' (उपन्यास), 'एक औ
सैलाब' (उपन्यास) आदि। **वर्तमान पद**–लखन
विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा
विभाग में संप्रति उपाचार्य के पद पर कार्य कर रहे हैं।